Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 230–2022/Ext.] चण्डीगढ़, शुक्रवार, दिनांक 30 दिसम्बर, 2022
(पौष 9, 1944 शक)

विधायी परिशिष्ट

क्रमांक	विषय वस्तु	पृष्ठ
भाग-I	**अधिनियम**	
	कुछ नहीं।	
भाग-II	**अध्यादेश**	
	कुछ नहीं।	
भाग-III	**प्रत्यायोजित विधान**	
	अधिसूचना संख्या का०आ० 89/के०अ०9/1894/धा० 59/2022, दिनांक 30 दिसम्बर, 2022 – हरियाणा कारागार नियम, 2022।	955—1427
भाग-IV	**शुद्धि–पर्ची, पुनः प्रकाशन तथा प्रतिस्थापन**	
	कुछ नहीं।	

भाग—III

हरियाणा सरकार

जेल विभाग

अधिसूचना

दिनांक 30 दिसम्बर, 2022

संख्या का०आ० 89/के०अ०9/1894/धा० 59/2022.— कारागार अधिनियम, 1894 (1894 का केन्द्रीय अधिनियम 9) की धारा 59 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

अध्याय 1

शीर्षक तथा परिभाषाएं

संक्षिप्त नाम, लागूकरण, प्रारम्भ तथा अन्य विधियों का लागूकरण।	1. (1) ये नियम हरियाणा कारागार नियम, 2022 कहे जा सकते हैं। (2) ये नियम राज्य में सभी कारागारों और प्रशासन तथा प्रबन्धन, स्टाफ सदस्यों, सिद्धदोष बन्दियों, विचाराधीन बन्दियों, सिविल बन्दियों, महिला बन्दियों, युवा अपराधियों तथा निवारक निरोध विधि के अधीन निरोधियों के बारे में लागू होंगे। (3) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे। (4) कारागारों की स्थापना तथा प्रबन्धन, बन्दियों का परिरूद्ध, रिहाई, उपचार तथा स्थानान्तरण, अनुशासन बनाए रखने और कारागारों तथा बन्दियों से सम्बन्धित सभी अन्य मामले तत्समय लागू अधिनियमितियों द्वारा शासित होंगे, जिसमें अन्य बातों के साथ निम्नलिखित शामिल होंगे, अर्थात् :— **भाग —I** **केन्द्रीय तथा राज्य अधिनियम** (i) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम 45); (ii) कारागार अधिनियम, 1894 (1894 का केन्द्रीय अधिनियम 9); (iii) बन्दी अधिनियम, 1900 (1900 का केन्द्रीय अधिनियम 3); (iv) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम 5); (v) आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 (2022 का केन्द्रीय अधिनियम 11); (vi) कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का केन्द्रीय अधिनियम 63); (vii) बन्दी अन्तरण अधिनियम, 1950 (1950 का केन्द्रीय अधिनियम 29); (viii) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का केन्द्रीय अधिनियम 43); (ix) बन्दी (न्यायालयों में उपस्थिति) अधिनियम, 1953 (1953 का केन्द्रीय अधिनियम 32); (x) विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 (1946 का केन्द्रीय अधिनियम 31); (xi) अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 (1958 का केन्द्रीय अधिनियम 20); (xii) आयुध अधिनियम, 1959 (1959 का केन्द्रीय अधिनियम 54); (xiii) हरियाणा सदाचारी बन्दी (अस्थाई रिहाई) अधिनियम, 2022 (2022 का 15); (xiv) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 27); (xv) राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 (1980 का केन्द्रीय अधिनियम 65); (xvi) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 (1994 का केन्द्रीय अधिनियम 10); (xvii) बन्दियों का संप्रत्यावर्तन अधिनियम, 2003 (2003 का केन्द्रीय अधिनियम 49); (xviii) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (2005 का केन्द्रीय अधिनियम 22); (xix) हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 (2014 का 4); (xx) किशोर न्याय अधिनियम, 2015 (2016 का केन्द्रीय अधिनियम 2); (xxi) मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 (2017 का केन्द्रीय अधिनियम 10);

	भाग 2 **नियम तथा निर्देशिका** (i) समय–समय पर यथा संशोधित पंजाब जेल विभाग (श्रेणी–I) सेवा नियम, 1972। (ii) पंजाब जेल विभाग (श्रेणी–II) सेवा नियम, 1963; (iii) हरियाणा जेल सेवा (वर्ग–ग) नियम, 2022 (iv) पंजाब जेल विभाग (लिपिकीय तथा तकनीकी श्रेणी–III) नियम, 1963; (v) हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम, 2016; (vi) हरियाणा/राज्य को यथा लागू पंजाब वित्तीय नियम, (vii) हरियाणा सिविल सेवा (सरकारी कर्मचारी आचरण) नियम, 2016 **भाग 3** कारागारों के वित्तीय तथा प्रशासकीय मामलों के बारे में सरकार तथा जेल विभाग द्वारा समय–समय पर जारी सभी सुसंगत स्थाई आदेश, नियम तथा कारागार प्रशासन पर उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय के विनिर्णय।
परिभाषाएं।	**2.** (1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो– (i) ''अधिनियम'' से अभिप्राय है, कारागार अधिनियम, 1894 (1894 का केन्द्रीय अधिनियम 9); (ii) ''अपर महानिदेशक'' से अभिप्राय है, अपर महानिदेशक, कारागार; (iii) ''अपर महानिरीक्षक'' से अभिप्राय है, अपर महानिरीक्षक, कारागार; (iv) ''किशोर बन्दी'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा बन्दी, जिसने इक्कीस वर्ष की आयु पूरी नहीं की है; (v) ''वयस्क बन्दी'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा बन्दी, जो इक्कीस वर्ष या से अधिक की आयु का है; (vi) ''पश्चातवर्ती देखरेख सेवा'' से अभिप्राय है, समाज की मुख्यधारा में निर्मोचित बन्दी के वित्तीय पुनर्वास तथा सामाजिक समेकन पर लक्षित कोई कार्यकलाप; (vii) ''संसूचना के अनुमोदित साधन'' से अभिप्राय है, डाक सेवा, संचार के इलेक्ट्रॉनिक साधन, सरकार द्वारा, समय–समय पर, यथा अनुमोदित या संसूचना का कोई अन्य साधन; (viii) ''बायोमिट्रिक'' से अभिप्राय है, कोई माप या मानव शरीर की विशेषताएं जैसे कि डी.एन.ए., अंगुलि–छाप, आंख–रेटिना या आइरिस, वाक् पद्धति या अंग माप, जिसके द्वारा मानव की एकमात्र रूप से पहचान की जाए; (ix) ''आकस्मिक बन्दी'' से अभिप्राय है, आभ्यासिक अपराधी तथा उच्च जोखिम बन्दी से भिन्न बन्दी; (x) ''सेलूलर परिररूद्ध'' से अभिप्राय है, श्रम सहित या श्रम के बिना ऐसा परिरूद्ध, जो अन्य सहवासियों के साथ संचार से बन्दी को सम्पूर्ण रूप से किन्तु अन्य सहवासियों की नजर से अलग नहीं रखता है; (xi) ''केन्द्रीय कारागार'' से अभिप्राय है, सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस प्रकार पदाभिहित कारागार; (xii) ''मुख्य परिवीक्षा तथा कल्याण अधिकारी'' से अभिप्राय है, मुख्य परिवीक्षा तथा कल्याण अधिकारी के रूप में राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधीक्षक की पदवी का कोई अधिकारी; (xiii) ''सिविल बन्दी'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा बन्दी, जिसे दाण्डिक अधिकारिता का प्रयोग करने वाले किसी न्यायालय या प्राधिकरण की रिट, वारंट या आदेश के अधीन या सेना न्यायालय के आदेश से अभिरक्षा के लिए सुपुर्द नहीं किया गया है तथा जो कैदी नहीं है; (xiv) ''कक्ष'' से अभिप्राय है, किसी कोठरी या वार्ड से भिन्न कारागार में कोई कमरा, कर्मशाला, गोदाम, या अन्य आच्छादित, बन्द तथा संरक्षित स्थान; (xv) ''सक्षम प्राधिकारी'' से अभिप्राय है, प्रश्नगत विशेष मामले के निपटाने के लिए अधिकारिता और विधिक प्राधिकार रखने वाला कोई अधिकारी या प्राधिकारी;

(xvi) ''परिरूद्ध'' से अभिप्राय है, किसी कारागार में परिरूद्ध और उसमें निवारक निरोध के लिए उपबन्ध करने वाली किसी विधि के अधीन निरोध भी शामिल है;

(xvii) ''बन्दी'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा बन्दी, जिसे किसी विधि न्यायालय या अधिकरण द्वारा या सेना न्यायालय के अधीन किसी अवधि के लिए दंडादिष्ट किया गया है;

(xviii) ''सिद्धदोषी दांडिक बन्दी'' से अभिप्राय है, किसी न्यायालय या सेना न्यायालय के दंडादेश के अधीन कोई दांडिक बंदी तथा इसमें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के अध्याय VIII के उपबन्धों के अधीन या कारागार अधिनियम, 1900 (1900 का केन्द्रीय अधिनियम 3) के अधीन कारागार में निरूध कोई व्यक्ति भी शामिल है;

(xix) ''बन्दी अधिकारी'' से अभिप्राय है, इन नियमों के अध्याय 35 के अधीन कारागार के प्रशासन में स्टाफ सदस्य की सहायता करने के लिए नियुक्त कोई बन्दी;

(xx) ''सुधारक सेवा'' से अभिप्राय है, कोई ऐसी सेवा, जो अधिनियम के अनुसार या अधिनियम के अनुसार स्थापित प्रोग्राम के अधीन उपबन्धित है तथा इसमें अपराधियों के निर्धारण, पर्यवेक्षण, उपचार, प्रशिक्षण, नियन्त्रण, अभिरक्षा, सुधार तथा पुनर्वास से सम्बन्धित सेवाएं भी शामिल है;

(xxi) ''न्यायालय'' से अभिप्राय है, तत्समय लागू किसी विधि द्वारा स्थापित कोई न्यायालय तथा इसमें तत्समय लागू किसी विधि के अधीन सिविल, निवारक तथा दांडिक या राजस्व अधिकारिता की शक्तियों से निहित या प्रयोग करने वाला कोई अधिकारी या प्राधिकारी भी शामिल है;

(xxii) ''आपराधिक बन्दी'' से अभिप्राय है, दांडिक अधिकारिता या सेना न्यायालय का प्रयोग करने वाले किसी न्यायालय की रिट, वारंट या आदेशों के अधीन अभिरक्षा के लिए विधिवत सुपुर्द किया गया कोई बन्दी;

(xxiii) ''उप अधीक्षक जेल (प्रशासन)'' से अभिप्राय है, सरकार द्वारा इस प्रकार पदाभिहित कोई राजपत्रित अधिकारी;

(xxiv) ''उप अधीक्षक जेल (उद्योग तथा कल्याण)'' से अभिप्राय है, सरकार द्वारा इस प्रकार पदाभिहित कोई राजपत्रित अधिकारी;

(xxv) ''उप अधीक्षक जेल (सुरक्षा)'' से अभिप्राय है, राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार पदाभिहित कोई राजपत्रित अधिकारी;

(xxvi) ''विभाग'' से अभिप्राय है, जेल विभाग, हरियाणा;

(xxvii) ''उप महानिरीक्षक'' से अभिप्राय है, उप महानिरीक्षक, कारागार;

(xxviii) ''नजरबन्द'' से अभिप्राय है, सुसंगत निवारक विधियों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के आदेशों द्वारा कारागार में निरूद्ध कोई व्यक्ति;

(xxix) ''महानिदेशक'' से अभिप्राय है, महानिदेशक कारागार, हरियाणा;

(xxx) ''जिला कारागार'' से अभिप्राय है, कोई ऐसी कारागार, जिसमें एक या इससे अधिक जिलों से बन्दी साधारणतः सुपुर्द किए जाते हैं तथा इसमें केन्द्रीय कारागार, अधिकतम सुरक्षा कारागार, विशेष कारागार, उप कारागार, खुला कारागार या अर्ध खुला कारागार से भिन्न प्रत्येक कारागार भी शामिल है;

(xxxi) ''जिला परिवीक्षा अधिकारी'' से अभिप्राय है, अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 (1958 का केन्द्रीय अधिनियम 20) के अधीन सरकार द्वारा नियुक्त जिला परिवीक्षा अधिकारी;

(xxxii) ''डयूटी अधिकारी'' से अभिप्राय है, रक्षा कार्मिको का परिवेक्षण करने तथा किसी आपातिक स्थिति का निपटान करने के लिए मुख्य द्वार के कार्यकारी प्रभारी के रूप में अधीक्षक द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी, जो मुख्य वार्डर की पदवी से नीचे का न हो;

(xxxiii) ''कार्यकारी प्रभारी'' से अभिप्राय है, कारागार के किसी वार्ड, बैरक, अहाते या किसी अन्य स्थान के कार्यकारी प्रभारी के रूप में अधीक्षक द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी, जो मुख्य वार्डर की पदवी से नीचे का न हो;

(xxxiv) ''परिवार'' से अभिप्राय है, बन्दी का पति/पत्नी, बच्चें, सहोदर भाई या बहन, माता–पिता, दादा–दादी, पौत्र–पौत्री;

(xxxv) ''विदेशी बन्दी'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा बन्दी जो भारत का नागरिक नहीं है;

(xxxvi) ''फरलों'' से अभिप्राय है, सुसंगत अधिनियम, नियम या हिदायतों द्वारा यथा विनिर्दिष्ट समय अवधि में सदाचार के कारण सिद्धदोष बन्दी की अभिरक्षा से अस्थाई रिहाई;

(xxxvii) ''गैंगस्टर'' से अभिप्राय है,या तो संगठित अपराध सिंडीकेट के सदस्य के रूप में या ऐसे सिंडीकेट की ओर अकेले या संयुक्त रूप से स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति के लिए आर्थिक लाभ प्राप्त करने या अनुचित आर्थिक या अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए हिंसा या हिंसा की धमकी या भयभीत करके या अन्य गैर कानूनी साधन का प्रयोग करके विधि द्वारा निषिद्ध कार्यकलाप करने वाला कोई व्यक्ति;

(xxxviii) ''जराचिकित्सा सहवासी'' से अभिप्राय है, कोई बन्दी, जो पैंसठ वर्ष की आयु या से अधिक है, तथा सहायता के बिना स्वतन्त्र रूप से अपने दैनिक कार्यों का संचालन करने में चिकित्सा की दृष्टि से असमर्थ है;

(xxxix) ''सरकार'' से अभिप्राय है, प्रशासकीय विभाग में हरियाणा राज्य की सरकार;

(xL) ''अभ्यस्त अपराधी'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा बन्दी, जिसे दो या इससे अधिक मामलों में सिद्धदोष ठहराया गया है या एक मामले में सिद्धदोष है तथा दो या इससे अधिक मामलों में विचारण का सामना कर रहा है या तीन या इससे अधिक मामलों में विचारण का सामना कर रहा है;

(xLi) ''कट्टर बन्दी'' का वही अर्थ होगा, जो हरियाणा सदाचारी बन्दी (अस्थाई रिहाई) अधिनियम, 2022 (2022 का 15) में यथा परिभाषित है;

(xLii) ''विभागाध्यक्ष'' से अभिप्राय है, महानिदेशक, कारागार;

(xLiii) ''उच्च–जोखिम बन्दी'' से अभिप्राय है, हिंसा, भाग निकलने, स्व–हानि पहुँचाने या उत्पाती व्यवहार के प्रति उच्च प्रवृति वाला बन्दी, या जिससे कारागार में अशांति उत्पन्न होने की सम्भावना है और लोक व्यवस्था को धमकी देने का ढोंग रचता है, या जो आत्मघाती प्रवृति या किसी आन्तरायिक हिंसक व्यवहार के साथ किसी प्रदार्थ से सम्बन्धित और नशे की लत विकार से पीड़ित है, या जिसे अन्य बन्दियों से अंग भंग होने या जीवन हानि होने का खतरा है या जो विशेष अभिज्ञेय धमकी का सामना कर रहा है;

(xLiv) ''इतिवृत–टिकट'' से अभिप्राय है, अधिनियम, नियमों या समय–समय पर उसके अधीन जारी हिदायतों द्वारा प्रत्येक बन्दी के सम्बन्ध में यथा अपेक्षित ऐसी सूचना का प्रदर्शन करने वाली टिकट तथा इसमें बन्दी की सभी महत्वपूर्ण घटनाएं, दी गई स्वीकृतियों तथा दिए गए दण्डों का रिकार्ड भी शामिल है;

(xLv) ''सहवासी'' से अभिप्राय है, कारागार में विधिपूर्वक परिरूद्ध कोई बन्दी;

(xLvi) ''महानिरीक्षक'' से अभिप्राय है, महानिरीक्षक, कारागार;

(xLvii) ''संस्था'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा स्थान, जहां बन्दी विधिपूर्वक परिरूद्ध हैं;

(xLviii) ''किशोर'' से अभिप्राय है, कोई व्यक्ति, जिसे किशोर न्याय (बालक की देखभाल तथा संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 2) के उपबन्धों के अधीन इस प्रकार परिभाषित किया गया है;

(xLix) ''कोट मौका'' से अभिप्राय है, कारागार की बाहरी तथा भीतरी परिधीय दीवार के बीच क्षेत्र;

(L) ''विधिक सलाहाकार'' से अभिप्राय है, विधि व्यवसायी अधिनियम, 1879 (1879 का केन्द्रीय अधिनियम 18) या अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का केन्द्रीय अधिनियम 25) के अर्थों में व्यवसायी;

(Li) ''आजीवन दण्डादिष्ट बन्दी'' से अभिप्राय है, आजीवन कारावास से दण्डादेशित बन्दी;

(Lii) ''मजिस्ट्रेट'' से अभिप्राय है, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के अधीन न्यायिक मजिस्ट्रेट की सभी या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई व्यक्ति;

(Liii) ''मुख्य द्वार'' से अभिप्राय है, कारागार के एक मात्र प्रवेश के भीतरी और बाहरी द्वार के बीच का क्षेत्र, द्वार जोकि डयोडी के रूप में ज्ञात है;

(Liv) ''उच्च सुरक्षा कारागार'' से अभिप्राय है, उच्च जोखिम के परिरोध के लिए कारागार, जिसमें रूढ़िवादी, साम्प्रदायिक रूप से शिक्षा देने वाले व्यक्ति, नक्सलियों, आतंकवादी, उग्रवादी, गैंग का मुखिया, प्रमुख गिरोह सदस्य, कारागार के भीतर से अपराध संगठित करने या संगठित करने के लिए संदिग्ध बन्दी या कारागार के

भीतर निरन्तर हिंसक व्यवहार का प्रदर्शन करने वाले, पूर्व भगोड़े, तथा पुलिस या कारागार, कार्मिक पर आक्रमण के इतिहास वाले व्यक्ति (किन्तु से सीमित नहीं) भी शामिल है;

(Lv) ''चिकित्सा अधिकारी'' से अभिप्राय है, सरकार द्वारा ऐसे रूप में नियुक्त कोई चिकित्सा अधिकारी;

(Lvi) ''चिकित्सा अधीनस्थ'' में औषधालय अधिकारी, पुरूष नर्स, महिला नर्स, लैब तकनीशियन आदि शामिल हैं;

(Lvii) ''सैन्य बन्दी'' से अभिप्राय है, सेना–न्यायालय या सशस्त्र बल अधिकरण द्वारा सिद्धदोष बन्दी;

(Lviii) ''स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ'' का वही अर्थ होगा, जो स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का केन्द्रीय अधिनियम 61) में उसे दिया गया है;

(Lix) ''अधिसूचना'' से अभिप्राय है, राजपत्र में प्रकाशित कोई प्रमाणित सूचना या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अन्य प्राधिकृत प्रकाशन;

(Lx) ''अपराध'' से अभिप्राय है, तत्समय लागू किसी विधि द्वारा दण्डनीय भूल–चूक वाला कोई कार्य;

(Lxi) ''खुली कारागार, अर्ध खुली कारागार'' से अभिप्राय है, किसी कारागार काम्पलैक्स के भीतर कोई स्थान या भाग या बैरक या कोई व्यक्ति, जिसे ऐसी शर्तों पर, जो उन्हें और अधिक स्वतन्त्रता तथा रिहाई के बाद सामाजिक जीवन से सहयुक्त होने के और अधिक अवसर देने के लिए तथा उनके पुनर्वास को सफल बनाने के लिए विहित की जाएं, पात्र सिद्धदोष बन्दियों के परिरोध के लिए ऐसे रूप में सरकार द्वारा घोषित किया गया है;

(Lxii) ''संगठित अपराध'' से अभिप्राय है, किसी व्यक्तिगत, अकेले या संयुक्त रूप से या तो संगठित अपराध सिंडीकेट के सदस्य के रूप में या ऐसे सिंडीकेट की ओर से स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति के लिए आर्थिक लाभ प्राप्त करने या अनुचित आर्थिक या अन्य लाभ प्राप्त करने या विद्रोह को बढ़ावा देने के लिये जारी कोई भी विधि विरूद्ध गतिविधि हिंसा या हिंसा की धमकी देते हुए या भयभीत करके या बल प्रयोग करके या अन्य गैर कानूनी साधन का प्रयोग करके;

(Lxiii) ''पैरोल'' से अभिप्राय है, सम्बन्धित अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा यथा विनिर्दिष्ट समय अवधि में सदाचार के कारण अभिरक्षा से सिद्धदोष बन्दी की अस्थाई रिहाई पैरोल पर बिताई अवधि को वास्तविक सजा के लिए नहीं गिना जाएगा;

(Lxiv) ''कारागार'' से अभिप्राय है, व्यक्तियों के निरोध और सिद्धदोष बन्दियो की बाद में देख–रेख करने तथा पुनर्वास के लिए सरकार के साधारण या विशेष आदेशों के अधीन स्थाई रूप से या अस्थाई रूप से प्रयुक्त कोई स्थान, जिसमें किसी न्यायालय या सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित अनुसार विचाराधीन बन्दी, सिद्धदोष, सिविल बन्दी, निवारक नजरबन्दी या कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है, और इसमें उससे आनुषंगिक, सभी भूमियां तथा भवन शामिल हैं किन्तु निम्नलिखित शामिल नहीं है,–

(क) व्यक्तियों के परिरोध के लिए कोई स्थान, जो केवल पुलिस की अभिरक्षा में है; या

(ख) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 417 के अधीन सरकार द्वारा विशेष रूप से नियत कोई स्थान; या

(ग) किशोर न्याय (बालको की देखभाल तथा संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2015 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के अधीन कोई निगरानी गृह, विशेषगृह, बाल गृह, आश्रय गृह, सुरक्षा का स्थान तथा सरकार द्वारा स्थापित महिलाओं के लिए संरक्षित गृह;

(Lxv) ''बन्दी'' से अभिप्राय है, किसी विधि न्यायालय या किसी सक्षम प्राधिकारी के आदेश/वारंट के अधीन कारागार में परिरूद्ध कोई व्यक्ति;

(Lxvi) ''मानसिक बीमारी वाले बन्दी'' से अभिप्राय है, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 (2017 का केन्द्रीय अधिनियम 10) में यथा परिभाषित मानसिक बीमारी वाला बन्दी;

(Lxvii) ''परिवीक्षा अधिकारी'' से अभिप्राय है, अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 (1958 का केन्द्रीय अधिनियम 20) के अधीन सरकार द्वारा नियुक्त परिवीक्षा अधिकारी;

(Lxviii) ''निषेध वस्तु'' से अभिप्राय है, कोई ऐसी वस्तु, जिसे अधिनियम के अधीन तथा इन नियमों के अधीन या महानिदेशक कारागार के आदेश द्वारा ऐसे रूप में प्रतिबन्धित तथा घोषित की गई है;

(Lxix) ''अपराध–व्यसनी'' से अभिप्राय है, कोई सिद्धदोष या विचाराधीन बन्दी, जो पुनः अपराध करता है;

(Lxx) ''माफी'' से अभिप्राय है, विधि, नियमों तथा नीति से सम्बन्धित उपबन्धों के अनुसार इसके स्वरूप को परिवर्तित किये बिना किसी बन्दी के सजा की अवधि को कम करने का कार्य;

(Lxxi) ''दण्डादेश'' से अभिप्राय है, दण्डादेश, जो अपील, पुनरीक्षण या अन्यथा पर अन्तिम रूप से विनिश्चित किया गया है तथा इसमें एक से अधिक दण्डादेश का समुच्चय तथा शान्ति बनाए रखने या सदाचार के लिए प्रतिभूति प्रस्तुत करने की चूक में कारागार को सुपुर्द करने का आदेश भी शामिल है;

(Lxxii) ''पृथक परिरोध'' से अभिप्राय है, श्रम सहित या श्रम के बिना ऐसा परिरोध, जो अन्य बन्दियों के साथ संपर्क करने से बन्दियों को अलग रखता है, किन्तु अन्य बन्दियों की नजर से नहीं तथा उसे प्रतिदिन कम से कम एक घण्टे व्यायाम करने और एक या से अधिक बन्दियों के साथ में अपना भोजन करने की अनुमति दी जाती है;

(Lxxiii) ''एकांत परिरोध'' से अभिप्राय है, श्रम सहित या श्रम के बिना ऐसा परिरोध, जो अन्य बन्दियों की नजर से तथा के संपर्क करने दोनों से बन्दी को पूर्णरूप से अलग रखा जाता है;

(Lxxiv) ''विशेष कारागार'' से अभिप्राय है, बन्दियों की किसी विशेष श्रेणी या श्रेणियों के परिरोध के लिए स्थापित तथा सरकार द्वारा अधिनियम के अधीन ऐसे रूप में अधिसूचित कोई कारागार;

(Lxxv) ''स्टाफ सदस्य'' से अभिप्राय है, विभाग का कोई कर्मचारी, जो अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के कार्यान्वयन से सम्बन्धित शक्तियों का प्रयोग या कर्तव्यो या कृत्यों का निर्वहन करता है;

(Lxxvi) ''राज्य'' से अभिप्राय है, हरियाणा राज्य;

(Lxxvii) ''उप–कारागार'' से अभिप्राय है, केन्द्रीय कारागार, जिला कारागार, उच्च सुरक्षा कारागार, विशेष कारागार, खुली अथवा अर्ध–खुली कारागार से भिन्न कोई कारागार;

(Lxxviii) ''अधीनस्थ अधिकारी'' से अभिप्राय है, विभाग में सेवारत अराजपत्रित अधिकारी;

(Lxxix) ''जेल अधीक्षक'' से अभिप्राय है, कारागार का जेल अधीक्षक;

(Lxxx) ''विचाराधीन बन्दी'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा व्यक्ति, जिसको किसी विधि न्यायालय या किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जांच या विचारण की विचाराधीनता के दौरान न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय द्वारा हवालात वापस भेजा गया है;

(Lxxxi) ''परिदर्शक'' से अभिप्राय है, स्टाफ सदस्य या बन्दी से भिन्न कोई व्यक्ति, जिसे कारागार में निरीक्षण करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिकृत किया गया है;

(Lxxxii) ''बेतार संचार यन्त्र'' से अभिप्राय है, किसी बेतार संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से जोड़ने तथा सूचित करने के लिए प्रयुक्त कोई यन्त्र;

(Lxxxiii) ''युवा अपराधी'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा बन्दी, जो अठारह वर्ष की आयु से अधिक का है और जिसने इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त तथा अपरिभाषित किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम या भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम 45) या दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 02) में क्रमशः उन्हें दिए गए हैं;

टिप्पण–1 :– जहां कहीं अन्यथा उपबन्धित के सिवाए, पुल्लिंग के अर्थ वाले शब्दों को स्त्रीलिंग में शामिल किया जाएगा तथा एकवचन के शब्दों को बहुवचन तथा विलोमतः शामिल किया जाएगा।

टिप्पण–2 :– खुला कारागार अथवा अर्ध–खुला कारागार के किसी संदर्भ में क्रमशः खुला शिविर या अर्ध–खुला शिविर शामिल होगा।

	अध्याय 2 **कारागारों का वर्गीकरण**
कारागारों का वर्गीकरण।	**3.** (1) कारागारों के निम्नलिखित वर्ग होंगे, अर्थात्:— (क) केन्द्रीय कारागार; (ख) जिला कारागार; (ग) उच्च सुरक्षा कारागार; (घ) विशेष कारागार; (ङ) उप–कारागार; (2) प्रत्येक केन्द्रीय तथा जिला कारागार में उच्च–जोखिम वाले बन्दियों के आवास के लिए उच्च सुरक्षा घेरा होगा। (3) कारागारों की क्षमता समय–समय पर महानिदेशक द्वारा यथा विनिश्चित तथा अधिसूचित की जाएगी। (4) सरकार खुली अथवा अर्ध–खुली कारागार स्थापित कर सकती है।
केन्द्रीय कारागार।	**4.** (1) सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय कारागार के नाम से ज्ञात कारागार अधिसूचित करेगी। (2) एक या से अधिक केन्द्रीय कारागार होंगी, जिसमें सामान्यतः सिद्धदोष आपराधिक बन्दी, किसी अन्य कारागार से स्थानान्तरण द्वारा अपनी सजा भुगतने के लिए स्वीकार किए जाएंगे तथा प्रशासकीय प्रयोजनों के लिए विचाराधीन बन्दियों को समायोजित किया जा सकता है। (3) सभी केन्द्रीय कारागारो में सिद्धदोषियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए पूर्णरूप से सुसज्जित होंगी। इस प्रयोजन के लिए शैक्षिक तथा अनुदेशन अमले की पर्याप्त संख्या तैनात की जाएगी। (4) केन्द्रीय कारागार में सिद्धदोषियों के लिए पर्याप्त कार्य मार्ग मुहैया कराने के लिए पर्याप्त अवसंरचना सहित औद्योगिक इकाई (इकाईयां) भी होंगी।
जिला कारागार।	**5.** (1) सरकार ऐसी संस्था में आवश्यक जिला कारागारों को स्थापित करेगी, जो आवश्यक हो, जिनमें एक या से अधिक जिलों से बन्दी साधारणतः प्रथम बार सौंपे गए है। (2) सभी जिला कारागार में सिद्धदोषियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए पूर्णरूप से सुसज्जित होंगी। इस प्रयोजन के लिए शैक्षिक तथा अनुदेशन अमले की पर्याप्त संख्या तैनात की जाएगी। (3) जिला कारागार में सिद्धदोषियों के लिए पर्याप्त कार्य मार्ग मुहैया कराने के लिए पर्याप्त अवसंरचना सहित औद्योगिक इकाई (इकाईयां) भी होंगी।
उच्च सुरक्षा कारागार।	**6.** सरकार उच्च जोखिम वाले बन्दियों के परिरोध के लिए एक या एक से अधिक उच्च सुरक्षा कारागार स्थापित कर सकती है, जिसमें रूढ़िवादी, साम्प्रदायिक रूप से शिक्षा देने वाले व्यक्ति, नक्सलियो, आतंकवादी, चरमपंथियो, गिरोह के नेताओं, प्रमुख गिरोह सदस्य, कारागार के भीतर से अपराध करने या अपराध करने के लिए संदिग्ध बन्दी या कारागार के भीतर निरन्तर हिंसक व्यवहार करने वाले, पूर्व भगौड़े, और पुलिस या कारागार कार्मिकों पर आक्रमण इतिवृत वाले व्यक्ति (किन्तु से सीमित नहीं) भी शामिल है।
विशेष कारागार।	**7.** सरकार, समय–समय पर, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इन नियमों के प्रयोजन के लिए किसी कारागार को विशेष कारागार के रूप में घोषित कर सकती है या बन्दियों के किसी विशेष वर्ग या वर्गों को परिरूद्ध करने लिए किसी स्थान पर विशेष कारागार स्थापित कर सकती है या किसी स्थान को विशेष कारागार के रूप में अधिसूचित कर सकती है।
उप–कारागार।	**8.** (1) सरकार उप–कारागारों की ऐसी संख्या स्थापित करेगी, जो उप–मण्डल स्तर पर आवश्यक हों। (2) उच्च जोखिम वाले बन्दियों के सिवाए, सभी वर्ग के बन्दी कतिपय परिस्थितियों के अधीन उप–कारागार में निरूध किए जा सकते हैं।
केन्द्रीय कारागार का जिला कारागार के रूप में।	**9.** (1) सरकार सभी या किन्हीं प्रयोजनों के लिए किसी केन्द्रीय कारागार को जिला कारागार के रूप में घोषित कर सकती है। (2) सरकार किसी केन्द्रीय या जिला कारागार को विशेष कारागार या अधिकतम सुरक्षा कारागार के रूप में भी घोषित कर सकती है।

	अध्याय 3 **मुख्यालय संगठन**
महानिदेशक कारागार की नियुक्ति।	**10.** (1) सरकार, राज्य में कारागारों के अधीक्षण, प्रशासन तथा प्रबन्धन तथा सुधारात्मक सेवाओं के लिए महानिदेशक की नियुक्ति कर सकती है। (2) सरकार, विभिन्न अधिनियमों तथा नियमों के अधीन अपने कर्तव्यों तथा कृत्यो के निर्वहन में महानिदेशक की सहायता के लिए अपर महानिदेशक, महानिरीक्षक, अपर महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक तथा ऐसे अन्य अधिकारी तथा अमला, जो वह उचित समझे, भी नियुक्त कर सकती है।
मुख्यालय स्तर पर संगठनात्मक संरचना।	**11.** मुख्यालय स्तर पर संरचनात्मक ढ़ाचा निम्न अनुसार होगा, अर्थात्:– (क) कार्यकारी विंग; (ख) सुधारक तथा कल्याण विंग; (ग) सूचना प्रौद्योगिक विंग; (घ) आसूचना तथा सुरक्षा विंग; (ड) कोई अन्य विंग जो समय–समय पर सरकार द्वारा विनिश्चित किया जाए।
मुख्यालय पर अधिकारी तथा अमला।	**12.** (1) **विभाग के मुख्यालय पर संगठनात्मक ढांचा निम्न अनुसार होगा, अर्थात्:–** (क) महानिदेशक; (ख) अपर महानिदेशक; (ग) महानिरीक्षक; (घ) अपर महानिरीक्षक; (ङ) उप महानिरीक्षक; (च) मुख्य परिवीक्षा तथा कल्याण अधिकारी; (छ) अधीक्षक जेल (मुख्यालय) ; (ज) उप जिला न्यायवादी या सहायक जिला न्यायवादी की पदवी के विधि अधिकारी; (झ) उप अधीक्षक; (ञ) सहायक अधीक्षक, उप–सहायक अधीक्षक; (ट) मुख्य लेखा अधिकारी, लेखा अधिकारी; (ठ) अधीक्षक (कार्यालय); (ड) उप अधीक्षक (कार्यालय); (ढ) सहायक (कार्यालय); (ण) आशुलिपिक; (त) टंकक, कम्प्यूटर आपरेटर तथा लिपिक; (थ) अटैंडेंट; (द) ऐसा अन्य सहायता तथा अनुरक्षण अमला जैसे कि चालक, व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा अमला, इलैक्ट्रीशियन, नलसाज, स्वीपर, चौकीदार, अभिरक्षक, अर्दली इत्यादि। (ध) राज्य में कारागारों के पर्यवेक्षण तथा प्रशासन के लिए ऐसे अन्य अधिकारी/कर्मचारी, जो सरकार समय–समय पर विनिश्चित करे। (2) अपर महानिदेशक, महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, अपर महानिरीक्षक, अधीक्षक जेल (मुख्यालय) तथा मुख्य परिवीक्षा तथा कल्याण अधिकारी ऐसे कर्तव्य तथा कृत्य करेगा, जो समय–समय पर महानिदेशक द्वारा उन्हें सौंपे जाएंगे।
सूचना प्रौद्योगिकी विंग।	**13.** सभी कारागारों में रिकार्ड तथा सांख्यिकी के अनुरक्षण के लिए कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के डिजाईन, विकसित, करने, बनाए रखने तथा सहयोग के लिए महानिदेशक द्वारा समय–समय पर विनिश्चित किए जाने वाले ऐसे अधिकारी,जो उप अधीक्षक की पदवी से नीचे का न हो, के पर्यवेक्षण के अधीन मुख्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी विंग की स्थापना की जाएगी। सूचना प्रौद्योगिकी विंग में विभिन्न किस्म के कर्तव्य करने के लिए सरकार द्वारा समय–समय पर यथा विनिश्चित प्रबन्धकों, इंजीनियरों, प्रणाली विश्लेषकों, प्रोग्रामर तथा सहायक अमले की ऐसी संख्या शामिल होगी, जिसमें सूचना प्रणाली प्रबन्धन, साफ्टवेयर अनुप्रयोग, उद्यम संसाधन योजना प्रणाली का डिजाईन, विकास, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण, अन्यों में से तथा हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर विक्रेताओं से व्यवहार करने तथा महानिदेशक द्वारा अभ्यर्पित अनुसार विविध तकनीकी कार्य करना शामिल है।

आसूचना तथा सुरक्षा विंग।	**14.** आसूचना तथा सुरक्षा विंग महानिदेशक द्वारा मुख्यालय पर भी स्थापित की जाएगी। यह विंग मानव तथा तकनीकी स्रोत से आसूचना के संग्रहण, मिलान तथा विश्लेषण के लिए जिम्मेवार होगी, जिसमें कारागारों इत्यादि में अन्यों में से कारागार प्रबन्धन साफ्टवेयर, अन्तर–शल्यकरणीय दांडिक न्याय प्रणाली (आई. सी.जे.एस.), कारागार सहवासी आहवाम प्रणाली (पी.आई.सी.एस.) या कोई अन्य इलैक्ट्रोनिक प्लेटफार्म तथा कारागार की सुरक्षा से सम्बन्धित सभी मामलों का पर्यवेक्षण, सुरक्षा अंकेक्षण करना, नियन्त्रण कक्ष का पर्यवेक्षण शामिल है तथा इसमें ऐसे अधिकारी तथा कर्मचारी शामिल होंगे, जो समय–समय पर महानिदेशक द्वारा विनिश्चित किए जाएं।
महानिदेशक की भूमिका, जिम्मेवारी, कर्तव्य और शक्तियां।	**15.** (1) महानिदेशक की भूमिका, जिम्मेवारी, कर्तव्य तथा शक्तियां निम्न अनुसार होंगी, अर्थात्:– (क) समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम और इन नियमों के उपबन्धों को लागू करना; (ख) सरकार द्वारा यथा अधिकथित कारागारों तथा सुधारक सेवाओं के प्रशासन से सम्बन्धित पॉलिसियों को लागू करना; (ग) विभिन्न कारागारों तथा सुधारक सेवाओं के कार्य की योजना बनाने, आयोजित करने, निर्देश देने, समन्वित तथा नियन्त्रित करना; (घ) सम्बन्धित कारागार कार्मिक के लिए कार्य निर्धारित करना तथा नियन्त्रित करने के प्राधिकार तथा चेन की स्पष्ट रेखा नियत करना; (ङ) बन्दियो की देखभाल, प्रशिक्षण तथा उपचार, अमले को प्रशिक्षण देने, अनुशासन तथा कल्याण आदि के अनुरक्षण के लिए विशेष प्रतिनिर्देश के साथ कारागारों तथा अन्य संस्थाओं के उचित प्रशासन, प्रबन्धन तथा निर्बाध कार्य करने के लिए हिदायतें जारी करना; तथा (च) विभाग के नियन्त्रण के अधीन कारागारों तथा अन्य संस्थाओं का निरीक्षण करना। (2) सरकार के सामान्य नियन्त्रण तथा अधीक्षण के अध्यधीन महानिदेशक अपने विधिपूर्ण कर्तव्यों तथा जिम्मेवारियों का निर्वहन करने में उसे समर्थ बनाने के लिए सभी आवश्यक वित्तीय, प्रशासनिक तथा अनुशासनिक शक्तियों का प्रयोग करेगा। (3) महानिदेशक को उसके सरकारी आवास पर कैम्प कार्यालय की सुविधा उपलब्ध कारवाई जाएगी।
अपर महानिदेशक, महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक तथा अपर महानिरीक्षक के सामान्य कर्तव्य।	**16.** अपर महानिदेशक, महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक तथा अपर महानिरीक्षक के सामान्य कर्तव्य, कारागार प्रशासन तथा सुधारात्मक सेवाओं से सम्बन्धित महानिदेशक द्वारा सौंपे गए अनुसार सभी मामलों में उसकी सहायता करेगा। उनकी भूमिका, जिम्मेवारी, कर्तव्य तथा शक्तियां निम्न अनुसार होंगी, अर्थात्:– (क) कारागारों तथा सुधारात्मक सेवाओं के प्रशासन में महानिदेशक की सहायता करना; (ख) महानिदेशक द्वारा कार्य के आवंटन के अनुसार आन्तरिक प्रशासन की देखभाल करना; (ग) महानिदेशक द्वारा प्रदत्त अनुसार सामग्री की खरीद/सेवाओं पर ऐसे खर्च की स्वीकृति देना; (घ) उन्नत प्रशासन तथा परिचालन कार्य करने के लिए पालिसियों तथा योजनाओं को सूत्रबद्ध करना; (ङ) बन्दियो की देखभाल, प्रशिक्षण तथा उपचार, अमले को प्रशिक्षण देने, अनुशासन तथा कल्याण आदि के अनुरक्षण से सम्बन्धित मामलों की देखभाल करना; (च) बजट, खर्च, क्रय, संविदा तथा सम्बन्धित समस्याओं के मामलों में महानिदेशक की सहायता करना; (छ) महानिदेशक द्वारा विशेष रूप से सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना।
मुख्य परिवीक्षा तथा कल्याण अधिकारी के सामान्य कर्तव्य।	**17.** मुख्य परिवीक्षा तथा कल्याण अधिकारी के सामान्य कर्तव्य, सम्पूर्ण राज्य की सभी कारागारों में जिला परिवीक्षा अधिकारियों के माध्यम से बन्दियों के अनुरक्षण तथा पुनर्वास सहित अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 तथा अन्य सम्बन्धित अधिनियमों तथा नियमों को कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेवार होगा। वह सम्पूर्ण राज्य की सभी कारागारों में बन्दियों के कल्याण, कार्यकलापों, शैक्षिक कार्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा कौशल विकास इत्यादि के लिए भी जिम्मेवार होगा। मुख्य परिवीक्षा तथा कल्याण अधिकारी की भूमिका तथा जिम्मेवारी, शक्तियाँ तथा कर्तव्य ऐसे होंगे, जो समय–समय पर महानिदेशक द्वारा विनिश्चित किए जाएं।

क्षेत्रीय संगठन।	**18.** कारागार प्रशासन तथा सुधारात्मक सेवाओं के प्रभावी और कुशल प्रयोजनों के लिए, सरकार, विभाग में क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना करेगी, जिसकी अध्यक्षता ऐसे अधिकारी, जो उप महानिरीक्षक की पदवी से नीचे का न हो, जो समय समय पर विनिश्चित किया जाए। क्षेत्रीय कार्यालयों की क्षेत्रीय अधिकारिता, शक्तियां तथा कार्य ऐसे होंगे, जो समय–समय पर सामान्य या विशेष आदेशों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित किए जाएं।
संस्थागत संगठन।	**19.** प्रत्येक संस्था में सुरक्षा तथा अनुशासन, कारागार के वर्ग, ड्यूटी स्थान, कार्य भार तथा कृत्यों का बटवारा तथा सुधारात्मक कार्यक्रमों की अपेक्षाओं के अनुसार कार्मिकों की ऐसी संख्या होगी, जो सरकार द्वारा निर्धारित की जाएं। **(i) कार्यकारी स्थापना** प्रत्येक कारागार की अध्यक्षता, अधीक्षक द्वारा की जाएगी, जो कारागार पर पर्यवेक्षी, प्रशासनिक तथा प्रबंधकीय नियन्त्रण का प्रयोग करेगा। कारागार में तैनात सभी अन्य अधिकारी, उसके अधीनस्थ होंगे। अधीक्षक निम्नलिखित कार्यकारियों द्वारा सहायता प्राप्त करेगा, अर्थात्:– (क) उप अधीक्षक (प्रशासन), जो कि कारागार में प्रशासन तथा अनुरक्षण कार्य की देखभाल करेगा; (ख) उप अधीक्षक (सुरक्षा) जो कि कारागार की सुरक्षा तथा रक्षा डयुटि के प्रशासन के लिए जिम्मेवार होगा; (ग) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) जो कि सुधारात्मक/शैक्षिक कार्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण, तथा औद्योगिक इकाईयों में कौशल विकास तथा प्रबन्धन तथा सूचना प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित कार्य का पर्यवेक्षण करेगा; (घ) सहायक अधीक्षक तथा उप–सहायक अधीक्षकों की ऐसी संख्या, जो सरकार द्वारा समय–समय पर विनिश्चित की जाए, जो अपने सम्बन्धित क्षेत्र में कार्य का पर्यवेक्षण करने तथा कार्यान्वित करने में उप अधीक्षकों की सहायता करेंगे; (ङ) कारागार प्रबन्धन तथा उचित कारागार प्रशासन के लिए ऐसे अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी होंगे, जो सरकार समय–समय पर उचित समझे। **(ii) सुरक्षा कर्मी** (क) सुरक्षा कर्मी में मुख्य वार्डर तथा वार्डर शामिल होंगे। प्रायः छह बन्दियों के लिए एक रक्षा कर्मी होगा। उद्योगों तथा अन्य कल्याण कार्यकलापों में लगे रक्षा कर्मियों को इस अनुपात की गणना करते समय निकाला जाएगा; (ख) सभी कारागारों में ड्रिल, नि:शस्त्र प्रशिक्षण तथा आग्नेयास्त्रों के प्रयोग में दक्षता के लिए विशेष रूप से रक्षा कर्मियो में से चयनित सुरक्षा दस्ता रहेगा। ये सुरक्षा दस्ता कारागार में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने हेतु एक सुयोग्य सहायक अधीक्षक के अधीन होगा; (ग) वार्डर गार्ड में सर्वोच्च सम्भावित योग्यता एवम् अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए, ऐसी स्थापना का सामान्य नियन्त्रण महानिदेशक के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण तथा निर्देशन के अधीन अधीक्षक में निहित होगा; **(iii) लिपिकीय तथा प्रशासनिक कार्मिक** प्रत्येक कारागार में प्रशासनिक तथा लिपिक वर्गीय अमले की पर्याप्त संख्या होगी जैसे कि अधीक्षक (कार्यालय), उप अधीक्षक (कार्यालय), लेखाकार, सहायक (कार्यालय), लिपिक, आशुटंकक, कम्प्यूटर आपरेटर, सेवादार इत्यादि। लिपिक–वर्गीय तथा प्रशासकीय कार्मिक, अधीक्षक तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) के सामान्य नियन्त्रण के अधीन कार्य करेगा। **(iv) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी** कारागार में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जैसे सेवादार, स्वीपर, माली, नाई, रसोईया, अर्दली इत्यादि की ऐसी संख्या होगी, जो सरकार समय–समय पर निर्धारित करे।

	अध्याय 4 **बन्दियों का प्रवेश**
बन्दियों की पहचान।	**20.** किसी बन्दी का प्रवेश करवाने से पूर्व, मुख्य द्वार का प्रभारी, बन्दी से उसका नाम तथा अन्य ब्योरों का पता लगाएगा तथा उसके वारंट में दर्ज ब्योरों के साथ मिलान करेगा।
प्राप्ति केन्द्र।	**21.** (1) प्रत्येक कारागार में एक प्राप्ति केन्द्र होगा जहां सभी नए प्रवेश किए गए बन्दियों को स्वीकार किया जाएगा तथा उनकी व्यक्तिगत जाँच, स्वास्थ्य जांच, स्थिति निर्धारण इत्यादि को समर्थ बनाने के लिए बहत्तर घण्टे की अधिकतम अवधि के लिए रखा जाएगा। (2) प्राप्ति केन्द्र में एक कार्यालय होगा तथा यह उप अधीक्षक (प्रशासन) के नियंत्रणाधीन कार्य करेगा। (3) प्राप्ति केन्द्र में पुरूष तथा महिला बन्दियों तथा सिद्धदोष तथा विचाराधीन बन्दियों के लिए पृथक बैरक होंगी। प्रत्येक प्रवर्ग के भीतर सहवासियों को नियम 45 के उप नियम (3) में अधिकथित अनुसार प्रवर्गीकरण स्कीम के अनुसार बिलकुल शुरूआत से ही अलग किया जाएगा। यदि पृथक्करण की अपेक्षा को पूरा करने के लिए प्राप्ति केन्द्र में पर्याप्त आवास उपलब्ध नहीं है, तो साधारण बैरकों, बन्दी कक्षों (वार्डों) या अहातों में पर्याप्त स्थान समय–समय पर प्रयोजन के लिए चिहिन्त किया जा सकता है। किसी बैरक, बन्दीकक्ष या अहाते में इस प्रकार चिहिन्त स्थान का प्रयोग केवल अनुरूप प्रवर्ग के नए प्रवेश किए गए सहवासियों को ठहराने के लिए किया जाएगा तथा किसी भी समय पृथक्करण के नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। (4) बन्दी अपनी पात्रता तथा वर्गीकरण के अनुसार यथा सम्भव शीघ्र बैरक, बन्दीकक्ष, सैल में चले जाएंगे, किन्तु विनिर्दिष्ट कार्य के पूरा होने के बाद प्रवेश से बहत्तर घण्टे के बाद नहीं। किन्नरों (Transgenders) को कारागार के चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश के अनुसार उचित पुरुष या महिला बन्दीकक्ष में अलग से रखा जाएगा। (5) यदि वहां महामारी की व्यापकता है या महामारी अधिनियम, 1897 (1897 का केन्द्रीय अधिनियम 3) के अधीन उस आशय की अधिसूचना लागू है, तो प्राप्ति केन्द्र के किसी भी निवासी को ऐसी अवधि जो ऐसी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए की समाप्ति तक किसी साधारण बैरक में बदला नहीं जाएगा।
आरम्भिक प्रवेश पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया।	**22.** कारगार में प्रवेश पर निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी,– (क) कपड़ों सहित बन्दी के शरीर तथा उसके सामान की सम्पूर्ण तलाशी, लेना; (ख) बन्दी की व्यक्तिगत वस्तुओं को हटाना तथा प्राधिकृत व्यक्तिगत सामान जारी करना; (ग) इन नियमों के अध्याय 5 में अधिकथित मूल पृथक्करण के सिद्धान्तों के अनुसार प्राप्ति केन्द्र के भीतर तथा बाद में कारागार में उचित नियोजन के बारे में समुचित निर्णय करने के लिए बन्दी की पृष्ठभूमि तथा आवश्यकता की सामान्य मानीटरिंग करना; (घ) फोटों, बायोमीट्रिक लेना तथा रजिस्टरों में विहित प्रविष्टियों को अभिलिखित करना; (ङ) प्रवेश वाले दिन चिकित्सा अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण चिकित्सीय जांच करना। इसमें पदार्थ सम्बन्धी तथा व्यसन विकार से पीड़ित बन्दियों की पहचान करना शामिल है; (च) जब पुलिस अभिरक्षा से कारागार में शरीर पर चोट वाले बन्दी को प्रविष्ट किया जाता है, तो उसकी चिकित्सा अधिकारी द्वारा शीघ्र जांच की जाएगी। यदि जांच में अस्पष्ट चोट प्रकट होती है, जो बन्दी से संलग्न मैडिको–लीगल रिपोर्ट में पहले अभिलिखित नहीं है, तो सम्बन्धित न्यायालय को तुरन्त रिपोर्ट की जाएगी; (छ) कारागार नियमों तथा अनुशासनिक मानकों के बारे में बन्दियों को अवगत कराना; (ज) नियमों के अनुसार भोजन नियत करना तथा स्वास्थ्य किट, बिस्तर तथा कपड़े जारी करना; (झ) बन्दी को स्नान, केशकर्तन तथा सेविंग करवाना तथा उसके कपड़े धुलवाना। **टिप्पण:–** यदि बन्दी की पहचान परेड की जानी है, तो केशकर्तन या सेविंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसा केवल पहचान परेड के बाद किया जाएगा।
रात में कोई प्रवेश नहीं।	**23.** दूसरी कारागार से स्थानान्तरण के सिवाए, किसी भी बन्दी को सांय 6:30 बजे के बाद किसी कारागार में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा : परन्तु यह प्रतिबन्ध निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होगा.– (क) विचाराधीन महिला बन्दी, जिसे किसी भी समय कारागार में प्रविष्ट किया जाएगा जब वे पुलिस द्वारा तथा रविवार तथा कारागार अवकाश सहित सभी दिनों में प्रवेश के लिए पेश की जाती है;

	(ख) विचाराधीन पुरूष बन्दी, जिनके सम्बन्ध में पुलिस द्वारा लाल स्याही से उनके वारंट पर रिपोर्ट की जाती है कि उन्हें पहचान परेड में पहचाना जाना है, रविवार तथा कारागार अवकाश सहित सभी दिनों में कारागार में प्रविष्ट किया जाएगा; तथा (ग) बन्दी, जिन्हें न्यायालय सुनवाई के लिए या उपचार के लिए किसी उच्चतर चिकित्सा संस्था के लिए बाहर भेजा गया था : परन्तु यह और कि विशेष परिस्थितियों में अधीक्षक, महानिदेशक को सूचना देने के अधीन किसी समय पर किसी बन्दी को प्रविष्ट करने के आदेश कर सकता है।
उचित वारंट के बिना कोई प्रवेश नहीं।	**24.** (1) किसी भी बन्दी को सक्षम न्यायालय, न्यायिक अधिकरण या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधीक्षक को सम्बोधित जारी विधि रिट, वारंट या सुपुर्दगी के आदेश के अधीन से अन्यथा तथा निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न किया बिना किसी कारागार में प्रविष्ट नहीं किया जाएगा :– (क) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विहित प्ररूप में वारंट; (ख) प्रत्येक दोषसिद्धि वारंट के साथ सम्बद्ध न्यायालय द्वारा पारित निर्णय तथा दण्डादेश की मात्रा के आदेश की प्रति संलग्न की जाएगी; (ग) कम से कम दो विशेष स्थायी पहचान चिह्न तथा निकट रिश्तेदारों के नाम सहित पहचान पंजी (फोटो सहित)। (2) प्रत्येक बन्दी के लिए पृथक वारंट होगा चाहे दो या से अधिक बन्दियों को संयुक्त रूप से आरोपित किया गया हो। घायल बन्दियों को केवल वारंट के साथ संलग्न सक्षम प्राधिकारी की मैडिको लीगल रिपोर्ट (एम एल आर) के बाद प्रविष्ट किया जाएगा।
अनुकूलन प्रोग्राम।	**25.** प्रत्येक नया प्रविष्ट बन्दी, कारागार के नियमों तथा विनियमों, उसके अधिकारों, कर्त्तव्यों, पात्रता, मुफ्त कानूनी सहायता सेवा, अनुशासन तथा दैनिक दिनचर्या के बारे में उसे सूचित करने के लिए अनुकूलन प्रोग्राम के अध्यधीन होगा। बन्दी के अधिकारों, कर्तव्यों, पात्रता, अनुशासन तथा ''क्या करना तथा क्या नहीं करना'' से युक्त पैम्फलेट मुद्रित करवाया जाएगा तथा कारागर में उसके कारावास के दौरान उसका पालन करने तथा अनुशासन बनाए रखने के लिए बन्दी को समर्थ बनाने हेतु वितरित किया जाएगा। अनपढ़ व्यक्तियों की दशा में संबधित सहायक अधीक्षक द्वारा इसे समझाया जाएगा।
वर्गीकरण तथा सुरक्षा निगरानी समिति।	**26.** (1) प्रत्येक कारागार तथा ऐसी अन्य संस्थाएं, जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, में अधीक्षक की अध्यक्षता में एक ''वर्गीकरण तथा सुरक्षा निगरानी समिति'' होगी तथा जिसमें निम्नलिखित अधिकारी शामिल होंगे, अर्थात्:– (क) चिकित्सा अधिकारी; (ख) उप अधीक्षक (प्रशासन); (ग) उप अधीक्षक (सुरक्षा); (घ) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण); (ङ) उप अधीक्षक (प्रभारी, केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष); (2) ''वर्गीकरण तथा सुरक्षा निगरानी समिति'' एक सप्ताह में कम से कम एक बार बैठक करेगी तथा प्रवेश के समय पर प्राप्ति केन्द्र में यथा निर्णीत या तो उसे अभिपुष्ट या उचित रूप से संशोधित किया गया हो नए प्रविष्ट बन्दियों के सुरक्षा प्रवर्ग का पुनरीक्षण करेगी। (3) बन्दी के प्रवर्ग का पता लगाने में, समिति अपराध, परिवार पृष्ठभूमि, इतिवृत तथा पुलिस से प्राप्त रिपोर्ट की प्रकृति तथा परिस्थितियों से निरन्तर मार्गदर्शित होगी। पूर्व दोषसिद्धि, यदि कोई हो, साधारणतः वारंट में या आदेश में प्रकट होगी। तथापि, समिति इस सूचना तक सीमित नहीं होगी तथा कारागार अधिकारियों से लम्बी अवधि की दोषसिद्धि से कारागार के अभिलेखों से तथा अन्य कारागारों के रिकार्ड से, यदि बन्दी पहले दोषसिद्ध किया गया है, पता लगाने का प्रयास करेगी। (4) वर्गीकरण तथा सुरक्षा निगरानी समिति, प्राप्ति केन्द्र के कार्य की ध्यानपूर्वक निगरानी करेगी तथा सुनिश्चित करेगी कि सभी प्रवेश औपचारिकताओं को सहवासी के प्रवेश के बहत्तर घण्टों के भीतर पूरा किया जाएगा तथा पृथक्करण के नियमों का गम्भीरता से पालन किया जाएगा।

बन्दी की तलाशी।	**27.** (1) कारागार में प्रवेश पर सभी बन्दियों की वाक–थ्रो, हैण्ड–हैल्ड धातु संसूचक, या महानिदेशक द्वारा अनुमोदित किसी अन्य पहचान उपकरण के माध्यम से पूर्ण रूप से छानबीन की जाएगी। तलाशी ऐसे कारागार अधिकारी द्वारा नहीं ली जाएगी, जो उसी लिंग का नहीं है जैसा कि बन्दी की तलाशी ली जा रही है। (2) तलाशी तीन विभिन्न किस्म की होगी, जो कि निम्न अनुसार तलाशी करने वाले स्टाफ सदस्य के फैसले के अनुसार विभिन्न परिस्थितियों के अधीन न्यायसंगत हो,– (क) बन्दी व्यक्ति तथा वस्त्रों की जांच, जिसमें सिरसाज, गुलूबन्द, स्वेटर, जैकेट, ओवरकोट या कोई अन्य बाहरी वस्त्र वस्तु को हटाना शामिल हो सकता है; या (ख) बन्दी की सभी वस्त्र वस्तुओं को हटाना तथा जांच करना; या (ग) उचित रीति, जो किसी छिपाई गई वस्तु का पता लगाने की आवश्यकता के अनुरूप हो, में बन्दी के शरीर के छिद्रों की गहन तलाशी करने सहित सभी वस्त्र वस्तुओं को हटाने के बाद नए प्रविष्ट (या पैरोल/फरलो/अन्तरिम जमानत से समर्पण पर) बन्दी के शरीर की जांच करना: परन्तु उपरोक्त खण्ड (ख) या (ग) में तलाशी दूसरे बन्दी की उपस्थिति में या उसको देखते हुए नहीं ली जाएगी तथा कारागार अधिकारियों, जो दो से कम न हो, की उपस्थिति में तथा उनके द्वारा देखी तथा बन्दी के अनुसार उसी लिंग के जो तलाशी को कारगर रूप से संचालन के लिए अपेक्षित हो, ली जाएगी। (3) तलाशी, छानबीन किए जा रहे बन्दी की मर्यादा, गोपनीयता तथा गरिमा का ध्यान रखते हुए की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर बन्दी को पूर्ण रूप से नंगी स्थिति में नहीं छोड़ा जाएगा। (4) बन्दी तलाशी के लिए सहयोग देगा तथा पेश करेगा जब कभी ऐसा करने के लिए आदेश दिए जाएं। तथापि, बन्दी के शरीर के छिद्रों की गहन तलाशी चिकित्सक अमले द्वारा अधीक्षक या उप अधीक्षक के विशिष्ट आदेशों पर की जाएगी। (5) यदि कोई बन्दी तलाशी की अनुमति देने से इनकार करता है, तो ऐसे बल, जो बन्दी के सम्बन्ध में तलाशी करने के लिए उचित रूप से आवश्यक और अनुरूप हो, का प्रयोग किया जा सकता है। (6) जहां तलाशी के दौरान कारागार अधिकारी कोई वस्तु प्राप्त करता है या के कब्जे में आती है, जिसे वह विश्वास करता है कि वह किसी अपराध या लगाने से सम्बन्धित है तो वह अपराधिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में, या कारागार अनुशासन के भंग के लिए किसी कार्यवाही के सम्बन्ध में प्रयोग करने के लिए जब्ती की तिथि से ऐसी अवधि के लिए, जो उचित हो या किसी ऐसी कार्यवाही के निष्कर्ष तक उसे जब्त कर सकता है या रख सकता है। (7) जब्त की गई वस्तुओं का एक रजिस्टर उप अधीक्षक (सुरक्षा) द्वारा अनुरक्षित रखा जाएगा तथा उसमें निम्नलिखित ब्योरे दर्ज किए जाएंगे, अर्थात्:– (क) इस प्रकार जब्त वस्तु के ब्योरे; (ख) व्यक्ति का नाम जिससे वे जब्त की गई थी; (ग) व्यक्ति का नाम, जिसके द्वारा वे जब्त की गई थी; (घ) क्या रखी गई है या निपटान कर दी गई है; (ङ) यदि रखी गई है, तो भण्डारण के ब्योरे; (च) रीति, जिसमें जब्त वस्तु निपटाई गई है; तथा (छ) ऐसे अन्य ब्योरे, जो अधीक्षक उचित समझे।
बन्दियों से व्यक्तिगत सामान, वस्तुओं का पृथक्करण।	**28.** (1) सभी ऐसी सम्पति/वस्तुएं, जिन्हें बन्दी कारागार के भीतर अपने पास रखने के लिए हकदार नहीं है, कारागार में उसके प्रवेश पर बन्दी से अलग कर दी जाएगी। (2) महिला बन्दी को मिताचार में अल्पमूल्य के कुछ आभूषण जैसे कि मंगल सूत्र, चुडियां तथा पैर की अंगुली के छल्ले रखने की अनुमति होगी। तथापि, अधीक्षक अपने विवेक से अनुशासनिक/सुरक्षा कारणों से किसी विशेष मामले में इन आभूषणों को रखना अनुज्ञात करने से इनकार कर सकता है। (3) बन्दियों से प्राप्त की गई सभी धनराशियां उनके कारागार में उनके ठहराव के दौरान बन्दियों द्वारा प्रयोग के लिए उनके सम्बन्धित कल्याण लेखों में जमा की जाएंगी।

प्राप्त सम्पति या वस्तु का रिकार्ड।	**29.** किसी बन्दी से प्राप्त सभी वस्तुओं/सम्पति के उचित वर्णन सहित एक सूची सम्पति रजिस्टर में दर्ज की जाएगी तथा प्राप्त करने वाले कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरित की जाएगी।
नए प्रविष्ट बन्दियों के सम्बन्ध में अनुरक्षित किए जाने वाले प्रवेश रजिस्टर।	**30.** सिद्धदोषियो, विचाराधीन और सिविल बन्दियों के लिए पृथक प्रवेश रजिस्टर कारागार में नए प्रविष्ट बन्दियों के सम्बन्ध में अनुरक्षित रखा जाएगा। ये रजिस्टर इन नियमों के अध्याय 42 में दिए गए उपबन्धों के अनुसार अनुरक्षित रखे जाएंगे।
प्रवेश पर चिकित्सा जांच।	**31.** (1) प्रत्येक बन्दी की चिकित्सा अधिकारी के सामान्य तथा विशेष आदेशों के अधीन प्रवेश के दिन उसकी जांच की जाएगी, जो सुनिश्चित करेगा कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा परिचालित कारागार में प्रवेश पर बन्दियों की स्वास्थ्य जांच के लिए प्रोफार्मा" विधिवत रूप से भरा गया है तथा उचित रूप से अनुरक्षित रखा गया है। (2) महिला बन्दी की दशा में, चिकित्सा अधिकारी के सामान्य या विशेष आदेशों के अधीन महिला स्टाफ द्वारा चिकित्सा जाँच की जाएगी। (3) किसी भी किशोर को कारागार में प्रविष्ट नहीं किया जाएगा। यदि कोई बन्दी कारागार में प्रवेश के समय पर कारागार के चिकित्सा अधिकारी की राय में किशोर के रूप में दिखाई देता है, तो इस सम्बन्ध में सूचना सम्बद्ध न्यायालय को चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट सहित अधीक्षक द्वारा भेजी जाएगी। (4) कारागार में प्रवेश के समय पर कोई बन्दी, कारागार के चिकित्सा अधिकारी की राय में मानसिक रूप से बीमार प्रतीत होता है, तो मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 में स्थापित प्रक्रिया के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति का पता लगाने के लिए अनुरोध, सम्बद्ध प्राधिकारियों को भेजा जाएगा।
प्रक्रिया, यदि कोई वारंट अवैध या विधिविरूद्ध है।	**32.** (1) यदि कोई बन्दी, वारंट के बिना या किसी विधि विरूद्ध आदेश से कारागार में लाया जाता है या वारंट उचित कानूनी प्ररूप में नहीं है या वारंट में नाम या पहचान के बारे में महत्वपूर्ण विसंगति पाई जाती है, तो उप अधीक्षक (प्रशासन) बन्दी को प्रविष्ट करने से इनकार करेगा और अधीक्षक को मामले की रिपोर्ट करेगा जो क्रमशः सम्बन्धित न्यायालय या सम्बन्धित जिला तथा सत्र न्यायाधीश को मामला भेजेगा, जिसके आदेश से वह बन्दी के व्यवहार के सम्बन्ध में आगे मार्गदर्शित होगा। (2) यदि किसी मामले में, अधीक्षक कारागार में प्रविष्ट किए जाने वाले किसी बन्दी के पास उस द्वारा प्राप्त सपुर्दगी के किसी वारंट या आदेश की वैद्यता के सम्बन्ध में या दण्डादेश पारित करने तथा ऐसा वारंट जारी करने के लिए व्यक्ति, जिसकी कार्यालय मोहर उस पर लगाई गई है तथा हस्ताक्षर किए गए है, की सक्षमता के सम्बन्ध में सन्देह है, तो वह महानिदेशक को सूचना के अधीन सम्बन्धित जिला एवं सत्र न्यायाधीश को मामला भेजेगा। (3) यदि सपुर्दगी के किसी वारंट या आदेश में कोई गलती या चूक पाई जाती है, जो अधीक्षक की राय में केवल भूल या गलती के कारण है या यदि पारित दण्डादेश या आदेश यद्यपि न्यायालय, अधिकरण या प्राधिकरण की अक्षमता के भीतर है, जिसने इसे पारित किया है, किसी प्रकार से त्रुटिपूर्ण है या अन्यथा अनियमित है, तो बन्दी को वारंट या आदेश में उचित संशोधन करवाने के लिए ऐसे न्यायालय, अधिकरण या प्राधिकरण, जैसी भी स्थिति हो, के निर्देश के अध्यधीन स्वीकार किया जाएगा।
वारंट की जांच तथा जांच का नोटिस।	**33.** (1) यह पता लगाने के लिए सभी वारंटों की जांच की जाएगी कि क्या वे दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) तथा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप है। (2) प्रत्येक वारंट में श्रेणी (आदतन या आकस्मिक) दर्शाई जाएगी, जिससे बन्दी सम्बन्धित है तथा पूर्व में सिद्धदोष व्यक्ति के मामले में पूर्व, दोषसिद्धि को दर्शाने वाली विवरणी संलग्न की जाएगी। (3) अधीक्षक वारंट पर कारागार में बन्दी को स्वीकार करने या निरूद्ध करने से इनकार कर सकता है, जिस पर हस्ताक्षर मोहर लगाई गई है। किन्तु साधारणतः उसे नीचे दिए गए उप–नियम (6) में विस्तृत प्रक्रिया अपनानी चाहिए। (4) हस्त रूप के सभी वारंट न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट द्वारा सम्पूर्ण (न कि आद्यक्षर) हस्ताक्षरित किए जाएंगे, जो उसे जारी करता है तथा न्यायालय की मोहर से मोहरबद्ध किये जाएंगे। (5) उन बन्दियों के मामले में जिनके पृथक दण्डादेश पारित किए गए है, सुपुर्दगी के वारंट में वर्णित तिथि के बारे में ध्यान रखा जाएगा, जिससे प्रत्येक दण्डादेश प्रभावी होगा। (6) अधीक्षक बन्दी को प्रविष्ट करने से इनकार नहीं करेगा, जहां उपरोक्त हिदायतों की पालना नहीं की गई है बल्कि सुपुर्दगी के वारंट में त्रुटियों के सम्बन्ध में सम्बद्ध मजिस्ट्रेट को तुरन्त

	ध्यान दिलाएगा और यदि वारंट कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया गया है, तो जिला मजिस्ट्रेट को, प्रति पृष्ठांकित करते समय तथा यदि वारंट सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा जारी किया गया है पुलिस आयुक्त को, तथा यदि वारंट न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया गया है, तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश को एक प्रति पृष्ठाकित करते हुए तुरन्त इसके संशोधन करने की मांग करेगा। (7) जहां कोई अभियुक्त व्यक्ति, दोषसिद्धि पर, किसी अवधि के लिए कारावास से दण्डादेशित किया गया है, तो ऐसी दोष सिद्धि की तिथि, यदि कोई हो, से पूर्व उसी मामले की छानबीन, जांच या विचारण के दौरान उस द्वारा भुगती गई निरोध की अवधि, ऐसी दोषसिद्धि पर उस पर अधिरोपित कारावास की अवधि के विरूद्ध मुजरा कर दी जाएगी तथा ऐसी दोषसिद्धि पर कारावास भुगताने के लिए ऐसे व्यक्ति का दायित्व, उस पर अधिरोपित कारावास की शेष अवधि, यदि कोई हो, तक सीमित कर दिया जाएगा। (8) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के उपबन्धों के अधीन न्यायालय द्वारा जारी प्रत्येक पेशी वारंट में, उचित मोहर तथा हस्ताक्षर के अधीन हस्त वारंट के मामले में, जारी करने वाले मजिस्ट्रेट/न्यायाधीश द्वारा वर्णित किया जाएगा कि प्रश्नगत अभियुक्त अभिरक्षा में है या नहीं है किसी भी बन्दी को केवल पेशी वारंट के प्राधिकार पर कारागार में निरूद्ध नहीं किया जाएगा, यदि उसे अन्य मामलों में छोड़ा गया है, जिसमें वह दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 269 के खण्ड (ख) के उपबन्धों के अनुसार अभिरक्षा में था : परन्तु यदि किसी बन्दी को एक बार पेशी वारंट पर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया है, तो उसे केवल सम्बद्ध न्यायालय द्वारा सम्यक् सत्यापन के बाद छोड़ा जाएगा। (9) पुलिस द्वारा प्रस्तुत प्रतिप्रेषण कागजों तथा पूर्ववृत रिपोर्ट की प्रति, न्यायिक अभिरक्षा में अभियुक्त के प्रतिप्रेषण के लिए अनुरोध करते समय मजिस्ट्रेट या विशेष न्यायाधीश, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा अभिरक्षा वारंट सहित अधीक्षक को भेजी जाएगी। (10) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 428 का लाभ प्रथम दोष सिद्धि तक कारागार में उस द्वारा भुगती गई अवधि के लिए बन्दी को अनुज्ञेय होगा। जब कोई बन्दी एक मामले में सजा भुगत रहा है, तो उस सजा अवधि का लाभ किसी अन्य लम्बित मामले/मामलों में विचाराधीन अवधि के रूप में मुहैया नहीं करवाया जाएगा। उदाहरणः– बन्दी एक्स को एफ आई आर क्रमांक क, ख तथा ग के तीन विभिन्न मामलों में दिनांक 01–01–2016 को कारागार में प्रविष्ट किया गया है। एफ आई आर क्रमांक क में दिनांक 20–10–16 को किसी अवधि के लिए दण्डादेशित किया गया था, एफ आई आर क्रमांक ख में दिनांक 25–11–16 को दण्डादेशित तथा उसके बाद एफ आई आर क्रमांक ग में दिनांक 30–12–16 को दण्डादेशित किया गया था। दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 428 के अधीन मुजराई अवधि का लाभ सभी तीनों मामलों में (अर्थात् 01–01–16 से 19–10–16 तक) केवल नौ मास औरउन्नीस दिन की अवधि का लाभ उसको दिया जाएगा।
सुधार के लिए वापस किए गए वारंट की प्रति का रखा जाना।	**34.** यदि कोई वारंट सुधार के लिए वापस भेजा गया है, तो उसकी फोटो प्रति/डिजीटल रिकार्ड रखा जाएगा।
प्रक्रिया, जब प्रतिवेदन पर ध्यान नहीं दिया गया है।	**35.** (1) अधीक्षक किसी मामले में, जिसमें अधीक्षक के प्रतिवेदनों पर सम्बन्धित न्यायालय द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है, महानिदेशक की सूचना के अधीन सम्बन्धित जिला एवं सत्र न्यायाधीश को मामला भेजेगा। (2) उप–नियम (1) के अधीन किए संदर्भ के लम्बित रहने की दशा में, बन्दी को ऐसी रीति में तथा ऐसे प्रतिबन्धों या सीमाओं में निरूद्ध किया जाएगा, जो वारंट या आदेश में विनिर्दिष्ट की जाएं।
अधीक्षक के सम्मुख बन्दियों, रजिस्टरों तथा अभिलेखों को पेश करना।	**36.** प्रवेश रजिस्टर तथा रिहाई डायरी में आवश्यक प्रविष्टियों को पूरा करने पर, उप अधीक्षक (प्रशासन) सामान्य प्रक्रिया के दौरान प्रवेश के चौबीस घण्टे के भीतर, किन्तु किसी भी मामले में अड़तालीस घण्टे के बाद नहीं, अधीक्षक के सम्मुख उनके वारंटो सहित इन रजिस्टरों तथा बन्दियों को पेश करेगा। अधीक्षक नियमों के अनुसार प्रविष्टियों के सत्यता के बारे में अपने आपको सन्तुष्ट करने के बाद रजिस्टरों पर अपने हस्ताक्षर करेगा। प्रत्येक बन्दी की सम्पति की सूची, उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा उसको पढ़ाई जाएगी तथा यदि बन्दी उसके सही होने की स्वीकृति देता है, तो अधीक्षक उस पर आद्यक्षर करेगा।

बन्दी को कार्य आबंटन करना।	**37.** (1) कठोर कारावास के लिए दण्डादेशित बन्दियों या स्वैच्छिक रूप से कार्य के इच्छुक बन्दियों को कार्य का आबंटन वर्गीकरण तथा सुरक्षा निगरानी समिति द्वारा इस सम्बन्ध में दी गई रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। कार्य आबंटन उसकी चिकित्सा उपयुक्तता, क्षमता, कौशल, जीवन के पूर्व ढंग तथा पूर्ववृत्त पर विचार करने के बाद किया जाएगा। निर्णय उसके इतिवृत टिकट में दर्ज किया जाएगा। (2) कार्य का कोई भी आबंटन बन्दी की जाति या श्रेणी के आधार पर नहीं किया जाएगा।
प्रक्रिया, यदि बन्दी की शिनाख्त नहीं की गई है।	**38.** (1) पुलिस से सूचना की प्राप्ति पर कि बन्दी की शिनाख्त नहीं की गई है, तो अधीक्षक, बन्दी की इतिवृत टिकट, वारंट तथा प्रवेश रजिस्टर में मुख्य रूप से लाल स्याही में "अशिनाख्त" शब्द दर्ज करवाएगा। यदि ऐसे किसी बन्दी का कोई पत्र प्राप्त या प्रेषित किया जाता है, तो उप अधीक्षक (प्रशासन) भेजने वाले या प्रेषिती, जैसी भी स्थिति हो, के नाम तथा पते के बारे में एक टिप्पणी करेगा और पत्रव्यवहार में वर्णित कोई तथ्य ऐसा है, जो बन्दी की पहचान का सुराग देता हो, तो वह उसे अधीक्षक के माध्यम से जिले के जिला पुलिस अधीक्षक को भेजेगा, जिससे बन्दी स्वीकार किया गया था। (2) इसी प्रकार उप अधीक्षक (प्रशासन), पुलिस जिला अधीक्षक को उसके रिश्तेदारों या दोस्तों के नाम तथा पते, जो कारागार में बन्दी से मुलाकात करते हैं, सूचित करेगा। (3) उप अधीक्षक (प्रशासन), बन्दी के परिवार के सदस्यों/रिश्तेदारों से संवाद करेगा, जो कारागार में उससे मुलाकात करते हैं तथा ऐसे दस्तावेजों को व्यवस्थित करेगा, जो उसकी पहचान कर सकते हैं। व्यवस्थित दस्तावेज जिले के जिला पुलिस अधीक्षक को भेजेगा, जिससे बन्दी स्वीकार किया गया था।
पत्र व्यवहार में बन्दी की श्रेणी तथा क्रम संख्या उद्धृत करना।	**39.** विचाराधीन बन्दियों तथा सिद्धदोष बन्दियों को इन नियमों के अध्याय 5 में अधिकथित वर्गीकरण के अनुसार वर्गीकृत किया जाएगा, (क) प्रत्येक बन्दी प्रवेश रजिस्टर में उससे सम्बन्धित प्रविष्टि के अनुरूप क्रम संख्या प्राप्त करेगा। (ख) बन्दी की संख्या तथा उसकी श्रेणी को सूचित करने वाले वर्णानुक्रमिक अक्षर में उसके नाम से पहले आएगा, जब कभी उसे किसी सरकारी संव्यवहार में निर्दिष्ट किया जाता है। (ग) यदि कोई संदर्भ किसी बन्दी के सम्बन्ध में महानिदेशक को किया जाता है, तो विधिवत रूप से भरी हुई बन्दी की वर्णनात्मक पंजी इसके साथ भेजी जाएगी।
कारागार से किसी बन्दी की रिहाई के मामले में पुलिस को सूचना।	**40.** किसी बन्दी की रिहाई के बारे में सूचना, उस जिला पुलिस अधीक्षक को भेजी जाएगी, जिसमें बन्दी का गृह स्थित है तथा जिलों के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को जिसमें उसके विरुद्ध आपराधिक मामले पंजीकृत हैं।
संगणित की गई बन्दी के दण्डादेश की अवधि तथा रिहाई की तिथि और रिहाई डायरी में दर्ज करना।	**41.** (1) तिथि, जिसको कैदी रिहा किए जाने का हकदार है, उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा संगणित की जाएगी तथा प्रवेश रजिस्टर तथा रिहाई डायरी में प्रविष्टि की जाएगी। ऐसे डाटा कारागार प्रबन्धन साफ्टवेयर में डिजीटल रूप से भी अनुरक्षित रखा जाएगा। (2) यदि, कारावास की अवधि में परिवर्तन या तो अतिरिक्त कारावास के न्यायिक अधिरोपण द्वारा या दण्डादेश के किसी भाग की माफी, जुर्माने के भुगतान में चूक इत्यादि से होता है, तो तथ्य को ऐसी प्रविष्टि के सामने नोट किया जाएगा तथा रिहाई की तिथि का संदर्भ किया जाएगा। (3) अधीक्षक स्वयं रिहाई डायरी में प्रत्येक प्रविष्टि की जांच करेगा तथा उसके सहीपन के लिए तथा बन्दी की किसी अवैध निरोध या इस नियम की उपेक्षा के कारण सजा को पूरा करने में असफलता के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होगा।
रिहाई की तिथि के अनुसार सिद्धदोषियों के वारंटों को व्यवस्थित करना।	**42.** (1) कैदी की एकमात्र पहचान संख्या, नाम, दण्डादेश की तिथि, दण्डादेश की अवधि, प्रवेश की तिथि तथा रिहाई की सम्भाव्य तिथि वारंट के फाईल कवर पर पृष्ठांकित की जाएगी तथा वारंट के निकाय की जांच तथा प्रवेश रजिस्टर में प्रविष्टि से उसकी तुलना करने के बाद उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा पृष्ठांकन हस्ताक्षरित किया जाएगा। (2) वारंटों को रिहाई की तिथि के अनुसार व्यवस्थित किया जाएगा तथा मास तथा वर्ष सहित बाहर पृष्ठांकित करके मासिक रूप से बन्डलो में इकट्ठे रखे जाएंगे तथा उसी मास में रिहा किए जाने वाले बन्दियों के सभी वारंट उसी बण्डल में रखे जाएंगे। प्रत्येक बण्डल वारंट अलमारी में पृथक खाली खाने में रखे जाएंगे, जिन्हें ताले में रखा जाएगा, जिसकी चाबी उप अधीक्षक (प्रशासन) के पास या बन्दी अनुभाग के प्रभारी के पास रहेगी।

	(3) जुर्माने के भुगतान, वर्गीकरण, अन्य सम्बन्धित रिकार्ड से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के साथ अपील न्यायालय के निर्णयों, आदेशों तथा बन्दियों की याचिकाओं का निपटान करने के लिए सरकार के आदेशों की प्रतियों को फाईल किया जाएगा तथा बन्दी के वारंट, जिस मामले से वे सम्बन्धित हैं, के साथ रखा जाएगा।
बन्दियों द्वारा स्नान करना तथा अपने कपड़े धोना।	**43.** प्रत्येक बन्दी के लिए स्नान करना तथा अपने कपड़ों को अच्छी तरह से धोना आवश्यक होगा। यदि अड़ोस, पड़ोस जहां से वे आते हैं, में कोई महामारी रोग मौजूद है, तो अपने कपड़ों को विसंक्रमित करेगा। ऐसे मामलों में बन्दी की व्यक्तिगत सफाई में भी विशेष सावधानी बरती जाएगी।
नियमों का सार पढ़ाया जाना तथा सहजदृश्य स्थान में लटकाना।	**44.** (1) बन्दियों के आचरण तथा व्यवहार से सम्बन्धित नियमों का सार कारागार में उसके प्रवेश के बाद यथासम्भव शीघ्र प्रत्येक बन्दी को पढ़ाया जाएगा तथा उसके बाद समय–समय पर उचित उपाय तत्समय लागू सभी ऐसे नियमों के अर्थ के भीतर प्रत्येक बन्दी को अवगत कराने के लिए अधीक्षक द्वारा कदम उठाए जाएंगे। (2) नियमों का सार हिन्दी तथा अंग्रेजी में प्रत्येक कारागार में प्रत्येक बन्दीकक्ष तथा अन्य सहजदृश्य स्थानों में लगाया जाएगा।

अध्याय 5

बन्दियों का वर्गीकरण तथा पृथक्करण

बन्दियों का वर्गीकरण।

45. (1) प्रवेश पर सभी बन्दियों को अपराध की प्रकृति तथा गंभीरता, पिछले आपराधिक इतिवृत, हिंसा की ओर प्रवृति, भाग निकलने, उत्पाती व्यवहार तथा स्वयं–हानि, लोक शांति के लिए खतरा, आयु, लिंग, स्वास्थ्य स्थिति, कारागार में आचरण तथा बन्दी के अवबोधन की आशंका को ध्यान में रखते हुए उप–नियम (3) में अधिकथित वर्गीकरण स्कीम के अनुसार वर्गीकृत किया जाएगा। ऐसा वर्गीकरण पुनरीक्षण तथा पुनः वर्गीकरण के अध्यधीन होगा जब कभी भी वर्गीकरण तथा सुरक्षा निगरानी समिति द्वारा आवश्यक पाया जाता है।

(2) सामाजिक–आर्थिक स्थिति, जाति, धर्म, वंश, या जातीयता के आधारों पर बन्दियों का वर्गीकरण अनुज्ञेय नहीं होगा।

(3) बन्दियों को पृथक्करण के लिए निम्न अनुसार प्रवर्गीकृत किया जाएगा,–

(क) प्रवर्ग–1 (एस1–लाल) : रूढ़िवादी, साम्प्रदायिक रूप से शिक्षा देने, नक्सली, आतंकवादी, चरमपंथी, गिरोह नेता, प्रमुख गिरोह सदस्य, बन्दियों को संघटित करना या कारागार के भीतर से अपराध संघटित करने का संदिग्ध या कारागार के भीतर निरन्तर हिंसक व्यवहार का प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति, पूर्व भगौड़े तथा जो पुलिस या कारागार कार्मिक पर आक्रमण का इतिवृत रखते हैं;

(ख) प्रवर्ग–2 (एस2–नीला): आपराधिक गिरोह के सदस्य, किराए पर लिए गए हत्यारे, घोर सम्पति अपराधी, क्रमिक हत्यारे, गिरोह बलात्कारी (सामुहिक बलात्कारी), पुनरावृत बलात्कारी, वाणिज्यिक मात्रा वाले ड्रग अपराधी, भाग निकलने के लिए उच्च रूप से प्रवृत व्यक्ति तथा कारागार में आदेश तथा अनुशासन के अनुरक्षण की आशंका का दिखावा करने वाले अन्य अपराधी;

(ग) प्रवर्ग–3 (एस3–पीला) : वे व्यक्ति जो रिहाई पर समाज के लिए कोई आशंका का दिखावा नहीं करते जैसे कि वे बन्दी जो व्यक्तिगत उद्देश्य से हत्या में, अन्य शारीरिक अपराधों, मानव व्यापार करने, प्रतिषिद्ध अपराध, अन्य विशेष तथा स्थानीय कानून, रेलवे अपराध तथा अन्य लघु अपराधों में शामिल होते हैं;

(घ) प्रवर्ग–4 (एस4–सफेद) : बन्दी, जो खुली कारागार या अर्ध खुली कारागारों के लिए पात्र हैं;

(ङ) सुरक्षा प्रवर्ग–5 (एस5–हरा) : पैंसठ वर्ष या से अधिक की आयु के बन्दी तथा बीमार बन्दी;

(च) प्रवर्ग–6 (एस6–बैंगनी) : वे बन्दी, जो चोरी तथा अन्य सम्पति अपराधों में शामिल हैं; तथा

(छ) प्रवर्ग–7 (एस7–नारंगी) : बन्दी, जिसे अन्य बन्दियों, राजनैतिक बन्दियों, पुलिस या कारागार या कारागार कर्मचारियों या विशिष्ट अभिज्ञेय आशंका का सामना करने वाले किसी अन्य बन्दी से अंग भंग होने या जीवन के खतरे की आशंका होती है।

टिप्पण–1 :– प्रत्येक प्रवर्ग के भीतर आदतन तथा आकस्मिक बन्दी, उसी या विरोधी गिरोह आदि के सदस्यों को किसी पारस्परिक क्रिया से बचाने के लिए, जहां तक सम्भव हो अलग रखा जाएगा।

टिप्पण–2 :– किसी प्रवर्ग में बन्दियों को उन प्रवर्गों के सिवाए, जहां संख्या कम है, जहां तक सम्भव हो सके वर्णानुक्रम आधार पर बेतरतीब रूप से आवास आवंटित किया जाएगा।

टिप्पण–3 :– महानिदेशक सुरक्षा तथा प्रशासन के हित में समय–समय पर स्थाई आदेश पारित करके प्रवर्ग संशोधित कर कम कर सकता है या नए प्रवर्ग जोड़ सकता है तथा उपरोक्त वर्णित प्रवर्गों के लिए कोई ड्रैस कोड आदि विहित कर सकता है।

टिप्पण–4 :– अधीक्षक, महानिदेशक की सूचना के अधीन प्रशासकीय कारणों से किसी प्रवर्ग में बन्दियों को उप–प्रवर्गीकृत कर सकता है।

बन्दियों का पृथक्करण।	**46.** (1) सरकार बन्दियों के पृथक्करण के सम्बन्ध में अधिनियम तथा इन नियमों के अधीन निर्धारण की अनुपालना के सम्बन्ध में ऐसी रीति में कारागार में निर्मित तथा नियमित आवास मुहैया कराएगी। (2) किसी कारागार में महिला तथा पुरूष बन्दियों के आवास के लिए, महिलाओं को पृथक भवन या उस भवन के पृथक भाग में पुरूष बन्दियों से उन्हें देखने या बातचीत करने या के साथ किसी सामाजिक पारस्परिक क्रिया से रोकने के सम्बन्ध में ऐसी रीति में कारावासित किया जाएगा। (3) किसी कारागार में, जहां इक्कीस वर्ष की आयु से कम के बन्दी परिरूद्ध किए गए हैं, को अन्य बन्दियों से पूर्णतया उन्हें अलग करने के लिए पर्याप्त साधन मुहैया कराए जाएंगे। (4) विधाराधीन बन्दियों, जहां तक सम्भव हो सके, को कैदियों से अलग रखा जाएगा। प्रशासन प्रयोजन के लिए बंदी अधिकारी उन बैरकों में प्रतिनियुक्त किए जाएं, जिसमें विचाराधीन परिरूद्ध हैं। (5) सिविल बन्दियों, जहां तक सम्भव हो सके, को आपराधिक बन्दियों से अलग रखा जाएगा। (6) विभिन्न सुरक्षा प्रवर्गों के अधीन वर्गीकृत बन्दियों को एक दूसरे से अलग रखा जाएगा। (7) स्त्रीसमलिंग, विलासी, उभयलिंगी, किन्नर, समलैंगिक/विभिन्न बन्दियों को कारागार में चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश पर उनकी चिकित्सा जांच के आधार पर क्रमशः पुरूष तथा महिला अहातों में पृथक रूप से रखा जाएगा। उनके लिए शौचालय, स्नानधर सुविधाओं सहित पृथक आवास मुहैया करवाए जाएंगे। टिप्पण :— किन्नर व्यक्ति (अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 (2019 का केन्द्रीय अधिनियम 40) के अनुसार सरकार या महानिदेशक द्वारा जारी हिदायतों या आदेशों को इन नियमों के अनिवार्य भाग के रूप में पढ़ा जाएगा तथा इसी प्रकार लागू होगा। (8) यदि किसी कारागार में केवल एक बन्दी को किसी प्रवर्ग के अधीन ठहराया गया है, तो ऐसे बन्दी को, यदि वह ऐसा चाहता है, दूसरी श्रेणी के बन्दियों से सहयुक्त होने की अनुमति दी जा सकती है : परन्तु प्रवर्ग, जिसके साथ ऐसे बन्दी को सहयुक्त होने की अनुमति दी गई है, का निर्धारण अधीक्षक द्वारा किया जाएगा जो सुनिश्चित करेगा कि अधिनियम के उपबन्धों का इस प्रकार प्रदान की गई अनुमति से उल्लंघन का कोई मामला तो नहीं है। (9) किसी कारागार में, जहां शोचघरों तथा भोजन करने तथा स्नान प्लेटफार्म की संख्या, परेड में पूर्ण रूप से श्रेणियों को अलग रखने के लिए पर्याप्त नहीं है, तो पृथक्करण के लिए उचित व्यवस्था परिस्थितियों के व्यावहारिक विचारण के बाद की जाएगी।

	अध्याय 6 **इतिवृत टिकट**
इतिवृत टिकटों की तैयारी तथा अनुरक्षण।	**47.** (1) प्रत्येक बन्दी के लिए एक इतिवृत–टिकट कारागार में उसके प्रवेश पर शीघ्र तैयार की जाएगी तथा इसमें, इसके बाद उपबन्धित रीति में सम्पूर्ण अवधि, जिसके दौरान ऐसा बन्दी परिरोध में रहता है, के लिए अनुरक्षित की जाएगी। (2) इतिवृत टिकट डिजीटल रूप में भी रखी जाएगी। (3) प्रत्येक इतिवृत टिकट अन्यों में से निम्नलिखित ब्योरों से युक्त होगी,– (क) उसके फोटो सहित बन्दी की पहचान के लिए एकमात्र बन्दी संख्या, नाम, निवासी पता तथा आवश्यक अन्य ब्योरे; (ख) बन्दी का सुरक्षा प्रवर्ग; (ग) बन्दी के मामले में,– (i) अपराध की प्रवृति जिसके लिए उसे सिद्धदोष ठहराया गया है तथा उसको लागू विधि के उपबन्ध; (ii) एफ. आई. आर. संख्या, तिथि, पुलिस थाना तथा मामले के संक्षिप्त तथ्य; (iii) पारित दण्डादेश की तिथि, धारा, प्रकृति तथा सीमा; (iv) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 428 के अधीन भुगती गई अवधि; (v) प्रत्येक मामले के सारांश सहित निर्णीत तथा लम्बित मामलों सहित सिद्धदोष का विस्तृत पूर्व इतिवृत; (vi) बन्दी के नामांकित का नाम तथा ब्योरे, जिसे ऐसे बन्दी की सम्पत्ति, जहां कहीं लागू हो, सौंपी जानी है; (vii) कारागार में बन्दी के आवास के ब्योरे; (viii) बन्दी द्वारा दायर अपील या पुनरीक्षण के ब्योरे तथा स्थिति, यदि कोई हो; (ix) प्रत्येक मामले में अपील या पुनरीक्षण में उसके वकील के ब्योरे; (x) शैक्षणिक योग्यताएं तथा कौशल (कारगार में प्रवेश के समय पर तथा कारागार के दौरान अर्जित); (xi) सिद्धदोष अधिकारी के रूप में कर्तव्यों के ब्योरे; (घ) प्रत्येक विचाराधीन बन्दी की इतिकृत टिकट निम्नलिखित ब्योरों से युक्त होगी, अर्थात् :– (i) तिथि तथा धारा (धाराओं) सहित एफ आई आर संख्या; (ii) पुलिस थाने का नाम, जहां एफ आई आर पंजीकृत है; (iii) मामले के संक्षिप्त तथ्य; (iv) विचारण न्यायालय का नाम; (v) सुनवाई की तिथि; (vi) अपील तथा पुनरीक्षण सहित निर्णीत तथा लम्बित सभी आपराधिक मामलों के ब्योरे, विधिक सलाहाकार इत्यादि का नाम तथा ब्योरे। (4) इतिवृत टिकट पर की गई प्रत्येक प्रविष्टि, ऐसी घटना, जिससे वह सम्बन्धित है, के घटने के समय पर या के बाद यथासम्भव शीघ्र इस प्रकार की जाएगी और अधिकारी, जो उसे बनाए रखता है, द्वारा नाम तथा तिथि सहित हस्ताक्षरित की जाएगी। (5) यदि मूल इतिवृत–टिकट गुम हो गई है, तो प्रतिलिपि इतिवृत–टिकट जारी की जाएगी। नई इतिवृत–टिकट पर प्रतिलिपि चिहिन्त किया जाएगा तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित/प्रमाणित की जाएगी। टिकट इन नियमों या अन्यथा के अधीन अनुरक्षित उपलब्ध रिकार्ड से पुनःनिर्मित की जाएगी।
इतिवृत–टिकट में चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाने वाली प्रविष्टियां।	**48.** (1) चिकित्सा अधिकारी अपने पर्यवेक्षण के अधीन प्रत्येक बन्दी की इतिवृत–टिकट में निम्नलिखित दर्ज करेगा या दर्ज करवाएगा, अर्थात्:– (क) प्रवेश पर बन्दी का वजन;

	(ख) संक्षिप्त चिकित्सा इतिहास तथा वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति; (ग) श्रम की श्रेणी जिसके लिए वह योग्य है, यदि श्रम के लिए दण्डादेशित है, तो उसके लिए कारण सहित; (घ) उसकी वर्तमान चिकित्सा स्थिति का संक्षिप्त वर्णन। (2) चिकित्सा अधिकारी बाद में भी निम्नलिखित दर्ज करेगा या दर्ज करवाएगा, अर्थात्:– (क) किसी बीमारी या रोग की सूचना तथा ब्योरों सहित उपचार की पद्धति; (ख) उपचार सहित बीमारी (बीमारियाँ), जिसके लिए भर्ती किया गया है, के ब्योरों सहित प्रत्येक अवसर पर अस्पताल में भर्ती तथा से छुट्टी होने की तिथि; (ग) स्वास्थ्य लाभ करने वाले समूह में प्रवेश तथा से रिहा करने के ब्योरे; (घ) बन्दी के पृथक्करण, यदि कोई हो, के लिए आवश्यकता; (ङ) बन्दी के टीकाकरण के ब्योरे, यदि कोई हो; तथा (च) अर्ध वार्षिक वजन। (3) चिकित्सा अधिकारी ऐसे अन्य निर्देश या सिफारिशों को स्वयं दर्ज करेगा जिसे वह समय–समय पर बन्दी के स्वास्थ्य के रख–रखाव के लिए आवश्यक समझे।
दर्ज किए जाने वाले ब्योरे ।	**49.** (1) प्रत्येक बन्दी की इतिवृत टिकट पर निम्नलिखित प्रविष्टियां दर्ज की जाएंगी, अर्थात्:– (क) कारागार में प्रवेश की तिथि; (ख) जारी किए गए वस्त्र तथा उपकरण की प्रत्येक वस्तु की संख्या तथा नाम; (ग) कार्य तथा नियत काम, जिस पर बन्दी को लगाया गया है; (घ) चिकित्सा आधारों से भिन्न कार्य या नियत काम का प्रत्येक परिवर्तन; (ङ) चिकित्सा अधिकारी के किसी निर्देश या सिफारिश पर की गई कार्रवाई; (च) निर्णय की प्रति के लिए आवेदन, यदि बन्दी ने अपील करना चाहा है; (छ) निर्णय की प्रति की पावती; (ज) अपील या पुनरीक्षण या याचिका का प्रेषण; (झ) अपील न्यायालय के आदेश का सार; (ञ) अपील के तथ्य, जो अपील करने के लिए अनुज्ञात समय की समाप्ति से पूर्व नहीं दिया गया है; (ट) त्रैमासिक रूप से प्रदान की गई माफी की सीमा, विशेष माफी के मामले में, सक्षम प्राधिकारी के आदेशों की संख्या तथा तिथि वर्णित की जानी है; (ठ) प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर अर्जित दिनों में कुल माफी; (ड) किया गया कारागार अपराध, यदि कोई हो; (ढ) अनुज्ञात अपवादिक मुलाकात, यदि कोई हो; (ण) किसी न्यायालय में भेजना, स्थानान्तरण, रिहाई, भाग निकलने या मृत्यु; (त) उप अधीक्षक या सहायक अधीक्षक की कोई सिफारिश; (थ) सम्भावित मुलाकातियों की सूची; (द) अधीक्षक द्वारा पारित किसी आदेश पर की गई कार्रवाई; (ध) दिन या रात तक सैल में स्थान निर्धारण; (न) उच्च सुरक्षा सैल में परिरोध तथा उसके कारणों के ब्योरे; (प) कारागार से प्रत्येक रिहाई तथा समर्पण के ब्योरे। (2) प्रविष्टि (क), (ख), (ङ), (छ), (ज), (झ), (ञ), (ठ), (ड), (ढ), (ण), (त), (ध) सहायक अधीक्षक द्वारा की जाएगी। प्रविष्टि (ट) सहायक अधीक्षक या माफी देने के लिए प्राधिकृत्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा की जाएगी। प्रविष्टि (ग) तथा (द) उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा की जाएगी। प्रविष्टि (घ) तथा (न) करने की डयुटी उप अधीक्षक के अधीनस्थ किसी अधिकारी को नहीं सौंपी जाएगी। **टिप्पण–1:–** कोई भी प्रतिकूल प्रविष्टि अधीक्षक के आदेशों के बिना इतिवृत–टिकट पर नहीं की जाएगी। **टिप्पण–2:–** इतिवृत–टिकट में प्रत्येक प्रविष्टि सम्बन्धित अधिकारी द्वारा अपने नाम तथा मोहर सहित साक्ष्यांकित तथा हस्ताक्षरित की जाएगी।

अधीक्षक द्वारा अभिलिखित की जाने वाली प्रविष्टियां।	**50.** (1) प्रत्येक बन्दी की इतिवृत–टिकट पर अधीक्षक निम्नलिखित अभिलिखित करेगा, अर्थात्:– (क) कोई विशेष आदेश, जो उसने किसी बन्दी के सम्बन्ध में दिया हो अर्थात् मुलाकात करने, रात्रि तक पृथक्करण की अनुमति इत्यादि; (ख) प्रत्येक दण्ड का अवार्ड; (ग) बाहरी कार्य पर नियोजन की स्वीकृति; (घ) विशेष माफी का अवार्ड; (ङ) बन्दी द्वारा अर्जित किसी विशेष कौशल या बारी के बिना किए गए किसी विशेष कार्य के लिए कोई पुरस्कार या सम्मान; तथा (च) किसी बन्दी के पैरोल या फरलों के प्रारम्भ का अनुमोदन। (2) इन नियमों की अपेक्षाओं के अध्यधीन, महानिदेशक समय–समय पर इतिवृत–टिकट का प्रारूप बदल सकता है।
इतिवृत–टिकट की अभिरक्षा तथा प्रबन्धन।	**51.** सभी बन्दियों की इतिवृत–टिकट, सम्बद्ध सहायक अधीक्षक या उप–सहायक अधीक्षक द्वारा प्रत्येक बन्दी को आबंटित विशिष्ट पहचान संख्या सहित वर्णानुक्रम रीति में किसी उचित संदूक में रखी जाएगी तथा जब कभी आवश्यक हो, किसी वरिष्ठ अधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी। टिकट बन्दी के साथ चली जाएगी, जब कभी वह एक कारागार से दूसरी कारागार में स्थानान्तरित होता है। इतिवृत–टिकट समय–समय पर महानिदेशक द्वारा यथा प्राय यथा निर्णीत बन्दी को दिखाई जाएगी।
इतिवृत–टिकट को रखना।	**52.** प्रत्येक बन्दी की इतिवृत–टिकट उसके अन्य रिकार्ड के साथ डिजीटल रूप में रखी जाएगी।

	अध्याय 7 **बन्दी की वस्तुएं**
वारंट से संलग्न की जाने वाली वस्तुओं की सूची।	**53.** (1) कारागार में बन्दी के प्रवेश पर किसी बन्दी से प्राप्त की गई सभी धनराशि, वस्त्र या अन्य वस्तुओं की एक सूची बन्दी के वारंट के साथ संलग्न की जाएगी। इसे ''वस्तु रजिस्टर'' में अभिलिखित भी किया जाएगा तथा डिजीटल रूप में भी रखा जाएगा। (2) किसी बन्दी की वस्तुओं की सूची सभी परिवर्धन, काट–छांट या परिवर्तन नाम तथा पदनाम सहित अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा हस्त रूप से या डिजीटल रूप में हस्ताक्षरित किए जाएंगे।
वस्तुओं की सूची का पढ़ाया जाना तथा प्रत्येक प्रविष्टि को सत्यापित किया जाना।	**54.** (1) प्रत्येक बन्दी को कारागार में उसके प्रथम प्रवेश के बाद यथा सम्भव यथा शीघ्र किसी भी किस्म की सभी वस्तुओं की सूची, जो उसके प्रवेश के समय पर ऐसे बन्दी से ली गई थी या प्राप्त की थी, अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) की उपस्थिति में उसको पढाई जाएगी। बन्दी की वस्तु की डिजीटल प्रतिकृति सहित यह सूची कारागार प्रबन्धन एप्लीकेशन में डिजीटल रूप में भी रखी जाएगी। उप अधीक्षक (प्रशासन), कारागार प्रबन्धन एप्लीकेशन में डिजीटल प्रतिकृति से इन सामानों का मिलान तथा सत्यापन करेगा, जब बन्दी रिहाई पर उन्हें प्राप्त करता है। (2) यदि बन्दी सूची के सहीपन की अभिस्वीकृति देता है, तो तथ्य, जो वह इस प्रकार करता है तथा यदि बन्दी सूची से किसी वस्तु की त्रुटि में या के लिए किसी प्रविष्टि के सम्बन्ध में कोई आक्षेप करता है, तो आक्षेप का स्वरूप सूची पर नोट किया जाएगा। (3) यदि बन्दी लिख सकता है, तो उससे उसके सहीपन के प्रमाण–स्वरूप सूची तथा उस पर नोट किए गए आक्षेप (यदि कोई हों) पर हस्ताक्षर करने की अपेक्षा की जाएगी। (4) अधीक्षक उस पर आद्यक्षर करके सूची में प्रत्येक प्रविष्टि को सत्यापित करेगा। **टिप्पणः–** जब ऐसी वस्तु, इसे प्राप्त करने वाले कर्मचारी द्वारा किसी दूसरे कर्मचारी को सौंपी गई है, तो बाद के कर्मचारी रजिस्टर नम्बर 1 या 2, या 3, जैसी भी स्थिति हो, में इसकी प्राप्ति दर्ज करेगाा तथा वस्त्रों के सिवाए, सभी ऐसी वस्तुएं, उप अधीक्षक (प्रशासन) के प्रभार में रखी जाएंगी। **व्याख्याः–** ''कारागार प्रबन्धण एप्लीकेशन'' का अभिप्राय, ऐसे सॉफ्टवेयर या एप्लीकेशन से होगा, जो इन नियमों के प्रयोजन हेतु सरकार द्वारा विकसित किया गया हो।
वस्तुओं का प्राप्त किया जाना, जब कोई अपवाद किया जाए।	**55.** (1) कारागार में बन्दी के प्रवेश पर उस व्यक्ति से प्राप्त या उसके पास पाई गई सभी वस्तुएं, या बाद में मजिस्ट्रेट द्वारा उसके लेखे में भेजी गई, कारागार प्राधिकारियों द्वारा प्राप्त की जाएंगी। (2) किसी बन्दी के नामांकित या उसकी ओर से उसके परिवार के सदस्य द्वारा या तो कारागार में ऐसे बन्दी के प्रवेश के समय पर या बाद में दी गई वस्तुएं, अधीक्षक के विवेक से या तो प्राप्त की जा सकती हैं या अस्वीकृत की जा सकती हैं। यदि किसी वस्तु को अधीक्षक द्वारा प्राप्त की जानी अनुज्ञात की जाती हैं, तो ऐसी वस्तु कारागार में उसके प्रवेश के समय पर बन्दी से ली गई या प्राप्त की गई वस्तु के मामले में विहित रीति में ऐसे बन्दी से सम्बन्धित वस्तुओं की सूची में दर्ज की जाएगी।
बन्दी की वस्तुओं का प्रतिपादन।	**56.** बन्दियो की वस्तुओं का निपटान करने के लिए निम्नलिखित उपबन्ध होंगे, अर्थात् :– (क) ऐसी वस्तुएं, जो अधीक्षक की राय में नश्वर किस्म की है या रखने से विकृत हो जानी सम्भाव्य है या इस प्रकार रखने में खर्च शामिल होगा या ऐसी क्षतिग्रस्त या गन्दी स्थिति में है, जो उसे रखे जाने के लायक नहीं दिखाई देती है, ऐसे बन्दी के नामांकित या परिवार के सदस्य को सौंप दी जाएगी। ऐसी वस्तुएं, जिन्हें बन्दी का नामांकित या परिवार का सदस्य लेने से इनकार करता है, नष्ट कर दी जाएंगी। इस आशय की एक टिप्पण ऐसे बन्दी की वस्तुओं की सूची में दर्ज किया जाएगा। उसे उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा सत्यापित किया जाएगा; (ख) यदि कोई बन्दी कारागार में प्रवेश के समय पर पश्चात्वती समय पर, किसी संक्रामक या छुतहा बीमारी से पीड़ित है तथा उस कारण से, चिकित्सा अधिकारी विश्वास करता है कि वस्त्र या बिस्तर की कोई वस्तु या ऐसे बन्दी का उसी प्रकार का सामान नष्ट किया जाना चाहिए, तो वह उसे तदानुसार नष्ट करेगा तथा इस आशय की एक टिप्पण ऐसे बन्दी की सम्पति की सूची में दर्ज किया जाएगा। उसे उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा सत्यापित किया जाएगा;

	(ग) किसी बन्दी के जेवर (तौला हुआ तथा फोटो), टूम–छल्ली, प्रतिभूतियां, धनराशि, तथा अन्य मूल्यवान सामान (यदि कोई हो), पृथक पैकेट में रखा जाएगा तथा बन्दी का रजिस्टर नम्बर, नाम, तथा दण्डादेश की तिथि उस पर पृष्ठांकित की जाएगी। प्रत्येक ऐसा पैकेट कारागार की नकदी तिजोरी में रखा जाएगा; (घ) प्रत्येक बन्दी को कारागर में उपयोग के लिए एक जोड़ जूते (स्पंज तलवा तथा तसमों के बिना) तथा स्लीपर या चप्पलों का एक जोड़ा रखने की अनुमति दी जा सकती है। सभी बन्दियों को एक कंघी, दो कम्बल, एक चटाई, एक दरी 6'x 3', एक साबुनदानी, साबुन, एक जोड़ा तोलिया, एक जोड़ा रात्रि वस्त्र, दो जोड़े जुराब, चार जोड़े आन्तरिक कपड़े, तीन जोड़े निजी वस्त्र, दो स्वेटर/जैकेट, एक जोड़ा बैडशीट, एक टूथब्रश, पेस्ट, एक प्लेट, एक गिलास, एक प्लास्टिक मग तथा एक प्लास्टिक बाल्टी आदि रखने की अनुमति दी जा सकती है; (ङ) हिन्दू, जो जनेऊ पहनता है यदि किसी कारागार में परिरूद्ध किया जाता है, तो वह उसे रख सकता है। सिक्ख एक पतला कड़ा (लोहे का कड़ा) तथा एक ईंच लम्बा पवित्र चिह्न रख सकता है; यदि वह कोई लम्बी कृपाण पहनता है, तो उसे एक ईंच लम्बे पवित्र चिह्न से बदला जाना चाहिए। कृपाण धार्मिक मर्यादा के अनुसार कारागार प्राधिकारियों द्वारा ईयरमार्क स्थान में बिलकुल पवित्रता से रखी जानी चाहिए। सिक्खों को पगड़ी पहनने तथा दाढ़ी रखने की अनुमति दी जा सकती है; (च) महिला बन्दियों को लघु मूल्य के कतिपय आभूषण जैसे कि चुड़ी (प्लास्टिक), पैर की ऊंगली का छल्ला, नाक का छल्ला तथा मंगल सूत्र रखने की अनुमति दी जा सकती है, जिन्हें उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा इतिवृत–टिकट में दर्ज करना चाहिए तथा आद्यक्षरित करना चाहिए। तथापि, अधीक्षक अपने विवेक से प्रशासकीय कारणों से किसी विशेष मामलों में आभूषणों को रखने की अनुमति देने से इनकार कर सकता है। महिला बन्दी ऐसी वस्तुओं की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए जिम्मेवार होंगी।
बण्डलों में सामान की सिलाई करना तथा लेवल लगाया जाना।	**57.** (1) नियम 56 के खण्ड (ग) के उपबन्धों में वर्णित के सिवाए, कारागार में रखे गए किसी बन्दी के प्रत्येक सामान को रखने से पूर्व, पहले पूर्ण रूप से धोया या साफ किया जाएगा तथा बण्डलों में सिला जाएगा। (2) प्रत्येक बण्डल पर बन्दी की संख्या, नाम तथा दण्डादेश की तिथि सहित लेवल लगाया जाएगा तथा दण्डादेश के मास के अनुसार बन्दी की सम्पति के कोष्ठागार में व्यवस्था की जाएगी।
बन्दी की धनराशि, वस्तुओं का निपटान।	**58.** (1) बन्दी की सभी वस्तुओं को कारागार से रिहाई के समय पर उसे सौंप दिया जाएगा। (2) बन्दियों से सम्बन्धित सभी धनराशि की प्राप्ति तथा निपटान, प्रविष्टि की तिथि सहित प्रत्येक बन्दी के वारंट से संलग्न सम्पति के ज्ञापन में उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा अभिलिखित किया जाएगा। (3) अधीक्षक, समय–समय पर, एक तिमाही में कम से कम एक बार स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि बन्दियों के क्रेडिट में कारागार तिजोरी में रखी गई धनराशि वस्तु रजिस्टर में दर्ज राशि के अनुरूप है।
बन्दी के स्थानान्तरण पर वस्तुओं का निपटान।	**59.** किसी बन्दी का एक कारागार से दूसरी कारागार में स्थानान्तरण होने पर उसकी सभी धनराशियां तथा अन्य वस्तुएं उस कारागार में भेजी जाएंगी जिसमें वह स्थानान्तरित किया गया है।
कतिपय बन्दियों के लिए दी गई वस्तु का प्राप्त न किया जाना।	**60.** अन्य कारागार में पहले ही स्थानान्तरित बन्दी की ओर से किसी व्यक्ति को दी गई वस्तुओं को स्वीकृत नहीं किया जाएगा किन्तु व्यक्ति, जिसने वस्तुएं दी हैं, यदि वह ऐसा चाहता है, तो उस कारागार को सूचित करेगा जिसमें बन्दी स्थानान्तरित किया गया है।
नामांकित व्यक्ति या परिवार के सदस्य को वस्तुं सौपी जा सकती है।	**61.** अधीक्षक, किसी बन्दी के अनुरोध पर या की सहमति से ऐसे बन्दी से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि या उसका कोई भाग या किसी अन्य वस्तु को किसी समय पर व्यक्ति (बन्दी नहीं), जिसको ऐसा बन्दी विनिर्दिष्ट करे, को हस्तान्तरित कर सकता है, जो अधीक्षक के पास रखी हैं: परन्तु अधीक्षक इतनी अधिक धनराशि रोक तथा रख सकता है, जो वह उसकी रिहाई पर बन्दी की यात्रा खर्च के लिए आवश्यक समझे।
पाई गई वर्जित वस्तुओं का निपटान।	**62.** किसी कारागार में किसी बन्दी के प्रवेश के बाद उसके पास पाई गई कोई प्रतिषिद्ध वस्तु जब्त कर ली जाएगी तथा इस प्रकार जब्त सभी धनराशि तथा इस प्रकार जब्त किसी वस्तु के विक्रय से प्राप्त सभी धनराशि खजाने में सरकार के पास जमा की जाएगी :

	परन्तु अधीक्षक इस प्रकार जब्त किसी सम्पति को पाने या उसकी खोज करने से सम्बन्धित किसी व्यक्ति को किसी धनराशि या विक्रय आगमो के डेढ़ से अनधिक कोई राशि दे सकता है। **टिप्पण:–** जब्त की गई तथा जब्त वस्तु के विक्रय आगमों की राशि, कारागार विभाग के राजस्व प्राप्ति शीर्ष के अधीन खजाने में भुगतान की जाएगी।
भगोड़े बन्दी की वस्तुओं का निपटान।	**63.** प्रत्येक भगोड़े बन्दी की धनराशि तथा अन्य वस्तुओं को उस कारागार, जिसमें वह अन्त में परिरूद्ध था, से भागने की तिथि से एक वर्ष के लिए रखा जाएगा। यदि बन्दी इस अवधि के भीतर दोबारा पकडा नहीं जाता है, तो उसकी धनराशि तथा अन्य वस्तुएं (यदि कोई हों) अदावाकृत वस्तुएं होने कारण पुलिस को सौंप दी जाएगी।
मृतक बन्दी की वस्तु।	**64.** (1) मृतक बन्दी की धनराशि तथा अन्य वस्तुओं को यदि बन्दी ने किसी व्यक्ति को नामांकित किया था या यदि उसे प्राप्त करने के लिए उसको हकदार बनाने वाले वैद्य उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र, प्रोवेट या प्रशासन पत्र धारण करने वाले व्यक्ति द्वारा दायर किया गया है, तो ऐसे नामांकित या व्यक्ति को सौंपा जाएगा। (2) नामांकित या परिवार के सदस्य को सौंपी गई वस्तुओं सहित ऐसी वस्तुओं के रिकार्ड की सत्यापित प्रति मुहैया कराई जाएगी। (3) मरणासन्न बन्दी की वस्तुओं के निपटान के सम्बन्ध में उस द्वारा व्यक्त की किसी ईच्छा की नामांकित या परिवार के सदस्य, जिसको वस्तु सौंपी जानी है, जानकारी दी जाएगी। (4) यदि कोई बन्दी मर जाता है, तो उसकी मृत्यु की सूचना उसके ज्ञात पते पर उसके परिवार तथा सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट को प्रति पृष्ठांकित करने सहित पुलिस थाने के थाना अधिकारी के माध्यम से भेजनी चाहिए। यदि तीन मास के भीतर अधिकथित शर्तों के अधीन वस्तु प्राप्त करने के लिए विधिवत प्राधिकृत कोई व्यक्ति, उसके लिए दावा दायर नहीं करता है, तो ऐसी वस्तुएं अदावाकृत वस्तुएं होने के कारण पुलिस को सौंप दी जाएगी।

अध्याय 8

अनुशासन तथा दिनचर्या

वार्ड, हवालात से अलग करना तथा दिन तथा रात तक कड़े अनुशासन का आदेश।

65. (1) उन व्यक्तियों से भिन्न जिन्हें कोठरी में दिन तथा रात तक किसी समय विधिपूर्वक परिरूद्ध किया जाए, बन्दियों को यथा सम्भव सूर्योदय के बाद यथा शीघ्र उनके सोने के वार्ड, कोठरी तथा अन्य कक्षों से अलग किया जाएगा तथा हाजरी के बाद सूर्यास्त से पूर्व रात्रि के लिए उनके उचित शयन वार्ड तथा हवालात में रखा जाएगा।

(2) प्रत्येक बन्दी की गिनती की जाएगी तथा अधीक्षक द्वारा निश्चित की जाने वाली आवश्यकता के अनुसार दोपहर के समय में बैरक, वार्ड तथा सैल में बन्द किया जाएगा। बन्दी, जो वर्कशाप या बाहरी फार्म में कार्य कर रहे हैं,उनकी गिनती सम्बन्धित कार्य स्थल पर की जाएगी।

(3) बन्दी दिन तथा रात के दौरान सख्त आदेश, अनुशासन तथा नियन्त्रण में रखे जाएंगे तथा रहेंगे।

गतिविधि कैसे संचालित की जानी है।

66. (1) बन्दियों की सभी गतिविधियां कड़े नियन्त्रण के अधीन विधिपूर्वक तथा नियमित रीति में की जाएंगी। तालाबन्दी समय के दौरान बन्दी अपनी बैरकों के प्रागंण क्षेत्र में रहेंगे। प्रत्येक यूनिट ब्लाक में बन्दी को विश्राम, खेल या अस्पतालों, कैन्टीन, मुलाकात आदि का भ्रमण करने के लिए केन्द्रीय प्रागंण में आने के लिए पृथक समय दिया जाएगा।

(2) अधीक्षक, बन्दियों के दैनिक कार्यकलापों के लिए उनकी गतिविधि जैसे कि न्यायालय पेशी, मुलाकात तथा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कोई अन्य कार्य/ गतिविधि से अलग बन्दी दूरभाष सुविधा (पी.आई.सी.एस.), कैन्टीन, अस्पताल, शैक्षिक तथा व्यावसायिक कक्षाएं, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक कार्य कलाप के बारे में विस्तृत समय–सारणी नियत करेगा।

(3) अधीक्षक, केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष के प्रभारी के रूप में किसी अधिकारी, जो मुख्य वार्डर की पदवी से नीचे का न हो, नियुक्त करेगा, जो उप अधीक्षक (सुरक्षा) के उचित पर्यवेक्षण के अधीन सुनिश्चित करेगा कि नियत समय–सारणी का बन्दियों द्वारा सख्ती से पालन किया जाता है।

(4) किसी असुविधा या अनुशासन का भंग या परिवर्तन या अपेक्षा की उप–अधीक्षक (सुरक्षा) द्वारा अधीक्षक को तुरन्त रिपोर्ट की जाएगी।

(5) महानिदेशक, समय–समय पर, अपने विवेक से रीति के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश जारी कर सकता है, जिसमें आदेश, अनुशासन तथा नियन्त्रण इन नियमों के अध्यधीन बनाये रखा जाएगा।

बन्दियों द्वारा विधिपूर्ण आदेशों की पालन करना।

67. प्रत्येक बन्दी कारागार के किसी अधिकारी या बन्दी अधिकारी द्वारा उसको जारी किए गए प्रत्येक विधिपूर्ण आदेश का पालन करेगा।

सूर्योदय पर वार्ड खोलना तथा बन्दियों की गिनती करना।

68. जब सूर्योदय पर घण्टी या घण्टा बजता है, तो वार्ड के भीतर डयूटी पर बन्दी अधिकारी बन्दियों को जगाएगा तथा बिस्तरों की तह करने का पर्यवेक्षण करेगा। प्रत्येक बन्दी अपनी शयनबर्थ या थड़ा पर अपने बिस्तर को दक्ष रूप से व्यवस्थित रखेगा, फिर वार्ड के मध्य पलाथी मार कर बैठेगा। उप अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, उप सहायक या मुख्य वार्डर, जैसी भी स्थिति हो, के पहुंचने पर वार्ड खोला जाएगा, बन्दियों को जोड़ों में बाहर निकाला जाएगा, तलाशी ली जाएगी, गिना जाएगा तथा हवालात रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों से उनकी संख्या की जांच की जाएगी।

दिनचर्या तथा कार्य, प्रशिक्षण एवं अन्य कार्य कलापों के लिए समय–सारणी।

69. कारागारों का कार्य समय सामान्यतः निम्न अनुसार होगा, अर्थात्:–

क. प्रातःकाल कार्यक्रम/व्यवस्था

कार्यकलाप	**ग्रीष्मकाल** **15 अप्रैल से 15 सितम्बर**	**शीतकाल** **16 सितम्बर से 14 अप्रैल**
ताला बन्दी/हाजिरी	लगभग प्रातःकाल 5:30	लगभग प्रातःकाल 6:30
ब्रैड, बिस्कुट सहित प्रातःकाल चाय आदि	लगभग प्रातःकाल 6:00	लगभग प्रातःकाल 7:00
योगा/पीटी/कसरत करना	प्रातःकाल 6:30 से 7:15 बजे	प्रातःकाल 7:30 से 8:15 बजे
कार्य/अध्ययन/अस्पताल परेड के लिए समूह बनाने हेतु पंक्ति में लगना	प्रातःकाल 8:00 बजे	प्रातःकाल 9:00 बजे
कार्य/व्यावसायिक प्रशिक्षण/ शिक्षा तथा साक्षरता कक्षाएं	प्रातःकाल 8:15 से 9:45 बजे	प्रातःकाल 9:15 से 10:45 बजे

प्रातः कालीन भोजन	प्रातःकाल 9:45 बजे से 10:15 बजे	प्रातः काल 10:45 से 11:15 बजे
कार्य / व्यावसायिक प्रशिक्षण / शिक्षा तथा साक्षरता कक्षाएं	प्रातःकाल 10:30 बजे से सांय 05:00 बजे	प्रातः काल 11:30 बजे से 5:00 बजे
दोपहर हवालात	दोपहर 12:00 से सांय 03:00 बजे	सांयःकाल 1:00 बजे से सांय 03:00 बजे

ख. दोपहर बाद कार्यक्रम / व्यवस्था

कार्यकलाप	**ग्रीष्मकाल 15 अप्रैल से 15 सितम्बर**	**शीतकाल समय 16 सितम्बर से 14 अप्रैल**
दोपहर बाद चाय	सांयकाल 3:00 बजे	सांयकाल 3:00 बजे
अनुरक्षण कार्य	सांयकाल 3:00 बजे से 5:00 बजे	सांयकाल 3:00 बजे से 4:00 बजे
खेल	सांयकाल 5:00 बजे से 6:00 बजे	सांयकाल 4:00 बजे से 5:00 बजे
सांयकाल भोजन	सांयकाल 7:00 बजे	सांयकाल 6:00 बजे
सांयकाल हाजिरी	सांयकाल 7:30 बजे	सांयकाल 6:30 बजे
हवालात	सांयकाल 7:45 बजे	सांयकाल 6:45 बजे
बत्ती बुझाना	सांयकाल 10:00 बजे	सांयकाल 10:00 बजे

ग. अस्पताल समय सारणी

कार्यकलाप	**ग्रीष्मकाल 15 अप्रैल से 15 सितम्बर**	**शीतकाल 16 सितम्बर से 16 अप्रैल**
कारागार औषद्यालय (ओ पी डी) दोपहर बाद निरीक्षण / चिकित्सा जांच	प्रातःकाल 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे सांय काल 5:00 बजे से हवालात चिकित्सा अधिकारी अन्य समय पर ड्यूटी के लिए बुलाएगा।	प्रातःकाल 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे सांय काल 4:00 बजे से हवालात तक चिकित्सा अधिकारी अन्य समय पर ड्यूटी के लिए बुलाएगा।
कारागार अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी द्वारा दौरा (अन्तरंग बन्दियों के लिए)	प्रातःकाल 8:30 बजे से 9:00 बजे सांयकाल 5:00 बजे से 5:30 बजे	प्रातःकाल 8:30 बजे से 9:00 बजे सांयकाल 4:00 बजे से 4:30 बजे तक

वे बन्दी, जो विशिष्ट कार्य पर या व्यावसायिक प्रशिक्षण पर हैं, दोपहर बाद हवालात के दौरान निरन्तर कार्य करेंगे या प्रशिक्षण लेंगे तथा उनकी गणना कार्य / प्रशिक्षण के स्थान पर ही की जाएंगी। ऐसा कार्य करने का समय सांय 5:00 बजे तक होगा। वे बन्दी, जो दोपहर पूर्व में साक्षरता कक्षाओं के लिए प्रतिनियुक्त किए गए हैं, को दोपहर बाद तथा विलोमतः में कार्य / व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। शिक्षा तथा साक्षरता कक्षाएं दोपहर पूर्व में 8:15 बजे से 9:45 बजे तक तथा 10:30 बजे से 12:00 दोपहर तक तथा दोपहर बाद (ग्रीष्मकाल) में दो घण्टे लगाई जाएंगी। शीतकाल के दौरान ऐसी कक्षाएं दोपहर पूर्व में 9:15 बजे से 10:45 बजे तथा 11:30 बजे से 01:00 बजे तक तथा दोपहर बाद दो घण्टे लगाई जाएंगी। जहां तक सम्भव हो साक्षरता कक्षाएं ब्लाक–वार लगाई जाएंगी।

टिप्पणः– हवालात और तालाबन्दी समय–सारणी, साधारणतः महानिदेशक द्वारा अधिसूचित की जाएगी, परन्तु अधीक्षक स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसी समय–सारणी, में अल्प परिवर्तन कर सकता है। समय–सारणी, महानिदेशक द्वारा पुनरीक्षित की जा सकती है तथा इस सम्बन्ध में समय–समय पर हिदायतें / मार्ग दर्शन जारी कर सकता है।

प्रातःकालीन पाखाना परेड के बाद प्रक्रिया।

70. उपरोक्त नियम 68 में यथा वर्णित प्रातःकालीन दिनचर्या के पूरा होने पर, हल्के नाश्ते के साथ चाय, नियम 69 में उपबन्धित अनुसार बन्दियों को दी जाएगी।

बन्दियों की गतिविधियां।	**71.** जब कभी बन्दी कारागार के एक भाग से दूसरे में जाते हैं, या समूह में बैठते या खड़े होते हैं, जब भोजन या कार्य या जब निरीक्षण के लिए परेड हो, के सिवाए, तो उन्हें जोड़ो में पंक्ति में व्यवस्थित किया जाएगा तथा आदेश या संकेत के शब्द पर उठेंगे, आगे चलेंगे, रूकेंगे या बैठ जाएंगे। परेडों में संकेत के लिए सामान्यतः घण्टी या घण्टा बजाया जाएगा तथा संचलन, कारागार के सभी भागों में साथ–साथ किया जाएगा।
बन्दियों द्वारा सलामी देना।	72. (1) बन्दियों के लिए उप अधीक्षक या उप अधीक्षक से वरिष्ठ अन्य अधिकारी को अधिकारी, जिसके प्रभार में वे हैं, के आदेश के शब्द पर निम्न अनुसार सलामी देना अपेक्षित होगा,– (क) प्रयाण करने तक खड़ा होकर ''रूकना''; (ख) बैठने की स्थिति से उठने के लिए ''उठना''; (ग) यदि कार्य कर रहा है, तो कार्य रोक कर ''आदर–सत्कार'' करना। (2) यदि सलामी करना चाहा गया है, तो निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग किया जाएगा,– (क) आगे चलने के लिए ''कूच करना''; (ख) बैठने की स्थिति अपनाने के लिए ''बैठना''; (ग) कार्य पुनः ग्रहण करके ''कार्य'' करना।
समूहों में व्यवस्था तथा कार्य के लिए कूच करना।	**73.** प्रातःकालीन भोजन समापन पर, बन्दियों को अपने हाथ तथा भोजन करने वाले बर्तनों को धोने की अनुमति दी जाएगी तथा उसके बाद, रोस्टर के अनुसार समूहों में व्यवस्थित किया जाएगा; प्रत्येक समूह को जिम्मेवार अधिकारी को सौंपा जाएगा तथा अपने कार्य स्थल की और कूच करेंगे।
कार्य पर अतिरिक्त वस्त्रों का प्रबन्ध करना।	**74.** कार्य पर जाने वाला प्रत्येक बन्दी, अपनी कार्य ड्रेस तथा चाय और पानी के लिए बर्तन ले जाएगा। बाकी की किट तथा बर्तन, बैरकों में प्रयोजन के लिए उपलब्ध तालाबन्द संदूक में रखे जाएंगे। **टिप्पणः–** सम्बन्धित रक्षा कार्मिक यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेवार होगा कि बन्दियों के वस्त्र तथा बिस्तर जब वे प्रयोग में नहीं हों, बन्दियों द्वारा कार्य पर जाने हेतू बैरकों को छोड़ने के बाद, वार्डों में सुव्यवस्थित और लपेट कर रखे जाएंगे।
कार्य शालाओं को बन्द किया जाना।	**75.** प्रत्येक कार्यशाला के द्वार पर फाटक लगा होगा, जो बन्दियों के प्रवेश करने के बाद तालाबन्द किया जाएगा तथा चाबियाँ, समूह के प्रभारी द्वारा रखी जाएगी या, यदि वहां एक समूह से अधिक समूह है, तो चाबियाँ, वरिष्ठ अधिकारी द्वारा रखी जाएंगी, वह जिम्मेवार ठहराया जाएगा कि कोई भी बन्दी उचित अनुमति के बिना कार्यशाला में या से बाहर न जाए।
सभी समयों पर पेशाब तथा शौच करने की पहुंच होना।	**76.** प्रत्येक बन्दी की पेशाब तथा शौच करने के लिए सभी समयों पर पहुंच होगी, किन्तु किसी बन्दी द्वारा बार–बार शौचालय का प्रयोग करने बारे रिपोर्ट चिकित्सा अधिकारी को की जाएगी जो कि बन्दी को सैल में निगरानी में रखेगा तथा यदि विश्वास का कारण है कि वह अनावश्यक रूप से शौचघर का भ्रमण करता है, तो अनियमितता की रिपोर्ट की जाएगी। नए सिद्धदोष बन्दियो के मामले में, इस मापदण्ड के लागूकरण में कुछ छूट अनुमत की जाएगी। कार्यशाला/कक्षों और अन्य कार्य क्षेत्रों के निकट पर्याप्त पेशाबखाने तथा शौचालय प्रशाधन मुहैया कराए जाएंगे। उप अधीक्षक (प्रशासन) के पर्यवेक्षण के अधीन सफाई अमले द्वारा उचित साफ–सफाई रखी जानी चाहिए।
भोजन परेड के ब्यौरे।	**77.** जब भोजन के वितरण के लिए घण्टी बजती है, तो निम्नलिखित घटनाएं अनुक्रम में घटित होंगी,– (क) शिकायत करने वाले बन्दी को छोडकर, सभी बन्दी खाने के लिए बैठ जाएंगे; (ख) कोई बन्दी, जो खड़ा रहता है, अलग किया जाएगा और जिन्होंने भोजन के बारे में कोई शिकायत नहीं की है, उनहें खाने के लिए संकेत दिया जाएगा; (ग) मुख्य वार्डर किसी बन्दी के भोजन के सम्बन्ध में उसकी शिकायत के कारण की जांच करेगा। यदि शिकायत भोजन कम मात्रा में वितरण करने की है, तो फिर वह राशन का तोल करवाएगा तथा यदि मात्रा कम पाई जाती है, तो कम पाई गई मात्रा की आपूर्ति करवाएगा और उप अधीक्षक (प्रशासन) को चूक करने वाले लांगरी की रिपोर्ट करेगा; (घ) यदि शिकायत घटिया गुणवता तथा घटिया भोजन बनाने की है, तो मुख्य वार्डर चिकित्सा अधिकारी तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) से जांच करने के लिए भोजन का नमूना रखेगा जो यथा आवश्यक शिकायत के बारे में ऐसी अतिरिक्त जांच करेगा तथा प्रथम अवसर पर अधीक्षक को परिस्थितियों की रिपोर्ट करेगा;

	(ङ) जब भोजन ग्रहण कर लिया जाता है, तो बन्दी इस प्रयोजन के लिए रखे गए टब में बिना उपभोग किए गए भोजन को डालेगा तथा वे अपने बर्तन, हाथ आदि धोएंगे; (च) प्रातः काल में भोजन परेड के समापन पर बन्दी उस स्थान पर कूच करेंगे, जहां उनका वितरण कार्य समूह में किया जाना है। इस समय पर उप अधीक्षक (प्रशासन) समूहों में कोई भी परिवर्तन कर सकता है, जो आवश्यक हों तथा समूह पुस्तिका में उसे अभिलिखित करेगा या अभिलिखित करवाएगा; (छ) अन्य भोजन के वितरण तथा खाने में उसी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। लांगरी, जिन्हें भोजन के वितरण के लिए नियोजित किया गया था, जब स्नान की परेड प्रगति में थी, सुविधाजनक समय पर स्नान करेगा; (ज) यह दिनचर्या कारागार के सभी हिस्सों में एक साथ की जाएगी और एक घण्टे के भीतर अर्थात् समूहों में बन्दियों के पृथक्करण के समय से पूर्व पूरी की जाएगी। ऐसी कारागारों में जहां शौचघरों, भोजन तथा स्नान करने के लिए प्लेटफार्म का प्रबन्ध अपर्याप्त है, तो वहां अधीक्षक को निपटान की अनुमति के साधन के रूप में बारीकी से हिदायतों का पालन करना चाहिए।
दोपहर बाद कार्य का पुनः ग्रहण, दिन के लिए कार्य की समाप्ति।	**78.** जब प्रातःकाल कार्य घंटी बजती है, तो समूह अपने कार्य स्थलों के लिए कूच करेंगे, अपने अतिरिक्त वस्त्र तथा बर्तन जमा करेंगे तथा दोपहर बाद की चाय वितरण करने तक कार्य पुनः ग्रहण करेंगे। बन्दी उन स्थानों पर अपनी दोपहर बाद की चाय लेंगे, जहां वे कार्यरत हैं। सांयकाल में जब कार्य के समापन की घंटी बजती है,तो प्रत्येक बन्दी अपने वस्त्र, बर्तन आदि उठाएंगे तथा समूह गिनती करने तथा सम्बन्धित पुस्तकों से मिलान करने के लिए अपने–अपने वार्ड या नियत स्थान के लिए कूच करेंगे। तब वे प्रातःकाल की भांति भोजन लेने तथा शौचालय परेड करेंगे। खेल तथा क्रीड़ा के लिए या पाचन–शक्ति को सही रखने के लिए पर्याप्त व्यायाम करने के लिए वार्ड के घेरे में ऊपर–नीचे टहलने के लिए उचित समय अनुज्ञात किया जा सकता है। जब हवालात की घंटी बजती है, तो बन्दी पंक्ति में खड़े होंगे। उनकी तलाशी ली जाएगी तथा अपने शयन वार्ड के लिए कूच करेंगे जहां वे गिनती करने तथा हवालात में बन्द करने तक पलाथी मार कर बैठेंगे। जहां तक सम्भव हो, बन्दी जो एक साथ कार्य करते हैं, उसी वार्ड में रहेंगे। कारागार के भीतर कार्यशाला चलाने के लिए, अधीक्षक विशेष आदेश के माध्यम से पहचान किए गए बन्दियों के लिए कार्य की समाप्ति हेतु समय बढ़ा सकता है। जहां तक सम्भव हो ऐसे बन्दी उसी वार्ड में रहेंगे।
बन्दियों द्वारा अपनी बर्थ या कुरसी न छोड़ना।	**79.** किसी भी बन्दी को डयूटी पर बन्दी अधिकारी की अनुमति पहले प्राप्त किए बिना, किसी भी प्रयोजन के लिए अपनी शयन बर्थ छोड़ने या किसी अन्य बन्दी को बर्थ पर बैठने या लेटने के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा। सांयकाल 9:00 बजे के बाद, कोई भी बन्दी शौचघर में जाने के सिवाए, अपना बर्थ स्थान नहीं छोड़ेगा। किसी भी बन्दी को कारागार अधिकारी की अनुमति के बिना एक बैरक से दूसरी बैरक में जाने के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा।
परेड में बन्दियों की मनोवृति।	**80.** अधीक्षक के साप्ताहिक निरीक्षण पर, बन्दी अपने अतिरिक्त वस्त्र, बिस्तर, बर्तन तथा इतिवृत–टिकट क्रम में व्यवस्थित करते हुए एकल पंकित में खड़े होंगे। भार कम वाले सभी बन्दी पृथक रूप से खड़े होंगे। अधीक्षक के पहुंचने पर, बन्दी आदेश के शब्द पर खड़े हो जाएंगे।
बन्दी द्वारा शिकायत करने के लिए अपना स्थान न छोड़ना।	**81.** कोई भी बन्दी, अधीक्षक या उप अधीक्षक को कोई प्रतिवेदन करने के लिए किसी समय अपना स्थान नहीं छोड़ेगा, किन्तु वह, यदि प्रतिवेदन बहुत जरूरी किस्म का है, जैसे कि आक्रमण करने या दुर्व्यवहार या उसी प्रकार की कोई शिकायत है, तो उप अधीक्षक या अधीक्षक को मामला प्रस्तुत कर सकता है, जब ये अधिकारी अपनी गश्त पर हो।
बन्दियों द्वारा अपने वस्त्र साप्ताहिक रूप से धोना।	**82.** सभी बन्दी अपने वस्त्र नियमित रूप से धोएंगे तथा अच्छी स्वच्छता बनाए रखेंगे। केन्द्रीय धुलाई सुविधा या उचित धुलाई उपकरण सुविधाजनक रूप से सुलभ स्थान पर मुहैया कराए जाएंगे। जब कभी आवश्यक हो, अधीक्षक बन्दियों को कम्बल, ऊनी कोट तथा बिस्तर उबालने तथ धोने के लिए निर्दिष्ट कर सकता है, प्रयोजन के लिए उचित उपकरण मुहैया करवाएगा।
गैर–कार्य दिवस पर बन्दियों की व्यवस्था करना।	**83.** बन्दियों, किसी दिन को जब वे उन्हें श्रम करने से छूट प्राप्त हो, को या तो उनके वार्डों में बन्द किया जाएगा या यदि मौसम अनुकूल है, तो प्रागंण में पंक्ति में बैठने तथा प्रातःकाल में एक घण्टे तथा दोपहर बाद एक घण्टे के लिए समूहों में टहलने की कसरत करने के लिए अनुमत किया जाएगा या उसके बदले में उन्हें खेल तथा योग में भाग लेने के लिए भी अनुमत किया जा सकता है।
जाति या धर्म को प्रभावित करने वाले मामले।	**84.** (1) बन्दियों के धर्म या जाति के सम्बन्ध में किसी अनुचित हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

	(2) प्रत्येक बन्दी को दोपहर विश्राम तथा जब वे रात को हवालात में हों, के दौरान शान्ति तथा व्यवस्थित रीति में अपने धर्म विश्वास का पालन करने के लिए अनुमत किया जाएगा। (3) अधीक्षक अपने विवेक से किसी धार्मिक या राष्ट्रीय समारोह, जिसे कारागार अवकाश के रूप में घोषित किया गया है, आयोजित करने के लिए बन्दियों को इकट्ठा होने की अनुमति दे सकता है। (4) अस्पताल में भरती या कोई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने वाले या विशेष समूह के बन्दियों से भिन्न, मुस्लिम बन्दियों, जो रमजान के व्रत रखने की अनुमति दिऐ जाने की इच्छा व्यक्त करते हैं, को ऐसा करने की अनुमति दी जाएगीः परन्तु यदि चिकित्सा अधिकारी विश्वास करता है कि ऐसे बन्दी द्वारा व्रत को जारी रखना उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकर या खतरनाक होने की सम्भावना है, तो वह उसे व्रत समाप्त करने का निर्देश दे सकता है। **टिप्पणः**—बन्दी, जो व्रत रखने के ईच्छुक हैं, को व्रत शुरू करने के लिए प्रातःकाल में उचित समय पर प्रातःकालीन भोजन मुहैया कराया जाएगा। उन्हें सांयकालीन आहार लेने तथा व्रत को खोलने के बाद उनके उपभोग के लिए वार्ड, सैल या अन्य कक्ष में सम्पूर्ण आहार या उसका कोई भाग रखने की अनुमति दी जाएगी। (5) कोई भी धार्मिक संरचना कारागार परिसर में स्थापित नहीं की जाएगी। इस उपबन्ध के किसी उल्लंघन का निपटान कड़ाई से किया जाएगा। (6) जब अधीक्षक को जाति या धर्म के आधारों पर किसी बन्दी द्वारा प्रस्तुत किए गए किसी अभिवचन की वैद्यता के सम्बन्ध में कोई सन्देह हो, तो उसे मामला महानिदेशक के आदेशों के लिए सम्पूर्ण ब्योरों सहित भेजी जाएगी, जिसका निर्णय अन्तिम होगा।
बाल काटना।	**85.** (1) कठोर या साधारण कारावास से दण्डादेशित प्रत्येक बन्दी और प्रत्येक विचाराधीन बन्दी के बाल कारागार में प्रवेश के समय पर या ऐसे समय पर काटे जाएंगे, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्यकर तथा स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो : परन्तु विचाराधीन बन्दी, जिनकी जांच पहचान परेड के माध्यम से पहचान की जानी है, को जांच पहचान परेड संचालित करने तक अपना रूप–रंग बदलने के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा : परन्तु यह और कि,– (क) सिक्ख बन्दियों को लम्बे बाल तथा दाढ़ी रखने के लिए अनुमत किया जाएगा; (ख) हिन्दू बन्दियों को ''चोटी'' या ऊपरी गांठ रखने के लिए अनुमत किया जा सकता है; (ग) मुस्लिम बन्दियों को अल्प रूप से कतरी गई दाढ़ी रखने के लिए अनुमत किया जा सकता है; तथा (घ) महिला बन्दी के बाल उसकी सहमति के बिना नहीं काटे जाएंगे। तथापि, यदि पीड़क जन्तु या मैल के कारण चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के आधार पर बाल काटने आवश्यक समझे, तो बाल काटे जाएंगे किन्तु अपेक्षा से छोटे नहीं। **टिप्पणः**— सभी बन्दी, जिन्हें लम्बे बाल या दाढ़ी रखने की अनुमति दी गई है, उन्हें साफ, स्वच्छ रूप से कंघा करने, बांधने तथा जूँ तथा लीख इत्यादि से मुक्त रखने के लिए जिम्मेवार होंगे। (2) वे बन्दी, जो कारागार में प्रवेश से पूर्व अपने चेहरों की हजामत करने के आदी थे, को कारागार में हजामत करने की अनुमति दी जा सकती है। केवल सन्निहित ब्लेडों वाले निस्तारणीय प्लास्टिक रेजर को स्वयं–हजामत करने के लिए अनुमत किया जाएगा। (3) कारागार में व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यापन, बाल काटना तथा हजामत करना शामिल है तथा बन्दी उप भोज्य के खर्च को पूरा करने के लिए बाल काटने या हजामत करने के लिए महानिदेशक द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाने वाली दर पर प्रकार प्रभारित कर सकता है। राशि बन्दी कल्याण निधि में जमा की जाएगी तथा उप भोज्य निधि से खरीदे जाएंगे। अधीक्षक, उपरोक्त राशि का भुगतान करने से किसी बन्दी को छूट दे सकता है, यदि वह भुगतान करने में असमर्थ है।

बाहरी व्यक्तियों का बन्दियों से सम्पर्क न रखना।	**86.** कोई भी व्यक्ति, अपने विशेषाधिकार या कर्तव्य के अनुसरण में कार्यरत किसी मुलाकाती जैसे कि मुलाकाती स्टाफ सदस्य या बन्दी, न्यायिक मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी अपने अधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन में, प्राधिकृत साक्षात्कारकर्ताओं (मुलाकातियों) तथा विधिक सलाहाकार से भिन्न किसी बन्दी से सम्पर्क या सम्पर्क करने का प्रयास नहीं करेगा।
आन्तरिक संचलन प्रतिबन्धित किया जाना।	**87.** कारागारों को ऐसे रूप में डिजाईन किया जा सकता है, जो विभिन्न स्वतन्त्र सुरक्षित क्षेत्रों में इसके परिसरों को विभक्त करे ताकि आन्तरिक संचलन को अलग तथा प्रतिबन्धित किया जा सके।
कठोरता के साधन।	**88.** जब कभी अधीक्षक, बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उसे (या तो कारागार की स्थिति या बन्दियों के चरित्र के संदर्भ में) आवश्यक समझता है कि उन्हें कठोरता के साधनों का प्रयोग करके परिरूद्ध करना चाहिए तो वह जिला एवं सत्र न्यायाधीश की स्वीकृति के अध्यधीन उन्हें इस प्रकार परिरूद्ध कर सकता है : परन्तु आपातिक मामलों में, किसी बन्दी को अड़तालीस घण्टों से अनधिक अवधि के लिए स्वीकृति की प्रत्याशा में अधीक्षक के आदेशों के अधीन कठोरता के साधनों का प्रयोग करके परिरूद्ध किया जा सकता है।
हथकड़ी।	**89.** (1) कठोरता के साधनों के रूप में या कारागार अपराधों के लिए दण्ड के रूप में हथकड़ी, जो भार में पांच सौ ग्राम से अधिक न हो या महानिदेशक द्वारा समय–समय पर, स्थाई आदेश द्वारा नियत विशिष्टियों के अनुसार लगाई जा सकती है। (2) हथकड़ी लगाने की प्रत्येक अवधि के बीच कम से कम चौबीस घण्टे के अन्तराल सहित एक समय पर चौबीस घण्टों से अनधिक की अवधि के लिए दिन या रात तक कलाई के अग्रभाग पर लगाई जा सकती है। यदि हथकड़ी हाथों को पीछे करके कलाई पर लगाई गई है, तो हथकड़ी छह घण्टें के बाद हटाई जाएगी तथा दूसरे छह घण्टों के लिए कम से कम छह घण्टे के विराम के बाद लगाई जा सकती है : परन्तु यह उन मामलों तक निर्बन्धित होगी, जहां बन्दी, स्वयं, दूसरे बन्दी या स्टाफ सदस्य के विरूद्ध बार–बार हिंसा बल प्रयोग दोहराने का दोषी हो। **टिप्पण–1:–** किसी बन्दी को हथकड़ी के दण्ड को भोगते समय धूप से पूर्ण रूप से बचाया जाएगा। **टिप्पण–2:–** हथकड़ी हटाई जा सकती है,जब उसे पहने हुए किसी बन्दी को न्यायालय में पेश किया जाना है।
बेड़ी।	**90.** (1) कारागारों में बेड़ियों की निम्नलिखित श्रेणियों का प्रयोग किया जा सकता है, अर्थात्:– (क) चैन तथा टखना–छल्लों से बनी कड़ी–बेड़ी। टखना छल्लों सहित ऐसी बेड़ी का कुल भार 1.4 किलो ग्राम से अधिक नहीं होगा और चैन कम से कम दो फुट लम्बी होगी; (ख) कड़ी के साथ जुड़ी दो शलाकाओं की बनी और टखना–छल्लों से जुड़ी शलाका–बेड़ी। टखना–छल्लों सहित ऐसी बेड़ी का कुल भार 2.3 किलो ग्राम से अधिक नहीं होगा और प्रत्येक शलाका कम–से–कम 20 ईंच लम्बी होगी; (ग) टागों तथा टखना–छल्लों को अलग रखने के लिए एकल शलाका की बनी क्रास–बार बेड़ी, ऐसी बेड़ियों का कुल भार टखना–छल्लों सहित 1.1 किलोग्राम से अधिक नहीं होगा। शलाका की लम्बाई, पुरूष के मामले में सौलहं ईंच से अधिक नहीं होगी, जिसकी उंचाई पांच फुट छह ईंच है या इस उंचाई से कम के व्यक्ति के मामले, में चोदह ईंच से कम न हो। (2) अधिकतम अवधि जिसके लिए बेड़ियां लगातार लगाई जा सकती हैं; निम्न अनुसार होगी, अर्थात्:– (क) कड़ी–बेड़ी के मामले में तीन मास; (ख) शलाका–बेड़ी के मामले में तीन मास; तथा (ग) क्रास–बार बेड़ी के मामले में दस दिन। (3) दूसरे कारागार अपराध, चाहे वह उसी किस्म का हो या नहीं, के लिए किसी दण्ड के रूप में दोबारा लगाने से पूर्व किसी कारागार अपराध के लिए दण्ड के रूप में लगाई गई किसी प्रकार की बेड़ी के बाद, कम से कम दस दिन की अवधि बीत जानी चाहिए। **टिप्पण:–** बेड़ी हटाई जाएगी, जब उसे पहने हुए किसी बन्दी को न्यायालय में पेश किया जाना हो।

	अध्याय 9 **अपराध तथा दण्ड**
बन्दी के अधिकार।	**91.** कारागार में प्रत्येक बन्दी के निम्नलिखित अधिकार होंगे, अर्थात्:– **(क)** **मानव गरिमा का अधिकार**–कारागार में प्रत्येक बन्दी, जहां तक यह समीचीन तथा व्यवहार्य हो, गरिमा के साथ बरताव किये जाने का हकदार होगा तथा भारत के संविधान तथा तत्समय लागू किसी अन्य विधि के उपबन्धों के अधीन प्रदत्त सभी मौलिक तथा अन्य अधिकारों का ऐसे निर्बन्धनों के अध्यधीन उपभोग करेगा, जो कारागार के भीतर उसके बन्दीकरण के सदाचार या अनुशासन, बचाव तथा सुरक्षा के अनुरक्षण के बृहत हित में आवश्यक हो। प्रत्येक बन्दी को शारीरिक और मौखिक हिंसा, गाली देने तथा उत्पीड़न, चाहे स्टाफ द्वारा या साथी बन्दियों द्वारा, से अत्याचार से संरक्षण का अधिकार होगा; **(ख)** **न्यूनतम मूल आवश्यकताओं का अधिकार.**–कारागार में प्रत्येक बन्दी न्यूनतम मूल आवश्यकताओं जैसे कि पर्याप्त आहार, स्वास्थ्य, चिकित्सा देखभाल तथा उपचार, साफ तथा पर्याप्त पेय जल तक पहुंच, स्वच्छता तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य, साफ तथा पर्याप्त वस्त्र तथा विस्तर, पर्याप्त कानूनी उपाय तथा कानून की सम्यक प्रक्रिया, पारिवारिक सदस्यों तथा वकीलों सहित नियत कालिक साक्षात्कार साफ तथा स्वास्थ्यकर जीवन स्थिति तक पहुंच, जो प्रवेश के समय पर या बाद में अधीक्षक को सूचित की गई हों, ऐसे निर्बन्धनों के अध्यधीन जो कारागार के भीतर उसके बन्दीकरण के सदाचार या अनुशासन, बचाव तथा सुरक्षा के अनुरक्षण के बृहत हित में आवश्यक हो, के निर्वाह करने का हकदार होगा।
बन्दी के कर्त्तव्य।	**92.** प्रवेश के समय पर, बन्दियो को कारागार के नियमों का पालन करने के लिए निर्देशित किया जाएगा और उन्हें निम्नलिखित कर्तव्यों का पालन करना होगा, अर्थात्:– (क) सक्षम कारागार प्राधिकारियों तथा व्यक्तियों, जो अपनी सरकारी डयूटी को पूरा करने में उनकी सहायता करते हैं, द्वारा जारी सभी कानूनी आदेशों तथा हिदायतों का पालन करना; (ख) सभी कारागार नियमों तथा विनियमों का पालन करना तथा इन नियमों तथा विनियमों द्वारा अधिरोपित बाध्यताओं को पूरा करना; (ग) अपने कार्य स्थल पर तथा कारागार के हिस्से के भीतर, जिसमें परिरूद्ध हैं, अपने समूहों के साथ सर्वथा रहना तथा उनको आबंटित कार्यों को कर्मिष्ठ रूप से तथा सावधानीपूर्वक पूरा करना; (घ) किसी कुचक्र या षड़यन्त्र तथा भागने का प्रयास या भागने के लिए तैयारी या किसी बन्दी या कारागार अधिकारी पर हमला करने की रिपोर्ट करना तथा उन पर हमले के मामले में कारागार अधिकारियों की सहायता करना; (ङ) ऐसी पारस्परिक क्रिया से बाहर, जो आवश्यक हो, बाहरी व्यक्तियों, महिलाओं, सिविल या विचाराधीन बन्दियों या उनकी अपनी श्रेणी से विभिन्न श्रेणी के बन्दियों या पहरेदारों के साथ कोई सम्पर्क नही करना; (च) कारागार के भीतर जुआ नहीं खेलना या वस्तु–विनिमय नहीं करना, न ही पशु, पक्षी या अन्य पालतू पशुओं को रखना; (छ) कोई ऐसा खेल नहीं खेलना (यदि अधीक्षक द्वारा साधारणतः या विशेषतः अनुमति नहीं दी गई हो) या किसी खेल से सम्बन्धित सामग्री या वस्तु जैसे कि क्रिकेट बैट, हॉकी, डण्डा, वॉलीवाल, बैडमिन्टन जाल या रैकट आदि अपने पास नहीं रखना; बल्कि इन्हें खेल गतिविधि पूरी होने के बाद वार्डर प्रभारी के पास जमा करवाना होगा; (ज) किसी अधिकारी या बन्दी पर प्रहार, हमला नहीं करना या धमकी नहीं देना; (झ) सरकारी सम्पति का तथा कारागार में विक्रेताओं या ठेकेदारों की सम्पति का ध्यान से प्रयोग करना तथा लापरवाही से या जानबूझकर उसको क्षतिग्रस्त या नष्ट नहीं करना; (ञ) गिनती परेड तथा साधारण परेड के दौरान चौकस रहना; (ट) भोजन वितरण प्लेटफार्म या रसोई से आदेश के बिना कोई खाद्य पदार्थ नहीं लेना; (ठ) कारागार के किसी हिस्से में उच्ची आवाज में बातें नहीं करना, दूसरों को कष्ट पहुँचाने के लिए गीत नहीं गाना या झगड़ा नहीं करना; (ड) किसी भी प्रयोजन के लिए रात को बन्दी अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना

	अपना विस्तर नहीं छोड़ना या किसी अन्य बन्दी की बर्थ या कुरसी पर नहीं बैठना या नहीं लेटना; (ढ) किसी निषेद्ध वस्तु के किसी प्रवेश में सम्मिलित नहीं होना; (ण) स्वच्छता तथा स्वास्थ्यकर तथा कारागार अनुशासन के विहित मानकों को बनाए रखना; (त) कोई कारागार अपराध या तो लघु या बड़ा नहीं करना; (थ) प्रत्येक सहवासी, कारागार स्टाफ तथा किसी अन्य की गरिमा तथा जीवन के अधिकार का आदर करना; (द) अन्य बन्दियों की धार्मिक भावनाओं, विश्वास, निष्ठा को आघात पहुँचाने से परहेज करना; (ध) कारागार में अनुकूल सुधारक पर्यावरण को सुरक्षित रखना तथा उन्नत करना; (न) कोई मिथ्या या अतिरंजित शिकायतें करने/आरोप लगाने या कारागार के भीतर किसी आन्दोलन/विघटन का आयोजन करने में मौन सहमति देने से विरत रहना; (प) शिकायत निवारण की दी गई प्रक्रिया का प्रयोग करना तथा दूसरों को भी प्रेरित करना; कारागार अधिकारी को कोई प्रतिवेदन देने के लिए अपना कार्य नहीं छोड़ना। **टिप्पणी:–** बन्दियों को सचेत किया जाएगा कि किसी दंगा या हिंसा उपद्रव की स्थिति में, कारागार अधिकारियों को प्राणघातक बल सहित उचित बल का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।
कारागार अपराध।	**93.** कारागार अधिनियम, 1894 (1894 का केन्द्रीय अधिनियम 9) की धारा 45 में विनिदिष्ट सभी कृत्य अपराधों का गठन करेंगे, जो किसी बन्दी द्वारा किए गए हों और उन्हें दो प्रवर्गो अर्थात् लघु कारागार अपराध तथा बडे कारागार अपराध में वर्गीकृत किया जाएगा।
लघु कारागार अपराध।	**94.** बन्दियों के निम्नलिखित कृत्य लघु कारागार अपराधों का गठन करेंगे, अर्थात्:– (i) कारागार अनुशासन के अनुरक्षण में सहायता करने में असफल होना; (ii) अन्य बन्दियों के दिमाग में अनावश्यक संकट सूचना सृजित करने के लिए परिकलित कोई कृत्य करना; (iii) किसी कारागार अपराध को करने की रिपोर्ट नहीं करना; (iv) किसी किस्म की बाधा पहुँचना या शरारत करना; (v) लिखित में या मौखिक रूप से चोरी–छिपे सन्देश भेजना; (vi) कोई भोजन, जो उसको नहीं दिया गया है, खाना या अनुभाजन करना या दूसरे बन्दियो से लेना या को दिए गए भोजन में मिलाना, भोजन तथा पेय जारी करने तथा वितरण करने के सम्बन्ध में किसी आदेश की अवज्ञा करना; (vii) निकम्मा होना, कार्य में लापरवाही, कार्य करने से दुराग्रही रूप से इनकार करना, कामचोर होना, कार्य स्थल पर या बैरकों में अन्य बन्दियों को परेशान करना; (viii) दूसरे बन्दीं को आबंटित कार्य के किसी भाग को पूरा करना या किसी कार्य को करने में दूसरे बन्दी की अप्राधिकृत सहायता प्राप्त करना; (ix) उस द्वारा किए जाने वाले कार्य के किसी भाग को किसी बन्दी के साथ प्रभाजित करना; (x) विनिर्दिष्ट से अन्यथा क्षेत्रों में थूकना, पेशाब करना, किसी स्थान या वस्तु को मैला करना या दूषित करना; (xi) सामूहिक क्षेत्रों जैसे कि शौचालय आदि में विशेष रूप से स्वच्छता का पालन करने में असफल होना; (xii) मटरगश्ती करना, आलसी होना, बिना अनुमति के नियत स्थान, वार्ड पंक्ति स्थान या कार्य समूह को छोड़ना; (xiii) अपने वस्त्र, कम्बल, बिस्तर को साफ नही करना या करने से इनकार करना या ऐसी वस्तुओं की व्यवस्था या प्रबन्ध करने के सम्बन्ध में किसी आदेश की अवज्ञा करना। कारागार के बगीचे में वृक्षों तथा सब्जियों को हानि पहुंचाना या कारागार पशुओं पर अत्याचार करना; (xiv) उसको दिए गए वस्त्रों को पहनने से छोड़ना या इनकार करना या अन्य बन्दियों के वस्त्रों से उसके किसी भाग को बदलना या उसके किसी भाग को गुम करना, फैंक

	देना, हानि पहुंचाना या फेर बदल करना; (xv) वस्त्र या व्यक्ति की किसी विशिष्ट संख्या, चिह्न या उससे संलग्न बैज को हटाना, विकृत करना या बदल देना या को पहनना; (xvi) विनिर्दिष्ट से भिन्न स्थान या समय पर धूम्रपान करना; (xvii) हवालात या तालाबन्दी के दौरान नियमों के अधीन यथा विहित समय पर और रीति में रिपोर्ट करने में असफल होना।
बड़े कारागार अपराध।	**95.** बन्दियों के निम्नलिखित कृत्य बड़े कारागार अपराध गठित करेंगे, अर्थात्:— (i) जानबूझ कर या लापरवाही के कृत्य से किसी रूप में कारागार की सुरक्षा को खतरे में डालना तथा जिसमें कारागार दीवारों, भवनों, शलाकों, तालों तथा चाबियों, लैम्पों या लाईटों या किसी अन्य सुरक्षा तथा अभिरक्षा साधनों के साथ किसी रूप में हेर—फेर करना भी शामिल है; (ii) आत्महत्या करने के प्रयास सहित किसी बीमारी, चोट या अशकतता के कारण से स्वयं के आशय से कोई कृत्य करना या कृत्य नहीं करना; (iii) लोक आदेश या कारागार अनुशासन का उल्लंघन करना; (iv) कोई कारागार अपराध प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से करने की योजना बनाना, तैयारी करना, के लिए उकसाना या अवप्रेरित करना; (v) व्यवहार, नियमों तथा विनियमों तथा कानूनी हिदायतों तथा आदेशों के मानकों का पालन करने से इनकार करना, नहीं करना; (vi) कारागार अधिकारी की सहायता करने में असफल होना, यदि ऐसा करने के लिए बुलाया जाए या कारागार अधिकारी या मुलाकाती द्वारा पुछे गए किसी प्रश्न का असत्य उत्तर देता है; (vii) कारागार कर्मचारियों के विरूद्ध मिथ्या, दुर्भावपूर्ण तथा आधारहीन लिखित या मौखिक शिकायतें करना; (viii) अन्य बन्दियों के साथ झगड़ा करना, सहवासियों में भय का वातावरण पैदा करना; (ix) अन्यों पर हमला करना, आक्रमण करना और हानि पहुँचना या कारागार अधिकारियों या अन्यों के विरूद्ध अपराधिक बल का प्रयोग करना; (x) दंगा या विद्रोह में भाग लेना या ऐसा करने के लिए दूसरों को अवप्रेरित करना; (xi) कारागार या कानूनी अभिरक्षा से भागना, भागने की तैयारी करना या भागने का प्रयास करना या किसी अन्य बन्दी द्वारा उपरोक्त कृत्य करने के बारे में कारागार कर्मचारियों को रिपोर्ट करने में असफल होना; (xii) किसी बृहत उद्देश्य से या किसी भवन से किसी वस्तु या सामग्री हटानें के लिए कब्जा करना, जिसे इस तरह बदल दिया गया है कि इसे कारागार सम्पति को क्षतिग्रस्त करने या कारागार से भागने में अपराध के हथियार के रूप में या सहायता के रूप में प्रयोग किया जा सकता है; (xiii) कोई निषेद्ध वस्तु रखना, छिपाना, हस्तान्तरित करना, तस्करी करना, तस्करी का प्रयास करना, प्राप्त करना, देना, स्वीकार करना या अदला—बदली करना; (xiv) किन्हीं निषेद्ध वस्तुओं के बारे में कारागार कर्मचारियों को रिपोर्ट करने में असफल रहना; (xv) किसी सरकारी सम्पत्ति या दूसरे बन्दियों की सम्पति को चुराना, हानि पहुंचाना, नष्ट करना, विरूपित करना या दुरूपयोग करना; (xvi) कारागार सम्पति या औजारों की किसी हानि, टूट—फूट या क्षति की तुरन्त रिपोर्ट करने में असफल रहना जो बन्दी अकस्मात गलती कारागार की सम्पति या औजारो को हुई है; (xvii) कारागार के पहचान पत्रों, अभिलेखों या दस्तावेजों में हेर—फेर करना या विकृत करना; (xviii) पैरोल / फरलो या आपातिक स्थिति में रिहाई की शर्तों का भंग करना; (xix) खाना खाने से इनकार करना, भूखहड़ताल करना या करने की धमकी देना या ऐसा करने के लिए दूसरो को अवप्रेरित करना; (xx) प्राधिकार के बिना जानबूझकर या लापरवाही से भोजन को नष्ट करना या बिगाड़ना या उसे दूर फैंकना;

	(xxi) भोजन या पेय प्रदार्थ में कोई चीज कुछ भी डालना, जो मानव उपभोग के लिए अस्वादिष्ट, हानिकर, या खतरनाक होना सम्भाव्य है; (xxii) भोजन के पैमाना में हेर–फेर करना; (xxiii) अप्राधिकृत भोजन बनाना; (xxiv) कैन्टीन को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए बनाए गए नियमों तथा विनियमों का उल्लंघन करना या कैन्टीन वस्तुओं की अदला–बदली करना; (xxv) कारागार अधिकारी की जानकारी या अनुमत्ति के बिना किसी वस्तु का निर्माण करना या निर्माण करने के दौरान मिलावट करना; (xxvi) कार्य के लिए जारी सामग्री में विजातीय देशी पदार्थ का मिश्रण करना या मिलाना; (xxvii) श्रम करने से अपने आपको जानबूझकर अशक्त करना; (xxviii) किसी बन्दी का किसी भिन्न धर्म, आस्था में धर्म परिवर्तन करवाना या धर्म परिवर्तन करवाने का प्रयास करना; (xxix) दूसरे की धार्मिक भावना, विश्वास तथा आस्था को जानबूझ कर आघात पहुँचाना; (xxx) जाति या धार्मिक पूर्वग्रह आधारित उतेजित करना या कार्य करना; (xxxi) किसी बाहरी व्यक्ति, विचाराधीन बन्दी, कैदी, सिविल बन्दी तथा इकबाली साक्षी के साथ अनुमति के बिना लिखित में या शब्द द्वारा या संकेत द्वारा कोई सम्पर्क रखना; (xxxii) अप्राधिकृत कार्यकलाप जैसे कि जुआ खेलने तथा बाजी लगाने में भाग लेना या आयोजित करना; (xxxiii) असम्मानजनक होते हए, अभद्र या अश्लील हरकतें या इशारे करते हुए अशोभनीय, गाली–गलौच, बदतमीजी करना, धमकी देना,अनुचित भाषा का प्रयोग करना; (xxxiv) भागने के प्रयास या हिंसा, हमला करने, दंगा, विद्रोह, आक्रमण, घोर व्यक्तिगत हिंसा या कोई अन्य आकस्मिक संकट को नियन्त्रित के मामले में कारागार कर्मचारियों की सहायता करने में असफल रहना या दूसरे व्यक्ति को सहायता करने से रोकना; (xxxv) किसी अग्नि, कुचक्र या षडयन्त्र, किसी के भागने, भागने का प्रयास या तैयारी करने तथा किसी कारागार अधिकारी या बन्दियो पर कोई आक्रमण, या आक्रमण की तैयारी करने की घटना उसकी जानकारी में आते ही यथा शीघ्र रिपोर्ट नही करना या करने से इनकार करना; (xxxvi) किसी अप्राधिकृत वित्तीय संव्यवहार में आशक्त होना या सहायता करना, चाहे कारागार के परिसरों के भीतर या बाहर हो; (xxxvii) कारागार सहवासी संचार प्रणाली का दुरूपयोग करना; (xxxviii) एक वर्ष के भीतर तीन या तीन से अधिक बार लघु अपराध करना; (xxxix) दो या दो से अधिक लघु अपराधों का संयोजन जब उसी संव्यवहार के भाग के रूप में किया गया हो।
कारागार अपराधो के लिए दण्डों का वर्गीकरण।	**96.** कोई कारागार अपराध करने के लिए बन्दियों को अधीक्षक द्वारा निम्नलिखित दण्ड (दण्डों) दिए जाएंगे तथा लघु तथा बड़े प्रवर्गों में वर्गीकृत किये जाएंगे, अर्थात्:– (i) लघु कारागार अपराधो के लिए दण्ड लघु अपराधो की दशा में अधीक्षक द्वारा निम्नलिखित दण्ड़ दिए जाएंगे, अर्थात्:– (क) औपचारिक चेतावनी; **व्याख्या** :– औपचारिक चेतावनी से अभिप्राय है, अधीक्षक द्वारा किसी बन्दी को व्यक्तिगत रूप में सम्बोधित तथा बन्दी की इतिवृत–टिकट तथा दण्ड रजिस्टर में अभिलिखित चेतावनी; (ख) पांच दिन से अनधिक अर्जित माफी की जब्ती; (ग) किसी कलैण्डर मास में एक बार तीन दिन तक की मजदूरी से कमाई की जब्ती; (घ) चिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापित की गई बन्दी की शारीरिक उपयुक्तता के अध्यधीन पन्द्रह दिन तक एक दिन में एक घण्टे से अनधिक अवधि के लिए ड्रिल / कार्य का दण्ड; (ङ) तीन मास तक की अवधि के लिए बन्दी को दिए गए विशेषाधिकारों की जब्ती; (च) श्रम की किस्म को किसी भारी या कठोर पन्द्रह दिन के लिए किस्म की श्रम

	में बदलना; (छ) तीस दिन से अनधिक ऐसी अवधि, जो आवश्यक समझी जाए, के लिए आवास को दूसरी बैरक, सैल या किसी अन्य कारागार आवास में बदलना; (ज) दस दिन तक की अवधि के लिए पृथक परिरोध; (झ) चौदह दिन तक की अवधि के लिए कारागार में सामुदायिक सेवाओं जैसें जल सेवाओं या अस्पताल सेवाओं या रसोई सेवाओं या सामूहिक क्षेत्र की स्वच्छता के अनुरक्षण में लगाना; तथा (ञ) बन्दी अधिकारी की श्रेणी की जब्ती या से निम्न श्रेणी में पदच्यूति करना या तीन मास से अनधिक विशेष अवधि के लिए बन्दी अधिकारी से सामान्य श्रेणी में परिवर्तन। (ii) बडे कारागाऱ अपराधो के लिए दण्ड़ निम्नलिखित दण्ड, बड़े दण्ड होंगे जो बड़े अपराधों के दशा में अधीक्षक द्वारा दिए जा सकते हैं, अर्थात् :– (क) सिविल बन्दियों तथा साधारण कारावास से दण्डादेशित बन्दियों के मामले मे, सात दिन से अनधिक तथा विचाराधीन बन्दियों के मामले में चौदह दिन से अनधिक अवधि के लिए अनिवार्य श्रम; (ख) पांच दिन से अनधिक अर्जित माफी की जब्ती; (ग) तीन दिन से अधिक तथा एक मास में सात दिन तक की मजदूरी से कमाई की जब्ती; (घ) तीन मास से अधिक तथा छह मास से अनधिक अवधि के लिए विशेषाधिकारों की जब्ती; (ङ) दस दिन से अधिक तथा साठ दिन से अनधिक अवधि के लिए पृथक परिरोध; (च) तीस दिन तक की अवधि के लिए सेलुलर परिरोध; (छ) एक वर्ष के लिए अस्थाई रिहाई से अपवर्जन; (ज) एक वर्ष तक की अवधि के लिए माफी प्रणाली से अपवर्जन; (झ) अधिकतम एक मास के अध्यधीन, चौहद दिन से अधिक अवधि के लिए कारागार में सामुदायिक सेवाओं जैसे कि जल सेवाओं या अस्पताल सेवाओं या रसोई सेवाओं या सामूहिक क्षेत्र की स्वच्छता के रखरखाव में लगाना; (ञ) एक मास से अनधिक किसी अवधि के लिए इन नियमों में यथा उपबन्धित ऐसी पद्धति तथा ऐसी रीति में हथकड़ी लगाना; (ट) बन्दी अधिकारी की श्रेणी की जब्ती करना या से निम्न श्रेणी में पदच्यूति करना या एक वर्ष तक की अवधि के लिए बन्दी अधिकारी से सामान्य श्रेणी में परिवर्तन; (ठ) पन्द्रह दिन से अनधिक किसी अवधि के लिए इन नियमों में यथा उपबन्धित ऐसी पद्धति तथा ऐसी रीति में "बेड़ी" डालना; (ड) अन्य कारागार में स्थानान्तरण करना; (ढ) पूर्ववर्ती नियमों के अधीन अनुज्ञेय दो लघु दण्डों का कोई संयोजन; तथा (ण) कारागार कार्यशाला में उत्पादन को जानबूझ कर विघटित करने के लिए वसूली करना, जो किसी कारागार सम्पति की आर्थिक हानि या क्षति करने या में हेर–फेर करने के कारण हुई है। ऐसी वसूली, बन्दी द्वारा कमाई गई मजदूरी से की जाएगी। कमाई गई मजदूरी के अभाव में बन्दी की कारागार कैन्टीन खाते में जमा राशि से कमाई गई मजदूरी तथा दोनों के अभाव में, राशि न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से बन्दी की सम्पत्ति से वसूल की जाएगी; (iii) उपरोक्त दण्ड के अतिरिक्त सक्ष्म न्यायालय के आदेश के बिना कैदी को कोई अन्य सजा नहीं दी जाएगी।
दण्ड के लिए प्रक्रिया।	**97.** अधीक्षक द्वारा बन्दियो, जो कारागार अपराध करते हैं, को दण्ड देते हुये निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा; अर्थात् :– (क) अधीक्षक किसी संज्ञेय अपराध, जिसमें कोई मामला पंजीकृत किया गया है, के लिए किसी बन्दी को दण्ड नहीं देगा। तथापि, कारागार में शांति, प्रशांति तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधीक्षक द्वारा निवारक कार्रवाई की जा सकती है। यदि

	आवश्यक हो, अधीक्षक इस संबंध में जिला मजिस्ट्रैट तथा पुलिस अधीक्षक से सहायता ले सकता है। टिप्पणः– अधीक्षक द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए, कि किसी मामले में कोई दोहरा खतरा न हो, ध्यान रखना चाहिए। (ख) बन्दी, जिसने कोई बड़ा कारागार अपराध किया है तथा उस अपराध के लिए दण्डिक मामला पंजीकृत नहीं किया गया है, तब उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा उसे इतिवृत टिकट, गवाहों तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों, जिसमें किया गया अपराध अभिलिखित है, सहित अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा; (ग) ऐसे बडे कारागार अपराध की अंतर्वस्तु संबंधित बन्दी के सामने पढ़ी जाएगी तथा ऐसी सूचना की प्रविष्टि की एक प्रति बन्दी को निःशुल्क दी जाएगी; (घ) संबंधित अपचारी बन्दी की उपस्थिति में, अधीक्षक गवाहों के ब्यान अभिलिखित करेगा तथा बन्दी द्वारा किए गए बडे कारागार अपराध के लिए कोई दण्ड प्रस्तावित करने से पूर्व गवाहों के ब्यानो की एक प्रति उसे देगा; (ङ) अधीक्षक द्वारा इस प्रकार प्रस्तावित दण्ड़ सभी सुसंगत अभिलेखो सहित चौबीस घण्टें के भीतर, प्रस्तावित दण्ड के न्यायिक मुल्याकंन के लिए संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश को अग्रेषित किया जाएगा; (च) जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बन्दी को व्यक्तिगत रूप से सुन सकता है तथा सम्यक् विचारण के बाद प्रस्तावित दण्ड़ का अनुमोदन/अस्वीकृत कर सकता है; (छ) प्रस्तावित दण्ड़, केवल संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायिक मूल्यांकन की प्राप्ति के बाद लागू होगा। **टिप्पणः–** लधु तथा बहुत गौण मामलों के लिए, जहाँ दण्ड़ जैसे चेतावनी इत्यादि दी जाती है, तो अधीक्षक द्वारा चेतावनी दी जाएगी और उससे उपरोक्त प्रक्रिया का अनुसरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है।
चिकित्सा अधिकारी द्वारा शारीरिक स्वरूप के दण्ड के लिए बन्दी की उपयुक्तता प्रमाणित करना।	**98.** (1) शारीरिक स्वरूप का कोई भी बड़ा दण्ड बन्दी, जिसको ऐसा दण्ड दिया गया है, को चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांचने तक कार्यान्वित नहीं किया जाएगा जिसे, यदि वह दण्ड को भुगतने के लिए बन्दी को योग्य समझता है, तो इतिवृत–टिकट में उसे प्रमाणित करेगा। (2) यदि वह बन्दी को दण्ड को भुगतने के लिए अयोग्य समझता है, तो वह उसी रीति में लिखित में अपनी राय अभिलिखित करेगा तथा विशेष रूप से बताएगा कि क्या बन्दी दिए गए किसी प्रकार के दण्ड के लिए अयोग्य है या वह उसमें कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझता है।
शास्तियों का प्रकाशन।	**99.** अधीक्षक, कारागार अपराधों की कोटि के प्रतिषिद्ध कृत्यों तथा उपरोक्त कृत्य करने के लिए उपगत शास्तियों को बताते हुए हिन्दी तथा अंग्रेजी में नोटिस कारागार के भीतर किसी सहज दृश्य स्थान में चिपकाया जाएगा।
प्रतिषिद्ध वस्तुएं।	**100.** निम्नलिखित वस्तुएं तब तक प्रतिषिद्ध वस्तुओं के रूप में समझी जाएंगी जब तक उसे अधीक्षक या इस निमित्त उस द्वारा सशक्त कोई अन्य अधिकारी की अनुमति से कारागार में प्रस्तुत या हटाई नहीं जाएं किसी बन्दी द्वारा या प्राप्त अधिकृत या अन्तरित नहीं की जाएं,– (क) किसी किस्म की मादक या मादक शराब; (ख) अप्राधिकृत तम्बाकू तथा उसके उत्पाद; (ग) कोई मादक पदार्थ, स्वापक औषधि, साईकोट्रोपिक पदार्थ या विधि द्वारा प्रतिबन्धित कोई अन्य वस्तु; (घ) ज्वलनशील या विषाक्त सामग्री, जो मानव शरीर या सम्पति को हानि पहुंचा सकती है; (ङ) बहुमूल्य धातु, धातु, मूल्यवान प्रतिभूतियां, जेवरात या आभूषण या कोई नकदी या मुद्रा; (च) सभी शस्त्र तथा हथियार तथा किसी भी प्रकार की वस्तुएं, जो हथियार के रूप में इस्तेमाल की जा सकती है; (छ) कारागारों में कार्य करने हेतु उपयोग में लाने के लिए जारी की गई वस्तुओं को छोड़कर, चाकू, शस्त्र, रस्सी, डोरी, बांस, सीढ़ी तथा घड़ी, कोई अन्य वस्तु, जो किसी भी प्रकार से भागने में अमल में लाई जा सकती है; (ज) कोई अन्य वस्तु, जो कारागार भण्डार तथा आपूर्ति से बन्दी के प्रयोग के लिए जारी नहीं की गई है; (झ) कोई संचार साधन, जैसे मोबाईल फोन, सिम–कार्ड, चार्जर, ईयरफोन या इसके घटक,

	जिसे कोई अन्य अप्राधिकृत इलैक्ट्रॉनिक उपकरण भी शामिल है; (ञ) सभी विस्फोटक, विषाक्त, मादक या उपशामक पदार्थ, चाहे किसी भी किस्म की जड़ी बूंटी, पाऊडर के रूप में हैं या किसी अन्य भौतिक या रसायन के रूप में हैं; (ट) कोई ऐसी दवाई, जो चिकित्सा अधिकारी द्वारा विहित या अनुमोदित नहीं की गई है; (ठ) महानिदेशक के आदेश द्वारा, समय–समय पर, प्रतिषिद्ध घोषित कोई अन्य वस्तु; तथा (ड) कोई अन्य वस्तु (वस्तुएं), जिनका उपयोग अधीक्षक द्वारा लिखित में अनुमत नहीं किया गया है, प्रतिषिद्ध वस्तु के रूप में समझी जाएगी।
दण्ड अभिलिखित किया जाना।	**101.** कारागार नियमों का प्रत्येक उल्लंघन, अधीक्षक के ध्यान में लाया जाएगा जो निश्चित करेगा कि क्या प्रतिवेदित उल्लंघन कोई अपराध गठित करता है। यदि अधीक्षक विश्वास करता है कि नियम का उल्लंघन अनभिज्ञता या क्षम्य लापरवाही के द्वारा किया गया है, तो वह बन्दी को चेतावनी देगा और दण्ड रजिस्टर में उसे अभिलिखित किए बिना आरोप खारिज कर देगा। किन्तु यदि सम्बन्धित बन्दी को उस पर लगाए गए आरोप के तथ्य सूचित करने तथा उसके अपना बचाव करने के लिए उसे अनुमति देने के बाद, अधीक्षक उसे अपराध मानता है, तो वह उचित दण्ड देगा तथा उसे बन्दी की इतिवृत–टिकट या दण्ड रजिस्टर में अभिलिखित करेगा। बन्दियों के लिए दण्ड रजिस्टर में बन्दियों द्वारा किए गए कारागार अपराधों के ब्योरे होंगे। ऐसे अभिलेख को समेकित कारागार प्रबन्धन प्रणाली में डिजीटल रूप में भी अनुरक्षित रखा जाएगा। दण्ड का आदेश सम्बन्धित बन्दी को भी सूचित किया जाएगा।
कारागार दण्ड के समापन की डायरी अनुरक्षित करना।	**102.** किसी दण्ड के लिए आदेश के दिन, जो विनिर्दिष्ट अवधि के लिए जारी रहेगा, ऐसे दण्ड की अवधि की समाप्ति की तिथि को कार्यान्वित किया गया है, से संगणित किया जाएगा तथा बन्दी का नाम तथा दण्ड के ब्योरे ऐसी तिथि, जिसको यह समाप्त किया गया है, इस डायरी में दर्ज किया जाएगा। उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा डायरी की हर रोज जांच की जाएगी तथा प्रत्येक दण्ड की समाप्ति के लिए आदेश बन्दी की इतिवृत–टिकट में दिए जाएंगे।
अधीक्षक द्वारा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना।	**103.** अधीक्षक, प्रत्येक तिमाही को महानिदेशक को दिए गए दण्डों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।
गिरफ्तार करने की शक्ति।	**104.** जब कोई व्यक्ति, कारागार के किसी अधिकारी की उपस्थिति में, कारागार की सीमाओं से बाहर किसी प्रतिषिद्ध वस्तु को किसी कारागार में या से, प्रवेश कराता या निकालता या चाहे जो भी किसी तरीके से प्रवेश करने या निकालने का प्रयास करता है या किसी बन्दी को आपूर्ति करता है या आपूर्ति करने का प्रयास करता है, तथा ऐसे अधिकारी के पूछने पर अपना नाम तथा निवास बताने से इन्कार करता है या कोई नाम या निवास देता है जिसे ऐसा अधिकारी जानता है या के झूठा होने के विश्वास करने का कारण रखता है, ऐसे अधिकारी उसे गिरफ्तार कर सकता है तथा अनावाश्यक विलम्ब के बिना उसे पुलिस अधिकारी को सौंप सकता है तथा उसके बाद ऐसा पुलिस अधिकारी ऐसे कार्यवाही करेगाा मानो अपराध उसकी उपस्थिति में किया गया हो।
शिकायत निवारण प्रणाली।	**105.** (1) प्रत्येक कारागार में एक सक्रिय शिकायत निवारण प्रणाली (जी.आर.एस.) होगी, जो प्रत्येक बन्दी को उसकी शिकायतों को व्यक्त करने के लिए न्यायसंगत तथा पर्याप्त अवसर मुहैया करवाएगी। (2) बन्दियों की आसान पहुँच में प्रत्येक कारागार के केन्द्र में अवस्थित तथा सुविधाजनक स्थानों में स्थापित एक या से अधिक शिकायत बाक्स होंगे। ऐसे शिकायत बाक्स महिला वार्ड में भी आसान पहुँच योग्य स्थान पर स्थापित किए जाएंगे। (3) बन्दी ऐसे बक्सों में अधीक्षक या उच्चतर प्राधिकारियों को सम्बोधित करते हुए लिखित याचिकाओं के रूप में अपनी शिकायतें डाल सकते हैं। (4) बक्सों को ताला लगाया जाएगा और चाबियां उप अधीक्षक (प्रशासन) की अभिरक्षा में रहेंगी, जो अधीक्षक द्वारा नियत तथा स्वीकृत दिन को सप्ताह में कम से कम दो बार शिकायत बक्सों को खोलेगा।शिकायत बक्से कारागार की सांय काल तालाबन्दी से पूर्व नियत समय पर खोले जाएंगे। (5) अधीक्षक स्वयं, सभी उप अधीक्षकों, चिकित्सा अधिकारी तथा एक वरिष्ठतम महिला अधिकारी (यदि कारागर में महिला वार्ड है) को मिलाकर शिकायत निवारण प्रणाली की एक समिति बनाएगा। (6) समिति जब कभी आवश्यक हो, बैठक करेगी किन्तु बन्दियों की शिकायतों की जांच–पड़ताल करने के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार बैठक करेगी। (7) अधीक्षक, समिति की अध्यक्षता करेगा, जो शीघ्रता से सभी शिकायतों कीं जांच करेगी। जांच का परिणाम, बन्दी को सूचित किया जाएगा तथा यदि वह जांच से सन्तुष्ट नहीं है, तो वह

	अपनी शिकायत के निवारण के लिए महानिदेशक को सिफारिश कर सकता हैः (8) समिति का निर्णय तुरन्त लागू किया जाएगा। (9) उच्च प्राधिकारियों को सम्बोधित शिकायतें, बिना विलम्ब के अधीक्षक की टिप्पणी सहित पाने वाले को भेजी जाएंगी। (10) सरकार, न्यायाधिकारी, महानिदेशक या अन्य उच्च पदाधिकारियों को बन्दियों द्वारा सम्बोधित पत्र तुरन्त उन्हें भेजे जाने चाहिए तथा उसकी दिनांकित पावती बन्दी को दी जानी चाहिए।

	अध्याय 10 **माफी तथा पुरस्कार** **माफी प्रणाली**
माफी प्रणाली।	**106.** (1) माफी एक रियायत है, जो राष्ट्रपति या राज्यपाल या समुचित सरकार या महानिदेशक या अधीक्षक द्वारा किसी बन्दी को दी जा सकती है। माफी केवल वापसी/वंचित/प्रतिसंहरण के अध्यधीन है और यह अधिकार नहीं है तथा इस प्रकार दावाकृत नहीं की जा सकती। समुचित सरकार के पास माफी की रियायत से किसी बन्दी या बन्दियों के प्रवर्ग को वंचित करने/वापस लेने का अधिकार आरक्षित है। पहले प्रदान की गई माफी से इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार वंचित किए जाने के लिए भी दायी होगा। (2) माफी, कारागार में बन्दी के रहने के दौरान सदाचार तथा कार्य, अभिरक्षा के दौरान कार्य करने में तत्परता, कारागार प्रबन्धन में कारागार प्रशासन में सहयोग, सहायता तथा मदद करने, तथा विभिन्न संस्थागत कार्यकलापों में साधारण अनुक्रिया के लिए प्रोत्साहन के रूप में आशयित है।
माफी समिति।	**107.** प्रत्येक कारागार में निम्नलिखित से मिलकर बनने वाली माफी समिति होगी,– (क) अधीक्षक–अध्यक्ष; (ख) उप अधीक्षक (प्रशासन)–सदस्य–सचिव; (ग) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण)–सदस्य ; **टिप्पणः–** जहां उप अधीक्षक की पदवी का केवल एक अधिकारी तैनात है, तो वहां अधीक्षक, सदस्यों के रूप में एक या से अधिक सहायक अधीक्षकों को सहयोजित कर सकता है।
माफी समिति के कार्य और बैठक।	**108.** (1) माफी समिति के कृत्य निम्न अनुसार होंगे, अर्थात्:– (क) माफी के सभी मामलों पर ध्यान देना; (ख) इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार विशेष माफी देने के लिए बन्दियों के मामलों की सिफारिश करना। (2) समिति के सदस्य माफी देने के सभी मामलों में, अधीक्षक की सहायता करेंगे। अधीक्षक के निर्णय को अन्तिम समझा जाएगा। (3) माफी समिति, प्रत्येक मास के अन्तिम सप्ताह में या जब कभी आवश्यक हो, बैठक करेगी।
माफी की किस्म।	**109.** माफी निम्नलिखित प्रकार की होगी,– (क) साधारण माफी; (ख) वार्षिक सदाचार माफी; (ग) विशेष माफी; (घ) सरकारी माफी।
साधारण माफी।	**110.** अधीक्षक या इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, जो उप अधीक्षक की पदवी से नीचे का न हो, साधारण माफी प्रदान कर सकता है।
साधारण माफी के लिए पात्रता।	**111.** निम्नलिखित बन्दी साधारण माफी अर्जित करने के लिए पात्र होंगे, अर्थात्:– (क) बन्दी, जिसका मुख्य दण्डादेश तीन मास या से अधिक का (किसी भी प्रवृति का) है; (ख) उपरोक्त खण्ड (क) में यथा वर्णित शर्तो को पूरा करने वाले बन्दियों किन्तु जो उनके नियन्त्रण से बाहर कारकों के कारण संस्थागत कार्यकलापों में भाग लेने में असमर्थ हैं, जैसे कि न्यायालय में उपस्थिति या एक कारागार से दूसरी कारागार में पारगमन या मानसिक अस्पताल सहित अस्पताल में अन्तरंग रोगी के रूप में भर्ती, को सम्बन्धित अवधि के दौरान उनके सदाचार के अध्यधीन, पूर्वमास के दौरान उन द्वारा अर्जित स्केल पर साधारण माफी दी जा सकती है; (ग) बन्दी, जो उपरोक्त खण्ड (क) में यथा वर्णित शर्तें पूरा करते हैं किन्तु अन्तरंग रोगी के रूप में अस्पताल में भर्ती हैं। अपने स्वास्थ्य लाभ की अवधि के दौरान साधारण माफी उनके सद्भाव के बारे में चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणीकरण के अध्यधीन दी जा सकती है; (घ) उपरोक्त खण्ड (क) में यथा वर्णित शर्तें पूरी करने वाले बन्दियों तथा चिकित्सा अधिकारी द्वारा कार्य करने में असमर्थ प्रमाणित किए गए हैं; (ङ) दण्ड अवधि को ध्यान में रखे बिना सफाई कार्य में कार्यरत बन्दी; (च) तीन मास या से अधिक के साधारण कारावास के लिए दण्डादेशित बन्दी और जो स्वेच्छा से कार्य करते हैं या कम–से–कम एक मास के लिए लगातार कार्यरत हैं, को उन द्वारा किए गए कार्य के अनुसार माफी दी जा सकती है; (छ) यदि कोई बन्दी, उसके नियन्त्रण से बाहर कारणों से आबंटित कार्य करने में असमर्थ है, तो उसे ऐसी अवधि के लिए माफी से वंचित नहीं किया जाएगा। तथापि, ऐसी माफी उसके सदाचार तथा अन्य संस्थागत कार्यकलापों में उसकी भागीदारी के अध्यधीन होगी।

साधारण माफी के लिये अपात्रता।	**112.** साधारण माफी निम्नलिखित मामलों में प्रदान नहीं की जाएगी, अर्थात् :— (क) ऐसे बन्दी जिनका मुख्य दण्डादेश तीन मास से कम है (किसी भी प्रवृति का); (ख) जुर्माने के भुगतान की चूक में दण्ड भुगतने वाला कोई बन्दी; (ग) यदि किसी बन्दी की सजा या कुल सजा अपील में कम करके तीन मास से कम की जाती है, तो उसकी साधारण माफी के लिए पात्रता में समाप्त हो जाएगी तथा कोई माफी, जो कटौती से पूर्व अर्जित की गई है, जब्त हो जाएगा। इसी प्रकार यदि तीन मास से कम के दण्ड को पश्चात्वर्ती दोषसिद्धि या अन्यथा द्वारा तीन मास के दण्ड तक बढ़ाया गया है, तो बन्दी को कलैण्डर मास के प्रथम दिन से आगामी मास, जिसमें उसे उसकी प्रथम या मूल दोषसिद्धि पर कारागार में प्रविष्ट किया गया था तक साधारण माफी में जमा कर दी जाएगी; (घ) बन्दी, जिसके मामले में समुचित सरकार या सक्षम न्यायालय ने आदेशित किया है कि माफी नहीं दी जाएगी; (ङ) बन्दी, जिसे नियम 115 के अनुसार माफी से वंचित किया गया है; (च) बन्दी, जो नियम 95 में यथा परिभाषित बड़े अपराध के लिए कोई दण्ड भुगत रहा है; (छ) बन्दी, जो ऐसी अवधि के लिए,जो अधीक्षक द्वारा निश्चित की जाए, स्वतः पहुंचाई गई हानि के लिए अन्तरंग रोगी के रूप में अस्पताल में रहा है; (ज) बन्दी, जिसने भूख हड़ताल या कार्य हड़ताल का सहारा लिया है; (झ) विधि के अनुसार माफी प्रणाली से विशेष रूप से बाधित बन्दी; (ञ) कठोर कारावास से दण्डादिष्ट तथा आबंटित कार्य न करने वाला बन्दी। **टिप्पणः—** स्वापक औषधि तथा मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का केन्द्रीय अधिनियम 61) के अधीन दण्डादिष्ट बन्दी इन नियमों के अधीन किसी प्रकार की माफी के लिए पात्र नहीं होंगे।
साधारण माफी तथा अधिनिर्णय के लिए प्राधिकारी का पैमाना।	**113.** साधारण माफी निम्नलिखित पैमाने के अनुसार माफी समिति से प्राप्त सिफारिश को ध्यान में रखते हुए अधीक्षक द्वारा सिद्धदोष बन्दियों को दी जाएगी,— (क) सदाचार, संस्थागत कार्यकलापों में भागीदारी जैसे कि शैक्षिक कार्यक्रम, अव्यसन कार्यक्रम आदि तथा कारागार नियमों का अति सावधानी से अनुपालन करने के लिए प्रति कलैण्डर मास दो दिन; (ख) विहित मानकों के अनुसार उद्योग में कार्य करने या दिए गए दैनिक कार्य को करने के लिए प्रति कलैण्डर मास दो दिन; (ग) कारागार के सामान्य रख—रखाव या रसोई में या खेती कार्यकलाप या बन्दी अधिकारी के रूप में या कारागार अस्पताल आदि में कारागार अवकाश को कार्य करने के लिए प्रति कलैण्डर मास एक दिन; (घ) उन बन्दियों को प्रतिमास तीन दिन, जो कारागार में स्वेच्छा से सफाई कार्य करते हैं; तथा (ङ) अर्ध—खुली कारागार या खुली कारागार में बन्दियों को प्रतिमास एक दिन की अतिरिक्त माफी प्रदान की जाएगी।
साधारण माफी, जो कारागार में प्रवेश के बाद किए गए किसी अपराध के लिए अर्जन योग्य नहीं है।	**114.** यदि किसी बन्दी को उसके कारागार में परिरोध के दौरान या अस्थाई रिहाई की अवधि के दौरान किए गए किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है, तो ऐसी दोषसिद्धि की तिथि तक, इन नियमों के अधीन उस द्वारा अर्जित किसी प्रकार की माफी महानिदेशक की स्वीकृति से जब्त की जा सकती है।
पुनः प्रवेश से वंचित बन्दी का माफी प्रणाली में पुनः प्रवेश।	**115.** (1) महानिदेशक, अधीक्षक की सिफारिश पर, किसी बड़े कारागार अपराध को करने के लिए एक वर्ष तक की अवधि के लिए माफी से किसी बन्दी को वंचित कर सकता है। इसी प्रकार, अधीक्षक छह मास तक की अवधि के लिए माफी प्रणाली से बन्दी को वंचित कर सकता है। (2) ऐसे बन्दी को आगामी मास के प्रथम दिन से इन नियमों के अधीन माफी प्रणाली में पुनः प्रविष्ट किया जाएगा।
साधारण माफी की संगणना।	**116.** (1) साधारण माफी, बन्दी के दण्ड की आगामी उत्तरवर्ती तिथि के कलैण्डर मास के प्रथम दिन से संगणित की जाएगी। साधारण माफी कलैण्डर मास की खंडित अवधि के लिए प्रदान नहीं की जाएगी। बन्दी यदि किसी मास के प्रथम दिन को दण्डादेशित नहीं किया गया है, तो उस मास के लिए माफी प्राप्त नहीं करेगा, जिसमें उसे दण्डादिष्ट किया गया है। (2) रिहाई या फरलो या उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती या अभिरक्षा पैरोल आदि पर रिहाई के कारण कारागार से बाहर बिताई गई अवधि को खंडित अवधि के रूप में नहीं समझा जाएगा। ऐसी

	अवधि के दौरान बन्दी साधारण माफी अर्जित करने के लिए पात्र होगा। कारागार से बाहर बिताई गई अवधि के लिए, जो दण्ड जैसे कि जमानत, पैरोल, भागने इत्यादि, के भाग के रूप में शामिल नहीं की गई है, बन्दी, साधारण माफी के अर्जन के लिए पात्र नहीं होंगे। ऐसे मामलों में त्रैमासिक साधारण माफी की संगणना करते समय आनुपातिक माफी काट दी जाएगी। **टिप्पणः—** बन्दी, जिसे नियमित जमानत पर रिहा किया गया है, को उसके पुनः प्रवेश के आगामी उत्तरवर्ती कलैण्डर मास के प्रथम दिन को माफी प्रणाली के अधीन लाया जाएगा तथा किसी माफी में जमा की जाएगी, जो उसने जमानत पर उसकी रिहाई या दण्ड के निलम्बन से पूर्व अर्जित की हो। (3) कारावास भुगतने के दौरान एक कारागार से दूसरी कारागार में स्थानान्तरित बन्दी के मामले में, विचाराधीन बन्दी के रूप में बिताई गई अवधि को छोड़कर, प्रथम कारागार में उस द्वारा बिताई गई अवधि माफी देने के प्रयोजन के लिए दूसरी कारागार में उस द्वारा बिताई गई अवधि सहित संगणित की जाएगी।
वार्षिक सदाचार माफी।	**117.** (1) साधारण माफी के लिए पात्र कोई बन्दी, जिसने अपने दण्ड की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए या तिथि, जिसको कारागार अपराध के लिए अन्तिम बार दण्डित किया गया था, किसी भी प्रकार का कोई कारागार अपराध नहीं किया है, को इन नियमों के अधीन अर्जित किसी अन्य माफी के अतिरिक्त पन्द्रह दिन की वार्षिक सदाचार माफी (ए.जी.सी.आर.) दी जाएगी। दूसरी पन्द्रह दिन की वार्षिक सदाचार माफी, तभी दी जाएगी यदि बन्दी किसी कारागार अपराध के लिए किसी दण्ड के बिना दण्ड के दो वर्ष पूरे करता है। (2) यदि बन्दी किसी कारागार अपराध के लिए किसी दण्ड के बिना दण्ड के तीन वर्ष पूरे करता है, तो उसे तीसरे वर्ष की समाप्ति पर सदाचार के लिए साठ दिन की वार्षिक सदाचार माफी दी जाएगी। **टिप्पणः—** इस नियम के लिए, केवल औपचारिक चेतावनी से दण्डित कारागार अपराधों को हिसाब में नही लिया जाएगा।
अधिनिर्णय करने की प्रक्रिया।	**118.** (1) साधारण माफी का अधिनिर्णय, अधीक्षक द्वारा त्रैमासिक आधार पर किया जाएगा, जो अधिनिर्णय करने से पूर्व सम्बन्धित सहायक अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा बन्दी की इतिवृत–टिकट पर अभिलिखित उसके आचरण या कार्य के मासिक निष्पादन पर किसी टिप्पणी के लिए सलाह लेगा। (2) यदि किसी बन्दी को औपचारिक चेतावनी से अन्यथा तिमाही के दौरान दण्डित नहीं किया गया है, तो उसे नियम 113 के अधीन तिमाहीं के लिए पूर्ण साधारण माफी दी जाएगी। (3) यदि किसी बन्दी को औपचारिक चेतावनी से अन्यथा तिमाही के दौरान दण्डित किया गया है, तो मामला अधीक्षक के सम्मुख रखा जाएगा, जो दण्ड या दिए गए दण्डों पर विचार करने के बाद निर्णय करेगा कि कितनी मात्रा में माफी दी जाएगी।
माफी का त्रैमासिक रूप से दिया जाना।	**119.** साधारण माफी का अधिनिर्णय, प्रथम जनवरी, प्रथम अप्रैल, प्रथम जुलाई तथा प्रथम अक्तूबर को यथा सम्भव निकटतम रूप से किया जाएगा तथा बन्दी की इतिवृत–टिकट में अभिलिखित किया जाएगा। किसी बन्दी को दी गई माफी उसके दिए जाने के बाद यथा सम्भव शीघ्र उसकी इतिवृत–टिकट पर अभिलिखित की जाएगी। वार्षिक सदाचार माफी (एजीसीआर) इसके देय होने के बाद यथा शीघ्र उसकी इतिवृत–टिकट में अभिलिखित की जाएगी। इतिवृत–टिकट में ऐसी प्रविष्टियां उप–अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा सत्यापित की जाएंगी।
रिहाई के मास के लिए कोई माफी नहीं।	**120.** किसी भी बन्दी को कलैण्डर मास, जिसमें वह रिहा होने जा रहा है, के लिए साधारण माफी नहीं दी जाएगीः परन्तु किसी कैदी (बंदी) को वार्षिक अच्छे आचरण की छूट, जब भी देय हो, प्रदान की जा सकती हैः परन्तु यह और कि यदि रिहा होने की अंतिम तिथि की गणना करने पर, यह पाया जाता है कि किसी भी मास के लिए छूट की पूर्ण मात्रा प्रदान करने से कैदी की रिहाई की तिथि उसी मास के भीतर आ जाएगी, तो उसे मास के अन्तिम दिन रिहा करने के लिए सिर्फ पर्याप्त छूट दी जाएगी। **उदाहरण.—** कोई बंदी एक बन्दी अधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है और जून मास के लिए साधारण छूट दिए बिना, वह 3 जुलाई को रिहा होने वाला है। यदि उसे जून मास के लिए 5 दिन की साधारण छूट प्रदान की जाती है, तो उसकी रिहाई की अन्तिम तिथि 28 जून होगी। ऐसी परिस्थिति में, जून मास के लिए 3 दिन की साधारण छूट प्रदान की जाएगी और उसे 30 जून की शाम को रिहा कर दिया जाएगा।

अन्य राज्यों से दोषसिद्ध बन्दियों को माफी।	**121.** माफी उन बन्दियों को दी जाएगी, जिन्हें दण्ड देने वाले राज्य के माफी नियमों के अधीन अन्य राज्यों में उनके दण्ड को पूरा करने के लिए स्थानान्तरित किया गया है।
सेना न्यायालय के अधीन दण्डादिष्ट बन्दी को माफी।	**122.** सेना न्यायालय के अधीन दण्डादिष्ट बन्दियों को माफी सुसंगत अधिनियम के उपबन्धों तथा गृह मामले मन्त्रालय, भारत सरकार के आदेशों के अनुसार दी जाएगी।
विशेष माफी।	**123.** (1) कारागार प्राधिकारियों के साथ अच्छे सहयोग के भाव को बढ़ावा देने तथा कारागारों के उचित प्रशासन के लिए, अधीक्षक या उसकी सिफारिश पर महानिदेशक किसी बन्दी को विशेष माफी निम्नलिखित आधारों पर चाहे वह साधारण माफी के लिए पात्र है या नहीं है, प्रदान कर सकता है,– (क) शारीरिक हिंसा या खतरे से किसी सरकारी कर्मचारी, कारागार मुलाकाती या सहवासी का संरक्षण करने; (ख) बन्दियों को भागने से रोकने या भागने के लिए प्रयास करने वाले बन्दियों को पकड़ने या किसी बन्दी या बन्दियों के समूह द्वारा भागने की किसी योजना या प्रयास के बारे में तात्विक जानकारी देने; (ग) आकस्मिक संकट जैसे कि अग्नि, दंगे के प्रकोप तथा हड़ताल को संभालने में कारागार कर्मचारियों की सहायता करने; (घ) अनुशासन बनाए रखने में तथा कारागार विनियमों या अनुशासन के गम्भीर भंग का पता लगाने तथा निवारण करने में कारागार प्रशासन की सहायता करना; (ङ) सांस्कृतिक कार्यकलापों, खेलों, शिक्षा या व्यावसायिक प्रशिक्षण में उत्कृष्ट योगदान या कारागार रसोई या अस्पताल में किए गए श्रेष्ठ कार्य के लिए; (च) कारागार कर्मशाला, उद्योग, कृषि या किसी अन्य कार्य कार्यक्रम, जिसमें नवाचार कार्य शामिल हो सकता है या किसी विशेष कौशल या किसी अन्य असाधारण कार्यकलाप का प्रयोग करने में उत्कृष्ट कार्य; तथा (छ) बन्दियों के शैक्षणिक स्तर जैसे कि संसाधन व्यक्ति के रूप में बन्दियों को शिक्षा या व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना, में सुधार का संचालन करने में, या कारागार कृषि या बाग प्रबन्धन में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए कारागार प्रशासन की सहायता करना। (2) साधारण माफी तथा वार्षिक सदाचार माफी के अतिरिक्त विशेष माफी निम्नलिखित द्वारा दी जा सकती है,– (क) एक वर्ष में तीस दिन से अनधिक अवधि तक अधीक्षक द्वारा; (ख) एक वर्ष में साठ दिन से अनधिक अवधि के लिए महानिदेशक द्वारा। **टिप्पणः–** इस नियम के लिए एक वर्ष की गणना दण्ड की तिथि से की जाएगी तथा वर्ष के किसी भाग को सम्पूर्ण वर्ष के रूप में गिना जाएगा। (3) विशेष माफी का अधिनिर्णय किए जाने के बाद यथा सम्भव शीघ्रता से बन्दी की इतिवृत–टिकट में दर्ज किया जाएगा तथा अधीक्षक द्वारा विशेष माफी के प्रत्येक अधिनिर्णय के लिए कारण संक्षिप्त रूप से अभिलिखित किए जाएंगे। **टिप्पणः–** बन्दी माफी पालिसी के अनुसार राज्य सरकार की माफी के लिए पात्र नहीं है तथापि, स्वापक औषधि तथा मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के मामलों में सिद्धदोष बन्दियों के सिवाए कारागार अभिरक्षा के समय उनके सदाचार के लिए अर्जित विशेष माफी के लिए पात्र होगा।
सरकारी माफी।	**124.** (1) राष्ट्रपति या राज्यपाल या समुचित सरकार द्वारा दी गई माफी सरकारी माफी कही जाएगी। (2) सरकारी माफी ऐसे बन्दियों या बन्दियों के प्रवर्गों को दी जा सकती है, जो समुचित सरकार निर्णय करे। (3) सरकारी माफी ऐसे पैमाने या ऐसी मात्रा में दी जाएगी, जो समुचित सरकार समय–समय पर नियत करे।
माफी के अधिनिर्णय पर प्रतिबन्ध।	**125.** इन नियमों में कहीं भी दी गई किसी बात के होते हुए भी, भारत के संविधान के अनुच्छेद 72 या 161 के अधीन दी गई माफी के सिवाए, सरकारी माफी सहित इस नियम के अधीन किसी बन्दी को दी गई कुल माफी महानिदेशक की स्वीकृति के बिना उसके दण्ड के एक चौथाई भाग से अधिक नहीं होगी : परन्तु महानिदेशक दण्ड के अधिकतम एक–तिहाई तक की माफी प्रदान कर सकता है।

रिहाई की तिथि संगणित करते समय माफी अवधि।	**126.** किसी बन्दी की रिहाई की तिथि संगणित करने में अर्जित माफी के दिनों की संख्या प्रत्येक मास के तीस दिनों की दर से मास तथा दिनों में परिवर्तित की जाएगी। **टिप्पण–1.–** यदि किसी बन्दी का दण्ड, अपील न्यायालय द्वारा संशोधित किया गया है, तो पहले अर्जित माफी नए दण्ड के अनुसार समायोजित की जाएगी। **टिप्पण–2.–** यदि किसी बन्दी का दण्ड, विधि की धारा के अधीन जिसके अधीन, माफी वर्जित है, दोषसिद्धि (दोषसिद्धियों) के लिए आगामी अपील न्यायालय द्वारा संशोधित किया है, तो पहले अर्जित माफी जब्त हो जाएगी।
आजीवन बन्दी की अर्जित माफी का प्रभाव।	**127.** किसी भी आजीवन बन्दी को रिहा नहीं किया जाएगा यदि राज्य सरकार द्वारा ऐसा आदेश नहीं किया गया है।
रिहाई के समय पर पालन की जाने वाली प्रक्रिया।	**128.** यदि कोई बन्दी रिहा किया गया है, उस द्वारा अर्जित माफी की कुल मात्रा उसके वारंट पर तथा प्रवेश रजिस्टर में पृष्ठाकिंत की जाएगी तथा पृष्ठाकंन अधीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।
स्थानान्तरित बन्दी का रिकार्ड।	**129.** (1) यदि किसी बन्दी को दूसरी कारागार में स्थानान्तरित किया गया है, तो पूर्व मास की समाप्ति तक उस द्वारा अर्जित माफी की कुल मात्रा उसकी इतिवृत–टिकट में दर्ज की जाएगी तथा माफी शीट उप अधीक्षक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित की जाएगी। (2) प्राप्त करने वाली कारागार जिम्मेवार होगी कि उपरोक्त सूचना विधिवत प्राप्त की गई है। प्रत्येक कारागार, जिसमें बन्दी अपने दण्ड का भाग पूरा करता है, ऐसी अवधि के दौरान अर्जित माफी की सही संगणना के लिए जिम्मेवार होगी। (3) यदि किसी बन्दी को दूसरी कारागार में स्थानान्तरित किया गया है, तो उसकी माफी शीट (या कार्ड) जहां वह रखी गई है या जहां वे रखी नहीं गई है, अधीक्षक द्वारा स्थानान्तरण की तिथि तक अर्जित कुल माफी की प्रमाणित विवरणी कारागार में भेजी जाएगी।
दी गई या जब्त की गई माफी का रिकार्ड।	**130.** (1) इन नियमों के अधीन साधारण माफी प्रदान करने के लिए हकदार किसी बन्दी के प्रवेश पर उप अधीक्षक (प्रशासन) ऐसे बन्दी के सम्बन्ध में "माफी शीट" तैयार करेगा या तैयार करवाएगा। ऐसे रिकार्ड को कारागार प्रबन्धन प्रणाली में डिजीटल रूप में भी रखा जाएगा, यद्यपि, बन्दी, जो साधारण माफी देने के हकदार नहीं है, को विशेष माफी या सरकारी माफी दी गई है, के पास जब कभी आवश्यक हो उसके नाम से समनुदेशित एक माफी शीट होगी। (2) सभी माफियों के बारे में प्रविष्टियां, प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर बन्दी की माफी शीट तथा इतिवृत–टिकट में उप अधीक्षक (प्रशासन) के उचित सत्यापन के अधीन की जाएगी। यदि कोई बन्दी, तिमाही के समापन से पूर्व रिहाई देने योग्य है, तो ये प्रविष्टियां सम्बन्धित मास के दौरान की जाएंगी तथा उसकी रिहाई के बारे में कार्रवाई तदानुसार की जाएगी।
माफी प्रणाली नियम का प्रकाशन।	**131.** हिन्दी भाषा में अनुवादित उपरोक्त माफी प्रणाली नियमों का सार कारागार के भीतर सहजदृश्य स्थानों में चिपकाया जाएगा।
माफी शीट का अनुरक्षण तथा प्रतिधारण।	**132.** (1) माफी शीट वारंट के साथ बन्दी वारंट कार्यालय में सुरक्षित रूप से रखी जाएगी तथा किसी भी बन्दी को किन्हीं भी परिस्थितियों में किसी माफी शीट तक पहुंच अनुज्ञात नहीं की जाएगी। (2) माफी शीट बन्दी, जिससे वे सम्बन्धित हैं, की रिहाई के बाद एक वर्ष के लिए कारागार के कार्यालय में रखी जाएगी। **टिप्पणः–** जमानत या दण्ड के समापन पर रिहा किये गए प्रत्येक बन्दी की उस द्वारा अर्जित कुल माफी प्रवेश रजिस्टर में दर्ज तथा अधीक्षक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित की जाएगी।
माफी पंजी का अनुरक्षण।	**133.** प्रत्येक मास के प्रथम सप्ताह में सम्बन्धित सहायक अधीक्षक उन सभी बन्दियों के नाम दर्शाने वाली एक रिपोर्ट तैयार करेगा, जो अनुमान पर हैं कि वे चालू मास के दौरान अपनी सम्पूर्ण साधारण माफी अर्जित करेंगे, आगामी अनुवर्ती मास में रिहाई के हकदार होंगे। उप अधीक्षक (प्रशासन) उसी समय माफी शीट तथा इतिवृत–टिकट के साथ उसका मिलान करके पंजी में प्रविष्टियों की विशुद्धता को सत्यापित करेगा तथा माफी पंजी तथा इतिवृत–टिकट में प्रत्येक बन्दी की रिहाई की संभाव्य तिथि दर्ज करेगा। ऐसे रिकार्ड को डिजीटल रूप में भी अनुरक्षित किया जाएगा। तब माफी पंजी अधीक्षक द्वारा अनुमोदित की जाएगी।
विशेष माफी पर वार्षिक रिपोर्ट।	**134.** अधीक्षक संक्षिप्त ब्योरों सहित किसी बन्दी को वर्ष के दौरान पन्द्रह दिन से अधिक विशेष माफी प्रदान करने के ब्योरे दर्शाने वाली रिपोर्ट महानिदेशक को प्रति वर्ष प्रस्तुत करेगा।

पुरस्कार।	**135.** (1) श्रम से दण्डादिष्ट सभी बन्दी, किए गए प्रत्येक अतिरिक्त दिन के कार्य के लिए एक दिन की दर से विशेष माफी देने के लिए पात्र होंगे, कार्य की मात्रा प्रत्येक कलैण्डर मास की समाप्ति पर संगणित की जाएगी। इस नियम के लिए श्रम से दण्डादिष्ट बन्दियों में साधारण कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी शामिल होंगे जो स्वैच्छिक रूप से श्रम को चुनते हैं। **उदाहरणः–** मानो कोई बन्दी बुनाई अर्थात् दैनिक 12 मीटर कपड़ा बनाने का अपना कार्य पूरा करता है। उसका मासिक उत्पादन एक मास में 288 मीटर (जिसमें साप्ताहिक परेड दिनों को 1/2 कार्य शामिल है) होना चाहिए। यदि वह 300 मीटर बुनता है, तो वह एक दिन तथा यदि वह 312 मीटर कपडा बुनता है, तो दो दिन और इस प्रकार की अतिरिक्त विशेष माफी प्राप्त करेगा । (2) संयुक्त पाली में उसी कार्य पर दो या से अधिक व्यक्तियों के नियोजन के मामले में अर्जित मात्रा उनमें बराबर रूप से या ऐसे अनुपात में, जो अधीक्षक उचित समझे, विभक्त की जाएगी। (3) कारागार में अकार्य तथा श्रम कार्य पर नियोजित बन्दी, विनिर्दिष्ट दरों पर माफी प्रदान करने के लिए पात्र होगा। अधीक्षक अकार्य श्रम के बन्दी को माफी प्रदान कर सकता है, यदि वह सन्तुष्ट हो जाता है कि उद्योग तथा बन्दी का प्रयास ऐसा है, जो माफी के लिए उसको हकदार बनाता है यदि वह श्रमिक के रूप में नियोजित था, जो कार्य करने के लिए भावुक है। (4) यह सुनिश्चित करने के लिए कि विशेष माफी प्रदान करने की प्रणाली यथा सम्भव अल्प अनियमितता से परिचालित की जाती है, अधीक्षक नियत श्रम पर नियोजित व्यावसायिक या प्रशिक्षित बन्दियों के लिए कार्य की उच्च न्यूनतम पाली नियत कर सकता है। (5) कार्य पर नियोजित समय साधारणतः अधिनियम के उपबन्धों द्वारा यथा अपेक्षित प्रतिदिन 08 घण्टे से अधिक नहीं होगा। (6) किया गया अतिरिक्त कार्य स्वैच्छिक होना चाहिए तथा विशेष माफी प्रदान करना अधीक्षक द्वारा अपेक्षित गुणवता में अपेक्षित मानकों तक होना सशर्त होगा। (7) अधीक्षक को अतिरिक्त नियत कार्य के लिए सामग्री की पर्याप्त आपूर्ति की व्यवस्था करनी चाहिए। अतिरिक्त कार्य की मात्रा की कोई सीमा नहीं रखी जानी है, जिसके लिए बन्दी को कठोर श्रम के लिए योग्य माना गया है, किन्तु यह नियोजन के घण्टों की समय सीमा के अध्यधीन हो। (8) बन्दी, यदि मध्यम या हल्के श्रम के लिए योग्य है, तो श्रम की उसकी श्रेणी के मेहनती कार्य पर गिने गए प्रत्येक अतिरिक्त दिन के कार्य के लिए एक दिन की विशेष माफी की दर से क्रमशः श्रम की इन श्रेणियों के लिए अधिकथित कार्य से अधिक किए गए अतिरिक्त कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाना है। (9) मध्यम तथा हल्के श्रम के लिए योग्य किसी बन्दी को उसकी इतिवृत–टिकट में अभिलिखित चिकित्सा अधिकारी की स्वीकृति के बिना अतिरिक्त कार्य करने या मध्यम श्रम व्यक्ति के मामले मे, कठोर श्रम कार्य या हल्के श्रम व्यक्ति के मामले में, मध्यम श्रम कार्य के कुल कार्य दिवसो से अधिक की अनुमति नहीं दी जाएगी। (10) अतिरिक्त कार्य करने के लिए किसी समय पर अयोग्य होने वाले संदिग्ध किसी बन्दी को अतिरिक्त कार्य करने से उसे रोकने की दृष्टि से चिकित्सा अधिकारी के ध्यान में लाया जाएगा। (11) किसी बन्दी को अनुज्ञात की जाने वाली माफी, जो नियत या अनियत श्रम पर है, इन नियमों में विहित सीमाओं से अधिक नहीं होनी चाहिए।
उद्योग के लिए उपदान या न्यूनतम मजदूरी देने की शर्त।	**136.** सरकार द्वारा समय–समय परयथा विनिश्चित उचित कटौती सहित न्यूनतम मजदूरी की दर पर बन्दी को उस काम का भुगतान किया जाएगा।

	अध्याय 11 **दण्ड का निष्पादन**
रिहाई की तिथि, विशुद्धता की जिम्मेवारी।	**137.** (1) तिथि, जिसको कोई बन्दी रिहा किए जाने के लिए हकदार है, उप उधीक्षक (प्रशासन) के पर्यवेक्षण के अधीन बन्दी अनुभाग के प्रभारी द्वारा संगणित की जाएगी तथा बन्दी का नाम तथा क्रम संख्या देते हुए उस तिथि के नीचे रिहाई रजिस्टर में दर्ज की जाएगी। बन्दी अनुभाग प्रभारी के तिथि तथा हस्ताक्षर सहित क्रास–जांच करने के लिए सुपुर्दगी वारंट के पीछे एक संदर्भ नोट दिया जाएगा। (2) यदि रिहाई की तिथि या तो अतिरिक्त कारावास के अधिरोपण से या दण्ड के किसी भाग की माफी से या जमानत से फरार होने के कारण या भागने पर परिवर्तित हो जाती है, तो रिहाई की नई तिथि अवधारित की जाएगी तथा उस प्रभाव की रिहाई रजिस्टर में प्रविष्टि की जाएगी। पुरानी प्रविष्टि लाल स्याही के द्वारा गोल की जाएगी तथा नियत नई तिथि का उसके सामने संदर्भ दिया जाएगा। (3) उप अधीक्षक (प्रशासन) रिहाई रजिस्टर तथा प्रवेश रजिस्टर में प्रत्येक प्रविष्टि की स्वयं जांच करेगा। वह उनकी विशुद्धता के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होगा।
कतिपय दिनों को दण्ड के दिनों के रूप में गिनना।	**138.** (1) दिन, जिसको कोई बन्दी रिहा किए जाने के लिए हकदार है, को संगणित करने में दिन, जिसको दण्ड पारित किया गया है तथा दिन, जिसको बन्दी रिहा किया गया है, को दण्ड के भाग के रूप में समझा जाएगा : परन्तु यदि बन्दी दो या से अधिक दण्ड परिणामस्वरूप भुगत रहा है, तो किसी भी दिन को ऐसे एक दण्ड से अधिक के सम्बन्ध में कारावास के दिन के रूप में नहीं गिना जाएगा : परन्तु यह और कि एक दिन या चौबीस घण्टे के कारावास के दण्ड को दिन के आगामी दिन, जिसको दण्ड पारित किया गया था, के प्रातःकाल की समाप्ति से माना जाएगा। (2) दण्ड की अवधि कलैण्डर वर्ष, मास, पखवाड़ा, सप्ताह या दिनों में संगणित की जाएगी। 'वर्ष' शब्द से अभिप्राय है, कलैण्डर वर्ष, ''मास'' से अभिप्राय है, कलैण्डर मास, ''पखवाड़े'' से अभिप्राय है, चौदह दिन या ''सप्ताह'' से अभिप्राय है, सात दिन। (3) यदि बन्दी के दण्ड में एक मास का भाग शामिल है, तो रिहाई की तिथि दिनों के ऐसे भाग को कम करके संगणित की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए एक मास में तीस दिन शामिल होंगे। उदाहरणः– यदि कोई बन्दीं 2 फरवरी को 'डेढ मास' से दण्डादिष्ट किया गया है, तो उसकी रिहाई की तिथि 16 मार्च होगी। (4) यदि मास, जिसमें बन्दी का दण्ड समाप्त हो जाता है, कोई तिथि दण्ड की तिथि के अनुरूप नहीं है, तो कथित मास के अन्तिम दिन को दण्ड की समाप्ति के दिन के रूप में लिया जाएगा। यही सिद्धान्त जब भी लागू होगा यदि दण्ड, दण्ड में कमी या जुर्माने के भुगतान या माफी देने के कारण कम किया गया है। (5) यदि किसी बन्दी उस मामले, जिसमें उसे जमानत नहीं दी गई है, के लिए उसकी रिहाई के उसी दिन को न्यायालय में हाजिर होता है, तो उसे प्रातःकाल में रिहा के रूप में माना जाएगा तथा विचाराधीन बन्दी के रूप में न्यायालय में भेजा जाएगा। यदि बन्दी सचमुच उसी तिथि को अतिरिक्त कारावास के लिए दण्डादिष्ट किया गया है, तो दण्ड उतरवर्ती दिन से संगणित किया जाएगा। **उदाहरणः–1.** 15 जनवरी, 2020 की एक वर्ष के कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी, 14 जनवरी, 2021 को रिहा किया जाएगा, एक मास के कारावास के लिए प्रथम जनवरी को दण्डादिष्ट बन्दी उसी मास की 31 तारीख को रिहा किया जाएगा। **उदाहरणः–2.** यदि क तथा ख को क्रमशः 30 तथा 31 जनवरी को एक मास के कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, तो दोनों दण्ड 28 फरवरी को प्रातः काल समाप्त होंगे यदि वह अधिवर्ष नहीं है तथा यदि वह अधिवर्ष है, तो 29 फरवरी को समाप्त होंगे।
दण्ड को भोगना।	**139.** किसी भी दशा में दण्ड भोगे जाते हैं, बन्दी सभी दण्डों की सम्पूर्ण अवधि भोगने के लिए दायी है, परन्तु किन्हीं परिस्थितियों में किसी बन्दी को सुपुर्दगी के वारंट की अवधि द्वारा सूचित अवधि से अधिक के लिए कारागार में निरूद्ध नहीं किया जाएगा। आदेश के सम्बन्ध में सन्देह के मामले में, जिसमें दण्ड प्रभावी होंगे, अन्तिम दण्ड लगाने वाले न्यायालय से हिदायतें प्राप्त की जाएंगी।
आजीवन कारावास के लिए दण्डादिष्ट बन्दियों के मामले में रिहाई की तिथि।	**140.** (1) आजीवन कारावास से अभिप्राय है, सम्पूर्ण प्राकृतिक जीवन के लिए कारावास। तथापि, आजीवन कारावास से दण्डादिष्ट सभी बन्दियों की दण्ड रिहाई की काल्पनिक (वृतिमूलक) तिथि की संगणना के सीमित प्रयोजन के लिए बीस वर्ष के कारावास के दण्ड के रूप में समझी जाएगी : परन्तु यदि विचारण न्यायालय या अपील न्यायालय, जैसी भी स्थिति हो, ने विशेष रूप से आदेशित किया है कि आजीवन कारावास, बन्दी के प्राकृतिक जीवन के शेष रहने तक होगा, तो ऐसे बन्दी

	को कोई माफी नहीं दी जाएगी। (2) यदि मृत्यु दण्ड, आजीवन कारावास, या मीआदी कारावास में से एक है, तो आजीवन कारावास या मीआदी कारावास का दण्ड, उस तिथि, जिसको मृत्यु दण्ड पारित किया गया था, से प्रारम्भ हुआ समझा जाएगा।
दण्ड से अवधि को निकाला जाना।	**141.** (1) यदि किसी सक्षम न्यायालय या प्राधिककरण के आदेश द्वारा किसी बन्दी को जमानत पर रिहा किया जाता है या किसी बन्दी पर पारित कारावास के किसी दण्ड का प्रचालन तत्समय के लिए निलम्बित किया गया है तथा ऐसा बन्दी बाद में पुनः विधितः कारागर को सुपुर्द किया गया है, तो ऐसी अवधि जिसके दौरान ऐसा बन्दी जमानत पर रिहा किया गया था या कारावास का दण्ड इस प्रकार निलम्बित किया गया था, जब तक पुनःसुपुर्दगी का वारंट या आदेश अन्यथा निर्देश नहीं करता है, को दण्ड की अवधि की संगणना करते समय निकाल दी जाएगी : परन्तु बन्दी, जिसे उस दिन, जिसको कारावास का दण्ड पारित किया गया है, को जमानत पर रिहा किया गया है, उसके पुनः कारावास में रखने तक उसके दण्ड के किसी भाग को भुगता गया नहीं समझा जाएगा : परन्तु यह और कि इस नियम को दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 122 के उपबन्धों के अधीन कारावास भुगतने वाले व्यक्ति को लागू हुआ नहीं समझा जाएगा। (2) उस दिन के बाद के दिन को जमानत पर रिहा बन्दी, जिसको वह कारागार को सुपुर्द किया गया था किन्तु जिसे उसी मामले में दण्ड भुगतने के लिए पुनःसुपुर्द किया गया है, प्रवेश के प्रत्येक दिन तथा रिहाई के प्रत्येक दिन को ऐसे दण्ड के सम्बन्ध में कारावास के दिन के रूप में गिनवाने का हकदार होगा।
रिहाई की तिथि, यदि दण्ड से अवधि निकाली गई है।	**142.** यदि पूर्ववर्ती नियम के अधीन दण्ड से कोई अवधि निकाली गई है, तो रिहाई की तिथि की संगणना करने में अपनाई जाने वाली पद्धति पुनः प्रवेश की तिथि से प्रारम्भ तथा कारगार में पहले बिताए गए दिनों की संख्या उससे काट कर दण्ड की पूर्ण अवधि ली जानी है, इस प्रकार आने वाली तिथि, ऐसी तिथि होगी, जिसको दण्ड समाप्त होता है।
तिथि, जिससे अन्तिम रूप से पारित दण्ड की गणना की जाएगी।	**143.** यदि अपील न्यायालय धारा का परिवर्तन किए बिना निचले न्यायालय द्वारा पारित दण्ड को रूपान्तरित करता है या यदि अपील न्यायालय दोषसिद्धि धारा या दण्ड धारा या अन्यथा को परिवर्तित करते हुए नया दण्ड पारित करता है, तो अन्तिम रूप से पारित किया दण्ड, जब तक विशेष रूप से अन्यथा निर्देशित नहीं किया गया हो, मूल दण्ड के अधीन कारावास की तिथि से गिना जाएगा।
दो या से अधिक दण्डों प्रभाव।	**144.** (1) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 426, 427 तथा 428 के उपबन्ध शासित करेंगे कि उसी समय पर या विभिन्न समयों पर अधिरोपित दो या से अधिक दण्ड उसी व्यक्ति पर कैसे प्रभावी होंगे। (2) यदि पृथक विचारण पर दो या से अधिक दण्ड उसी समय पर किसी व्यक्ति को दिए गए हैं, तो अधिक गुरूतर दण्ड अगले अधिक गुरूतर से अनुवर्ती तथा इसी प्रकार आगे प्रारम्भ होगा। इस प्रयोजन के लिए कठोर कारावास की उसी समयावधि के दण्ड को साधारण कारावास की उसी समयावधि के दण्ड से अधिक गुरूतर समझा जाएगा : परन्तु यदि इस प्रकार पारित दण्डों में आजीवन कारावास का कोई दण्ड है, तो वहाँ सभी मीआदी दण्डों की समाप्ति के बाद अन्तिम प्रारम्भ होगा। **उदाहरण–1:–** यदि कोई व्यक्ति उसी दिन को आजीवन कारावास तथा मीआदी कारावास (सों) से दण्डादिष्ट किया गया है, तो मीआदी कारावास का दण्ड पहले प्रारम्भ होगा। **उदाहरण–2:–** यदि कोई व्यक्ति उसी दिन को पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा चार वर्ष के कठोर कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, तो पांच वर्ष का कठोर कारावास का दण्ड पहले प्रारम्भ होगा। **उदाहरण–3:–** यदि कोई व्यक्ति उसी दिन की पांच वर्ष के कठोर कारावास और पांच वर्ष के साधारण कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, तो पांच वर्ष का कठोर कारावास का दण्ड पहले प्रारम्भ होगा। **उदाहरण–4:–** यदि कोई व्यक्ति उसी दिन को पांच वर्ष के साधारण कारावास तथा चार वर्ष के कठोर कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, तो पांच वर्ष का साधारण कारावास का दण्ड पहले प्रारम्भ होगा।

द्वितीय दण्ड का प्रचालन यदि प्रथम दण्ड अपास्त किया गया है।	**145.** (1) यदि उसी विचारण में पृथक दण्ड पारित किया गया है तथा दण्ड निरन्तर चलते रहते हैं, तो ऐसे द्वितीय दण्ड की तिथि अपील में अपास्त होने के कारण प्रथम दण्ड की दशा में, ऐसी तिथि, जिसकी वह इस मामले में कारगार को सुपुर्द किया गया था, से प्रभावी होने की उपधारणा की जाएगी। (2) यदि पृथक विचारण में, पृथक दण्ड पारित किया गया है तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 427 के अधीन दण्ड निरन्तर चलते रहते हैं, तो अपील में अपास्त किए गए प्रथम दण्ड की दशा में, द्वितीय दण्ड का प्रचालन द्वितीय मामलों में दोष सिद्धि की तिथि से प्रारम्भ होगा। **उदाहरण–1:–** किसी बन्दी को दो अपराधों के लिए छह मास की कारावास की दो अवधियों के लिए प्रथम जुलाई को दण्डादिष्ट किया गया है। अपील में, प्रथम दण्ड 31 अगस्त को रद्द कर दिया गया है, तो बन्दी 31 दिसम्बर को रिहा किए जाने का हकदार होगा। **उदाहरण–2:–** कोई बन्दीं छह मास के कारावास के लिए प्रथम जुलाई को तथा छह मास के कारावास की दूसरी अवधि के लिए प्रथम अगस्त को दण्डादिष्ट किया गया है। अपील पर प्रथम दण्ड 31 अगस्त को रद्द कर दिया गया है। बन्दी 31 जनवरी को रिहा किए जाने का हकदार होगा।
रिहाई की तिथि यदि दो या से अधिक दण्ड निरन्तर चलते है।	**146.** यदि कोई बन्दी निरन्तर पूरे किए जाने वाले दो या से अधिक कारावास की अवधियों से दण्डादिष्ट हो, तो रिहाई की तिथि ऐसे संगणित की जाएगी मानो अवधियों का संक्षेप एक ही दण्ड में दिया गया था। **उदाहरणः–** एक वर्ष के कारावास से 21 जून, 2018 को दण्डादिष्ट बन्दी, एक वर्ष की अतिरिक्त और अवधि के लिए बाद में दूसरे अपराध के लिए दण्डादिष्ट किया गया है, तो अवधि प्रथम दण्ड की समाप्ति से प्रारम्भ करनी है। उसे 20 जून, 2020 को रिहा किया जाएगा न कि 19 जून, 2020 को।
जुर्माने के भुगतान की सूचना।	**147.** (1) यदि बन्दियों पर लगाया गया जुर्माना किसी न्यायालय द्वारा वसूल किया जाता है, तो उसकी सूचना न्यायालय से अधीक्षक द्वारा प्राप्त की जाएगीं। यदि बन्दी और कहीं स्थानान्तरित किया गया है, तो अधीक्षक उस कारागार, जिसमें बन्दी परिरूद्ध है, को अनुमोदित संचार के साधन से ऐसी सूचना भेजेगा। सभी जुर्माना सूचनाओं की अभिस्वीकृत की जाएगी। (2) कोई भी कार्रवाई, जुर्माना सूचनाओं पर नहीं की जाएगी, जिन पर न्यायालय की मोहर नहीं लगी है। ऐसी सूचना उचित प्रमाणीकरण तथा न्यायालय की मोहर लगवाने के लिए न्यायालय को वापस की जाएगी। जुर्माने के भुगतान के बारे में सूचना केवल तभी ग्रहण की जाएगी जब यह संचार के अनुमोदित साधन के माध्यम से प्राप्त होती है।
कारागार में जुर्माने का भुगतान।	**148.** (1) अधीक्षक कारागार में दिए गए जुर्माने को प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत है। अधीक्षक की अनुपस्थिति में उप अधीक्षक (प्रशासन) उस को किए गए जुर्माने या उसके भाग को प्राप्त करेगा तथा प्रथम अवसर पर इस तथ्य की किसी प्रविष्टि सहित कि ऐसा भुगतान किया गया है, अधीक्षक के हस्ताक्षर के लिए वारंट प्रस्तुत करेगा। (2) कारागार में प्राप्त जुर्माने, उचित लेखा शीर्ष के अधीन स्थानीय खजाने में बिना विलम्ब के जमा कराये जाएंगे। कारागार में दिए गए सभी जुर्माने इस तथ्य को ध्यान में रखे बिना प्राप्त किए जाएंगे कि क्या बन्दी की रिहाई होने वाली है या नहीं है : परन्तु बन्दी उस कारागार में परिरून्द्ध है, जिसमें जुर्माने का भुगतान किया गया है। (3) कारावास, जो जुर्माने के भुगतान की चूक में अधिरोपित की गई है, जब कभी उस जुर्माने का विधि की प्रक्रिया द्वारा भुगतान या वसूल किया गया है, समाप्त हो जाएगी।
जुर्माने के भुगतान के लिए बन्दी का दायित्व।	**149.** तथापि कोई अपराधी, जिसने सम्पूर्ण अवधि का कारावास भुगता है, जिसके लिए उसे जुर्माने के भुगतान की चूक में दण्डादिष्ट किया गया था, विधि के अनुसार वसूल किया गया जुर्माना रखने के लिए दायी है। अधीक्षक सम्पूर्ण जुर्माना, यदि दिया गया है, स्वीकार करेगा चाहे वैकल्पिक कारावास का भाग भुगता गया हो।
बन्दियों को सूचित किया जाना।	**150.** यदि जुर्माने का भुगतान किया गया है, तो सम्बद्ध बन्दी को सूचित किया जाएगा तथा भुगतान रजिस्टर में, वारंट पर तथा बन्दी की इतिवृत–टिकट में विधिवत लिखा जाएगा। रजिस्टर, वारंट तथा इतिवृत टिकट में प्रतिष्टियां अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा हस्ताक्षरित की जाएंगी।
जुर्माने के भुगतान के नोटिस का निपटान करना।	**151.** यदि जुर्माना कारागार में बन्दी के प्रवेश के बाद, भागतः या पूर्णतः भुगतान किया गया है, तो इसे प्राप्त करने वाला न्यायालय,जब तक यह दर्शाने वाला पृष्ठांकन कि उसे रिहा कर दिया गया है, के साथ बन्दी का वारंट पहले वापस प्राप्त नहीं होता है, तो अधीक्षक जिसमें बन्दी दोषसिद्धि के बाद पहले परिरूद्ध था, को इस तथ्य से सूचित किया जाएगा। यह अधिसूचना वारंट के साथ दायर की जाएगी तथा दण्ड कार्यान्वित करने के बाद उसके साथ वापस की जाएगी।

जुर्माने के भुगतान की चूक में कारावास के दण्ड की संगणना करना।	**152.** जुर्माने के भुगतान की चूक में दिए गए दण्ड निम्न अनुसार संगणित किए जाएंगे,– (क) जुर्माने के भुगतान की चूक में अधिरोपित दण्ड साथ–साथ नहीं चलेंगे; (ख) किसी बन्दी को दिए गए सभी वास्तविक दण्ड, जुर्माने के भुगतान की चूक में दण्ड शुरू होने से पूर्व पहले निष्पादित किए जांएगे। जैसे कि यदि बन्दी जुर्माने की चूक में दण्ड भुगत रहा है, यदि कोई वास्तविक दण्ड उसको दिया गया है, तो जुर्माने की चूक में दण्ड/दण्डों को सभी वास्तविक दण्डों के निष्पादन तक आस्थगित रखे जाएंगे। **उदाहरणः–** कोई बन्दी दो वर्ष के कठोर कारावास तथा 50/– रूपए के जुर्माने से या चूक में छह मास के अतिरिक्त कठोर कारावास के लिए 9 जून, 2017 को दण्डादिष्ट किया गया है, उसी वर्ष की 17 जुलाई को,उसे 18 मास के कारावास के लिए दूसरे आरोप में दण्डादिष्ट किया गया है तथा 6 अक्तूबर, 2018 को उसे दो वर्ष के कारावास के लिए तीसरे आरोप में पुनः दण्डादिष्ट किया गया है, तो जुर्माने के भुगतान की चूक में छह मास के कारावास का दण्ड, 9 दिसम्बर, 2022 से शुरू होना चाहिए (उस तिथि से ठीक बाद की तिथि जिसको सभी वास्तविक दण्ड समाप्त हों अर्थात् 8 दिसम्बर)। (ग) यदि जुर्माने के भुगतान की चूक में कारावास से दण्डादिष्ट किसी बन्दी को ऐसा कारावास भुगतने के दौरान अन्य वास्तविक दण्ड दिया जाता है, तो अन्य वास्तविक दण्ड उस तिथि से शुरू होगा, जिसको वह अधिरोपित किया गया था तथा जुर्माने की चूक में दण्ड अस्थगित रखा जाएगा। कोई बन्दी 300/– रूपए के जुर्माने के भुगतान के लिए 31 जनवरी को या चूक में दो मास के कठोर कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है तथा उसी वर्ष की 12 फरवरी को वह चार मास के अतिरिक्त कारावास के लिए किसी दूसरे कारण से दण्डादिष्ट किया गया है। चार मास के कारावास का दण्ड 12 फरवरी से शुरू होगा। (घ) कारावास, जो किसी जुर्माने के भुगतान की चूक में अधिरोपित किया गया है, जब कभी उस जुर्माने का विधि के अनुसार भुगतान या वसूल करने पर समाप्त हो जाएगा। (ङ) यदि कोई बन्दी कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, जिसका सम्पूर्ण या उसके किसी भाग के किसी जुर्माना का भुगतान नही करने की चूक में, तथा यदि जुर्माना या उसके भाग का शीघ्र भुगतान नहीं किया गया है, तो रिहाई की तिथि संगणित की जाएगी तथा बन्दी के वारंट तथा इतिवृत टिकट पर तथा रजिस्टर में दर्ज की जाएगीं ताकि जुर्माने का भुगतान तथा भुगतान न करने के अनुरूप हो सके। (च) यदि कोई बन्दी, जो जुर्माना के लिए दण्डादिष्ट किया गया है तथा कारावास की चूक में, जुर्माने के भाग का भुगतान करता है, तो रिहाई की तिथि अनुपात में बदली जाएगी। यदि जुर्माना न देने की चूक मे, कारावास कलैण्डर मास में निश्चित किया गया है, तो ऐसे भुगतान के परिणामस्वरूप कारावास कटौती की जानी है, कलैण्डर मास में संगणित की जाएगी तथा न कि दिनों में। ऐसी संगणना से प्राप्त मास का कोई अन्तर दिनों में कम कर दिया जाएगा। यदि इस प्रकार अन्तर प्राप्त भाग दिनो की किसी संख्या के लिए सही रूप से बराबर नहीं है या एक दिन से कम है, तो दिन के भाग के परिणाम पर विचार किया जाएगा तथा उसे सम्पूर्ण दिन के बराबर समझा जाएगा। **उदाहरणः–** कोई बन्दी 300/– रूपए के जुर्माने के लिए या चूक में छह मास की कारावास के लिए प्रथम जनवरी को दण्डादिष्ट किया गया है। जुर्माने का कोई भाग 75 पैसे की राशि के सिवाए वसूल नहीं किया गया है। उसे 29 जून को रिहा किया जाएगा, चाहे वसूल राशि एक दिन के लिए देय सम्पूर्ण राशि से कम है। (छ) यदि कोई बन्दी जुर्माने के लिए दण्डादिष्ट है तथा जुर्माना किस्तों में भुगतान किया गया है, तो माफ की जाने वाली दण्ड की अवधि व्यक्तिगत भुगतान पर संगणित नहीं की जाएगी बल्कि सम्पूर्ण पूर्व भुगतान के कुल पर संगणित की जाएगी। यदि कोई बन्दी छह मास के कारावास तथा 300/– रूपए के जुर्माने के लिए दण्डादिष्ट किया गया है तथा यह आदेशित किया गया है कि यदि जुर्माने का भुगतान नहीं किया जाता है, तो उसे छह मास की अतिरिक्त अवधि के लिए कारावासित किया जाएगा, तब यदि बन्दी दोष सिद्धि पर शीघ्र 100/– रूपए का भुगतान करता है, तो रिहाई की तिथि 31 अक्तूबर पर पहले नियत की जाएगी (असंदत जुर्माने के समकक्ष के रूप में छह मास जमा चार मास) या यदि उसके बाद वह दूसरे 100/– रूपए का भुगतान करता है, तो तिथि 31 अगस्त तक परिवर्तित की जाएगी तथा जुर्माने की सम्पूर्ण राशि का उसके भुगतान करने पर 30 जून को परिवर्तित की जाएगी।

	(ज) यदि कोई बन्दी, जिसे जुर्माने के लिए तथा चूक के लिए कुछ वर्षों, मासों तथा दिनों की संख्या के कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, जुर्माने के भाग का भुगतान करता है, तो भुगतान के लिए माफी वर्ष तथा मासों में संगणित की जाएगी तथा न कि दिनों में संगणित की जाएगी तथा ऐसी संगणना से प्राप्त मास का कोई भाग दिनों में कम कर दिया जाएगा। यदि इस प्रकार प्राप्त भाग दिनों की किसी संख्या के ठीक बराबर नहीं है या एक दिन से कम है, किसी दिन के भाग के परिणाम पर विचार किया जाएगा तथा बन्दी के पक्ष में सम्पूर्ण दिन के बराबर के रूप में माना जाएगा।
रिहाई की तिथि की संगणना, यदि जुर्माना अंशतः भुगतान किया गया है।	**153.** यदि कोई बन्दी कारावास, जिसका सम्पूर्ण या कोई भाग का कोई जुर्माना न देने की चूक में,से दण्डादिष्ट किया गया है तथा यदि जुर्माना या उसका कोई भाग शीघ्र भुगतान नहीं किया गया है, तो रिहाई की तिथि नियत की जाएगी तथा ऐसी तिथियों की रिहाई डायरी में दर्ज की जाएगी, जो जुर्माने का भुगतान करने तथा भुगतान न करने के अनुरूप होगी। यदि जुर्माने का कोई भाग बाद में भुगतान कर दिया गया है, तो रिहाई की तिथि तदानुसार बदली जाएगी। **उदाहरणः—** यदि कोई बन्दी छह मास के कारावास तथा 3000/— रूपए के जुर्माने का भुगतान करने के लिए प्रथम जनवरी को दण्डादिष्ट किया गया है या भुगतान न करने की चूक में छह मास की अतिरिक्त अवधि के लिए कारावासित किया जाना है, तो माना जाएगा कि रिहाई की तिथि 31 अक्तूबर अर्थात् छह मास जमा चार मास (असंदत जुर्माने की राशि का मीआदी अनुपात होने के कारण) पहले नियत की जाएगी तथा 30 जून तथा 31 अक्तूबर की रिहाई रजिस्टर में प्रविष्टि की जाएगी। तथापि, यदि वह बाद में दूसरे 1000/— रूपए का भुगतान करता है, तो बाद की तिथि 31 अगस्त में बदली जाएगी। उसके सम्पूर्ण जुर्माने का भुगतान करने पर 30 जून की प्रविष्टि के सामने तथ्य का नोट किया जाएगा।
जुर्माने के भुगतान पर माफी की संगणना करना।	**154.** यदि कोई बन्दी, जो जुर्माने से तथा चूक के लिए कुछ मासों की संख्या के लिए कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, अपने जुर्माने के किसी भाग का भुगतान करता है, तो भुगतान के लिए माफी कलैण्डर मासों में तथा न कि दिनों में संगणित की जाएगी। ऐसी संगणना से प्राप्त किसी मास के किसी भाग को दिनों में कम किया जाएगा। आधे दिन से कम दिन के भाग को नहीं गिना जाएगा, कोई बृहत भाग एक दिन के रूप में गिना जाएगा। **उदाहरण 1 :—** यदि कोई बन्दी छह मास के कारावास तथा 300 रूपए के जुर्माने का भुगतान करने के लिए या छह मास के अतिरिक्त कारावास के लिए भुगतान न देने की चूक में 15 जुलाई को दण्डादिष्ट किया गया है तथा वह 63/— रूपए का भुगतान करता है, तो संगणना निम्न अनुसार की जाएगीः—रूपए 63/300 x 6 मास = 63/50 = 1 + 13/50 मास/रिहाई की तिथि एक मास काट कर 14 जून को हो जाएगी। जैसा कि पूर्वगामी जून मास 31 दिन का है, 13/50 x 31 = 403/50 = 8 + 3/50 दिन। यहां 63/— रूपए के भुगतान के लिए माफी एक मास तथा आठ दिन है। **उदाहरण 2 :—** यदि कोई बन्दी 15 जुलाई की बजाए 15 जून को दण्डादिष्ट किया गया है, मास के 13/50 की गणना 30 दिन के मास में की जानी होगी क्योंकि मई में उसी तिथि के लिए अप्रैल में किसी तिथि से अवधि 30 दिन है जो निम्न अनुसार हैः— 13/50 x 30 = 39/5 = 7 + 4/5 दिन ताकि उस मामले में माफी भी एक मास तथा आठ दिन होगी (आधे दिन से अधिक होने के कारण एक दिन का 4/5)।
प्रक्रिया, जब जुर्माने के बदले में कारावास के बन्दी स्थानान्तरित कर दिया गया है।	**155.** यदि कोई बन्दीं, जिसके दण्ड में जुर्माना न देने की चूक में कारावास का आदेश शामिल है, कारावास जिसमें वह पहले परिरूद्ध था, से भिन्न कारागार से स्थानान्तरण द्वारा प्राप्त किया गया है, तो प्राप्त करने वाली कारागार द्वारा अधीक्षक जहां वह पहले परिरूद्ध था, को सूचना तुरन्त दी जाएगी, जो अपनी कारागार के प्रवेश रजिस्टर में ऐसी सूचना का रिकार्ड या प्राप्ति करेगा या करवाएगा। कारागार का अधीक्षक, जिसमें बन्दी को पहले सुपुर्द किया गया था, यह देखने के लिए जिम्मेवार है कि उस द्वारा प्राप्त जुर्माने के भुगतान की सूचना कारागार जिसमें बन्दी परिरूद्ध है, में शीघ्रता से प्रेषित की गई है तथा ऐसी सूचना संचार के किसी अनुमोदित साधन द्वारा भेजी जाएगी।
वास्तविक दण्ड के अतिरिक्त प्रतिभूति न देने की दशा में कारावास।	**156.** (1) यदि कोई व्यक्ति जिसके सम्बन्ध में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 106 या 117 के अधीन प्रतिभूति प्रस्तुत करने की उससे अपेक्षा करने वाला आदेश किया गया है, ऐसे आदेश के समय पर कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है या दण्ड भुगत रहा है, तो अवधि, जिसके लिए ऐसी प्रतिभूति अपेक्षित है, ऐसे दण्ड की समाप्ति पर प्रारम्भ होगी। अन्य मामलों में ऐसी अवधि ऐसे आदेश के पारित किए जाने की तिथि से प्रारम्भ होगी यदि मजिस्ट्रेट पर्याप्त कारणों से बाद की तिथि नियत नहीं करता है। यदि ऐसा व्यक्ति उसके वास्तविक दण्ड की समाप्ति की तिथि को या से पूर्व

	प्रतिभूति देने में असफल रहता है, तो उसे अवधि, जिसके लिए प्रतिभूति प्रस्तुत की जानी अपेक्षित है, की समाप्ति तक या अपेक्षित प्रतिभूति प्रस्तुत करने तक कारागार में निरूद्ध किया जाएगा। ऐसे मामलों में यह आवश्यक नहीं है कि औपचारिक वारंट वास्तविक दण्ड की समाप्ति के बाद कारागार में ऐसे व्यक्ति के निरोध के लिए मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया जाएगा। **उदाहरणः–** कोई बन्दी जब तीन मास का कारावास भुगत रहा है, छह मास की अवधि के लिए परिशान्ति कायम रखने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 106 के अधीन बन्धपत्र निष्पादित करने तथा उसी प्रकार की राशि के लिए एक प्रतिभू सहित पच्चीस हजार रूपए की राशि का बन्धपत्र निष्पादित करने के लिए सक्षम न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है, ऐसी तिथि, जिसको तीन मास का वास्तविक कारावास समाप्त होता है, को या से पूर्व प्रतिभूति देने में असफल रहता है, तो उसे अपेक्षित प्रतिभूति प्रस्तुत करने तक या अवधि, जिसके लिए ऐसी प्रतिभूति दी जानी है, पूरी हो गई है, तक कारागार में निरूद्ध किया जाएगा, किन्तु कोई औपचारिक वारंट ऐसे निरोध के लिए आवश्यक नहीं है। (2) यदि कोई व्यक्ति, जब प्रतिभूति प्रस्तुत न करने की चूक मे, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 122 के अधीन आदेश के अनुसार कारावास भुगत रहा है, ऐसे आदेश के करने से पूर्व कारित अपराध के लिए सिद्धदोष किया गया है तथा कारावास भुगतने के लिए दण्डादिष्ट किया गया है, तो ऐसा दण्ड, उस तिथि से, जिसको वह पारित किया गया था, प्रारम्भ होगा; तथा यदि ऐसे दण्ड की अवधि, जिसके लिए व्यक्ति प्रतिभूति न देने की चूक में कारावास भुगत रहा है, से पूर्व समाप्त होता है, तो उसे ऐसी शेष अवधि के लिए निरूद्ध किया जाएगा। तथापि, यदि कोई व्यक्ति प्रतिभूति प्रस्तुत न करने की चूक में, कारावास भुगतने के दौरान दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 122 के अधीन आदेश जारी करने के बाद किए गए अपराध के लिए सिद्धदोष किया गया है तथा कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, तो ऐसा दण्ड प्रतिभूति प्रस्तुत करने में असफलता के लिए कारावास के समापन से प्रारम्भ होगा, यदि न्यायालय निर्देश नहीं करता है कि ऐसा दण्ड प्रतिभूति प्रस्तुत करने में असफलता के लिए कारावास के साथ–साथ चलेगा। (3) अधिनियम या हरियाणा सदाचार बन्दी (अस्थाई रिहाई) अधिनियम, 2022 (2022 का 15) के अधीन दिया गया कोई दण्ड प्रतिभूति प्रस्तुत न करने की चूक में कारावास की समाप्ति पर या कारागार में सूचना की प्राप्ति की तिथि से कि प्रतिभूति प्रस्तुत कर दी गई है, प्रारम्भ होगा। (4) जहां कोई बन्दी जो कारावास का वास्तविक दण्ड पहले ही भुगत रहा है, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के अध्याय VIII के अधीन परिशांति कायम रखने या सदाचार के लिए प्रतिभूति प्रस्तुत न करने की दशा में अतिरिक्त दण्ड भुगतने के लिए आदेशित किया गया है, तो आदेश उस जिला एवं सत्र न्यायाधीश के ध्यान में लाया जाएगा, जिसके ऐसा न्यायिक मजिस्ट्रेट अधीनस्थ है। (5) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 122 की उप धारा (2) में वर्णित अवधि जिला एवं सत्र न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के आदेश की तिथि से गिनी जाएगी, यदि बाद में वारंट में विशेष रूप से निर्देश नहीं दिया गया है कि इसे अन्यथा गिना जाना है, जिस मामले में वरिष्ठ न्यायालय के निर्देश की पालना की जाएगी। (6) प्रतिभूति देने में असफलता के लिए निरोध दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 427 के अर्थों के भीतर कारावास का वास्तविक दण्ड नहीं है।
प्रक्रिया, यदि दण्ड निलम्बित किया गया है।	**157.** (1) यदि अपील न्यायालय निर्देश देता है कि दण्ड का निष्पादन या अपील के विरुद्ध आदेश निलम्बित किया जाए, तो अपीलार्थी, ऐसे न्यायालय के आगामी आदेश के लम्बित रहने तक कारागार में निरूद्ध है, सभी प्रकार से विचाराधीन बन्दी के रूप में समझा जाएगा। (2) यदि अपीलार्थी अन्त में कारावास या आजीवन कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, तो अवधि, जिसके दौरान मूल दण्ड निलम्बित किया गया था,– (क) यदि दण्ड जब बन्दी उसी मामले में विचाराधीन के रूप में कारागार में था, पारित किया जाए, शामिल की जाएगी; तथा (ख) यदि दण्ड जब बन्दी स्वच्छन्द था या बन्दी के रूप में कारागार में था, पारित किया जाए, निकाल दी जाएगा, अवधि जिसके लिए उसे अपील न्यायालय द्वारा दण्डादिष्ट किया गया है, में परिकलित की जाएगी।

भगोड़े बन्दी को दिए गए कारावास को कैसे प्रभावी करना है।	**158.** (1) भगोड़े बन्दी के मामले में, जो बाद में अन्य अपराध के सम्बन्ध में गिरफ्तार किया गया है, पुलिस अभिरक्षा में उस कारण से या विचाराधीन बन्दी के रूप में बिताई गई किसी अवधि को मूल दण्ड के अधीन कारावास के रूप में नहीं गिना जाएगा। (2) ऐसे सभी बन्दियों के सम्बन्ध में रिहाई की मूल तिथि के स्थान पर रिहा किए जाने वाले बन्दियों के रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टियां की जाएंगी। (3) यदि कारावास का अतिरिक्त दण्ड भगोड़े बन्दी पर पारित किया गया है जिसे दुबारा बन्दी किया गया है, ऐसा दण्ड, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 426 के उपबन्धों के अनुसार प्रभावी होगा।
यदि पुनः विचारण आदिष्ट है।	**159.** यदि न्यायालय पुनः विचारण के बाद दण्ड पारित करता है या बाद में मूल दण्ड प्रतिवर्तित किया जाता है या पुनः विचारण (नया विचारण) अपील पर आदिष्ट किया गया है, तो नए विचारण से पूर्व बन्दी द्वारा पहले से भुगते गए पूर्व दण्ड या उसका भाग, यदि विशेष रूप से अन्यथा निदेशित नहीं किया गया है, कोई अवधि, जिसके दौरान बन्दी स्वच्छन्द था, को निकाल कर, नए विचारण के बाद अधिरोपित दण्ड की ओर भी गिना जाएगा।
यदि अपील न्यायालय दण्ड तथा पुनः विचारण आदेशों को रद्द करता है।	**160.** यदि अपील न्यायालय कोई दण्ड रद्द करता है तथा निर्देश देता है कि बन्दी का पुनः विचारण किया जाए तथा जमानत पर बन्दी की रिहाई के लिए वारंट प्राप्त नहीं हुआ है, तो बन्दी को विचाराधीन वार्ड (यदि वह कोई अन्य दण्ड नहीं भुगत रहा है) में प्रतिप्रेषित कर दिया जाएगा तथा अधीक्षक लम्बित विचारण के लिए उसकी अभिरक्षा हेतु वारंट के लिए सुपुर्द करने वाले न्यायालय को आवेदन करेगा यदि ऐसा वारंट उस समय पर नहीं दिया गया है। ऐसा वारंट उस न्यायालय द्वारा जारी किया जाएगा, जिसके द्वारा बन्दी को विचारा जाना है तथा तिथि बताई जानी है जिसको उसे न्यायालय के सम्मुख पेश किया जाना है।
प्रक्रिया यदि दण्ड पुष्ट किया गया है।	**161.** (1) यदि कोई अपील अस्वीकार कर दी गई है या दण्ड उच्च न्यायालय से भिन्न किसी अपील न्यायालय द्वारा पुष्ट किया गया है, तो उस आशय की सूचना ऐसे अपील न्यायालय द्वारा अधीक्षक को भेजी जाएगी तथा ऐसा आदेश रिकार्ड के लिए सम्बन्धित विचारण न्यायालय को भी सूचित किया जाएगा। (2) यदि बन्दी की अपील या पुनरीक्षण आवेदन की उच्च न्यायालय द्वारा अस्वीकृति उस न्यायालय को सूचित की जाती है, जिसके द्वारा ऐसे बन्दी को सिद्धदोष किया गया था, ऐसा न्यायालय तुरन्त अधीक्षक तथा सम्बन्धित बन्दी को दिए गए ऐसे निर्णय की सूचना देगा। (3) उच्च न्यायालय द्वारा मृत्यु दण्ड की पुष्टि के लिए सत्र न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट मामलों में उच्च न्यायालय, सत्र न्यायालय को इसके आदेश की प्रति भेजेगा जो तब अधीक्षक को वारंट जारी करेगा।
बन्दी को उसकी अपील या आवेदन के परिणाम को सूचित किया जाएगा।	**162.** सभी मामलों में अधीक्षक किसी वारंट या आदेश या सूचना की प्राप्ति की पत्र द्वारा पावती लेगा तथा उसकी अपील या आवेदन के परिणाम को बन्दी को सूचित भी करेगा।
प्रक्रिया जब किसी दंडादेश को अपील पर संशोधित या उलट दिया जाता है।	**163.** (1) यदि बन्दी का दण्ड उच्च न्यायालय से भिन्न न्यायालय द्वारा अपील पर प्रतिवर्तित या परिवर्तित किया गया है, तो नया वारंट अपील न्यायालय द्वारा अधीक्षक को जारी किया जाएगा तथा ऐसा आदेश सम्बन्धित विचारण न्यायालय को भी सूचित किया जाएगा : परन्तु यदि दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 386 के अधीन बन्दी के अपील न्यायालय पुनः विचारण आदेश या विचारण के लिए सुपुर्दगी के लिए वह उस न्यायालय को अपने आदेश सूचित करेगा, जिसके निर्णय को प्रतिवर्तित किया गया है तथा वह न्यायालय उस पर ऐसे आदेश करेगा जो अपील न्यायालय के निर्णय के अनुरूप हों। (2) यदि कोई मामला उच्च न्यायालय द्वारा अपील या पुनरीक्षण पर निर्णीत किया गया है, तो न्यायालय या मजिस्ट्रेट, जिसको उच्च न्यायालय अपने आदेश प्रमाणित करता है, अधीक्षक को नया वारंट या आदेश यदि आवश्यक हो, जारी करने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 388 या 405 के उपबन्धों के अधीन अग्रसर होगा। (3) उन सभी मामलों में, जिनमें दण्ड या आदेश अपील या पुनरीक्षण में परिवर्तित या प्रतिवर्तित किया गया है, तो एक पृथक वारंट प्रत्येक बन्दी, जिसका दण्ड इस प्रकार परिवर्तित या प्रतिवर्तित किया गया है, के सम्बन्ध में जारी किया जाएगा।

किसी बन्दी को पुनः गिरफ्तार करने तथा पुनः बन्दी करने पर रिहाई की तिथि की संगणना।	**164.** किसी बन्दी, जिसे दोषसिद्धि के बाद जमानत पर रिहा किया गया है किन्तु बाद में उसका दण्ड पूरा करने के लिए कारागार को पुनः सुपुर्द किया गया है या जो भगोड़ा है तथा बाद में पुनः बन्दी, किया गया है की रिहाई की तिथि की संगणना करने में निम्नलिखित पद्धति अपनाई जाएगी, अर्थात्:— ''दिनों की संख्या जोड़े, जिसके लिए बन्दी रिहाई तथा पुनः गिरफ्तार करने या भगोड़े तथा पुनः बन्दी करने के दिनों को छोड़कर दण्ड की अवधि में जमानत पर था या स्वच्छन्द था। तिथि, जिसको इन अवधियों का जोड़ व्यपगत हो जाएगा, दोषसिद्धि की तिथि से गिनने के लिए दण्ड की समाप्ति की तिथि होगी''। **उदाहरणः—** एक मास के कारावास के लिए 11 जनवरी को दण्डादिष्ट कोई बन्दी 15 जनवरी को भाग जाता है तथा 18 जनवरी को पुनः बन्दी कर लिया गया है। वह 12 फरवरी को रिहा किए जाने के लिए मूल वारंट पर हकदार होगा।
यदि किसी विदेशी को कारावास की अवधि के लिए दण्डादिष्ट किया गया है।	**165.** यदि विदेशी अधिनियम, 1946 (1946 का केन्द्रीय अधिनियम 31) की धारा 4 के अधीन गिरफ्तार तथा निरूद्धविदेशी, को कारावास की अवधि भुगतनी है, तो विदेशी अधिनियम के अधीन निरोध की अवधि, कारावास जो उस पर अधिरोपित की जाए को किसी दण्ड की अवधि से निकाल दी जाएगी तथा के अतिरिक्त होगी।

	अध्याय 12 **बन्दियों की रिहाई**
वारंटों की जांच।	**166.** सभी बन्दियों के वारंट निम्नलिखित समय पर जांचे जाएंगे, अर्थात्:– (क) प्रवेश के समय पर, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 428 के अधीन क्षतिपूर्ति के लिए अवधि दोषसिद्ध करने वाले न्यायालय के द्वारा पुष्ट की जाएगी तथा रिहाई की सम्भावित तिथि (पी. डी. आर.) पर पहुंचने के लिए दण्ड से इन नियमों के अनुसार काटी जाएगी; (ख) उस समय पर, जब वह माफी सहित उसके वास्तविक दण्ड के आधे को पूरा करता है, तो रिहाई की नई सम्भावित तिथि (पी. डी. आर.) रिहाई रजिस्टर में नोट की जाएगी; (ग) उस समय पर, जब वह माफी सहित उसके वास्तविक दण्ड के तीन चौथाई को पूरा करता है, तो रिहाई की नई सम्भावित तिथि (पी.डी.आर.) रिहाई रजिस्टर में नोट की जाएगी; (घ) अन्त में, सभी बन्दियों के वारंट, जिनकी रिहाई किसी मास में होती है, उनके सहीपन का पता लगाने के लिए पूर्व मास के 20वें दिन को जांचे जाएंगे तथा अधीक्षक के ध्यान में लाए जाएंगे।
दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 356 के अधीन बन्दी द्वारा निवास की सूचना करना।	**167.** (1) बन्दी, जिसके सम्बन्ध में दण्ड देने वाला न्यायालय दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973(1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 356 के अधीन आदेश अभिलिखित करता है, अधीक्षक द्वारा या अधीक्षक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा ऐसा करने के लिए अपेक्षित होने पर उसकी रिहाई के लिए नियत तिथि से कम से कम दो मास पहले अधीक्षक या उस द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत व्यक्ति, जैसी भी स्थिति हो, को समय–समय पर महानिदेशक द्वारा यथा विहित प्ररूप में उस स्थान को सूचित करेगा, जहाँ जिसमें वह अपनी रिहाई के बाद रहेगा। (2) अधीक्षक बन्दी की रिहाई की सम्भावित तिथि से कम–से–कम एक मास पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक को समय–समय पर महानिदेशक द्वारा यथा विहित प्ररूप में रिपोर्ट करेगा, जिसमें बन्दी की पहचान के लिए नाम तथा अन्य आवश्यक ब्यौरे तथा स्थान जिसमें ऐसा बन्दी अपनी रिहाई के बाद रहने का इरादा रखता है, शामिल होंगे। (3) यदि बन्दी नियम 168 के अधीन उस द्वारा सूचित स्थान से भिन्न किसी स्थान में निवास कर रहा है, तो वह पन्द्रह दिन के भीतर या यथा साध्य यथा शीघ्र स्थान, जिसमें वह रहता है, की स्थानीय सीमाओं के भीतर आने वाले पुलिस थाने या चौकी में व्यक्तिगत रूप में हाजिर होगा तथा पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को अपना निवास स्थान सूचित करेगा। **टिप्पण:–** प्रत्येक मामले में, जिसमें दण्ड न्यायालय दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 356 के अधीन (रिहाई के बाद अपने निवास तथा निवास के प्रत्येक परिवर्तन सूचित करने के लिए बन्दी को निर्देश देने) आदेश करता है, तो ऐसे आदेश की एक प्रति अधीक्षक, जिसमें बन्दी परिरूद्ध हैं या परिरूद्ध किया जाना सम्भावित है, को सुपुर्दगी के वारंट सहित दण्ड तथा आदेश पारित करने वाले न्यायालय द्वारा प्रेषित की जाएगी।
प्रक्रिया यदि दण्ड समाप्त होता है।	**168.** (1) प्रत्येक बन्दी को रिहा करने से पूर्व प्रवेश रजिस्टर में अभिलिखित ऐसे बन्दी के व्यक्तिगत वर्णन के संदर्भ से सावधानीपूर्वक पहचान की जाएगी तथा अधीक्षक तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) क्रमशः अपनी सन्तुष्टि करेंगे कि भविष्य में लाया गया बन्दी रिहा किए जाने का हकदार है तथा कि माफी नियमों के अनुसरण में अर्जित तथा प्रदान की गई किसी माफी को छोडकर, उसने अपना दण्ड विधिवत पूरा कर लिया है, उसके बाद बन्दी को मुख्य द्वार से रिहा किया जाएगा। (2) बन्दी के अन्तिम उन्मोचन के लिए प्रत्येक आदेश अधीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा। (3) किसी भी बन्दी को अधीक्षक के सुस्पष्ट आदेश के बिना रिहा नहीं किया जाएगा। तथापि, अपील, जुर्माने के भुगतान पर, प्रतिभूति देने या जमानत देने पर रिहाई के मामले में, जिसमें विधिक निरोध की शक्ति, न्यायालय का आदेश कारागार में वितरित होने के यथा शीघ्र समाप्त हो जाती है, उप अधीक्षक (प्रशासन) अपनी जिम्मेवारी पर बन्दी को रिहा करेगा, बशर्ते कि अधीक्षक को तुरन्त संदर्भ किया गया है। ऐसे बन्दी का वारंट अधीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा मानो बन्दी उसके स्वयं से पहले रिहा किया गया था। टिप्पण:– साधारणतः अधीक्षक कारागार परिसर में हाजिर रहेगा तथा अपनी उपस्थिति में बन्दी को रिहा करेगा। केवल अपवादिक मामलों में, यदि अधीक्षक से सम्पर्क करना व्यवहार्य नहीं है, तो उप अधीक्षक (प्रशासन) को अपनी जिम्मेवारी पर रिहाई प्रभावी करनी चाहिए।

	(4) प्रत्येक बन्दी को रिहा करने से पूर्व सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी दण्ड या विचाराधीन मामला उसके विरूद्ध लम्बित नहीं है। लम्बित मामलों या अन्य दोषसिद्धियों की प्रविष्टियां तथा क्रास प्रविष्टियां प्रत्येक दोषसिद्धि या निरोध वारंट तथा अनुरूप कारागार रजिस्टरों के पिछले भाग पर लाल स्याही में प्रमुख रूप से अभिलिखित की जाएंगी। (5) यदि कोई बन्दी, जिसे किसी बाहरी अस्पताल में भरती किया गया है, रिहाई के लिए पात्र है, तो उसे ऐसे अस्पताल से रिहा किया जाएगा। (6) प्रत्येक बन्दी की रिहाई में अनुचित विलम्ब के मामले की रिपोर्ट अधीक्षक द्वारा महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी। बन्दी की प्रत्येक ऐसी गैर–रिहाई की हमेशा जांच की जाएगी तथा बन्दी के अधिक निरोध के लिए जिम्मेवारी नियत की जाएगी।
दूसरी कारागार में स्थानान्तरित बन्दी की रिहाई का वारंट।	**169.** किसी बन्दी की रिहाई के लिए वारंट की प्राप्ति पर, जिसे दूसरी कारागार में स्थानान्तरित किया गया है, ऐसा वारंट उस कारागार, जिसमें बन्दी परिरूद्ध है, को संचार के अनुमोदित साधन के द्वारा तथा विशेष सन्देशवाहक के द्वारा बिना विलम्ब के ऐसे वारंट को जारी करने वाले न्यायालय की सूचना के अधीन अग्रेषित किया जाएगा।
रिहाई वारंट पृष्ठांकित की जाने वाली कुल माफ़ी।	**170.** यदि किसी बन्दी को रिहा किया गया है, तो उस द्वारा अर्जित माफी की कुल मात्रा अधीक्षक के पृष्ठांकन सहित उसके वारंट तथा प्रवेश रजिस्टर में दर्ज की जाएगी।
बन्दी का स्वास्थ्य तथा भार अभिलिखित किया जाना।	**171.** चिकित्सा अधिकारी प्रवेश रजिस्टर, रिहाई रजिस्टर तथा इतिवृत–टिकट में रिहाई पर प्रत्येक बन्दी का स्वास्थ्य तथा भार अभिलिखित करेगा या अभिलिखित करवाएगा।
बन्दी की रिहाई का समय।	**172.** (1) किसी भी बन्दी को जिला मजिस्ट्रेट या पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देश पर किसी प्रशासकीय अत्यावश्यकता के सिवाए, रात में हवालात के समय के बाद तथा किसी दिन को सूर्योदय से पूर्व रिहा नहीं किया जाएगा। (2) प्रत्येक बन्दी, जिसकी रिहाई किसी दिन को सक्षम न्यायालय या प्राधिकारी द्वारा आदिष्ट की गई है, उसकी रिहाई के निर्देश करने वाले आदेश की प्राप्ति के बाद यथा सम्भव शीघ्र–रिहा किया जाएगा। तथापि, ऐसा बन्दी, जिसका रिहाई आदेश किसी दिन को सायंकाल 06:00 बजे के बाद प्राप्त हुआ है, तो अगले दिन को यथा सम्भव शीघ्र रिहा किया जाएगा।
बन्दी द्वारा रिहाई पर, उसकी कारागार परिधान प्रस्तुत करना।	**173.** (1) प्रत्येक बन्दी, उसे रिहा करने से पूर्व, उसके सम्पूर्ण कारागार परिधान साफ सुथरी स्थिति में निरीक्षण करने तथा देने के लिए प्रस्तुत करने की अपेक्षित करेगा। कोई बन्दी, जिसके वस्त्र मैले है, उसकी रिहाई से पहले उसे धुलवाएं तथा साफ करवाए जाएंगे। (2) रिहा किए जाने के दायरे में बन्दी अपने निजी वस्त्रों में या यदि उसके पास उसके अपने वस्त्र नहीं हैं, तो कारागार प्राधिकारियों द्वारा उसको मुहैया कराए गए वस्त्रों में उप अधीक्षक (प्रशासन) के सम्मुख स्वयं को हाजिर करेगा।
यदि रिहाई की तिथि को कारागार अवकाश है।	**174.** यदि उस तिथि, जिसको कोई बन्दी रिहा किया जाना है, को कारागार अवकाश, तो ऐसे बन्दी को एक दिन पहले रिहा करना चाहिए।
वायरलैस (बेतार) सन्देश या ई–मेल के प्राधिकार पर रिहाई।	**175.** किसी भी बन्दी को रिहा नहीं किया जाएगा यदि न्यायालय आदेश कार्यालय ई–मेल आई डी के द्वारा प्राप्त नहीं हुए है या जब तक ऐसे आदेश इस निमित्त विशेष रूप से प्रतिनियुक्त न्यायालय कर्मचारी के माध्यम से प्राप्त नही हुए हैं।
प्रक्रिया यदि रिहाई के आदेश की वैद्यता के बारे में सन्देह उत्पन्न होता है।	**176.** (1) जब प्राप्त किए गए रिहाई आदेश की वास्तविकता के बारे में सन्देह उत्पन्न होता है, तो संचार के अनुमोदित साधन या टेलीफोन के माध्यम से जारी करने वाले प्राधिकारी से शीघ्र स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाएगा तथा ऐसे स्पष्टीकरण के लम्बित रहने तक बन्दी को निरूद्ध किया जाएगा। (2) प्रमाणीकरण के बाद, बन्दी को तुरन्त रिहा किया जाएगा, तथा नोट सम्बद्ध सहायक अधीक्षक द्वारा सुसंगत रजिस्टर में अभिलिखित तथा हस्ताक्षरित किया जाएगा तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाएगा। (3) यदि किसी आदेश की वैद्यता सन्देह में है, तो निर्देश प्राप्त करने के लिए वरिष्ठ न्यायालय में अपील दायर की जाएगी।

रिहाई पर बन्दी को प्रमाणपत्र दिया जाना।	**177.** कारागार से दण्डादिष्ट बन्दी को उसकी रिहाई के समय पर महानिदेशक द्वारा यथा विहित प्ररूप में, अधीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित इस आशय का एक प्रमाण–पत्र दिया जाएगा कि उसने अपनी कारावास की अवधि पूरी कर ली है तथा माफी की मात्रा, यदि कोई हो, उसमें बताई जाएगी। कारागार में उसके चरित्र, आचरण तथा उस द्वारा प्राप्त किसी कारागार उद्योग में प्रवीणता की एक रिपोर्ट भी प्रमाणपत्र में शामिल की जाएगी यदि बन्दी ऐसा चाहता है, किन्तु अन्यथा नहीं।
रिहाई पर बन्दी की वस्तुओं की वापसी।	**178.** प्रत्येक बन्दी की रिहाई के समय पर अधीक्षक उससे सम्बन्धित सभी धनराशि तथा अन्य वस्तुएं (यदि कोई हो) उसको देगा या दिलवाएगा। धनराशि तथा अन्य वस्तुएं (यदि कोई हो) की प्राप्ति की पावती तथा यदि बन्दी लिखना जानता है, तो प्रवेश रजिस्टर में उस से ली जाएगी। यदि बन्दी लिखना नहीं जानता है, तो उसे यह बताने के लिए बुलाया जाएगा कि क्या उसने उससे सम्बन्धित सभी धन राशि तथा वस्तुएं प्राप्त कर ली है या नहीं तथा यदि नही तो कौन सी वस्तुएं या उनका मूल्य उसको नहीं दिया गया है। यदि बन्दी की धनराशि या अन्य वस्तुओं का कोई भाग उसको नहीं दिया गया है, तो इस तथ्य का एक नोट उसके वारंट से संलग्न सूची में नहीं दी गई वस्तु के सामने दिया जाएगा तथा अधीक्षक निर्णय करेगा कि क्या बन्दी को उसके सम्बन्ध में कोई मुआवजा प्रदान किया जाना है तथा तदानुसार उसको ऐसे मुआवजे का भुगतान करेगा या उसका भुगतान करवाएगा। कारागार के किसी अधिकारी की अभिरक्षा के समय गुम धनराशि या अन्य वस्तुओं के लिए मुआवजा ऐसी हानि के लिए जिम्मेवार अधिकारी के खर्च पर भुगतान किया जाएगा।
शर्तें, जिनके अधीन रिहा बन्दी को वस्त्र दिए जा सकते हैं।	**179.** प्रत्येक बन्दी, जिसके वस्त्र नष्ट कर दिए गए हैं या जो स्वास्थ्य या मर्यादा के प्रयोजन के लिए अपर्याप्त हैं, रिहाई पर ऐसे वस्त्रों को सरकार के खर्च पर दिए जा सकते हैं जैसा अधीक्षक आवश्यक तथा उचित समझे। परन्तु यदि किसी बन्दी के पास प्र्याप्त साधन है, यदि वह ऐसा चाहता है, तो उसे लागत मूल्य के भुगतान पर वस्त्र दिए जाएंगे।
रिहाई पर बन्दियों को यात्रा सहायता।	**180.** सामान्यतः बन्दियों को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा, किन्तु यदि किसी बन्दी के पास प्र्याप्त धनराशि नहीं है, तो उसे उपलब्ध परिवहन के सस्ते ढंग का प्रयोग करने के लिए उसके घर के साधारण मार्ग के लिए किराया देने की व्यवस्था की जाएगी।
महिला बन्दियों की रिहाई।	**181.** (1) प्रत्येक महिला बन्दी को रिहाई की तिथि के बारे में सूचना महिला बन्दी के परिवार के सदस्य या रिश्तेदारों को मुख्य द्वार पर उनके आने तथा उसे प्राप्त करने की दृष्टि से सूचित किया जाएगा। (2) यदि किसी महिला बन्दी को प्राप्त करने के लिए कोई परिवार का सदस्य या रिश्तेदार उपस्थित नहीं होता है, तो अधीक्षक द्वारा उपयुक्त महिला मार्गरक्षी मुहैया कराई जाएगी। यदि महिला बन्दी, महिला मार्ग रक्षी स्वीकार करने की अनिच्छुक है तथा उसे लिखित में देती है, तो उसे साधारण रीति में रिहा कर दिया जाएगा। यदि परिवार का सदस्य या रिश्तेदार महिला बन्दी को ग्रहण करने के इच्छुक नहीं है, तो अधीक्षक सम्बद्ध जिला मजिस्ट्रेट को सूचना के अधीन नारी निकेतन या किसी अन्य ऐसी सरकारी संस्था में उसे भेजने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगाः परन्तु यदि महिला बन्दी नारी निकेतन या किसी ऐसी सरकारी संस्था में जाने के लिए भी इच्छुक नहीं हैं, तो उससे यह लिखित में लेने के बाद महिला बन्दी को साधारण रीति में रिहा किया जाएगा।
जब किसी बन्दी को जमानत पर रिहा किया जा सकता है।	**182.** (1) यदि अपील न्यायालय का वारंट निर्देश देता है कि बन्दी को जमानत पर या उसके अपने या अन्य व्यक्ति के बन्ध–पत्र पर रिहा किया जाएगा, तो अधीक्षक, मजिस्ट्रेट या अन्य उचित प्राधिकरण से लिखित में सूचना प्राप्त करेगा कि ऐसी जमानत या बन्ध–पत्र विधिवत रूप से प्रस्तुत किया गया है तथा कि ऐसे बन्दी को उसके निबन्धनों के अनुसार मुक्त किया जा सकता है। (2) किसी बन्दी का व्यक्तिगत बन्ध–पत्र, जिसकी रिहाई के आदेश दिए गए हैं अधीक्षक द्वारा या अधीक्षक की अनुपस्थिति में उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा कारागार कार्यालय में तैयार तथा सांक्ष्यांकित किया जाना चाहिए।
वारंट की वापसी के लिए प्रक्रिया।	**183.** (1) जब कोई बन्दी जमानत पर या दण्ड के समापन पर रिहा किया गया है, तो उसका वारंट उस न्यायालय (जारी करने वाले अधिकारी के नाम से नहीं) को रिहाई की तिथि तथा कारण दर्शाते हुए तथा तिथि जिसको वारंट वापस किया गया है, के पृष्ठांकन सहित जिसने उसे जारी किया है वापस किया जाएगा। (2) प्रत्येक बन्दी,किसी कारागार में मृत्यु हो गई है, का वारंट उस न्यायालय को मृत्यु की तिथि तथा वारंट वापिस करने की तिथि दर्शाते हुए पृष्ठांकन सहित वापस किया जाएगा, जिसने उसे जारी किया है। (3) यदि किसी बन्दी के लिए पृथक वारंट के अधीन दो या से अधिक दण्ड भुगतने अपेक्षित हैं,

तो सभी वारंट सभी दण्डों के अन्तिम निष्पादन पर वापस किए जाएंगे तथा वापस किए गए प्रत्येक वारंट की एक फोटोप्रति कारागार रिकार्ड में रखी जाएगी।

(4) सेना–न्यायालय द्वारा दण्डादिष्ट बन्दियों का सुपुर्दगी वारंट यूनिट के कमान्डिंग अधिकारी को भेजा जाएगा जिसमें न्यायालय ने दण्ड के पूरा होने के बाद रखा है।

(5) भगौड़े बन्दी की सुपुर्दगी वारंट, जिसे पुनः पकड़ा नहीं गया है, भागने की तिथि से दस वर्ष के बाद सम्बन्धित न्यायालय को वापस किया जाएगा।

वारंट वापस करना है।

184. (1) यदि किसी बन्दी को उसकी अपील की सुनवाई लम्बित होने पर जमानत मंजूर की गई है, तो सुपुर्दगी का मूल वारंट उस न्यायालय को वापस किया जाएगा, जिसने अपील न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुति के लिए उसे जारी किया है। वापस किए गए प्रत्येक वारंट की एक फोटोप्रति कारागार रिकॉर्ड के लिए रखी जाएगी।

(2) प्रत्येक मामले में, जिसमें अपील पर दण्ड प्रतिवर्तित किया गया है, तो अपील न्यायालय उस न्यायालय को अपने आदेश की प्रति सहित मूल वारंट वापस करेगा, जिसके द्वारा अभियुक्त की उसे रिहा करने के निर्देश सहित जमानत मंजूर की गई थी।

(3) प्रत्येक मामले में, जिसमें अपील पर दण्ड में संशोधन किया जाता है, तो अपील न्यायालय नया वारंट तैयार करेगा तथा उस न्यायालय को मूल वारंट तथा अपने आदेश की एक प्रति सहित उसे भेजेगा, जिसके द्वारा अभियुक्त को उसके समर्पण को सुरक्षित करने के लिए उपाय करने हेतु निर्देश तथा रूपातन्तरित वारंट पर व्यक्ति की सपुर्दगी सहित जमानत मंजूर की गई थी।

(4) प्रत्येक मामले में, जिसमें अपील में दण्ड पुष्ट किया गया है, तो अपील न्यायालय उस न्यायालय को अपने आदेश की एक प्रति सहित मूल वारंट वापस करेगा, जिसने बन्दी को उसके समर्पण को सुरक्षित करने के उपाय करने हेतु निर्देश तथा मूल वारंट पर बन्दी की सुपुर्दगी सहित जमानत मंजूर की है।

टिप्पणः– उपरोक्त वर्णित प्रत्येक मामले में उस न्यायालय, जिसमें बन्दी समर्पण करता है, जमानत पर उसकी रिहाई तथा उसके बाद में समर्पण की क्रमशः तिथियां वारंट पर पृष्ठांकित करने की ड्यूटी होगी।

कार्रवाई, जहां बन्दी समर्पण करता है।

185. जहां बन्दी, अपील न्यायालय में समर्पण करता है, ऐसा न्यायालय प्रत्येक मामले में, जिसमें अपील में दण्ड प्रतिवर्तित करता है, उसे रिहा करेगा तथा प्रत्येक मामले में, जिसमें अपील पर दण्ड उपान्तरित या पुष्ट किया गया है, नियम 184 के उप–नियम (3) तथा (4) के अनुसार उसको अभिरक्षा में सुपुर्द करने के निर्देश सहित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को उपान्तरित या मूल वारंट सहित पुलिस अधिकारी के प्रभार के अधीन अभियुक्त को भेजेगा।

रिहाई के समय पर गम्भीर बीमारी से पीड़ित किसी बन्दी का मामला ।

186. यदि बन्दी के दण्ड के समापन पर या रिहाई के समय पर वह गम्भीर बीमारी से पीड़ित पाया जाता है तथा उपचार करा रहा है, यदि वह अधिनियम के उपबन्धों के अधीन कारागार में उपचाराधीन रहने का विकल्प चुनता है, तो उसे रिहाई के लिए उपयुक्त रूप से प्रमाणित करने तक ऐसा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

बन्दी की समयपूर्व रिहाई।

187. (1) समयपूर्व रिहाई, सरकार द्वारा सिद्धदोष बन्दियो को प्रदान किया गया विशेषाधिकार है। यह सक्षम प्राधिकारी के विवेक के अध्यधीन है तथा अधिकार के मामले के रूप में दावाकृत नहीं किया जा सकता। सरकार माफी की अपनी कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था, शान्ति तथा प्रशान्ति आदि सहित उसके विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मामले पर अलग से विचार करती है। समयपूर्व रिहाई का अनुमोदन, अस्वीकार या आस्थगित करने का निर्णय बन्दी की आवश्यकताओं अर्थात् ऐसी समयपूर्व रिहाई समाज तथा सामाजिक जोखिम के मूल्यांकन के संतुलन के विचार से मार्गदर्शित होती है। समयपूर्व रिहाई का अनुमोदन, अस्वीकार या आस्थगित करने का अधिकार सरकार के पास आरक्षित है, जबकि उसी समय पर प्रत्येक मामले पर विचार करते समय सकारण आदेश पारित करने के लिए डयुटी सक्षम प्राधिकारी पर डाली जाती है।

(2) सिद्धदोष बन्दी की समयपूर्व रिहाई के लिए किसी भी मामलों पर इसमें, इसके नीचे यथा विहित न्यूनतम दण्ड के समापन से पूर्व विचार नहीं किया जाएगा :–

1	2	3
प्रवर्ग	अपराध तथा अन्य कारकों का स्वरूप	समयपूर्व रिहाई मामला यदि विचारा गया है
(क)	उपरोक्त उप–प्रवर्ग (क) में आने वाले बन्दियों से भिन्न बन्दी, जिनका मृत्यु दण्ड आजीवन	(i)पुरूष बन्दी–विचाराधीन अवधि सहित बीस वर्ष के वास्तविक

			कारावास में लघुकरण किया गया है या वे बन्दी, जिसे घृणित अपराध करने के लिए आजीवन कारावास दिया गया है जैसे कि : (i) बलात्कार/अप्राकृतिक अपराध सहित हत्या; (ii) उसी मामले में विभिन्न व्यक्तियों की हत्या तथा बलात्कार/अप्राकृतिक अपराध; (iii) सामूहिक बलात्कार; (iv) बारह वर्ष से कम आयु के बालक के विरूद्ध चेतन योन हमला/गम्भीर चेतन योन हमला; (v) फिरोती लेन/लूटपाट/डकैती/पहरण/ अपहरण वसूल करने के इरादे से हत्या; (vi) सामुहिक हत्या करने या जनसाधारण आक्रमण करने के लिए या साम्प्रदायिक/जाति दंगे या नक्सलवादियो के दौरान पृथक हत्या करने विस्फोटक का प्रयोग; (vii) न्यायिक अधिकारी, कारागार अधिकारी, अभियोजक या किसी पुलिस अधिकारी की हत्या; (viii) किसी सरकारी कर्मचारी की उसकी कार्यालय डयूटी के निर्वहन के दौरान हत्या; (ix) किसी निर्वाचित प्रतिनिधि की उसके कार्य के निर्वहन के सम्बन्ध में हत्या; (x) किसी मामले में गवाह की गवाही के सम्बन्ध में हत्या; (xi) विधि विरूद्ध कार्यकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का केन्द्रीय अधिनियम 37) के अधीन आजीवन दण्ड से दण्डनीय अपराध; (xii) एक मामले में दो से अधिक व्यक्तियों की हत्या; (xiii) हत्या के लिए द्वितीय दोषसिद्धि; (xiv) क्रमिक हत्या करना; (xv) आजीवन दंडादेश भुगतने के दौरान हत्या; (xvi) टाडा (आतंकवादी और विध्वंसकारी क्रियाकलाप निवारण) अधिनियम, 1987 (1987 का केन्द्रीय अधिनियम 28) के अधीन किसी अपराध के साथ हत्या; (xvii) चौदह वर्ष से कम आयु के किसी बालक की हत्या; (xviii) संविदा/किराया आधार पर हत्या; (xix) तेजाब के प्रयोग से हत्या या स्वेच्छा से गम्भीर हानि पहुंचाना; (xx) प्रच्छन्न गृह–अतिचार या प्रच्छन्न गृह भेदन	दण्ड के पूरा होने पर बशर्ते कि माफी सहित ऐसे दण्ड की कुल अवधि पच्चीस वर्ष से कम न हो; (ii) महिला बन्दी–विचाराधीन अवधि सहित चौदह वर्ष के वास्तविक दण्ड के पूरा होने पर बशर्ते कि माफी सहित ऐसे दण्ड की कुल अवधि बीस वर्ष से कम न हो;	

	में मृत्यु करना या घोर उपहति; (xxi) कारागार में लगातार बुरा आचरण; (xxii) किसी बन्दी का पांच से अधिक अपराधिक मामलों में शामिल होना; (xxiii) बन्दी, जिसे कुछ निश्चित कारणों से लोक व्यवस्था तथा सुरक्षा के खतरे के बिना समय पूर्व रिहा नहीं किया जा सकता; (xxiv) कोई अन्य अपराध, जिसे राज्य स्तरीय समिति लिखित में अभिलिखित कारणों से ''जधन्य'' होना समझा।	
(ख)	बन्दी, जो उपरोक्त प्रवर्ग(क) में नहीं आते हैं तथा उसे मृत्यु दण्ड से दण्डनीय भारतीय दण्ड संहिता या किसी अन्य विधि के अधीन कोई अपराध करने के लिए आजीवन कारावास दिया गया है या जो अपराध करने के लिए आजीवन दण्डादेशित है जैसे कि : (i) दहेज के कारण मृत्यु करना; (ii) कोई अन्य अपराध, जिसे राज्य स्तरीय समिति लिखित में अभिलिखित कारणों से ''जधन्य '' होना समझा। (iii) राजद्रोह।	(i)महिला बन्दी–विचाराधीन अवधि सहित चौदह वर्ष के वास्तविक दण्ड के पूरा होने पर बशर्ते कि माफी सहित ऐसे दण्ड की कुल अवधि बीस वर्ष से कम न हो; (ii)महिला बन्दी–विचाराधीन अवधि सहित बारह वर्ष के वास्तविक दण्ड के पूरा होने पर बशर्ते कि माफी सहित ऐस दण्ड की कुल अवधि सोलह वर्ष से कम न हो;
(ग)	बन्दी, जो उपरोक्त प्रवर्ग (क) तथा (ख) में नहीं आते हैं तथा कोई अपराध, जो भारतीय दण्ड संहिता या किसी अन्य विधि में आजीवन कारावास से दण्डनीय,मृत्यु दण्ड नहीं है, के रूप में परिभाषित है, किन्तु करने के लिए आजीवन कारावास से दण्डादेशित है।	विचाराधीन अवधि सहित दस वर्ष के वास्तविक दण्ड के पूरा होने पर बशर्ते कि माफी सहित ऐसे दण्ड की कुल अवधि चौदह वर्ष से कम न हो;
(घ)	बन्दी, जो मरणांत बीमारी से पीड़ित है, जिससे निकट भविष्य में मृत्यु होने की सम्भावना है।	प्राधिकृत चिकित्सा संस्था के चिकित्सक बोर्ड की रिपोर्ट पर।
(ङ)	विशेष रूप से विकलांग बन्दी	विचाराधीन अवधि शामिल करते हुए तथा पैरोल या फरलो की अवधि निकालते हुए आजीवन सिद्धदोषी के मामले में छह वर्ष तथा सभी अन्य मामलों में 50 प्रतिशत दण्ड के पूरा होने पर बशर्ते केवल कारागार में निरूद्ध होने के बाद विकलांगता पैदा हुई है तथा ऐसी स्वरूप की है, जो किसी अपराध को करने में सिद्धदोश बन्दी को पूर्णरूप से असमर्थ बनाती है तथा प्राधिकृत चिकित्सा संस्था के चिकित्सक बोर्ड द्वारा यथा प्रमाणित कारागार में स्वयं की देखभाल करने के लिए उसे असमर्थ भी बनाती है;
(च)	वृद्धावस्था बन्दी (पुरूष बन्दी के मामले में 75 वर्ष या से अधिक तथा महिला बन्दी के मामले में 70 वर्ष या से अधिक)	विचाराधीन अवधि शामिल करते हुए तथा पैरोल या फरलो की अवधि को निकालते हुए, ''अच्छा''

		या ''सन्तोषजनक'' आचरण के अध्यधीन आजीवन सिद्धदोषी के मामले में सात वर्ष तथा सभी अन्य मामलों में 2/3 दण्ड के पूरा होने पर:

परन्तु किसी बन्दी की समयपूर्व रिहाई का मामला, जो पैरोल या फरलो से अधिक ठहरता है, विस्तारित अवधि के दौरान उसके सदाचार के अध्यधीन इसमें, इससे ऊपर विहित अवधि से अधिक को नीचे वर्णित अनुसार अतिरिक्त अवधि के बाद विचारा जाएगा :—

दस दिन से अधिक तथा छह मास तक ठहरना	तीन मास
छह मास से अधिक तथा एक वर्ष तक ठहरना	छह मास
एक वर्ष से अधिक तथा तीन वर्ष तक ठहरना	एक वर्ष
तीन वर्ष से अधिक ठहरना	एक वर्ष तथा छह मासः

परन्तु यह और कि किसी बन्दी की समयपूर्व रिहाई का मामला, जिसका कारागार में परिरोध या समयपूर्व रिहाई के लिए विचारण की तिथि से पिछले पांच वर्ष पूर्व में अस्थायी रिहाई के दौरान आचरण ''असन्तोषजनक'' या ''खराब'' के रूप में प्रवर्गीकृत किया गया है, अगले दो वर्ष तक की अवधि के लिए विचारण हेतु आस्थगित कर दिया जाएगा :

परन्तु यह और कि किसी बन्दी की समयपूर्व रिहाई का मामला, जिसका कारागार में परिरोध या समयपूर्व रिहाई के लिए विचारण की तिथि से पिछले पांच वर्ष पूर्व में अस्थायी रिहाई के दौरान आचरण ''लगातार रूप से खराब'' के रूप में प्रवर्गीकृत किया गया है, प्रवर्ग (क) के खण्ड (गगप) के अधीन विचारा जाएगा, यदि आजीवन सिद्धदोषी उसके अधीन पहले शामिल नहीं किया गया है। तथापि, यदि उसे प्रवर्ग (क) के खण्ड (गगप) के अधीन पहले से शामिल किया गया है, तो समयपूर्व रिहाई के लिए उसका मामला अपेक्षित न्यूनतम दण्ड के पूरा होने से पांच वर्ष तक की आगामी अवधि से पूर्व नहीं विचारा जाएगा :

परन्तु यह और कि माफी का कोई भी लाभ आस्थगन की ऐसी अवधि के दौरान प्रदान नहीं किया जाएगा।

स्पष्टीकरण :— इसमें, इसके ऊपर वर्णित अवधि दण्ड की न्यूनतम मात्रा के लिए किसी सिद्धदोष बन्दी के लिए समयपूर्व रिहाई हेतु उसका मामला विचारने से पूर्व दण्ड भुगतना अपेक्षित है। सक्षम प्राधिकारी लिखित में अभिलिखित कारणों से समय की किसी अवधि के लिए मामला अनुमोदित, अस्वीकार या आस्थगित कर सकता है। एक बार आस्थगित किसी मामले को केवल ऐसे आस्थगन की अवधि की समाप्ति के बाद विचारा जाएगा। आस्थगन के आदेश में अवधि जिसके लिए इसे आस्थगित किया गया है का संदर्भ किया जाएगा। बन्दी की समयपूर्व रिहाई के लिए मामला अधिकतम दो बार के लिए आस्थगित किया जा सकता है परन्तु इसमें, इसके ऊपर यथा उपबन्धित न्यूनतम दण्ड वास्तविक या कुल के पूरा न करने के आधार पर किसी आस्थगन को नहीं गिना जाएगा। समयपूर्व रिहाई केवल इस आधार पर न तो दावाकृत होगी न ही अनुज्ञात की जाएगी कि मामला विगत में आस्थगित किया गया है।

(3) अपराध के स्वरूप के अतिरिक्त सिद्धदोष बन्दी की आयु तथा लिंग, समयपूर्व रिहाई के लिए विचारण की तिथि से पिछले पांच वर्ष पूर्व के दौरान उसके आचरण, पुनः अपराध करने की क्षमता, उसकी रिहाई के सामाजिक संघात, पीड़ित तथा गवाहों की सुरक्षा समयपूर्व रिहाई के मामले का निर्णय करने में अन्यों में सुसंगत कारक होगें :

परन्तु यदि वारंट या फैसले की प्रति में बन्दी की आयु में कोई भिन्नता पाई जाती है, तो आयु का सबूत जैसे कि मैट्रीकुलेशन प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र या विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाएगा तथा सम्बन्धित प्राधिकारी से सत्यापित कराया जाएगा। यदि कोई बन्दी आयु का सबूत पेश करने में असमर्थ है, तो उसकी प्राधिकृत चिकित्सा संस्था के चिकित्सक बोर्ड द्वारा जांच कराई जा सकती है। चिकित्सा जांच के लिए प्रबन्ध करने के लिए सम्बन्धित अधीक्षक की जिम्मेवारी होगी:

परन्तु यह और कि इन नियमों के अधीन समय पूर्व रिहाई के सभी मामले दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973(1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के उपबन्धों के अध्यधीन विचारे जाएंगे तथा किसी सम्बन्ध में कोई अनियमितता, गलती या त्रुटि किसी बाद के स्तर पर पाए जाने की स्थिति में, इस प्रकार रिहा किया गया कोई बन्दी सक्षम प्राधिकारी द्वारा पुनः वापस बुलाने के लिए दायी होगा।

(4) किसी बन्दी का आचरण निम्न अनुसार प्रवर्गीकृत किया जाएगा,—

(क) ''अच्छा'' यदि उसे किसी कारागार अपराध या अस्थाई रिहाई की किसी शर्त का उल्लंघन करने के लिए दण्डित नहीं किया गया है;

(ख) ''सन्तोषजनक'' यदि उसे किसी कारागार अपराध या समयपूर्व रिहाई के लिए विचारण की तिथि से पिछले पांच वर्ष पूर्व के दौरान अस्थाई रिहाई की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए केवल एक लघु दण्ड से दण्डित किया गया है;

(ग) ''सन्तोषजनक नहीं'' यदि उसे किसी कारागार अपराध के लिए या समयपूर्व रिहाई के लिए विचारण की तिथि से पिछले पांच वर्ष पूर्व के दौरान अस्थाई रिहाई की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए एक बड़े दण्ड या एक लघु दण्ड से अधिक से दण्डित किया गया है;

(घ) ''खराब'' यदि उसे किसी कारागार अपराध के लिए या समयपूर्व रिहाई के लिए विचारण की तिथि से पिछले पांच वर्ष पूर्व के दौरान अस्थाई रिहाई की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए दो बड़े दण्ड या दो लघु दण्ड से अधिक से दण्डित किया गया है;

(ङ) ''लगातार रूप से खराब'' यदि उसे किसी कारागार अपराध के लिए या समयपूर्व रिहाई के लिए विचारण की तिथि से पिछले पांच वर्ष पूर्व के दौरान अस्थाई रिहाई की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए दो बड़े दण्ड या तीन लघु दण्ड से अधिक से दण्डित किया गया है; या जिसे कारागार में परिरोध की अवधि या अस्थाई रिहाई के दौरान किए गए किसी दाण्डिक अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया है;

(5) सेवांत बीमारी के आधार पर रिहा किसी बन्दी की चिकित्सा पुनः जांच प्रत्येक छह मास में की जाएगी तथा यदि बन्दी किसी ऐसी बीमारी से पीड़ित नहीं पाया जाता है तथा चिकित्सा रूप से स्वस्थ है, तो उसे उसके दण्ड के असमाप्त भाग को भुगतने के लिए कारागार में पुनः भरती किया जाएगा।

(6) भुगते गए दण्ड की अवधि की संगणना करने के लिए सूत्र निम्न अनुसार होगाः– 21 जनवरी, 2006 को सिद्धदोष तथा आजीवन कारावास से दण्डादिष्ट व्यक्ति, जो प्रथम जनवरी, 2004 से अभिरक्षा में रहा है। उपरोक्त कथित दण्ड अवधि के दौरान, उसने चौदह मास के लिए पैरोल का लाभ लिया था तथा दस दिन के लिए पैरोल पर अधिक ठहरा था, तो 31 दिसम्बर, 2017 को उसके द्वारा भुगती गई वास्तविक सजा बारह वर्ष नौ मास और बीस दिन होगा। यदि इस अवधि के दौरान उसने छः वर्ष दस मास बीस दिन की कुल माफी अर्जित की है, तो उसकी कुल सजा अवधि, नीचे दिये गये उदाहरण के अनुसार संगणित की जाएगी :–

	वर्ष	मास	दिन
विचाराधीन अवधि	02	00	20
दोषसिद्धि अवधि	11	11	10
घटाई गई पैरोल अवधि	01	02	00
अधिक ठहराव की घटाई गई अवधि (पैरोल/फरलो)	00	00	10
वास्तविक भुगती गई सजा	12	09	20
जमा अर्जित माफी	06	10	20
भुगती गई कुल सजा	19	08	10

(7) वैद्यानिक उपबन्धों के अधीन सरकार द्वारा दी गई माफी को निकालते हुए नियमों के अधीन दी गई माफी, कुल सजा के एक चौथाई से अधिक नहीं होगी :

परन्तु सभी प्राधिकारियों द्वारा दी गई कुल माफी, कुल सजा के एक–तिहाई से अधिक नहीं होगी;

(8) समय पूर्व रिहाई के लिए मामलों का निर्णय सरकार द्वारा समय–समय पर गठित राज्य स्तरीय समिति की सिफारिश के अनुसार किया जाएगा।

(9) किसी बन्दी का समय पूर्व रिहाई का मामला, जिसे एक से अधिक मामलों में आजीवन कारावास भुगतने के लिए दण्डादिष्ट किया गया है, सभी मामलों में अपेक्षित सजा पूरी होने के बाद विचारा जाएगा।

उदाहरणः किसी बन्दी को दिनांक प्रथम जनवरी, 2019 को ''ए'' मामले में तथा प्रथम जनवरी, 2022 को ''बी'' मामले में, आजीवन कारावास भुगतने के लिए दण्डादिष्ट किया गया है, तो समय पूर्व रिहाई के लिए उसके मामले पर केवल तभी विचार किया जाएगा, यदि वह दोनों मामलों अर्थात् उपरोक्त उप–नियम (2) के अनुसार मामले ''ए'' तथा मामले ''बी'' में अपेक्षित न्यूनतम सजा पूरी कर लेता है।

टिप्पण :– दोषसिद्धि पर, आजीवन कारावास से दण्डादिष्ट प्रत्येक बन्दी को वास्तविक तथा कुल कारावास की न्यूनतम अवधि सहित समय पूर्व रिहाई से सम्बन्धित पालिसी या उसको लागू सूसंगत नियमों, जैसी भी स्थिति हो के बारे में सूचित किया जाएगा कि समय पूर्व रिहाई के लिए उसके मामले पर विचार करने, से पूर्व उसके द्वारा भुगती गई है। अधीक्षक, व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करेगा कि समय पूर्व रिहाई के मामले न्यूनतम विहित अवधि पूरी होने के बाद भेजे जाएं। अपेक्षित सजा पूरी होने से पूर्व प्रस्तुत किसी मामले पर गम्भीर रूप से विचार किया जाएगा।

(10) समय पूर्व रिहाई के लिए आवेदन की प्रक्रिया के लिए निम्न अनुसार कदम उठाए जाएंगे, अर्थात्:–

(क) अधीक्षक प्रत्येक चार मास अर्थात् जनवरी, मई तथा सितम्बर के अन्तराल पर सभी बन्दियों की सूची बनाएगा, जो आगामी चार मास में समय पूर्व रिहाई के लिए विचारण हेतु पात्र हैं। सूची इन नियमों में अधिकथित पात्रता मापदण्ड के अनुसार बनाई जाएगी। अधीक्षक इस प्रकार तैयार की गई सूची की एक प्रति सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे पात्र बन्दियों द्वारा तैयार किए जाने वाले आवेदनों को तैयार करने में सहायता करेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकारण समय पूर्व रिहाई पॉलिसी और प्रक्रिया के बारे में बन्दियों को अवगत कराने के उद्देश्य से इसकी विधिक सेवा क्लीनिक के माध्यम से कारागारों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करेगा;

(ख) अधीक्षक तीन मास की अधिकतम अवधि के भीतर सभी अपेक्षित दस्तावेज या रिपोर्ट एकत्र करेगा ताकि फाईल राज्य स्तरीय समिति को उसे भेजने के लिए पूरी हो सके। समय पूर्व रिहाई के मामलों पर निश्चित समय के भीतर विचार किया जाएगा, चाहे ऐसे सिद्धदोष बंदी द्वारा की गई अपील लम्बित हो या नहीं, यदि अन्यथा वह पात्र हैं। अधीक्षक, नियत अवधि के भीतर, उन मामलों, जिनमें दस्तावेजों का एकत्रीकरण अपूर्ण है, भी महानिदेशक को मामले भेजेगा। ऐसे मामलों में, महानिदेशक शेष दस्तावेज एकत्र करेगा। किसी भी मामले की फाईल अपूर्ण प्रलेखन उद्धृत नहीं होने के कारण अधीक्षक को वापस नहीं भेजेगा।

महानिदेशक, प्रस्ताव की प्राप्ति की तिथि से एक मास की अवधि के भीतर राज्य स्तरीय समिति को प्रस्ताव भेजेगा। सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता किसी शेष दस्तावेजों को एकत्र करने के लिए मांग सकता है।

(ग) राज्य स्तरीय समिति, दस्तावेजों की प्राप्ति के तीन मास के भीतर सरकार को अपनी सिफारिश भेजेगी। राज्य स्तरीय समिति समय पूर्व रिहाई आवेदनों पर समय पर निर्णय सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक तिमाही में एक बार बैठक करेगी।

(घ) सरकार द्वारा पारित आदेश वैबसाइट पर अपलोड करना चाहिए। अधीक्षक के माध्यम से एक प्रति बन्दी को भी दी जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बन्दी को मन्त्रणा तथा कानूनी सहायता मुहैया करेगी यदि अपेक्षित तथा अनुज्ञेय हो, यदि समय पूर्व रिहाई आवेदन की अस्वीकृति को विधिक चुनौती देना सम्भावना हो।

टिप्पणः– समय पूर्व रिहाई के लिए मामले, जो दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 433 के द्वारा अन्यथा से वर्जित हो, पर कानूनी कार्यवाही राज्य स्तरीय समिति की सिफारिश पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 161 के अधीन सरकार द्वारा की जाएगी।

(11) बन्दियों, जिनके मामले दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 435 में आते हैं, की समय पूर्व रिहाई करने की शक्तियों का प्रयोग केन्द्रीय सरकार के परामर्श से सरकार द्वारा किया जाएगा।

(12) इस नियम के प्रयोजन के लिए प्राधिकृत चिकित्सा संस्था में ए.आई.आई.एम.एस., नई दिल्ली, पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक, पी.जी.आई.एम.ई.आर. चण्डीगढ़, बी.पी.एस. चिकित्सा महाविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत), सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, नलहार (नूंह), महाराजा अग्रसेन चिकित्सा महाविद्यालय, अग्रोहा (हिसार) या प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा नांमित कोई अन्य चिकित्सा संस्था शामिल होगी।

(13) इन नियमों की अधिसूचना की तिथि से, ये नियम उन बन्दियों, जिन्हें इन नियमों की अधिसूचना की तिथि से पूर्व या को या के बाद हरियाणा राज्य के भीतर अधिकारिता रखने वाले न्यायालयों द्वारा सिद्धदोष ठहराया गया है, की समय पूर्व रिहाई के मामलों को लागू होगा।

अध्याय 13

अपील, पुनरीक्षण, याचिका, मुलाकात तथा सूचना

बन्दियो को अपील तथा पुनरीक्षण की सुविधाएं।

188. प्रत्येक बन्दी को कारागार में प्रवेश करने पर, आदेश, जिसके अधीन उसे कारागार में सुपुर्द किया गया है, के विरूद्व अपील या पुनरीक्षण, जैसी भी स्थिति हो, दायर करने की अवधि सूचित की जाएगी। उक्त प्रयोजन के लिए, प्रत्येक सुविधा उसको मुहैया कराई जाएगी, यदि वह अपील या पुनरीक्षण, जैसी भी स्थिति हो, दायर करना चाहता है। उन मामलों में, जहां अपील या पुनरीक्षण के लिए याचिका इतनी देरी से की गई है, जो कि सीमा अवधि के भीतर अपील न्यायालय में पहुंचने के लिए उसे असम्भाव्य या असम्भव बनाती है या परिसीमा अवधि समाप्त हो गई है, तो अधीक्षक इस प्रकार दिए गए कारणों पर अपने विचार (यदि कोई हो) सहित उसे पहले प्रस्तुत न करने के बन्दी के कारण अपील/पुनरीक्षण पर पृष्ठांकित करेगा।

अपील या पुनरीक्षण दायर करने के लिए अनुज्ञात अवधि।

189. (1) परिसीमा अधिनियम, 1963 (1963 का केन्द्रीय अधिनियम 36) के अनुसार अपील या पुनरीक्षण दायर करने के लिए परिसीमा अवधि निम्न अनुसार है :–

क्रम संख्या	आदेश का वर्णन	परिसीमा अवधि	समय जिस प्रारम्भ से अवधि होती है।
1	किसी सत्र न्यायालय द्वारा या उच्च न्यायालय द्वारा अपनी प्रारम्भिक दण्ड अधिकारिता का प्रयोग करते हुए पारित मृत्यु दण्ड	तीस दिन	दण्डादेश की तिथि से
2	किसी अन्य दण्डादेश या किसी आदेश, से जो विमुक्ति का आदेश न हो,		
	(i) उच्च न्यायालय में	साठ दिन	दण्डादेश या आदेश की तिथि से
	(ii) किसी अन्य न्यायालय में	तीस दिन	दण्डादेश या आदेश की तिथि से
3	भारत के संविधान के अनुच्छेद 132(1), 133 या 134(1) के अधीन उच्चतम न्यायालय में	तीस दिन	उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए प्रमाणपत्र की तिथि से
4	भारत के संविधान के अनुच्छेद 136 के अधीन उच्चतम न्यायालय में	तीस दिन	डिक्री, आदेश या दण्डादेश की तिथि से

(2) परिसीमा अधिनियम, 1963 (1963 का केन्द्रीय अधिनियम 36) के अधीन दांडिक अपील के लिए विहित परिसीमा अवधि की संगणना करने के लिए अपील न्यायालय को समर्थ बनाने हेतु, अधीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित नोटिस पृष्ठांकित किया जाएगा:–

''परिसीमा अधिनियम, 1963 (1963 का केन्द्रीय अधिनियम 36) की धारा 12 के अधीन परिसीमा अवधि से निकाले जाने के लिए आदेश, जिसके विरूद्व अपील की जानी है, की प्रति प्राप्त करने के लिए अपेक्षित अवधि .... दिन थी।''

अपील या पुनरीक्षण तैयार करने में नोट किया जाना।

190. यदि निर्णय की प्रति के बाद, अपील या पुनरीक्षण याचिका तैयार करने में कोई विलम्ब होता है तो अपील या पुनरीक्षण याचिका के भाग के रूप में ऐसे विलम्ब के कारण सहित विलम्ब को माफ करने के लिए अनुरोध भी किया जाएगा।

अपील या पुनरीक्षण के प्रयोजन के लिए मुलाकात।

191. प्रत्येक बन्दी को उसकी अपील या पुनरीक्षण को तैयार करने के लिए उसके विधिक वकील के साथ व्यक्तिगत रूप में मुलाकात करने के लिए युक्तियुक्त अवसर अनुज्ञात किये जाएंगे:

परन्तु ऐसी प्रत्येक मुलाकात, कारागार कर्मचारी, जिसके प्रभार में बन्दी ऐसी मुलाकात के लिए रखा गया है, की दृष्टि के भीतर की जाएगी, किन्तु सुनवाई के बाहर नहीं।

किसी बन्दी के लिए अपील, पुनरीक्षण, जिसके पास कोई दोस्त या एजेंट नही है।

192. विधि सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का केन्द्रीय अधिनियम 39) की धारा 12 के अनुसार, अभिरक्षा में कोई व्यक्ति, जिला, राज्य या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विधिक सेवाएं लेने के लिए हकदार होगा। यदि कोई बन्दी अपील या पुनरीक्षण दायर करना चाहता है और घोषणा करता है कि उसके पास ऐसा कोई रिश्तेदार, दोस्त या एजेंट नही है, जो उसके लिए अपील या पुनरीक्षण तैयार करने के लिए इच्छुक हो, तो उसे ऐसे विधिक सेवा प्राधिकरण के नियमों या हिदायतों के अनुसार उचित विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्दिष्ट करेगा। सम्बन्धित विधिक सेवा प्राधिकरण मुफ्त में अपील या पुनरीक्षण दायर करने के लिए सभी अपेक्षित दस्तावेज मुहैया करवाएगा।

अपील, पुनरीक्षण को तैयार करने तथा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया।	**193.** (1) यदि कोई बन्दी, जो अपील या पुनरीक्षण दायर करना चाहता है और घोषणा करता है कि उसका कोई रिश्तेदार या एजेंट नहीं है, जो उसके लिए अपील या पुनरीक्षण दायर करने का ईच्छुक हो, तो अधीक्षक ऐसे बन्दी से सम्बन्धित निर्णय या आदेश, जिसके विरूद्व वह अपील या पुनरीक्षण दायर करना चाहता है, की प्रति के लिए महानिदेशक द्वारा समय–समय पर यथा विहित प्ररूप में आवेदन करेगा। यदि निर्णय की प्रति सात दिन के भीतर प्राप्त नहीं होती है, तो अधीक्षक उसके लिए स्मरण–पत्र भेजेगा और यदि वहां कोई अधिक विलम्ब होता है, तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश को मामले की रिपोर्ट करेगा।

(2) निर्णय या आदेश की प्रति की प्राप्ति पर, बन्दी से लिखित पावती प्राप्त की जाएगी। बन्दी, यदि वह लिखना जानता है, तो उसकी अपील या पुनरीक्षण लिखने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा। यदि बन्दी लिखना नहीं जानता है, तो अधीक्षक किसी दूसरे बन्दी से या कारागार अधिकारी से या उसके वकील से या सम्बद्ध विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुहैया वकील से उसके लिए उसकी अपील लिखवाएगा।

(3) जब विधिक सहायता सलाहकार, विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से याचिकाकर्ता को मुहैया कराया गया है, तो बन्दी को उसको मुहैया ऐसे विधिक सहायता वकील के ब्योरों के बारे में सूचित किया जाएगा। यदि ऐसा विधिक सहायता सलाहकार, न्यायालय में बन्दी का प्रतिनिधित्व करने में असफल रहता है, तो बन्दी अधीक्षक को सूचित करेगा तथा अधीक्षक सम्बद्ध विधिक सेवा प्राधिकरण को मामले की रिपोर्ट करेगा।

(4) अपील या पुनरीक्षण लिखने के लिए प्रतिनियुक्त बन्दी या अधिकारी, अपीलार्थी के श्रुतलेख पर ऐसा करेगा और बन्दी को कोई सुझाव नहीं देगा कि क्या कहा जाएगा, न ही कोई बात जोड़ेगा, जो बन्दी स्वयं अपील पुनरीक्षण में कहना चाहता है। अपील या पुनरीक्षण लिखने के लिए प्रतिनियुक्त बन्दी या अधिकारी बन्दी को अपील पढ़ कर सुनाएगा।

टिप्पण–1.– अधीक्षक का परिसीमा के आधार पर किसी बन्दी की अपील या पुनरीक्षण को भेजने के लिए इनकार करना उचित नहीं है।

टिप्पण–2.– बन्दी की ओर से अधीक्षक द्वारा की गई अपील या पुनरीक्षण, प्रेषण करने से पूर्व, अधीक्षक की उपस्थिति में अपीलार्थी को पढ़कर सुनवाई जाएगी, यदि बन्दी अपील या पुनरीक्षण का अनुमोदन कर देता है, दस्तावेज प्रतिहस्ताक्षर करेगा तथा कारागार की कार्यालय मोहर उस पर लगाई जाएगी।

टिप्पण–3.– यदि निर्णय या आदेश की प्रति की प्राप्ति के बाद, बन्दी का रिश्तेदार, पारिवारिक सदस्य या एजेंट उसकी ओर से अपील या पुनरीक्षण करने की सहमति देता है और बन्दी भी उस प्रक्रिया की सहमति देता है, तो निर्णय की प्रति उचित पावती के अधीन ऐसे रिश्तेदार, पारिवारिक सदस्य या एजेंट जैसी भी स्थिति हो, को दी जाएगी।

टिप्पण–4.– बन्दी, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 363 (1) तथा (2) के अधीन निर्णय की प्रति मुफ्त में प्राप्त करने के हकदार है। प्रत्येक निर्णय की प्रति, अधीक्षक को भी भेजी जाएगी। इस नियम के लिए, बन्दी शब्द में विधिक वकील भी शामिल होगा।

(5) यदि बन्दी की अपील असफल हो जाती है और वह पुनरीक्षण के लिए आवेदन देना चाहता है, तो वह पुनरीक्षण आवेदन दायर करने के लिए आक्षेपित आदेश की प्रति मुफ्त में प्राप्त करने का हकदार होगा।

(6) अपील या पुनरीक्षण याचिका पर अपीलार्थी के हस्ताक्षर, उसे अधीक्षक को भेजने से पूर्व अधिकारी, जो सहायक अधीक्षक की पदवी से नीचे का न हो, द्वारा साक्ष्यांकित तथा सत्यापित किए जाएंगे।

(7) अधीक्षक, अपील या पुनरीक्षण विलम्ब किये बिना अपीलार्थी या पुनरीक्षण न्यायालय को भेजेगा। यदि निर्णय की प्रति की प्राप्ति के बाद अपील या पुनरीक्षण याचिका तैयार करने में कोई विलम्ब होता है, तो ऐसे विलम्ब का एक नोट याचिका पर भी किया जाएगा। समरूप मामले में सिद्धदोष बन्दी, या तो एक याचिका में संयुक्त रूप से या पृथक रूप से अपील कर सकते हैं या पुनरीक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त याचिका के मामले में, निर्णय की एक प्रति सभी के लिए पर्याप्त होगी।

टिप्पणः– सेना–न्यायालय द्वारा पारित दण्डादेश के विरूद्ध सैन्य बन्दियों द्वारा अपील या पुनरीक्षण सेना कमांड मुख्यालय को भेजी जाएगी।

(8) जब अपील या पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई की तिथि का नोटिस प्राप्त होता है, तो उसके बारे में बन्दी को सूचित किया जाएगा तथा ऐसे नोटिस की प्राप्ति की लिखित पावती प्राप्त की जाएगी। तब नोटिस अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा सत्यापित किया जाएगा तथा सम्बन्धित न्यायालय को वापस भेजा जाएगा।

(9) जब कोई कारण बताओ नोटिस, अपील न्यायालय से प्राप्त होता है कि क्यों न बन्दी का दण्डादेश बढ़ा दिया जाए, तो बन्दी से पूछा जाएगा कि क्या वह सम्बद्ध न्यायालय के सम्मुख व्यक्तिगत

	रूप में पेश होने की अनुमति के लिए आवेदन करना चाहता है। यदि वह ऐसा कहता है, तो अधीक्षक, आदेश के लिए न्यायालय को उसका आवेदन भेजेगा। यदि ऐसी अनुमति दी जाती है, तो न्यायालय के सम्मुख उसे पेश करने के लिए व्यवस्था की जायेगी। (10) अधीक्षक, मृत्यु दण्ड के अधीन प्रत्येक बन्दी को सूचित करेगा कि यदि वह उच्च न्यायालय, जैसी भी स्थिति हो, में अपील करना चाहता है, तो वह तीस दिन के भीतर ऐसा करेगा। (11) किसी दाण्डिक मामले में, उच्च न्यायालय के निर्णय या किसी आदेश की प्रति सिद्धदोष बन्दी द्वारा इस सम्बन्ध में आवेदन करने पर मुफ्त में दी जाएगी। (12) यदि एक ही मामले में अनेक व्यक्तियों को दण्डादिष्ट किया गया है, तो निर्णय की केवल एक प्रति सभी ऐसे बन्दियों के लिए पर्याप्त होगी, जो उसी कारागार में परिरूद्ध हैं।
अपील तथा पुनरीक्षण रजिस्टर का अनुरक्षण।	**194.** (1) बन्दी अनुभाग का प्रभारी, महानिदेशक द्वारा समय–समय पर यथा विनिर्दिष्ट ऐसे प्ररूप में अपील तथा पुनरीक्षण रजिस्टर रखेगा। वह अधीक्षक के सम्मुख, जब भी प्रायः आवश्यक हों, रजिस्टर रखावाएगा। उस तिथि से शुरू, जिसको बन्दी अपील या पुनरीक्षण दायर करने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करता है, कथित अपील या पुरीक्षण का निपटान करने वाले अपील न्यायालय के आदेश की प्राप्ति की तिथि तक, सभी ऐसी तिथियां, जिनको कार्रवाई सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान की गई है, ऐसे रजिस्टर में दर्ज की जाएंगी तथा प्रत्येक प्रविष्टि अधीक्षक या उप–अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा सत्यापित की जाएगी। (2) अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) यह सुनिश्चित करेगा कि अपीलों, पुनरीक्षणों या याचिकाओं के निपटान की प्रक्रिया में कोई विलम्ब न हो। बन्दी अनुभाग का प्रभारी इस सम्बन्ध में अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) के लिए प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेवार होगा।
मुख्तारनामा हस्ताक्षर करने के लिए बन्दी को अनुमति देना।	**195.** किसी बन्दी को अपील या पुनरीक्षण दायर करने के मामले में उसकी और कार्य करने हेतु किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करने के लिए मुखतारनामा हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाएगी। इसमें विधिक सलाहकार के मामलों में वकालतनामा भी शामिल होगा। कारागार प्राधिकारियों द्वारा बन्दियों के दस्तावेजों का सत्यापन करना केवल न्यायिक प्रयोजन के लिए सीमित होगा।
यदि किसी बन्दी द्वारा उच्च न्यायालय में अपील की गई है, तो अधीक्षक द्वारा सत्र न्यायाधीश को सूचित करना।	**196.** जब कभी कोई बन्दी, कारागार से उच्च न्यायालय में अपील दायर करता है, तो अधीक्षक लिखित में ऐसी अपील के सम्बन्ध में सत्र न्यायाधीश को सूचित करेगा।
बन्दी द्वारा उच्चतम न्यायालय में अपील या पुनरीक्षण करना।	**197.** यदि उच्चतम न्यायालय को सम्बोधित कोई याचिका बन्दी द्वारा प्रस्तुत की जाती है, तो इसके साथ उस न्यायालय के आक्षेपित निर्णय, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, की प्रमाणित प्रति और उच्चतम न्यायालय के सुसंगत नियमों के अनुसार ऐसे अन्य दस्तावेज भी संलग्न किए जाएंगे।
यदि कोई अपील या पुनरीक्षण वांछित न हो।	**198.** यदि कोई बन्दी कहता है कि वह कोई अपील या पुनरीक्षण दायर नहीं करना चाहता है, तो उसे दो साथी बन्दियों की उपस्थिति में लिखित में देने के लिए कहा जाएगा तथा तथ्य उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा उसकी इतिवृत टिकट पर अभिलिखित तथा सत्यापित किए जाएंगे।
बन्दी को अपील या पुनरीक्षण दायर करने के लिए अवधि की समाप्ति तक स्थानांतरित न किया जाना।	**199.** (1) ऐसे बन्दियों की श्रेणी के सिवाए, जिनके लिए स्थानान्तरण आदेश समय–समय पर जारी किए जाते है, साधारणतः बन्दी को अपील या पुनरीक्षण दायर करने के लिए विनिर्दिष्ट परिसीमा अवधि के दौरान दूसरी कारागार में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। (2) यदि कोई बन्दी स्थानांतरित किया गया है, तो कारागार के ब्योरे, जिसमें उसे इस प्रकार स्थानांतरित किया गया है, अपील न्यायालय को सूचित किए जाएंगे।
स्थानांतरित बन्दी की अपील।	**200.** यदि किसी बन्दी की अपील से सम्बन्धित कोई सूचना, जिसे स्थानांतरित किया गया है, प्राप्त हुई है, तो उसे कारागार के उस अधीक्षक को संचार के अनुमोदित साधन के माध्यम से बिना विलम्ब के भेजी जाएगी, जिसमें बन्दी, उस कारागार, जिससे बन्दी स्थानांतरित किया गया है, के सम्बन्धित रजिस्टर ने उसे नोट करने के बाद परिरूद्ध किया गया है।
अपील या पुनरीक्षण की स्थिति तथा परिणाम।	**201.** (1) यदि बन्दी द्वारा दायर अपील या पुनरीक्षण की स्वीकृति के बारे में कोई अद्यतन एक मास के भीतर प्राप्त नहीं होता है, तो सम्बद्ध विधिक प्राधिकरण को स्मरण पत्र भेजा जाएगा। अपील या पुनरीक्षण की स्थिति, विशेष रूप से सुनवाई की अगली तिथि, जो अपील या पुनरीक्षण न्यायालय की वैबसाईट पर उपलब्ध हो, युक्तियुक्त अन्तरालों पर बन्दी को अवगत कराई जाएगी। अपील या पुनरीक्षण

	का परिणाम, जब भी प्राप्त हो, पावती के अधीन उसको तुरन्त सूचित किया जाएगा तथा उसकी इतिवृत–टिकट तथा प्रवेश रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। (2) जब कभी किसी दण्डादेश या अन्यथा की सूचना या परिवर्तन के कारण संशोधित वारंट प्राप्त होता है, तो अधीक्षक उसकी प्राप्ति की पावती देगा तथा सम्बद्ध न्यायालय को मूल वारंट वापस भेजेगा। वह संशोधित वारंट की सूचना बन्दी को भी देगा। यदि नया वारंट निष्पादन के पृष्ठांकन सहित वापस किया गया है, तो अपील न्यायालय, उस न्यायालय, जिसके निर्णय के विरूद्व अपील की गई थी, को मूल रिकार्ड के साथ संलग्न करके उसे भेजेगा।
कतिपय मामलों में सिद्धदोष करने वाले न्यायालय को विभिन्न कारागारों में बन्दी के स्थानान्तरण की सूचना भेजना।	**202.** (1) जब बन्दियों जिन्होंने कारागार प्राधिकारियों की जानकारी के बिना अपील या पुनरीक्षण किए हैं, को परिसीमा अवधि की समाप्ति से पूर्व अन्य कारागारों में स्थानांतरित किया गया है, ऐसे स्थानान्तरण की सूचना अन्तिम सिद्धदोष ठहराने वाले न्यायालय को निरपवाद रूप से भेजी जाएगी। यदि किसी बन्दी की रिहाई का आदेश, जो स्थानांतरित किया गया है या उसकी अपील या पुनरीक्षण से सम्बन्धित संशोधित वारंट या कोई सूचना न्यायालय से प्राप्त हुई है, तो अधीक्षक उस कारागार के अधीक्षक, जिसमें बन्दी स्थानांतरित किया गया है, को तुरन्त भेजेगा। (2) अपील या पुनरीक्षण न्यायालय कारागार जिसमें वह परिरूद्ध है, के अधीक्षक के माध्यम से अपील या पुनरीक्षण का परिणाम बन्दी को अधिसूचित करेगा। यह अधिसूचना केवल बन्दी की अपील या पुनरीक्षण के परिणाम की सूचना के लिए आशयित है तथा किसी भी रूप में संशोधित वारंट जब कभी वह आवश्यक हो, जारी करने को कर्तव्य से न्यायिक अधिकारियों को मुक्त नहीं करता है। (3) उप–नियम (1) तथा (2) उन मामलों में लागू नहीं होंगे, जिनमें न्यायिक न्यायालय द्वारा पारित दण्डादेश राज्यपाल या राष्ट्रपति के आदेश द्वारा परिवर्तित किया गया है। ऐसे मामलों में, सरकार के आदेश की प्रति बन्दी के वारंट के साथ संलग्न की जाएगी, जिस पर दण्डादेश के परिवर्तन बताते हुए एक नोट तथा सरकार के आदेश की संख्या तथा तिथि दी जाएगी तथा अधीक्षक द्वारा सत्यापित की जाएगी।
राज्यक्षमा के लिए याचिका।	**203.** प्रत्येक बन्दी को राज्यक्षमा के लिए सरकार को याचिका देने की स्वतन्त्रता होगी, तथा यदि वह ऐसा करना चाहता है, तो ऐसी याचिका तैयार करने तथा प्रस्तुत करने के लिए युक्तियुक्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सभी ऐसी याचिकाओं के साथ दोषसिद्धि के न्यायालय और उसके किसी वरिष्ठ न्यायालय, जिसने अपील या पुनरीक्षण पर मामले का निपटान किया है, के निर्णय की प्रति, सहित सभी सुसंगत दस्तावेज संलग्न किए जाएंगे तथा वे स्वयं बन्दी द्वारा दिए जाने हैं।
जिला मजिस्ट्रेट या उसके पूर्व नियोक्ता या वरिष्ठ अधिकारी को याचिका करना।	**204.** जिला मजिस्ट्रेट या किसी सरकारी प्राधिकारी, या उसके पूर्व वरिष्ठ अधिकारी या नियोक्ता को पारिवारिक कार्य, सिविल सूट, सम्पत्ति से सम्बन्धित तथा उसी प्रकार की अत्यावश्यकता के मामले में याचिका देने के ईच्छुक किसी बन्दी के प्रसंग में, अधीक्षक, सम्यक् विचार करने के बाद, अपने विवेक से ऐसी याचिका की अनुमति दे सकता है और उसके बाद प्रतिहस्ताक्षर करेगा तथा उसके गन्तव्य स्थान पर उसे सीधे भेजेगा, बशर्ते किसी भी मामले में, इस प्रकार की कोई याचिका उच्च न्यायालय को सीधे नहीं भेजी जाएगी।
बन्दियों द्वारा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री तथा केन्द्रीय या राज्य सरकार के अन्य उच्च पदाधिकारी को याचिका करना।	**205.** विचाराधीन बन्दियों सहित बन्दियों द्वारा राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री तथा केन्द्रीय या राज्य सरकार के अन्य उच्च पदाधिकारियों को सम्बोधित याचिकाएं, महानिदेशक के माध्यम से उन्हें भेजी जा सकती है। तथापि, महानिदेशक ऐसी याचिका रोक सकता है, यदि याचिका में दिए गए कथन असत्य हैं या यदि याचिका आपतिजनक भाषा से युक्त है। तथापि, ऐसी याचिका रोकने के लिए कारण सामान्य कार्यालय चैनल के माध्यम से महानिदेशक द्वारा प्रेषिती को सूचित किए जाएंगे।
राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा दया याचिका की अस्वीकृति की सूचना।	**206.** राष्ट्रपति या राज्यपाल, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा दया याचिका की अस्वीकृति लिखित में या संचार के किसी अन्य अनुमोदित साधन के द्वारा बन्दी और उसके परिवार के सदस्यों को तुरन्त सूचित की जाएगी। मृत्यु दण्ड वाले बन्दी, राष्ट्रपति या राज्यपाल, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा दया याचिका की अस्वीकृति की प्रति प्राप्त करने के हकदार हैं।
मुलाकात तथा सूचना देने के लिए सामान्य नियम।	**207.** (1) साधारणतः प्रत्येक बन्दी को अपनी सम्पति का प्रबन्ध करने, किसी अन्य पारिवारिक कार्य, या अपील या पुनरीक्षण तैयार करने या जमानत प्राप्त करने में उसे समर्थ बनाने हेतु उसके परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों या विधिक सलाहकार के साथ सप्ताह में एक बार या अकसर मुलाकात या सूचना के लिए युक्तियुक्त सुविधाएं अधीक्षक द्वारा मुहैया कराई जाएंगी। मुलाकातियों के साथ मुलाकात का विशेषाधिकार, बन्दी के अच्छे आचरण पर निर्भर है तथा अधीक्षक द्वारा आचरण के आधार पर या सुरक्षा कारणों से निलम्बित किया जा सकता है या वापस लिया जा सकता है। (2) मुलाकात के लिए आवेदन, मौखिक या लिखित में हो सकता है। तथापि, यदि बन्दी,

	मुलाकात के लिए हकदार नहीं है, तो उसे इसके बारे में सूचित किया जाएगा। (3) प्रत्येक बन्दी अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों तथा सलाहकार, जो संख्या में 10 से अधिक न हों, जो कारागार में उसके परिरूद्व के दौरान उससे मुलाकात कर सकते हों, सहित व्यक्तियों की सूची प्रस्तुत करेगा। मुलाकात केवल ऐसे व्यक्तियों तक सीमित होगी। इस नियम में आने वाले "पारिवारिक सदस्य या रिश्तेदार" शब्द अक्षरशः के रूप में है तथा सर्वधा से प्रतिपादित है अर्थात् किसी भी व्यक्ति को बन्दी के साथ तब तक मुलाकात करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक व्यक्तिगत और अंतरग परिचित या घनिष्ठ संबंध का प्रमाण नही हो। किसी रिश्तेदार के मामलों में, रिश्ते की प्रकृति सुनिश्चित की जाएगीः परन्तु विशेष परिस्थितियों में, उसके रोजनामचे में लिखित में लिपिवद्व कारणों से, अधीक्षक किसी अन्य व्यक्ति, जिसका नाम बन्दी द्वारा प्रस्तुत सूची में दर्ज नहीं है, को उससे मुलाकात के लिए अनुज्ञात कर सकता हैः परन्तु यह और कि व्यक्तियों की संख्या, जो एक समय में किसी बन्दी से मुलाकात कर सकते हैं, साधारणतः पांच तक सीमित होगी। मुलाकात के लिए अधिक अनुरोध के मामले में, जो अनुज्ञात किए जा सकते हैं, से ऐसी मुलाकात अनुमत की जाएंगी, जो समय से पहले नियत किए गए हैं। (4) मृत्यु दण्डादेश के अधीन प्रत्येक बन्दी को अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों या विधिक सलाहकार के साथ ऐसी मुलाकात तथा अन्य सूचना के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जो अधीक्षक उचित समझे। (5) पत्रों की संख्या, जो बन्दी लिख या प्राप्त कर सकता है, पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा। (6) महानिदेशक, किसी बन्दी को किसी व्यक्ति से कोई और मुलाकात से मना कर सकता है यदि उसके पास विश्वास का कारण है कि ऐसे व्यक्ति ने कारागार में मुलाकात या दौरे के परिणामस्वरूप कोई प्रख्यापन जारी किया है। (7) साधारणतः पैरोल या फरलो पर रिहा बन्दी, उनके परिवार के सदस्यों के सिवाए, को किसी बन्दी के साथ मुलाकात करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। (8) पूर्व–बन्दियों, जो कारगार में ठहरे उनके दोस्तों से मिलने के लिए आवेदन करते हैं, को किसी प्रमाणिक कारण के बिना ऐसी मुलाकात के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा। (9) कपड़े या बिस्तर के सिवाए मुलाकात के समय पर किसी भी खाद्य या अन्य वस्तुएं को प्राप्त करने के लिए बन्दी को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। (10) उच्च सुरक्षा वार्ड में निरूद्ध बन्दी से मुलाकात या सम्पर्क को बन्दी से मुलाकात करने के लिए ईच्छुक व्यक्ति (व्यक्तियों) के केवल पुलिस सत्यापन के बाद अधीक्षक द्वारा अनुमत किया जाएगा। (11) अधीक्षक, महानिदेशक के अनुमोदन से, कारागार की सुरक्षा के सम्यक् विचार से एक तिमाही में एक बार से अनधिक आमने–सामने मुलाकात के लिए सुशील बन्दी को अनुज्ञात कर सकता है। (12) बन्दी, अधीक्षक की अनुमति से उसके अपने खर्च पर लेखन सामग्री खरीद सकता है और उसको अपने खर्च पर अनेक पत्र लिख सकता है। उसको मुहैया सभी कापियों, उनके दुरूपयोग पर नियन्त्रण रखने और गोपनीय पत्राचार रोकने के लिए उनके पृष्ठों को संख्यांकित करना चाहिए।
सामान्य नियम का अपवाद।	**208.** (1) अधीक्षक, बन्दी के कदाचार के बावजूद, यदि वह समझता है कि ऐसी छूट के लिए विशेष या अत्यावश्यक आधार विद्यमान हैं, उदाहरणार्थ बन्दी गम्भीर रूप से बीमार होने की स्थिति में या किसी घनिष्ठ रिश्तेदार की मृत्यु होने पर या यदि पारिवारिक सदस्य या रिश्तेदार बन्दी से मिलने के लिए दूर से आए हैं या मुलाकात से इनकार करने से उनको अनुचित कष्ट होगा, या यदि बन्दी रिहाई के नज़दीक है और रोजगार को सुरक्षित करना चाहता है, या अन्य पर्याप्त कारण है इन नियमों के अधीन उपबन्धित से कम अन्तरालों पर अपने विवेक से मुलाकात प्रदान कर सकता है। महत्व के मामले जैसे कि किसी रिश्तेदार की मृत्यु अधीक्षक को बन्दी के परिवार द्वारा किसी भी समय पर सूचित किया जा सकता है यदि वह इसे उचित समझता है, तो सम्पर्क की वास्तविकता बन्दी को सूचित कर सकता है। (2) अधीक्षक, कारागार से बाहर किसी अस्पताल में दूसरे बन्दी, जो परिवार का सदस्य है, से मिलने के लिए किसी बन्दी, सिद्वदोष बन्दी से अन्यथा, को निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन अनुमति दे सकता है : (क) यदि अस्पताल में बन्दी गम्भीर रूप से बीमार है; (ख) यदि अस्पताल उसी शहर या नगर में स्थित है; (ग) यदि बन्दी पर्याप्त एस्कोर्ट में भेजा गया है जैसा अधीक्षक निर्णय करे; तथा (3) बन्दी अस्पताल में बन्दी से मिलने के बाद तुरन्त कारागार में वापस आएगा।

मुलाकात स्वीकृत व्यक्तियों की तलाशी ली जा सकती है।	**209.** मुलाकात करने के लिए ईच्छुक प्रत्येक व्यक्ति, अपना पहचान सबूत प्रस्तुत करेगा तथा तलाशी तथा फोटोग्राफ देने के लिए स्वयं को प्रस्तुत करेगा। उसके हस्ताक्षर/बायोमैट्रिक, इलैक्ट्रोनिक रूप से या मुलाकात रजिस्टर पर भी प्राप्त की जा सकती है। तथापि, यह सुनिश्चित करने के लिए सम्यक् ध्यान रखा जाएगा कि ऐसी कोई तलाशी किसी बन्दी या कारागार स्टाफ से भिन्न किसी व्यक्ति की उपस्थिति में नहीं ली जाएगी। तलाशी के दौरान, यदि कोई वर्जित वस्तु पाई जाती है, तो उसे तुरन्त जब्त कर लिया जाएगा तथा अधीक्षक उस व्यक्ति के विरूद्व उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करेगा। महिला मुलाकाती के मामले में, ऐसी तलाशी महिला स्टाफ सदस्य द्वारा ली जाएगी। यदि मुलाकाती तलाशी के लिए प्रस्तुत करने या अपना नाम तथा पता देने तथा फोटोग्राफ देने से इनकार करता है, तो उसे कारागार परिसरों में प्रवेश या बन्दी से मुलाकात करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
मुलाकात का समय तथा दिन।	**210.** (1) अधीक्षक, महानिदेशक द्वारा, समय–समय पर जारी मार्गदर्शनों के अध्यधीन मुलाकात का दिन तथा समय नियत करेगा तथा मुलाकात अनुज्ञात करेगा। अधीक्षक की विशेष अनुमति के सिवाए कोई भी मुलाकात किसी अन्य समय पर अनुज्ञात नहीं की जाएगी। मुलाकात का दिन तथा समय तथा समय–सारणी रूपात्मकता का नोटिस कारागार के बाहर चिपकाया जाएगा। (2) मुलाकात की आनलाईन तथा आफलाईन बुकिंग के लिए व्यवस्था की जाएगी। (3) कोई भी मुलाकात रविवार तथा कारागार अवकाश दिवस को अनुज्ञात नहीं की जाएगी: परन्तु अधीक्षक, उसके रोजनामचे में लिखित में दर्ज किए जाने वाले कारणों से, अपवादिक परिस्थितियों में अवकाश दिवस पर भी मुलाकात स्वीकृत कर सकता है।
मुलाकात के स्थान।	**211.** प्रत्येक मुलाकात मुख्य द्वार पर या के निकट प्रयोजन के लिए नियत कारागार के किसी विशेष स्थान पर जाएगी : परन्तु अधीक्षक, लिखित में दर्ज किए जाने वाले विशेष कारणों से, कारागार के किसी भाग में मुलाकात करने की अनुमति दे सकता है।
मुलाकात कारागार अधिकारी की उपस्थिति में की जाएगी।	212. (1) किसी बन्दी से प्रत्येक मुलाकात, कारागार अधिकारी की उपस्थिति में की जाएगी, जो जिम्मेवार होगा कि कोई अनियमितता घटित न हो, और जिसे इस प्रकार नियुक्त किया जाएगा कि पक्षकारों के बीच हस्तान्तरित की जा रही किसी वस्तु को देखने तथा रोकने में समर्थ हो सके। (2) आतंकवादी या लड़ाकू के साथ प्रत्येक मुलाकात, बन्दी के विरूद्व मामले से परिचित गुप्तचर अधिकारी या पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में की जाएगी। अनुभवी कारागार अधिकारी भी ऐसी मुलाकात के दौरान हाजिर रहेगा।
मुलाकात का समापन।	**213.** सामान्यतः मुलाकात में बातचीत, देशी भाषा, अंग्रेजी या हिन्दी में की जाएगी। यदि उपस्थित कारागार कर्मचारी द्वारा कोई अनुचित सूचना या अनियमितता देखी गई है, तो वह तुरन्त मुलाकात समाप्त करेगा और मामला कारागार में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारी के आदेशों के लिए तुरन्त रिपोर्ट करेगा।
मुलाकात की अवधि।	**214.** मुलाकात के लिए अनुज्ञात समय साधारणतः बीस मिनट का होगा, किन्तु अधीक्षक द्वारा प्रशासकीय या सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत बदला जा सकता है।
बन्दी की मुलाकात से पूर्व तथा बाद में तलाशी लेना।	**215.** प्रत्येक बन्दी की मुलाकात से पूर्व तथा बाद में सावधानीपूर्वक तलाशी ली जाएगी। महिला बन्दियों की तलाशी, महिला स्टाफ द्वारा और केवल महिलाओं की उपस्थिति में ली जाएगी।
प्रतीक्षा कक्ष।	**216.** मुलाकात के लिए मुलाकातियों की बारी आने तक उन्हें प्रतीक्षा करने के लिए समर्थ बनाने हेतु, प्रत्येक कारागार में उपयुक्त प्रतीक्षा कक्ष मुहैया कराया जाएगा। उन्हें प्रयोजन के लिए टोकन दिया जा सकता है।
सम्पर्क सुविधाएं।	**217.** अधीक्षक, कारागार की सुरक्षा पर सम्यक् महत्व देने के बाद, समय–समय पर संचार के प्राधिकृत ढंग के माध्यम से उसके परिवार के सदस्यों के साथ सम्पर्क रखने के लिए बन्दी को अनुज्ञात कर सकता है। बन्दी अधीक्षक द्वारा नामित किए गए कारागार कर्मचारी के पर्यवेक्षण के अधीन इस सुविधा का प्रयोग कर सकते हैं। ऐसी सुविधा के प्रयोग के लिए बन्दी को अनुमति देते समय, अधीक्षक सुनिश्चित करेगा की उन बन्दियों को ऐसी अनुमति नहीं दी जाएगी, जिनका रिकार्ड उपद्रवी व्यवहार तथा बुरे आचरण का है।
अधीक्षक किसी मुलाकात से इनकार कर सकता है।	**218.** अधीक्षक, किसी मुलाकात को अनुज्ञात करने से इनकार कर सकता है, जिसके लिए साधारणतः कोई बन्दी इन नियमों के अधीन हकदार हो, यदि उसकी राय में, बन्दी से मुलाकात करने के लिए किसी विशेष व्यक्ति को अनुज्ञात करना लोक हित में नहीं है, या यदि वहां मुलाकात से इनकार करने के अन्य पर्याप्त कारण हैं। ऐसे प्रत्येक मामले में, अधीक्षक अपने रोजनामचे तथा बन्दी की इतिवृत–टिकट में ऐसी इनकारी के लिए अपने कारण अभिलिखित करेगा।

मुलाकात करने के विशेषाधिकार का दुरूपयोग करना।	**219.** कोई बन्दी, जो मुलाकात करने या पत्र लिखने या कारागार के बाहर किसी व्यक्ति से अन्य सम्पर्क करने से सम्बन्धित किसी विशेषाधिकार का दुरूपयोग करता है ऐसे समय के लिए ऐसे विशेषाधिकारों को खोने के लिए दायी होगा और ऐसे निर्बधनों प्रतिबन्धों के अध्यधीन हो सकता है, जैसा अधीक्षक निर्देश करें।
पत्र के वितरण सम्बन्ध में प्रक्रिया।	**220.** (1) कोई भी पत्र किसी बन्दी को तब तक वितरित या भेजा नही जाएगा जब तक अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) या अधीक्षक के आदेशों के अधीन किसी अन्य अधिकारी द्वारा उसकी जांच नही की जाती है, किन्तु कोई भी अनुचित विलम्ब, वितरण या प्रेषण करने में अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। यदि कोई पत्र अधीक्षक को अज्ञात भाषा में लिखा गया है, तो वह ऐसा पत्र भेजने से पूर्व अनुवाद प्राप्त करने के लिए कदम उठाएगा। संकेताक्षर या संकेतकी भाषा में लिखा गया कोई भी पत्र अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। अधीक्षक किसी भी पत्र को रोक सकता है, जो उसे किसी से अनुचित या आपतिजनक प्रतीत होता है, या किसी अनुचित या आपतिजनक पैरो को मिटा सकता है और उसके बारे में सम्बन्धित बन्दी को सूचित करेगा। (2) अधीक्षक के पास सुरक्षा तथा अनुशासन के कारणों से या आपातिक अवधि के दौरान बन्दियों के पत्रो को अस्वीकार करने का अधिकार होगा, यदि वह उन्हे आवश्यक समझता है।
बन्दी के लिए प्राप्त पत्रों को रोकना या वापसी करना ।	**221.** यदि कोई पत्र किसी बन्दी को सम्बोधित है, जो नियमों के अधीन उसे प्राप्त करने के लिए हकदार नहीं है, जब तक अधीक्षक उसे सूचित करने का निर्णय नहीं करता है, तब तक उसे रोका जा सकता है और उसे बन्दी के उसे प्राप्त करने के लिए हकदार होने या जारी करने तक उप–अधीक्षक (प्रशासन) की अभिरक्षा में रखा जाएगा, इस बन्दी को जब दिया जाएगा यदि वह अनुचित या आपतिजनक नहीं है या उसे इस सूचना के साथ भेजने वाले को वापस किया जा सकता है कि बन्दी उसे प्राप्त करने के लिए हकदार नहीं है। पूर्व मामले में, प्राप्ति के तथ्य और वितरण करने से इनकार करने का कारण, बन्दी की इतिवृत–टिकट में दर्ज किए जाएंगे और बन्दी की संख्या तथा प्राप्ति की तिथि पत्र पर लिखी जाएगी।
बन्दी उसे वितरित किए गए पत्र रख सकता है।	**222.** कोई बन्दी कोई पत्र रख सकता है, जो सम्यक प्राधिकार के अधीन उसे वितरित किया गया है, यदि अधीक्षक अन्यथा निर्देश नहीं करता है। बन्दी को दिया गया कोई पत्र, उप अधीक्षक (प्रशासन) या इस निमित्त अधीक्षक द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा यह दर्शाते हुए कि यह प्राधिकृत संसूचना हैं, हस्ताक्षरित किया जाएगा।
लेखन सामग्री का प्रावधान।	**223.** नियमों के अधीन अनुज्ञेय पत्रों, लिफाफों तथा टिकटों के लिए खर्च स्वयं बन्दी द्वारा वहन किए जाएंगे।
बन्दियों के गोपनीय पत्र।	**224.** बन्दी के विधिक सलाहकार की हिदायतों के अनुसार बन्दी द्वारा तैयार कोई निष्कपट गोपनीय लिखित संसूचना पूर्व जांच किए बिना वितरित की जाएगी।
विधिक सलाहकार के साथ मुलाकात।	**225.** बन्दी तथा उसके विधिक सलाहकार के बीच प्रत्येक मुलाकात दृष्टि के भीतर किन्तु स्टाफ सदस्य की सुनवाई के बाहर की जाएगी। प्रत्येक ऐसी भेंट का रिकार्ड रखा जाएगा।
विविध मामले।	**226.** मुलाकात को शासित करने के लिए अन्य विविध उपबन्ध निम्न अनुसार होंगे,– (क) दस्तावेजी, अनुसन्धान, समाचार–पत्र लेख और अन्य ऐसे मामलों के प्रयोजन के लिए बन्दियों की मुलाकात, सरकार या महानिदेशक द्वारा, समय–समय पर, जारी मार्गदर्शनों द्वारा शासित होंगे; (ख) उसी कारागार में रहने वाले बन्दियों जो परिवार के सदस्य हैं या सह–अभियुक्त है और लिंग के आधार पर या किसी अन्य कारण से अलग किए गए हैं, को किसी कारागार अधिकारी की उपस्थिति में सप्ताह में एक बार अधिमानतः मुख्य द्वार के निकट नामित स्थान पर मुलाकात अनुज्ञात की जा सकती है; (ग) बन्दियों, जो परिवारिक सदस्य हैं तथा विभिन्न कारागारों में रह रहे हैं, को महानिदेशक द्वारा यथा विनिर्दिष्ट स्टाफ सदस्य की उपस्थिति में एक मास में एक बार इलैक्ट्रोनिक साधन के माध्यम से मुलाकात अनुज्ञात की जा सकती है। ऐसी मुलाकातें अन्य प्राधिकृत मुलाकातों के अतिरिक्त हो सकती हैं। (घ) बन्दियों को अन्य कारागारों में बन्दियों के साथ पत्राचार करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। तथापि, यदि किसी बन्दी को दूसरी कारागार में अपने रिश्तेदार मिल गए हैं, तो उसे इन नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन उनको लिखने के लिए अनुमति दी जा सकती है; (ङ) कारागार का निरीक्षण करने वाले किसी व्यक्ति को सरकार या महानिदेशक या अधीक्षक की अनुमति के बिना कारागार परिसरों के भीतर किसी फोटोग्राफिक या वीडियो ग्राफिक उपकरण ले जाने या प्रयोग करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

शर्त, जिसके अधीन धार्मिक प्रचारक को प्रवेश करवाया जा सकता है।	**227.** बन्दियों के समूह के आवेदन, पर उन द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार किसी सुप्रसिद्ध धार्मिक प्रचारक को कारागार में केवल किसी धार्मिक उत्सव पर धार्मिक सेवा देने के लिए प्रवेश करवाया जा सकता है : परन्तु– (क) अधीक्षक अपने विवेक से किसी धार्मिक प्रचारक को प्रवेश देने से इनकार कर सकता है जिसका कारागार में प्रवेश वह किसी पर्याप्त कारण से उसमें अनुशासन बनाए रखने से असंगत समझता है; (ख) किसी भी ऐसे धार्मिक प्रचारक को स्वयं के लिए विभिन्न धार्मिक अनुनय के किसी बन्दी तक पहुंचने की अनुमति नहीं दी जाएगी यदि ऐसा बन्दी स्वैच्छिक रूप से ज्ञानकृत नहीं होना चाहता है; तथा (ग) धार्मिक प्रचारक, समय, स्थान, अवधि तथा इसी प्रकार के सम्बन्ध में ऐसी शर्तों के अध्यधीन होगा, जो अधीक्षक किसी समय पर उचित समझे।
बीमार या नकारा बन्दी से धार्मिक प्रचारक की मुलाकात।	**228.** धार्मिक प्रचारक को किसी भी दिन बन्दी से मुलाकात करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है, यदि ऐसा बन्दी गम्भीर रूप से बीमार है या मृत्यु दण्ड के अधीन है तथा ऐसे प्रचारक से मिलना चाहता है, किन्तु अन्यथा नहीं।
विदेशी नागरिकों के साथ सम्पर्क या मुलाकात।	**229.** बन्दियों जो विदेशी नागरिक हैं, के साथ सम्पर्क या मुलाकात केन्द्रीय सरकार या सरकार के निर्देशों, मार्गदर्शनों के अनुसार विनियमित की जाएगी।
योगा या विवेचन या खेल अनुदेशक या कौशल विकास या जागरूकता कार्यक्रम के परिचालक की मुलाकात।	**230.** योगा या विवेचन या खेल अनुदेशक या कौशल विकास या जागरूकता कार्यक्रम करने के लिए सबल व्यक्ति को महानिदेशक द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ऐसी शर्तों के अध्यधीन अधीक्षक की पूर्व अनुमति से कारागार परिसरों में मुलाकात करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है।
किसी बन्दी से सम्पर्क, जो राज्य विधान मण्डल या संसद का सदस्य है।	**231.** किसी बन्दी या कैदी, जो राज्य विधान, मण्डल या संसद का सदस्य है, द्वारा सदन, जिसका वह सदस्य है, के स्पीकर या अध्यक्ष, जिसका वह सदस्य या ऐसे सदन की समिति के अध्यक्ष का संबोधित सभी संसूचनाए समय–समय पर, इस सम्बन्ध में सरकार के मार्गदर्शनों के अनुसार अनुज्ञात की जाएगी।

	अध्याय 14 **उच्च सुरक्षा अहाता, सैल तथा उनमें बन्दियों का उपचार**
उच्च सुरक्षा अहाता।	**232.** (1) प्रवर्ग–I (एस 1–लाल) तथा प्रवर्ग–7 (एस 7–नारंगी) के अधीन आने वाले बन्दी विद्यमान कारागार के भीतर उच्च सुरक्षा अहाते (अहातों) के रूप में सीमांकित पृथक अहाते (अहातों) में रहेंगे। यदि अपेक्षित हो, तो सरकार प्रयोजन के लिए पृथक उच्च सुरक्षा कारागारों की स्थापना कर सकती है। किन्हीं भी परिस्थितियों में उच्च जोखिम बन्दियों को अन्य बन्दियों के साथ नहीं रखा जाएगा। (2) उच्च सुरक्षा अहाते (अहातों) में आवास केवल सेलुलर होंगे। (3) सभी प्रयोजनों के लिए सैलों की पर्याप्त संख्या, प्रत्येक कारागार में मुहैया कराई जाएगी। एकल परिरोध के लिए आशयित सैल में पृथक प्रांगण, होगा, जिसमें अधिभोगी को सुबह तथा सायंकाल में कसरत करने की अनुमति दी जा सकती है। सेलुलर या पृथक् परिरोध के लिए आशयित सेल में सामूहिक प्रांगण होगा, जिसमें अधिभोगियों को प्रत्येक एक घण्टे के लिए सुबह तथा सायंकाल कसरत करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है। बन्दियों की संख्या, जो एक समय में शारीरिक कसरत करने के लिए अनुमत है, अधीक्षक द्वारा नियत की जाएगी। (4) आसमान के सभी खुले स्थानों को लोहे की ग्रिलों के घेरे से कवरड किया जाएगा तथा खुले स्थानों में फर्श आर.सी.सी. का होगा। (5) उच्च सुरक्षा अहाते की भवन संरचना तथा माप ऐसी विशिष्टियों, का होगा जो समय–समय पर महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।
उच्च सुरक्षा अहाते को आधुनिक सुरक्षा तथा संचार उपकरण से सुसज्जित किया जाना है।	**233.** (1) उच्च सुरक्षा अहाते की अभिन्न निगरानी बनाए रखने के लिए सभी आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा तथा कारागार तथा बन्दियों की रक्षा तथा सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। (2) उपयुक्त संचार प्रणाली उच्च सुरक्षा में लगाए गए सुरक्षा कार्मिक को सभी समयों पर नियन्त्रण कक्ष तथा अपने आप में कारगर संचार बनाए रखने के लिए उन्हें समर्थ बनाने हेतु मुहैया कराई जाएगी। (3) सुरक्षा कारणों के लिए, जहां कहीं आवश्यक हो, आडियों तथा विडियों रिकार्डिंग सुविधाओं सहित सुरक्षा कैमरे स्थापित किए जाएंगे। (4) पर्याप्त, समर्पित वीडियों परामर्श प्रणाली इलैक्ट्रोनिक साधन से उच्च जोखिम बन्दियों को पेश करने तथा उनके विचारण के लिए समर्थ बनाने हेतु न्यायालयों के साथ संयोजन वाले उच्च सुरक्षा अहाते के भीतर स्थापित की जाएगी। (5) तालाबन्दी के समय पर रोज सुबह, को सम्बन्धित सहायक अधीक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि उच्च सुरक्षा अहाते में स्थापित सुरक्षा गैजेट तथा संचार उपकरण कार्य करने की स्थिति में है। यदि कोई गैजेट कार्य न करने की स्थिति में हैं, तो वह उप अधीक्षक (सुरक्षा) को सूचित करेगा और किसी विलम्ब के बिना त्रुटि को ठीक करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।
उच्च सुरक्षा अहाते का प्रभारी अधीक्षक।	**234.** अधीक्षक, उच्च सुरक्षा अहाते की सभी सुरक्षा व्यवस्था का प्रभारी होगा तथा महानिदेशक द्वारा इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी सभी नियमों तथा हिदायतों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिम्मेवार होगा। उसकी सहायता उप अधीक्षक (सुरक्षा) तथा ऐसे अन्य अधिकारियों तथा इस निमित्त उस द्वारा प्रतिनियुक्त कर्मचारियों द्वारा की जाएगी।
प्रयोजन, जिसके लिए सैल का प्रयोग किया जा सकता है।	**235.** सैल निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किए जा सकते हैं, अर्थात्:– (क) वारंट पर आदेशित एकल परिरोध दण्डादेश को कार्यान्वित करने; (ख) कारागार दण्ड के रूप में बन्दियों का पृथक् तथा सेलुलर परिरोध; (ग) बन्दियों का पृथक्करण; (घ) बीमारी का बहाना करने वाले संदिग्ध बन्दियों का चिकित्सा अवलोकन तथा पृथक्करण, हानिकर पदार्थों के प्रयोग से अपने आपको बीमार करना या क्षति पुहचॅना या जो किसी संक्रामक बीमारी से पीड़ित है या पीड़ित के रूप में संदिग्ध है; (ङ) मृत्यु के सिद्वदोष बन्दियों का परिरोध; (च) किन्नर (ट्रांसजैन्डर) बन्दियों का पृथक्करण; (छ) विदेशियों का परिरोध; (ज) उन बन्दियों का पृथक्करण, जो उत्तेजक या हिंसक है या खतरनाक चरित्र के है तथा कारागार सुरक्षा या अनुशासन के लिए सम्भाव्य जोखिम के है;

	(झ) विरोधी समूह के बन्दियों का पृथक्करण; (ञ) उच्च जोखिम बन्दियों का परिरोध; (ट) उन बन्दियों का पृथक्करण तथा सुरक्षा, जिन्हें दूसरे बन्दियों से उनके जीवन या अंग की आशंका है।
सैल का अधिभोग ।	**236.** सामान्यतः केवल एक बन्दी एक सैल में परिरूद्ध किया जाएगा : परन्तु किसी सैल में ठहरा बन्दी गम्भीर रूप से बीमार है तथा बीमारी के प्रकृति के कारण असुरक्षित है, जिससे वह पीड़ित है, उसको अस्पताल से हटाना है, तो अधीक्षक चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश पर, उसके साथ रहने के लिए एक परिचर की अनुमति दे सकता है। किसी अन्य परिस्थितियों में दो बन्दियों को उसी सैल का अधिभोग करने के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा : परन्तु यह और कि अधीक्षक के विशिष्ट आदेशों पर, पांच बन्दियों तक एक सैल में समायोजित किए जा सकते हैं।
सैलों में बन्द बन्दियों को सुनने के लिए एक अधिकारी का होना।	**237.** रात तथा दिन के दौरान, रक्षा कार्मिक सैल मे परिरूद्ध प्रत्येक बन्दी वैध अपेक्षाओं का पता लगाने तथा पर ध्यान देने के लिए उन्हे सुनने के लिए हमेशा रहेंगे। सभी ऐसे बन्दियों पर कोई कार्य, जो वर्जित है, करने से उन्हें रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी।
टिकट अधिभोग सैल के दरवाजे पर चिपकाई जानी है।	**238.** जब कभी किसी सैल का किसी बन्दी द्वारा अधिभोग किया जाता है, तो उसमें परिरूद्ध बन्दी के ब्योरे दर्शाने वाली टिकट सैल के प्रांगण द्वार के बाहर चिपकाई जाएगी।
उच्च सुरक्षा अहाते की सुरक्षा।	**239.** (1) आवश्यकता के अनुसार रक्षा कार्मिक की पर्याप्त संख्या, सुरक्षा तथा निगरानी के लिए उच्च सुरक्षा अहाते में तथा चारों और तथा रात–दिन वार्ड डयूटी के लिए लगाई जाएगी। (2) प्रत्येक बन्दी को उच्च सुरक्षा अहाते में रखने से पूर्व, सावधानी पूर्वक तलाशी ली जाएगी तथा भागने या आत्महत्या करने में सहायक सम्भाव्य सभी वस्तुएं उससे ले ली जाएगी। सैल की भी पूर्ण रूप से छान–बीन की जाएगी। सभी सैल तथा उनमें परिरूद्ध बन्दियों की प्रतिदिन तथा प्रायः, यदि आवश्यक हो, हवालात के समय पर सावधानी पूर्वक छान–बीन की जाएगी। इस आशय का एक प्रमाण–पत्र अभिलिखित किया जाएगा तथा सैल प्रभारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा तथा तलाशी रजिस्टर में कार्यकारी प्रभारी द्वारा अभिलिखित किया जाएगा। उप अधीक्षक (सुरक्षा) प्रमाणपत्र प्रति–हस्ताक्षर करेगा। (3) उच्च सुरक्षा अहाते में पहरे के प्रत्येक परिवर्तन पर डयूटी पर रक्षा कार्मिक तैनात किया जाएगा तथा स्वयं डयूटी अधिकारी द्वारा मुक्त किया जाएगा। (4) प्रत्येक बन्दी की उसके सैल में उपस्थिति, पहरे के प्रत्येक परिवर्तन पर पता लगाई जाएगी। (5) उच्च सुरक्षा अहाते में प्रवेश करने वाली प्रत्येक सामग्री की किसी वर्जित वस्तु के प्रवेश से रोकने के लिए एक्सरे सामान स्कैनर या अन्य उपयुक्त यन्त्र के द्वारा जांची जाएगी। (6) सैलों में परिरूद्ध बन्दियों की तालाबन्दी करने तथा खोलने के दौरान की गई गिनती के अलावा दिन में कम से कम दो बार गिनती की जाएगी। (7) अमानुष क्षेत्र उच्च सुरक्षा अहाते के निकट पहचाना जाएगा, जो उन व्यक्तियों, जो डयूटी के लिए तैनात किए गए है, के सिवाए किसी कारागार सहवासी तथा स्टाफ द्वारा पहुंच में नहीं होगा। (8) अहाते के प्रांगण में तैनात रक्षा कार्मिक उससे अधिक, जो उनकी डयूटी करने के लिए अपेक्षित हों, एक दूसरे के साथ वार्तालाप नहीं करेंगे। उच्च सुरक्षा अहातें के प्रवेश द्वार को बाहर तथा भीतर से तालाबन्द रखा जाएगा। (9) तालाबन्दी तथा खोलना कार्यकारी प्रभारी की उपस्थिति में किया जाएगा।
कारागार अधिकारी द्वारा सैलों का निरीक्षण।	**240.** (1) सैल का अधिभोग करने वाला प्रत्येक बन्दी का निरीक्षण दिन तथा रात के दौरान कम से कम प्रत्येक दो घण्टे में एक बार डयूटी पर रक्षा कार्मिक या पट्रोलिंग अधिकारी द्वारा किया जाएगा। जब पहरेदार को मुक्त किया जा रहा हो, अधिकारी प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण करेगा तथा अपने को सन्तुष्टि करेगा कि सभी बन्दी हाजिर है तथा सलामती से रह रहे हैं। (2) उच्च सुरक्षा अहाता उप अधीक्षक (सुरक्षा) या उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा कम से कम एकबार निरीक्षित किया जाएगा तथा जांचा जाएगा।
उच्च सुरक्षा अहाते में बीमारी।	**241.** बीमारी के मामले में डयूटी पर रक्षा कार्मिक द्वारा वायरलैंस सैट, इन्टरकोम या सूचना के किसी अन्य साधन से नियन्त्रण कक्ष को तुरन्त सूचना दी जाएगी। नियन्त्रण कक्ष में लगाए गए स्टाफ सदस्य उच्च सुरक्षा अहाते के कार्यकारी प्रभारी तथा चिकित्सा अधिकारी को तुरन्त मामले की रिपोर्ट करेंगे।

	कार्यकारी प्रभारी सूचना की प्राप्ति पर वार्ड का तुरन्त निरीक्षण करेगा तथा परिस्थितियों के बारे में उप अधीक्षक को सूचित करेगा। इसके साथ चिकित्सा अधिकारी जांच तथा उपचार के लिए उच्च सुरक्षा अहाते का निरीक्षण करेगा तथा यदि आवश्यक हो, चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश पर, बन्दी को बेहतर प्रबन्धन के लिए कारागार अस्पताल में ले जाया जा सकता है। यदि उच्च जोखिम बन्दी कारागार अस्पताल में बदल जाता है, तो अधीक्षक को तुरन्त सूचित किया जाएगा। उप–अधीक्षक (सुरक्षा) उच्च जोखिम बन्दी को वहां रखने तक अस्पताल में तथा चारो ओर विशेष सुरक्षा प्रबन्ध करेगा।
उच्च सुरक्षा अहाते की चाबी।	**242.** (1) सैल, प्रांगण द्वार के तालों की चाबियाँ हमेशा डयूटी पर लगाए गए स्टाफ सदस्य द्वारा संभाली जाएगी। किन्हीं भी परिस्थितियों में चाबियां अप्राधिकृत स्टाफ सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं सम्भाली जाएंगी। (2) सैलो की चाबियाँ दिन में डयूटी पर रक्षा कार्मिक तालाबन्दी के समय से हिरासत तक अपनी अभिरक्षा में रखेगा। रात के समय, हवालात के समापन पर सैलो की चाबियाँ एकत्रित की जाएंगी तथा उप–अधीक्षक (प्रशासन) की उपस्थिति में गिनी जाएंगी, जो हवालात रजिस्टर में संख्या नोट करेगा। फिर वह मुख्य द्वार पर प्रयोजन के लिए मुहैया चाबी बाक्स में चाबियाँ ताले से बन्द करेगा तथा डयूटी अधिकारी को ऐसी चाबी बाक्स की चाबी हस्तान्तरित करेगा, जो प्रातःकाल में कारागार में उप अधीक्षक के प्रवेश करने पर उसको देगा। (3) किसी बन्दी द्वारा आत्महत्या करने के प्रयास के मामले में, सैल तुरन्त खोला जाना चाहिए तथा विफल करने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे मामले में अधीक्षक, उप अधीक्षक (प्रशासन) तथा उप–अधीक्षक (सुरक्षा) को डयूटी अधिकारी द्वारा तुरन्त सूचित किया जाएगा।
रात के दौरान निगरानी की बहुविध लेयर।	**243.** रात के समय के दौरान उच्च सुरक्षा अहाते के लिए छह–लेयर सुरक्षा प्रणाली होगी। अहाते में रक्षा कार्मिक प्रथम लेयर गठित करेगा, टावर पर लगाया गया रक्षा कार्मिक द्वितीय लेयर गठित करेगा, उच्च सुरक्षा अहाते का पट्रोलिंग अधिकारी प्रतिघण्टा चक्र लगाकर तीसरी लेयर गठित करेगा तथा चौथी लेयर सम्पूर्ण कारागार के पट्रोलिंग अधिकारी के निरीक्षण द्वारा गठित होगी; पांचवी लेयर डयूटी अधिकारी द्वारा जांच करने के दो चक्रों को मिलाकर बनेगी तथा अन्त में, उप अधीक्षक तथा अधीक्षक द्वारा आकस्मिक जांच छठी लेयर गठित करेगी।
सैलों में बन्दियों के बिस्तर तथा सैल की सफाई।	**244.** सैल में प्रत्येक बन्दी का बिस्तर, चिकित्सा अधिकारी द्वारा विशेष मामलों में दिए गए किसी आदेश के अध्यधीन, प्रतिदिन धूप तथा हवा में छोड़े जाएंगे, यदि मौसम अनुमति देता है तथा सैल का प्रत्येक अधिभोगी उसकी सफाई के लिए जिम्मेवार होगा।
कोई बन्दी कामगार सैल में प्रवेश कर सकता है।	**245.** कोई स्वीपर या कोई बन्दी कामगार, यदि डयूटी पर किसी अधिकारी के साथ जाता है तथा उसकी सेवाएं लेना अपेक्षित है, को सैल में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है।
सैलो में श्रम की किस्म।	**246.** उच्च सुरक्षा अहाते में परिरूद्ध प्रत्येक बन्दी, यदि कठोर कारावास से दण्डादेशित किया गया है, को श्रम जैसे कि सफाई, स्वच्छता इत्यादि आबंटित किया जाएगा। विचाराधीन बन्दियों को भी सफाई तथा रखरखाव कार्य व्यक्तिगत रूप से या समूह में आबंटित किया जाएगा। श्रम का रूप ऐसी रीति मे चयनित किया जाएगा ताकि उसे भागने से रोका जा सके। यदि उच्च सुरक्षा अहाते के आस–पड़ोस में बन्दियों को कार्य पर नियोजित करना आवश्यक है, तो भागने से रोकने के लिए विशेष सावधानी बरती जाएगी।
उच्च सुरक्षा अहाते में बन्दी अधिकारियों का नियोजन।	**247.** तीन बन्दी अधिकारी सैलों में परिरूद्ध बन्दियों पर निरन्तर निगरानी रखने के लिए उनकी प्रत्येक पंक्ति में प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। वे सैलों में डयूटी पर स्टाफ सदस्य को प्रत्येक घटना की तुरन्त रिपोर्ट देंगे।
उच्च सुरक्षा अहाते के सामान्य उपबन्द।	**248.** (1) उच्च सुरक्षा अहाते का कार्यकारी प्रभारी ऐसा अधिकारी होगा जो सहायक अधीक्षक की पदवी से नीचे का न हो। (2) सैलों में परिरूद्ध बन्दियों को अनुज्ञेय कारागार विशेषाधिकार ऐसे होंगे, जो महानिदेशक, अधीक्षक तथा जहां तक साध्य हो, द्वारा विनिर्दिष्ट, किए जाएं, वही स्वतः उच्च सुरक्षा अहाते में मुहैया कराए जाएंगे। (3) उच्च सुरक्षा अहाते में मुलाकात, जहां तक साध्य हो, बन्दियों के साथ स्वतः उच्च सुरक्षा अहाते में इलैक्ट्रोनिक साधन से की जाएगी, अपवादिक परिस्थितियो में, यदि भौतिक मुलाकात अनुज्ञात की जानी है, तो जहां विशेषाधिकार सम्पर्क के प्रवर्ग में आने वाले सम्पर्क के सिवाए, यह स्टाफ सदस्य की उपस्थिति तथा सुनवाई के भीतर उच्च सुरक्षा अहाते में निर्मित मुलाकात कक्ष में की जाएगी। मुलाकात केवल पुलिस सत्यापन के बाद परिवार के सदस्यों तथा प्राधिकृत विधिक सलाहकार तक सीमित होगी। (4) सैलों में कोई भी भोजन बनना या गर्म करना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा तथा अन्य बैरक

	से कोई भी बनाया हुआ भोजन उच्च सुरक्षा अहाते में लाने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। (5) उच्च सुरक्षा अहाते में बन्दियों की शौचघर, वस्त्र तथा बिस्तर की हकदारी वही होगी, जो अन्य बन्दियों की है। (6) चिकित्सा देखभाल उच्च सुरक्षा अहाते के घेरे के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी। तथापि, आपातिक तथा गम्भीर मामलों, में बन्दी का कारागार अस्पताल में उपचार किया जा सकता है। (7) उच्च सुरक्षा अहाते में रह रहे बन्दियों के लिए सुधार तथा उपचार कार्यक्रम विस्तारित किए जा सकते है। ये कार्यकलाप तथा कार्यक्रम स्वतः अहाते के भीतर किए जाएंगे तथा बन्दियों को अन्य बन्दियों के साथ मिलने से मना नहीं किया जाएगा। (8) सैल में बन्दी, जो हिंसक स्वभाव का है, को तलाशी, निरीक्षण आदि करने के लिए उसके सैल को खोलने से पूर्व हथकड़ी लगाई जा सकती है। हथकड़ी खोल दी जाएगी जब सैल बन्द किया जाता है। (9) अहाते का द्वार हमेशा तालाबन्द रखा जाएगा तथा बन्दी को वैध कारणों के सिवाए अहाते से बाहर जाने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। बाहर जाने वाले किसी बन्दी के साथ कम से कम एक रक्षा कार्मिक होगा। किसी कारण से उच्च सुरक्षा अहाते से बाहर जाने वाले प्रत्येक बन्दी की प्रविष्टियां दर्शाने वाला रजिस्टर का रख–रखाव किया जाएगा। (10) उच्च सुरक्षा अहाते के लिए प्रयुक्त ताले तीन मास या यथा प्रायः यथा आवश्यकता के बाद अदला–बदली किए जाएंगे। (11) इन नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन, महानिदेशक विशेष मामलों में राज्य में किसी कारागार के लिए उच्च सुरक्षा अहाते हेतु मानक परिचालन प्रक्रिया बना सकता है।
राज्य में तथा के बाहर बन्दियों को बदलना।	**249.** (1) नियम 45 में यथा विहित प्रवर्ग–I (एस I–लाल) के बन्दी साधरणतः कारागार की रक्षा तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और कारागार में बन्दियों तथा अन्यों के बीच विकसित किसी सम्बन्ध को तोडने के लिए महानिदेशक के आदेश द्वारा प्रत्येक छह मास के बाद एक कारागार से दूसरी में बदला जाएगा। (2) यदि कोई बन्दी उच्च सुरक्षा अहाते में या अन्यथा से परिरूद्ध है, कारागार नियमों को बार–बार भंग करता है, तो महानिदेशक, सम्बद्ध राज्य सरकार के अनुमोदन से किसी अन्य राज्य में ऐसे बन्दी को बदलने के लिए विचार करेगा। राज्य सरकार कतिपय प्रवर्गों के बन्दियों के लिए तथा सम्बन्धित राज्य (राज्यों) की सहमति से पारस्परिक आधार पर अन्तरराज्य स्थानांतरण पालिसी बना सकती है।

	अध्याय 15 **बन्दियों का स्थानान्तरण**
महानिदेशक की शक्ति।	**250.** महानिदेशक राज्य में एक कारागार से दूसरी कारागार में बन्दियों का स्थानान्तरण कर सकता है: परन्तु यदि विचारणधीन बन्दी को सम्बन्धित न्यायालय की अधिकारिता से बाहर किसी स्थान पर स्थानांतरित किया गया है, तो न्यायालय को ऐसे स्थानान्तरण की सूचना दी जाएगी तथा शारीरिक रूप से या इलैक्ट्रोनिक साधन के माध्यम से सुनवाई की प्रत्येक तिथि को विचारण न्यायालय के सम्मुख बन्दी को पेश करने का प्रबन्ध किया जाएगा।
स्थानान्तरण के आधार।	**251.** निम्नलिखित मामलों में बन्दी को महानिदेशक की स्वीकृति से राज्य के भीतर एक कारागार से दूसरी में स्थानांरित किया जा सकता है, अर्थात्:– (क) कारावास की लम्बी अवधि के लिए दण्डादिष्ट बन्दी उन कारागार की तुलना में जिनके लिए वे प्रतिबद्व है, उन्हे निरूद्ध करने के लिए प्राधिकृत किया गया है; (ख) ऐसे बन्दी, जिनका स्थानान्तरण भीड़–भाड़ को रोकने या कम करने के लिए आवश्यक हो; (ग) युवा अपराधी तथा महिला बन्दी; (घ) विशेष योग्यता या कौशल वाले बन्दी, यदि उनकी सेवाएं किसी दूसरे स्थान के लिए अपेक्षित है; (ङ) जिले में प्रभाव वाले बन्दी, जिसमें वे परिरूद्ध हैं, जो हिंसक या खतरनाक चरित्र के हैं; (च) चिकित्सा आधारों या अन्यथा से उपयुक्त संस्था में अभिरक्षा तथा उपचार के लिए; (छ) विचारण या साक्ष्य देने के लिए न्यायालय में उपस्थिति पर; (ज) उनके पुनर्वास के हित में प्रतिपूर्ति आधारों पर; (झ) कोई बन्दी, जिसका स्थानान्तरण करना महानिदेशक की राय में कारागार के बेहतर प्रशासन, कारागार या बन्दी (बन्दियों) के अनुशासन या सुरक्षा के लिए अनिवार्य हो।
अन्य राज्यों में या से बन्दियों का स्थानान्तरण।	**252.** (1) सरकार, प्राप्त करने वाले राज्य की सरकार की सहमति से किसी बन्दी को हटाने के लिए आदेश, जिसका परिरोध उस राज्य में कारागार में लोकहित में नहीं है और बन्दी की वास्तविक सजा का असमाप्त भाग, मामले पर विचार करते समय पर तीन मास से अधिक न हो, कर सकती है। (2) सरकार लोकहित में राज्य के बाहर से किसी बन्दी का राज्य की कारागार में स्थानान्तरण को स्वीकार भी कर सकती है। यदि आवश्यक समझा जाए, तो पुलिस महानिदेशक और महानिदेशक के विचार ऐसे स्थानान्तरण का अनुमोदन करने से पूर्व प्राप्त किया जा सकता है। (3) सिद्धदोष करने वाले राज्य के माफी तथा विनिमय नियम राज्य के बाहर से अन्तरित बन्दी को लागू होंगे। (4) विचाराधीन बन्दी के मामले में, विचारण न्यायालय को ऐसे स्थानान्तरण के बारे में सूचित किया जाएगा और या तो शारीरिक रूप से या इलैक्ट्रोनिक्स साधन के माध्यम से सुनवाई की प्रत्येक तिथि को विचारण न्यायालय के सम्मुख बन्दी को पेश करने का प्रबन्ध किया जाएगा।
विभिन्न कारागारों में उसी मामलों में सिद्धदोष बन्दियों का स्थानान्तरण।	**253.** उसी मामले में सिद्धदोष बन्दियों को विभिन्न कारागारों में स्थानांतरित किया जा सकता है यदि महानिदेशक की राय में कारागार में अनुशासन तथा शान्ति बनाए रखने के हित में या नियम 251 में वर्णित अन्य आधारों के लिए ऐसा करना अनिवार्य है।
खतरनाक बन्दियों तथा डाकूओं का स्थानान्तरण।	**254.** अधीक्षक, आधार, जिनके लिए बन्दी पूर्व कारावास के कारण या अनुशासन के हित में इलाके और पास–पड़ोस से परिचित है, पर कारागार से खतरनाक या आदतन बन्दी या आपराधिक गेंग के सदस्य के स्थानान्तरण के लिए महानिदेशक को आवेदन कर सकता है। महानिदेशक स्वयं की सन्तुष्टि करने के बाद कि बन्दी को स्थानान्तरण के लिए पर्याप्त कारण विधमान हैं, ऐसे बन्दी के स्थानान्तरण के आदेश कर सकता है।
बन्दियों को साधारणतः स्थानांतरित न किया जाना।	**255.** किसी भी बन्दी को भीड़–भाड़ को रोकने या कम करने के उपाय के रूप के सिवाए, कारागार से स्थानांतरित नहीं किया जाएगा, जिसमें उसे प्रथम दृष्टांत में सुपुर्द किया गया था यदि स्थानान्तरण के लिए पात्र अन्य बन्दी उपबल्ध नहीं है या किसी अन्य वैसे ही महत्वपूर्ण कारण के लिए, यदि बन्दी,– (क) अपील नहीं करता है तथा अपील दायर करने के लिए परिसीमा अवधि समाप्त नहीं हुई है; (ख) सुरक्षा प्राप्ति की चूक में परिरूद्ध है; या (ग) जुमाने के भुगतान की चूक में परिरूद्ध है।

स्थानान्तरण से पूर्व बन्दी की चिकित्सा जांच करना।	**256.** किसी भी बन्दी, जो चिकित्सा उपचाराधीन है, तब तक एक कारागार से दूसरी कारागार में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा जब तक चिकित्सा अधिकारी प्रमाणित नहीं करता कि बन्दी स्थानान्तरण के लिए उसे अयोग्य बनाने वाली किसी बीमारी से मुक्त है।
बीमार बन्दियों का स्थानान्तरण करना।	**257.** बीमार बन्दियों को निम्नलिखित आधारों पर एक कारागार से दूसरी कारागार में स्थानांतरित किया जा सकता है, अर्थात्:– (क) किसी बन्दी, जो बीमार है, को उसके स्वास्थ्य के हित के सिवाए स्थानांतरित नहीं किया जाएगा; (ख) यदि चिकित्सा अधिकारी विश्वास करता है कि बीमार बन्दी का दूसरी कारागार में स्थानान्तरण उसके स्वास्थ्य लाभ की ओर अग्रसर होना सम्भाव्य है या उसके स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए सहायक रहेगा। ऐसे मामलों में, वह उस कारागार, जिसमें स्थानान्तरण वांछित है, को वर्णित करते हुए अधीक्षक को मामले का संक्षिप्त विवरण भेजेगा। अधीक्षक उसके बाद महानिदेशक के आदेशों के लिए उसको मामला प्रस्तुत करेगा; (ग) अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी से लिखित में मांग करने पर, ऐसी यात्रा, उनके प्रयोग के लिए हिदायतों सहित दवाईयों हेतु बन्दी के लिए अतिरिक्त भोजन, वस्त्र तथा बिस्तर, यदि आवश्यक हो, ऐसे बन्दी के एस्कोर्टिंग अधिकारी को दिए जाएंगे; (घ) चिकित्सा अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेवार होगा कि बन्दी की चिकित्सा मामला शीट उसके स्थानान्तरण के समय पर अद्यतन कर दी गई है।
बन्दी, जब महामारी व्याप्त है, को स्थानांतरित न किया जाना।	**258.** महानिदेशक की विशेष स्वीकृति के बिना किसी बन्दी का एक स्थानान्तरण कारागार से दूसरी कारागार में जब कोई महामारी रोग या तो स्थानान्तरण करने वाली या प्राप्त करने वाली कारागार में व्याप्त रहने या रोग के कम से कम दो सप्ताह के लिए अदृश्य होने तक नहीं किया जाएगा। संक्रमण से बचाव करने के लिए विशेष सावधानियां बरती जाएंगी, यदि स्थानान्तरण उस मार्ग से किया जाना है, जहां किसी संक्रमक प्रकृति की कोई बीमारी व्याप्त होनी ज्ञात है।
बन्दियों को तब तक स्थानांतरित नहीं किया जाना, जब तक उन्हें प्राप्त नहीं किया जा सकता।	**259.** किसी भी बन्दी को दूसरी कारागार में तब तक स्थानांतरित नहीं किया जाएगा जब तक उस कारागार के अधीक्षक, जिसमें उसे स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है, से यह सुनिश्चित नहीं किया जाता है कि वह स्वीकार कर लेगा।
बन्दी के रिश्तेदारों को स्थानान्तरण की सूचना देना।	**260.** जब कभी किसी बन्दी को कारागार से स्थानांतरित किया जाता है, ऐसे स्थानान्तरण की सूचना बन्दी के परिवार को भेजी जाएगी।
वर्णनात्मक पंजी प्रस्तुत करना।	**261.** किसी बन्दी के स्थानान्तरण की स्वीकृति के लिए प्रत्येक आवेदन सहित जब स्थानान्तरण आदेशों की प्रत्याशा में किया गया है, वर्णनात्मक पंजी महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी। स्थानान्तरण की मांग करने के लिए कारण सभी मामलों में प्रकट किए जाएंगे।
स्थानान्तरण पर बन्दी के दस्तावेज संलग्न करना।	**262.** (1) बन्दियों के स्थानान्तरण के समय पर, निम्नलिखित दस्तावेज प्रत्येक दस्तावेज पर पृष्ठ संख्या अंकित करते हुए, स्वीकार करने वाली कारागार के अधीक्षक को देने के लिए एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को सौंपे जाएंगे, अर्थात्:– (क) लम्बित मामलों के वारंट सहित बन्दी के मूल वारंट (वारंटों); (ख) बन्दी से सम्बन्धित कारागार में उपलब्ध रिकार्ड; (ग) माफी शीट तथा इतिवृत–टिकट; (घ) चिकित्सा कागज तथा रिपोर्ट; (ङ) बन्दी के निजी सामान के ब्योरे (तिहरी प्रति में); (च) बन्दी के साथ भेजे गए वस्त्र, बिस्तर तथा अन्य सरकारी सम्पत्ति की सूची (तिहरी प्रति में); (छ) बन्दियों की उपस्थिति की अपेक्षा करने वाले न्यायालय के आदेशों की प्रतियां; (ज) मुलाकात तथा कैन्टीन लेखे के सिवाए, सभी प्रविष्टियों को दर्शाने वाली कारागार प्रबन्धन आवेदन इतिवृत–टिकट की प्रति; (2) पूर्ववर्ती मास की समाप्ति पर स्थानांतरित बन्दी द्वारा अर्जित माफी उसकी इतिवृत–टिकट तथा वारंट पर पृष्ठांकित की जाएगी और प्रविष्टियां अधीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित की जाएंगी। उपरोक्त वर्णित

	सूचना विधिवत तथा सही रूप से रिकार्ड करने के लिए उप–अधीक्षक की जिम्मेवारी यह सुनिश्चित करने के लिए होगी कि सभी दस्तावेज बन्दी के साथ सही रूप से भेजे गए हैं तथा पावती प्राप्त हो गई है।
एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को ब्योरे मुहैया कराया जाना।	**263.** अधीक्षक स्थानांतरित किए जा रहे बन्दियों की संख्या, उनके स्वास्थ्य की स्थिति तथा स्थानान्तरण की तिथि दर्शाने वाला ज्ञापन एस्कोर्ट प्रभारी अधिकारी को भी देगा। वह स्वीकार करने वाली कारागार के अधीक्षक पहले ही उनके पहुंचने की सम्भावित तिथि सहित को सभी ब्योरे अग्रिम में भेजे जाएंगे।
एहतियाती उपाय।	**264.** (1) एहतियाती उपाय के रूप में बन्दियों के निम्नलिखित किस्म के सम्पूर्ण ब्योरे स्थानान्तरण करने वाली कारागार के अधीक्षक द्वारा पुलिस को सौंपने से पूर्व सर्वधा एस्कोर्टिंग पार्टी को दिए जाएंगे, अर्थात्:– (क) पांच वर्ष या से अधिक दण्डादेश वाले बन्दी; (ख) उच्च–जोखिम बन्दी; (ग) घृणित अपराधों में लिप्त बन्दी; (घ) बन्दी, जिनका आचरण कारागार में सन्तोषजनक नहीं रहा है; या (ङ) कोई अन्य बन्दी, जिसके ब्योरे अधीक्षक की राय में एस्कोर्ट पार्टी के साथ सांझा किए जाने आवश्यक है। (2) सम्बद्ध जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक को पहले ही सूचित किया जाएगा, यदि बन्दी द्वारा लोक ध्यान आकर्षित करने या स्थानांतरित किए जाने के कारण गड़बड़ करना सम्भावित है।
कार्रवाई, जब स्थानान्तरण आदेश कार्यान्वित नहीं किया जा सकता।	**265.** यदि किसी बन्दी के स्थानान्तरण के लिए प्राप्त आदेश को बीमारी, अपील पर रिहाई या अन्य कारणों के कारण कार्यान्वित नहीं किया जा सकता है, तो बन्दी की वर्णनात्मक पंजी, जिस पर स्थानान्तरण के लिए स्वीकृति सूचित की गई थी, कारण दर्शाने वाले पृष्ठांकन सहित कि आदेश क्यों नहीं कार्यान्वित किया गया था, महानिदेशक को वापस की जाएगी।
कारागार कर्मचारी का बन्दियों के साथ जाना।	**266.** (1) कारागार कर्मचारी को स्थानान्तरण पर बन्दी के साथ भेजा जाएगा जब उनकी संख्या बीस से अधिक होती है। बन्दियों के साथ भेजी गई सरकारी सम्पत्ति, दस्तावेज तथा निजी सामान उसके प्रभार में रहेगा। (2) उप अधीक्षक (प्रशासन) बन्दी द्वारा कारागार छोड़ने से पूर्व स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि यात्रा के दौरान उन्हें जल आपूर्ति, भोजन आदि मुहैया करवाने के सभी आवश्यक प्रबन्ध किये गए हैं तथा कारागार कर्मचारी इस सम्बन्ध में अपनी डयूटी समझते हैं।
पुलिस को भेजी जाने वाली आशयित सूचना प्रेषण।	**267.** बन्दियों के आशयित स्थानान्तरण या न्यायालय के सम्मुख बन्दियों को पेश करने का नोटिस अपेक्षित रक्षा से कम से कम चौबीस घण्टे पूर्व प्रयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पदनामित पुलिस अधिकारी को लिखित में दिया जाएगा। जहां तक सम्भव हो, सूचना शीघ्रता से दी जाएगी। एस्कोर्ट रक्षा के लिए मांग में उन द्वारा किए गए अपराध तथा अन्य सुसंगत ब्योरे अर्थात् क्या पुरूष या महिला, भारतीय या विदेशी है तथा क्या उनमें से कोई लिफर या उच्च जोखिम बन्दी (बन्दियों) सहित रक्षित किए जाने वाले बन्दियों की संख्या बताई जाएगी।
पुलिस एस्कोर्ट।	**268.** (1) बन्दियों के स्थानान्तरण, जैसी भी स्थिति हो, के लिए पुलिस एस्कोर्ट मुहैया कराने हेतु अधीक्षक से सूचना की प्राप्ति पर प्रयोजन के लिए नामित पुलिस अधिकारी समय–समय पर लागू पुलिस विनियमों के अनुसार बन्दियों के सुरक्षित तथा समय पर स्थानान्तरण के लिए मुहैया की जाने वाली पर्याप्त पुलिस रक्षा तथा उपयुक्त परिवहन का प्रबन्ध करेगा। यह सुनिश्चित करने की उसकी जिम्मेवारी होगी कि पुलिस रक्षा सही समय पर कारागार द्वार पर रिपोर्ट करे। (2) उपरोक्त अनुसार पदनामित पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करेगा कि उनके स्थानान्तरण, न्यायालय उपस्थिति या अस्पताल मुलाकात के दौरान उच्च–जोखिम बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा के पर्याप्त सुरक्षा उपाय उचित रूप से किए गए हैं। (3) महिला बन्दियों के साथ महिला पुलिस कर्मचारी जाएंगे। महिला बन्दियों को जहां तक साध्य हो वाहन मुहैया कराया जाएगा तथा दिन के प्रकाश के दौरान यात्रा करवाई जाएगी। **टिप्पण .–** जिला पुलिस, जिसकी अधिकारिता में कारागार स्थित है एस्कोर्ट मुहैया कराने तथा कारागार में पुनः प्रवेश करने तक बन्दी की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए जिम्मेवार होगी।
अधीक्षक द्वारा स्थानान्तरण आदेश जारी करना तथा वारंट पर ब्योरे प्रमाणित करना।	**269.** अधीक्षक किसी बन्दी का स्थानान्तरण करने से पूर्व वारंट पर उसके सम्बन्ध में सभी प्रविष्टियों को प्रमाणित करेगा तथा वारंट के पीछे स्थानान्तरण के निर्देश करने वाले आदेश की संख्या तथा तिथि, स्थानान्तरण की तिथि तथा कारागार, जिसमें बन्दी को भेजा जा रहा है, को प्रमाणित करेगा।

सम्बन्धित बन्दियों को न्यायालय में भेजने के लिए अधीक्षक की ड्यूटी।	**270.** किसी बन्दी को पेश करने के न्यायालय आदेश की प्राप्ति पर, कारागार का अधीक्षक, जिसमें उस नाम का बन्दी परिरूद्ध है, उपरोक्त नियम 268 के उपबन्धों के अध्यधीन, न्यायालय, जिसमें उसकी हाजरी लगवानी आवश्यक है, ऐसे आदेश में वर्णित समय पर ऐसे न्यायालय में पेश करने के लिए उसे ले जाएगा और उसकी परीक्ष किए जाने तक या न्यायालय के न्यायाधीश या पीठासीन अधिकारी के कारागार, जिसमें वह परिरूद्ध है या में वापस ले जाने के लिए उसे प्राधिकृत करने तक न्यायालय में या के निकट अभिरक्षा में उसे निरूद्ध रखेगा।
यात्रा के दौरान बन्दी का आहार।	**271.** (1) महानिदेशक, समय–समय, पर यात्रा के दौरान बन्दियों के लिए आहार का पैमाना नियत करेगा। जहां न्यायालय, जिसमें बन्दी को पेश किया जाना है उसी स्थान पर अब स्थित है जहां कारागार जिसमे बन्दी रखा गया है, अवस्थित है या ऐसी दूरी पर अवस्थित जहां से उसे उसी दिन सायंकाल के भोजन से पूर्व कारागार में वापस लाया जा सकता है, अधीक्षक यात्रा के प्रारम्भ से पूर्व पैमाने के अनुसार यथा सम्भव लगभग पके हुए राशन का भोजन देगा तथा एस्कोर्ट का प्रभारी अधिकारी सुनिश्चित करेगा कि बन्दी सामयिक रीति में भोजन ग्रहण कर रहा है। (2) जब यथा पूर्वोक्त अनुसार न्यायालय ऐसी दूरी पर अब स्थित है, जहां से बन्दी को उसी दिन सायंकाल भोजन से पूर्व कारागार में वापस नहीं लाया जा सकता, तो अधीक्षक यात्रा के दौरान भोजन की खरीद के लिए महानिदेशक द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट की जाने वाली दर पर प्रत्येक बन्दी के लिए भत्ते का भुगतान पुलिस एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को करेगा। जीवन–निर्वाह भत्ता का आकस्मिक आवश्यकता के लिए सभी अग्रिम का हिसाब उस अधिकारी द्वारा किया जाएगा, जिसको धनराशि सौंपी गई है।
यात्रा के खर्चों का समायोजन।	**272.** एस्कोर्ट रक्षा तथा परिवहन के सिवाए, जो पुलिस द्वारा मुहैया कराया जाएगा, बन्दियों के स्थानान्तरण से सम्बन्धित सभी अन्य खर्च कारागार विभाग द्वारा वहन किए जाएंगे।
स्थानान्तरण के दौरान श्रेणियों को पृथक रखा जाना।	**273.** महिला बन्दियों, जब स्थानान्तरण पर हो, को पुरूष बन्दियों से पूर्ण रूप से अलग रखा जाएगा; तथा किशोरों को व्यस्क बन्दियों से अलग रखा जाएगा। किन्नर बन्दियों को भी राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए मार्गदर्शनों के अनुसार पृथक रखा जाएगा। सभी अन्य श्रेणियों का पृथक्करण, जहां तक साध्य हो, किया जाएगा।
यात्रा के दौरान बाहरी सम्पर्क।	**274.** एस्कोर्ट का प्रभारी अधिकारी यह देखेगा कि बन्दी बाहरी व्यक्तियों से सम्पर्क न रखे और यात्रा के दौरान अपने मित्रों या रिश्तेदारों से वर्जित वस्तुएं या धनराशि प्राप्त करने का कोई अवसर न हो। यात्रा के दौरान, बन्दी की प्रतिदिन तलाशी ली जाएगी तथा उसके निजी वस्त्रों के सिवाए कोई नकदी, जेवर या अन्य निजी सम्पत्ति रखने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।
स्थानान्तरण से पूर्व बन्दी की तलाशी लेना।	**275.** (1) जब बन्दी स्थानांतरित होने वाले हो उनकी कारागार के भीतर परेड करवाई जाएगी तथा अधीक्षक स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि प्रत्येक बन्दी के वस्त्र तथा बिस्तर अच्छी हालात तथा उचित मात्रा में हैं। (2) उप अधीक्षक (सुरक्षा) तथा पुलिस एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी की उपस्थिति में उनकी सावधानीपूर्वक तलाशी ली जाएगी, जिससे उसको दी गई बन्दी की सम्पत्ति तथा दस्तावेजो की पावती ली जाएगी। महिला बन्दियों की तलाशी महिला स्टाफ द्वारा ली जाएगी।
बन्दियों के प्रेषण पर भेजी जाने वाली सूचना।	**276.** बन्दियों की रवानगी पर, अधीक्षक शीघ्रता से उस कारागार के अधीक्षक को सूचना भेजगा, जिस पर बन्दियों की संख्या तथा उनके प्रेषण की तिथि तथा समय की घोषणा करेगा।
बन्दियों की पहुंच का समय।	**277.** बन्दियों को प्रेषित किया जाएगा ताकि कारागार, में जिसमें वे स्थानांतरित किए जा रहे हैं, में प्रातःकाल वार्ड के खुलने के समय तथा हवालात के बीच पहुंच सके। जहां तक साध्य हो, उनका प्रेषण समय पर किया जाएगा ताकि वे रविवार के सिवाए कारागार अवकाश पर नहीं पहुंचेगे।
बन्दियों के जेलर या प्रभारी पुलिस अधिकारी की ड्यूटी।	**278.** (1) स्थानान्तरण पर बन्दियों के साथ वार्डर की उपस्थिति उनके एस्कोर्ट तथा सुरक्षित अभिरक्षा के प्रभारी पुलिस अधिकारी की जिम्मेवारी को किसी भी मात्रा में प्रभावित नहीं करेगी। वार्डर की निम्नलिखित डयूटियां होंगी, अर्थात्:– (क) प्रतिदिन अपेक्षित राशन मुहैया कराना, जब भी आवश्यक हो, उसे पकाने के लिए व्यवस्था करना तथा देखना कि बन्दियों को पेय जल की प्रचुर रूप से आपूर्ति की जाती है; (ख) बन्दियों के साथ भेजे गए सभी प्रकार के दस्तावेजों तथा सम्पत्ति की सुरक्षित अभिरक्षा का सावधानीपूर्वक परिरक्षण करने तथा सुरक्षित सुपुर्दगी के लिए जिम्मेवार होगा। (ग) कारागार, जिससे समूह प्रेषित किया गया था, को बन्दियों के साथ भेजे गए वस्त्र

	तथा अन्य सरकारी सम्पत्ति सुरक्षित रूप से वापस करना; (घ) बन्दी की सम्पत्ति तथा सौंपे गए दस्तावेजों के लिए प्राप्त करने वाली कारागार के उप–अधीक्षक (प्रशासन) / डयूटी अधिकारी से पावती लेना; (ङ) बीमारी तथा क्षति से बन्दियों की प्रतिरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रयत्न का प्रयोग करना; (च) रास्ते में जल, भोजन इत्यादि की किसी आवश्यकता के बारे में पहले ही मार्ग के महत्वपूर्ण स्टेशनों के स्टेशन मास्टर से सूचना प्राप्त करना, जिनकी यात्रा में आवश्यकता हो सकती है; तथा (छ) यात्रा के दौरान केवल प्राधिकृत भोजन अनुज्ञात करना। (2) यदि बन्दियों के साथ वार्डर नहीं जाता है, तो ये अतिरिक्त डयूटी पुलिस एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को मिल जाएंगी, जो यह देखेगा कि हथकड़ी, यदि लगाई गई है, उसके खाने, पीने या शौचघर में जाने के समय बन्दी से हटाई गई है परन्तु किसी एक समय पर हथकड़ी के बिना संख्या, एस्कोर्ट के सिपाही की संख्या से आधे से अधिक नहीं होगी।
जांचे जाने वाले दस्तावेज।	**279.** बन्दियों को उनके गन्तव्य पर, पहुंचने पर सभी दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच की जाएगी तथा सरकारी तथा निजी दोनों सम्पत्तियों की सूची का प्राप्त सम्पत्ति से मिलान किया जाएगा तथा आवश्यक पावती दी जाएगी।
पारगमन में बीमार होने वाले बन्दी।	**280.** (1) बन्दियों, जो पारगमन में बीमार पड जाते हैं, को अन्य बन्दियों से आसक्त नहीं किया जाएगा, बल्कि उसके बीमार रहने के दौरान उसे अलग से यात्रा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा। यदि पारगमन के दौरान कोई बन्दी इतना बीमार हो जाता है कि जिसके कारण वह उसकी यात्रा जारी रखने में अयोग्य हो जाता है, तो उसे निकटतम अस्पताल में या किसी ऐसे स्थान पर ले जाया जाएगा, जहां कोई सरकारी औषधालय हो या चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपचार के लिए निकटतम कारागार में ले जाया जाएगा। परिस्थितियों की रिपोर्ट स्थानान्तरण करने वाली कारगार तथा उस कारागार, जिससे बन्दी हटाया गया था, के अधीक्षक को तुरन्त की जाएगी। (2) अधीक्षक, जिसने पारगमन के लिए बीमार बन्दी को लिया है, उसे प्राप्त करेगा तथा उसके गन्तव्य पर प्रस्थान करने के लिए पर्याप्त रूप से ठीक होने तक उसे निरूद्ध करेगा। बन्दी से सम्बन्धित वारंट तथा सभी कागजात कारागार के अधीक्षक को हस्तान्तरित करेगा, जिसमें वह निरूद्ध किया गया है, तथा निरूद्व की परिस्थितियों का एक नोट उसकी इतिवृत–टिकट पर दिया जाएगा। स्वस्थ होने पर उसके कागजों सहित उसके गन्तव्य के लिए उसे भेजेगा तथा बन्दी के प्रेषण की रिपोर्ट उस कारागार, जिसमें उसे भेजा गया है तथा महानिदेशक को भेजी जाएगी। मृत्यु के मामले में, तथ्य तथा तिथि उसके वारंट पर नोट की जाएगी जिसे अन्य कागजातों के साथ और उससे सम्बन्धित सम्पति उस कारागार, जहां से वह आया है, को वापस की जाएगी।
किसी कारागार में उसे प्राप्त किए जाने से पूर्व बन्दी की मृत्यु ।	**281.** यदि कोई बन्दी पारगमन के दौरान तथा मार्ग में किसी कारागार में उसे प्राप्त कर सकने से पूर्व मर जाता है, तो पुलिस एस्कोर्ट का प्रभारी अधिकारी, अधीक्षक, जहां से वह प्रेषित किया गया था को तथ्य की रिपोर्ट करेगा। अधीक्षक दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 176 के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच पडताल कार्यवाही संस्थित करने के लिए क्रमशः जिले जहां मृत्यु हुई के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को शीघ्र सूचित करेगा। जहां स्थानान्तरण करने वाले कारागार का अधीक्षक, विधि के अनुसार बन्दी की मृत्यु के बारे में मृतक बन्दी के रिश्तेदारों, राज्य सरकार तथा राष्ट्रीय तथा राज्य मानव अधिकार आयोग को भी सूचित करेगा।
मार्ग में भागना।	**282.** यदि मार्ग में भागने की घटना होती है, तो उसकी सूचना उसे पुनः पकड़ना सुनिश्चित करने की दृष्टि से पुलिस आपातिक हैल्पलाईन पर निकटतम पुलिस नियन्त्रण कक्ष में यथा सम्भव शीघ्रता से दी जाएगी। उस कारागार का अधीक्षक, जहां से बन्दी आया है तथा प्राप्त करने वाली कारागार का अधीक्षक, जिसने उसे प्राप्त करना था, को भी सूचित किया जाएगा। यदि वह शीघ्रता से पुनः पकड़ा नहीं जाता है, तो उसकी सम्पति, वारंट तथा अन्य दस्तावेज उस कारागार को वापस लौटा दिए जाएंगे, जहां से उसे प्रेषित किया गया था।
बन्दी को पुनः पकड़ना जो स्थानान्तरण पर भाग गया है।	**283.** किसी भगोड़े बन्दी को पुनः पकड़ने की रिपोर्ट महानिदेशक जो भगोडे बन्दी को कहॉ रखा जाना निर्णय करेगा, को भेजी जाएगी।
बन्दी, सरकारी सम्पति की प्राप्ति।	**284.** प्राप्त करने वाली कारागार का अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) बन्दियों तथा उनसे सम्बन्धित दस्तावेजों तथा सम्पति, जो उस द्वारा निरूद्ध की गई है, की प्राप्ति की विधिवत पावती देगा। पावती पुलिस को हस्तान्तरित की जाएगी तथा इसके साथ ही सूचना प्रेषण करने वाली कारागार को भेजी जाएगी। बन्दी

	के साथ भेजी गई वस्त्र की वस्तुएं तथा सरकारी सम्पति, प्राप्त करने वाली कारागार के लेखे में ली जाएगी। रजिस्टरों में लेखाबद्ध किया जाएगा तथा ऐसी वस्तुओं के लिए मांग पत्र में उसे बाद में प्रस्तुत किया जाएगा।
बन्दी की वस्तुओं का प्रेषण।	**285.** किसी बन्दी के स्थानान्तरण पर प्रेषण करने वाली कारागार के उप–अधीक्षक (प्रशासन) बन्दी रजिस्टर में दर्ज किए गए अनुसार बन्दी की वस्तुओं की सूची तिहरी प्रति में तैयार कराएगा तथा प्राप्ति के प्रमाण स्वरूप के रूप में प्रतिपर्ण पर वस्तु के लिए एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर प्राप्त करेगा। वस्तु के साथ–साथ प्रेषण करने वाली कारागार के उप–अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा पूर्व हस्ताक्षरित दोहरे तथा तिहरे प्ररूप प्राप्त करने वाली कारागार को सौंपने के लिए एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को दिए जाएंगे, जहां दोहरी सूची रखी तथा फाईल की जाएगी। प्राप्त करने वाली कारागार के उप–अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा तीनों प्रतियां हस्ताक्षरित की जाएंगी तथा एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को सौंपी जाएंगी।
वस्तु गुम होने पर प्रक्रिया।	**286.** यदि बन्दी के गन्तव्य पर उनके पहुंचने पर पाया जाता है कि प्राप्त वस्तु, सूची के अनुरूप नहीं है, तो तथ्य की तुरन्त सूचना प्रेषण करने वाली कारागार के अधीक्षक को दी जाएगी, जो मामले में जांच प्रारम्भ करेगा।
प्राप्त करने वाली कारागार में बन्दी के पहुंचने पर प्रक्रिया ।	**287.** प्राप्त करने वाली कारागार का उप अधीक्षक (प्रशासन) प्राप्त बन्दियों की संख्या की गिनती करेगा तथा ज्ञापन में दर्शाई गई संख्या से वह संख्या सत्यापित करेगा। यदि कोई बन्दी गुम हो जाता है, तो वह एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी से कारण का पता लगाएगा तथा एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को दी जाने वाली पावती पर तथ्य अभिलिखित करेगा तथा इसकी अधीक्षक को भी रिपोर्ट करेगा।
सौंपी गई निधियों का विस्तृत लेखा।	**288.** उप अधीक्षक (प्रशासन) एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी द्वारा उसको सौंपी गई निधियों के विस्तृत लेखे भी प्राप्त करेगा तथा उसकी जांच करने के बाद वह किसी बकाया जो देय हो को अधिकार में लेगा तथा उसे अभिलिखित करेगा।
किसी भिन्नता के मामले में।	**289.** यदि दस्तावेजों तथा भौतिक वस्तुओं में कोई भिन्नता पाई जाती है, तो इस आशय की सूचना स्थानान्तरण करने वाली कारागार को दी जाएगी, जो इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।
पारगमन के दौरान उपचार के बारे में।	**290.** उप–अधीक्षक (प्रशासन) बन्दी से उनके मार्ग में उपचार, किए गए ठहराव तथा क्या उन्होंने अपना भोजन प्राप्त लिया है के सम्बन्ध में प्रश्न करेगा। किसी प्रतिकूल कथन या की गई शिकायत, एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को दी जाने वाली पावती पर अंकित करेगा तथा अधीक्षक को रिपोर्ट करेगा।
एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी द्वारा डयूटी की अवहेलना।	**291.** यदि एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी के द्वारा डयूटी के दौरान की गई कोई उल्लंघना या अवहेलना ध्यान में आती है, तो प्रेषण या प्राप्त करने वाली कारागार, के अधीक्षक जैसी भी स्थिति हो महानिदेशक तथा सम्बद्ध जिले के पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट भेजेगा।
प्राप्त करने वाली कारागार से प्रेषित बन्दियों के लिए एस्कोर्ट की सेवाओं का उपयोग।	**292.** एस्कोर्ट खारिज करने से पूर्व, प्राप्त करने वाली कारागार का अधीक्षक यह देखेगा कि क्या कोई अन्य बन्दी (बन्दियों) को जिले की कारागार, जहां से वे आए हैं या मार्ग में किसी अन्य कारागार से आए हैं तथा यदि वहां हैं, में अन्तरित किया जाना है, तो वह इतने अधिक बन्दियों को, जो एस्कोर्ट की संख्या रक्षा के लिए पर्याप्त हो इन नियमों में विहित प्रकिया तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित एस्कोर्ट को सुपुर्द करेगा।
सभी बन्दियों की पंजी जो भागने के लिए सिद्धदोष किए गए है।	**293.** सभी बन्दियों की पंजी, जो विधिपूर्ण अभिरक्षा से भागने के लिए सिद्धदोष किए गए हैं, सभी अधीक्षकों द्वारा किसी अन्य उपयुक्त कारागार में उनके स्थानान्तरण की स्वीकृति के लिए महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी तथा प्रत्येक बन्दी के नाम के नीचे लाल स्याही में प्रविष्टि, उसमें ''पुलिस से भगोड़ा'' या ''कारागार से भगोड़ा'', जैसी भी स्थिति हो, कथित की जाएगी।

	अध्याय 16 **कारागार में मृत्यु**
मृत्यु की रिपोर्ट की जानी है।	**294.** किसी बन्दी की मृत्यु के मामले में, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के सम्बन्धित उपबन्धों के अधीन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तथा समय–समय पर सम्बन्धित अन्य प्राधिकरणों द्वारा जारी मार्गदर्शनों के अनुसार और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश (जिसकी अधिकारिता के भीतर मृत्यु हुई है) तथा पुलिस थाना (जिसकी अधिकारिता के भीतर कारागार स्थित है) को रिपोर्ट तुरन्त की जाएगी।
मृत्यु होने पर प्रक्रिया।	**295.** (1) जब कभी किसी कारागार में मृत्यु होती है, तो अधीक्षक तथा चिकित्सा अधिकारी को सूचना तरन्तु भेजी जाएगी। (2) किसी बन्दी की मृत्यु की घटना में शव, यदि जीवन विलुप्त है, चिकित्सा अधिकारी, पुलिस तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट के पहुंचने तक उसी स्थिति में, जिसमें वह पाया गया था, रखा जाएगा तथा घटना के दृश्य में हेर–फेर नहीं की जाएगी : परन्तु यदि यह निश्चित नहीं है कि मृत्यु हुई है, बन्दी को प्राथमिक उपचार मुहैया कराने तथा उसका उपचार तथा संजीवन करने के लिए तुरन्त उपाय किए जाएंगे। कारागार स्टाफ द्वारा परिस्थितियों के अनुसार बन्दी को तत्काल तथा बेहतर स्वास्थ्य सहायता मुहैया कराने के लिए बेहतर प्रयास किए जाएंगे। (3) आत्महत्या करने के प्रयास में कपड़े या किसी अन्य सामग्री की बनी रस्सी द्वारा लटकता हुआ पाए गए बन्दी के मामले में तथा यदि वहां विश्वास करने का कारण है कि वह अभी तक जीवित हो सकता है, शरीर को दबाव से मुक्त करने के लिए तुरन्त ऊपर उठाया जाएगा तथा भूमि पर धीरे से लिटाया जाएगा। किसी सहायता की प्रतीक्षा किए बिना होश में आने तक सभी उपाय किए जाएंगे, तथापि, सहायता बिना विलम्ब के फिर भी मांगी जाएगी।
बन्दी की मृत्यु की घटना में चिकित्सा अधिकारियों की डयूटी।	**296.** किसी बन्दी की मृत्यु पर, चिकित्सा अधिकारी निम्नलिखित ब्योरे चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) रोजानामचे में तुरन्त अभिलिखित करेगा, ताकि उनका पता लगाया जा सके, अर्थात्:– (क) दिन, जिसको मृतक ने बीमारी की पहली शिकायत की थी या बीमार के रूप में अवलोकित किया गया था; (ख) श्रम, यदि कोई हो, जिस पर वह उस दिन लगाया गया था; (ग) उस दिन उसके आहार का मापक्रम; (घ) दिन जिसको उसे अस्पताल में भरती किया गया था; (ङ) दिन, जिसको चिकित्सा अधिकारी को बीमारी की पहली बार सूचना दी गई थी; (च) बीमारी का स्वरूप; (छ) जब मृतक को चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसकी मृत्यु से पूर्व अन्तिम बार देखा था; (ज) जब बन्दी मर गया; (झ) किसी असाधारण प्रकटन के लिए शव की शारीरिक जांच; (ञ) मृत्यु के सम्भावित कारण पर उसकी राय; तथा (ट) अधीक्षक के निर्देशों के अनुसार कोई अभिलिखित सूचना।
राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग तथा महानिदेशक को दी जाने वाली विस्तृत रिपोर्ट।	**297.** अधीक्षक, प्रत्येक दृष्टान्त में, जिसमें कारागार में परिरूद्ध किसी मृतक बन्दी के शव की कोई जॉच–पड़ताल की गई है, न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिसने जॉच पड़ताल की है, के निष्कर्ष की प्रति सहित प्रत्येक ऐसे मामले की परिस्थितियों की विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, महानिदेशक तथा सम्बद्ध सभी अन्य प्राधिकारियों को प्रस्तुत करेगा।
शव–परीक्षण कैसे किया गया है।	**298.** शव का परीक्षण राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मार्गदर्शनों के अनुसार किया जाएगा तथा वीडियो फिल्म बनाई जाएगी। वीडियो रिकार्डिंग तथा अन्य सम्बन्धित दस्तावेजों सहित मृत्यु के कारण स्पष्ट रूप से बताते हुए शव परीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति अधीक्षक तथा सरकार के अधिदेशाधीन सभी अन्य प्राधिकरणों को प्रस्तुत की जाएगी। **टिप्पण:–** वीडियोग्राफी की लागत तथा अन्य सम्बन्धित खर्चे विभाग द्वारा वहन किये जाएंगे।

आत्महत्या या हत्या को रोकने के लिए पूर्वोपाय।	**299.** यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जाएगी कि वस्तुएं, जो आत्महत्या या हत्या करने करने के लिए प्रयोग में लाई जा सकती हैं, कारागार परिसरों के भीतर इधर–उधर पड़ी रहनी अनुज्ञात नहीं की जाएंगी। कार्य शैडों, नाई की दुकान, दर्जी की दुकान, रसोई तथा कैन्टीन में प्रयुक्त चाकू तथा अन्य औजारों की गिनती की जाएगी तथा कार्य के समापन पर वार्डर द्वारा ताला बन्द की जाएगी। फिनाईल सहित विषाक्त स्वापक किसी भी कारण से बन्दियों की पहुंच में नहीं छोड़े जाएंगे।
स्पष्टतया आत्मघाती प्रवृति वाले बन्दियों के विरूद्व पूर्वोपाय।	**300.** स्पष्ट आत्मघाती प्रवृति वाले बन्दियों पर सावधानी पूर्वक निगरानी रखी जाएगी तथा सैल में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। ऐसे बन्दियों को कांऊसलर के पास भी भेजा जाएगा।

	अध्याय 17 **विचाराधीन बन्दी**
मुखबिर।	**301.** (1) न्यायालय या सम्बन्धित अन्वेषण अधिकारी को विचाराधीन बन्दियों के बारे में कारागार प्राधिकारियों को सूचना भेजेगा जो मुखबिर प्रवृति का है या अपराध–स्वीकरण किया है। (2) यदि विचाराधीन बन्दी, अपराध–स्वीकरण करता है या मुखबिर प्रवृति का है, तो उसे उसी समरूप मामले में अन्य विचाराधीन बन्दियों से अलग रखा जाएगा तथा सम्पर्क से रोका जाएगा। तथापि, सावधानी बरतनी चाहिए कि उन्हें एकान्त कारावास में नहीं रखा गया है। (3) उन मामलों में, जिनमें अपराध स्वीकरण के बाद अभिलिखित किया गया है तथा मजिस्ट्रेट या अन्वेषण अधिकारी से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है कि पृथक कारावास लम्बे समय तक आवश्यक नहीं है, तो अधीक्षक मुखबिर के पृथक कारावास के सम्बन्ध में सम्बन्धित न्यायालय के आदेश या अन्वेषण अधिकारी से जानकारी , जैसी भी स्थिति हो, मांग सकता है।
न्यायालयों के विशेष निर्देश।	**302.** सम्बन्धित न्यायालय या सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए किसी विचाराधीन बन्दी के पृथक्करण के सम्बन्ध में कोई विशेष निर्देश की पालना की जाएगी। तथापि, यह सुनिश्चित करने के लिए सम्यक् सावधानी बरती जाएगी कि ऐसा पृथक्करण अर्थात् समरूप या अन्य मामले में सम्बन्धित अन्य बन्दियों से प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः सम्पर्क करने से उसे रोकने के लिए विचाराधीन उद्देश्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक से बाहर न हो।
न्यायालय प्रयोजनों के लिए पहचान।	**303.** (1) अन्वेषण के लिए पहचान किए गए विचाराधीन बन्दियों, की पहचान में सहायता करने के लिए अपने सिर के अपने बाल काटवाने या अपनी हजामत करवाने या चेहरे को या किसी भी रूप में अपने रूप–रंग को बदलने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। तथापि, उन्हें अपने वस्त्र बदलने से नहीं रोका जाएगाः परन्तु अपना रूप–रंग भरपूर रूप से नहीं बदलेगा यदि उन्हें पहचान के लिए पेश किया जाता है। (2) अन्वेषण अधिकारी उन मामलों की कारागार प्राधिकारियों को सूचना देगा, जिनमें किसी विचाराधीन बन्दी की पहचान उसके रूप–रंग के सम्पूर्ण हुलिए सहित की जानी है, जो उसके पास गिरफ्तारी के समय पर थी। (3) पहचान परेड का परीक्षण सम्बन्धित न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में किया जाएगा तथा आनलाईन भी की जा सकती है।
पूर्व सिद्धदोष से सम्बन्धित अधिकारी की ड्यूटी।	**304.** (1) प्रत्येक कारागार अधिकारी या बन्दी अधिकारी का यह कर्तव्य है कि यदि उसकी जानकारी में यह आता है कि विचाराधीन बन्दी को पूर्व में सिद्धदोष ठहराया जा चका है, तो वह ऐसी जानकारी की रिपोर्ट अधीक्षक को करेगा तथा उसे सम्यक् सत्यापन के बाद रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा। (2) स्थानीय पुलिस विचाराधीन बन्दी यदि उसे पहली बार कारागार में लाया गया है, के विरूद्व पिछले अपराध या पहले रजिस्टर्ड किसी मामलों के ब्योरे कारागार प्राधिकारियों को सूचित करने के लिए भी जिम्मेवार होगी।
अतिरिक्त मामले।	**305.** यदि किसी बन्दी के विरूद्व अतिरिक्त मामला (मामले) लम्बित है, तो निम्नलिखित कार्रवाई की जाएगी, अर्थात्:– (क) प्रत्येक अतिरिक्त मामले की प्रविष्टि प्रतिप्रेषण वारंट पर तथा साथ ही विचाराधीन रजिस्टर तथा न्यायालय डायरी के उचित खानों में लाल स्याही में की जाएगी; (ख) अधीक्षक प्रत्येक मामले में बन्दी की अभिरक्षा की स्थिति सहित सभी अन्य लम्बित मामलों के ब्योरे देते हुए सम्बन्धित न्यायालय को सूचना भेजेगा : परन्तु अधीक्षक प्रत्येक मामले में उसकी अभिरक्षा की स्थिति सहित किसी न्यायालय से किसी बन्दी के विरूद्व लम्बित मामलों के ब्योरे मांग सकता है।
विचाराधीन अनुभाग ।	**306.** उप अधीक्षक (प्रशासन) के सम्पूर्ण मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण के अधीन विचाराधीन अनुभाग का प्रभारी विचाराधीन बन्दियों से सम्बन्धित कार्य करने के लिए जिम्मेवार होगा।
कार्य।	**307.** (1) किसी विचाराधीन बन्दी को दण्ड के रूप के सिवाए, श्रम के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। (2) यदि कोई विचाराधीन बन्दी कार्य के लिए लिखित अनुरोध करता है, तो उसे, बन्दी के मामले के रूप में, उसके कार्य अनुभव तथा कौशल के अनुसार कार्य आबंटित किया जाएगा तथा उसके लिए यथा विनिर्दिष्ट मजदूरी भुगतान की जाएगी।
विचाराधीन बन्दियों की दिनचर्या।	**308.** (1) विचाराधीन बन्दी प्रातःकाल शारीरिक प्रशिक्षण तथा ड्रिल, विवेचन, प्रार्थना, योगा, शिक्षा कक्षा, समाचार पत्र/पत्रिका पढ़ने, सामाजिक शिक्षा, खेल, व्यावसायिक प्रशिक्षण, वार्ड, सैल या प्रागंण की सफाई, तथा रसोई कार्य में अपनी दिनचर्या के भाग के रूप में भाग लेगा। इन कार्यकलापों में भाग लेने से इनकार

	करने को जानबूझ कर अवज्ञा माना जाएंगा और इन नियमों के अनुसार दण्डित किए जाने के लिए दायी होगा। (2) विचाराधीन बन्दियों के प्रभारी मुख्य वार्डर या वार्डर सभी दिनचर्या कार्यकलापों में विचाराधीन बन्दियों की भागीदारी के लिए जिम्मेवार होंगे।
न्यायालय के सम्मुख बन्दियों की उपस्थिति।	**309.** (1) बन्दियों को न्यायालय के सम्मुख व्यक्तिगत रूप में या इलैक्ट्रोनिक साधन के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकते है। कानून तथा विषय पर मार्गदर्शनों के अनुसार इलैक्ट्रोनिक साधन के माध्यम से विचाराधीन बन्दियों को प्रस्तुत करने या विचारण के लिए आवश्यक अवसंरचना तथा मानवशक्ति प्रत्येक कारागार में स्थापित की जाएगी। (2) इस प्रयोजन के लिए, न्यायालय डायरी अनुरक्षित की जाएगी, जिसमें विभिन्न न्यायालयों के सम्मुख प्रस्तुत करने की सभी सुसंगत प्रविष्टियाँ की जाएंगी। ये प्रविष्टियां सम्बन्धित कर्मचारियों द्वारा हर रोज की जाएंगी तथा विचाराधीन अनुभाग के प्रभारी द्वारा हस्ताक्षरित की जाएगी। (3) मजिस्ट्रेट के सम्मुख प्रत्येक दिन प्रस्तुत किए जाने वाले सभी बन्दियों के नाम न्यायालय अधिकारी के रूप में पदाभिहित अधिकारी द्वारा न्यायालय डायरी में दर्ज करने चाहिए, जिसकी डयूटी नियत दिन को न्यायालय में बन्दियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए होगी। इस प्रकार पदाभिहित न्यायालय अधिकारी उनके वारंट सहित उप अधीक्षक (प्रशासन) के सम्मुख डायरी रखेगा तथा सम्बन्धित न्यायालय के सम्मुख बन्दियों को प्रस्तुत करने के लिए लिखित पावती प्राप्त करेगा। उप अधीक्षक (प्रशासन) या इस निमित्त इस प्रकार पदाभिहित, कोई अन्य अधिकारी इस डायरी में आद्यक्षर भी करेगा, प्रतिप्रेषण या दोषसिद्धि पर न्यायालय से प्राप्त प्रत्येक बन्दी के नाम की प्रविष्टि करेगा। (4) न्यायालय डायरी के आधार पर पुलिस एस्कोर्ट की मांग इस प्रयोजन के लिए पुलिस उप अधीक्षक द्वारा पदाभिहित पुलिस अधिकारी को पर्याप्त रूप से अग्रिम में भेजी जाएगी। इस प्रकार पदाभिहित पुलिस अधिकारी नियमों के अनुसार बन्दियों को प्रस्तुत करने के लिए परिवहन सहित पुलिस एस्कोर्ट मुहैया कराने के लिए जिम्मेवार होगा।
विचाराधीन बन्दियों का सामान।	**310.** (1) आवश्यक पहनने के लिए परिधान से अन्यथा व्यक्ति के पास पाई गई धन राशि या अन्य सम्पति या विचाराधीन बन्दी का सामान नायब कोर्ट द्वारा प्रभार में लिया जाएगा, एसी सभी वस्तुओं की सूची बन्दी के वारन्ट के पीछे दर्ज की जानी अपेक्षित है। कारावास से दण्डादिष्ट किसी बन्दी के मामले में, वस्तुएं उस कारागार में भेजी जाएंगी, जिसको उसे सुपुर्द किया गया है। (2) यदि कोई बन्दी कानूनी सहायता के लिए भुगतान करने हेतु उसे समर्थ बनाने के लिए उससे सम्बन्धित धन राशि तथा कारागार प्राधिकारियों के पास पड़ी या उसके भाग को वापस करने के अनुरोध को अनुज्ञात किया जाएगा तथा बन्दी से उसकी रसीद ली जाएगी। जब कभी भी बन्दी रिहा किया जाता है, तो उसकी धन राशि उचित रसीद के अधीन अन्य सम्पति सहित उसको वापस कर दी जाएगी। विचाराधीन बन्दी द्वारा कारागार में लाई गई वस्त्रों की वस्तुओं को रजिस्टर संख्या–1 के उचित खाने में दर्ज किया जाएगा। (3) बन्दी के वस्त्रों, उसके मामले के कागजात, कारागार प्राधिकारियों द्वारा मुहैया खाद्य तथा पेय जल के सिवाए, विचाराधीन बन्दी को न्यायालय में पेश करने के लिए पारगमन के दौरान अपने पास कोई अन्य वस्तुएं रखने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। (4) पुलिस एस्कोर्ट को न्यायालय में तथा उनकी यात्रा के दौरान या न्यायालय परिसरों में विचाराधीन बन्दियों को बाहर से कोई खाद्य पदार्थ या वर्जित वस्तुएं अनुज्ञात नहीं की जाएंगी। (5) न्यायालय से विचाराधीन बन्दी की वापसी पर यदि कोई वर्जित वस्तुएं पाई जाती हैं या डयूटी पर कारागार अधिकारी द्वारा कोई अनियमितता नोट की गई है, तो वह डयूटी पर वरिष्ठ अधिकारी को तथा यदि आवश्यक हो, उचित कार्रवाई के लिए पुलिस उप अधीक्षक को मामले की तुरन्त रिपोर्ट करेगा। (6) यदि किसी कारागार में परिरूद्ध विचाराधीन बंदी की उपस्थिति दूसरे मामलों में, जिसमें वह जमानत पर है, अपेक्षित है, तो सम्बन्धित न्यायालय कारागार प्राधिकारियों को विधिवत सूचित करेगा। (7) यदि किसी विचाराधीन बन्दी को न्यायालय से रिहा किया गया है, तो वह अपनी व्यक्तिगत सम्पति, यदि कोई हो, का तीन मास के भीतर कारागार प्राधिकारियों से दावा करेगा, जिसमें असफल होने पर नियम 63 में विहित अनुसार उसका निपटान कर दिया जाएगा।
हथकड़ी लगाना।	**311.** (1) हथकड़ी न्यायालय की पूर्व अनुमति से लगाई जाएगी यदि वहां संदेह करने का कारण है कि बन्दी का अभिरक्षा से भागना, या हिंसा के लिए प्रवृत होना सम्भावित है, तथा दूसरो को या स्वयं को हानि पुहंचना सम्भावित है। अधीक्षक प्रत्येक बन्दी के मामले पर वरिष्ठता पर विचार करेगा तथा निर्णय करेगा कि वह ऐसा व्यक्ति है, जिसको परिस्थितियों, साधारण आचरण, व्यवहार या चरित्र को ध्यान में रखते हुए हिंसक बन कर भागने का प्रयास करना या शांति भंग करने की सम्भावना है। ऐसे सभी मामलों

	में, वह बन्दी को हथकड़ी लगाने की अनुमति के लिए न्यायालय को आवेदन करेगा। (2) विचाराधीन बन्दियों के निम्नलिखित प्रवर्गों को न्यायालय की पूर्व अनुमति से पारगमन या पेशी के दौरान हथकड़ी लगाई जाएगी, अर्थात्:– (क) बन्दी, जो पूर्व में भाग गए है या भागने का प्रयास किया है; (ख) हिंसक, आक्रमणशील तथा जिद्दी बन्दी जो दूसरों या स्वयं को हानि पुहंचाने की सम्भावना है; (ग) गम्भीर तथा हिंसक अपराधों में लिप्त बन्दी; या (घ) कुख्यात या खतरनाक भूमिका वाले बन्दी।
विचाराधीन बन्दियों की तलाशी लेना।	**312.** सभी विचाराधीन बन्दियों की प्रवेश के समय पर, न्यायालय से उन्हें लाते समय तथा पुनः प्रवेश के समय पर सम्पूर्ण रूप से तलाशी ली जाएगी।
जमानत पर मुक्त करने या रिहा करने का नोटिस।	**313.** (1) जब किसी विचाराधीन बन्दी को न्यायालय द्वारा मुक्त या रिहा किया गया है, तो इस आशय का एक पृष्ठांकन विहित प्ररूप में न्यायालय द्वारा किया जाएगा। ऐसी सूचना की प्राप्ति पर विचाराधीन रजिस्टर के उचित खाने में प्रविष्टियां की जाएंगी। (2) यदि विचाराधीन बन्दी को न्यायालय द्वारा मुक्त किया गया है या न्यायालय में हाजिर होने के समय जमानत पर रिहा किया गया है तथा तथ्य की अधिसूचना उसी दिन प्राप्त नहीं होती है, तो अधीक्षक बिना विलम्ब मामले में न्यायालय का ध्यान दिलाएगा। ऐसी सूचना की प्राप्ति पर, विचाराधीन बन्दी प्रवेश रजिस्टर के उपयुक्त खानों में प्रविष्टियां इन्द्राज की जाएंगी।
कारागार से रिहाई।	**314.** (1) किसी विचाराधीन बन्दी की रिहाई के निर्देश करने वाले रिहाई वारंट या न्यायालय आदेश की प्राप्ति पर उसे यथा सम्भव शीघ्र रिहा किया जाएगा। विचाराधीन बन्दी को रिहा करने से पूर्व अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) निम्नलिखित सुनिश्चित करेगा, अर्थात्:– (क) सम्बन्धित मूल कागजात तथा रिकार्ड से जमानत आदेश या रिहाई आदेश की संवीक्षा करना; (ख) जमानत आदेश की विषय–वस्तु की बन्दी को सूचना देना; (ग) जांच करना कि क्या कोई अन्य मामला विचाराधीन बन्दी के विरूद्व लम्बित है, जिसमें वह अभिरक्षा में है; (घ) विचाराधीन बन्दी की पहचान की जांच करना; (ङ) बन्दी को उसका निजी सामान तथा नकदी सौंपना; तथा (च) विचाराधीन बन्दी प्रवेश रजिस्टर में रिहाई पर उसका भार अभिलिखित करना। (2) रिहाई के बाद, परिरोध का वारंट तथा जमानत बन्ध–पत्र अधीक्षक द्वारा रिहाई के पृष्ठांकन सहित सम्बन्धित न्यायालय को विधिवत वापस किया जाएगा।
जिला एवं सत्र न्यायाधीश को मासिक सूची भेजना।	**315.** अधीक्षक, सभी विचाराधीन बन्दी, जो अपराधों जो अधिकतम सात वर्ष तक के कारावास से अनुबन्ध किया गया है से आरोपित हैं तथा उनके प्रथम प्रवेश से चौदह दिन से अधिक के लिए कारावास में निरूद्व किए गए हैं की विहित प्ररूप में नाम तथा अन्य ब्योरे देते हुए प्रत्येक मास एक सूची जिला एवं सत्र न्यायाधीश को प्रस्तुत करेगा।
जमानतीय अपराधों के लिए अभिनिर्धारित बन्दियों के मामले।	**316.** अधीक्षक, सभी विचाराधीन बन्दी, जो पूर्व सप्ताह में जमानतीय अपराधों में प्रविष्ट किए गए थे, की विहित प्ररूप में नाम तथा अन्य ब्योरे देते हुए प्रत्येक मास एक सूची जिला एवं सत्र न्यायाधीश को प्रस्तुत करेगा।
विचाराधीन बन्दी की गम्भीर बीमारी।	**317.** (1) जब कभी कोई विचाराधीन बन्दी गम्भीर रूप से बीमार है, तो अधीक्षक चिकित्सा रिपोर्ट सहित सम्बन्धित न्यायालय को परिस्थितियों की रिपोर्ट करेगा ताकि, यदि कानून अनुमति देता है तथा न्यायालय उचित समझता है, तो बन्दी को जमानत पर रिहा किया जा सकता है। (2) यदि कोई विचाराधीन बन्दी न्यायालय में हाजिर होने तक अत्यधिक बीमार है तथा चिकित्सा अधिकारी ऐसा करने के लिए अयोग्यता प्रमाणित करता है, तो उसे न्यायालय के सम्मुख पेश नहीं किया जाएगा। ऐसी स्थिति में, चिकित्सा प्रमाण–पत्र सुनवाई की अगामी तिथि के लिए नया वारंट जारी करने के अनुरोध सहित न्यायालय को भेजा जाएगा।
बाहरी अस्पताल में स्थानान्तरण।	**318.** (1) यदि कारागार चिकित्सा अधिकारी सिफारिश करता है कि विचाराधीन बन्दी के स्वास्थ्य के हित में उसे कारागार से बाहर उपयुक्त सरकारी चिकित्सा सुविधा के लिए स्थानांतरित किया जाएगा, अधीक्षक, पुलिस एस्कोर्ट के अधीन ऐसी संस्था में उसे भेजेगा।

	(2) इस प्रयोजन के लिए एक स्थायी पुलिस एस्कोर्ट को जिला पुलिस द्वारा कारागार में प्रतिनियुक्त किया जाऐगा।
विचारधीन पुनरीक्षण समिति।	**319.** अध्यक्ष के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सदस्य के रूप में जिला मजिस्ट्रेट, जिला पुलिस अधीक्षक, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अधीक्षक से मिलकर बनने वाली विचाराधीन पुरीक्षण समिति, विचाराधीन बन्दियों की पहचान करेगी, जिन्होंने कानून के अधीन कथित अपराध के लिए उपबन्धित कारावास की अधिकतम आधी अवधि पूरी कर ली है।
लघु अपराधों में कारागार में न्यायालयों का संचालन।	**320.** लघु अपराधों में लिप्त विचाराधीन बन्दियों के मामलों के निपटान के लिए, न्यायालय, उच्च न्यायालय या जिला एवं सत्र न्यायालय के आदेशों पर कारागार परिसरों में संचालन कर सकता है।
एक मामले से अधिक में विचारण पर बन्दियों के मामलो में प्रति सन्दर्भ।	**321.** यदि किसी विचाराधीन बन्दी का एक मामले से अधिक में विचारण किया जा रहा है, तो प्रति सन्दर्भ, उप–अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा हस्ताक्षरित तथा दिनांकित निम्नलिखित रूप में लाल स्याही में प्रत्येक वारंट के पीछे दिया जाएगाः– ''दूसरा मामला लम्बित है। न्यायालय से रिहा नहीं किया जाना''।
कतिपय विचाराधीन बन्दियों से मुलाकात नहीं करना।	**322.** इस प्रभाव के न्यायालय या जिला मजिस्ट्रेट का आदेश कि विशेष विचाराधीन बन्दी को किसी व्यक्ति से मुलाकात करना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जिसमें सरकारी या गैर–सरकारी मुलाकाती शामिल हैं, ऐसे आदेशों की पालना सख्ती से की जाएगी तथा आशयित मुलाकातियों को सूचित किया जाएगा।
न्यायालयों से विचाराधीन बन्दियों की शीघ्र वापसी।	**323.** साधारणतः विचाराधीन बन्दियों को न्यायालय में इतनी देर तक नहीं रखा जाएगा, जो तालाबन्दी करने के समय के बाद कारागार या हवालात में उनके प्रवेश के लिए आवश्यक हो। अधीक्षक, किसी दृष्टान्त, जिसमें इस नियम की पालना नहीं की जाती है, के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तथा पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकर्षित करेगा। जैसी ही न्यायालय की कार्रवाई समाप्त होती है, ऐसे विचाराधीन बन्दी, जिसका न्यायिक अभिरक्षा में प्रतिप्रेषण किया गया है, को तुरन्त कारागार में वापस लाया जाएगा।
अन्य राज्यों में विचाराधीन बन्दियों को प्रस्तुत करना।	**324.** जब किसी विचाराधीन बन्दी के विचारण के लिए दूसरे राज्य को भेजा जाना अपेक्षित है, राज्य, जहां से विचाराधीन बन्दी को भेजा जाना है, एस्कोर्ट का प्रबन्ध करेगा। प्रेषण करने वाला राज्य यात्रा तथा सभी अन्य आनुषंगिक खर्चों का वहन करेगा।
सिविल वाद कार्यवाही में न्यायालय के सम्मुख विचाराधीन बन्दियों को पेश करना।	**325.** जब तक जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा आदेश नहीं किया जाए, किसी भी विचाराधीन बन्दी को सिविल वाद कार्यवाही के लिए न्यायालय के सम्मुख पेश नहीं किया जाएगा।
पुलिस पूछताछ।	**326.** किसी पुलिस अधिकारी जो निरीक्षक की पदवी से नीचे का न हो, को जब तक न्यायालय द्वारा प्राधिकृत नहीं किया जाए, किसी विचाराधीन बन्दी से पूछताछ करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परन्तु ऐसी पूछताछ कारागार अधिकारी की दृष्टि में की जाएगी, जो उप–सहायक अधीक्षक की पदवी से नीचे का न हो।

	अध्याय 18 **साधारण कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी**
बन्दी से दिनचर्या के कार्यकलापों को करना अपेक्षित है।	**327.** साधारण कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी, जो श्रम का चयन नहीं करता है, को दिनचर्या कार्यकलाप जैसे कि समय–समय पर यथा विनिर्दिष्ट प्रातः कालीन कसरत, योगा, परेड़, शैक्षिक तथा कौशल विकास कार्यक्रम को नहीं चुनने का विकल्प नहीं होगा।
साधारण कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी के लिए श्रम।	**328.** (1) साधारण कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी को, दण्ड को छोडकर, इन नियमों में यथा उपबन्धित श्रम करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। (2) साधारण कारावास से दण्डादिष्ट सभी बन्दियों के नियोजन (यदि वे ऐसा चाहते हैं) के लिए अधीक्षक द्वारा प्रबन्ध किया जाएगा। (3) साधारण कारावास भुगतने के लिए दण्डादिष्ट प्रत्येक बन्दी जो श्रम करने के लिए लिखित में विकल्प चुनता है, तो साधारणतः ऐसे किस्म के श्रम पर नियोजित किया जाएगा, जो उसके लिए अधिक उपयुक्त हो और जिसके लिए वह तत्समय योग्य है। वह सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ऐसी दरों पर, ऐसे श्रम के लिए मजदूरी लेने का हकदार होगा। (4) यदि वह कार्य को बन्द करने के लिए किसी समय पर लिखित में अपनी इच्छा अभिव्यक्त करता है, तो उसे ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी।
साधारण कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी के लिए माफी।	**329.** (1) तीन मास या उससे अधिक के साधारण कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी, साधारण माफी अर्जित करने के लिए पात्र होगा। माफी का पैमाना तथा माफी देने की प्रक्रिया ऐसी होगी जो इन नियमों में यथा विनिर्दिष्ट है। (2) साधारण कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार विशेष माफी अर्जित करने का भी पात्र होगा।

	अध्याय 19 **सिविल बन्दी**
सिविल बन्दियों का सिविल कारागार में परिरूद्ध किया जाना ।	**330.** प्रत्येक सिविल बन्दी को साधारणतः सिविल कारागार में परिरूद्ध किया जाएगा। यदि वहां कोई भी सिविल कारागार या सिविल कारागार में मुहैया आवास अपर्याप्त है या अनुपयुक्त है, तो सिविल बन्दी को, ऐसे बन्दियों के लिए वार्ड के रूप में प्रयोग हेतु विशेष रूप से अलग रखने के लिए दंड कारागार के भाग में निरूद्ध किया जा सकता है।
सिविल कारागार के अधिकारी तथा मुलाकाती।	**331.** (1) जहां कहीं कोई सिविल कारागार है तथा आपराधिक बन्दियों के लिए भी कारागार है, तो सिविल कारागार, दण्ड कारागार के अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों के नियन्त्रण तथा प्रबन्धन के अधीन होगी तथा इस प्रकार प्रशासित की जाएगी मानो वह उसका अनिवार्य भाग बनाया गया है। (2) आपराधिक बन्दियों के परिरोध के लिए किसी स्थान पर स्थापित कारागार के लिए नियुक्त मुलाकाती उसी स्थान पर स्थापित किसी सिविल कारागार के भी मुलाकाती के रूप में समझे जाएंगे।
जीवन – निर्वाह भत्ता।	**332.** सरकार, महानिदेशक से प्रस्ताव पर, समय–समय पर जीवन–निर्वाह भत्ते का पैमाना विनिर्दिष्ट करेगी। जीवन–निर्वाह भत्ता के लिए यदि कोई पैमाना सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट नहीं किया है, एक सौ रूपए प्रतिदिन होगा।
न्यायालय द्वारा नियत मासिक भत्ता किसे भुगतान किया जाना है।	**333.** (1) जहां निर्णीत ऋणी को डिक्री के निष्पादन में सिविल कारागार को सुपुर्द किया गया है, तो न्यायालय नियम 332 के अधीन यथा नियत ऐसा मासिक भत्ता उसके जीवन–निर्वाह के लिए नियत करेगा। (2) नियत मासिक भत्ता उस पक्षकार द्वारा, जिसके आवेदन पर निर्णीत ऋणी को गिरफ्तार किया गया है, प्रत्येक मास के प्रथम दिन से पूर्व अग्रिम में मासिक अदायगी के रूप में भुगतान किया जाएगा। (3) प्रथम अदायगी निर्णीत ऋणी को सिविल कारागार को सुपुर्द करने से पूर्व चालू मास के ऐसे भाग के लिए, जो समाप्त नहीं हुआ है, न्यायालय के उचित अधिकारी को की जाएगी तथा पश्चातवर्ती अदायगी (यदि कोई हो) सिविल कारावास के प्रभारी अधिकारी को की जाएगी। (4) सिविल कारागार में निर्णीत ऋणी के जीवन–निर्वाह के लिए डिक्री धारक द्वारा वितरित राशियां वाद में लागत के रूप में समझी जाएगी। **टिप्पणः–** उप–नियम (2) के अधीन मासिक भत्ता, जब कारागार द्वारा प्राप्त किया जाए, सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा तथा खजाना रसीद मास के विस्तृत आकस्मिक बिल के साथ संलग्न की जाएगी। इस प्रकार जमा राशि पृथक बिल पर प्राप्त की जाएगी जब अपेक्षित हो। स्टाक से आपूर्ति, बाजार से खरीद तथा डिक्री–धारक को बकाया भुगतान के सम्बन्ध में निर्णीत–ऋणी की ओर से वितरित राशि संबंधित रजिस्टर में अभिलिखित की जाएगी तथा विविध पथ्य प्रभार शीर्ष के अधीन मास के विस्तृत आकस्मिक बिल से संलग्न वाऊचर में दर्शाई जाएगी। इस प्रकार दर्शाई गई कुल राशि, खजाना रसीद में दर्शाई गई राशि समरूप होगी तथा भिन्नता, यदि कोई हो, के मामले में कारण स्पष्ट किए जाएंगे।
सिविल बन्दी की दवाई के खर्चे।	**334.** सिविल बन्दी के बीमार होने की स्थिति में, उसके उपचार के खर्चे डिक्री धारक द्वारा वहन किए जाएंगे। तथापि, आपातकालीन मामले में, सरकार द्वारा इसे वहन किया जाएगा।
निर्णीत – ऋणी का निरोध तथा रिहाई।	**335.** (1) डिक्री के निष्पादन में सिविल कारागार में निरूद्ध प्रत्येक व्यक्ति, निम्नलिखित मामलों में विनिर्दिष्ट अवधि के समापन से पूर्व ऐसे निरोध से रिहा किया जाएगा, अर्थात्:– (क) उसके निरोध के लिए वारंट में वर्णित राशि पर, जो सिविल कारागार के प्रभारी अधिकारी को उसके द्वारा भुगतान की जा रही है; (ख) पूर्ण रूप से अन्यथा सन्तुष्टि के कारण उसके विरूद्ध डिक्री पर; (ग) व्यक्ति के अनुरोध पर, जिसके आवेदन पर उसे इस प्रकार निरूद्ध किया गया है; या (घ) व्यक्ति द्वारा चूक पर, जिसके आवेदन पर उसे जीवन–निर्वाह भत्ते का भुगतान करने पर इस प्रकार निरूद्ध किया गया है : परन्तु न्यायालय के आदेश के बिना इस नियम के खण्ड (ख) या (ग) के अधीन ऐसे निरोध से उसे रिहा नहीं किया जाएगा। **टिप्पण–** यदि निर्णीत ऋणी, खण्ड (घ) द्वारा भत्ते का भुगतान करना बन्द कर देता है, तो बन्दी को उस दिन जिसके लिए कोई भत्ता भुगतान नहीं किया है, को प्रातः काल रिहा किया जाएगा।

	(2) डिक्री के निष्पादन में सिविल कारागार में निरूद्ध प्रत्येक व्यक्ति निरोध की अवधि के समापन पर रिहा किया जाएगा।
सिविल बन्दी को अतिरिक्त अपेक्षाओं के लिए प्रभार।	**336.** यदि सिविल बन्दी को आहार की कोई अतिरिक्त सामग्री, चिकित्सा आधारों पर देने बारे चिकित्सा अधिकारी द्वारा आदेश दिया गया है, तो दैनिक निर्वाह भत्ते से अधिक हुए अतिरिक्त व्यय का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा।
बीमारी के आधार पर रिहाई।	**337.** (1) किसी निर्णीत ऋणी की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी होने के बाद किसी भी समय, न्यायालय उसकी गम्भीर बीमारी के आधार पर उसे रद्द कर सकता है। (2) जहां निर्णीत ऋणी को गिरफ्तार किया गया है, न्यायालय उसको रिहा कर सकता है, यदि उसकी राय में वह सिविल कारागार में निरूद्ध किए जाने के लिए स्वास्थ्य स्थिति से फिट नहीं है। (3) जहां किसी निर्णीत ऋणी को सिविल कारागार में सुपुर्द किया गया है, तो उसे वहां से रिहा किया जा सकता है,– (क) सरकार द्वारा किसी संक्रामक या छूत के रोग के होने के आधार पर; या (ख) सुपुर्द करने वाले न्यायालय या किसी न्यायालय, जिसका वह न्यायालय अधीनस्थ है, द्वारा किसी गम्भीर बीमारी से पीड़ित होने के आधार पर। (4) इस नियम के अधीन रिहा निर्णीत ऋणी को पुनः गिरफ्तार किया जा सकता है, किन्तु सिविल कारागार में उसके निरोध की अवधि कुल मिलाकर दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम 45) की धारा 58 द्वारा विनिर्दिष्ट से अधिक नहीं होगी।
रिहाई पर जीवन–निर्वाह के बकाया का निपटान।	**338.** जब किसी सिविल बन्दी को रिहा किया गया है, तो सरकारी खजाने में जमा जीवन–निर्वाह का बकाया, यदि कोई हो, यदि किसी सिविल न्यायालय अधिकारी से प्राप्त किया गया है, न्यायालय को वापस किया जाएगा, किन्तु यदि डिक्री–धारक से प्राप्त किया गया है, तो एक वर्ष की अवधि के भीतर इसके लिए आवेदन करने पर उसको भुगतान किया जाएगा।
सिविल बन्दियों के लिए श्रम।	**339.** (1) इन नियमों में यथा विहित दण्ड को छोडकर, सिविल बन्दी को श्रम करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। (2) सिविल बन्दी, जो श्रम करने के लिए लिखित में विकल्प चुनता है, साधारणतः ऐसे किस्म के श्रम पर नियोजित किया जाएगा, जो उसके लिए अधिक उपयुक्त हो तथा जिसके लिए वह तत्समय योग्य है, वह सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ऐसी दरों पर ऐसे श्रम के लिए मजदूरी लेने का हकदार होगा। (3) यदि वह कार्य नहीं करने के लिए किसी समय पर लिखित में इच्छा व्यक्त करता है, तो उसे ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी।
इन नियमों का लागूकरण।	**340.** इन नियमों के सभी अन्य उपबन्ध, जब इस अध्याय के उपबन्धों के विपरीत हों, उसी प्रकार साधारण बन्दियों को लागू होंगे।

	अध्याय 20 **महिला बन्दी तथा बालक**
महिला कारागारों की स्थापना।	**341.** (1) महिला बन्दियों के लिए पृथक कारागारों की ऐसी संख्या होगी, जो सरकार द्वारा समय–समय पर, अवधारित की जाए। ऐसी पृथक कारागारों की स्थापना करने तक महिला बन्दियों को पृथक अहातों या भवनों या उसी भवन के पृथक भाग में, ऐसी रीति में, ठहराया जाएगा, जो पुरूष बन्दियों को देखने या बातचीत करने या किसी पारस्परिक क्रिया करने लिए उन्हें रोक सके। (2) महिला अहाते में सभी डयूटियॉ महिला स्टाफ द्वारा की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, जहां तक साध्य हो, महिला बन्दियों के सभी मामलों का निपटान केवल महिला स्टाफ द्वारा किया जाएगा। (3) वरिष्ठतम महिला अधिकारी, जो सहायक अधीक्षक की पदवी से नीचे की न हो, महिला अहाते की सम्पूर्ण प्रभारी होगी।
महिला अहाते में सुविधाएं।	**342.** (1) महिला बन्दियों के लिए अहातों में उनकी विशेष आवश्यकताओं जैसे कि सुरक्षा, पृथक्करण, गर्भ, स्वास्थ्य देखभाल, बालक देखभाल, परिवार इत्यादि के संदर्भ में सभी अपेक्षित सुविधाएं होंगी। (2) महिला सहवासियों के लिए कार्य तथा उपचार कार्यक्रम उनकी विशेष आवश्यकताओं को सम्यक् महत्व देते हुए तैयार किए जाएंगे तथा उन्हें पुरूष बन्दियों के अनुसार कार्य करने, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा शिक्षा देने के समान अवसर दिए जाएंगे।
वर्गीकरण तथा पृथक्करण।	**343.** महिला बन्दियों को पुरूष बन्दियों को लागू नियम 45 के अनुसार वर्गीकृत किया जाएगा तथा अलग रखा जाएगा।
लिंग – भावुकता के लिए स्टाफ को प्रशिक्षण।	**344.** जहां महिला बन्दियों के सम्बन्ध में ड्युटियों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त महिला स्टाफ उपलब्ध नहीं है, तो वहां महिला बन्दियों के साथ कार्य करने के लिए नियत स्टाफ उनकी लिंग–विशिष्ट आवश्यकताओं तथा मानव अधिकारों से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। उन्हें लैंगिक, कदाचार तथा भेदभाव के विरूद्व सुग्राहित बनाया जाएगा। ऐसे स्टाफ को ऐसी स्थितियों तथा दृष्टान्तों का निपटान, जहां महिला सहवासी विशेष रूप से उनकी स्थिति प्रतिसंवेदी के रूप में व्यथित महसूस करे, करने के लिए आवश्यकता तथा आकस्मिक संकट का समय पर उचित रूप से उत्तर देने के लिए बाल विकास तथा स्वास्थ्य देखभाल में प्रशिक्षित भी किया जाएगा तथा सुनिश्चित किया जाएगा कि उन्हें उचित सहायता मुहैया कराई जाती है।
जब कोई महिला बन्दी वार्ड की अकेली अधिभोगी है।	**345.** यदि किसी कारागार में केवल एक महिला बन्दी है, तो दिन तथा रात में उसके साथ रहने के लिए एक महिला वार्डर का प्रबन्ध किया जाएगा। अधीक्षक किसी अन्य कारागार में उसके स्थानान्तरण के लिए महानिदेशक से आदेश प्राप्त कर सकता है।
कारागार में जन्म का पंजीकरण।	**346.** कारागार में जन्म को स्थानीय जन्म पंजीकरण कार्यालय में पंजीकृत किया जाएगा। उचित सावधानी बरती जाएगी कि कारागार को जन्म के स्थान के रूप में अभिलिखित नहीं किया गया है यद्यपि जन्म उस स्थान पर हुआ है तथा केवल स्थान का पता वर्णित किया जाएगा। जहां तक परिस्थितियां अनुमति देती हों, उप–अधीक्षक (प्रशासन) यह सुनिश्चित करेगा कि बालक ने जिला अस्पताल में जन्म लिया है तथा बालक के नामकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए सभी सुविधाएं माता को दी गई हैं।
महिला बन्दियों के बालक के लिए क्रैच तथा मनोरंजनात्मक सुविधाएं।	**347.** (1) छह वर्ष तक की आयु के बालक को कारागार में उनकी माताओं या महिला अभिरक्षकों के साथ रहने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, यदि वहॉ उन्हें रिश्तेदारों या अन्यथा के पास रखने की कोई अन्य व्यवस्था नहीं है : परन्तु माता या अभिरक्षक, जैसी भी स्थिति हो, के अनुरोध पर तथा बालक की सहमति से, अधीक्षक बालक के बेहतर हित में आठ वर्ष की आयु तक अपनी माता या महिला अभिरक्षक, जैसी भी स्थिति हो, के साथ कारागार में रहने के लिए उसे अनुज्ञात कर सकता है। (2) कारागार में भरती महिला बन्दी के बालक के व्यक्तिगत ब्योरे प्रवेश के समय पर अभिलिखित किए जाएंगे। रिकार्ड में बच्चे का नाम, आयु तथा लिंग शामिल होगा। महिला बन्दियों के बालक का समरूप रिकार्ड, जो उनके पते ठिकाने सहित उनके साथ नहीं रहता है, भी रखा जाएगा : परन्तु बालक की पहचान से सम्बन्धित सूचना गोपनीय रखी जाएगी तथा ऐसी सूचना का प्रयोग हमेशा बालक के बेहतर हित में किया जाएगा। (3) उपरोक्त उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट आयु से अधिक के बालक को महिला बन्दी की सहमति से किसी निकट रिश्तेदार को सौंपा जाएगा या बाल कल्याण समिति के आदेशों पर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के उपबन्धों के अधीन पंजीकृत बाल देखभाल संस्था में रखा जाएगा। ऐसे बालक को माता के रिहा होने तक या बालक के

	अठारह वर्ष की आयु का होने तक, जो भी पहले हो, बाल देखभाल संस्था में रखा जाएगा। बालक की आयु के अवधारण के प्रयोजन के लिए किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का केन्द्रीय अधिनियम 2) के उपबन्धों के अधीन विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। एक पखवाड़े में या अकसर एक बार उनके बालकों से महिला बन्दियों को मिलवाने की व्यवस्था की जाएगी। (4) मुलाकात करने वाले बालकों को अपनी माताओं के साथ स्वतन्त्र रूप से मिलने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा तथा मुलाकात ऐसे वातावरण में की जाएगी, जो मुलाकात करने वाले बालक के सकारात्मक अनुभुति में सहायक हो। यथासंभव, बालकों के साथ बढाया हुआ सम्पर्क करने वाली मुलाकात को प्रोत्साहित किया जाएगा। (5) कारागार प्रशासन, कारागार में परिरूद्ध सहवासियों के बालकों का समग्र विकास सुनिश्चित करेगा। सम्भव सीमा तक कारागार प्रशासन कारागार के बाहर उस बालक के लिए यथा सम्भव यथा निकट उनके पालन–पोषण के लिए उपयुक्त पर्यावरण सृजित करने के प्रयास करेगा। (6) कारागार में रहने वाली महिला बन्दियों के बालकों को उचित शिक्षा तथा मनोरंजनात्मक अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। महिला बन्दियों के कारागार आवास के पास भली भान्ति सुसज्जित क्रैच तथा नर्सरी स्कूल होगा। स्कूल जाने की आयु वाले बालकों को नर्सरी स्कूल में भरती किया जाएगा तथा बाकी की देखभाल क्रैच में की जाएगी। ऐसी सुविधाएं स्टाफ सदस्यों के बालकों को भी दी जा सकती हैं। (7) बालकों के लिए आहार का पैमाना स्वास्थ्य मानकों तथा जलवायु सम्बन्धी स्थितियों के अनुसार विकसित होने वाले बालकों की दैनिक–आहार सम्बन्धी अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए निश्चित किया जाएगा। उपयुक्त आकार तथा सामग्री के पृथक बर्तन भी खाना खाने वाले बालकों के लिए मुहैया कराए जाएंगे। (8) उप–अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) सहित अधीक्षक उनकी सहमति से नियमित अन्तरालों पर कारागार के बाहर महिला बन्दियों के बालकों की मनोरंजनात्मक मुलाकात के लिए कार्यक्रम की योजना बनाएगा। (9) यदि महिला बन्दी कारागार के भीतर बालक छोड़कर मर जाती है, तथा उसकी जिम्मेवारी लेने के लिए कोई पारिवारिक सदस्य तथा रिश्तेदार तैयार नहीं होता है तो अधीक्षक या इस निमित्त उस द्वारा विधिवत प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी यथासाध्य शीघ्रता से देखभाल तथा संरक्षण की आवश्यकताओं हेतु बालक का उचित पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए संज्ञान लेने हेतु बाल कल्याण समिति के सम्मुख बालक को पेश करेगा।
व्यक्तिगत स्वास्थ्य–विज्ञान।	**348.** (1) महिला बंदियों को स्वयं की सफाई रखना अपेक्षित होगा तथा इस उद्देश्य के लिए उन्हें सफाई नैपकिन, तोलिए तथा स्वास्थ्य–विज्ञान बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रसाधन सामग्री मुहैया कराई जाएगी। महिला बन्दियों तथा उनके बालकों तथा विशेष रूप से उन बन्दियों, जो खाना बनाने में लगी है या गर्भवती, स्तन पान करवाने वाली या रजोधर्म वाली हैं, के प्रयोग के लिए पर्याप्त जल भी उपलब्ध कराया जाएगा। (2) किसी महिला बन्दी के बाल उसकी सहमति के बिना नहीं काटे जाएंगे : परन्तु यदि पीड़क जन्तु या मैल के कारण चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के आधार पर बाल काटना आवश्यक समझे, तो बाल आवश्यकता से कम नहीं काटे जाएंगे।
महिला बन्दियों तथा बालकों की चिकित्सा देखभाल।	**349.** (1) महिला बन्दी कारागार आवास में महिला चिकित्सा अधिकारी नियुक्त की जाएगी। तथापि, अनुपलब्धता के मामले में, सिविल सर्जन ऐसी अनुपलब्धता के प्रत्येक सप्ताह के लिए कारागार में महिला चिकित्सा अधिकारी नियुक्त करेगा। महिला चिकित्सा अधिकारी के अनुपस्थिति में, पुलिस कारागार चिकित्सा अधिकारी महिला स्टाफ सदस्य की उपस्थिति में बीमार महिला बन्दियों की देखभाल करेगा। महिला बन्दी की स्वास्थ्य जांच–पड़ताल में निर्धारण के लिए व्यापक जांच भी शामिल होगी, (क) लिंग–विशेष स्वास्थ्य स्थिति की उपस्थिति; (ख) पूर्व–अभिघातज दबाव विकार तथा आत्महत्या तथा स्वयं–हानि के जोखिम सहित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता; (ग) वर्तमान या हाल की गर्भावस्था, बालक जन्म तथा किसी सम्बन्धित प्रजनक स्वास्थ्य मामलों सहित महिला बन्दी की प्रजनक स्वास्थ्य इतिवृत; तथा (घ) लैंगिक दुर्व्यवहार या हिंसा का कोई अन्य रूप, जिससे प्रवेश से पूर्व पीड़ित हो सकती है। (2) सभी महिला बन्दियों की वार्षिक चिकित्सा जांच की जाएगी। (3) विशेष रूप से लैंगिक दुर्व्यवहार से पीड़ित मनःकायिक तथा मनोवैज्ञानिक विकार से पीड़ित तथा मानसिक स्वास्थ्य मामलों वाली महिला बन्दियों को उचित परामर्श तथा चिकित्सा उपचार मुहैया

करवाई जाएगी।

(4) चिकित्सा गोपनीयता के लिए महिला बन्दियों के अधिकार, जिसमें विशेष रूप से उनका प्रजनक स्वास्थ्य इतिवृत के सम्बन्ध में सूचना सांझा न करने तथा जांच–पड़ताल में शामिल नहीं होने का अधिकार भी शामिल है, की सभी समयों पर सूचना दी जाएगी।

(5) महिला बन्दी निवारक स्वास्थ्य देखभाल उपाय तथा किसी अन्य लिंग–विशेष स्वास्थ्य स्थिति के बारे में शिक्षा तथा सूचना प्राप्त करेगी।

(6) बालकों के शारीरिक विकास की निगरानी करने के लिए चिकित्सा अधिकारी द्वारा उनकी नियमित रूप से जांच की जाएगी तथा समय पर टीका लगाया जाएगा। प्रत्येक बालक का टीका चार्ट अतिसावधानीपूर्वक अनुरक्षित किया जाएगा। चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश पर उन्हें अतिरिक्त वस्त्र तथा आहार मुहैया कराया जाएगा।

(7) यदि कोई महिला बन्दी प्रवेश के समय पर या बाद में, गर्भवती के रूप में पाई जाती है या पाई जानी संदिग्ध है, तो चिकित्सा अधिकारी अधीक्षक को तथ्य की रिपोर्ट करेगा। उसकी गर्भावस्था, स्वास्थ्य स्थिति, गर्भावस्था की अवधि तथा प्रसव की सम्भावित तिथि का पता लगाने के लिए जिला सरकारी अस्पताल में शीघ्रता से उसकी चिकित्सा जांच कराई जाएगी। सभी आवश्यक ब्योरों का पता लगाने के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट महानिदेशक को भेजी जाएगी।

(8) गर्भवती महिला बन्दियों की अन्तरिम जमानत या अस्थाई रिहाई के आवेदन, प्रसव समय पूर्व अधीक्षक द्वारा संचालित किए जाएंगे। बन्दी, जिन्हें न तो अन्तरिम जमानत दी गई है न ही अस्थाई आधार पर रिहा किया गया है, को चिकित्सा सलाह के अनुसार कारागार प्रशासन द्वारा उचित प्रसवपूर्व तथा प्रसवोत्र देखभाल मुहैया कराई जाएगी। कारागार में भरती गर्भवती महिला बन्दी, शिशु तथा बालक को पर्याप्त तथा पौष्टिक आहार, नर्सिंग माता, मुहैया करवाई जाएंगी।

शर्तें जिसके अधीन पुरूष अधिकारी महिला अहाते में प्रवेश कर सकते हैं।

350. (1) महिला अहातों में महिला रक्षा कार्मिक की रात–दिन डयूटी होगी।

(2) महिला अहाते के प्रवेश बिन्दु पर बायोमैट्रिक समर्थ चक्रदार प्रणाली स्थापित की जाएगी। महिला अहाते से प्रत्येक प्रवेश तथा निकास के मैनुअल रिकार्ड के साथ–साथ इलैक्ट्रोनिक रिकार्ड रखे जाएंगे।

(3) किसी भी पुरूष सदस्य को किसी भी समय किसी कारागार के महिला अहाते के निरीक्षण की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगीं जब तक यदि निरीक्षण पूर्ण रूप से अपेक्षित न हो तथा कर्मचारी को उसमें हाजिर होने के लिए तत्काल तथा तर्कसंगत डयूटी हो। ऐसे निरीक्षण का कारण लिखित में अभिलिखित किया जाएगा। वह डयूटी पर पहले महिला वार्डर को बुलाएगा, जो दरार के माध्यम से झांक कर देखेगी तथा सन्देह दूर करने के बाद कि प्रवेश की कोशिश करने वाला व्यक्ति विश्वसनीय है, सभी महिला बन्दियों को सचेत करेगी तथा दरवाजा खोलेगी तथा वार्ड या अहाते के प्रत्येक भाग में उसके साथ जाएगी, जिसकी उसे निरीक्षण की आवश्यकता है।

(4) कोई भी पुरूष स्टाफ सदस्य आपातकाल के सिवाए, रात में महिला अहाते में तथा यहां तक कि केवल महिला अधिकारी तथा डयूटी अधिकारी के साथ में प्रवेश नहीं करेगा। उसके बाद वह ऐसे निरीक्षण के कारणों सहित अपने निरीक्षण तथा उसके समय की स्पष्ट रिपोर्ट अपनी रिपोर्ट पुस्तक में अभिलिखित करेगा।

(5) कार्यालय मुलाकातियों के लिए एस्कोर्ट के रूप में पुरूष कार्यरत स्टाफ सदस्य या कर्मचारी अहाते के बाहर रहेंगे।

टिप्पण 1.– यदि किसी समय पर, कोई पुरूष स्टाफ सदस्य या बन्दी उचित प्राधिकार के बिना महिला बन्दियों के लिए आरक्षित कारागार के किसी वार्ड या उसके भाग में प्रवेश करता है या प्रवेश करने का प्रयास करता है, तो इसकी रिपोर्ट तुरन्त उप–अधीक्षक (प्रशासन) को की जाएगी।

टिप्पण 2.– पुरूष अधिकारी द्वारा ऐसे निरीक्षणों के समय तथा प्रायिकता के विनियमन के लिए ऐसे निरीक्षणों के लिए अनुज्ञेय पहुंच क्षेत्र को परिभाषित करने के लिए भी महानिदेशक द्वारा समय–समय पर हिदायतें जारी की जा सकती है।

टिप्पण 3.– पुरूष अधिकारियों द्वारा यथा पूर्वोक्त ऐसे निरीक्षणों की प्रायिकता की त्रैमासिक अन्तरालों पर मिलान रिपार्ट अधीक्षक के पर्यवेक्षण में तैयार की जाएगी तथा पुनरीक्षण तथा उचित निर्देशों के लिए महानिदेशक को भेजी जाएगी। महिला बन्दियों सहित कारागार कर्मचारियों द्वारा कदाचार तथा अनुशासनिक उल्लंघन, पदच्यूति की शास्ति सहित कड़ी कार्रवाई किए जाने के लिए दायी होगा।

महिलाओं का महिला अहाते में रहना।	**351.** (1) कोई भी महिला बन्दी, वैध प्राधिकार से अन्यथा रिहाई, स्थानान्तरण या न्यायालय में उपस्थिति या वैध प्रयोजनों के लिए अधीक्षक के आदेशों को छोडकर किसी बहाने से कारावास के महिला अहाते को नहीं छोड़ेगी, यहां से हटाई नहीं जाएंगी। (2) अपने अहाते को छोड़ने के लिए प्राधिकृत प्रत्येक महिला बन्दी, साधारणतः उसके साथ उसके छोड़ने के समय से उसकी वापसी के समय तक महिला मुख्य वार्डर या महिला वार्डर रहेगी।
महिला अहाते में भोजन की आपूर्ति तथा सफाई।	**352.** जहां तक साध्य हो, महिला बन्दियों के लिए पृथक रसोई होगी। पृथक रसोई के अभाव में पका हुआ भोजन वार्डर के साथ बन्दी अधिकारी द्वारा महिला अहाते में लाया जाएगा तथा अहाते के द्वार के बाहर रखा जाएगा। उसे केवल महिला वार्डर या महिला बन्दी द्वारा अन्दर लाया जाएगा।
महिला अहाते की चाबियाँ तथा ताले।	**353.** (1) अहाते तथा बैरकों के ताले, जहां महिलाएं परिरूद्ध हैं, कारागार के अन्य भागों में प्रयुक्त तालो से भिन्न होंगे ताकि महिला बन्दियों के लिए अहातों को खोलने हेतु अन्य अहातों के तालों की चाबियों का दुरूपयोग करने की कोई सम्भावना न हो सके। (2) आकस्मिक संकट के मामले में, बैरकों को खोलने में कम से कम विलम्ब सुनिश्चित करने के लिए (जिसमें अलार्म घण्टों का प्रावधान शामिल है) उपयुक्त उपाय किए जाएंगे। (3) महिला अहाते के मुख्य प्रवेश द्वार पर दोहरी ताला प्रणाली होगी। महिला अहाते में प्रयुक्त विभिन्न तालों की चाबियाँ (मुख्य प्रवेश द्वार के बाहरी ताले से अन्यथा) प्रातःकाल तालाबन्दी से सांयकाल हवालात के दौरान महिला रक्षा कार्मिक के कब्जे में रखी जाएंगी। बाहरी मुख्य प्रवेश द्वार की चाबी प्रातःकाल में तालाबन्दी से सांयकाल में हवालात तक डयूटी अधिकारी के पास रहेगी। (4) महिला अहाते की तालाबन्दी के समय पर, महिला रक्षा कार्मिक अपने वार्ड में सभी बन्दियों को तालाबन्द करेगी तथा ऐसा करने पर, अन्दरूनी मुख्य प्रवेश द्वार की चाबी के सिवाए, जो कि सदा महिला रक्षा कार्मिक के कब्जे में रहेगी, चाबियां उप–अधीक्षक (प्रशासन) को दी जाएंगी। (5) उप अधीक्षक (प्रशासन) मुख्य प्रवेश द्वार के बाहरी ताले सहित सायंकाल हवालात के बाद प्रातःकाल तालाबन्दी तक महिला अहाते की सभी चाबियां रखेगा।
आभूषण।	**354.** (1) महिला बन्दियों को लघु मूल्य के कुछ आभूषण जैसे कि मंगल सूत्र, चूड़ियां तथा पैर की उँगली की अंगूठी कम मात्रा में रखने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा। तथापि, अधीक्षक अपने विवेक से अनुशासनिक या सुरक्षा कारणों से किसी विशेष मामले में इन आभूषणों को रखने की अनुमति देने से इनकार कर सकता है। (2) दर्पणों की पर्याप्त संख्या उनके बैरकों में फिट की जाएंगी, जिसमें एक सख्त बना हुआ दृष्टि दर्पण (1.6 फुट X 3.0 फुट) शामिल है।
मनोरंजनात्मक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम।	**355.** उचित किस्म के कार्यकलापों सहित मनोरंजनात्मक कार्यक्रम महिला बन्दियों के लिए आयोजित किए जाएंगे जिसमें बाहरी खेल, संगीत, लोक नृत्य, ड्रामा, टी वी, रेडियो तथा फिल्म दर्शन शामिल हो सकते हैं। महिला बन्दियों को तनाव प्रबन्धन तथा उनके मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए ध्यान तथा योग हेतु सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।
लैगिंक उत्पीड़न की शिकायतों तथा अन्य शिकायतों की जांच।	**356.** सम्बद्ध जिला न्यायाधीश, महिला बन्दियों के लैंगिक उत्पीड़न की किसी शिकायत की जांच करने के लिए स्थल पर महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (2013 का केन्द्रीय अधिनियम 14) तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अधीन प्रत्येक कारागार में कार्यकारी मजिस्ट्रेट, अधिमानतः महिला की अध्यक्षता तथा सदस्य–सचिव के रूप में अधीक्षक द्वारा नामांकित कारागार अधिकारी की आन्तरिक शिकायत समिति गठित करने के लिए जिम्मेवार होगा।
शिकायत पेटी।	**357.** शिकायत पेटी उपयुक्त स्थानों पर स्थापित की जाएंगी ताकि महिला बन्दी अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर सकें तथा सुरक्षित रूप से समाधान प्राप्त कर सके। पेटी सम्बद्ध जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अपने नियतकालिक निरीक्षण के दौरान खोली जाएंगी। परेड के दौरान, प्रत्येक महिला बन्दी के पास अधीक्षक को अनुरोध/शिकायत करने का अवसर होगा जो शीघ्रता से ऐसी शिकायतों या अनुरोध का निपटान करेगा।

	अध्याय 21 **मानसिक बीमारी वाले बन्दी**
मानसिक बीमारी वाले बन्दियों के वर्ग।	**358.** मानसिक बीमारी वाले बन्दी अभिव्यक्ति में निम्नलिखित वर्गों के व्यक्ति शामिल समझे जाएंगे, अर्थात्:– (क) ऐसा व्यक्ति, जो दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 328, 329, 330 या 335 के अधीन न्यायालय या मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय तथा उसके अधीन आदेश देने पर निरूद्ध किया जाना है; तथा (ख) बन्दी, जो कारागार में उनके प्रवेश के बाद मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं।
प्रक्रिया यदि मानसिक बीमारी वाले बन्दियों को कारागार को सुपुर्द किया गया है।	**359.** जब कभी मानसिक बीमारी वाले व्यक्ति को दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 330 या 335 के अधीन कारागार में निरूद्ध किया गया है, तो अधीक्षक मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में बन्दी के स्थानान्तरण के लिए आदेश हेतु अधिकारिता रखने वाले मानसिक स्वास्थ्य पुनरीक्षण बोर्ड को आवेदन करेगा।
मानसिक बीमारी वाले बन्दी का परिरोध।	**360.** मानसिक बीमारी वाले सभी बन्दियों को मानसिक स्वास्थ्य देख–रेख अधिनियम, 2017 (2017 का केन्द्रीय अधिनियम 10) तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विहित सभी सुविधाओं वाली मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में स्थानांतरित किया जाएगा। तथापि, ऐसे स्थानान्तरण तक बन्दी को कारागार की चिकित्सा स्थापना के मनोविकृति सम्बन्धी वार्ड में स्थानांतरित किया जाएगा। कारागार में ऐसे मनोविकृति–सम्बन्धी वार्ड के अभाव में बन्दी के उपचार के लिए कारागार अस्पताल में उपयुक्त प्रंबन्ध किये जाएंगे।
मानसिक बीमारी के सम्बन्ध में अवधारण।	**361.** (1) किसी बन्दी में मानसिक बीमारी के संकेत दिखने की स्थिति की घटना में, जो चिकित्सा अधिकारी की राय में बहाना नहीं है, तो बन्दी को अतिरिक्त जांच के लिए सिविल सर्जन को निर्दिष्ट किया जाएगा। (2) यदि किसी बन्दी को मानसिक रूप से बीमार घोषित किया गया है, तो उसके मामले की रिपोर्ट मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में उसके स्थानान्तरण के लिए सरकार या मानसिक स्वास्थ्य पुनरीक्षण बोर्ड के आदेश प्राप्त करने की दृष्टि से महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी। इस रिपोर्ट के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भेजे जाएंगे, अर्थात्:– (क) बन्दी की विवरणात्मक पंजी; तथा (ख) चिकित्सक बोर्ड से चिकित्सा प्रमाण पत्र। **टिप्पण–** चिकित्सक बोर्ड की रचना ऐसी होगी, जो मानसिक स्वास्थ्य देख–रेख अधिनियम, 2017 (2017 का केन्द्रीय अधिनियम 10) के उपबन्धों के अधीन बनाए गए नियमों में सरकार द्वारा विहित की गई हों।
मानसिक बीमारी वाले बन्दी का मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में स्थानान्तरण।	**362.** (1) मानसिक बीमारी वाले बन्दी का मानसिक स्वास्थ्य देखभाल स्थापना में स्थानान्तरण के लिए सरकार या मानसिक स्वास्थ्य पुनरीक्षण बोर्ड से आदेश की प्राप्ति पर, अधीक्षक निम्नलिखित दस्तावेजों सहित मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में बन्दी का स्थानान्तरण करेगा, अर्थात्:– (क) उसके स्थानान्तरण के निर्देश देने वाले सरकार या मानसिक स्वास्थ्य पुनरीक्षण बोर्ड के आदेश की प्रति; (ख) बन्दी की विवरणात्मक पंजी; (ग) चिकित्सक बोर्ड से चिकित्सा प्रमाण पत्र की प्रति; (घ) इतिवृत–टिकट तथा निजी सम्पति (यदि कोई हो) तथा बन्दी के रिश्तेदारों तथा दोस्तों के पते; (ङ) दण्डादेश की अवधि, कारागार में प्रवेश की तिथि तथा बन्दी की रिहाई की सम्भावित तिथि दर्शाते हुए कारागार को सुपुर्दगी का वारंट (यदि बन्दी है); (च) कारागार के समय अर्जित माफी, यदि कोई हो; (छ) बन्दी के मामले में न्यायालय के निर्णय की प्रति; तथा (ज) विचाराधीन मामलों के ब्योरे। **टिप्पण–** उपरोक्त दस्तावेजों की प्रत्येक प्रति कारागार रिकार्ड में रखी जाएगी। (2) अधीक्षक, उपचार या निगरानी के लिए मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में ऐसे बन्दी को भेजते

	समय मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में बन्दी की एस्कोर्ट के लिए पुलिस रक्षा की मांग करेगा। (3) मानसिक बीमारी वाले बन्दी के स्थानान्तरण के बारे में सूचना सम्बद्ध न्यायालय, स्थानीय पुलिस तथा बन्दी के परिवार को भेजी जाएगी। (4) यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सावधानी बरती जाएगी कि मानसिक बीमारी वाले बन्दी को मानसिक स्वास्थ्य स्थापना के मार्ग के दौरान उचित रूप से देखभाल की गई है। बन्दी के स्थानान्तरण से सम्बन्धित इन नियमों में यथा विहित उसकी सम्पति, वस्त्र तथा भोजन के बारे में उचित व्यवस्था की जाएगी। संयम साधनों का यदि पूर्ण रूप से आवश्यक न हो, प्रयोग नहीं किया जाएगा। **टिप्पण–** मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में स्थानान्तरण पर मानसिक बीमारी वाले बन्दी के साथ भेजी गई सभी सरकारी सम्पति, प्रेषण करने वाली कारगार को वापस की जाएगी।
मानसिक बीमारी वाली महिला बन्दी का स्थानान्तरण।	**363.** मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में या पारगमन के दौरान या उसके परिवार या रिश्तेदारों की अभिरक्षा से उसकी रिहाई के दौरान मानसिक बीमारी वाली महिला बन्दी के साथ निरन्तर महिला अधिकारी रहेगी।
स्थानान्तरण से पूर्व शर्तें लगाई जा सकती है।	**364.** मानसिक बीमारी वाले किसी भी बन्दी को मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में कारागार से स्थानांतरित नहीं किया जाएगा, यदि – (क) उसके प्रेषण से ठीक पूर्व चिकित्सा अधिकारी प्रमाणित नहीं करता है कि वह यात्रा करने के लिए शारीरिक रूप से योग्य है; तथा (ख) यह पहले पता लगाया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य स्थापना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जहां बन्दी स्थानांतरित किया जा रहा है, उसे प्राप्त करने के लिए तैयार नहीं है। **टिप्पण–** मानसिक बीमारी वाले किसी बन्दी के स्थानान्तरण के लिए उपयुक्तता प्रमाणित करते समय चिकित्सा अधिकारी ऐसे बन्दी द्वारा या के शरीर पर चोट के निशान प्रदर्शित करने वाली कोई अयोग्यता की विद्यमानता की सावधानी पूर्वक जांच करेगा।
अत्यावश्यक मामलों में प्रत्याशा स्थानान्तरण।	**365.** अत्यावश्यक मामलों में अर्थात् यदि मानसिक बीमारी वाला व्यक्ति खतरनाक, कोलाहलपूर्ण या उसकी आदतें अश्लील हैं, तो अधीक्षक, मानसिक स्वास्थ्य स्थापना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की पूर्व सहमति से, सरकार या मानसिक स्वास्थ्य पुनरीक्षण बोर्ड से स्वीकृति की प्रत्याशा में, मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में बन्दी का स्थानान्तरण कर सकता है। ऐसे मामलों में, मानसिक बीमारी वाले बन्दी को भेजते समय स्थानान्तरण आदेश, जिसका उसके प्राप्त होने के तुरन्त बाद पालन किया जाएगा, के अपवाद सहित नियम 404 द्वारा अपेक्षित दस्तावेजों सहित भेजना सुनिश्चित किया जाएगा।
पुलिस एस्कोर्ट में हस्तान्तरित करते समय चिकित्सा अधिकारी की अनिवार्य उपस्थिति।	**366.** (1) चिकित्सा अधिकारी निरन्तर हाजिर रहेगा यदि उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा मानसिक रूप से बीमार बन्दी को पुलिस एस्कोर्ट को हस्तान्तरित किया जाता है तथा उप–अधीक्षक (प्रशासन) अपने रोजनामचे में तथ्य नोट करेगा। (2) चिकित्सा अधिकारी ऐसे बन्दी की सही मानसिक तथा शारीरिक स्थिति से एस्कोर्ट के प्रभारी अधिकारी को जानकारी देगा तथा ऐसी अशक्तता या चोट चिह्न, जो विद्यमान हो उसके ध्यान में लाएगा तथा उसे स्वयं की सन्तुष्टि के लिए कहेगा कि बन्दी के बताए गए अनुसार है।
मानसिक बीमारी वाले बन्दी के लिए आहार।	**367.** मानसिक बीमारी वाला प्रत्येक बन्दी साधारण कारागार आहार प्राप्त करेगा यदि चिकित्सा अधिकारी अन्यथा से विहित न करे।
मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में व्यतीत समय को सजा के रूप में गिनना।	**368.** (1) जब मानसिक बीमारी वाला बन्दी, स्वस्थचित हो गया है तथा कारागार में उसकी वापसी के लिए सरकार द्वारा आदेश जारी किया गया है, तो समय, जिसके दौरान वह मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में निरूद्ध किया गया था, को भुगती गई सजा के रूप में गिना जाएगा। (2) यदि कोई बन्दी मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में उपचार करवाते समय अपनी सजा पूरा करता है, तो उसे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य स्थापना से रिहा किया जाएगा यदि व्यक्ति को अभिसाधित किया है। तथा उसका उपचार पुरा हो गया है तथा उसे उसके परिवार को सुपुर्द कर दिया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ऐसी रिहाई के बारे में सम्बन्धित अधीक्षक को सूचित करेगा।
मानसिक बीमारी वाले बन्दी की कारागार में वापसी।	**369.** (1) जब कभी मानसिक बीमारी वाला बन्दी अभिसाधित हो जाता है तथा वह रिहाई के लिए योग्य नहीं है, तो उसे ऐसी कारागार में, जो ऐसे बन्दी के बेहतर हित में हो, वापस स्थानांतरित कर दिया जाएगा। (2) मानसिक स्वास्थ्य स्थापना का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रीति जिसमें मानसिक बीमारी वाले बन्दी को उसके स्थानान्तरण के समय तक मानसिक स्वास्थ्य स्थापना में नियोजित किया गया है, दर्शाते हुए मामला पुस्तिका से सार तथा विवरण सहित चिकित्सा इतिवृत शीट की एक प्रति अधीक्षक को भेजेगा।

	टिप्पण– मानसिक बीमारी से स्वस्थ्य बन्दी को प्रथम दृष्टान्त में जिला, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य स्थापना स्थित है की कारागार में स्थानांतरित किया जाएगा, किन्तु साधारणतः बाद में उसके गृह की निकटतम कारागार में बदल दिया जाएगा।
फिर से बीमार हो जाने के मामले में प्रक्रिया।	**370.** (1) जब मानसिक बीमारी से स्वस्थ बन्दी, फिर से बीमार हो जाता है, तो उसे मानसिक स्वास्थ्य स्थापना, जिस से वह आया है, नियम 415 के अधीन मानसिक स्वास्थ्य पुनरीक्षण बोर्ड के आदेशों की प्रत्याशा में, को तुरन्त वापस भेजा जाएगा। ऐसे मामलों में नियम 404 के अधीन अपेक्षित दस्तावेज उसके साथ भेजे जाएंगे तथा स्थानान्तरण आदेश प्राप्त होने के बाद तुरन्त पालन किया जाएगा। (2) अधीक्षक नियम 404 के अधीन अपेक्षित दस्तावेज उसी समय प्रस्तुत करके मानसिक स्वास्थ्य पुनरीक्षण बोर्ड द्वारा अपनी कार्यवाही की पुष्टि के लिए तुरन्त आवेदन करेगा।
कारागार में पुनः प्रवेश पर कार्य का आबंटन।	**371.** जब मानसिक बीमारी वाला बन्दी स्वस्थ हो गया है तथा कारागार में पुनः भरती किया गया है, तो उसे चिकित्सा अधिकारी की सलाह के अनुसार उपयुक्त कार्य में लगाया जाएगा।
मानसिक बीमारी वाले बन्दियों की रिपोर्ट।	**372.** (1) अधीक्षक प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी तथा 10 जुलाई को मानसिक बीमारी से पीडित बन्दियों की रिपोर्ट महानिदेशक को अग्रेषित करेगा। टिप्पण– जब कोई ऐसा बन्दी कारागार में परिरूद्ध नहीं है, तो शून्य रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। (2) कारागार का चिकित्सा अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य देख–रेख अधिनियम, 2017 (2017 का केन्द्रीय अधिनियम 17) तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अधीन यथा उपबन्धित मानसिक बीमारी वाले बन्दियों की स्थिति के बारे में मानसिक स्वास्थ्य पुनरीक्षण बोर्ड को त्रैमासिक रिपोर्ट भेजेगा।
अनुशासन तथा शास्ति।	**373.** (1) मानसिक बीमारी वाले बन्दी को उस द्वारा किए गए किसी कार्य के लिए दण्डित नहीं किया जाएगा, किन्तु ऐसे प्रतिबन्ध अधिरोपित किए जा सकते हैं जो स्वयं या अन्य को हानि पहुँचाने से या असुविधा पहुँचाने से उसे रोकने के लिए आवश्यक हों। (2) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 335 के अधीन परिरूद्ध कोई व्यक्ति, जब वह वास्तव में मानसिक रूप से बीमार नहीं है, कठोर कारावास से दण्डादिष्ट बन्दी के अनुसार सामान्य अनुशासन के अध्यधीन होगा, कि वह श्रम करने में असमर्थ हो, को छोडकर। (3) कोई व्यक्ति, जो विकृतचित होने के कारण से निगरानी के अधीन परिरूद्ध है, यदि बाद में, स्वस्थचित पाया जाता है, तो निगरानी अवधि के दौरान कारागार अनुशासन के भंग हेतु दण्ड के लिए दायी होगा।
प्रक्रिया जब बन्दी को रक्षा करने के योग्य होने की रिपोर्ट की गई है।	**374.** यदि मानसिक बीमारी वाले बन्दी की रक्षा करने के योग्य पाए जाने की रिपोर्ट की गई है, तो मामले का निपटान दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 337 के अनुसार किया जाएगा।

	अध्याय 22 **मृत्यु के लिए सिद्धदोष बन्दी**
मृत्यु दण्डादेश के अधीन बन्दी।	**375.** मृत्यु दण्डादेश के अधीन प्रत्येक बन्दी को निम्नलिखित रीति में माना जाएगा, अर्थात्:– (क) यदि कोई व्यक्ति दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 366 के अनुसार सत्र न्यायालय द्वारा मृत्यु दंडादेश दिया है, तो दण्डादेश उच्च न्यायालय द्वारा पुष्ट न किए जाने तक कार्यान्वित नहीं किया जाएगा; (ख) जब उच्च न्यायालय द्वारा सजा पुष्ट की गई है या अपील या पुनरीक्षण में उच्च न्यायालय द्वारा पारित किया गया है, तो सत्र न्यायालय दण्डादेश को कार्यान्वित करने के लिए अधीक्षक को वारंट जारी करेगा। अधीक्षक दण्डादेश को तब तक कार्यान्वित नहीं करेगा जब तक सत्र न्यायालय ने उस आशय के लिए अपेक्षित वारंट जारी नहीं किया है; (ग) यदि सिद्वदोष बन्दी को दूसरी कारागार में स्थानांतरित किया गया है, तो अधीक्षक, जिसको सुपुर्दगी का मूल वारंट सम्बोधित किया था, कारागार, जिसमें बन्दी को स्थानांतरित किया गया है, के ब्योरे उसी समय पर उसे सूचित करते हुए सत्र न्यायाधीश को वारंट वापस किया जाएगा; (घ) सत्र न्यायाधीश सम्बन्धित अधीक्षक को मृत्यु दंडादेश के निष्पादन के लिए संशोधित वारंट जारी करेगा; (ङ) सभी निष्पादन उस कारागार में किए जाएंगे, जिसमें वारंट निर्देशित किया गया है यदि वारंट में स्पष्ट रूप से अन्यथा से आदेश नहीं किया गया है। साधारतः उन्हें कारागार से संलग्न विशेष अहाते या दीवार के भीतर कार्यान्वित किया जाएगा। किसी भी दंडादेश को उस दिन को कार्यान्वित नहीं किया जाएगा, जिसे सरकारी अवकाश के रूप में अधिसूचित किया गया है।
उच्च न्यायालय को अपील।	**376.** अधीक्षक मृत्यु दंडादेश के अधीन प्रत्येक सिद्धदोषी को सूचित करेगा कि यदि वह उच्च न्यायालय में अपील करना चाहता है, तो उसे तीस दिन के भीतर ऐसा करना चाहिए। यदि कोई सिद्धदोषी अपील दायर नहीं करना चाहता है, तो वह एक घोषणा करेगा जो सदस्य सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अधीक्षक द्वारा सत्यापित की जाएगी।
उच्चतम न्यायालय में अपील।	**377.** (1) दोषसिद्ध ठहराने वाले न्यायालय से निष्पादन के वारंट की प्राप्ति पर तुरन्त उच्च न्यायालय द्वारा मृत्यु दंडादेश की पुष्टि के परिणामस्वरूप अधीक्षक बन्दी को सूचित करेगा कि यदि वह उच्चतम न्यायालय में अपील करना चाहता है, तो वह उच्चतम न्यायालय के नियमों द्वारा विहित अवधि के भीतर ऐसा कर सकता है। (2) यदि मृत्यु दंडादेश के अधीन बन्दी ऐसा करना चाहता है, तो उप अधीक्षक (प्रशासन) या विधि अधिकारी या विधिक सहायता सलाहकार, जैसी भी स्थिति हो, यथा सम्भव साध्य उसके अपने शब्दों में इसके लिए उसकी अपील या पुनरीक्षण तुरन्त तैयार करेगा तथा सरकार तथा महानिदेशक की सूचना के अधीन उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार को संचार के अनुमोदित साधन के माध्यम से भेजी जाएगी तथा कारागार कर्मचारी द्वारा दस्ती दी जाएगी। (3) उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने या उस न्यायालय के सम्मुख अपील करने की विशेष इजाजत के लिए आवेदन या ऐसा करने का आशय दायर करने की सूचना की प्राप्ति पर सम्बन्धित राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय में सरकार के स्थाई वकील को इलैक्ट्रोनिक साधन से तुरन्त निम्नलिखित सूचना सूचित करेगी, अर्थात्:– (क) मृत्यु दंडादेश के अधीन बन्दी का नाम; तथा (ख) अपील या आवेदन से सम्बन्धित ब्योरे। (4) यदि अपील या आवेदन का विरोध करना वांछित है, तो पेपर बुक की तीन प्रतियां तथा उच्च न्यायालय के निर्णय, उच्चतम न्यायालय द्वारा विहित प्ररूप में मुखतारनामा तथा हिदायतें, यदि कोई हों, अपील या आवेदन का विरोध करने के लिए सरकार के स्थाई वकील को तुरन्त भेजी जाएगी। आशयित अपील या आवेदन का नोटिस यदि तथा जब बन्दी द्वारा या की ओर से तामील किया गया है, बिना विलम्ब के उसको भी भेजा जाएगा। यदि आशयित अपील या आवेदन उच्चतम न्यायालय के नियमों द्वारा विहित अवधि के भीतर दायर नहीं किया गया है, तो स्थाई वकील राज्य सरकार को इलैक्ट्रोनिक साधन द्वारा तथ्य की सूचना देगा। (5) यदि अपील करने की विशेष इजाजत के लिए अपील या आवेदन बन्दी की और से उच्चतम न्यायालय में दायर किया गया है, तो स्थाई वकील राज्य सरकार को कथित तथ्य सूचित करेगा। वह

	उच्चतम न्यायालय में सभी परिणामों से राज्य सरकार को सूचित भी रखेगा। उन मामलों में, जिसमें असाधारण विशेषता विद्यमान हैं। तथापि, सभी मामलों में, वह इलैक्ट्रोनिक साधन जिसकी इलैक्ट्रोनिक साधन से पावती दी जाएगी, द्वारा सरकार को अपील करने की विशेष इजाजत के लिए अपील पर आवेदन का परिणाम सूचित करेगा। मृत्यु दंडादेश का निष्पादन अपील करने की विशेष इजाजत के लिए अपील या आवेदन खारिज़ करने के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्णय की प्रमाणित प्रति की प्राप्ति तक तथा बन्दी द्वारा या की ओर से प्रस्तुत दया याचिका, यदि कोई हो, के लिए याचिका की भारत के राष्ट्रपति द्वारा अस्वीकृति के बारे में गृह मामले मन्त्रालय, से सूचना प्राप्त होने तक कार्यान्वित नहीं किया जाएगा। (6) उन मामलों, जहां दया याचिका बन्दी द्वारा या की ओर से की गई है के सिवाए दण्डादेश के निष्पादन का कोई भी स्थगन नहीं होगा यदि कोई भी अपील या आवेदन उच्चतम न्यायालय के सम्मुख नहीं किया गया है।
दया याचिका।	**378.** (1) बन्दी द्वारा या की ओर से दायर अपील करने की विशेष इजाजत के लिए वकील या आवेदन को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज करने की सूचना की प्राप्ति पर, यदि सम्बन्धित बन्दी ने दया के लिए कोई पूर्व याचिका नहीं की है, तो अधीक्षक तुरन्त बन्दी को सूचित करेगा कि यदि वह दया के लिए याचिका प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह ऐसी सूचना की तिथि के सात कार्य दिवसों के भीतर लिखित में प्रस्तुत करेगा तथा ऐसी याचिका की तैयारी तथा प्रस्तुति के लिए अनुज्ञात सात दिन की अवधि उस दिन को छोड़कर, जिसको अधीक्षक उसके अधिकार की बन्दी को सूचित करता है, संगणित की जाएगी। यदि कोई बन्दी दया याचिका करना नहीं चाहता, तो वह लिखित में उसकी घोषणा देगा, जो सदस्य सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अधीक्षक द्वारा सत्यापित की जाएगी। **टिप्पण–** उन मामलों में, जहां उच्चतम न्यायालय में कोई अपील या उसमें विशेष इजाजत के लिए कोई आवेदन ऐसी अपील या आवेदन के लिए विहित वैधानिक अवधि की समाप्ति पर बन्दी द्वारा या उसकी ओर से दायर नहीं किया गया है, यदि बन्दी ने दया के लिए पहले कोई याचिका नहीं की है, तो अधीक्षक, बन्दी को दया के लिए ऐसी याचिका करने के लिए उसके अधिकार तथा तथ्य को भी सूचित करेगा कि इसके लिए उस तिथि, जिसको उच्चतम न्यायालय में अपील या उसमें अपील करने की विशेष इजाजत के लिए आवेदन दायर करने के लिए अनुज्ञात समय समाप्त हो गया है, के बाद अगले दिन से गिने गए सात कार्य दिवसों की अवधि के भीतर प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। (2) यदि बन्दी उप नियम (1) के अधीन विहित नियत अवधि के भीतर याचिका प्रस्तुत करता है, तो यह राज्य के राज्यपाल तथा भारत के राष्ट्रपति को सम्बोधित की जाएगी। अधीक्षक निष्पादन के लिए नियत तिथि की रिपोर्ट करने के लिए कवरिंग पत्र सहित सम्बन्धित विभाग में राज्य सरकार के सचिव को तुरन्त प्रेषित करेगा तथा प्रमाणित करेगा कि निष्पादन, याचिका पर सरकार के आदेशों की लम्बित प्राप्ति तक स्थगित कर दिया गया है। यदि याचिका के प्रेषण की तिथि से पन्द्रह दिन के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो अधीक्षक सम्बन्धित विभाग में राज्य सरकार के सचिव को इलैक्ट्रोनिक साधन या विशेष सन्देश वाहक के माध्यम से तथ्य के लिए ध्यान आकर्षित करेगा, किन्तु वह किसी भी मामले में राज्य सरकार के उत्तर की प्राप्ति से पूर्व दण्डादेश कार्यान्वित नहीं करेगा। (3) यदि बन्दी उप–नियम (1) द्वारा विहित अवधि के बाद याचिका प्रस्तुत करता है, तो अधीक्षक इलैक्ट्रोनिक साधन द्वारा तुरन्त राज्य सरकार को उसे भेजेगा तथा उसी समय पर उसका सारांश सूचित करेगा, आदेशों का अनुरोध करने के लिए कि क्या निष्पादन स्थगित कर दिया जाएगा तथा बताते हुए कि लम्बित उत्तर तक दण्डादेश कार्यान्वित नहीं किया जाएगा। यदि ऐसी याचिका पूर्ववर्ती दिन, जो निष्पादन के लिए नियत है, को दोपहर के बाद अधीक्षक द्वारा प्राप्त की गई है, तो वह तुरन्त उसे निष्पादन की तिथि देते हुए उसका सारांश सूचित करने के लिए इलैक्ट्रोनिक साधन द्वारा राज्य सरकार को उसे भेजेगा तथा बताएगा कि दण्डादेश कार्यान्वित किया जाएगा जब तक कि प्रतिकूल आदेश प्राप्त नहीं होते हैं।
सरकार, अधीक्षक द्वारा कार्रवाई।	**379.** (1) जब कभी मृत्यु दण्डादेश किसी न्यायालय या अधिकरण द्वारा पारित किया गया है, तो दण्डादेश, अपील या आवेदन के खारिज होने के बाद तक या यदि कोई भी ऐसी अपील नहीं की गई है या कोई आवेदन नहीं किया गया है, तो अपील के लिए या ऐसे आवेदन को करने के लिए अनुज्ञात अवधि की समाप्ति के बाद तक निष्पादित नहीं किया जाएगा: परन्तु यदि मृत्यु दण्डादेश उसी मामले में एक व्यक्ति से अधिक पर पारित किया गया है तथा यदि अपील या आवेदन केवल एक या से अधिक द्वारा या की ओर से किया गया है किन्तु उन सभी ने नहीं, दण्डादेश का निष्पादन सभी ऐसे बन्दियों के मामले में तथा न केवल व्यक्ति या व्यक्तियों, जिनके द्वारा या जिनकी ओर से अपील या आवेदन किया गया है, के मामले में स्थगित कर दिया जाएगा। (2) यदि बन्दी नियतअवधि के भीतर दया याचिका प्रस्तुत करता है, तो वह राज्य के राज्यपाल तथा भारत के राष्ट्रपति को सम्बोधित की जाएगी। दण्डादेश का निष्पादन सभी मामलों में उनके आदेशों

की लम्बित प्राप्ति तक स्थगित कर दिया जाएगा।

(3) प्रथमतः याचिका विचारण तथा राज्यपाल के आदेशों के लिए राज्य सरकार को भेजी जाएगी। यदि विचारण के बाद यह अस्वीकृत की जाती है, तो उसे भारत सरकार के सचिव, गृह मामले मन्त्रालय को भेजी जाएगी।

(4) यदि बन्दी नियत अवधि के बाद याचिका प्रस्तुत करता है, तो यह याचिका के विचारण तथा ऐसे विचारण के लिए लम्बित निष्पादन को स्थगित करने तथा राष्ट्रपति को सम्बोधित याचिका को रोकना या न रोकना भी राज्य सरकार के विवेक में होगा। तथापि, याचिका निम्नलिखित परिस्थितियों में भारत के राष्ट्रपति के विचारण के लिए भारत सरकार के सचिव, गृह मामले मन्त्रालय को भेजी जाएगी, अर्थात्:–

(क) यदि मृत्यु दण्डादेश विमुक्ति के विरूद्ध अपील में अपील न्यायालय द्वारा या ऐसे न्यायालय द्वारा दण्डादेश की वृद्धि के परिणामस्वरूप, चाहे उसके अपने प्रस्ताव पर या दण्डादेश की वृद्धि के लिए आवेदन पर पारित किया गया था; या

(ख) जब मामले के बारे में कोई ऐसी परिस्थितियां है, जो राज्य सरकार की राय में, उसे वांछनीय बनाती है कि राष्ट्रपति को राजनैतिक स्वरूप के मामले में तथा मामले, जिनमें लोक हित में विचारण योग्य किसी विशेष कारण के लिए उठाया गया है, उसे विचारने का अवसर होगा।

टिप्पण– जब याचिका सचिव भारत सरकार, गृह मामले मन्त्रालय को भेजी गई है, तो निष्पादन के साथ–साथ उस पर राष्ट्रपति के आदेशों की प्राप्ति के लम्बित रहने तक स्थगित हो जाएगी।

(5) यदि सरकार या राज्यपाल द्वारा मृत्यु दण्डादेश के लघूकरण का निर्णय किया गया है, तो भारत के राष्ट्रपति को सम्बोधित याचिका, रोक ली जाएगी तथा तथ्य की सूचना याचिकाकर्ता को भेजी जाएगी।

टिप्पणः– याचिका, उन मामलों में जहां मृत्यु दण्डादेश ऐसे मामलों, जिसमें संघ को कार्यकारी शक्ति दी गई है, सम्बन्धित केवल किसी विधि के विरूद्ध अपराध के लिए है, की गई है, तो उसे राज्य सरकार द्वारा विचारा नही जाएगा किन्तु वह तुरन्त सचिव, भारत सरकार, गृह मामले मन्त्रालय को भेजी जाएगी।

(6) किसी बन्दी द्वारा प्रस्तुत याचिका, सरकार द्वारा रोक ली जाएगी यदि याचिका राष्ट्रपति को पहले प्रस्तुत की गई समरूप प्रार्थना से युक्त है। यदि याचिका इस प्रकार रोकी गई है, तो याचिकाकर्ता को तथ्य तथा उसे रोकने के लिए कारण सूचित किए जांएगे।

(7) उन सभी मामलों में, जिनमें मृत्यु दण्डादेश के अधीन किसी बन्दी से दया के लिए याचिका सचिव भारत सरकार, गृह मामले मन्त्रालय या राष्ट्रपति को भेजी जानी है, तो राज्य सरकार मामले के रिकार्ड तथा याचिका में अनुरोध के किन्हीं कारणों के सम्बन्ध में अपनी टिप्पणी सहित यथा सम्भव शीघ्रता के साथ ऐसी याचिका भेजी जाएगी। किसी मामले में राज्य सरकार ने उसको या राज्यपाल को सम्बोधित किसी याचिका को पहले अस्वीकृत किया था, तो पूर्व में याचिका या याचिकाओं की अस्वीकृति के लिए कारणों का संक्षिप्त कथन भी भेजा जाएगा।

(8) राष्ट्रपति के आदेशों की प्राप्ति पर, पावती तुरन्त सचिव, भारत सरकार, गृह मामले मन्त्रालय को भेजी जाएगी। यदि याचिका अस्वीकृत की गई है, तो आदेशों को इलैक्ट्रोनिक माध्यम से सूचित किया जाएगा तथा उसकी पावती इलैक्ट्रोनिक साधन से अभिस्वीकृत की जाएगी। मृत्यु दण्डादेश लघुकरण के आदेश इलैक्ट्रोनिक माध्यम द्वारा सूचित किए जाएंगे तथा उसकी पावती इलैक्ट्रोनिक रूप से अभिस्वीकृत की जाएगी।

(9) जब राज्य सरकार या राज्यपाल या राष्ट्रपति दया याचिका को अस्वीकार करता है, तो अधीक्षक ब्योरों सहित सम्बन्धित न्यायालय को आदेश सूचित करेगा तथा न्यायालय के दण्डादेश के अनुसार बन्दी के निष्पादन के लिए तिथि नियत करने के लिए अनुरोध करेगा।

टिप्पण– यदि अपील या दया के सभी विकल्प समाप्त हो गए हैं, मृत्यु दण्डादेश से सिद्धदोष बन्दी की सभी अन्य न्यायालयों में पेशीयां इसी प्रकार के अन्य मामलों में बन्द कर दी जाएंगी।

(10) दण्डादेश के निष्पादन से पूर्व किसी समय पर अधीक्षक की जानकारी में आने की स्थिति में कि कुल मिलाकर ऐसी अपवादिक परिस्थितियां उत्पन्न हो गई है, जो दण्डादेश के पुनः विचारण की स्वभावतः मांग है, तो पूर्वगामी खण्डों में किसी बात के होते हुए भी, उसे राज्य सरकार को इलैक्ट्रोनिक माध्यम से परिस्थितियों की रिपोर्ट करने तथा उसके आदेशों के लिए निवेदन करने तथा उनके प्राप्त होने तक निष्पादन स्थगित करने की स्वतन्त्रता होगी। ऐसे दृष्टान्तों में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता प्राप्त की जा सकती है।

	(11) दया याचिका की अस्वीकृति तथा बन्दी को स्वयं को तैयार करने तथा अपने कार्य निपटाने तथा अन्तिम समय में अपने परिवार के सदस्यों से मिलने या किसी न्यायिक उपाय का लाभ उठाने के लिए उसे समर्थ बनाने हेतु निष्पादन की नियत तिथि के बीच न्यूनतम चौदह दिन का अन्तराल होगा। (12) विधिक सहायता, यदि मांगी गई है, दया याचिका की अस्वीकृति के बाद भी सभी स्तरों पर बन्दी को मुहैया कराई जाएगी।
विशेष अंकन की सूचना।	**380.** (1) मृत्यु दण्डादेश से सम्बन्धित सभी संचार में पते से पूर्व ''मृत्यु दण्ड'' शब्द सम्मिलित किया जाएगा। (2) सभी मामलों में, याचिकाओं की अस्वीकृति सूचित करने के लिए आदेशों की प्राप्तियां निरन्तर इलैक्ट्रोनिक माध्यम से अभिस्वीकृत की जाएगी, निष्पादन करने के सरकार के आदेशो को तुरन्त इलैक्ट्रोनिक माध्यम से अभिस्वीकृत किया जाएंगा। (3) ''मृत्युदण्ड'' तथा ''तात्कालिक'' शब्द मृत्यु दण्ड के मामलों में पत्राचार के लिए प्रयुक्त लिफाफे के बाएं सिरे और दाएं कोने पर अंकित किए जाएंगे। सभी अधीक्षक यह सुनिश्चित करने का विशेष प्रबन्ध करेंगे कि इन विशेष लिफाफों में प्राप्त सूचना दिन या रात के समय पर कारागार में प्राप्त की जाती है या तो उप अधीक्षक (प्रशासन) या उसकी अनुपस्थिति में संचार के समय पर उपस्थित वरिष्ठतम अधिकारी द्वारा दी गई है, जो प्राप्ति रजिस्टर में संचार की प्राप्ति का समय तथा तिथि नोट करेगा तथा संचार तुरन्त अधीक्षक के सम्मुख रखा जाएगा।
प्रवेश पर सिद्धदोष बन्दियों की तलाशी।	**381.** (1) मृत्यु दण्ड के अधीन प्रत्येक बन्दी की दण्डादेश के बाद कारागार में उसके पहुंचने पर शीघ्रता से उप अधीक्षक (सुरक्षा) द्वारा या के आदेश द्वारा तलाशी ली जाएगी तथा उससे सभी वस्तुएं प्राप्त की जाएंगी, जिन्हें उप–अधीक्षक (सुरक्षा) उसके कब्जे में छोड़ना खतरनाक या अनुपयुक्त समझता है। (2) मृत्यु से दण्डादिष्ट प्रत्येक बन्दी, जिसकी दोषसिद्धि तथा दण्डादेश के विरूद्व अपील लम्बित है या जिसके किसी विधि के अधीन उसको उपलब्ध सभी उपाय जैसे कि दया याचिका, पुनरीक्षण याचिका या उपचारात्मक याचिका समाप्त नहीं हुए है, अन्य बन्दियों के साथ परिरूद्ध किया जाएगा। (3) मृत्यु दण्ड के अधीन बन्दी को अपील या याचिका के प्रत्येक स्तर की समाप्ति तक कठोर कारावास से दण्डादिष्ट अन्य बन्दियों की तरह कारागार में रखा जाएगा।
बन्दी को सूचित किए जाने के लिए दायी सूचना।	**382.** (1) प्रत्येक मामले में निष्पादन के लिए नियत तिथि, अवधि, जिसके भीतर याचिकाएं प्रेषित करनी चाहिए तथा याचिका के परिणाम उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा सिद्धदोष बन्दी को सूचित किया जाएगा। (2) अधीक्षक, जहां तक साध्य हो, सुनिश्चित करेगा कि सिद्धदोष बन्दी के कम से कम एक परिवारिक सदस्य को शीघ्रता से तिथि की अधिमानतः निष्पादन की तिथि नियत करने के लिए मृत्यु वारंट की प्राप्ति के अड़तालीस घण्टे के भीतर लिखित में सूचित किया गया है। (3) अधीक्षक सुनिश्चित करेगा कि सिद्धदोष बन्दी को राष्ट्रपति या राज्यपाल, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा दया याचिका की अस्वीकृति की एक प्रति मुहैया कराई गई है।
सैल की जांच करना।	**383.** प्रत्येक सैल, जिसमें कोई बन्दी, जो मृत्यु दण्ड के अधीन है, में किसी समय परिरूद्ध किया गया है, ऐसे बन्दी को उसमें रखने से पूर्व, उसकी उप–अधीक्षक (प्रशासन) या उस निमित्त नियुक्त किसी अन्य अधिकारी की उपस्थिति में तलाशी ली जाएगी, जो स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि यह सुरक्षित है तथा किसी किस्म की वस्तु से युक्त नहीं है, जिसे बन्दी द्वारा अपराध के हथियार के रूप में या उपकरण के रूप में, जिससे वह आत्महत्या करने के लिए संभवतः प्रयोग कर सकता है या जो अधीक्षक की राय में, ऐसे सैल में रखने की अनुमति देने के लिए अनुपयुक्त है।
सिद्धदोष बन्दी की तलाशी लेना।	**384.** सम्बन्धित सहायक अधीक्षक, मृत्यु से दण्डादिष्ट प्रत्येक बन्दी तथा उसके अधिभोग के सैल की प्रातःकाल तथा सांयकाल में प्रतिदिन सावधानीपूर्वक जांच करेगा तथा इस प्रकार की गई जांच के लिए रिपोर्ट पुस्तिका में अपना एक नोट तथा परिणाम को नोट करेगा। यह डयूटी किन्हीं भी परिस्थितियों में वार्डर को प्रत्यायोजित नहीं की जाएगी। महिला बन्दियों की तलाशी महिला रक्षा कार्मिक द्वारा ली जाएगी तथा उनके सैल की जांच वरिष्ठतम महिला कारागार अधिकारी की उपस्थिति में की जाएगी।
वस्त्र तथा बिस्तर।	**385.** सिद्धदोष बन्दियों को जारी कारागार वस्त्र, बिस्तर तथा आवश्यक वस्तुएं उसी पैमाने की होंगी, जो अन्य बन्दियों के लिए है।
सिद्धदोष बन्दियों की रक्षा ।	**386.** यदि कारागार की स्थाई स्थापना, सिद्धदोष बन्दियों की रक्षा करने के लिए वार्डरों की आवश्यक संख्या देने के लिए पर्याप्त नहीं है, तो अस्थाई स्थापना मांगी जा सकती है।

<table>
<tr><td>सिद्धदोष बन्दियों के लिए रक्षा कार्मिक की संख्या।</td><td>

387. सिद्धदोष बन्दियों की रक्षा करने के लिए अपेक्षित वार्डरो की संख्या तथा उनकी डयूटी समय नियमानुसार है, अर्थात्:–

(क) किसी सिद्धदोष बन्दी पर लगातार दिन तथा रात को डयूटी के लिए एक सन्तरी देने के लिए तीन रक्षा कार्मिक प्रत्येक को आठ घण्टे की डयूटी देने के लिए अपेक्षित हैं। सिद्धदोष बन्दी पर लगातार दिन तथा रात की डयूटी पर तीन रक्षा कार्मिक नियोजित करके सुनिश्चित की जाएगी, जिसको प्रत्येक आठ घण्टे की डयूटी देना अपेक्षित होगा;

(ख) जब उसी समय पर किसी कारागार में दो या से अधिक सिद्धदोष बन्दी, एक दूसरे से कुछ दूरी पर स्थित सैलों में परिरूद्ध किए गए है, तो प्रत्येक सैल में पृथक रक्षा कार्मिक रखा जाएगा किन्तु जब सैल संलग्न है, तो एक रक्षा कार्मिक अधिकतम चार बन्दियों की रक्षा के लिए तैनात किया जाएगा;

(ग) चार से अधिक सैलों की किसी संख्या के लिए अतिरिक्त रक्षा कार्मिक तैनात किए जाएंगे, चाहे सैल समीप हो;

(घ) एक दूसरे के सामने और उचित दूरी के भीतर सैलों की दो पंक्तियों में, एक रक्षा कार्मिक को एक तरफ चार सैलों तथा दूसरे चार सैलों तक की किसी संख्या का प्रभार दिया जा सकता है;

(ङ) जब दो या से अधिक सैल अधिभोग किए गए हैं, तो सन्तरी उनसे आगे–पीछे होकर चलेगा, ताकि रक्षित प्रत्येक बन्दी को अल्प अन्तरालों पर निगरानी में रखा जा सके;

(च) सन्तरी नीचे दी गई तालिका के अनुसार भारमुक्त किया जाएगा :–

क	ख	ग
पूर्वाह्न 6–9	दोपहर 9–12	दोपहर बाद12–3
पूर्वाह्न3–6	दोपहर बाद 6–9	दोपहर बाद9–11
पूर्वाह्न11–1	पूर्वाह्न1–3	पूर्वाह्न 3–6

</td></tr>
<tr><td>सिद्धदोष बन्दी पर रक्षा कार्मिक की डयूटी।</td><td>

388. (1) किसी सैल में डयूटी पर रक्षा कार्मिक डण्डे तथा सीटी, टार्च लाईट तथा संकट घंटी बजाने के लिए वायरलैस संचार यन्त्र से सुसज्जित होगा, यदि आवश्यकता हो ।

(2) रक्षा कार्मिक, सैल के जाली लगे दरवाजे के सामने तैनात किया जाएगा तथा बन्दी को लगातार ध्यान में रखेगा।

(3) वह प्राधिकृत मुलाकाती, अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी, उप अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, चिकित्सा अधीनस्थ, डयूटी पर मुख्य वार्डर तथा अधीक्षक से लिखित में या के साथ आदेश के बिना बन्दी के पास जाने या से सम्पर्क करने के लिए उचित रक्षा के अधीन कारगार के प्राधिकृत स्वीपर के सिवाए किसी व्यक्ति को अनुज्ञात नहीं करेगा।

</td></tr>
<tr><td>चाबियों का प्रबन्धन।</td><td>

389. सैल का दरवाजा निम्नलिखित स्थितियों में खोला जाएगा, अर्थात्:–

(क) सैल की चाबियां जिसमें सिद्धदोष बन्दी परिरूद्ध किए गए हैं, डयूटी पर सिद्धदोष सैल के प्रभारी की अभिरक्षा में रहेंगी जो घंटी सुनने पर आपातिक मामले में ऐसे सैल में अग्रसर होगा तथा डयूटी पर अन्य रक्षा कार्मिक के साथ उसमें प्रवेश करेगा;

(ख) सैल, जिसमें सिद्धदोष बन्दी परिरूद्ध किए गए है, का दरवाजा खोलने से पूर्व बन्दी को हथकड़ी लगाई जा सकती है तथा बांधा जा सकता है, यदि रक्षा कार्मिक के विरूद्व बन्दी द्वारा हिंसा का प्रयोग करने की कोई संभावना हो। तथापि, यदि वह हथकड़ी लगवाने से इनकार करता है, तो कम–से–कम तीन रक्षा कार्मिक सैल को खोलते समय उपस्थित रहेंगे।

(ग) सिद्धदोष सैल में ऐसे ताले प्रयोग में होंगे जिन्हें कारागार मेंप्रयोग में किसी अन्य चाबी द्वारा खोला नहीं जा सकता हो।

</td></tr>
<tr><td>सैल, प्रांगण का अधिभोग तथा हथकड़ी लगाना।</td><td>

390. (1) सिद्धदोष बन्दी, जब तक उसके विरूद्व कोई विशेष कारण नहीं हो, जो अधीक्षक द्वारा अपने रोजनामचे में अभिलिखित किए जाएंगे, को प्रत्येक प्रातःकाल तथा सांयकाल आधे घण्टे के लिए उसके सैल के प्रांगण का उपभोग करने के लिए अनुमत किया जाएगा, किन्तु एक समय में केवल एक ऐसे बन्दी को ऐसा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा। सिद्धदोष बन्दी कठोरता के किसी साधन के अध्यधीन नहीं होगा, जब तक वह इतना हिंसक नहीं है, जो रक्षा कार्मिक या स्वयं के लिए खतरनाक हो। यदि, कठोरता के किसी साधन का प्रयोग करना आवश्यक समझा जाता है, तो ऐसी कार्रवाई के लिए कारण महानिदेशक को सूचित किए जाएंगे।

(2) सिद्धदोष बन्दी को अपने प्रांगण का अधिभोग करने के समय के दौरान सैल तथा प्रांगण के

</td></tr>
</table>

	दोनों दरवाजे तालाबन्द रखे जाएंगे। (3) सिद्धदोष बन्दी को सिद्धदोष सैल के प्रभारी की उपस्थिति के सिवाए किसी प्रयोजन के लिए उसकी सैल स सैल प्रांगण या इसके विपरीत से हटाया नहीं जाएगा। (4) कोई डयूटी करने के लिए सिद्धदोष बन्दी के सैल में प्रवेश करने के लिए अनुज्ञात कोई स्वीपर या अन्य बन्दी सावधानीपूर्वक जांच करेगा तथा घनिष्ठ निगरानी रखेगा।
सिद्धदोष बन्दी पर मुख्य वार्डर की डयूटी।	**391.** (1) डयूटी पर सिद्धदोष सैल का प्रभारी, बार–बार और दिन तथा रात के दौरान असाधारण समय पर सिद्धदोष बन्दी द्वारा अधिभोग सैल का निरीक्षण करेगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि रक्षा कार्मिक चौकसी पर है, सैल सुरक्षित है तथा वह बन्दी उपस्थित है। (2) वह सिद्धदोष की और से किसी संदिग्ध व्यवहार या रक्षा कार्मिक की और से डयूटी की किसी लापरवाही की उप–अधीक्षक (सुरक्षा) को तुरन्त रिपोर्ट करेगा।
आहार संबंधी सावधानियां।	**392.** (1) मृत्यु दण्ड के अधीन बन्दी को श्रम बन्दी का साधारण आहार अनुज्ञात किया जाएगा। (2) सिद्धदोष बन्दी द्वारा उपभोग के लिए आशयित सभी भोजन उप–अधीक्षक (प्रशासन) या सहायक अधीक्षक या चिकित्सा अधीनस्थ द्वारा जांचा जाएगा जो किसी वस्तु को रोक सकता है जिसे वह सदिग्ध के रूप में समझता है तथा परिस्थितियों की रिपोर्ट अधीक्षक को करेगा। बन्दी को भोजन भी इन अधिकारियों में से किसी एक अधिकारी की उपस्थिति में दिया जाएगा।
मुलाकातियों, पुस्तकों तथा समाचारपत्रों का प्रवेश।	**393.** सिद्धदोष बन्दी को ऐसी पुस्तकों की आपूर्ति जो कारागार पुस्तकालय में उपलब्ध हैं, उनके अनुरोध पर पढ़ने के लिए दी जा सकती है, मुहैया कराई जा सकती है। अधीक्षक के अनुमोदन के अध्यधीन वे उनके अपने खर्च पर खरीदने या अपने रिश्तेदारों या दोस्तों से कोई अन्य पुस्तकें प्राप्त करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है। बन्दी जो धूम्रपान करते है उनके अपने खर्च पर धूम्रपान करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है। उन्हें उनके अपने खर्च पर कोई समाचार पत्र खरीदने के लिए भी अनुज्ञात किया जा सकता है। सभी उचित अनुग्रह रिश्तेदारों, दोस्तों, विधिक वकीलों तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) या सहायक अधीक्षक की उपस्थिति में अनुमोदित धार्मिक पुरोहित से मुलाकात के विषय में अनुज्ञात किया जा सकता है।
बाहरी अस्पताल में स्थानान्तरण पर प्रतिबन्ध।	**394.** (1) सिद्धदोष बन्दी को अधीक्षक की विशेष स्वीकृति के बिना उपचार करवाने के लिए कारागार अस्पताल से नहीं ले जाया जाएगा यदि ऐसे बन्दी को कारागार अस्पताल से ले जाया जाता है, तो उसे अस्पताल में सभी अन्य बन्दियों से अलग किया जाएगा तथा यथा अपेक्षित विशेष रक्षक तैनात किया जाएगा। (2) सिद्धदोष बन्दी को महानिदेशक की विशेष स्वीकृति के बिना उपचार करवाने के लिए किसी बाहरी अस्पताल में नहीं ले जाया जाएगा : परन्तु अधीक्षक स्वीकृति की प्रत्याशा में किसी बाहरी अस्पताल में ऐसे बन्दी के स्थानान्तरण के आदेश कर सकता है यदि चिकित्सा अधिकारी प्रमाणित करता है कि बन्दी की मृत्यु होने का खतरा है तथा बाहरी अस्पताल में तुरन्त उपचार करवाने की आवश्कता है। यदि ऐसे बन्दी को बाहरी अस्पताल में ले जाया जाता है, तो उसे विशेष पुलिस एस्कोर्ट द्वारा ले जाया जाएगा तथा अस्पताल में सभी अन्य बन्दियों से अलग रखा जाएगा तथा यथा अपेक्षित विशेष रक्षक अस्पताल में तैनात किया जाएगा।
मृत्युदण्ड को कार्यान्वित करने में विलम्ब।	**395.** यदि, दया याचिका की प्रस्तुति से उत्पन्न विलम्ब से अन्यथा, मृत्युदण्ड के निष्पादन में कोई विलम्ब होता है, तो अधीक्षक सत्र न्यायाधीश को परिस्थितियों की तुरन्त रिपोर्ट करेगा तथा निष्पादन करने के लिए या तो नया वारंट जारी करने या दूसरी तिथि नियत करने के आदेश के उसी वारंट पर पृष्ठांकन हेतु मूल वारंट वापस भेजेगा।
गर्भवती के रूप में प्रमाणित महिला।	**396.** यदि मृत्यु से दण्डादिष्ट किसी महिला बन्दी को चिकित्सा अधिकारी द्वारा गर्भवती के रूप में प्रमाणित किया गया है, उस पर नोट किए गए तथ्य सहित वारंट सत्र न्यायाधीश को वापस किया जाएगा जो दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 416 के अधीन उपबन्धित आदेश का पालन करने के लिए कदम उठाएगा।
महिला द्वारा स्वयं गर्भवती होने की घोषणा करना।	**397.** यदि मृत्यु से दण्डादिष्ट कोई महिला बन्दी स्वयं गर्भवती होने की घोषणा करती है तथा चिकित्सा अधिकारी कथन की सच्चाई या अन्यथा को तसदीक करने में असमर्थ है, तो वह अपने रोजनामचे में तथ्य तथा बिन्दु पर निर्णय करने के लिए उसे समर्थ बनाने के लिए आवश्यक समय के अन्तराल को अभिलिखित करेगा। वारंट सहित इस रिकार्ड की एक प्रति सत्र न्यायाधीश को भेजेगा।
दण्डादेश को स्थगित या लघुकृत किया जा सकता है।	**398.** यदि मृत्यु से दण्डादिष्ट कोई महिला गर्भवती पाई जाती है, तो उच्च न्यायालय दण्डादेश के निष्पादन को स्थगित करने के आदेश करेगा तथा यदि वह उचित समझे तो, आजीवन कारावास के लिए दण्डादेश को कम कर सकता है।

साक्ष्य देने के लिए मृत्यु दण्ड के अधीन बन्दियों के स्थानान्तरण के विरूद्व प्रतिषेध।	**399.** यदि मृत्युदण्ड के अधीन बन्दी के साक्ष्य किसी मामले में अपेक्षित हैं, तो न्यायालय प्रयोजन के लिए कारागार को कार्यवाही करने को कहेगा तथा बन्दी (न्यायालयों में उपस्थिति) अधिनियम, 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 32) के अधीन बन्दी की उपस्थिति अपेक्षित नहीं होगी: परन्तु यदि मृत्युदण्ड के अधीन बन्दी की उपस्थिति दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 391 के अधीन मामले में अतिरिक्त साक्ष्य लेने के लिए सत्र या उच्च न्यायालय द्वारा अपेक्षित है, तो बन्दी की उपस्थिति बन्दी (न्यायालयों में उपस्थिति) अधिनियम, 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 32) के अधीन अपेक्षित हो सकती है। यदि वह अन्य मामलों में विचारण का सामना कर रहा है, तो सम्बन्धित न्यायालय वीडियो कान्फ्रैन्सिंग या अन्य उपयुक्त साधन का प्रयोग करते हुए कारागार परिसरों के भीतर विचारण करने का अनुरोध करेगा।
निष्पादन के लिए जिम्मेवार अधिकारी।	**400.** अधीक्षक सुनिश्चित करेगा कि निष्पादन प्रबन्ध उचित समय पर पूरे किए गए है तथा कि फांसी का तख्ता, रस्सी, टोपी तथा जकड़ने वाला पट्टा सही हालात में है। अधिकथित आदेशों से किसी अनर्थ या रवानगी की घटना महानिदेशक को सूचित की जाएगी।
मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन।	**401.** (1) मृत्यु से दण्डादिष्ट सभी बन्दियों का नियमित मानसिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया जाएगा तथा उनकी आवश्यकता के अनुसार उचित चिकित्सा देखभाल मुहैया कराई जाएगी। (2) यदि अधीक्षक, सरकारी चिकित्सक या मनोचिकित्सक की रिपोर्ट के आधार पर विचार करता है कि बन्दी शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से योग्य नहीं है, तो वह तुरन्त निष्पादन रोक देगा तथा व्यापक मूल्यांकन के लिए चिकित्सा बोर्ड के सम्मुख बन्दी को पेश करेगा तथा उसकी रिपोर्ट आगामी कार्रवाई के लिए सरकार को भेजेगा।
पागलपन के संकेत दर्शाने वाले सिद्धदोष बन्दी।	**402.** (1) यदि मृत्युदण्ड की प्रतीक्षा करने वाले किसी बन्दी में मानसिक बीमारी के संकेत दिखाई देते हैं, जो चिकित्सा अधिकारी की राय में काल्पनिक नहीं है, या जिसका अवधारण करने के लिए निगरानी अपेक्षित है कि क्या वे काल्पनिक है या नहीं, की परिस्थितियों की रिपोर्ट निम्नलिखित दस्तावेजों सहित महानिदेशक के माध्यम से सरकार को तुरन्त की जाएगी, अर्थात्:– (क) बन्दी की नामावली; (ख) वारंट की प्रति जिसके अधीन उसे परिरूद्ध किया गया है (दोहरी प्रति में); तथा (ग) विहित प्ररूप में चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र। टिप्पण– निर्णय की एक प्रति भी यथा सम्भव शीघ्रता से भेजी जाएगी। (2) यदि सरकार, मृत्युदण्ड के बन्दी की मानसिक स्थिति की जांच करने के लिए विशेष चिकित्सा बोर्ड की नियुक्ति के आदेश करती है, यदि आवश्यक समझा जाए, तो विशेष चिकित्सा बोर्ड द्वारा जांच से पूर्व उसे दस दिन या लम्बे समय के लिए निकटतम मनोचिकित्सक या समरूप संस्था या सिविल सर्जन के प्रभारी चिकित्सक द्वारा कारागार में निगरानी के अधीन रखा जाएगा। (3) विशेष चिकित्सा बोर्ड नियुक्त करने तथा बन्दी को निगरानी में रखने के बाद, यथा सम्भव शीघ्रता से, अधीक्षक, संस्था या व्यक्तिगत, जिसके वह सम्पर्क में था, से ऐसे बन्दी का इतिवृत प्राप्त करेगा। मनोचिकित्सक, जिसकी निगरानी में बन्दी कों विशेष चिकित्सा बोर्ड द्वारा लम्बित जांच के लिए रखा गया है, अपेक्षित सूचना के संग्रहण के लिए प्रश्नावली सहित अधीक्षक को देगा। बन्दी की मानसिक स्थिति से सम्बन्धित वास्तविक सामग्री अधिकारी, जिसने उसे गिरफ्तार किया है, सहित रिकार्ड से या चश्मदीद गवाहों से प्राप्त की जाएगी। अपराध के करने के ठीक पहले, के समय और उसके तुरन्त बाद बन्दी के दिमाग के अनुमान के लिए बन्दी के रिश्तेदारों सहित चश्मदीद–गवाहों से रिपोर्ट प्राप्त की जाएगी। टिप्पण– विचारण के समय पर बन्दी के व्यवहार से सम्बन्धित साक्ष्य तथा विशेष रूप से न्यायालय में जांच के दौरान साक्ष्य तथा मामले की फाईल तथा निर्णय सहित न्यायालय की कार्यवाहियों से उपलब्ध हो सकते हैं। बन्दी की रिपोर्ट उन व्यक्तियों से प्राप्त की जाएगी, जो उसके प्रतिप्रेषण तथा बाद में कारागार में निरोध के दौरान उसके सम्पर्क में रहे हैं। यह सूचना एकत्र करते समय, यह देखने के लिए बहुत सावधानी बरती जायेगी कि उद्देश्य जिसके साथ यह एकत्रित की गई है, का रहस्योद्घाटन न हो। आवश्यक ध्यान इस तथ्य की उपेक्षा न करने के लिए भी दिया जाएगा जिससे बन्दी के रिश्तेदार विशेष रूप से हितबद्ध होने सम्भावित है तथा उन द्वारा दी गई सूचना अधिकतम सावधानी में प्रयुक्त की जाएगी। (4) ज्योंहि उप–नियम (3) में निर्दिष्ट चिकित्सक या सिविल सर्जन अपनी रिपोर्ट के साथ तैयार है, तो वह विशेष चिकित्सा बोर्ड के सम्मुख सभी रिकार्ड रखेगा। विशेष चिकित्सा बोर्ड का प्रधान, महानिदेशक के माध्यम से सरकार को उनकी अपनी राय सहित बोर्ड की कार्यवाही भेजेगा।

	(5) सरकार के आदेशों की प्राप्ति पर, अधीक्षक उन्हें कार्यान्वित करेगा। यदि वे निर्देश देते है कि मृत्यु दण्ड कार्यान्वित किया जाएगा, तो अधीक्षक सत्र न्यायाधीश को तुरन्त लिखित सूचना भेजेगा, जिसने निष्पादन का संशोधित वारंट जारी करने के लिए मृत्यु दण्ड के निष्पादन हेतु वारंट जारी किया है।
रस्सी तथा फांसी के तख्तों की किस्म तथा जांच।	**403.** रस्सी तथा फांसी के तख्तों की जांच करने के बारे में निम्नलिखित उपाय अपनाए जाएंगे, अर्थात्:— (क) ब्यास में 2.54 सेंटीमीटर मनीला रस्सी निष्पादन के लिए प्रयुक्त की जाएगी। टिकाऊ स्थिति में कम से कम दो ऐसी रस्सियां प्रत्येक कारागार में रखी जाएंगी, जहां निष्पादन किया जाना सम्भव है; टिप्पण— रस्सी लम्बाई में 6 मीटर, भली भांति बलदार, तथा पूर्ण रूप से तनी हुई होनी चाहिए। यह बराबर मोटाई, फन्दा सहज ही गुरजने में सक्षम, तथा 125 किलोग्राम या बन्दी के भार का 150 प्रतिशत, 2.2 मीटर के लटकन अधिकतम हो; के खिंचवा को वहन करने के लिए पर्याप्त रूप से मजबूत होनी चाहिए; (ख) रस्सियों की जांच, निष्पादन के लिए नियत तिथि से कम से कम दो सप्ताह पूर्व अधीक्षक की उपस्थिति में की जाएगी तथा यदि वे जांच में पास होने में असफल हो जाती है, तो दूसरी तुरन्त प्राप्त की जाएंगी तथा जब प्राप्त हो, जांची जाएगी; (ग) जांच के बाद, रस्सी तथा अन्य उपकरण सुरक्षित स्थान में तालाबन्द किये जाएंगे; (घ) निष्पादन करने से पूर्व सांयकाल को फांसी का तख्ता तथा रस्सियां यह पता लगाने के लिए जांची जानी चाहिए कि वे बिना किसी क्षति के जांच किए गए अनुसार ही पाई गई है; (ङ) अधीक्षक निष्पादन के बारे में सम्बन्धित कार्यकारी अभियन्त को सूचित करेगा जो निष्पादन की तिथि से पूर्व फांसी के तख्ते के निरीक्षण की व्यवस्था करेगा। टिप्पण— रस्सी, फांसी पर चढ़ाए जाने वाले बन्दी के भार से डेढ़ गुना के बराबर भार वाले रेत या मिट्टी के बोरे को एक सिरे से बांधते हुए और बन्दी को दी जाने वाली लटकन के अनुमार इतनी ही उंचाई से समान भार को लटकाते हुए जांची जाएगी।
निष्पादन में हाजिर होने वाले अधिकारी।	**404.** (1) कारागार का अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट या उस द्वारा प्रतिनियुक्त कार्यकारी मजिस्ट्रेट तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रतिनियुक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित होंगे, जब फांसी दी जा रही हो। (2) जब किसी सिद्धदोष बन्दी को एक कारागार से दूसरी कारागार में स्थानांतरित किया गया है, तो प्राप्त करने वाली तथा भेजने वाली कारागार के अधीक्षक सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट को तथ्य की रिपोर्ट करेंगे।
व्यक्ति, जो फांसी के गवाह हो सकते हैं।	**405.** (1) यदि बन्दी ऐसा चाहता है, तो सुरक्षा तथा कारागार अनुशासन की अपेक्षाओं के अध्यधीन अधीक्षक के विवेक पर, उसके विश्वास का पुरोहित फांसी के स्थान पर उपस्थित किया जाना अनुज्ञात किया जा सकता है। (2) बन्दी के रिश्तेदारों तथा अन्य बन्दियों को फांसी देखने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। सुरक्षा जाँच के बाद अधिकतम बारह व्यस्कों को फांसी देखने के लिए या तो कारागार के भीतर या फांसी के तख्ते के अहाते में, यदि फांसी का तख्ता कारागार से बाहर है, महानिदेशक की स्वीकृति के अधीन स्वीकार किए जा सकते हैं, परन्तु महानिदेशक अपने विवेक से, या सर्वथा किसी विशेष व्यक्ति को प्रवेश देने से इनकार कर सकता है। तथापि, महानिदेशक सामाजिक वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानी तथा मनोचिकित्सक को अनुमति दे सकता है, जो फांसी के दौरान उपस्थित होकर अन्वेषण करते हैं। गवाहों को दूरी पर रखा जाना है तथा वार्डर रक्षक की पर्याप्त संख्या किसी बाधा को रोकने या किसी बचाव प्रयास को विफल करने के लिए उपस्थित रहेगी।
जल्लाद का चयन।	**406.** (1) कर्मचारी की उपलब्धता के अध्यधीन, फांसी जल्लाद द्वारा दी जाएगी तथा अनुपलब्धता के मामले में, उसे उसके सहायक या प्रयोजन के लिए विशेष रूप से लगाए गए किसी विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा दी जाएगी। (2) जल्लाद के कार्य को करने के लिए किसी व्यक्ति के नियोजन के प्रथम अवसर पर, अधीक्षक स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि वह समझता है कि ड्यूटी कैसे की जानी है। ऐसा व्यक्ति फांसी के लिए नियत दिन से दो दिन पूर्व कारागार में रहेगा।
प्रत्येक फांसी में उपस्थित होने वाले सशस्त्र रक्षक।	**407.** (1) यदि फांसी कारागार की दीवारों के भीतर दी जानी है, तो वार्डर रक्षक के बारह व्यक्ति फांसी के लिए नियत समय से कम से कम तीस मिनट पूर्व मुख्य द्वार के निकट अपने अग्नि–शस्त्रों तथा कम से कम कारतूस/गोलाबारूद के दस राऊण्ड प्रति, व्यक्ति के साथ तैनात किए जाएंगे। रक्षक को कारागार में तब तक प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा जब तक उपद्रव को दबाने या यदि गवाह प्रवेश करते हैं, के लिए बुलाया नहीं जाता है। कार्यकारी मजिस्ट्रेट सशस्त्र पुलिस रक्षकों को पर्याप्त संख्या में बुलाएगा

यदि वहां कानून और व्यवस्था की समस्या की किसी घटना के घटने की कोई उचित आशंका हो।

(2) यदि फांसी कारागार दीवारों के बाहर दी जाती है, तो अधीक्षक, फांसी के लिए नियत तिथि से दो दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक को एक उप–निरीक्षक, दो मुख्य सिपाही तथा बारह और अधिक सिपाही, यदि उपद्रव होने की आशंका हो, के पुलिस रक्षक की उपस्थिति के लिए व्यवस्था करने में समर्थ बनाने के लिए तथ्य की सूचना भेजेगा। पुलिस रक्षक कारागार में उपलब्ध वार्डर रक्षक के अतिरिक्त होनी चाहिए, जो उसी रीति, में तैनात किए जाएंगे जब फांसी कारागार के भीतर होती है।

(3) जब कभी फांसी दी जा रही हो, तो बन्दियों को कारागार परिसरों से शव को ले जाने तक उनको बैरकों में बन्द किया जाएगा।

पतन के विनियम।

408. बन्दी के भार के समानुपात पतन को निम्नलिखित पैमाना साधारण मार्गदर्शन के लिए प्रवृत है तथा अधीक्षक अपने विवेक का प्रयोग करेगा तथा चिकित्सा अधिकारी की सलाह तथा बन्दी की शारीरिक स्थिति द्वारा मार्गदर्शित होगा,–

(क) यदि बन्दी का भार 45 किलोग्राम से कम है, तो उसे 2.4 मीटर का पतन दिया जाएगा;

(ख) यदि बन्दी का भार 45 किलोग्राम से अधिक है, किन्तु 60 किलोग्राम से अनधिक है, तो उसे 2.3 मीटर का पतन दिया जाएगा;

(ग) यदि बन्दी का भार 60 किलोग्राम से अधिक है किन्तु 75 किलोग्राम से अनधिक है, तो उसे 2.1 मीटर का पतन दिया जाएगा;

(घ) यदि बन्दी का भार 75 किलोग्राम से अधिक है किन्तु 90 किलोग्राम से अनधिक है, तो उसे 2.0 मीटर का पतन दिया जाएगा; तथा

(ङ) यदि बन्दी का भार 90 किलोग्राम से अधिक है, तो उसे 1.8 मीटर का पतन दिया जाएगा।

टिप्पण– ''पतन'' रस्सी के उस सिरे, जहां रस्सी को गले में बांधने की अनुमति देने के बाद बाधा जाता है, जो फांसी में होता है, से अपराधी के निचले जबड़े के कोण के सामने रस्सी के सिरे से रस्सी की लम्बाई है, जैसा कि वह फांसी के तख्ते पर खड़ा है।

फांसी के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया।

409. (1) फांसी निम्नलिखित समय पर दी जाएगी, अर्थात्:–

(क)	नवम्बर से फरवरी	प्रातः काल 8 बजे
(ख)	मार्च, अप्रैल, सितम्बर तथा अक्तूबर	प्रातः काल 7 बजे
(ग)	मई से अगस्त	प्रातः काल 6 बजे

(2) अधीक्षक तथा उप–अधीक्षक (प्रशासन) फांसी के लिए अधीक्षक द्वारा नियत समय से कुछ मिनट पूर्व उसके सैल में सिद्धदोष बन्दी से मुलाकात करेगा। फिर अधीक्षक वारंट में दिए गए व्यक्ति के नाम के अनुसार पहले बन्दी की पहचान करेगा तथा बन्दी को देशी भाषा में वारंट का अनुवाद पढ़ाएगा। बन्दी द्वारा सत्यापन के लिए आवश्यक किसी अन्य दस्तावेजों, जैसे कि उसकी ईच्छा को उसके बाद अधीक्षक की उपस्थिति में हस्ताक्षरित तथा सत्यापित करेगा। फिर अधीक्षक फांसी के तख्ते की ओर अग्रसर होगा, बन्दी अपने सैल में रहेगा। उप अधीक्षक (प्रशासन) की उपस्थिति में बन्दी के हाथों को पीछे की ओर बांधेगा।

(3) अब बन्दी, उप अधीक्षक (प्रशासन) के प्रभार के अधीन तथा मुख्य वार्डर तथा छह वार्डरों, दो सामने, दो पीछे तथा प्रत्येक एक बाजू को पकड़ कर चलने वालों द्वारा रक्षित फांसी के तख्तें की ओर जाएगा।

(4) फांसी के तख्ते पर बन्दी के पहुंचने पर, जहां अधीक्षक, मजिस्ट्रेट तथा चिकित्सा अधिकारी ने पहले ही अपने स्थान ग्रहण कर लिए हैं, अधीक्षक, मजिस्ट्रेट को सूचित करेगा कि उसने बन्दी की पहचान कर ली है तथा देशी भाषा में उसको वारंट पढ़ा दिया गया है। फिर बन्दी को जल्लाद के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

(5) अब बन्दी फांसी के तख्ते पर चढ़ेगा और सीधे रूप से बीम, जिससे रस्सी बंधी हुई है, के नीचे खडा, वार्डर तब तक बाजुओं से उसे पकड़े रखेगा।

(6) जल्लाद, आगे उसकी टांगों को एक साथ कसकर बांधेगा, उसके सिर तथा चेहरे को कपड़े से ढकेगा और उसकी गर्दन के चारों ओर रस्सी को कसकर व्यवस्थित करेगा, बीच की रेखा के दाई या बाई ओर 3–4 सेंटीमीटर का फन्दा कैप के पल्ले से मुक्त होगा। अधीक्षक निरन्तर देखेगा कि बन्दी की गर्दन के चारों ओर रस्सी उचित रूप से व्यवस्थित कर दी गई है तथा गांठ उचित स्थिति में लगा दी गई है।

(7) सिद्धदोष बन्दी की बाजुओं को पकड़ने वाले वार्डर अब वापस हट जाएंगे तथा अधीक्षक के संकेत पर जल्लाद सिटकिनी को खीचेगा।

सिद्धदोष बन्दी को मृत घोषित करना।	**410.** (1) शव आधे घण्टे के लिए लटका रहेगा तथा चिकित्सा अधिकारी द्वारा जीवन समाप्त की घोषणा करने तक नीचे नहीं उतारा जाएगा। (2) फांसी का वारंट अधीक्षक द्वारा पृष्ठांकन सहित इस आशय से वापस किया जाएगा कि दण्डादेश कार्यान्वित कर दिया गया है, चिकित्सा अधिकारी तथा मजिस्ट्रेट द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित किया गया है।
शव का निपटान।	**411.** (1) मृत्यु शास्ति के निष्पादन के बाद, फांसी पर चढ़ाए गए बन्दी के शव की शव–परीक्षा की जाएगी। (2) यदि फांसी पर चढ़ाए गए बन्दी के रिश्तेदार अन्तिम धार्मिक कृत्य करने के लिए लिखित आवेदन करते हैं, तो अधीक्षक, अपने विवेक से, ऐसे अनुरोध को अनुज्ञात करेगा, परन्तु रिश्तेदार लिखित में सहमति देते है कि वे अन्तिम धार्मिक कृत्य के समय पर किसी प्रकार का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं करेगे। यदि अधीक्षक के पास विश्वास करने के कारण है कि अन्तिम धार्मिक कृत्य के दौरान सार्वजनिक प्रदर्शन हो सकता है, तो उनका अनुरोध जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशों के अध्यधीन अधीक्षक द्वारा अस्वीकार किया जा सकता है। (3) फांसी पर लटकाए गए बन्दी का शव, जहां तक साध्य हो, का धार्मिक कृत्यों के अनुसार तथा सभी धर्मानुष्ठान सहित निपटान किया जाएगा।
फांसी के प्रभार।	**412.** अधीक्षक शव के परिवहन तथा निपटान सहित फांसी के सम्बन्ध में आवश्यक सभी उचित खर्च वहन करने के लिए प्राधिकृत है।
फांसी की रिपोर्ट।	**413.** अधीक्षक उसी दिन महानिदेशक को बन्दी की फांसी की रिपोर्ट भेजेगा।
सिद्धदोष बन्दी के खर्च।	**414.** (1) अधीक्षक, बन्दी को उचित सांत्वना देने के लिए योग्य मामले में, सरकार द्वारा नियत की जाने वाली राशि तक खर्च वहन करने के लिए प्राधिकृत है, उदाहरण के लिए उसकी फांसी से पूर्व उसके निकटतम रिश्तेदारों की उपस्थिति सुनिश्चित करना। (2) महानिदेशक भी तत्काल, अनुकंपा तथा योग्य मामलों में मृत्यु से दण्डादिष्ट बन्दी पर अतिरिक्त खर्च अनुज्ञात करने के लिए सशक्त होगा।

	अध्याय 23 **विदेशी बन्दी**
प्रवेश पर राष्ट्रीयता का सत्यापन।	**415.** (1) अधीक्षक, प्रवेश के समय पर विदेशी बन्दी की राष्ट्रीयता की जांच करेगा या जांच करवाएगा और सुनिश्चित करेगा कि उसका रिकार्ड विदेशी बन्दी के ब्योरों सहित रखा गया है। (2) विदेशी बन्दी की राष्ट्रीयता के अवधारण के लिए, अधीक्षक कारागार में विदेशी बन्दी के प्रवेश के एक सप्ताह के भीतर विदेशी प्रादेशिक पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.आर.ओ.) या विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.ओ.), जैसी भी स्थिति हो, को लिखेगा। (3) यदि प्रवेश के समय पर, विदेशी बन्दी कारागार प्राधिकारियों को उसके वारंट पर प्रलेखित राष्ट्रीयता से भिन्न राष्ट्रीयता की सूचना देता है, तो इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण सम्बन्धित पुलिस प्राधिकारियों या विदेशी प्रादेशिक पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.आर.ओ.) या विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.ओ.) से प्राप्त करेगा तथा इस सम्बन्ध में सूचना सम्बन्धित न्यायालय से सांझा करेगा। (4) यदि विदेशी बन्दी की राष्ट्रीयता अवधारित नहीं की गई है, तो अधीक्षक, महानिदेशक को लिखेगा जो राष्ट्रीयता के अवधारण के लिए ऐसी कार्यवाही करेगा, जो वह उचित समझे। (5) कारागार में भरती प्रत्येक विदेशी बन्दी के ब्योरे कारागार में विदेशी बन्दी के प्रवेश के एक सप्ताह के भीतर सी.पी.वी. मण्डल, विदेशी मन्त्रालय, भारत सरकार, गृह मामले मन्त्रालय, भारत सरकार, महानिदेशक, जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करेगा।
प्रक्रिया जब विदेशी बन्दी का दण्डादेश समापन के निकट है।	**416.** अधीक्षक, निर्वासन कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए ऐसे समापन के कम से कम छह मास पहले ही विदेशी बन्दियों के दण्डादेश के पूरा होने के बारे में विदेशी प्रादेशिक पंजीकरण अधिकारी (एफ. आर. आर. ओ.) या विदेशी पंजीकरण अधिकारी(एफ आर ओ), जैसी भी स्थिति हो, को सूचित करेगा। रिहाई की अन्तिम तिथि कम से कम एक मास पहले ही सूचित की जाएगी।
आकस्मिकता की रिपोर्ट करना।	**417.** (1) किसी विदेशी बन्दी की मृत्यु के मामले में, अधीक्षक उसी प्रक्रिया का पालन करेगा जो ऐसे बन्दियों, जो भारत के नागरिक हैं, के मामले में पालन की जाती है। इसके अतिरिक्त, अधीक्षक प्रत्येक विदेशी बन्दी की मृत्यु की रिपोर्ट बिना विलम्ब के नियम 331 में विहित अन्य प्राधिकरणों के अतिरिक्त एफ. आर.आर.ओ. या एफ.आर.ओ., सी.पी.वी. मण्डल, विदेश मामले मन्त्रालय, भारत सरकार तथा गृह मामले मन्त्रालय, भारत सरकार को भी करेगा। (2) मृत्यु–समीक्षा कार्यवाही बिना किसी विलम्ब के प्रारम्भ की जाएगी, शव–परीक्षा यथा सम्भव शीघ्रता से की जाएगी तथा शव के निपटान की सूचना सी पी वी मण्डल, विदेश मामले मन्त्रालय, भारत सरकार के माध्यम से सम्बन्धित दूतावास या उच्च आयोग को भेजनी चाहिए। शव का संलेपन किया जाएगा। उन मामले में, जहां सम्बन्धित दूतावास या उच्च आयोग शव वापस नहीं लेना चाहता तथा शव के निपटान के लिए अनापति प्रमाणपत्र देता है, तो शव धर्म, जिससे मृतक सम्बन्ध रखता है, की प्रथा के अनुसार निपटान किया जाएगा तथा निपटान कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जाएगी।
विदेशी बन्दी द्वारा याचिकाएं।	**418.** (1) विदेशी बन्दी अत्यावश्यकता के मामले में, अधीक्षक के विवेक पर, उनकी सम्बन्धित सरकारों के वाणिज्यदूतावास को याचिका करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है, किन्तु ऐसी याचिका सी.पी.वी., विदेश मामले मन्त्रालय, भारत सरकार के माध्यम से भेजी जाएगी। (2) विचाराधीन बन्दियों सहित विदेशी बन्दियों द्वारा राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री तथा केन्द्रीय या राज्य सरकार के अन्य उच्च पदाधिकारियों को सम्बोधित याचिकाएं महानिदेशक के माध्यम से भेजी जा सकती है। तथापि, महानिदेशक, ऐसी याचिका रोक सकता है यदि उसमें दिए गए विवरण असत्य हैं, या याचिका असंयमित या आपतिजनक भाषा में व्यक्त की गई है। तथापि, याचिका को रोकने के लिए कारण सामान्य कार्यालय चैनल के माध्यम से महानिदेशक द्वारा प्रेषिती को सूचित किए जाएंगे।
विदेशी बन्दियों के साथ सम्पर्क या मुलाकात।	**419.** (1) अधीक्षक अनुचित विलम्ब के बिना सी.पी.वी. मण्डल, विदेश मामले मन्त्रालय, भारत सरकार के माध्यम से विदेशी बन्दी द्वारा वाणिज्य, दूतावास को सम्बोधित किसी सूचना को भेजेगा। अधीक्षक, नियम 257 के उपबन्धों के अनुसार विदेशी बन्दी के आने वाले तथा जाने वाले पत्रों के ब्योरों को सेंसर करेगा। यदि किसी विदेशी राष्ट्र से आने वाले तथा जाने वाले पत्रों के ब्योरे असंयमित या आपतिजनक पाए जाते हैं, तो ऐसे पत्र महानिदेशक को प्रस्तुत किए जाएंगे। (2) किसी विदेशी बन्दी को अधीक्षक द्वारा उसके वाणिज्यदूत सहित चाहे किसी भी नामावली से वह ज्ञात हो, कारागार सहवासी संचार प्रणाली या संचार के अन्य अनुमोदित साधन के माध्यम से सूचित करने के लिए सी पी वी मण्डल, विदेश मामले मन्त्रालय, भारत सरकार से पूर्व अनुमोदन के बाद अनुमति प्रदान की जा सकती है। तथापि, विदेशी बन्दी को सम्यक् सत्यापन के बाद, कारागार सहवासी संचार प्रणाली के माध्यम से उनके परिवार के सदस्यों तथा विधिक वकील (वकीलों) सहित सूचित करने की

	अनुमति दी जा सकती है। (3) यदि सम्बन्धित वाणिज्य दूतावास से कोई कर्मचारी विधिक सहायता मुहैया कराने के लिए या किसी अन्य प्रयोजन के लिए, विदेशी बन्दी से मुलाकात करने का अनुरोध करता है, तो अधीक्षक मुलाकातों को शासित करने के लिए इन नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन सी. पी. वी. मण्डल, विदेश मामले मन्त्रालय, भारत सरकार के अनुमोदन के बाद उसको अनुमत करेगा। **टिप्पण–** कारागार में विदेशी नागरिक से मुलाकात का अधिकार का अर्थ निजी मुलाकात नहीं होता और न ही इसमें बन्दी के रहने के क्वार्टर की जांच का अधिकार शामिल है।
आहार।	**420.** (1) उप–नियम (2) के अधीन के सिवाए आहार से सम्बन्धित सभी उपबन्ध अन्य बन्दियों के समरूप विदेशी बन्दियों को भी लागू होंगे। (2) विशेष परिस्थितियों के अधीन, यदि किसी विदेशी का आहार बन्दी की भोजन आदतों के आधार पर, सम्बन्धित न्यायालय द्वारा या चिकित्सा अधिकारी द्वारा विहित किया गया है, तो अधीक्षक विहित आहार मुहैया करेगा।
वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री।	**421.** अधीक्षक, महानिदेशक के अनुमोदन से, विदेशी बन्दी प्रथा तथा आदतों के अनुरूप, जहां तक साध्य हो, वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री मुहैया करेगा।
जब कोई विदेशी कारावास की अवधि से दण्डादिष्ट है।	**422.** यदि कोई विदेशी, विदेशी अधिनियम, 1946 (1946 का केन्द्रीय अधिनियम 31) की धारा 4 के अधीन गिरफ्तार तथा निरूद्ध है, तो उसे कारावास की अवधि भुगतनी है, विदेशी अधिनियम के अधीन निरोध की अवधि, कारावास के किसी दण्डादेश, जो उस पर अधिरोपित किया जा सकता है, की अवधि को छोड़कर या के अतिरिक्त होगी।
रिहाई।	**423.** विदेशी बन्दियों को अन्य बन्दियों की तरह कारागार से रिहा नहीं किया जाएगा। उसके दण्डादेश के समापन के दिन को विदेशी बन्दी को कारागार से रिहा किया जाएगा तथा पुलिस एस्कोर्ट के अधीन व्यक्तिगत रूप में विदेशी प्रादेशिक पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.आर.ओ.) या विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.ओ), जैसी भी स्थिति हो, के कार्यालय के सम्मुख प्रस्तुत करना चाहिए। यदि किसी अनुचित परिस्थितियों के कारण, विदेशी बन्दी को दण्डादेश के समापन के दिन को विदेशी प्रादेशिक पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.आर.ओ) या विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.ओ.) के सम्मुख प्रस्तुत नहीं किया जा सका, तो उसे विदेशी प्रादेशिक पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.आर.ओ.) या विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.ओ.) के सम्मुख प्रस्तुत करने तक जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों से तत्समय कारागार में निरूद्ध किया जाना चाहिए। उसके बारे में सूचना सम्बन्धित विदेशी प्रादेशिक पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.आर.ओ.) या विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफ.आर.ओ.), महानिदेशक तथा दोषसिद्ध करने वाले न्यायालय को संचार के अनुमोदित साधन के माध्यम से भेजी जाएगी। अधीक्षक आगामी दिन को विदेशी बन्दी की रिहाई के बारे में महानिदेशक को सूचित करेगा।
बन्दियों का सप्रत्यावर्तन।	**424.** भारत से किसी अन्य देश में किसी बन्दी के स्थानान्तरण तथा किसी अन्य देश से किसी बन्दी की भारत में प्राप्ति के मामले में, बन्दियों (कैदियों) का संप्रत्यावर्तन (स्वदेशी वापसी) अधिनियम, 2003 (2003 का केन्द्रीय अधिनियम 49) तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों का पालन किया जाएगा।
सभी पत्राचार से महानिदेशक को सूचित किया जाना।	**425.** विदेशी बन्दियों से सम्बन्धित सभी पत्राचार अधीक्षक द्वारा महानिदेशक को सूचित किए जाएंगे।

	अध्याय 24 **नजरबन्द कैदी**
आवास।	**426.** कैदी को सैलों या पृथक बैरकों या वार्डों में रखा जाएगा।
आहार, फोटोग्राफ तथा बायोमैट्रिक ।	**427.** (1) आहार तथा सभी अन्य सुविधाएं विचाराधीन बन्दियों के बराबर कैदी को अनुज्ञेय होंगी, जब तक विधि में प्रतिकूल कोई उपबन्ध न हो, जिसके अधीन उसे निरूद्ध किया गया है, या सक्षम प्राधिकारी निरोध प्राधिकृत करने के लिए अन्यथा निर्देश नहीं करता है। (2) जिला पुलिस अधीक्षक या इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य पुलिस अधिकारी अपनी कार्यालय ड्यूटी के निर्वहन या तत्समय लागू किसी विधि द्वारा या के अधीन उसको प्रदत्त किसी शक्ति का प्रयोग करने के सम्बन्ध में कारागार में किसी कैदी के फोटोग्राफ या बायोमैट्रिक ले सकता है।
मुलाकात।	**428.** (1) कैदी को सप्ताह में एक बार अपने परिवार से मुलाकात करने के लिए अनुमति दी जा सकती है। मुलाकात जिम्मेवार कारागार अधिकारी की दृष्टि तथा सुनने के भीतर की जाएगी। मुलाकात आधे घण्टे से अधिक नहीं होगी और ऐसी मुलाकात के दौरान अधिकतम तीन व्यक्तियों, इसमें बारह वर्ष की आयु तक के बालक शामिल नहीं है, को अनुमति दी जाएगी। (2) कैदी द्वारा आवेदन करने पर अधीक्षक, महानिदेशक की सूचना के अधीन, कैदी या उसके परिवार के कारोबार या व्यावसायिक मामलों के सम्बन्ध में एक समय में परिवार से अन्यथा दो व्यक्तियों से अनधिक के साथ विशेष मुलाकात प्रदान कर सकता है। मुलाकात कारागार कर्मचारी की दृष्टि तथा सुनने के भीतर की जाएगी। ऐसी मुलाकात विशेषाधिकार के स्वरूप में की जाएगी तथा इस प्रकार यह अधिकार सम्बन्धी मामले के रूप में दावाकृत किए जाने के अधीन नहीं होगी तथा यह अपवर्तित किए जाने के अधीन होगी, यदि अधीक्षक कारागार अनुशासन के हित में तथा कैदी की ओर से उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए इसे उचित समझता है। (3) उप नियम (1) तथा (2) में विनिर्दिष्ट मुलाकात के अतिरिक्त, प्रत्येक कैदी, अपनी पसन्द के वकील के साथ मुलाकात करने के लिए इस शर्त के अध्यधीन हकदार होगा कि मुलाकात पूर्ण रूप से किसी आवेदन के प्रयोजन के लिए होगी, जो कैदी विधि न्यायालय या मामलों से सम्बन्धित सलाह के सम्बन्ध में, जो किसी विधि न्यायालय में लम्बित हों, जिनमें कैदी पक्षकार है, करना चाहता हो। ऐसी मुलाकात कारागार अधिकारी की दृष्टि तथा सुनने के भीतर की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिनियुक्त कोई अधिकारी ऐसी मुलाकात के दौरान उपस्थित भी रह सकता है। (4) किसी मुलाकात को रद्द करने का अधिकार उस प्राधिकारी में निहित होगा, जो ऐसी मुलाकात प्रदान कर सकता है और उसका निर्णय अन्तिम होगा : परन्तु मुलाकात रद्द करने वाला प्राधिकारी (सरकार से अन्यथा) ऐसी कार्रवाई के लिए कारण देते हुए महानिदेशक के माध्यम से सरकार को गोपनीय रिपोर्ट भेजेगा। (5) साधारणतः मुलाकात वीरवार को होगी, किन्तु विशेष परिस्थितियों में, जहां इस नियम का प्रवर्तन कठोरता के लिए आवश्यक हो, सक्षम प्राधिकारी सप्ताह के किसी अन्य दिन को मुलाकात कराना अनुज्ञात कर सकता है। ऐसे सभी मामलों में, जहां मुलाकात सरकार से अन्यथा किसी प्राधिकारी द्वारा वीरवार से अन्यथा दिन को अनुज्ञात की जाती है, तो मुलाकात के लिए नियत तिथि तथा समय सूचित करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक को तुरन्त रिपोर्ट भेजेगा। ऐसी रिपोर्ट कम से कम बारह घण्टे से पहले सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी जाएगी, ताकि उप–नियम (2) तथा (3) में निर्दिष्ट अधिकारी की उपस्थिति के लिए व्यवस्था की जा सके। (6) प्रत्येक मुलाकात में हाजिर व्यक्तियों के नाम तथा पते सहित कैदी तथा उसके परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों के बीच सभी मुलाकातों का अधीक्षक द्वारा एक रजिस्टर अनुरक्षित रखा जाएगा। (7) जिला पुलिस अधीक्षक या उस द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी या कारागार अधिकारी मुलाकात रोक सकता है, यदि बातचीत अवांछित मोड़ पर की जाती है अर्थात् यदि यह राजनैतिक या वैचारिक श्रेणी की है। (8) सरकार के निर्देशों के अध्यधीन, पुलिस महानिदेशक सामान्य या विशेष आदेश द्वारा किसी कैदी से मुलाकात करने के लिए किसी पुलिस अधिकारी को या तो एकल रूप से या अन्य पुलिस अधिकारी के साथ या अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ प्राधिकृत कर सकता है। (9) इस प्रकार प्राधिकृत पुलिस अधिकारी को, इस आशय की लिखित मांग करने पर, कारागार अधिकारी की दृष्टि के भीतर, किन्तु उसके सुनने से बाहर, मुलाकात कक्ष में कैदी से मुलाकात करना अनुज्ञात कर सकता है।

कैदी का परीक्षण।	**429.** अधीक्षक, राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार के किसी राजपत्रित अधिकारी, या किसी अधिकारी जो पुलिस निरीक्षक की पदवी से नीचे का न हो, को ऐसे अधिकारी से उस आशय की लिखित मांग की प्राप्ति पर, उसकी कार्यालय डयूटी के निर्वहन या तत्समय लागू किसी विधि द्वारा या के अधीन उसको प्रदत्त किसी शक्ति का प्रयोग करने के सम्बन्ध में, किसी कैदी की जांच करना अनुज्ञात कर सकता है।
पत्राचार तथा सेंसरशिप।	**430.** (1) विधानसभा के अध्यक्ष को विधायक कैदी से पत्र और अध्यक्ष से उस कैदी को पत्र व्यवहार तथा कैदी तथा विधि न्यायालयों के बीच पत्राचार को सेंसर नहीं किया जाएगा तथा उन्हें अधीक्षक द्वारा प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित क्वार्टर को भेजा जाएगा। ऐसे सभी पत्र, उस द्वारा उनकी प्राप्ति के चौबीस घण्टे के भीतर अधीक्षक द्वारा भेजे जाएंगे। विधायी सचिवालय से प्राप्त विधायक कैदी के लिए पत्र तथा किसी कैदी को विधि न्यायालय (न्यायालयों) से पत्र साधारणतः उसी दिन, जब वे प्राप्त होते हैं, दिए जाएंगे। (2) प्रत्येक बन्दी को उसके अपने खर्च पर अगणित संख्या में पत्र लिखने की अनुमति दी जा सकती है तथा प्रति सप्ताह अगणित संख्या मे पत्र प्राप्त कर सकता है। (3) किसी पत्र पर सेंसरशिप का प्रयोग करने में कारागार प्राधिकारी निम्नलिखित सुनिश्चित करेगा, अर्थात्:— (क) कि पत्रों के प्रेषण या वितरण में अनुचित विलम्ब नहीं हो; (ख) कि वितरित या प्रेषित पत्र में राज्य या किसी व्यक्ति की सुरक्षा के लिए कोई भी बात प्रतिकूल नहीं दी गई हो। (4) कोई भी पत्र, समाचार—पत्र या अन्य संचार, अधीक्षक या ऐसे अन्य अधिकारी, जिसे सरकार सामान्य या विशेष आदेश द्वारा, इस निमित्त पदाभिहित करे, के माध्यम के सिवाए किसी कैदी को या द्वारा प्रेषित नहीं किया जाएगा। (5) कैदी को प्राप्त हुए या उस द्वारा प्रेषित सभी पत्रों को अधीक्षक द्वारा पढ़ा जाएगा और सरकार के किसी विशेष आदेशों के अध्यधीन, अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित जिला पुलिस अधीक्षक को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत किये जाएंगे, जो अपने विवेक पर या तो बिना विलम्ब से पत्र भेजेगा या उसे रोक लेगा। संदेह के मामले में, सम्बन्धित जिला पुलिस अधीक्षक पुलिस, के गुप्तचर ब्यूरो के मुखिया को मामला निर्दिष्ट करेगा। (6) यदि कैदी द्वारा किए गए या को वितरित किए जाने के लिए आशयित कोई संचार कारागार अनुशासन की दृष्टि से आपतिजनक किसी बात से युक्त है, तो अधीक्षक उसे काट सकता है या काटने के लिए उसे मार्क कर सकता है तथा वर्णन कर सकता है कि जब उचित प्राधिकारी को ऐसा संचार भेजा गया है, क्या किया गया है। (7) कैदी को या द्वारा भेजे गए प्रत्येक पत्र को अधिकारी, जो पत्र सम्भालता है, द्वारा आद्याक्षरित तथा दिनांकित किया जाएगा। (8) सभी मामलों में, जिनमें पत्र रोका गया है, अधीक्षक द्वारा बन्दी को अवरोधन के तथ्य सूचित किये जाएंगे। सभी रोके गए पत्र पुलिस के गुप्तचर ब्यूरो के मुखिया या इस निमित्त पदाभिहित अन्य अधिकारी को भेजे जाएंगे जो या तो उन्हें रख सकता है या नष्ट कर सकता है। (9) कैदी उसके बाहर जाने वाले सभी पत्राचारो के साथ पत्र में वर्णित प्रेषिती और प्रत्येक व्यक्ति का पूरा नाम, पता तथा उसका संबंध, यदि कोई हो, देते हुए एक पर्ची संलग्न करेगा। इन पर्चियों को पुलिस के गुप्तचर ब्यूरों के मुखिया या इस निमित्त सरकार द्वारा पदाभिहित अन्य अधिकारी को भेजी जाएंगी, जो यदि वह आवश्यक समझता है कि लेखक को प्रेषिती के साथ पत्राचार करने की अनुमति नहीं दी जाएंगी, उसके आगामी मार्ग दर्शन के लिए अधीक्षक या सम्बन्धित अधिकारी को सूचित करेगा। (10) कैदी को तथा के द्वारा पत्राचार पूर्णरूप से घरेलू मामलों या ऐसे मामले, जो कैदी या उसके परिवार के कल्याण से सम्बन्धित हों तथा उसके निजी कारबार से सम्बन्धित मामलों तक सीमित होंगे। राजनैतिक या साम्प्रदायिक मामलों के संदर्भ से युक्त पत्र रोक लिए जाएंगे।
मृत्यु, स्थानान्तरण या रिहाई पर प्रक्रिया।	**431.** (1) किसी कैदी की मृत्यु पर, आवश्यक ब्योरों सहित विशेष रिपोर्ट, सरकार को प्रस्तुत करने के लिए महानिदेशक को की जाएगी। उसके निरोध को प्राधिकृत करने वाले आदेश/वारंट को उसी समय पर बन्दी की मृत्यु प्रमाणित करने के पृष्ठांकन सहित महानिदेशक के माध्यम से जारी करने वाले प्राधिकारी को वापस किया जाएगा। (2) एक रिपोर्ट महानिदेशक को की जाएगी, जब बन्दी को सरकार के आदेशों के अधीन दूसरी कारागार में स्थानांतरित किया गया है या रिहा किया गया है। बाद के मामलों में, आदेश/वारंट की एक प्रति कैदी की रिहाई को प्रमाणित करने के पृष्ठांकन सहित रिपोर्ट संलग्न की जाएगी।

कार्य।	**432.** किसी भी मामले, में कैदी को तब तक शारीरिक श्रम सहित कोई कार्य नहीं दिया जाएगा जब तक वह स्वैच्छा से उसे करने के लिए लिखित में अपनी इच्छा स्वेच्छिक रूप से व्यक्त नहीं करता है। सभी मामलों में, जहां कार्य उसके अनुरोध पर कैदी को दिया गया है, तो विहित मजदूरी भुगतान की जाएगी।
निरोध का स्थान।	**433.** कैदी को महानिदेशक के आदेशों के अधीन राज्य की किसी कारागार में निरूद्ध किया जा सकता है।
आवेदन तथा प्रतिवेदन।	**434.** (1) कैदी दोहरी प्रति में, सरकार को अपना आवेदन या प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकता है। ऐसे आवेदन या प्रतिवेदन की एक प्रति आगामी संदर्भों का निपटान करने के लिए अधीक्षक द्वारा रखी जाएगी। (2) अधीक्षक, सरकार को सम्बोधित ऐसे आवेदनों या प्रतिवेदनों को रोक लेगा, जो अशिष्ट या अभद्र भाषा से युक्त हों।
चिकित्सा सुविधाएं।	**435.** साधारणतः कैदियों का उपचार कारागार के चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जाएगा। उन मामलों में, जहां आपरेशन (शल्यक्रिया) या अन्य विशेष उपचार के लिए कारागार के बाहर उपयुक्त सरकारी संस्था में कैदी को ले जाना आवश्यक है, जो स्वतः कारागार में सुविधाजनक रूप से नहीं दिया जा सकता, ऐसे उपचार के लिए सरकार के आदेश कारागार के महानिदेशक के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। अत्यावश्यक मामलों में अधीक्षक, सरकार की स्वीकृति की प्रत्याशा के अधीन प्राधिकृत है, किन्तु उसके लिए सभी मामलों, जिनमें प्राधिकार का उसने स्वयं लाभ उठाया है, की रिपोर्ट तुरन्त करना अपेक्षित है। अधीक्षक, कारागार से बाहर उपयुक्त सरकारी संस्था में उनके परिवहन तथा ठहराव के दौरान इन कैदियों की रक्षा करने की व्यवस्था करने हेतु जिला पुलिस से कहेगा। कारागार अनुशासन के लिए, अधीक्षक यह देखने के लिए कारागार कर्मचारी को प्रतिनियुक्त करेगा कि इस आदेश के उपबन्धों का उचित रूप से पालन किया गया है।
इतिवृत–टिकट।	**436.** इन नियमों में कैदियों को लागू सूचना से युक्त प्रत्येक कैदी के लिए एक इतिवृत–टिकट रखी जाएगी। इतिवृत–टिकट, उप–अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा रखी जाएगी।
हिदायतें जारी करने की शक्ति।	**437.** ऐसी अन्य हिदायतें, जो कैदी के सम्बन्ध में कारागार अधिकारियों के मार्गदर्शन के लिए आवश्यक हैं, समय–समय पर महानिदेशक द्वारा जारी की जा सकती है।
कैदियों का रिकार्ड।	**438.** कैदियों से सम्बन्धित सभी ब्योरें, सिविल कैदियों के मामले में रजिस्टर संख्या–3 में दर्ज किए जाएंगे। तथापि, कैदियों को कारागार प्राधिकारियों द्वारा प्रस्तुत सभी विवरणियों तथा रिपोर्ट में बन्दियों के पृथक प्रवर्ग के रूप में दर्शाया जाएगा।

	अध्याय 25 **बन्दियों का भोजन** **अनुभाग–1**
बन्दियों द्वारा कोई वस्तु, जो विहित नहीं है, नहीं रखना, प्राप्त नहीं करना या उपभोग नहीं करना।	**439.** (1) कोई भी बन्दी, किसी भी समय इन नियमों में, इसमें, इसके बाद उपबंधित रीति में, विहित या आपूर्ति नहीं की गई, खाद्य या पेय की किसी वस्तु को प्राप्त नहीं करेगा या न ही रखेगा या प्राप्त करने, उपभोग करने या रखने के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा। तथापि, वह लागू नियमों तथा हिदायतों के अनुसार कारागार कैन्टीन से वस्तुएं प्राप्त कर सकता है। (2) कारागार के बाहर से किसी भी पके हुए भोजन या किसी खाद्य वस्तु लाने के लिए किसी बन्दी को अनुमति नहीं दी जाएगी।
कारागार आहार का पैमाना नियत करने की शक्ति।	**440.** (1) सरकार की पूर्व स्वीकृति से, महानिदेशक बन्दियों के लिए आहार का पैमाना नियत करेगा। आहार, स्वास्थ्य प्राधिकारियों के प्रचलित और मार्गदर्शन के अनुसार पोषणिक आवश्कताओं के अनुसार नियत किया जा सकता है। वह समय–समय पर,– (क) साधारणतः कारागार आहार के पैमाने को बदल सकता है या किसी बन्दी के सम्बन्ध में विहित कर सकता है; (ख) किसी विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्र के भीतर स्थित किसी कारागार या कारागारों में परिरूद्ध बन्दियों के सम्बन्ध में कारागार आहार का विशेष पैमाना विहित कर सकता है; (ग) वर्ष के किसी भी मौसम के दौरान किसी भी अवधि या अवधियों के सम्बन्ध में कारागार आहार का विशेष पैमाना विहित कर सकता है। (2) विहित पैमाना के अनुसार आहार–सम्बन्धी वस्तुओं की निरन्तर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी ऐसे उपाय करने के लिए सरकार तथा महानिदेशक की जिम्मेवारी होगी।
कारागार आहार का प्रतिदिन वितरण।	**441.** (1) प्रत्येक बन्दी को प्रातःकाल तथा दोपहर बाद की चाय के अतिरिक्त एक दिन में दो बार भोजन दिया जाएगा। (2) आहार में विविधता, सप्ताह के विभिन्न दिनों को मिश्रित दाले और सब्जियां या विभिन्न भोजनों को वितरित करते हुए सुनिश्चित की जा सकती है। अधीक्षक, नियम 446 के अनुसार गठित भोजनालय समिति की सिफारिश पर सप्ताह के विभिन्न दिनों के लिए व्यंजन–सूची निर्धारित कर सकता है।
विशेष अवसरों पर आहार।	**442.** (1) महानिदेशक द्वारा समय–समय पर निर्णीत की जाने वाली आहार–सम्बन्धी वस्तुओं की अतिरिक्त वस्तुएं, राष्ट्रीय दिवस, त्योहारों या निम्नलिखित से भिन्न अन्य विशेष अवसरों पर बन्दियों को दिया जा सकता है, अर्थात्:– (क) नव वर्ष (ख) गणतन्त्र दिवस (ग) होली (घ) स्वतन्त्रता दिवस (ङ) ईद–ऊल–फितर (च) दीवाली (छ) हरियाणा दिवस (2) बन्दी, जो धार्मिक उपवास रखते हैं, स्थानीय प्रथाओं के अनुसार ऐसे उपवास के लिए उपयुक्त भोजन के अतिरिक्त वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं या अपने भोजन का सम्पूर्ण या कोई अंश किसी स्थान तथा दिन के समय पर ले सकते है, जो उन द्वारा उपवास के उचित पालन के लिए महानिदेशक द्वारा अनुज्ञात किया जाए। (3) यदि कोई व्यक्ति या संघ कारागार की सम्पूर्ण जनसंख्या को किसी विशेष अवसर पर फल या मिठाई मुहैया कराने का प्रस्ताव करता है, तो उसे अधीक्षक के विवेक पर, अनुज्ञात किया जा सकता है। यदि भोजन के लिए प्रबन्ध ऐसे व्यक्ति या संगठन द्वारा किया जाना आशयित है, तो उसे कच्चे राशन के रूप में दिया जाना अपेक्षित होगा, जिसे कारावास में पकाया जाएगा तथा दानी द्वारा चाहे गए अनुसार बन्दियों को वितरित किया जाएगा और तथ्य महानिदेशक की सूचना के अधीन अधीक्षक के रोचनामचे में अभिलिखित किए जाएंगे।

कतिपय बन्दियों के लिए आहार की अतिरिक्त वस्तुएं।	**443.** (1) चिकित्सा अधिकारी, बीमार बन्दियों, बालकों, दुध पिलाने वाली माताओं, बुजुर्गों या स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने वाले समूह के बन्दियों को आहार की ऐसी अतिरिक्त वस्तुएं, जो उसकी राय में, आवश्यक प्रतीत हों और समय, जिसमें भोजन वितरित किया जाना है, नियत करने के आदेश कर सकता है। (2) कोई भी अतिरिक्त आहार, उसके रोजनामचे में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा अभिलिखित किए जाने वाले विशेष कारणों के सिवाए, किसी अवधि में चौदह दिन से अधिक के लिए स्वीकृत नहीं की जाएगी। (3) अस्पताल में बन्दी के आहार का नियन्त्रण करने की जिम्मेवारी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की होगी तथा वह ऐसे अतिरिक्त भोजन के आदेश कर सकता है, जो वह आवश्यक समझे। तथापि, वह शामिल लागत को ध्यान में रखेगा तथा पूर्ण किफायत का पालन करेगा।
भोजन के वितरण के सम्बन्ध में रिकार्ड।	**444.** प्रत्येक भोजन करने वाले बन्दियों की संख्या का विस्तृत लेखा, पैमाने के अनुसार वितरित की जा रही भोजन की वस्तुओं की मात्रा पर नियन्त्रण रखने के लिए अनुरक्षित रखा जाएगा। यह मामले पर या अटकलबाजी पर नियन्त्रण रखने के लिए भी आवश्यक है। यह सूचना समेकित कारागार प्रबन्धन प्रणाली में डिजीटल रूप में भी रखी जाएगी।
रसोईयों में सी. सी. टी. वी. की स्थापना।	**445.** रसोई के भीतर भोजन पकाने के स्थान तथा उस स्थान, जहां भोजन बन्दियों को परोसा या वितरित किया जाता है, की निगरानी सी. सी. टी. वी. कैमरों द्वारा की जाएगी। कैमरे ऐसी स्थिति में होंगे कि भोजन की गुणवता की सुस्पष्ट रिकार्डिंग हो सके जब इसे पकाया तथा परोसा जा रहा हो। सहायक अधीक्षक, भोजनालय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में प्रतिदिन राशन वितरित करेगा। भोजनालय समिति प्रत्येक मास में एक बार पुनःगठित की जाएगी।
भोजनालय समिति।	**446.** (1) बन्दियों के लिए भोजन तैयार करने या राशन के वितरण के लिए एक भोजनालय समिति प्रत्येक रसोई में गठित की जाएगी। (2) समिति में कम से कम पांच तथा अधिकतम नौ सदस्य होंगे तथा विचाराधीन बन्दियों और बन्दियों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए स्टाफ सदस्य तथा विचाराधीन बन्दी तथा सिद्धदोष भी शामिल होंगे। समिति के लिए दो स्टाफ सदस्य अधीक्षक द्वारा नामांकित किए जाएंगे। समिति के लिए विचाराधीन बन्दी तथा सिद्धदोष की पंचायत द्वारा नामांकित किए जाएंगे। (3) सहायक अधीक्षक भोजनालय के कार्यकारी प्रभारी तथा समिति के संयोजक के रूप में कार्य करेगा। वह विशेष रूप से जब प्रातःकाल तथा सांय काल भोजन तैयार किया जा रहा हो रसोई का आकस्मिक निरीक्षण करेगा। (4) भोजनालय समिति सम्बन्धित सहायक अधीक्षक, लंगर प्रभारी तथा स्टोरकीपर की उपस्थिति में राशन प्राप्त करेगा। (5) भोजनालय समिति एक रजिस्टर बनाए रखेगी, जिसमें प्रत्येक भोजन के ब्योरे शामिल किए जाएंगे, अर्थात्:– (क) उत्पादों के नाम; (ख) बन्दियों का प्रतिदिन विहित पैमाना; (ग) बन्दियों की कुल संख्या; तथा (घ) प्राप्त किए गए राशन की कुल मात्रा। (6) भोजनालय समिति पके हुए तथा वितरित भोजन की गुणवता तथा मात्रा के लिए जिम्मेवार होगी। वह यह सुनिश्चित भी करेगी कि भोजन उचित रूप से पकाया गया है और इसकी सम्पूर्ण मात्रा बन्दियों तक पहुंचती है। (7) भोजनालय समिति सुनिश्चित करेगी कि बन्दी बावर्ची दैनिक आपूर्ति वितरित करने के बाद आवश्यक सभी तैयारियों और प्रक्रियाए कार्यान्वित करेंगे तथा भोजन उचित रूप से सावधानी पूर्वक तथा ध्यान से तैयार करेंगे। (8) समिति के प्रत्येक बन्दी सदस्य को आई–कार्ड (पहचान–पत्र) जारी किया जाएगा, जो कि उनके पास रहेगा जब सदस्य अपनी डयूटी पर हों।
खाद्य पदार्थ तथा जल आपूर्ति का पर्यवेक्षण।	**447.** क्रमशः अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) की हर समय पर निम्नलिखित के सम्बन्ध में अपने आपको सन्तुष्टि करने की डयूटी होगी, अर्थात्:– (क) यह कि पीने योग्य पानी बन्दियों के उपभोग के लिए मुहैया कराया जाता है तथा ऐसे पानी की आपूर्ति पीने के प्रयोजनों के लिए हर समय पर प्रत्येक बन्दी को मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है। प्रत्येक कारागार में ऐरोबिक मलजल उपचार संयन्त्र होगा तथा इस प्रकार दुबारा उपयोग में लाए गए और बचाए गए पानी का बागवानी के लिए प्रयोग किया जा सकता है;

	(ख) यह कि बन्दी (बन्दियों) की आवश्यकताओं के अनुसार आहार के लिए हर समय पर वितरित या वितरित किए जाने के लिए आशयित प्रत्येक वस्तु अच्छी, पुष्टिकर तथा मानव उपभोग के लिए योग्य हैं; (ग) यह कि किसी बन्दी को दिए गए भोजन की पौषणिकता तथा उचित स्वादिष्टता को सुनिश्चित करने हेतु भोजन की प्रत्येक वस्तु अच्छी पकी हुई है या जिसे इस प्रकार वितरित करने से पूर्व उचित रूप से और सफाई से पकाया गया है; (घ) यह कि भोजन की प्रत्येक वस्तु चाहे वह पकी हुई है या पकी हुई नहीं है किसी बन्दी को उपभोग के लिए इसे वितरित करने से पूर्व उचित जांच तथा निरीक्षण के अध्यधीन है; (ङ) यह कि कारागार में किसी समय पर प्राप्त तथा भण्डार सभी खाद्य–पदार्थों को प्रायः निरीक्षित किया जाता है तथा कि सभी वस्तुएं, जो अपुष्टिकर या किसी प्रकार से मानव उपभोग के लिए अयोग्य हैं, तो उसे तुरन्त अस्वीकृत किया गया है तथा बन्दियों के प्रयोग के लिए वितरित नहीं की गई हैं; (च) यह कि भोजन के उपभोग के लिए सुविधाजनक तथा विधिवत वितरण के लिए उचित स्थान तथा उपयुक्त बर्तन तथा अन्य उपकरण विधिवत रूप से मुहैया कराए गए हैं; (छ) यह कि अधीक्षक की पद्वी तक के सभी स्टाफ सदस्यों जो डयूटी पर हैं, को बन्दियों के लिए विहित पैमाना के आहार के आधे के बराबर एक मुफ्त भोजन तथा दो कप चाय प्रतिदिन मुहैया कराई गई है। ऐसा भोजन और चाय केवल बन्दियों की रसोई–घर में तैयार की जाएगी तथा डयूटी पर स्टाफ के लिए कोई पृथक रसोई घर नहीं होगा। (ज) यह कि अपेक्षा के अनुसार रसोई में स्वचालित मशीन, साफ ईंधन, खाना बनाने वाले उचित बर्तन, क्रोकरी, सर्विस बर्तन, सब्जी छुरा, मशाला ग्राईंडर, होट केसिज, चपाती वार्मर, रेफ्रीजरेटर और अन्य ऐसे उपकरण या उपस्कर मुहैया कराए गए है; (झ) वायु शीतलन प्रणाली सहित चिमनी अपेक्षा अनुसार रसोई में स्थापित की गई है।
भोजन आपूर्ति उपभोग के समय तथा स्थान से सम्बन्धित अपराध।	**448.** (1) कोई भी बन्दी उसके अपने उपभोग के लिए किसी समय पर आपूर्ति किए गए भोजन या पेय पदार्थ की कोई वस्तु छिपाएगा नहीं, जलाएगा नहीं, नष्ट नहीं करेगा या किसी अन्य बन्दी को अन्तरण नहीं करेगा और प्रत्येक बन्दी प्रयोजन के लिए विहित समय पर अपने भोजन का उपभोग करेगा। (2) महानिदेशक द्वारा उस निमित्त जारी निर्देश, यदि कोई हो, के अध्यधीन, अधीक्षक समय–समय पर समय विहित करेगा, जिस पर बन्दियों को भोजन परोसा जाना है तथा अवधि, जिसके भीतर बन्दियों को अपना भोजन करना है और रीति जिसमें तथा स्थान, जिस पर भोजन का वितरण किया जाना है। (3) कोई भी बन्दी कारागार रसोई से परोसे गए भोजन का उपभोग करने से इनकार नहीं करेगा। जानबूझकर भोजन करने से इन्कार करने को बड़े कारागार अपराध के रूप में समझा जाएगा। किसी बन्दी द्वारा भोजन करने से इनकार करने की स्थिति में, चिकित्सा अधिकारी को कृत्रिम भोजन देने का तरीका अपनाना चाहिए, यदि उसकी राय में, उसकी शारीरिक स्थिति ऐसी है कि बन्दी को जिन्दा रखने के लिए केवल कृत्रिम भोजन का तरीका ही उपलब्ध है। कृत्रिम भोजन की वास्तविक कार्यवाही चिकित्सा अधिकारी या उसके चिकित्सा अधीनस्थ द्वारा की जानी चाहिए। **टिप्पण–** यदि कोई बन्दी भोजन की अपर्याप्त मात्रा प्राप्त करने के बारे में शिकायत करता है, तो डयूटी पर स्टाफ सदस्य तुरन्त भोजन का तोल करेगा और यदि कम पाया जाता है, तो कमी को ठीक किया जाएगा और यदि भोजन पुष्टिकर नहीं है, तो ऐसा स्टाफ सदस्य, आगामी उपचारी उपाय करने के लिए शिकायत के बारे में उप अधीक्षक (प्रशासन) को सूचित करेगा।
चिकित्सा अधिकारी द्वारा भोजन तथा रसोई घर की जांच करना।	**449.** चिकित्सा अधिकारी,– (क) प्रतिदिन भोजन की जांच करेगा तथा यदि इसकी गुणवता में त्रुटियां पाई जाती हैं, तो तथ्यों को रसोई रिपोर्ट पुस्तक में इन्द्राज करेगा; (ख) अनिश्चित समय पर तथा सप्ताह में कम से कम एक बार, रसोई–घर का निरीक्षण करेगा तथा स्वास्थ्य–विज्ञान तथा सफाई की स्थिति की जांच करेगा तथा अधीक्षक को रिपोर्ट करेगा; (ग) रसोई–घर में आबंटित श्रम पर सभी सहवासियों की सम्पूर्ण रूप से जांच करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि वे किसी संक्रमण से पीड़ित तो नहीं है। उसके बाद उनकी मास में एक बार जांच की जाएगी;

	(घ) जब भोजन पकाया जाता है तथा वितरित करने के लिए तैयार है, तो जांच करेगा तथा कभी–कभार बन्दी को वितरण करने के बाद अपनी उपस्थिति में ऐसे भोजन को तुलवाएगा तथा अपनी रसोई रिपोर्ट पुस्तक में परिणाम इन्द्राज करेगा।
भोजन का निरीक्षण करना।	**450.** अधीक्षक सप्ताह में दो बार बन्दियों के आहार के लिए तैयार भोजन का निरीक्षण करेगा। अन्य दिनों में, उप अधीक्षक (प्रशासन) प्रतिदिन भोजन की जांच करेगा।
स्थानान्तरण पर बन्दी का भोजन।	**451.** (1) स्थानान्तरण पर बन्दी या जब कभी न्यायालय में भेजा जाना हो, तो वह जाने से पहले पके हुए राशन का आहार प्राप्त करेगा। (2) यदि यात्रा बारह घण्टे से अधिक है, तो पुलिस एस्कोर्ट का प्रभारी अधिकारी, यात्रा के दौरान भोजन की खरीद के लिए प्रति बन्दी भोजन के साधारण आहार खर्च की दर पर प्रत्येक बन्दी के लिए जीवन–निर्वाह भत्ता प्राप्त करेगा। जीवन–निर्वाह भत्ता या आकस्मिक अपेक्षाओं के लिए सभी अग्रिमों का अधिकारी, जिसकों धनराशि सौंपी गई है, द्वारा हिसाब दिया जाएगा। (3) पुलिस एस्कोर्ट की यह देखने की डयूटी होगी कि बन्दी, जो पहले कारागार में नहीं रहे हैं, उन्हें कारागार में लेने से पूर्व कारागार में देरी से आने की संभावना से अपना भोजन पहले ही ग्रहण कर चूके हैं। बिना भोजन के बन्दियों को सांय 4:00 बजे के बाद कारगार में भरती नहीं किया जाएगा।

	अनुभाग II **भोजन तैयार करना**
सभी वस्तुएं तोली जानी हैं।	**452.** आहार की सभी वस्तुएं, जब भी सम्भव हों, पकाने हेतु तैयार करने के लिए तैयार स्थिति में रसोईयां में तोली जाएगी। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित हिदायतों का पालन किया जाएगा, अर्थात्:– (क) अनाज भण्डार से कच्चे राशन को जारी करते समय अधीक्षक द्वारा नियत किया जाएगा तथा कड़ाई से पालन किया जाएगा; (ख) आटा चक्की में पीसने से पूर्व गेहूं, पूर्ण रूप से धूल, कच्चे अनाज तथा किसी अन्य हानिकर पदार्थों से मुक्त की जानी चाहिए; (ग) रसदार, ताजा सब्जियां, यदि उपलब्ध हों, शुष्क सब्जियों पर अधिमान देकर आहार–सम्बन्धी अन्वय में प्रयोग में लाई जाएंगी उन्हें डंठल, सड़न तथा तन्तुमय भाग से मुक्त किया जाएगा और तौलने से पहले पात्र में काट कर तैयार की जाएगी।
भोजन से सम्बन्धित पैमाना, भार, माप तथा शिकायतें।	**453.** उचित रूप से समायोजित प्लेटफार्म, बीम तराजू तथा सही बाटों का थोक तथा व्यक्तिगत राशन की आपूर्ति को तोलने के लिए प्रत्येक कारागार में प्रयोग किया जाएगा। उन्हें अधीक्षक द्वारा बार–बार निरीक्षित किया जाएगा। ईंट, पत्थर या किसी अन्य वस्तु के टुकड़ों को उचित बाटों के स्थान पर नहीं रखे जाएंगे। विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 का केन्द्रीय अधिनियम 01) के अनुसार समय–समय पर निरीक्षित बाट सभी भोजन जो पैमाने के अनुसार ही दिया जाना है, का वितरण करने के लिए पर्याप्त संख्या में रखे जांएगे। राशन की मात्रा, गुणवत्ता या पकाने से सम्बन्धित बन्दियों की सभी शिकायतों को प्रथम अवसर पर ही अधीक्षक के ध्यान में लाया जाएगा।
भोजन पकाने के दौरान सफाई ।	**454.** (1) रसोइया, उचित सावधानी तथा ध्यान से भोजन तैयार करने की डयूटी करेगा। आटा, अवश्यकतानुसार नमक और पानी के साथ धीरे–धीरे तथा अच्छी तरह से गूँधा जाएगा। प्रत्येक चपाती पूरी तरह से एक ही मोटाई की होनी चाहिए। पके हुए चावलों का भार अपने शुष्क भार से 2.5 से 3 गुना से ज्यादा नहीं हाना चाहिए, भोजन को धीरे–धीरे पकाया जाएगा ताकि सतह जल न सके, जबकि अन्दरूनी भाग बिना पके ना रहे। सभी पकाने वाले बर्तन साफ तथा चमकीले रखे जाने चाहिए तथा रसोई–घर स्वच्छ तथा साफ–सुथरी होना चाहिए। जहां तक साध्य हो बर्तन साफ करने के लिए गर्म पानी मुहैया कराया जाएगा। (2) विभिन्न अनाजों की सफाई तथा पछोड़ने के लिए अधिकतम अनुमत हानि निम्नानुसार है, अर्थात्:– <table><tr><td></td><td>वस्तु</td><td>अनुमत हानि का प्रतिशत</td></tr><tr><td>(क)</td><td>गेहूं</td><td>3 %</td></tr><tr><td>(ख)</td><td>दालें</td><td>2 %</td></tr><tr><td>(ग)</td><td>सब्जी</td><td>10 %</td></tr><tr><td>(घ)</td><td>कॉन्डीमैन्ट मसाले</td><td>2 %</td></tr></table>
रसोई–घर का प्रभार।	**455.** (1) प्रत्येक रसोई–घर मासिक आधार पर मुख्य वार्डर या वार्डर के प्रभार के अधीन रहेगी, जिसे भोजन को तैयार करने के सम्बन्ध में किसी अनियमितता की पहचान के लिए जिम्मेवार ठहराया जाएगा। (2) रसोई–घर के प्रभारी मुख्यवार्डर या वार्डर यह देखने के लिए जिम्मेवार होंगे कि भोजन पकाने वाले सभी बर्तन तथा अन्य उपकरण ईमानदारी से चमकीले तथा साफ रखे गए है। रसोई–घर हर समय पर स्वच्छ तथा साफ–सुथरी होगी। (3) रसोईया, रसोई–घर में कार्य करते समय टोपी, एप्रन, मास्क, दस्तानों आदि का प्रयोग करेगा। रसोईयों के लिए कार्य करने से पहले तथा बाद में अपने हाथ उचित रूप से साफ करने की पर्याप्त व्यवस्था होगी। भोजन को हाथों से सम्भालना अवांछनीय है तथा उसका परिहार किया जाएगा।
भोजन के दौरान मौसम से संरक्षण।	**456.** बन्दियों को भोजन करने के दौरान वर्षा तथा तीव्र गर्मी से सुरक्षित किया जाएगा। यदि साधारण भोजन करने के स्थानों पर छत नहीं है तो उन्हें बरामदे, या यदि आवश्यक हो, कार्य–शेडों या वार्डों में या जहां कहीं शरणस्थान पाए जा सकते हों, उन्हें बैठने के लिए अनुमत किया जा सकता है।
भोजन के वितरण में अधिकारियों की जिम्मेवारी।	**457.** (1) भण्डारी, अनाज भण्डार में अनाज तथा अन्य वस्तुओं की उचित सफाई तथा रसोई–घर को उनका सही निर्गम करने तथा आटा–मिलों में अनाज की पिसाई कराने के लिए जिम्मेवार होगा। (2) उप अधीक्षक (प्रशासन), बैरकों के कार्यकारी प्रभारी तथा बैरक प्रभारी किसी बन्दी या बन्दियों की श्रेणी के लिए अधिकथित पैमाने के अनुसार सही रूप से बन्दियों को भोजन के सही वितरण के

	लिए जिम्मेवार होगा। (3) अधीक्षक द्वारा विधिवत, नामांकित भेषजी अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी के नियन्त्रण के अधीन अस्पताल में भरती बन्दियों के लिए भोजन तैयार करने हेतु जिम्मेवार होगा।
उपकरणों की जांच करना।	**458.** (1) रसोई–घर तथा बेकरी के प्रभारी मुख्य वार्डर या वार्डर, औजारों, उपकरणों तथा बर्तनों तथा उसमें रखी अन्य सम्पति के रिकार्ड, सुरक्षित रखने तथा उचित रखरखाव के लिए जिम्मेवार होगा। (2) उप अधीक्षक (प्रशासन), रसोई–घर तथा बेकरी में सभी औजारों, उपकरण तथा बरतनों को रसोई–घर बेकरी में किसी दुर्घटना जैसे कि अग्नि, विद्युत आधात, पलायन आदि से बचानै के लिए उचित रूप से रखवाएगा।
रसोई–घर, रसोइए का चयन।	**459.** (1) प्रत्येक पच्चीस बन्दियों के लिए एक बन्दी रसोइया, सहायक नियोजित किया जा सकता है। एक प्रशिक्षित पूर्ण कालिक रसोइया भोजन पकाने तथा खान–पान में बन्दियों का मार्ग दर्शन तथा प्रशिक्षित करने के लिए पांच सौ बन्दियों के लिए नियुक्त किया जाएगा। (2) बन्दी रसोइया अच्छे आचरण के निष्कपट तथा परिश्रमी बन्दियों में से चयनित किया जाएगा। जहां तक सम्भव हो, रसोइया समय–समय पर बदला जाना चाहिए। किसी भी बन्दी को अलग से अपना स्वयं का भोजन बनाने के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा। भोजन में किसी चोरी या हेर–फेर रोकने के लिए उनकी निगरानी रखी जाएगी।
भोजन बनाने के सम्बन्ध में अन्य उपबन्ध।	**460.** (1) भोजन जंगरोधी स्टील के बरतनों में बनाया जा सकता है। हर भोजन को बनाने के बरतन साफ तथा चमकदार रखे जाएंगे तथा रसोई तथा खाना खाने वाला स्थान भी स्वच्छ तथा साफ–सुथरा होना चाहिए। (2) यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा कि सभी बर्तन, जिसमें दूध रखा जाता है, पूर्णरूप से स्वच्छ है। सभी बर्तन उपयोग के बाद तुरन्त उबलते पानी से साफ तथा स्वच्छ किए जाएंगे। उन्हें गंदा नहीं छोड़ा जाएगा। (3) बने हुए और भोजन के उसका वितरण करने तक ढक कर रखा जाएगा तथा बिगड़ने वाली वस्तुओं के भण्डारण के लिए उचित व्यवस्था (फ्रीजर, रेफ्रिजरेटर इत्यादि के रूप में) की जाएगी। (4) अधीक्षक तथा चिकित्सा अधिकारी भोजन, आपूर्ति के पर्यवेक्षण में परम चौकसी का प्रयोग करेगा तथा जब भोजन बन गया हो तथा बन्दियों को वितरण के लिए तैयार है, तो वे नित्यचर्या निरीक्षण के अतिरिक्त सप्ताह में कम से कम एक बार आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। इन निरीक्षणों पर वितरित भोजन को भार और स्वाद की भी जांच की जाएगी। (5) बन्दी रसोइए द्वारा भोजन या पैमाना में की गई हेर–फेर को बड़े अपराध के रूप में माना जाएगा। (6) अधीक्षक द्वारा बन्दियों को उनकी बैरकों या वार्डों के प्रागंण में तालाबन्दी के दौरान उनको वितरित गए कारागार भोजन को गर्म करने के लिए अनुमत किया जा सकता है। तथापि, ऐसी सुविधा उच्च सुरक्षा अहातों में रहने वाले बन्दियों को मुहैया नहीं कराई जाएगी।

अनुभाग–III
अनाज का भण्डाण

भण्डार की निरीक्षण।

461. इसमें इसके नीचे वर्णित सदस्यों से मिलकरबनने वाली निरीक्षण समिति, कारागार भण्डार में प्राप्त खाद्यानों, दालों, मसालों आदि की सभी आपूर्तियों का निरीक्षण करेगी तथा इसकी गुणवता के बारे में अपनी टिप्पणी अभिलिखित करेगी तथा स्वयं को इसकी मात्रा की उपयुक्तता के बारे में सन्तुष्ट करेगी। यदि मात्रा सन्तोषजनक नहीं है या नियन्त्रित नमूने के तुल्य नहीं है या मात्रा कम है, तो प्रेषित माल स्वीकृत नहीं किया जाएगा। यदि यह सही पाया जाता है, तो उसे भण्डार के लिए अनुमोदित किया जाएगा। समिति निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीवृन्द्व को मिलाकर बनाई जाएगी, अर्थात्:–

(क)	अधीक्षक	अध्यक्ष
(ख)	चिकित्सा अधिकारी	सदस्य
(ग)	उप अधीक्षक(प्रशासन)	सदस्य
(घ)	सहायक अधीक्षक (भोजनालय प्रभारी)	सदस्य
(ङ)	भण्डारी	सदस्य

भण्डारण के लिए जिम्मेवारी।

462. अधीक्षक, उप–अधीक्षक (प्रशासन) तथा भण्डारी को समय–समय पर महानिदेशक द्वारा यथा अवधारित आपूर्ति सीमा तथा उपलब्ध भण्डारण कक्ष में उपलब्धता के अध्यधीन, अनाज के भण्डारण की उचित व्यवस्था के लिए जिम्मेवार ठहराया जाएगा। जहां तक सम्भव हो, अनाज, इसको तैयार करने में नियोजित व्यक्तियों के सिवाए, सभी बन्दियों की पहुॅच से बाहर रहेगा। अनाज थैलों में भण्डारित किया जाएगा तथा न कि ढेर में भण्डारित किया जाएगा।

अनाज का भण्डारण तथा बाद में देखभाल।

463. (1) अनाज का तब तक अन्तिम रूप से भण्डार नहीं किया जाएगा जब तक यह सम्पूर्ण रूप से सूख नहीं जाता तथा यदि यह गीला है, तो इसे कुछ दिनों के लिए धूप में फैलाया जाएगा तथा बाद में प्रायः उसे निकाला जाएगा, किन्तु रात में खुला नहीं छोड़ा जाएगा। सारा अनाज, पक्षियों, कीड़े मकोड़ों तथा कीटों से सुरक्षित किया जाएगा तथा ताले तथा चाबी के अधीन सुरक्षित किया जाएगा। भण्डारण गोदाम या भूमिगत कक्षों को कीटों से दूर रखने के लिए समय–समय पर उचित रसायनों से धुम्रीकृत किया जाएगा। इसे भण्डार या गड्ढ़े की दीवारों तथा फर्श से कम से कम एक फुट तक अलग रखा जाएगा, यह देखने के लिए जांच की जाएगी कि यह क्षतिग्रस्त तो नहीं हो रहा है। यदि क्षति या सड़न के लक्षण दिखाई देते हैं, तो सारे अनाज को निकाला जाएगा, धूप में रखा जाएगा, साफ किया जाएगा तथा पुनः भण्डारित किया जाएगा। यदि कोई हानि होनी पाई गई है, तो परिस्थितियों की सम्पूर्ण रिपोर्ट महानिदेशक को की जाएगी।

(2) अनाज, दालें तथा आटा को बारदानों में अनाज लागत भण्डार में रखा जाएगा, प्रत्येक में प्रावधान के अनुसार एक समान भार का उल्लेख हो (प्रत्येक थैले पर भार अंकित होना चाहिए) या उन पर मुद्रित क्षमता चिह्न सहित धानियों में रखा जाएगा। पात्रों का भार, जिनमें मसाले तथा तेल तथा घी तथा अन्य वस्तुएं रखी गई है, स्टाक की जांच या सत्यापन को सुकर बनाने के लिए अंकित किया जाएगा।

कारागार श्रमिक का उपयोग; जारी की गई कच्ची सामग्री से उत्पादन का मिलान।

464. जहां तक साध्य हो, बन्दियों के भोजन के लिए अपेक्षित आहार की सभी वस्तुओं को कारागार भूमि पर उत्पन्न तथा कारागार श्रमिक द्वारा तैयार किया जाएगा। जब वस्तुएं खरीदी जाएं, वे कच्ची हालत में होंगी, ताकि कारागार श्रमिक उन्हें तैयार करने में उपयोग कर सकें तथा किफायत की जा सके। तैयार करने के लिए जारी किसी प्रकार के खाद्य–पदार्थ की मात्रा उससे प्राप्त तैयार सामग्री की वापसी से प्रायः मिलाई जाएगी तथा अधीक्षक तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) दोनों स्वयं की सन्तुष्टि करेंगे कि कोई भी बरबादी या अप्राधिकृत हानि नहीं हो। यह विशेष रूप से आटा तथा तेल के उत्पादन में भी लागू होती है, जो जारी किए गए अनाज के आनुपातिक होगी।

वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री की आपूर्ति।	**अध्याय 26** **वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री** **465.** (1) अधिनियम की धारा 31 तथा 33 के उपबन्धों के अध्यधीन, बन्दियों को वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री इन नियमों द्वारा शासित होंगी। (2) बन्दी को स्वयं को बनाए रखने तथा उचित समय पर प्राईवेट स्रोत से वस्त्र, बिस्तर या प्रसाधन सामग्री खरीदने या प्राप्त करने के लिए अनुमत किया जाएगा किन्तु जो जांच तथा समय–समय पर, सरकार या महानिदेशक द्वारा जारी ऐसे मार्गदर्शनों या हिदायतों के अध्यधीन होगी : परन्तु कोई भी वस्तु किसी बन्दी को अनुज्ञात नहीं की जाएगी यदि,– (क) वह स्वास्थ्य के लिए हानिकर है; या (ख) वह मदोन्मत स्वापक या मादक शराब है; या (ग) वह किसी वर्जित वस्तु से युक्त या गुप्त के रूप में संदिग्ध है। (3) प्रत्येक बन्दी जो पर्याप्त वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री स्वयं से उपलब्ध करने में असमर्थ है, को इन नियमों में यथा विहित अनुसार अधीक्षक द्वारा दी जाएंगी। बन्दी को जारी सभी वस्तुओं का रिकार्ड बन्दी की इत्तिवृत टिकट में रखा जाएगा। (4) कोई बन्दी जिसे कोई वस्त्र, बिस्तर, जूते या प्रसाधन सामग्री उप–नियम (3) के अधीन दी गई है, इस प्रकार दी गई किसी वस्तु से अन्यथा वस्त्र, बिस्तर, जूते या प्रसाधन सामग्री प्राप्त नहीं करेगा, रखेगा नहीं या प्रयोग नहीं करेगा या किसी वस्तु जिसकी प्राप्ति, स्वामित्व या प्रयोग अधीक्षक किसी समय किसी ऐसे बन्दी के सम्बन्ध में स्वीकृत कर सकता है। (5) किसी बन्दी से सम्बन्धित वस्त्र, बिस्तर, जूते या प्रसाधन सामग्री का कोई भाग, किसी अन्य बन्दी को नहीं दिया जाएगा, किराए पर नहीं दिया जाएगा या न ही बेचा जाएगा तथा इस नियम के उपबन्धों का उल्लंघन करने वाला कोई बन्दी ऐसे समय के लिए जो अधीक्षक उचित समझे, प्राईवेट स्रोत से वस्तुएं प्राप्त करने के विशेषाधिकार खो देगा। (6) बन्दी जो संघ के सशस्त्र बल या केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य हैं या के कारागार में रहने के दौरान वर्दी पहनने के हकदार नहीं है। कोई ऐसा बन्दी जिसके पास उसकी वर्दी के सिवाए, कोई प्राईवेट वस्त्र नहीं है, बन्दियों के लिए मुहैया मापक्रम से अनधिक अधीक्षक द्वारा आवश्यक वस्त्र मुहैया करवाया जाएगा। (7) किसी भी बन्दी को जाति, धार्मिक या राजनैतिक संबंधन के चिह्न या प्रतीक वाला कोई वस्त्र पहनने या कोई वस्तु रखने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।
बन्दियों द्वारा कारागार पोशाक पहनना।	**466.** प्रत्येक बन्दी विहित कारागार पोशाक पहनेगा। बन्दी के वस्त्रों पर कोई जेब नहीं होगी या पंक्ति में खुली जगह नहीं होगी। सभी वस्त्र राज्य की प्रथा के अनुसार होंगे। बन्दियों को उनके शारीरिक माप के अनुकूल पोशाक मुहैया करवाई जाएगी : परन्तु बन्दी को प्राईवेट वस्त्र पहनने के लिए अनुमत किया जा सकता है जब,– (क) न्यायालय में हाजिर होने के लिए; (ख) दूसरी कारागार में स्थानांतरण पर; (ग) रिश्तेदारों या विधिक वकील से मुलाकात करने; या (घ) हवालात समय के दौरान : परन्तु यह और कि महानिदेशक, किसी समय पर अपने विवेक से इस निमित्त साधारण या विशेष आदेश द्वारा साधारण कारावास से दण्डादिष्ट किसी बन्दी के सम्बन्ध में इस नियम के उपबन्धों से छूट ऐसी शर्तों (यदि कोई हों) के अध्यधीन दे सकता है, जो वह इस निमित्त अधिरोपित करनी उचित समझे।
वस्त्र इत्यादि के सम्बन्ध में जिम्मेवारी।	**467.** (1) सरकार तथा महानिदेशक की ऐसे सभी उपाय करने के लिए जिम्मेवारी होगी, जो यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हों कि प्रत्येक बन्दी को हर समय युक्तियुक्त सुख में तथा अच्छे स्वास्थ्य में उसे बनाए रखने के सम्बन्ध में वस्त्र तथा बिस्तर दिए गए हैं। (2) सभी सम्भव अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए वस्त्रों का पर्याप्त स्टाक प्रत्येक कारागार के भण्डार में रखा जाएगा।

बन्दियों का वस्तुओं की देखभाल इत्यादि के सम्बन्ध में आदेश के अनुसार चलना।

468. प्रत्येक बन्दी जिसे वस्त्र या बिस्तर या अन्य उपकरण की कोई वस्तु किसी समय दी गई है, की देखभाल, अभिरक्षा तथा प्रयोग, जैसी भी स्थिति हो, के सम्बन्ध में ऐसे सभी आदेशों के अनुसार चलेगा, जो महानिदेशक के इस निमित्त निर्देशों (यदि कोई हों) के अध्यधीन समय–समय पर, अधीक्षक द्वारा जारी की जाएं। ऐसी किसी वस्तु का जानबूझकर विनाश कारागार अपराध समझा जाएगा।

वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री का मापक्रम।

469. (1) वस्त्र, बिस्तर तथा जूतों का निम्नलिखित मापक्रम बन्दियों के लिए विहित किया गया है:–

पुरूष	महिला
पायजामा/कुर्ता–2 सेट प्रति वर्ष (सफेद)	सलवार, कमीज, चुन्नी–2 सेट प्रति वर्ष (आसमानी नीली) (साड़ी द्वारा प्रतिस्थापनीय) (आसमानी नीली)
अन्दर के कपड़े–3 सेट प्रति वर्ष	अन्दर के कपड़े–3 सेट प्रति वर्ष
टॉवल–3 प्रति वर्ष	टॉवल–3 प्रति वर्ष
स्लीपर–एक प्रति वर्ष	स्लीपर–एक प्रति वर्ष
देशी जूते–एक प्रति वर्ष	देशी जूते–एक प्रति वर्ष
जुराब–2 जोड़े सूती तथा एक जोड़ी ऊनी प्रति वर्ष	जुराब–2 जोड़े सूती तथा एक जोड़ी ऊनी प्रति वर्ष
दरी–एक प्रति तीन वर्ष चद्दर–2 प्रत्येक दो वर्ष	दरी–एक प्रति तीन वर्ष चद्दर–2 प्रत्येक दो वर्ष
कम्बल–एक प्रति तीन वर्ष	कम्बल–एक प्रति तीन वर्ष
शायिका के आकार की रबड़ या अन्य ऐसी सामग्री की बनी चटाई–प्रति तीन वर्ष में एक।	शायिका के आकार की रबड़ या अन्य ऐसी सामग्री की बनी चटाई–प्रति तीन वर्ष में एक।

(2) ग्रीष्म–ऋतु के रूप में प्रथम अप्रैल से 30 सितम्बर तक तथा शीत–ऋतु प्रथम अक्तूबर से 31 मार्च तक समझी जाएगी। तथापि, महानिदेशक अभिभावी मौसम स्थिति को ध्यान में रखते हुए गर्मी या सर्दी के प्रारम्भ को उपयुक्त रूप से पहले या देरी से कर सकता है।

(3) सर्दी में, एक अतिरिक्त कम्बल प्रत्येक बन्दी को दिया जाएगा।

(4) तीव्र सर्द मौसम के दौरान, अधिमानतः 15 दिसम्बर से 15 फरवरी तक एक अतिरिक्त कम्बल अपेक्षा के अनुसार बन्दी को दिया जा सकता है।

सर्दी के बाद अतिरिक्त कम्बल बन्दियों से वापस ले लिए जाएंगे तथा इन नियमों के अनुसार उचित उपाय करके भण्डार किए जाएंगे।

टिप्पणः– धुलने योग्य वस्त्र आवरण के साथ कम्बल उपलब्ध करवाया जाएगा।

(5) बन्दियों के लिए प्रशाधन सामग्री का निम्नलिखित मापक्रम विहित किया गया है :–

पुरूष	**महिला**
सरसों का तेल 50 एम. एल. साप्ताहिक	सरसों का तेल 100 एम. एल. साप्ताहिक
एक कंघी प्रति वर्ष	एक कंघी प्रति वर्ष
नहाने का साबुन 200 ग्राम प्रति मास	नहाने का साबुन 400 ग्राम प्रति मास
कपड़े धोने का साबुन 500 ग्राम प्रतिमास	कपड़े धोने का साबुन 500 ग्राम प्रतिमास
प्रक्षालक/धुलाई पाऊडर 50 ग्राम प्रति सप्ताह	प्रक्षालक/धुलाई पाऊडर 50 ग्राम प्रति सप्ताह

दंत पेस्ट 100 ग्राम प्रति मास	दंत पेस्ट 100 ग्राम प्रति मास
दंत ब्रश एक प्रति क्वार्टर	दंत ब्रश एक प्रति क्वार्टर
	एक शैम्पू की थैली प्रति सप्ताहः

परन्तु महानिदेशक, सरकार की पूर्व स्वीकृति से समय–समय पर,–

(क) वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री के मापक्रम को बदल सकता है या कि किसी श्रेणी के बन्दी के सम्बन्ध में विहित कर सकता है;

(ख) किसी अवधि या अवधियों के सम्बन्ध में या वर्ष के किसी मौसम के दौरान विशेष मापक्रम विहित कर सकता है।

बन्दी अधिकारियों के वस्त्र।

470. (1) पुरूष बन्दी अधिकारी साधारण पुरूष बन्दियों के अनुसार किन्तु भूरे (ग्रे) रंग के वस्त्र की वही वस्तुएं पहनेंगे।

(2) महिला बन्दी अधिकारी साधारण बन्दियों के अनुसार किन्तु गुलाबी रंग के वस्त्र की वही वस्तुएं पहनेंगे।

(3) रात के समय बैरकों के बाहर डयूटी करने वाले बन्दी अधिकारियों को सर्दी के मौसम के दौरान गर्म जर्सी या ऊनी शाल मुहैया करवाई जाएगी।

कतिपय बन्दियों को कारागार वस्त्र इत्यादि की आपूर्ति।

471. अधिनियम या इन नियमों के उपबन्धों के अधीन किसी बन्दी को दिए गए सभी वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री बन्दियों को दी गई अनुसार उसी किस्म की होगी :

परन्तु उनके वस्त्र का रंग पहचान की सुगमता के लिए बन्दियों के वस्त्र के रंग से भिन्न होगा।

सहवासियों को वस्त्र आदि।

472. (1) सहवासियों को दिए जाने वाले वस्त्र, बिस्तर आदि जो कारागार में रहने के लिए अनुमत है, ऐसे होंगे, जो चिकित्सा अधिकारी प्रत्येक विशेष मामले में विनिर्दिष्ट करें।

(2) प्रत्येक बालक को स्थानीय जलवायु अपेक्षाओं के अनुसार तथा साधारणतः मुक्त समूह में बालक द्वारा प्रयुक्त वस्त्रों के समरूप प्रत्येक छह मास में वस्त्रों का एक सेट दिया जाएगा।

सभी वस्तुओं की मानक पद्धति।

473. वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री की सभी वस्तुएं महानिदेशक द्वारा अनुमोदित मानक पद्धति की होगी तथा प्रत्येक बन्दी के मामले में, बिस्तर तथा कम्बल के अपवर्जन सहित सभी समय उसके पास रहेगी।

वस्तुओं को चिह्नित करना।

474. जहां तक साध्य हो, प्रत्येक बन्दी को जारी किए गए वस्त्र, बिस्तर, जूते तथा प्रसाधन सामग्री उपयुक्त रीति में लोगो सहित बन्दी की एक विशिष्ट पहचान संख्या चिह्नित की जाएगी।

वस्तुओं का अन्तिम समय अनुपयोगी वस्त्रों का निपटान।

475. (1) नियम 469 के उप नियम (1) में यथा विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर वस्त्र तथा बिस्तर मदों की सभी वस्तुओं को अधीक्षक के सम्मुख लाया जाएगा, जो प्रत्येक ऐसी मद का निरीक्षण करेगा तथा उसे नकारा घोषित करेगा यदि वह अनुपयोगी पाई जाती है।

(2) अधीक्षक द्वारा नकारा घोषित की गई सभी वस्त्र वस्तुओं को उसके आद्यक्षर के अधीन लेखों से अपलिखित करेगा। ऐसे भाग जो अन्य वस्त्रों से मरम्मत करने के लिए उपयोगी हो सकते हैं, इस प्रयोजन के लिए अलग कर दिए जाएंगे तथा भण्डार में वापस नहीं किए जाएंगे। बाकी को छोटे टुकड़ों में काट दिया जाएगा। रूई के टुकड़े निकटतम कारागार में भेजे जा सकते हैं, जो कागज का निर्माण करते हैं तथा उनके लिए अपेक्षित हो; ऊनी टुकड़े बेहतर फायदे के लिए निपटा दिए जाएंगे।

वस्त्रों का वितरण।

476. बन्दियों को कारागार में प्रवेश के समय पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर नए वस्त्र दिए जाएंगे। वस्त्र या बिस्तर जो पहले ही प्रयोग में तथा प्रयोज्य स्थिति में है को पुनः जारी किया जा सकता है। ऐसे सभी वस्त्र तथा बिस्तर मदों को पुनः जारी करने से पूर्व उचित रूप से साफ तथा विसंक्रमित किया जाएगा। यदि वस्त्र तथा बिस्तर जो पहले ही प्रयोग में है जारी किए गए है, तो तथ्य इत्तिवृत–टिकट पर नोट किया जाएगा।

चिकित्सा अधिकारी

477. चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षक के अनुमोदन से किसी समय पर चिकित्सा आधार पर तथा किन्हीं बन्दियों के स्वास्थ्य के लाभ के लिए किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए या वर्ष के किसी मौसम के दौरान

अतिरिक्त वस्त्रों के आदेश दे सकता है।	किसी ऐसे बन्दी या बन्दियों के किसी प्रवर्ग को अतिरिक्त वस्त्र या बिस्तर जारी करने के निर्देश दे सकता है।
अस्पताल में प्रवेश पर अस्पताल वस्त्रों की प्रक्रिया।	**478.** (1) अस्पताल में भरती बन्दियों को साधारणतः दो चद्दरों सहित भरा हुआ गद्दा, एक तकिया तथा तकिया कवर, शय्यागत मेज तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं चिकित्सा अधिकारी की सलाह के अनुसार मुहैया कराई जाएंगी। (2) अस्पताल प्रयोग के लिए वस्त्र तथा बिस्तर की सभी वस्तुएं हरे रंग की होंगी या विशेष रूप से सुभिन्न के रूप में चिह्नित की जाएंगी। प्रत्येक बन्दी के वस्त्र अस्पताल में उसके प्रवेश पर उससे ले लिए जाएंगे तथा सम्पूर्ण अस्पताल सज्जीकरण प्रतिहस्त किए जाएंगे। बन्दी के वस्त्र साफ किए जाएंगे तथा उसके निर्मुक्त होने तक अस्पताल भण्डार–कक्ष में रखे जाएंगे जब उसको वापस किए जाएंगे। मृत्यु के मामले में, वस्त्र नष्ट किए जाएंगे, यदि चिकित्सा अधिकारी ऐसी कार्यवाही आवश्यक समझे। चिकित्सा अधीनस्थ अस्पताल वस्त्र गोदाम तथा उसमें भण्डारित वस्तुओं की देखभाल के लिए जिम्मेवार होंगे।
स्वास्थ्य लाभ करने के लिए अतिरिक्त वस्त्र।	**479.** स्वास्थ्य लाभ करने वाले समूह में बन्दी को 15 दिसम्बर से 15 जनवरी तक अतिरिक्त कम्बल, ऊनी पायजामा तथा पुराने कम्बलों का बनाया गया कमरबन्द कोट मुहैया कराया जाएगा।
बन्दियों को कतिपय समय पर पुराने वस्त्र देना।	**480.** प्रत्येक बन्दी जो किसी प्रकार के श्रम में नियोजित है जो वस्त्रों का विनाशक है या विशेष रूप से उसे मैला करता है, को वस्त्रों के साधारण मापक्रम के अतिरिक्त आवश्यकता के अनुसार डांगरी या कोई अन्य उचित वस्त्र दिए जाएं।
वस्त्रों को उपयोगी रखना।	**481.** प्रत्येक बन्दी के वस्त्र तथा उपकरण आवश्यकता होने के अनुसार मरम्मत किए जाएंगे; किसी भी बन्दी को फटे–पुराने तथा अनुपयोगी वस्त्रों में रहने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। एक या अधिक बन्दी दर्जी परिस्थितियों के अनुसार वस्त्रों की मरम्मत करने की स्थिति में रखने के लिए नियोजित किए जाएंगे।
बन्दियों के वस्त्रों को धोना।	**482.** कम्बल तीन मास में एक बार तथा अस्पताल वस्त्र तथा बिस्तर अल्प अन्तरालों पर इस कार्य के लिए विशेष रूप से अलग से रखे गए व्यक्तियों के समूह द्वारा उबाले हुए पानी में साफ किये जाएंगे। ताकि इसे सुव्यवस्थित रूप से तथा सम्पूर्ण रूप से किया जा सके, इसे वार्ड से वार्ड तक किया जाएगा। प्रत्येक कारगार में कम्बलों तथा नए रूप से भरती बन्दियों के वस्त्र तथा अस्पताल मरीजों के वस्त्र भी उबालने तथा साफ करने के लिए बायलर तथा निचोड़ने की मशीन मुहैया कराई जाएगी। क्वथन सम्पूर्ण रूप से करना चाहिए, जिससे वस्त्रों में कोई भी पीड़क जन्तु नहीं रह सके। सप्ताह में कम से कम एक बार जब मौसम बढ़िया हो, तो बिस्तर तथा कम्बल कम से कम तीन घण्टे के लिए धूप में रखे जाएंगे। साधारणतः इसे दोपहर के बाद करना चाहिए तथा बिस्तरों को बन्दियों के सांयकाल में कार्य से वापस आने तक छोड़ा जाएगा।
वस्त्र तथा बिस्तर की मरम्मत, अनुरक्षण तथा निरीक्षण।	**483.** वस्त्रों तथा बिस्तरों के साप्ताहिक अनुरक्षण तथा निरीक्षण के लिए एक दिन नियत किया जाएगा। बन्दियों की साप्ताहिक परेड में अधीक्षक उनके वस्त्रों तथा बिस्तरों पर विशेष ध्यान देगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि प्रत्येक व्यक्ति की किट सम्पूर्ण है तथा उचित स्थिति में है। बन्दी के वस्त्र तथा बिस्तर की प्रत्येक बाजू को धोने तथा साफ करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।
कारागार लाँड्री (धुलाई–घर)।	**484.** (1) सभी कारागारों में वस्त्र तथा बिस्तर की वस्तुओं को धोने के लिए उनकी अपनी धुलाई–घर सुविधा होगी। (2) सभी बन्दी अपनी पोशाके स्वयं धोएंगे। बन्दी धोबी का उनके लिए, जो बीमार हैं; नियोजन किया जाएगा।
वस्त्र तथा बिस्तर की आपूर्ति का पर्यवेक्षण।	**485.** अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) की सभी समय पर क्रमशः स्वयं की सन्तुष्टि करने की यह डयूटी होगी, कि,– (क) प्रत्येक बन्दी को उसके स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पर्याप्त वस्त्र या बिस्तर मुहैया कराए गए है;

	(ख) दिए गए सभी वस्त्र तथा बिस्तर विहित किस्म तथा गुण, साफ, अच्छी हालत में तथा बन्दी द्वारा सभी प्रकार से प्रयोग के लिए उपयुक्त है; तथा (ग) वस्त्र या बिस्तर की सभी वस्तुएं किसी भी समय प्राप्त है तथा कारागार में भण्डार की गई हैं जिन्हें प्रायः निरक्षित किया जाता है तथा कि सभी वस्तुएं जो विहित किस्म तथा गुण में किसी भी प्रकार से अनुपयुक्त या घटिया हैं, उन्हें तुरन्त अस्वीकृत किया जाना है तथा बन्दियों के प्रयोग के लिए जारी नहीं की जाती हैं।
रिहाई पर प्राप्त वस्त्रों का निपटान।	**486.** रिहाई पर बन्दियों से प्राप्त वस्त्र भण्डार में वापस किए जाएंगे। यदि आगे प्रयोग के लिए योग्य हैं, तो उसे धोने, विसंक्रमित या मरम्मत, यदि आवश्यक हो, करने के बाद पुनः जारी किया जाएगा, यदि योग्य नहीं हैं, तो उन्हें नियम 476 के अनुसार अधीक्षक के सम्मुख रखा जाएगा।
वस्त्र मांगपत्र की प्रस्तुति।	**487.** वस्त्र, बिस्तर आदि के लिए मांग–पत्र प्रत्येक वर्ष के 15 अप्रैल को या से पूर्व महानिदेशक को दोहरी प्रतियों में प्रस्तुत किया जाएगा। आवश्यकता को सावधानी से निर्धारित किया जाएगा ताकि अनुपूरक मांग–पत्र को प्रस्तुत करने की आवश्यकता का निवारण किया जा सके।
वस्त्र गोदाम का प्रभार।	**488.** वस्त्र गोदाम उप अधीक्षक (प्रशासन) की साधारण जिम्मेवारी के अध्यधीन विश्वसनीय कर्मचारी के प्रभार में रखा जाएगा। ढेर तथा पीड़क–जन्तु की हानि तथा कीट कण्टक से वस्त्रों को बचाने के लिए मास में कम से कम एक बार धूप में उन्हें सुखाने तथा नैप–थेलीन गोलियों या अन्य उपयुक्त साधनों का भरपूर प्रयोग करते हुए प्रत्येक सावधानी बरतनी चाहिए।
स्थानांतरित या रिहा किए गए बन्दियों के वस्त्र।	**489.** (1) स्थानांतरण पर बन्दियों के साथ भेजी गई वस्त्रों की वस्तुओं को उसकी इत्तिवृत–टिकट में अभिलिखित किया जाएगा तथा स्थानांतरण करने वाली कारागार के स्टाक से अपलिखित किए जाएंगे। (2) रिहाई पर बन्दी, सरकार के खर्च पर उसको दिए गए (अन्दरूनी वस्त्र के सिवाए), बिस्तर तथा अन्य उपकरण की प्रत्येक वस्तु कारागार से उसकी रिहाई के समय पर समर्पित करेगा।

परिसरों को साफ रखना।

अध्याय 27

सफाई तथा स्वास्थ्य–विज्ञान

490. (1) अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी, उप अधीक्षक (प्रशासन) तथा सभी अधीनस्थ अधिकारियों की कारागार तथा इसके पास–पड़ोस की सफाई से सम्बन्धित प्रत्येक ब्योरों पर विशेष ध्यान देने की ड्यूटी होगी तथा मुलाकातियों की स्वयं की सन्तुष्टि के लिए प्रत्याशित है कि कारागार परिसरों के भीतर उचित सफाई का प्रबन्ध है।

(2) वार्डों, सैलों, कारखानों, अस्पताल तथा मनोरंजनात्मक क्षेत्रों की छतें तथा दीवारें नियमित रूप से साफ की जाएंगी। कारखाने में फर्श, उपकरणों, मशीनों तथा औजारों को कार्य के बाद प्रतिदिन साफ किया जाएगा।

(3) स्थल, गिरे हुए पत्तों, अपतृण तथा सभी किस्म के कूड़े–करकट से मुक्त होगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि घास पौधों को निकट से काटा जाएगा, उनकी चोटी कतरी की गई है, रास्ते मरम्मत करके रखे गए हैं, कच्चे नल निकासों को संवारा जाना है तथा उनके तल जब कभी आवश्यक हों पुनः ठीक किए जाएंगे। मौसमी फूल प्रत्येक मौसम में कारागार लॉनों के आसपास लगाए जाएंगे। बन्दियों के पुनर्वास पर सुधारक सेवाओं के प्रयासों की सहायता से उसके लिए सभी सम्भाव्य अवसरों की कारागार लॉनों के अनुरक्षण सहित खोज की जाएगी। जो लाभप्रद प्रतियोगी प्रयास बन सकता है जिसमें बन्दियों के विभिन्न अनुभागों से सम्बन्धित टीमों को लॉनों के रखरखाव में वरिष्ठ कारागार कर्मचारियों द्वारा आखिरकार पुनरीक्षित तथा पुरस्कृत किए जाने के लिए लगाया जा सकता है।

(4) जलनिकास तथा शौचालयों को श्रम साध्य रूप से साफ करना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि कोई भी मलजल इसके रास्ते से बाहर न हो। किसी प्रकार की हौदी कारागार अहातों के भीतर वर्जित है। गन्दे पानी के लिए जलमग्न नालियों के प्रयोग से बचा जा सकता है। कारागार दीवारों के भीतर या निकट कोई भी कूड़ा–करकट या खाद गड्ढे अनुज्ञात नहीं किए जाएंगे। सभी भोजन जूठन खाने की प्लेटों तथा भोजन बनाने के बरतनों को धोने से पहले कचरा–पेटी (डस्टबीन) में जमा किया जाएगा।

(5) जहां तक स्वास्थ्य विज्ञान तथा सफाई का सम्बन्ध है अस्पताल विशेष ध्यान देगा। गोदाम साफ, उचित रूप से व्यवस्थित, भली भान्ति संवातित रखे जाएंगे तथा उनकी विषय–वस्तुओं को जितनी बार सम्भव हो वायु विगोपन दिया जाएगा। पर्याप्त कदम स्टाफ तथा वार्ड/सैलों तथा अन्य कारागार अहातों से कृन्तक, छिपकली, तिलचटे, मक्खी, मच्छर तथा अन्य कीड़े–मकोड़े से पीछा छुड़ाने के लिए नियतकालिक अन्तरालों पर उठाए जाएंगे।

(6) कारागार क्षेत्र प्रतिदिन साफ किया जाएगा तथा सभी अवांछित पौधों, टूटी हुई ईंटों के समूह, विनिर्माण रद्दी इत्यादि से मुक्त रखा जाएगा। रसोई जूठन तल पर फैंकी जानी अनुमत नहीं की जाएगी तथा उसे प्रयोजन के लिए मुहैया ढके हुए कूड़ा–धानी में प्रत्यक्ष रूप से जमा किया जाएगा, न ही किसी प्रकार का कूड़ा–कचरा कारागार में या के निकट एकत्र करना अनुज्ञात किया जाएगा। इन धानियों को सप्ताह में कम से कम एक बार कच्चे तेल से पोता जाएगा तथा विहित कीटनाशकों, तांतियानाशी, फफूंदनाशी से आस–पास स्प्रे किया जाएगा।

(7) रसोई तथा कैन्टीन उचित समय पर विहित मक्खी–रोधी घोल के मिश्रण से मक्खी मौसम में प्रतिदिन स्प्रे किया जाएगा।

(8) कारागार अहातों तथा अन्य परिसरों को नियमित विसंक्रमण तथा फोगिंग की जाएगी।

(9) प्रत्येक कारागार में महामारी या संक्रामक बीमारी के फैलने के दौरान सफाई का प्रबन्ध तथा स्वास्थ्य–विज्ञान के बारे में मानक परिचालन प्रक्रिया (एस ओ पी) निम्नलिखित स्पष्ट मार्गदर्शनों का पालन किया जाएगा, अर्थात्:–

(क) हस्त स्वास्थ्य–विज्ञान तथा खास शिष्टाचार;

(ख) सामाजिक दूरी;

(ग) पृथक्करण;

(घ) सहवासियों की सुरक्षा;

(ङ) स्वास्थ्य निगरानी;

(च) न्यूनतम संचलन;

(छ) संविदाओं की खोज तथा का पता लगाना; तथा

(ज) एकान्त बैठक।

बन्दियों द्वारा वार्डों तथा प्रांगणों को साफ रखना।	**491.** बन्दी अपने वार्डों तथा प्रांगणों को साफ रखने के लिए जिम्मेवार होंगे। ऐसा कार्य समूह आधार पर आबंटित किया जा सकता है ताकि सभी बन्दियों के संचित कार्य के माध्यम से प्रांगणों, बैरकों, सैलों को, सभी समय पर साफ–सुथरा तथा साफ रखा जा सके। सभी बन्दियों पर अपने वस्त्र, बिस्तर तथा उपकरण उचित रूप से धोकर, साफ तथा निसंक्रमित रखने के लिए अनिवार्य होगा।
बैरकों तथा अन्य भवनों की सफाई।	**492.** (1) बन्दियों द्वारा अधिभोग की गई बैरकों, सैलों को प्रत्येक प्रातःकाल सम्पूर्ण रूप से साफ किया जाएगा। दरवाजों, खिड़की–सिल, जालियां तथा शटर की धूल झाड़ी जानी चाहिए तथा सभी धूल तथा मिट्टी हटाई जाएगी। (2) फर्श दिन में दो बार, प्रातःकाल में एक बार तथा दोपहर बाद एक बार गीले कपड़े से पोंछा लगाया जाएगा, रोगाणुनाशी से उपचारित किया जाएगा। (3) कारागार परिसरों की जब कभी आवश्यक हो सफेदी कराई जाएगी। (4) सभी स्नानघर तथा शौचालय एक दिन में दो बार, प्रातःकाल में एक बार तथा दोपहर बाद में एक बार धोए तथा विसंक्रमित किए जाएंगे। (5) रहने वाले क्षेत्र और अस्पताल भवन की भीतरी दीवारो को ब्रश और नियमित रूप से साफ किया जाएगा। (6) सभी मेनहोलों तथा सीवरों को बन्द होने तथा ओवर फलो से रोकने के लिए समय–समय पर जांचा जाएगा। (7) सभी बिस्तर प्रत्येक सप्ताह में एक बार बाहर ले जाए जाएंगे तथा धूप में रखे जाएंगे। (8) साबुन सेनीटाईजरों सहित रसोई के प्रवेश द्वार पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।
बन्दियों द्वारा प्रतिदिन स्नान करना।	**493.** सभी बन्दी प्रतिदिन स्नान करेंगे।
उचित मलजल शोधन संयन्त्र सहित फ्लैश शौचघर।	**494.** (1) प्रत्येक अहाते या बैरक में उससे संलग्न फलैश–किस्म के शौचघर तथा स्नान घर होंगे ताकि बन्दी युक्तियुक्त समय में अपने शौच तथा स्नान परेड़ को पूरा कर सके। सभी फ्लैश शौचघर नगरपालिका मलजल प्रणाली से संयोजित की जाएगी या उचित मलजल शोधन संयन्त्र होगा। (2) प्रत्येक शौचघर तथा स्थान जहां बन्दी परिरूद्ध है किसी भी समय उचित बरतनों के बिना नहीं होंगे। ऐसे बरतन प्रतिदिन सम्पूर्ण रूप से साफ तथा मांजे जाएंगे तथा बार–बार उचित रूप से साफ किए जाएंगे। (3) सभी शौचालय चाहे व्यक्तिगत या सामूहिक हो, संक्रामक रोग के प्रसारण से रोकने के लिए वासबेसिन से सुसज्जित होगा। (4) पर्याप्त स्नान व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी ताकि प्रत्येक बन्दी मौसम के अनुसार साधारण स्वास्थ्य के लिए यथा प्रायः यथा आवश्यक स्नान या फुहारा–स्नान कर सके। (5) सरकार तथा कारागार प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कारागार के भीतर कोई भी जल निकास, मलजल तथा सफाई सुविधा जीर्ण–शीर्ण स्थिति में नहीं है। (6) यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रबन्ध किए जांएगे कि सतह पर बहने के रूप में वर्षा जल तथा भवनों पर जमा जल को जहां तक सम्भव हो उचित वर्षा जल एकत्रीकरण प्रणाली की स्थापना के माध्यम से विधिवत् एकत्र किया जाता है।
कारागार भूमि के जलनिकास तथा सफाई कमी की रिपोर्ट करना।	**495.** (1) कारागार के चारों ओर भूमि के जल निकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा सभी नीची भूमि को साफ मिट्टी से भरा जाएगा। सफाई तथा सुरक्षा कारणों से कारागार दीवारों के 50 गज के भीतर ऊंची फसल नहीं उगाई जाएंगी। (2) कारागार क्षेत्र इसके पास–पड़ोस के भीतर जल निकास की किन्हीं कमियों को अधीक्षक के ध्यान में लाने के लिए चिकित्सा अधिकारी की डयूटी होगी। कारागार के अड़ोस–पड़ोस में सार्वजनिक शौचालय, मलजल या जलनिकास या बन्दियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने की सम्भाव्य या किसी अन्य सफाई स्थिति के अस्तित्व, की महानिदेशक को रिपोर्ट की जाएगी। (3) नगरपालिका स्वास्थ्य अधिकारी या जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, मास में एक बार अपनी अधिकारिता के अधीन सभी कारागारों का निरीक्षण करेगा तथा स्वच्छता तथा स्वास्थ्य–विज्ञान के लिए सुझाव देगा।

वर्षाजल हेतु व्यवस्था।	**496.** सभी खड़े जल को खाली करने की व्यवस्था की जाएगी। वर्षा ऋतु के बाद, कारागार की दीवार तथा वार्डों की दीवार की परिधि के भीतरी तथा बाहरी पक्ष को झाड़ा जाएगा। कारागार अहाते के भीतर मार्गों को अपतृण तथा पुनः साफ किया जाएगा। जब कभी मार्ग तारकोली रोही का बना है, तो उबड़–खाबड़ सतह को उचित रूप से समतल किया जाएगा। कारागार की मुख्य सड़क के खुले स्थानों तथा भीतरी सड़कों को फुलवारी के लिए पर्याप्त स्थान छोड़कर उचित रूप से पक्का किया जाएगा।
कारागार अस्पताल को संदूषण से मुक्त रखना।	**497.** कारागार अस्पताल को संदूषण मुक्त रखने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे, अर्थात्:– (क) फर्श तथा दीवारों को रंगा जाएगा या मृतिका–टाईलों से ढकी जाएंगी। फर्श तथा टाईल लगाई गई दीवारों को प्रतिदिन रोगाणुनाशी से पोंछा जाएगा; (ख) शौचालयों को दिन में दो बार उचित रोगाणुनाशी से पोंछा जाएगा; (ग) संक्रामक तथा स्पर्शजन्य बीमारी से पीड़ित बन्दियों को दूसरों के सम्पर्क से रोकने के लिए एकांत में रखा जाएगा।
महिला बन्दियों के स्वास्थ्य–विज्ञान का प्रबन्धन।	**498.** सरकार महिला बन्दियों की स्वच्छ जल तक पहुंच, सैनिटरी पैड का पर्याप्त मात्रा, प्रयुक्त पैडस का उचित निपटान तथा जनन स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करेगी तथा कारागार स्टाफ तथा रजोधर्म–विषयक स्वास्थ्य–विज्ञान के मामलों पर महिला बन्दियों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए चिकित्सा अधिकारी नियमित मुआयना करेगा।
जल आपूर्ति के स्रोत।	**499.** (1) जहां कहीं नगरपालिका जल आपूर्ति विद्यमान है, तो कारागार को उससे जोड़ने की व्यवस्था की जाएगी। नागरिक या नगरपालिका प्राधिकरणों से जल आपूर्ति के अभाव में, प्रत्येक कारागार में नलकूपों की पर्याप्त संख्या स्थापित की जाएगी। (2) प्रत्येक कारागार में उपभोग किए गए जल के नमूने साधारणतः किसी स्वास्थ्य खतरे को रोकने के लिए रासायनिक तथा जीवाणु–विज्ञान जांच दोनों के लिए वर्ष में दो बार अपेक्षित प्राधिकारी को प्रस्तुत किए जाएंगे। यदि जल के नमूने मानव उपभोग के लिए अयोग्य पाए जाते हैं, तो अधीक्षक जल आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत का प्रबन्ध करेगा। (3) हर सम्भव सावधानी जल के संदूषण चाहे वह इसके स्रोत से, इसके वहन के दौरान या इसके वितरण में हो, को रोकने के लिए बरती जाएगी।
पेय जल की आपूर्ति।	**500.** (1) पीने योग्य पानी की पर्याप्त मात्रा की प्रत्येक बन्दी को आपूर्ति करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी। डयूटी पर जेलर की यह देखने की जिम्मेवारी होगी कि अन्दर बन्द करने से पूर्व पर्याप्त पीने का पानी बन्दियों को उपलब्ध है। कार्य पर बन्दियों को पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति की जाएगी। यदि पानी भण्डार किया जाना है, तो इसे ढके हुए पात्रों में किया जाएगा जिसे प्रतिदिन सम्पूर्ण रूप से साफ किया जाएगा। नलकूप या जल टंकी से 15 मीटर के घेरे के भीतर कोई भी कूड़ा–कचरे का ढेर या मलजल टैंक नहीं होगा। (2) ऊपरी टंकी तथा कुण्ड त्रैमासिक साफ तथा ब्लीच घोल से विसंक्रमित किए जाएंगे। (3) स्थल पर किसी अनुचित गोले या पाईपलाईन के साथ अनुचित हरे पैबन्द को संदेह से विचारा जाएगा कि वे रिसाव के सूचक है। ऐसे पाईपों को खोदा जाएगा तथा कमियों को ठीक कर दिया जाएगा।
स्टाफ क्वार्टरों में जल की आपूर्ति।	**501.** कारागार स्टाफ के आवासीय क्वार्टरों में जल की पर्याप्त आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी। स्टाफ क्वार्टरों का अधिभोग करने वाले प्रत्येक अधिकारी को अपने परिसरों की सफाई के लिए जिम्मेवार ठहराया जाएगा। अधीक्षक तथा चिकित्सा अधिकारी समय–समय पर साधारण सफाई की जांच करने के लिए स्टाफ क्वार्टरों का निरीक्षण करेंगे।

दवाईयों सहित मुफ्त चिकित्सा उपचार।

अध्याय 28

चिकित्सा प्रशासन तथा स्वास्थ्य प्रबन्धन

502. बन्दी कारागार में परिरोध के दौरान सरकारी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा उपचार तथा परिचर्या के लिए हकदार होंगे।

कारागार अस्पताल।

503. (1) केन्द्रीय तथा जिला कारागारों में अन्तरंग रोगियों के लिए अस्पताल आवास निम्नलिखित मापक्रम के अनुसार औसत दैनिक बन्दी जनसंख्या के न्यूनतम 3 प्रतिशत के लिए मुहैया कराया जाएगाः—

(क)	500 बन्दियों तक की कारागार	15 बिस्तर
(ख)	1000 बन्दियों तक की कारागार	30 बिस्तर
(ग)	1500 बन्दियों तक की कारागार	50 बिस्तर
(घ)	1500 बन्दियों से अधिक की कारागार	60 बिस्तर

(2) कारागार अस्पताल दो किस्म के होंगे। 50 बिस्तर या से अधिक के अस्पतालों को किस्म–'क' अस्पताल कहा जाएगा। 50 बिस्तर से कम के अस्पतालों को किस्म–'ख' अस्पताल कहा जाएगा। कारागार अस्पतालों में स्टाफ जहां तक साध्य हो निम्नलिखित मापक्रम के अनुसार होगा :–

अधिकारी (अधिकारियों) या स्टाफ	किस्मक	किस्म ख
चिकित्सा अधिकारी	4	2
दन्त–चिकित्सक	1	1
भेषजी अधिकारी	4	2
स्टाफ नर्स (पुरूष या महिला)	6	3
प्रयोगशाला तकनीशियन	3	1
सलाहकार	1	1
दन्तक सहायक/स्वास्थ्य–विज्ञानी	1	1
वार्ड परिचर	6	3
स्वीपर	4	2

(3) कारागार में तैनात वरिष्ठतम चिकित्सा अधिकारी कारागार की चिकित्सा स्थापना का सम्पूर्ण प्रभारी होगा। वह तथा उसकी चिकित्सा अधिकारियों तथा अन्य अधीनस्थों की टीम, बन्दियों के स्वास्थ्य–देखभाल के लिए संयुक्त रूप से जिम्मेवार होगी।

(4) अस्पताल स्थापना, अधीक्षक के साधारण नियन्त्रण तथा अधीक्षण के अधीन कार्य करेगी तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उस द्वारा पारित सभी विधिपूर्ण आदेशों का पालन करेगा :

परन्तु चिकित्सा अधिकारियों का प्रशासकीय नियन्त्रण उनके मूल विभाग में रहेगा तथा अधीक्षक सहित कोई भी कारागार अधिकारी नैदानिक कार्य से सम्बन्धित किसी मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

(5) कारागारों में तैनात चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएं ''कठिन'' तैनाती के रूप में गिनी जाएगी।

(6) उचित उपकरण सहित एम्बुलैंस अपेक्षा के अनुसार प्रत्येक कारागार में मुहैया कराई जाएंगी।

(7) महिला अहाते वाली कारागारों में साधारणतः कम–से–कम एक महिला चिकित्सा अधिकारी होगी। यदि कोई महिला चिकित्सा अधिकारी महिला अहाते वाली कारागार में तैनात नहीं है, तो सिविल अस्पताल से महिला चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में एक बार ऐसी कारागार का निरीक्षण करेगी। अन्य विशेषज्ञ भी अपेक्षा के अनुसार समय–समय पर कारागार का निरीक्षण करेंगे।

(8) चिकित्सा स्टाफ डयूटी के समय विहित वर्दी पहनेंगे।

पत्रव्यवहार का चैनल।	**504.** चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) द्वारा महानिदेशक को या महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं या किसी अन्य प्राधिकारी को सभी पत्राचार अधीक्षक के माध्यम से भेजे जाएंगे।
चिकित्सा अधिकारियों में डयूटियों का आबंटन।	**505.** (1) कारागारों में जहां कहीं एक चिकित्सा अधिकारी से अधिक है, तो डयूटी के घण्टे चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) द्वारा उनके बीच इस प्रकार वितरित किए जाएंगे कि कम से कम एक चिकित्सा अधिकारी रात–दिन उपलब्ध रहे। (2) कारागारों में जहां कहीं केवल एक चिकित्सा अधिकारी है, तो वह दिन के दौरान डयूटी पर रहेगा तथा किसी आकस्मिक संकट का ध्यान रखने के लिए रात को बुलाने पर बना रहेगा। भेषजी अधिकारी चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) के आदेशानुसार रात–दिन डयूटी पर रहेंगे।
चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की डयूटी।	**506.** (1) चिकित्सा अधिकारी कारागार की चिकित्सा स्थापना से सम्बन्धित सभी मामलों में अधीक्षक को रिपोर्ट करेगा। (2) वह कारागार अस्पताल के निर्बाध प्रशासन के लिए जिम्मेवार होगा तथा सुनिश्चित करेगा कि व्यवस्था, सफाई तथा अनुशासन अस्पताल तथा इसके अहातों में अनुरक्षित किया गया है। (3) वह सुनिश्चित करेगा कि भेषजी अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, परिचर तथा नर्सिंग अर्दली अपनी डयूटी उचित प्रकार से कर रहे हैं तथा परिचरों की किसी अधिकता या कमी को तथा इन नियमों की उल्लंघना की सूचना सम्बन्धित प्राधिकारी के ध्यान में लाई गई है। (4) वह डायरी रखेगा जिसमें वह कारागार में की गई प्रत्येक मुलाकात का रिकार्ड रखेगा, समय जिस पर अपने कारागार में प्रवेश किया तथा छोड़ा है, कारागार के क्षेत्रों या मुलाकात किए गए बन्दियों की श्रेणियों, अस्पताल में रोगियों की संख्या, दैनिक निरीक्षण का परिणाम तथा कोई मामला जिसे वह शीघ्रता से अधीक्षक के ध्यान में लाया जाना आवश्यक समझे तथा अपनी चिकित्सा डायरी में निम्नलिखित भी अभिलिखित करेगाः– (क) कारागारों में सफाई, जलनिकास, स्वच्छता, जल आपूर्ति या अन्य प्रबन्धनों में किन्हीं कमियों को जिसे वह ऐसी कमियों के उपाय के लिए सुझाव सहित बन्दियों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के लिए हानिकर होने की सम्भावना समझता है; (ख) चिकित्सा स्थापना तथा उसके स्पष्ट कारणों के सम्बन्ध में महत्व की किसी घटना तथा व्यक्तिगत बन्दियों के बारे में किसी अवलोकन, सिफारिश या निर्देश। (5) वह कारागार के उनके निरीक्षण या मुलाकात के दौरान महानिदेशक तथा अन्य सरकारी मुलाकातियों के साथ जाएगा। वह अधीक्षक के साप्ताहिक निरीक्षण परेड में उपस्थित भी रहेगा। (6) यदि कोई महामारी या असाधारण बीमारी अभिभावी होती है या बीमारी का कोई गम्भीर मामला होता है, तो वह जितनी बार आवश्यक हो कारागार का मुआयना करेगा तथा अपनी डायरी में उसके तथ्यों तथा कारणों को अभिलिखित करेगा। (7) वह यथा विनिर्दिष्ट नियमित अन्तरालों पर चिकित्सा स्थापना के बारे में विवरणी तथा कोई अन्य सूचना प्रस्तुत करेगा। निरीक्षण या अंकेषण के दौरान, वह कारागार की चिकित्सा स्थापना के सम्बन्ध में अपेक्षित रिकार्ड प्रस्तुत करेगा या प्रस्तुत करवाएगा। (8) वह सुनिश्चित करेगा कि वार्षिक मांगपत्र पर प्राप्त सभी दवाईयां, उपकरण तथा के सदृश वस्तुएं बन्दियों के प्रयोग के लिए उचित रूप से प्रयुक्त की गई हैं। (9) वह यह देखने के लिए जिम्मेवार होगा कि सभी दवाईयां उचित रूप से व्यवस्थित की गई हैं, लेबल लगाए गए हैं तथा ताले तथा चाबी में भण्डार की गई हैं, उसके प्रभार में उपकरणों तथा यन्त्रों की उचित देखभाल करने के लिए तथा किसी बन्दी परिचर को उपकरण सम्भालने या दवाईयां वितरित करने की अनुमति नहीं देना जिसका दुरूपयोग करना हानिकर बन सकता है। वह भण्डार में रखी सभी दवाईयों की शुद्धता तथा वैद्यता सुनिश्चित करने के लिए समय–समय पर, जांच करेगा तथा स्थानीय रूप से खरीदी गई दवाईयों के लेखे की नियमित रूप से जांच करेगा। (10) वह निपटान करने के लिए समाप्त हुई दवाईयों का रजिस्टर रखेगा या रखवाएगा। (11) वह सुनिश्चित करेगा कि चिकित्सा आहार उचित रूप से प्रयुक्त की जाती है। (12) वह सफाई, स्वास्थ्य विज्ञान, नशामुक्ति इत्यादि के बारे में जागरूकता शिविर तथा सैनिटाइजेशन कार्यक्रम आयोजित करेगा।

चिकित्सा अधिकारी के कर्त्तव्य।	**507.** (1) वह कार्य दिवसों पर तथा रविवार तथा अवकाश के दिन भी, जब कभी आवश्यक हो, कारागार में उपस्थित रहेगा। (2) वह कोई बन्दी, जो बीमार होने की शिकायत करता है या बीमार प्रतीत होता है, की ओर ध्यान देगा तथा उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाएगा या चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) के सम्मुख, जैसा भी मामला अपेक्षित हो, पेश करेगा। (3) वह उच्च सुरक्षा अहातों का प्रतिदिन निरीक्षण करेगा तथा कोई बन्दी जो बीमार होने की शिकायत करता है या प्रतीत होता है, की ओर ध्यान देगा। (4) वह सभी स्टाफ सदस्यों तथा कारागार परिसरों में रहने वाले उनके परिवारों की ओर ध्यान देगा। वह इन कर्त्तव्यों को करने के लिए चिकित्सा अधीनस्थ को प्रतिनियुक्त करेगा। (5) वह रोजगार के लिए सभी उम्मीदवारों तथा कारागार अधिकारियों, जिन्हें प्रयोजन के लिए अधीक्षक द्वारा उसके पास भेजा जाए, की जांच करेगा तथा वह उनकी शारीरिक क्षमता तथा स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में लिखित में सत्यापित करेगा। (6) वह सहवासियों द्वारा उनके अपने खर्च पर विद्यमान बीमारी के उपचार के लिए लाई गई किसी दवाई (दवाईयों) की जांच करेगा तथा उन्हें केवल तभी अनुज्ञात करेगा यदि किसी पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी से प्रिस्क्रिप्शन साथ लगाई गई हो तथा वह ऐसे प्रयोजन के लिए अनुरक्षित रजिस्टर में ऐसी दवाई की आवक की रिपोर्ट करेगा। (7) वह स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि अस्पताल में बीमार के लिए भोजन उचित रूप से तैयार किया जाता है तथा वितरित किया जाता है। (8) वह चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) के ध्यान में किसी महिला जिसका उसे गर्भवती होने का सन्देह हो, को लाएगा। (9) वह किसी बन्दी को शारीरिक या मानसिक कमजोरी के कारण सैल या वार्ड से स्थानांतरित करने की आवश्यकता की अधीक्षक को लिखित में रिपोर्ट करेगा। (10) वह नए भर्ती किए गए बन्दियों, जो संगरोधन में हैं तथा अपनी माताओं के साथ ठहरे हुए शिशुओं को भी टीका लगाएगा। (11) वह संक्रामक या स्पर्श–जन्म बीमारी का कोई मामला, जो स्टाफ सदस्यों या बन्दियों में प्रकट हो, को शीघ्रता से अधीक्षक तथा चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) के ध्यान में लाएगा। (12) वह अर्धवार्षिक रूप से प्रत्येक बन्दी का भार उसके भार चार्ट में अभिलिखित करेगा या अभिलिखित करवाएगा तथा सभी बन्दियों, जिन्होंने किसी सुस्पष्ट सीमा तक अपना भार खो दिया है, की चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) के सम्मुख परेड करेगा। (13) प्रत्येक चिकित्सा अधिकारी रिपोर्ट पुस्तक रखेगा जिसमें वह महत्व के सभी मामलों को अभिलिखित करेगा जिसे वह चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) के ध्यान में लाना चाहता है।
स्टॉक सत्यापन।	**508.** औषधि तथा उपकरणों के स्टॉक की अधीक्षक द्वारा जांच की जाएगी तथा रिपोर्ट वर्ष में दो बार महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी।
चिकित्सा स्टाफ द्वारा अनुमति के बिना कारागार परिसर को नहीं छोड़ना।	**509.** (1) कारागारों में चिकित्सा स्टाफ राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैनात किया जाएगा। (2) चिकित्सा अधिकारियों को आकस्मिक अवकाश चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) द्वारा प्रदान किया जाएगा। यदि कारागार में केवल एक चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध है, तो उसके आकस्मिक अवकाश का आवेदन अवकाश अवधि के लिए कोई प्रतिस्थानी मुहैया कराने के अनुरोध सहित सिविल सर्जन को अधीक्षक द्वारा भेजा जाएगा। चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) ऐसा अवकाश प्रदान करने से सम्बन्धित नियमों के अनुसार सभी अन्य चिकित्सा स्टाफ को आकस्मिक अवकाश अनुज्ञात करने के लिए सक्षम होगा। यदि बाहर से कोई प्रतिस्थानी अवकाश अवधि के लिए अपेक्षित है, तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी उसे मुहैया करेगा। (3) कारागार के चिकित्सा अधिकारी, भेषजी अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ या तैनात या आसक्त कोई अन्य चिकित्सा स्टाफ, चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की अनुमति के बिना कारागार अहातों को नहीं छोड़ेगा तथा चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) को कारागार अहाता छोड़ने से पहले अधीक्षक की पूर्व अनुमति लेनी आवश्यक होगी।

बन्दी के प्रवेश तथा विमुक्ति पर चिकित्सा अधिकारी द्वारा रिकार्ड।	**510.** (1) प्रत्येक बन्दी की स्वास्थ्य स्थिति को ''अच्छा'', ''खराब'' या ''साधारण'' के रूप में प्रवर्गीकृत किया जाएगा। कारागार में प्रवेश पर, बन्दियों की स्वास्थ्य स्थिति, जिन्हें चिकित्सा उपचार की तुरन्त आवश्यकता है को ''खराब'' के रूप में अभिलिखित किया जाएगा यदि वह किसी तुच्छ तथा अस्थाई बीमारी से पीड़ित नहीं है। वे जो बन्दी कारागार कार्य करने के लिए योग्य नहीं हैं, किन्तु जिन्हें अस्पताल उपचार की आवश्यकता नहीं है, को ''साधारण'' स्वास्थ्य वाले के रूप में अभिलिखित किया जाएगा। **टिप्पणः–** यदि कोई बन्दी ''खराब'' या ''साधारण'' स्वास्थ्य में है, तो चिकित्सा अधिकारी उसकी इतिवृत्त–टिकट तथा प्रवेश रजिस्टर में अयोग्यता का कारण दर्ज करेगा। (2) यदि प्रवेश पर चिकित्सा जांच के दौरान कोई बन्दी उभयलिंगी के रूप में अन्वेषित किया गया है, तो चिकित्सा अधिकारी ऐसे तथ्य को अभिलिखित करेगा तथा इसे अधीक्षक के ध्यान में लाएगा। (3) जब किसी बन्दी को उसके शरीर पर चोट सहित कारागार पुलिस चौकी की अभिरक्षा में प्रवेश करवाया गया है, तो उसकी चिकित्सा जांच की जाएगी तथा यह सत्यापित किया जाएगा कि क्या ऐसी चोट साथ लगी मैडिकोलीगल रिपोर्ट (एम.एल.आर.) में वर्णित है तथा यदि चोटों की भिन्नता है, तो वह सभी चोटों को वर्णित करके नई एम.एल.आर. तैयार करेगा तथा मामलों की अधीक्षक को रिपोर्ट करेगा।
भेषजी अधिकारी की ड्यूटियाँ।	**511.** (1) भेषजी अधिकारी नैदानिक कार्य से सम्बन्धित सभी मामलों में चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) तथा चिकित्सा अधिकारी के विधिपूर्ण आदेशों का पालन करेगा तथा सभी अन्य मामलों में अधीक्षक तथा उप अधीक्षकों के आदेशों का भी पालन करेगा। (2) वह चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) तथा चिकित्सा अधिकारी की हिदायतों के अनुसार अस्पताल की दवाईयों तथा उपकरण, बिस्तर तथा वस्त्रों की सुरक्षित अभिरक्षा तथा अस्पताल में मरीजों की इन वस्तुओं की उचित आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा। (3) वह दवाईयों का सही तथा उचित वितरण सुनिश्चित करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि अलमारी सुरक्षित रूप से तालाबन्द है। (4) वह औषद्यालय को स्वच्छ तथा साफ–सुथरा रखेगा। (5) वह स्टाफ तथा बन्दियों के स्वास्थ्य के अनुरक्षण, अस्पताल में दवाईयाँ मिश्रित करने तथा वितरण करने, टीका लगाने तथा बन्दियों को मापने, लिपिक–वर्गीय कार्य करने, व्यवस्था तथा अनुशासन बनाए रखने तथा उसी स्वरूप की ऐसी अन्य ड्यूटियां जो चिकित्सा अधिकारी, (प्रभारी) या अधीक्षक द्वारा उन पर अधिरोपित की जाएं, में चिकित्सा अधिकारी की सहायता करेगा। (6) कारागारों जहां कहीं एक भेषजी से अधिक है, में चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) उनकी डयूटी इस प्रकार से व्यवस्थित करेगा कि कम से कम एक हमेशा कारागार में हाजिर रहे जिसमें रात भी शामिल है।
नर्सिंग स्टाफ।	**512.** (1) कारागार में नियुक्त नर्सिंग स्टाफ नैदानिक कार्य से सम्बन्धित सभी मामलों में चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) तथा चिकित्सा अधिकारी के विधिपूर्ण आदेशों का पालन करेगा तथा सभी अन्य मामलों में अधीक्षक तथा उप अधीक्षकों के आदेशों का भी पालन करेगा। (2) रात के समय के दौरान, अपेक्षित नर्सिंग अर्दली, जहां कहीं एक से अधिक है, रात की डयूटी पर चिकित्सा अधिकारी की सहायता के लिए रात–दिन कारागार अस्पताल के भीतर डयूटी पर स्वयं को उपलब्ध रखेंगे।
कारागार अस्पतालों के लिए रोगात्मक लैब तथा अन्य सुविधाएं।	**513.** प्रत्येक कारागार अस्पताल समय–समय पर, सरकार द्वारा यथा विनिश्चित रोगात्मक लैब तथा ऐसी अन्य सुविधाओं से सज्जित होगा।
बन्दियों की जांच।	**514.** (1) किसी बीमारी से पीड़ित प्रत्येक बन्दी को या तो बाहरी रोगी के रूप में या भीतरी रोगी के रूप में चिकित्सा उपचार प्रेक्षण के अधीन लाया जाएगा तथा उसका नाम उचित रजिस्टर में अभिलिखित किया जाएगा।

	(2) किसी भी बन्दी को अस्पताल रजिस्टर में लाए बिना चिकित्सा प्रेक्षण के अधीन चार घण्टे से अधिक के लिए अस्पताल में निरूद्ध नहीं किया जाएगा अर्थात् यदि लम्बी अवधि के लिए उसे निरूद्ध करना आवश्यक है, तो उसे भरती करना चाहिए। (3) बाहरी–रोगी सेवा सोमवार से शनिवार तक बन्दियों को मुहैया कराई जाएगी, जबकि आपातकालिन सेवाएँ 24 x 7 उपलब्ध होंगी। (4) चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) अस्पताल में सभी बीमार बन्दियों तथा प्रेक्षण के अधीन बन्दियों से प्रतिदिन मुलाकात करेगा। (5) वह विनिश्चिय करेगा कि क्या बन्दी को अस्पताल में भरती किया जाएगा या से विमुक्त किया जाएगा।
बाहरी अस्पताल में बैड–हैड टिकट तथा रैफरल।	**515.** अस्पताल में भरती बीमार बन्दियों की संख्या भीतरी रोगी के रजिस्टर में प्रतिदिन अभिलिखित की जाएगी। उनका उपचार तथा आहार बैड–हैड टिकट में अभिलिखित किया जाएगा। बन्दी जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार अपेक्षित है, को विशेषज्ञ सेवाओं वाले कारागार के बाहर अस्पतालों में भेजा जाएगा।
बीमार बन्दियों को हल्का कार्य दिया जाना।	**516.** जैसे कि शारीरिक कसरत की कुछ मात्रा कुछ मामलों में स्वास्थ्य में सुधार के लिए सलाह दी जाती है, बन्दी जो अधिक बीमार नहीं है को कुछ हल्का कार्य दिया जा सकता है।
रिश्तेदार को गम्भीर बीमारी की सूचना।	**517.** किसी बन्दी की गम्भीर बीमारी के बारे में सूचना उसके रिश्तेदारों को दी जाएगी। विचारण भुगतने वाले बन्दियों के मामले में सूचना सम्बन्धित न्यायालय को भी दी जाएगी।
चिकित्सा आहार।	**518.** (1) बीमार बन्दी जब अस्पताल में हो का आहार चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) द्वारा सलाह के अनुसार होगा जो या तो बन्दी को साधारण कारागार आहार पर रख सकता है या उसमें किसी उपान्तरण सहित या बिना नियमित अस्पताल आहार पर उसे रख सकता है या कोई अनुपूरक शामिल कर सकता है, जो वह अधीक्षक के परामर्श से आवश्यक समझे। (2) अपेक्षित अस्पताल आहार की संख्या तथा ब्योरे दर्शाने वाला मांगपत्र भण्डारी को प्रतिदिन प्रातःकाल 9 बजे के पहले भेजा जाएगा। सावधानी बरती जाएगी कि आहार समय पर बन्दियों तक पहुंच जाए। आपातिक मांगपत्र आकस्मिक मामलों में तुरन्त भेजा जा सकता है, किन्तु आवश्यकता के मामले के सिवाए बचा जाएगा। (3) अस्पताल आहार की अपेक्षित विशेष तैयारी रसोई में बनाई जाएगी तथा चिकित्सा अधिकारी प्रायः इन आहारों की जांच करेगा तथा वजन से स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि विहित वस्तुओं की सम्पूर्ण मात्रा मौजूद है तथा कि वे भली भान्ति बनाया गया है।
अस्पताल वस्त्र तथा बिस्तर।	**519.** (1) प्रत्येक बन्दी को अस्पताल में प्रवेश पर अस्पताल वस्त्र तथा बिस्तर दिए जाएंगे, उस बन्दी के वस्त्र तथा बिस्तर वापस लिए जाएंगे तथा अस्पताल से उसकी मुक्ति पर उसको वापस लौटा दिए जाएंगे। सावधानी बरती जाएगी कि वस्त्र तथा बिस्तर सफाई के प्रयोजन के लिए प्रायः बदले जाते हों तथा सभी वस्त्र तथा बिस्तर सम्पूर्ण रूप से विसंक्रमित किए जाएंगे। (2) अस्पताल प्रयोग के लिए अपेक्षित वस्त्र तथा बिस्तर की मात्रा अधीक्षक को चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) द्वारा सही समय पर सूचित की जाएगी, जो महानिदेशक की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत कारागार वस्त्र के साधारण मांग पत्र में उन्हें शामिल करेगा। आहार, वस्त्र तथा बिस्तर से अन्यथा वस्तुओं के लिए चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) पत्र द्वारा या अपनी डायरी में प्रविष्टि द्वारा मांग करेगा।
आपात में दवाईयों की खरीद।	**520.** प्रतिदिन प्रयोग के लिए अपेक्षित सभी दवाईयों का बल्क खरीद द्वारा स्टाक करने के प्रयास किए जाएंगे। तथापि, अपवादिक बीमारी के मामलों में तथा आपातिक मांग को पूरा करने के लिए अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की सिफारिश पर, कोडल औपचारिकताओं का विधिवत् पालन करके दवाईयां खरीद सकता है, आपातिक या अन्य साधारण अपेक्षाओं के मामले में जीवन रक्षक दवाईयां आवश्यक कोडल औपचारिकताएं विधिवत् पालन करके थोक दरों पर स्थानीय बाजार से खरीदी जा सकती है।

नर्सिंग अर्दली के रूप में बन्दी।	**521.** (1) बीमार की परिचर्या के प्रयोजन के लिए कुछ शिक्षित तथा लम्बे दण्डादिष्ट के कुछ अच्छे आचरण वाले बन्दियों को चिकित्सा अधिकारियों के साथ परामर्श करके अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा चयनित किया जाएंगा तथा नर्सिंग अर्दली के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। (2) नर्सिंग अर्दली के रूप में नियोजित बन्दियों की संख्या साधारणतः प्रत्येक दस रोगियों के लिए एक के अनुपात में होगा। महामारी तथा अन्य आपातों के समय इस अनुपात को बढ़ाया जा सकता है : परन्तु अधीक्षक, यदि वह उचित समझे, अच्छे व्यवहार वाले विचाराधीन बन्दी को नर्सिंग अर्दली के रूप में भी प्रतिनियुक्त कर सकता है, जो ऐसे कार्य के लिए अभ्यस्त है तथा स्वैच्छिक रूप से सेवाएं देते हों।
बन्दी का स्थानांतरण।	**522.** (1) जहां चिकित्सा अधिकारी की सलाह के अनुसार, किसी बन्दी या विचाराधीन बन्दी को कारागार या अन्य आपातिक उपचार के लिए जो स्वतः कारागार अस्पताल में उचित रूप से नहीं दिया जा सकता, कारागार से बाहर अस्पताल में ले जाना आवश्यक है, तो जिला पुलिस, नियम 268 के अनुसार पर्याप्त पुलिस एस्कोर्ट मुहैया करेगी। **टिप्पण–1:–** पुलिस एस्कोर्ट गार्ड अधीक्षक के आदेशों के अनुसार किसी चिकित्सा अत्यावश्यकता में बाहरी अस्पताल के लिए बन्दी को रक्षण हेतु सभी केन्द्रीय तथा जिला कारागारों में तैनात किए जाएंगे। यदि उच्च–जोखिम बन्दी को बाहरी अस्पताल में ले जाया जाता है, तो स्थानीय पुलिस थाने की पुलिस नियन्त्रण कक्ष वैन निरन्तर एस्कोर्ट गार्ड के साथ जाएगी। **टिप्पण–2:–** अत्यधिक आकस्मिक संकट (तथा पुलिस एस्कोर्ट गार्द की अनुपलब्धता) के मामले में, अधीक्षक वार्डर गार्ड के प्रभार में बाहरी अस्पताल में बीमार बन्दी को भेज सकता है तथा ऐसी वार्डर गार्ड यथा सम्भव शीघ्र पुलिस गार्ड से बदले जाएंगे। यदि उच्च–जोखिम बन्दी बाहरी अस्पताल में ले जाया जा रहा है, तो सहायक अधीक्षक की पदवी के किसी अधिकारी को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। स्थानीय पुलिस थाने की पुलिस नियन्त्रण कक्ष वैन, निरन्तर कारागार गार्ड के साथ जाएगी। (2) अधीक्षक बन्दी वार्ड तथा उसमें भरती बन्दी की सुरक्षा की जांच के नियमित निरीक्षण के लिए व्यवस्था करेगा। किसी भी बाहरी या अप्राधिकृत व्यक्ति को अस्पताल में बन्दी से मिलने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। तथापि, परिवार के सदस्यों को अधीक्षक द्वारा बन्दी से मुलाकात करना अनुज्ञात किया जा सकता है। (3) बन्दियों के उपचार के सम्बन्ध में अस्पताल प्राधिकारियों द्वारा उपगत सभी खर्च कारागार विभाग द्वारा उठाए जाएंगे, यदि सरकारी अस्पताल के मामले में स्वास्थ्य विभाग के बजट से पूरा नहीं किया गया हो।
विशेष मामलों में बन्दी द्वारा उनके अपने खर्च पर बाहरी उपचार प्राप्त करना।	**523.** विशेष मामलों में बन्दियों को उनके अपने खर्च पर किसी बाहरी विशेषज्ञ से उपचार कराने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है। यदि कोई ऐसा आवेदन बन्दी से प्राप्त होता है, तो निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, अर्थात्:– (क) चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) अपनी सिफारिशों सहित अधीक्षक को बन्दी का आवेदन भेजेगा; (ख) अधीक्षक सिविल सर्जन को बन्दी के आवेदन की प्रति सहित ऐसी सिफारिश भेजेगा जो सिफारिश का सत्यापन करेगा; (ग) बन्दी के आवेदन सहित सत्यापित सिफारिश तथा अधीक्षक की सिफारिश अनुमोदन के लिए महानिदेशक को भेजी जाएगी; (घ) महानिदेशक मामले की जांच करेगा तथा अनुमोदन प्रदान करेगा या इनकार करेगा जिसे अधीक्षक को सूचित किया जाएगा; (ङ) ऐसे उपचार तथा पुलिस एस्कोर्ट के लिए खर्च स्वयं बन्दी द्वारा उठाया जाएगा।
मिथ्या रोगी का उपचार।	**524.** यदि चिकित्सा अधिकारी की राय है कि बन्दी मिथ्यारोगी है, तो वह तुरन्त अधीक्षक को तथ्य की रिपोर्ट करेगा। कोई भी उपचार जाली बीमारी के बन्दी को नहीं दिया जाएगा। रोगनाशक प्रयोजन से अन्यथा के लिए उपचार पूर्ण रूप से वर्जित है।

भूख–हड़ताल पर बन्दियों का उपचार।	**525.** (1) भूख हड़ताल पर बन्दियों के साथ अतिसंवेदनशील रूप से निपटा जाएगा। उन्हें भोजन नियमित रूप से दिया जाएगा तथा यदि आवश्यक हो, तो जबरदस्ती खाना खिलाया जाएगा। सभी ऐसे मामलों में प्रतिदिन रिपोर्ट महानिदेशक को भेजी जाएगी। (2) कारागार प्राधिकारियों की उनके प्रभार में रखे गए बन्दियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जो वो कर सकते हैं उसे करने की डयूटी है तथा यदि भूख–हड़ताल के कारण बन्दी की स्वयं की मृत्यु सम्भावित है, तो चिकित्सा अधिकारी, अपने विवेक से, ऐसी अवस्था में जो वह उचित समझे,निर्देश दे सकता है कि बन्दी को जबरदस्ती खाना खिलाया जाए, यदि उसकी राय में केवल यह उसको जीवित रखने का साधन है। जबरदस्ती भोजन अनावश्यक हिंसा से नहीं खिलाया जाएगा। जब तक जबरदस्ती भोजन खिलाने की आवश्यकता न हो, चिकित्सा अधिकारी द्वारा अनुमोदित भोजन भूख हड़ताल करने वाले के उपभोग के लिए उसकी तरफ नियमित रूप से रखा जाएगा तथा समय–समय पर नवीकृत किया जाएगा।
अवैध समूह।	**526.** (1) अवैध समूह निम्नलिखित का होगा, अर्थात्:– (क) वे व्यक्ति जो आयु द्वारा या शारीरिक दुर्बलता द्वारा, कारागार कार्य करने से शारीरिक रूप से तथा स्थाई रूप से अयोग्य ठहराए गए है; वे समूह के स्थाई सदस्य होंगे; या (ख) वे जिन्हें स्वास्थ्य लाभ करने वाले के रूप में अस्पताल से विमुक्त किया गया है, किन्तु कारागार कार्य करने के लिए अस्थाई रूप से अयोग्य है; या (ग) कारागार कार्य करने के लिए स्थाई रूप से अयोग्य ठहराए गए या अस्पताल से हाल में विमुक्त या किसी सक्रिय बीमारी के अधीन पीड़ित, भार में निरन्तर गिरावट के रूप में पाए जाने वाले बन्दी या जो अरक्तक है, से अन्यथा बन्दी। (2) अवैध समूह के बन्दियों को उनकी संख्या के अनुकूल कुछ हल्का कार्य दिया जाएगा तथा जहां तक संभव हो दिन तथा रात दोनों तक आहार तथा प्रेक्षण के प्रयोजन के लिए इकट्ठे रखे जाएंगे। उक्त बन्दियों का रजिस्टर अनुरक्षित किया जाएगा तथा किसी भी बन्दी को चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की अनुमति के बिना इस समूह में नहीं रखा जाएगा या से विमुक्त नहीं किया जाएगा। उन्हें चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन तथा चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) द्वारा सप्ताह में एक बार जांचा जाएगा।
महामारी दौरान पूर्वावधानता।	**527.** (1) जब महामारी बीमारी किसी कारागार के अहाते में विद्यमान हो, तो स्टाफ तथा संक्रमित स्थान के बीच सम्पर्क को रोका जाएगा; ऐसे जिलों से आने वाले बन्दियों को सावधानीपूर्वक जांचा जाएगा तथा कारागार में प्रवेश से पूर्व पूर्णतया विसंक्रमित किया जाएगा। फिर उन्हें कम से कम दस दिन की अवधि के लिए या ऐसी रीति, जो चिकित्सा अधिकारी उचित समझे, में अलग तथा उपचारित किया जाएगा। (2) उन सभी बन्दियों को जो सफाई वार्ड में नियोजित हैं जिसमें महामारी दस्त, हैजा, प्लेग, स्वाईन फ्लू आदि हुए हैं या जो प्रथम रोगलक्षण दिखाई देने के बाद रोगी के सम्पर्क में आए हैं, को किसी पृथक भवन में चिकित्सा प्रेक्षण के अधीन रखने के लिए उच्चतम ध्यान दिया जाएगा। इन विसंक्रमित करने वाली पार्टियों को, जहां तक सम्भव हो, उन बन्दियों में से चयनित किया जाएगा जो उसी वार्ड या बैरक में परिरूद्ध किए गए हैं, उस वार्ड जिसमें महामारी बीमारी का मामला प्रकट हुआ है। (3) बैरक, जिनमें कोई मामला पाया गया है, तुरन्त खाली की जाएगी तथा सहवासियों के लिए आबंटित किए जाने वाले अन्य आवास, जो इकट्ठे रखे जाएंगे, तथा अन्य बन्दियों को किसी भी कारण से मिलाया नहीं जाएगा। रिक्त बैरकों को पूर्णतया विसंक्रमित किया जाएगा। (4) चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश पर, पेय जल को सम्पूर्ण रूप से उबाला जाएगा। कथित प्रयोजन तथा उचित रूप से उबालना सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपकरण का प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए ध्यान दिया जाएगा। (5) आरम्भिक मामलों का पता लगाने के उद्देश्य से बन्दियों की साधारण स्थिति की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाएगी। बन्दी अधिकारी के लिए बीमारी के किसी लक्षण की तुरन्त रिपोर्ट करना अपेक्षित होगा तथा प्रायः साधारण से अधिक शौच जाने वाले बन्दी को प्रेक्षण के अधीन रखा जाएगा। (6) संक्रमित वार्ड के सहवासियों के वस्त्र तथा बिस्तर या तो उबलते पानी में 30 मिनट के लिए निमज्जित किए जाएंगे या रोगाणुनाशी घोल में भिगोए जाएंगे तथा फिर सुखाए जाएंगे तथा उनके नहाने के बाद उन्हें वापस किए जाएंगे। संक्रमित मरीजों द्वारा प्रयुक्त अस्पताल वस्त्र तथा बिस्तर को उपयुक्त उपकरण का प्रयोग करके जलाया जाएगा।

	(7) जब कभी किसी कारागार में महामारी बीमारी अभिभावी हो, तो प्रतिदिन रिपोर्ट महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी। इस रिपोर्ट में चिकित्सा अधिकारी महामारी की प्रगति, उपाय जो वह उसे रोकने के लिए कर रहा है तथा कोई सूचना जिसे वह महत्वपूर्ण समझे का संक्षिप्त नोट देगा। इस विवरणी की एक प्रति महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं को भी भेजी जाएगी। (8) महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं के परामर्श से महानिदेशक मरक–विज्ञानी जांच करवा सकता है, या रिपोर्ट मांग सकता है जब कभी वह ऐसी कार्यवाही उचित समझता है। (9) केन्द्रीय सरकार, सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सभी दिशा–निर्देशों का अतिसावधानी से पालन किया जाएगा।
क्षेत्र जहां संक्रामक रोग का प्रकोप या फैलाव पाया गया है से प्राप्त बन्दी।	**528.** प्रकोप के क्षेत्र से भरती बन्दियों को समय–समय पर चिकित्सा अधिकारी द्वारा दी गई सलाह के अनुसार ऐसी अवधि के लिए विशेष चिकित्सा प्रेक्षण के अधीन रखा जाएगा, ताकि उनके कारावास तथा कारागार आहार को नोट किया जा सके तथा आगे फैलने से रोका जा सके।
आवधिक स्वास्थ्य कैंप तथा टेलिमेडिसिन।	**529.** (1) सिविल सर्जन के परामर्श से अधीक्षक, किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी मामले के लिए सभी बन्दियों की सम्पूर्ण जांच करने के लिए, प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार या यथा अपेक्षित यथा प्रायः स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा। इस प्रयोजन के लिए, सिविल सर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेगा। उन बन्दियों जिनकी बीमार के रूप में पहचान की गई है तथा विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, को विशेष उपचार मुहैया कराने के लिए व्यवस्था की जाएगी। (2) जहां तक साध्य हो, प्रत्येक कारागार अस्पताल के रूप में टैलीमैडिसिन (दूर चिकित्सा) मुहैया कराने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जाएंगे।
जैव–अपशिष्ट उपचार।	**530.** चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का केन्द्रीय अधिनियम 29) के अधीन अधिसूचित जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबन्धन नियमों के अनुसार उत्पन्न जैव अपशिष्ट के उचित निपटान के लिए उपयुक्त व्यवस्था करेगा
चिकित्सा रजिस्टर तथा प्ररूपों का अनुरक्षण।	**531.** (1) केवल बीमार बन्दियों के मामलों को किन्हीं विहित चिकित्सा रजिस्टरों में दर्ज किया जाएगा। यदि कोई स्टाफ सदस्य उपचार प्राप्त करता है, तो अलग रिकार्ड रखा जा सकता है। (2) अंतररंग रोगी रजिस्टर चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) के नियन्त्रण तथा जिम्मेवारी के अधीन रखा जाएगा जो स्वयं बीमार बन्दियों की मासिक विवरणी में नियोजित बीमारियों की संशोधित नामावली के अनुसार रोगी की बीमारी के ब्योरे दर्ज करेगा। (3) बहिरंग रोगी रजिस्टर में, ऐसी लघु बीमारी, जिनके लिए अस्पताल में भरती करना आवश्यक नहीं है, के लिए उपचाराधीन सभी बन्दियों के ब्योरे, दर्ज करेगा। (4) बीमार आहार तथा अतिरिक्त की अस्पताल पंजी अनुरक्षित की जाएगी। (5) प्रिस्क्रिप्शन पुस्तक में प्रेक्षण अधीन बन्दियों को जारी प्रत्येक प्रिस्क्रिप्शन दर्ज किया जाएगा। (6) बहिरंग–रोगी तथा अवैध समूह में बन्दियों के लिए प्रिस्क्रिप्शन को अलग पुस्तक में दर्ज किया जाएगा। (7) कोई अन्य रजिस्टर जिसे चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) अपनी डयूटियों के लिए आवश्यक तथा उचित समझे।
चिकित्सा स्टाफ की सुरक्षा।	**532.** चिकित्सा अधिकारी तथा स्टाफ जब वे कारागार परिसरों में अपनी डयूटी कर रहे हों, को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने के लिए अधीक्षक की डयूटी होगी।

<table>
<tr><td>शैक्षिक कार्यक्रमों के उद्देश्य।</td><td>

अध्याय 29

बन्दियों की शिक्षा तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण

533. कारागार में संस्थित किए जाने वाले शैक्षिक कार्यक्रमों के निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य होंगे,—
(क) पढ़ने, लिखने तथा अंकगणित के सम्बन्ध में साक्षरता सहित शिक्षा के कुछ न्यूनतम स्तर को प्राप्त करने के लिए अनपढ़ सहवासियों को अवसर मुहैया करवाना;
(ख) उनके शैक्षिक मानकों को बढ़ावा देने के लिए साक्षर सहवासियों के लिए सुविधाएं बढ़ाना।
</td></tr>
<tr><td>शैक्षिक कार्यक्रम की विषय—वस्तु।</td><td>

534. शैक्षिक कार्यक्रम में निम्नलिखित शामिल होगा;—
(क) शारीरिक कसरत, योग, स्वास्थ्य तथा निजी स्वास्थ्य—विज्ञान सहित शारीरिक तथा स्वास्थ्य शिक्षा;
(ख) प्राथमिक तथा उच्च विद्यालय ग्रेड के विषयों में शिक्षा के माध्यम से प्रोढ साक्षरता सहित शैक्षिक शिक्षा;
(ग) सामाजिक शिक्षा जिसमें नागरिक शास्त्र में तथा मूल विधिक ढांचे,जिन पर समाज जैसे ग्राम पंचायतें, सहकारिता इत्यादि चलाती हैं;में शिक्षा देना शामिल होगा।
(घ) व्यावसायिक शिक्षा अर्थात् समाज में नियमित कार्यबल का भाग बनने के लिए बन्दी को समर्थ बनाने के लिए अतिरिक्त कौशल/वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देना;
(ङ) नैतिक तथा आध्यात्मिक शिक्षा, विवेचन, समूह प्रार्थना, नैतिक मूल्यों इत्यादि से सम्बन्धित साहित्य के चयनित कार्यो को पढ़ना;
(च) सहवासियों की कारगर भागीदारी से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन सहित सांस्कृतिक शिक्षा।
</td></tr>
<tr><td>शैक्षिक नीति तथा आयोजना।</td><td>

535. (1) शैक्षिक पालिसी ऐसी रीति में सूत्रबद्ध की जाएगी जो समाज की मुख्य धारा में बन्दी के पुनर्वास के मूल उद्देश्य सहित वर्तमान सामाजिक पर्यावरण के लिए उपयुक्त तथा आवश्यक हो।

(2) सभी प्रौढ़ निरक्षर बन्दियों को शिक्षा अनिवार्य होगी तथा शिक्षा कारागार से उनकी रिहाई से पूर्व पढ़ने तथा लिखने में उन्हें समर्थ बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार शिक्षा दी जानी है।

(3) शिक्षा तीन स्तरों पर निम्न अनुसार संगठित की जाएगी, अर्थात्:—
(क) पढ़ने, लिखने तथा अंकगणित सहित मौलिक साक्षरता;
(ख) प्राथमिक तथा माध्यमिक (विद्यालय शिक्षा); तथा
(ग) उच्चतर शिक्षा (महाविद्यालय शिक्षा)।

(4) किसी संस्था में बन्दी अध्यापकों सहित अध्यापकों की संख्या सहवासी की जनसंख्या तथा उसके लिए आयोजित शैक्षिक कार्यक्रमों के अनुसार नियत की जाएगी। सुशिक्षित तथा सुशील बन्दियों को अध्यापकों के रूप में प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

(5) यदि कोई बन्दी, जो अपने कारावास से पूर्व अध्ययन जारी रख रहा था, अपना अध्ययन जारी रखने तथा किसी बोर्ड या विश्व—विद्यालय या संस्था द्वारा आयोजित किसी परीक्षा में बैठने के लिए इरादा अभिव्यक्त करता है, तो उसे वह जारी रखने के लिए सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

(6) बन्दियों को विभिन्न सरकारी विभागों तथा शैक्षिक संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने के लिए उन्हें समर्थ बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा तथा सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

(7) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्था, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र कारागारों में स्थापित किए जाएंगे। बन्दियों को कारागार में स्थापित अध्ययन केन्द्रों में प्रशिक्षण लेने तथा मुक्त विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बन्दियों के मामले में अध्ययन सामग्री तथा फीस के सभी खर्च सरकार द्वारा उठाए जाएंगे।

(8) बन्दियों को पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद सम्बन्धित प्राधिकरणों द्वारा संचालित विभिन्न परीक्षाओं में भाग लेने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा। बन्दी जो इन परीक्षाओं को पास करता है, को उसी प्रकार प्रमाण—पत्र प्रदत्त किए जाएंगे जो नियमित विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्रों
</td></tr>
</table>

	को प्रदत्त किए जाते हैं। यदि सम्भव हो तथा उचित समझा जाए, तो उन्हें दीक्षान्त समारोह में भेजा जा सकता है। उत्कृष्ट बन्दियों के लिए प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार या छात्रावृत्तियों की सिफारिश की जाएगी। **टिप्पणः–** जहां तक संभव हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बन्दियों को जारी किए गए प्रमाणपत्रों में कारागार स्थापना से अर्जित की गई शिक्षा का कोई संदर्भ नहीं दिया जाए। (9) बन्दी जो सूचना तथा प्रौद्योगिकी तथा मूल इंजीनियरिंग कौशल के विषय में तकनीकी मानक अर्जित करना चाहते हैं, को जहां कहीं सम्भव हो सभी आवश्यक उपकरण तथा प्रशिक्षण अवसर मुहैया कराया जा सकता है। (10) अधीक्षक राज्य में कारागारों के लिए आविष्कृत शिक्षा कार्यक्रम के लागूकरण में सहयोग तथा सहायता प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के प्राधिकारियों से सम्पर्क करेगा।
कारागार विद्यालय।	**536.** (1) प्रत्येक कारागार में एक कारागार विद्यालय होगा। अध्यापक विभागीय रूप से भर्ती किए जाएंगे या शिक्षा विभाग से स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति पर लिए जा सकते हैं। साक्षर बन्दी, जिनका आचरण अच्छा है, को दूसरों को शिक्षा प्रदान करने में प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित सहवासी कारागारों के लिए आविष्कृत शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करने में नियमित अध्यापकों की सहायता करेंगे। बन्दी अध्यापकों को ''कुशल'' कर्मकारों के रूप में नियोजित बन्दियों के बराबर प्रोत्साहन का भुगतान किया जाएगा। विख्यात गैर–सरकारी संगठनों की सेवाएं भी कथित प्रयासों में ली जाएंगी। अध्यापकों को महानिदेशक द्वारा संविदा आधार पर भी नियुक्त किया जा सकता है। (2) आवश्यक साज–समान जैसे पुस्तकें, लेखन–सामग्री, लिखने का सामान इत्यादि सरकार की लागत पर मुहैया करवाया जाएगा। शैक्षिक प्रयोजनों के लिए आडियो–विडियों उपकरण के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। कारागार विद्यालय विहित मानकों तथा मूल अवसरचना के अनुरूप होगा जैसे स्वतन्त्र भवन, फर्नीचर, शौचघर, जल सुविधा, जिसमें अच्छा संवातन शामिल है, सुनिश्चित किया जाएगा। (3) पाठ्यक्रम प्रत्येक सहवासी समूह की आवश्यकता के अनुसार तैयार किया जाएगा। जहां तक संभव हो, बन्दियों को शिक्षा राज्य की शैक्षिक प्रणाली से एकीकृत की जाएगी ताकि रिहा किए गए बन्दी किसी कठिनाई के बिना अपनी शिक्षा जारी रखने में समर्थ हो सकें। (4) शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कारागार शिक्षा की कारगरता को बढ़ाने में तथा इसे अधिक अर्थपूर्ण बनाने में सभी सम्भव सहायता भी मांगी जाएगी।
कारागार पुस्तकालय।	**537.** (1) नीचे बताए गए उद्देश्यों सहित कारागार पुस्तकालय में निम्नलिखित सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, अर्थात्:– (क) पुस्तकालय में पुस्तकें सहवासियों के विभिन्न शैक्षिक मानकों, बौद्धिक आवश्यकताओं की सन्तुष्टि तथा ज्ञान के विकास की आवश्यकताओं को पूरा करना में होनी चाहिए; (ख) कारागार पुस्तकालय पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा समाचार–पत्रों से पर्याप्त रूप से सज्जित किया जाएगा जो बन्दियों को जारी किए जाएंगे तथा बन्दियों को पढ़ने की आदतें विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा; (ग) शिक्षित सिद्धदोष बन्दी को पुस्तकों तथा अन्य पठन सामग्री के प्रबन्धन तथा पुस्तकालय चलाने के लिए लगाया जा सकता है। पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों तथा पत्रिकाओं को संगठित करने के लिए शैक्षिक कार्मिक द्वारा वर्गीकरण/सूचीबद्ध करने के लिए उचित तरीका अपनाया जाएगा ताकि बन्दियों द्वारा प्रयोग के लिए तथा प्रशासकीय/रिकार्ड प्रयोजनों के लिए इसे सुविधाजनक बनाया जा सके। (घ) गैर–सरकारी संगठनों द्वारा पुस्तकों का दान स्वागत किया जाएगा तथा लोक तथा सरकारी विद्यालयों को बन्दियों के लिए कारागार के भीतर चलाए जा रहे शैक्षिक कार्यक्रमों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है; तथा (ङ) अधीक्षक कारागार पुस्तकालय के लिए पुस्तकों का उचित संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए पहल करेगा।

	(2) पुस्तकालय में पुस्तकों का अर्धवार्षिक सत्यापन प्रत्येक वर्ष जून तथा दिसम्बर में अधीक्षक या उसके नामनिर्देशिती द्वारा किया जाएगा।
शैक्षिक कार्मिक की ड्यूटी।	**538.** कारागारों में शिक्षा सुधारात्मक उपचार के उद्देश्य के लिए महत्वपूर्ण साधन होने के कारण शिक्षा कार्मिक अपनी ड्यूटी बन्दियों को शिक्षा के व्यापक कार्यक्रम के प्रस्ताव के सम्बन्ध में इस प्रकार निर्वहन करेंगे तथा शिक्षा पदाधिकारियों की विशिष्ट ड्युटियां निम्न अनुसार होंगी, अर्थात्:– (क) स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक तथा नैतिक शिक्षा को कवर करने के लिए विविध शैक्षिक कार्यक्रमों का संचालन करना; (ख) कारागार शिक्षा तथा मुख्यधारा शिक्षा के बीच सहजीवी नेटवर्क सृजित करना; (ग) नए भरती सहवासियों के उनकी शैक्षिक उपयुक्तता, योग्यता तथा रूचियों के अवधारण के लिए स्क्रीनिंग करना; (घ) वर्गीकरण समिति के कार्य में भागीदारी; (ङ) कारागार परिसरों में साहित्यिक, सामाजिक–सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक कार्यक्रमों का संचालन करना; (च) सहवासियों की शैक्षिक प्रगति की परीक्षा तथा जांच तथा समय–समय पर निर्धारण की व्यवस्था करना; (छ) शैक्षिक कार्यक्रमों को, यदि आवश्यक हो, समय–समय पर बढ़ावा देना/उचित परिवर्तन करना; (ज) पर्याप्त पठन सामग्री सहित पुस्तकालय का अनुरक्षण करना; तथा (झ) श्रव्य–दृश्य तथा आवश्यक आई. टी. अवसंरचना के लिए पर्याप्त प्रावधान सुनिश्चित करना।
कौशल विकास कार्यक्रम तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के उद्देश्य।	**539.** व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा कौशल विकास कार्यक्रम बन्दियों के कारागार में उपचार का मुख्य आधार बनेंगे, इसके कारण कारागार के भीतर अवधि दोहरा प्रयोजन है अर्थात् प्रथमतः कठोरीकृत अपराधियों की मुक्ति की सीमा तक ताकि उन द्वारा अपराध को करने से आगे रोका जा सके,द्वितीयतः यह सुनिश्चित करना कि सभी बन्दियों को सुधारना है तथा फलस्वरूप समाज की मुख्य धारा में लाने के योग्य बनाना है। इस विचारण को ध्यान में रखकर, कारागार मुख्यालय के पर्यवेक्षण के अधीन तथा मार्गदर्शन से, प्रत्येक कारागार निम्नलिखित उद्देश्यों सहित व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा कौशल विकास के लिए कार्यक्रम करेगी,– (क) बन्दियों में अनुशासन तथा कार्य पालन को मन में बैठाना है; (ख) कार्य तथा श्रम की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सही मनोवृत्ति का विकास करना; (ग) निम्नलिखित उन्नत करना,– (i) बन्दियों की शारीरिक तथा मानसिक तंदुरूस्ती; (ii) बुद्धिमान हस्त श्रम के माध्यम से दिमाग का उचित विकास; (iii) मैत्रीभाव तथा जीने की सहयोगी शैली; (iv) भाईचारे की अनुभूति; (घ) सतत् परिश्रम के लिए क्षमता का विकास; (ङ) कार्य में एकाग्रता, स्थिरता, नियमितता तथा यथार्थता की आदत का निर्माण; (च) कार्य–निपुणता प्रदान करना तथा सुधार; (छ) बन्दियों में आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता का विकास; (ज) कारगर सामाजिक पुनः समायोजन तथा पुनर्वास प्राप्त करने के लिए बन्दियों को प्रशिक्षण देना तथा तैयार करना; (झ) व्यावसायिक स्वतः पर्याप्ति मन में बैठाना जिससे बन्दियों में आर्थिक सुरक्षा की अनुभूति सृजित करना; (ञ) अर्थपूर्ण तथा उत्पादक कार्य में बन्दियों को लाभदायक रूप से नियोजित रखना; (ट) सहवासियों में आलस्य, अनुशासनहीनता तथा अव्यवस्था से रोकना;

	(ठ) उन में मनोबल के अच्छे स्तर को बनाए रखना तथा इस प्रकार उनमें स्वतः गुण तथा संस्थागत अनुशासन की अनुभूति को उन्नत करना।
व्यावसायिक प्रशिक्षण परियोजनाएं।	**540.** व्यावसायिक प्रशिक्षण परियोजनाओं को पुनर्वास आवश्यकताओं के दृष्टिगत निम्नलिखित विषयों में अभिकल्पित/संस्थित किया जाएगा, अर्थात्:– (क) लघु उद्योग; (ख) कुटीर तथा ग्राम उद्योग; (ग) अनिवार्य सेवा तथा रखरखाव कार्य जैसे नलसाजी–विद्युत फिटिंग इत्यादि; (घ) कृषि–आधारित उद्योग तथा सहबद्ध क्षेत्र; तथा (ङ) लोक निजी भागीदारी के माध्यम से आधुनिक उद्योग तथा वाणिज्यिक इकाई।
व्यावसायिक प्रशिक्षण।	**541.** (1) स्व–रोजगार ट्रेडों तथा व्यवसाय में व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम बन्दियों के लिए प्रत्येक कारागार में आयोजित किए जाएंगे जो उसके लिए रोजगार योग्य तथा वांछित हैं। (2) ऐसे कार्यक्रम विचाराधीन बन्दियों के लिए खुले होंगे जो ऐसा प्रशिक्षण लेने के लिए स्वैच्छिक हैं। (3) स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं को बन्दियों के प्रशिक्षण में सहायता करने के लिए सहबद्ध किया जाएगा। (4) कारागार में विभिन्न प्रशिक्षण परियोजनाओं के दक्ष आयोजन के लिए पर्याप्त स्टाफ होगा तथा यह सहवासियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं के अनुकूल बहुविद्य परियोजनाओं का आयोजन करने के लिए प्रशिक्षण सहायता तथा कक्षाकक्ष सहित उचित रूप से सुसज्जित की जाएगी। (5) कारागार में समरूप समूहों की रचना के अनुसार तथा परियोजनाओं की दिनचर्या तथा समय अनुसूची लिपिबद्ध करने के लिए प्रशिक्षण परियोजनाओं हेतु उचित रूप से परिभाषित संगठन होंगे। (6) प्रशिक्षण परियोजनाओं में उपगत लागत, स्टाफ, उपकरण तथा सामग्री पर खर्च को अपराधियों के प्रशिक्षण तथा पुनर्वास के प्रयोजन के लिए अनिवार्य निवेश के रूप में समझा जाएगा। (7) किशोर अपराधियों, प्रथम बार–अपराधियों तथा अन्य जो प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभ प्राप्त करने के लिए खड़े हो सकते है, को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए विशेष बल दिया जाएगा। (8) प्रत्येक उत्पादन इकाई में तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अर्हक तकनीकी कार्मिक को पर्याप्त संख्या में नियुक्त किया जाएगा तथा ऐसे कार्मिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं या ऐसे कार्य में लगी अन्य सरकारी संस्थाओं से स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति आधार पर, जहाँ कहीं सम्भव हो, कारागार में तैनात किए जा सकते है। अर्हक तकनीकी कार्मिक महानिदेशक द्वारा संविदा आधार पर भी नियुक्त किए जा सकते हैं। (9) व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम लघु, मध्यम तथा लम्बी अवधि कारावास से दण्डादिष्ट बन्दियों की आवश्यकताओं के अनुकूल अभिकल्प किए जाएंगे। (10) व्यवहार्य तथा व्यावहारिक आधार पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग, उद्योग निदेशालय, (कुटीर उद्योगों सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बहुशिल्प, व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्था तथा निदेशक, रोजगार मिशन से सम्पर्क स्थापित किया जाएगा। (11) व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के पूरा होने पर, सहवासियों को राज्य के तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जांचा जाएगा तथा विहित परीक्षा पास करने पर, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रशिक्षणार्थियों को विभाग द्वारा नियमित प्रमाणपत्र या डिप्लोमा दिया गया है। (12) कार्य, कार्यक्रमों तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण में अच्छी प्रगति का प्रदर्शन करने वाले सहवासियों को ''प्रोत्साहन'' के उपाय के रूप में उन्हें महत्वपूर्ण कारबार उपक्रमों तथा अन्य सरकारी स्वामित्वाधीन उद्योगों में मुलाकात करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा। (13) कारागार उद्योग सरकार द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक या उत्पादन इकाईयों को चलाने के लिए अनुमति या अनुज्ञप्ति या मांग के मामले में अधिमान्य निरूपण देगा तथा कार्यकारी तथा पर्यवेक्षी कार्मिक द्वारा प्रबन्धन की आधुनिक प्रणाली में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

तकनीकी कार्मिक की ड्युटियाँ।	**542.** (1) तकनीकी कार्मिक सुधारात्मक प्रक्रिया के महत्वपूर्ण घटक के रूप में व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा विविध उत्पादक कार्य के लिए कार्यक्रम के विकास के लिए जिम्मेवार होगा। (2) तकनीकी रूप से अर्हक तथा प्रशिक्षित स्टाफ को आर्थिक पुनर्वास के लिए ज्ञान तथा कौशल मुहैया कराने के समय अन्य स्टाफ कारागार अवसंरचना के उचित अनुरक्षण सुनिश्चित करेगा। (3) तकनीकी कार्मिक निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगा, अर्थात्:— (क) उनके साक्षात्कार तथा सहवासियों, व्यावसायिक इतिवृत्त, कौशल योग्यता तथा रूचि के बारे में डाटा के संग्रहण सहित सहवासियों की व्यावसायिक उपयुक्तता परीक्षा आयोजित करेगा; (ख) सहवासियों के लिए यथा सम्भव, कारगर तथा उचित कार्य तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में सुधार प्रस्तुत करना; (ग) व्यावसायिक प्रशिक्षण परियोजनाओं के लिए योजनाएं तैयार करना; (घ) सहवासियों को नौकरी तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण पर प्रशिक्षुता प्रदान करना; (ङ) प्रशिक्षण प्रयोजनों के लिए सेवा तथा अनुरक्षण इकाई के संसाधनों का उपयोग; (च) कला तथा हस्तशिल्प परियोजनाओं का प्रबन्ध करना; (छ) बन्दियों को प्रशिक्षण; (ज) बन्दियों की प्रशिक्षण की प्रगति रिपोर्ट का अनुरक्षण करना; (झ) कार्यशाला में उपकरण तथा मशीनों को अच्छी कार्य स्थिति उचित अभिरक्षा में रखना तथा दुकान तथा कारखानों का अनुरक्षण करना; (ञ) कर्मशालाओं तथा कारखाना क्षेत्रों में उचित सुरक्षा उपाय अपनाना सुनिश्चित करना; (ट) उनके प्रभार के अधीन क्षेत्र में अनुशासन का अनुरक्षण, आपातिक स्थिति में उपस्थिति होना; (ठ) सहवासियों को कार्य का आबंटन; (ड) विभिन्न अनुभागों में कार्य करने वाले सहवासियों का मस्टररोल (नामावली) का अनुरक्षण करना; (ढ़) सहवासियों को उत्पादन औजार तथा सामग्री देना; (ण) उत्पादन की गुणवत्ता तथा मात्रा पर पर्यवेक्षण; (त) कार्य शीट का अनुरक्षण करना; (थ) कार्य तथा मजदूरी के विभाजन का माप; (द) भण्डारों से कच्ची सामग्री की मांग करना, उनके प्रभार में कच्ची सामग्री का भण्डार करना, कच्ची सामग्री तथा उनके प्रभार में विनिर्मित वस्तुओं, भण्डारों से विनिर्मित वस्तुओं के प्रेषण के लेखों का अनुरक्षण करना; उनके प्रभार के अधीन भण्डार की मासिक जांच करना तथा सम्बन्धित प्राधिकारियों को उसकी रिपोर्ट करना; (ध) उनके नियन्त्रण के अधीन कार्य–शैडों के लिए कार्य योजना तैयार करना तथा उन्हें अधीक्षक को भेजना।
सम्पर्क।	**543.** संस्था, सामग्री तथा अन्य सहायता के लिए अनुमोदित शैक्षिक तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थाओं के साथ सम्पर्क स्थापित करेगी।
परीक्षा के लिए एस्कोर्ट।	**544.** किसी बन्दी को सरकारी सेवा में भरती के लिए विद्यालय बोर्ड परीक्षा, विश्वविद्यालय/संस्थागत परीक्षा, प्रतियोगी परीक्षा या प्रतियोगी परीक्षा साक्षात्कार या शारीरिक क्षमता–परीक्षा या चिकित्सा परीक्षा में बैठने के लिए अधीक्षक द्वारा अनुमति दी जा सकती है, तथापि–इस प्रकार की अनुपति केवल उचित सत्यापन के बाद उचित पुलिस एस्कोर्ट के अधीन दी जाएगी। पुलिस एस्कोर्ट जिला पुलिस जिसकी अधिकारिता के भीतर कारागार स्थित है, द्वारा मुहैया कराई जाएगी।

कारागार मैगजीन का प्रकाशन।	**545.** बन्दियों तथा स्टाफ के प्रशंसनीय कार्यकलापों के प्रकाशन के लिए पत्रिका का वार्षिक प्रकाशन उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार किया जा सकता है।
जवाबदेही।	**546.** उप–अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) द्वारा सहायता प्राप्त अधीक्षक की प्राथमिक जिम्मेवारी होगी कि शिक्षा तथा व्यवसाय के लिए कार्यक्रम उचित भावना में लागू किया गया है तथा कार्यक्रमों की सफलता या असफलता तथा शैक्षिक तथा व्यावसायिक कार्य कलापों की सीमा मुख्य कारकों में से एक कारक होगा जिस पर इन अधिकारियों के कार्य को मूल्यांकित किया जाएगा।

कल्याण कार्यक्रमों के मूल घटक।	**अध्याय 30** **बन्दियों तथा स्टाफ सदस्यों का कल्याण** **भाग–क बन्दियों का कल्याण** **547.** कारागारों में कल्याण प्रोग्रामों को निम्नलिखित उद्देश्यों से किया जाएगा, अर्थात्:– (क) बन्दियों की देखभाल तथा कल्याण सुनिश्चित करना; (ख) संस्था में सकारात्मक तथा रचनात्मक वातावरण विकसित करना; (ग) परस्पर विश्वास पर आधारित उचित कार्मिक–बन्दी सम्बन्ध बनाए रखना; (घ) बाहरी दुनिया में अपने परिवारों तथा समुदायों के साथ नियमित सम्पर्क बनाए रखने में बन्दियों की सहायता करना; (ङ) मार्गदर्शन तथा सलाह मुहैया कराना; (च) माफी, अस्थाई रिहाई, अर्ध–खुली तथा खुली कारागारों में स्थानान्तरण तथा समयपूर्व रिहाई के रूप में स्वतः अनुशासन के लिए प्रोत्साहन की प्रणाली सुनिश्चित करना; (छ) समूह कार्यकलापों तथा स्वास्थ्यकर समाज में रहने के लिए प्रोत्साहित करना; तथा (ज) अच्छी आदतों तथा व्यवहार को मन में बैठाना तथा साधारण जीवन के लिए उन्हें तैयार करना।
परामर्श।	**548.** परामर्श सुविधा निम्नानुसार बन्दियों के लिए विस्तारित की जाएगी, अर्थात्:– (क) व्यावसायिक रूप से अर्हक सलाहकार गरीब बन्दियों, विशेष रूप से दुर्व्यवहार से पीड़ित तथा व्यसनी विकार सम्बन्धी पदार्थ से पीड़ित बन्दियों को सलाह मुहैया कराने के लिए कारागार विभाग द्वारा लगाए जाएंगे; (ख) बन्दियों के मानसिक स्वास्थ्य का उचित तथा नियमित मूल्यांकन कारागार विभाग द्वारा अपेक्षित मनो सामाजिक सहायता सेवा को समर्थ बनाने के लिए किया जाएगा; तथा (ग) गम्भीर मानसिक रोगी के लिए उचित मनोचिकित्सीय उपचार अपेक्षित होगा तथा मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 (2017 का केन्द्रीय अधिनियम 10) के उपबन्धों के अधीन निपटान किया जाएगा।
मार्गदर्शन।	**549.** (1) बन्दियों के अधिकार, कर्त्तव्यों, हकदारी, अनुशासन तथा दिनचर्या से युक्त पैम्फलेट मुद्रित कराए जाएंगे तथा ''करना'' तथा ''नहीं करना'' का पालन करने के लिए बन्दियों को समर्थ बनाने तथा उसके परिरोध के दौरान अनुशासन बनाए रखने के लिए वितरित किए जाएंगे। (2) उपरोक्त साहित्य कारागार पुस्तकालय में भी रखा जाएगा तथा उन बन्दियों को जारी किया जाएगा जो पढ़ सकते है। अनपढ़ बन्दियों को स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वयं या शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए लगे अन्य साक्षर बन्दियों की सहायता से मार्गदर्शनों को समझाया जाएगा।
कैन्टीन सुविधा।	**550.** (1) प्रत्येक कारागार में बन्दियों के लिए दैनिक आवश्यकता तथा अन्य अनिवार्य वस्तुओं के पर्याप्त स्टॉक सहित कैन्टीन सुविधा होगी। कैन्टीन में बेची जाने वाली मदें ऐसी होंगी जो समय–समय पर महानिदेशक द्वारा निर्णीत की जाएंगी। (2) कैन्टीन का प्रबन्धन तथा कार्य इन नियमों के अध्याय 44 के उपबन्धों के अनुसार शासित किए जाएंगे।
मनोरंजन, खेल, फिल्म, पुस्तकालय तथा सांस्कृतिक कार्यकलाप।	**551.** (1) खेल, सांस्कृतिक तथा अन्य मनोरंजनात्मक कार्यकलाप बन्दियों का मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए कारागार शासन–प्रणाली के अनिवार्य भाग के रूप में सभी कारागारों में आयोजित किए जाएंगे। योग तथा विवेचन प्रतिदिन किए जाएंगे जिसके लिए विशेष घण्टे निर्धारित किये जाएंगे। विवेचन के लिए पृथक स्थान भी मुहैया कराया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कारागार में सभी प्रवचन धर्म निरपेक्ष स्वरूप के है। (2) खेल कार्यकलापों में स्थल, जलवायु तथा मौसम, बन्दियों के संयोजन तथा सुरक्षा अपेक्षाओं की उपलब्धता पर निर्भर भीतरी तथा बाहरी खेल शामिल होंगे, प्रत्येक कारागार में व्यायामशाला का निर्माण करने के प्रयास किए जाएंगे। अन्य मनोरंजनात्मक तथा सांस्कृतिक कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हो सकता है,–

	(क) फिल्म प्रदर्शन :– प्रत्येक केन्द्रीय तथा जिला कारागार में बन्दियों तथा स्टाफ सदस्यों को फिल्म दिखाने की सुविधाएं होंगी। ऐतिहासिक, देशभक्तिपूर्ण, जीवनी–सम्बन्धी, वैज्ञानिक तथा शैक्षिक फिल्म, यात्रा–फिल्म, वृत–चित्र, समाचार–फिल्म तथा सामाजिक विषयों से सम्बन्धित फिल्म दिखाई जाएंगी। अपराध, सेक्स, अहिंसा तथा ऐसे अन्य विषय, जो बन्दियों के दिमागों पर हानिकर प्रभाव डाल सकते हों, नहीं दिखाए जाएंगे; (ख) संगीत :– संगीत कारागार के संदर्भ में विशेष महत्व रखता है। यह अकेले, व्यथित तथा दुःखी दिमाग में राहत ला सकता है। यह संस्थागत कार्यक्रमों में उचाटी को कम कर सकता है तथा रूचि को बढ़ा सकता है। संगीत कार्यक्रमों में रेडियो संगीत, रिकार्डिड संगीत, समूह गायन, लोक संगीत, वाद्य संगीत, वादक–दल इत्यादि शामिल हो सकता है। कारागार रेडियो प्रत्येक केन्द्रीय तथा जिला कारागारों में स्थापित किए जा सकते हैं। (ग) सामुदायिक तथा लोक नृत्य :– समूह तथा लोक नृत्य त्योहारों तथा सामाजिक अवसरों पर किए जाएंगे; (घ) नाटक :– लाभदायक सामाजिक मूल्यों तथा व्यवहार के नमूनों को नाटकीय प्रदर्शन के माध्यम से बन्दियों के सम्मुख उन्नत किया जाएगा। सामाजिक समस्याओं, समारोहों, संगीतीय नाटक, चित्र तथा रेडियो प्ले बन्दियों के लाभ के लिए किए जा सकते हैं। स्वयं बन्दियों को इन कार्यकलापों में भाग लेने तथा आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए; (ङ) कला तथा शिल्प :– कला तथा शिल्प किसी व्यक्ति की सहजात योग्यताओं की अभिव्यक्ति देने के लिए मार्ग मुहैया करना है तथा जीविका अर्जित करने के लिए उन्हें पहचान तथा योग्यता देते हुए बन्दियों के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ये कार्यकलाप कारागार के नीरस जीवन से अन्यथा में सहायता चिकित्सा उपाय का काम कर सकता है; (च) अध्ययन :– बन्दियों को पुस्तकें, समाचार पत्र तथा पत्रिकाएं पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। समूह अध्ययन तथा मार्गदर्शित अध्ययन भी उनके लिए लाभदायक हो सकता है; तथा (छ) टेलीविजन :– दिखाए जाने वाले चैनल तथा उनका समय, समय–समय पर, महानिदेशक द्वारा विहित किया जाएगा। (3) कला, खेल, साहित्य, संस्कृति तथा संगीत के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध व्यक्तियों को बन्दियों को प्रेरित करने के विभिन्न अवसरों पर मेहमान के रूप में तथा उनके लिए रोल माडल बनने के लिए कारागार में आमन्त्रित किया जा सकता है।
गैर–सरकारी संगठनों की भूमिका।	**552.** अच्छे प्रत्यय–पत्र तथा प्रमाणित पदांक रिकार्ड वाले गैर–सरकारी संगठन (एन जी ओ) तथा जो अपने समर्पण तथा निस्स्वार्थ सेवा के लिए ज्ञात हैं, को खेलों, सांस्कृतिक तथा अन्य मनोरंजनात्मक तथा कल्याण कार्यकलापों में महानिदेशक के पूर्व अनुमोदन से शामिल किया जा सकता है।
बन्दियों की पंचायत।	**553.** (1) प्रत्येक कारागार में एक या से अधिक बन्दियों की पंचायतें होंगी। पंचायतों में सावधानीपूर्वक चयनित बन्दियों को शामिल किया जाएगा, जो अच्छे आचरण के हैं तथा जिनमें कार्यक्रम तथा गतिविधियां आयोजित करने की क्षमता तथा योग्यता है। पंचायतें बन्दियों के लिए प्रतिदिन मनोरंजनात्मक कार्यक्रम की योजना बनाएंगी तथा कार्यान्वित करेगी। यह बन्दियों को कारागार प्रबन्धन में भागीदारी की अनुभूति देगी, जो कल्याण तथा सुधार की किसी पॉलिसी का एक महत्वपूर्ण घटक है। बन्दियों की पंचायतें उनकी शिकायतें व्यक्त करने तथा निवारण करने के लिए बन्दियों हेतु एक मंच के रूप में भी सेवा करेंगी। (2) पंचायत के गठन के लिए केवल अल्प तथा अनिवार्य कार्यकलाप वाला अनौपचारिक निर्वाचन वरिष्ठ कारागार अधिकारियों के कड़े पर्यवेक्षण के अधीन किया जा सकता है। बन्दियों जिन्हें उनके सदाचार या शैक्षिक प्रयासों में उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया है, को उम्मीदवारों के रूप में दावा करने के लिए पात्र घोषित किया जा सकता है। अनुशासन के हित में, निर्वाचन गण की सदस्यता केवल उन बन्दियों तक सीमित की जाएगी जिन्हें किसी कारागार अपराध के लिए पिछले दो वर्षों में दण्डित नहीं किया गया है। पंचायतों की चयन प्रक्रिया तथा पदावधि समय–समय पर, महानिदेशक द्वारा विनिश्चित की जाएगी।

	(3) पंचायतों के कार्य की कारागार प्रशासन द्वारा निगरानी की जाएगी। अधीक्षक, जहां तक संभव हो, पंचायत की बैठकों में व्यक्तिगत रूप से भाग लेगा। (4) सभी पंचायतों की एक 'महापंचायत' बन्दियों की शिकायतों के निवारण तथा उनके सुझावों के लागूकरण के लिए एक तिमाही में कम से कम एक बार अधीक्षक की उपस्थिति में की जाएगी।
राष्ट्रीय दिवसों तथा त्योहारों की खुशी मनाना।	**554.** (1) राष्ट्रीय दिवस बन्दियों में देशभक्ति को मन में बैठाने के लिए प्रत्येक कारागार में मनाए जाएंगे। ऐसे अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा बन्दियों को विशेष भोजन परोसा जाएगा। (2) सभी धर्मों के महत्वपूर्ण त्योहार प्रथा के अनुसार मनाए जाएंगे तथा प्रत्येक बन्दी को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसे कारागार की सुरक्षा तथा अनुशासन के अध्यधीन किया जाएगा।
आध्यात्मिक स्वतन्त्रता।	**555.** प्रत्येक बन्दी को शान्त तथा सुशील रीति में अपनी निष्ठा का पालन करने की स्वतन्त्रता अनुज्ञात की जाएगी। तथापि, कोई भी धार्मिक संरचना कारागार में अनुज्ञात नहीं की जाएगी तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वहाँ धर्म, मानवजातीय या जाति आदि के आधार पर कोई भेदभाव न हो।
कल्याण कार्यकलापों का लागूकरण।	**556.** (1) अधीक्षक कारागार में कल्याण कार्यकलापों के निबार्ध तथा शान्तिपूर्वक लागूकरण के लिए जिम्मेवार होगा। वह महानिदेशक को अपनी कारागार में आयोजित किए जा रहे कल्याण कार्यक्रमों की त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। (2) कारागार प्रशासन बन्दियों तथा स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न कल्याण कार्यकलापों को करने के लिए निगमित सामाजिक जिम्मेवारी के अधीन उपलब्ध निधियों में पहुंच के लिए प्रयास करेगा।
स्टाफ सदस्यों के लिए कल्याण निधि।	**भाग–ख स्टाफ सदस्यों का कल्याण** **557.** स्टाफ सदस्य, जो निधि में अंशदान करते हैं, को आर्थिक सहायता, ऋण तथा अन्य राहत देने के उद्देश्य से कारागार कार्मिक के लाभ के लिए एक कल्याण निधि की स्थापना की जाएगी। समय–समय पर महानिदेशक द्वारा गठित प्रबन्धन समिति कल्याण निधि के प्रशासन के लिए जिम्मेवार होगी। महानिदेशक प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष होगा। आवश्यक विनियम लाभार्थियों की पहचान करने तथा विभिन्न प्रयोजनों अर्थात् चिकित्सा, शैक्षिक, अन्यों में से परिवार में विवाह के लिए ऋण, सहायता तथा अन्य राहत स्वीकृत करने के लिए बनाए जाएंगे।
विधिक सहायता।	**558.** सरकारी लागत पर सभी आवश्यक सहायता स्टाफ सदस्यों को दी जाएगी जिसमें कार्यालय डयूटी के निष्कपट निर्वहन करने में उत्पन्न आपराधिक अभियोजन या सिविल कार्यवाही की घटना में उनकी स्वयं की रक्षा के लिए विभाग के सेवानिवृत्त कार्मिक शामिल होंगे।
स्टाफ बैठकें।	**559.** (1) अधीक्षक संस्था में तैनात सभी स्टाफ सदस्यों की मासिक बैठक बुलाएगा। स्टाफ बैठक के उद्देश्य निम्न अनुसार होंगे, अर्थात्:– (क) संस्थागत कार्यकलापों में समन्वय; (ख) कार्य की प्रणाली का सुधार करना; (ग) स्टाफ सदस्यों को सरकारी पॉलिसियों को समझाना; (घ) बन्दी अनुशासन, बन्दियों से व्यवहार तथा संस्थागत, प्रबन्धन के बारे में नई प्रक्रिया, नियम तथा विनियम तथा पालिसियों को स्पष्ट करना; (ङ) कार्मिक प्रबन्धन, स्टाफ अनुशासन तथा स्टाफ लाईनों में मनोबल से सम्बन्धित पॉलिसियों को स्पष्ट करना; (च) कल्याण कार्यक्रमों को स्पष्ट करना; (छ) स्टाफ सदस्यों को उनकी सामूहिक समस्याओं पर चर्चा करने के लिए अवसर प्रदान करना; (ज) अच्छे कार्य की सराहना जब कभी आवश्यक हो, सूचित करना; तथा (झ) जब कभी आवश्यक हो स्टाफ सदस्यों को पुरस्कार देना।

	(2) बैठक की कार्यवाहियों के कार्यवृत्त अभिलिखित किए जाएंगे तथा उसकी एक प्रति अधीक्षक की टिप्पणी सहित महानिदेशक को भेजी जाएगी।
डयूटी के समय सुविधाएं।	**560.** डयूटी पर कार्मिक को निम्नलिखित सुविधाएं दी जाएंगी, अर्थात्:– (क) रक्षा कार्मिक के लिए विश्राम कक्ष; (ख) नियम 447 के खण्ड (छ) के अनुसार सभी स्टाफ सदस्यों को मुफ्त भोजन तथा चाय मुहैया करवाई जाएगी; (ग) सामान जो भीतर ले जाने अनुमत नहीं है, को रखने के लिए गार्द कक्ष में लाकर।
कार्य के घण्टें।	**561.** प्रत्येक कार्मिक प्रवर्ग के लिए कार्य घण्टे स्पष्ट रूप से निर्धारित किए जाएंगे। साधारणतः रक्षा कार्मिक सहित किसी भी स्टाफ सदस्य के लिए एक दिन में आठ घण्टे से अधिक के लिए कार्य करना अपेक्षित नहीं होगा, परन्तु अधीक्षक स्थानीय अपेक्षाओं पर निर्भर कार्य के घण्टों में युक्तियुक्त समायोजन कर सकता है। संस्थागत डयूटी, दिन की डयूटी, रात की डयूटी, अनुभाग डयूटी, परिसर डयूटी इत्यादि की चक्रानुक्रम सारणी का समय–समय पर महानिदेशक द्वारा जारी मार्गदर्शनों के अनुसार पालन किया जाएगा। प्रत्येक कार्य की जिम्मेवारी स्पष्ट रूप से परिभाषित की जाएगी। प्रत्येक स्टाफ सदस्य साप्ताहिक बन्द का हकदार होगा।
सेवानिवृत्ति लाभ।	**562.** सभी आवश्यक प्रलेखन तथा कोडल औपचारिकताएं किसी स्टाफ सदस्य की अधिवर्षिता की तिथि के पहले ही पर्याप्त रूप से पूरी की जाएंगी। दस्तावेजों को पूरा करने में विलम्ब से हर हालत में बचा जाएगा।
शिकायत निवारण मैकेनिजम।	**563.** कर्मचारी अपनी शिकायतों के निवारण के लिए महानिदेशक या किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी को प्रतिवेदन कर सकते है। मुख्यालयों के अधिकारियों को सम्बोधित प्रतिवेदन अधीक्षक के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे। महानिदेशक तथा मुख्यालय में अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों को व्यक्तिगत ध्यान/सुनवाई देने के लिए प्रत्येक सप्ताह पृथक समय नियत करेंगे। व्यक्तिगत ध्यान/सुनवाई के लिए सभी ऐसे अनुरोध भी अधीक्षक के माध्यम से भेजे जाएंगे। स्टाफ सदस्यों को निरीक्षण के दौरान उनकी शिकायतें रखने तथा संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए अवसर भी मुहैया कराया जाएगा।
आवास।	**564.** जहां तक साध्य हो, कारागार कैम्पस में सभी कारागार कार्मिक को किराया मुक्त आवासीय आवास मुहैया कराया जाएगा। कारागार स्टाफ के लिए आवास पर्याप्त नागरिक सुख–सुविधाओं तथा सुविधाओं जैसे पार्क, खेल मैदान, सामुदायिक केन्द्र, स्वास्थ्य तथा तंदुरूस्ती केन्द्र आदि सहित आधुनिक पद्धतियों पर विकसित किये जाएंगे। यदि संस्था लोक परिवहन सुविधा से संयोजित नहीं है, तो विद्यालय बस या वैन स्टाफ के बच्चों के लिए मुहैया भी कराई जाएगी।
स्वास्थ्य सुविधा।	**565.** कारागार परिसरों में रहने वाले स्टाफ सदस्य तथा उनके परिवार कारागार के चिकित्सा अधिकारियों से मुफ्त चिकित्सा उपचार के लिए हकदार हैं। कारागार औषद्यालय से दवाईयां, उन्हें मुफ्त जारी की जाएंगी।
वित्तीय सहायता तथा मुआवजा।	**566.** जब कोई स्टाफ सदस्य उसकी डयूटी के निर्वहन के दौरान मर जाता है या घायल हो जाता है, तो महानिदेशक, समय–समय पर, सरकार द्वारा यथा विहित ऐसी वित्तीय सहायता तथा मुआवजा स्वीकृत कर सकता है।
खेल प्रतियोगिता।	**567.** वार्षिक खेल प्रतियोगिता राज्य प्रतियोगिता के बाद प्रत्येक कारागार में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कार दिए जाएंगे। महानिदेशक, स्टाफ कल्याण निधि से इस प्रयोजन के लिए उपगत आवश्यक खर्च की स्वीकृति दे सकता है।
महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क।	**568.** विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों को दी जाने वाली निदेशक प्रशंसा डिस्क के लिए निम्न अनुसार प्रावधान किया जाएगा,– (क) प्रति वर्ष अधिकतम दस तक वार्डर/मुख्य वार्डर; (ख) प्रति वर्ष अधिकतम दस तक उप सहायक/सहायक अधीक्षक; (ग) प्रति वर्ष दो तक उप अधीक्षक; (घ) प्रति वर्ष एक तक अधीक्षक तथा से ऊपर; (ङ) प्रति वर्ष छह तक अन्य स्टाफ सदस्य। डिस्क देने के लिए मापदण्ड समय–समय पर, महानिदेशक द्वारा विनिश्चित किए जाएंगे।

संवर्ग संख्या तथा पारिश्रमिक।	**569.** प्रत्येक संवर्ग की संख्या नियत करते समय ध्यान रखा जाएगा कि किसी पदवी के कारागार कार्मिक पर अधिभार तो नहीं है तथा कि उनके पास जीवन प्रगति के लिए पर्याप्त अवसर हैं। वेतन तथा अन्य नियोजन लाभ आधुनिक सुधारक प्रणाली में किए जाने वाले कार्य के अनुरूप भी होने चाहिए जो जटिल तथा कठिन हैं तथा महत्वपूर्ण समाज सेवा के स्वरूप की हैं।

	अध्याय 31 **विधिक सहायता**
विधिक सेवा प्राधिकरणों का उपयोग।	**570.** भारत के संविधान का अनुच्छेद 39 क समाज के गरीब तथा कमजोर वर्गों को मुफ्त विधिक सहायता मुहैया कराने तथा सभी के लिए न्याय प्राप्त करने के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए राज्य पर डयूटी डालता है। संविधान के अनुच्छेद 14 तथा 22(1) कानून के सम्मुख समानता सुनिश्चित करने तथा उचित विधिक प्रणाली प्रस्तुत करने हेतु राज्य के लिए इसे आगे बाध्यकारी बनाते हैं जो सभी के लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देते हैं। इन संविधानिक उपबन्धों से आगे, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एन.एल.एस.ए.), राज्य विधिक सेवा प्रधिकरण (एस. एल. एस. ए.), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डी.एल.एस.ए.) तथा उप मण्डल विधिक सेवा समितियां (एस.डी.एल.एस.सी.) समान अवसर के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त तथा सक्षम विधिक सेवा मुहैया कराने के लिए देशव्यापी नेटवर्क की स्थापना करने के उद्देश्य से विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का केन्द्रीय अधिनियम 39) के अधीन गठित की गई हैं।
विधिक सहायता वकीलों की नियुक्ति।	**571.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गरीब तथा अप्रतिनिधित्व वाले बन्दियों की सहायता के लिए सप्ताह के नियत दिनों को नियमित रूप से कारागारों में मुलाकात करने के लिए विधिक सहायता वकील नामनिर्दिष्ट करेगा। कोई बन्दी विधिक सहायता वकील के माध्यम से जमानत आवेदन, पैरोल आवेदन या कोई अन्य याचिका, अपील आदि दायर करने के लिए सहायता तथा सलाह प्राप्त कर सकता है।
विधिक सहायता के सम्बन्ध में अधीक्षक के कर्त्तव्य।	**572.** अधीक्षक निम्नलिखित सुनिश्चित करेगा,– (क) सम्बन्धित विधिक सहायता प्राधिकरण के माध्यम से दरिद्र बन्दियों के लिए मुफ्त विधिक सहायता का प्रबन्ध करने; (ख) उनके अधिकारों तथा कर्त्तव्यों के बारे में तथा मुफ्त विधिक सहायता सेवा की उपलब्धता के बारे में बन्दियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से कारागार में विधिक साक्षरता कक्षाओं का प्रबन्ध करना; (ग) पैरा विधि स्वयंसेवकों तथा विधिक सहायता वकीलों की सेवाएं नियोजित करके बन्दियों की विधिक सहायता आवश्यकताओं का पता लगाना। (घ) दोषसिद्धि के विरूद्ध अपील के उनके अधिकार याचिकाएं तथा अपीलें तैयार करने में बन्दी को जानकारी देना तथा जागरूक करना; (ङ) विशेष न्यायालयों, विधिक सेवा शिविरों तथा लोक अदालतों का आयोजन करने में सक्षम प्राधिकारियों की सहायता करना; (च) विधिक सहायता वकीलों की मुलाकातों सहित बन्दियों की विधिक सहायता के सम्बन्ध में उचित रिकार्ड बनाए रखना।
मुफ्त विधिक सहायता क्लिनिक।	**573.** (1) विधिक सहायता वकीलों की पर्याप्त संख्या तथा सभी कार्य दिवसों में बन्दियों को मुफ्त विधिक सेवाएं मुहैया कराने के लिए ऐसे क्लिनिकों में प्रतिनियुक्त पैरा विधिक स्वयंसेवकों सहित प्रत्येक कारागार में विधिक सहायता क्लिनिक स्थापित किया जाएंगे। कुछ बन्दियों को कारागारों में स्थापित विधिक सहायता क्लिनिकों की सहायता करने के लिए पैरा विधिक स्वयं सेवक (पी.एल.पी.) के रूप में प्रशिक्षित किया जा सकता है। विधिक सहायता क्लिनिकों के उद्देश्य निम्न अनुसार होंगे,– (क) मुफ्त कानूनी सलाह मुहैया कराना; (ख) कानूनी साक्षरता तथा कानूनी जागरूकता फैलाना; (ग) मुफ्त कानूनी सेवा मुहैया कराना जैसे याचिकाओं, नोटिसों, आवेदनों, उत्तर इत्यादि का प्रारूपण करना; (घ) वैकल्पिक विवाद निवारण (ए.डी.आर.) मैकेनिजम जैसे विवेचन आदि के माध्यम से विवादों के मैत्रीपूर्ण निपटान को प्रोत्साहन देना; (ङ) विधिक मामलों में वकीलों की मुफ्त विधिक सेवाएं मुहैया कराना; (च) कोई अन्य कार्य या सेवा, जो समय–समय पर, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधिकथित की जाएं।

	(2) मुफ्त विधिक सेवा में निम्नलिखित शामिल होगा,– (क) उचित मामलों, प्रक्रिया फीसों तथा किसी विधिक कार्यवाही के सम्बन्ध में भुगतान योग्य या उपगत सभी अन्य प्रभारों में न्यायालय फीस का भुगतान; (ख) विधिक कार्यवाहियों में पैनल वकीलों की सेवा मुहैया कराना; (ग) विधिक कार्यवाहियों में आदेशों तथा अन्य दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां प्राप्त करना तथा देना; (घ) विधिक कार्यवाहियों में दस्तावेजों के मुद्रण तथा अनुवाद सहित अपील, पेपर बुक तैयार करना।

	अध्याय 32 **दोषसिद्ध बन्दियों का अनुरक्षण तथा पुनर्वास**
उद्देश्य।	**574.** अनुरक्षण सेवाओं का उद्देश्य निम्न अनुसार है,– (क) जहां कहीं आवश्यक हो, सभी रिहा बन्दियों की सहायता करना, मार्गदर्शन, परामर्श, सहायता तथा संरक्षण; (ख) किसी सामाजिक कलंक के निराकरण में सहायता करना जो उसके बन्दीकरण के कारण बन्दी या उसके परिवार से जुड़ा हो सकता है; (ग) सामुदायिक जीवन की सामाजिक जिम्मेदारियों, बाध्यताओं तथा अपेक्षाओं में उसकी आदतों, व्यवहार, पहुंच तथा विवेकी मूल्यांकन के मूल्यों के समायोजन के लिए व्यक्तिगत आवश्यकता को प्रभावित करना; (घ) अपने परिवार, अड़ोस–पड़ोस, कार्य समूह तथा समुदाय के साथ सन्तोषजनक पुनः समायोजन करने में व्यक्ति की सहायता करना; (ङ) शारीरिक, मानसिक, व्यावसायिक, आर्थिक, सामाजिक तथा मनोवृतिक रिहाई–पूर्व पुनः समायोजन तथा अंतिम पुनर्वास की प्रक्रिया में सहायता करना।
अनुरक्षण सेवाएं।	**575.** अनुरक्षण सेवा साधारणतः कम–से–कम पांच वर्ष का कारावास भुगतने वाले कारागारों से सप्रतिबंध या अप्रतिबंध या लाईसेंस पर रिहा सभी गरीब व्यक्तियों को दी जाएंगी।
मामला प्रबन्धन ढांचा।	**576.** मामला प्रबन्धन ढांचा बन्दी की रिहाई से पूर्व तथा बाद में उसकी पुनर्वासित प्रक्रिया में निरंतरता सुनिश्चित करनी अपेक्षित है। सेवा में निम्नलिखित शामिल है,– (क) बन्दी की व्यक्तिगत आवश्यकताओं का निर्धारण करना; (ख) उचित सेवाओं की पहचान करना जो उसकी आवश्यकताओं को पूरा करे; (ग) व्यक्ति के अनुकूल बना लेने वाली सेवा की व्यापक योजना विकसित करना; (घ) सेवाओं में मुवक्किल की पहुंच तथा के प्रयोग की वकालत करना; (ङ) सेवा की सुपुर्दगी की कारगरता की निगरानी तथा मूल्यांकन करना।
अनुरक्षण समस्याओं का उपचार।	**577.** किसी व्यक्ति की अनुरक्षण समस्या को उसकी सम्पूर्णता में समझा जाएगा तथा न कि एकाकीपन में समझा जाएगा। न केवल व्यक्तिगत बल्कि उसकी सम्पूर्ण सामाजिक स्थिति के विषय में उसी समय बातचीत करनी चाहिए।
अनुरक्षण सेवाओं की चरणबद्धता।	**578.** अनुरक्षण कार्य को मोटे तौर पर निम्नानुसार चरणबद्ध किया जाएगा,– (क) जब व्यक्ति संस्थागत देखभाल तथा उपचार के अधीन है; (ख) संस्था से रिहाई के तुरन्त बाद; (ग) रिहाई बाद की अवधि।
मुक्त बन्दी अनुरक्षण तथा पुनर्वास समितियों का गठन।	**579.** (1) रिहा किए गए बन्दियों के पुनर्वास के लिए मैकेनिजम का आविष्कार तथा विकसित करना सरकार की जिम्मेवारी है। इस प्रयोजन के लिए मुक्त बन्दी अनुरक्षण तथा पुनर्वास समितियां जिला स्तर पर स्थापित की जाएंगी जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे,– (क) जिला मजिस्ट्रेट – अध्यक्ष (ख) अधीक्षक – संयोजक (ग) जिला परिवीक्षा अधिकारी – सदस्य (2) ऐसी समितियां अन्य बातों के साथ रिहा बन्दियों के लिए पुनर्वास तथा अनुरक्षण सहायता हेतु स्कीमों का आविष्कार करेंगी। मैकेनिजम का आविष्कार करते समय तथा सहायता देते समय संरक्षण तथा रिहाई के बाद देखभाल तथा बच्चों, किशोरों, महिलाओं, बीमार, वृद्धों, अशक्त तथा विकलांग व्यक्तियों की सहायता करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। आभ्यासिक अपराधियों, यदि वे ऐसा अनुरोध करें, के अनुरक्षण पर विशेष बल डालेंगे।
अयोजना।	**580.** (1) अनुरक्षण के लिए योजना संस्था में बन्दी के प्रवेश के ठीक बाद आरम्भ की जाएगी। (2) अनुरक्षण व्यक्ति के हित में होगा तथा उसकी आवश्यकताओं पर आधारित होगा। पोस्ट–रिहाई सहायता की योजना बनाते समय कारक जैसे कि बन्दी का व्यक्तित्व, उसकी कमजोरियों

	तथा बल, सीमाओं तथा योग्यताओं तथा उसकी पुनर्वास की आवश्यकताओं को विचारण में लिया जाएगा। रिहाई के बाद सहायता के लिए बन्दी की ईच्छा को व्यावहारिक तथा वास्तविक आधार पर विचारा जाएगा। (3) बन्दी को सूचित किया जाएगा कि किस किस्म की सहायता उसकी आवश्यकताओं के बेहतर अनुकूल होगी। उसे उसके रिहाई के बाद जीवन की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जैसा कि यह अनुरक्षण योजना की उसकी स्वैच्छिक स्वीकृति में सहायक होगी। (4) कारगार में बन्दी के प्रवेश के समय से उसे ऐसे सम्बन्ध (संस्था से बाहर व्यक्तियों या एजेंसियों के साथ) बनाए रखने या स्थापित करने में सहायता प्राप्त करनी चाहिए, जो उसके परिवार के उत्तम हित तथा उसके स्वयं के पुनर्वास को बढ़ावा दें। बन्दी तथा उसके परिवार के बीच ऐसे सम्बन्ध के अनुरक्षण तथा सुधार की ओर विशेष ध्यान दिया जाएगा जो दोनों के बेहतर हित में वांछित हों। (5) बन्दी को उसकी आवश्यकता के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा तथा उसे कारागार के बाहर विभिन्न रोजगार एजेंसियों के साथ पंजीकृत किया जाएगा।
अनुरक्षण सहायता का विस्तार।	**581.** अनुरक्षण सहायता का क्षेत्र विमुक्त बन्दी अनुरक्षण तथा पुनर्वास समिति द्वारा अवधारित किया जाएगा तथा इसमें निम्नलिखित शामिल होगा, अर्थात् :— (क) उसके दण्डादेश भुगतने की अवधि के दौरान बन्दी के परिवार से सम्पर्क तथा सहायता; (ख) परिवार, पड़ोसी, नियोक्ता तथा समुदाय के साथ सम्बन्ध बनाने में निरन्तरता बनाए रखने में सहायता; (ग) रिहाई के बाद व्यक्ति को प्राप्त करने के लिए परिवार, नियोक्ता तथा पड़ोसियों को तैयार करना; (घ) रिहाई के बाद विश्वास निर्मित करने तथा उत्पीड़न को रोकने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ सम्पर्क; (ङ) अड़ोस—पड़ोस में सामाजिक सेवा संगठन के निर्देश जहां रिहाई के बाद बन्दी के बसने की सम्भावना है; (च) रिहा व्यक्ति की भूमिका, समस्या तथा आवश्यकताओं के बारे में पंचायत/स्थानीय प्राधिकारियों को सूचित करना। बन्दी के पुनर्वास में पंचायत, सामुदायिक विकास अधिकारी, राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यकर्ता तथा ग्राम सेवक का सहयोग तथा सहायता प्राप्त करना; (छ) रिहाई के बाद, रिहा व्यक्ति के परिवार की सहायता प्राप्त करने या रोजगार प्राप्त करने के समय तक, आरम्भिक खर्च को कवर करने के लिए जीवन—निर्वाह धनराशि; (ज) आवास की व्यवस्था करने तक अस्थाई आवास; (झ) रोजगार, प्रशिक्षुता आदि प्राप्त करने में सहायता; (ञ) औजार तथा व्यवसाय उपकरणों की आपूर्ति; (ट) कुटीर उद्योग, कोई लघु कारबार व्यवसाय, स्माल या स्टाल शुरू करने में सहायता; (ठ) अपेक्षा के अनुसार चिकित्सा उपचार मुहैया करना; (ड) उसके कल्याण तथा पुनर्वास में हितबद्ध व्यक्ति या परिवार की देखभाल के अधीन रिहा बन्दी को रखना; (ढ) विश्वसनीय पड़ोसी, सह—निवासी या सह—कर्मकारों के साथ सम्पर्क, जान—पहचान तथा मित्रता स्थापित करने में सहायता; (ण) अपराध—व्यसन के विरूद्ध पूर्वोपाय।
जिला परिवीक्षा अधिकारी के कृत्य।	**582.** (1) जिला परिवीक्षा अधिकारी उसके प्रवेश—संगरोध अवधि के दौरान बन्दी से मुलाकात करेगा तथा बन्दी तथा उसके परिवार के लिए सहायता के स्वरूप की योजना बनाएगा। उसके बाद, वह संस्था में उसके ठहरने के द्वारा एक पखवाड़े में कम—से—कम एक बार बन्दी से मिलेगा तथा सम्बन्ध तथा दी जा रही सहायता की निगरानी करेगा। (2) जिला परिवीक्षा अधिकारी उसके परिवार, नियोक्ता तथा समुदाय के साथ बन्दी के निरन्तर सम्बन्ध को बनाए रखने में हर सम्भव सहायता देगा।

	(3) जिला परिवीक्षा अधिकारी मुख्यालय स्तर पर बन्दी की कल्याण सेवा से सम्बद्ध भी रहेगा।
गैर–सरकारी संगठनों की भूमिका।	**583.** पुनर्वास कार्यक्रमों में विख्यात गैर–सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.) की भागीदारी को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वैच्छिक संगठन, जो पुनर्वास परियोजनाओं में सरकार की सहायता करना चाहते है, को हर आवश्यक सहायता मुहैया कराई जाएगी।
पूर्व सिद्धदोष बन्दियों के पुनर्वास के लिए जनसाधारण में जागरूकता।	**584.** जनता को प्रिन्ट तथा श्रव्य–दृश्य मीडिया के माध्यम से पूर्व सिद्धदोष बन्दियों के पुनर्वास की आवश्यकता के बारे में शिक्षित किया जाएगा। व्यक्तियों तथा हस्तियों के साथ सतत् सम्पर्क रखा जाएगा, जो रिहा बन्दियों को रोजगार देने के ईच्छुक हैं। कारपोरेट हस्तियों को कारपोरेट सामाजिक जिम्मेवारी (सी.एस.आर.) ढांचे के अधीन बन्दियों के पुनर्वास के लिए निधियों में अंशदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
निर्धारण।	**585.** (1) अनुरक्षण एजेंसी बन्दी के लिए अनुरक्षण कार्यक्रम की योजना से निकट रूप में सम्बद्ध होंगी। (2) बन्दी की अनुरक्षण योजना ऐसे परिवर्तनों के अध्यधीन होंगी जो अनुरक्षण सेवा द्वारा आवश्यक पाए जाएं। (3) जिला परिवीक्षा अधिकारी अधीक्षक के निर्देशों के अधीन पूर्व–रिहाई अवधि के दौरान विशेष ध्यान देगा तथा सभी विहित रिकार्ड बनाए रखेगा। (4) संस्था से रिहाई के बाद रिहा व्यक्ति के मामले का प्रत्येक मामले की अपेक्षा के अनुसार एक से दो वर्ष तक की अवधि के लिए अनुवर्तन किया जाएगा। (5) जिला परिवीक्षा अधिकारी मुलाकात या पत्राचार के माध्यम से अनुवर्तन करेगा। रिहा बन्दी के समायोजन तथा पुनर्वास की छह माही मूल्यांकन रिपोर्ट उस द्वारा तैयार की जाएगी तथा उसकी प्रतियां कारागार मुख्यालय सहित सभी पणधारियों को भेजी जाएंगी। (6) मुख्यालय में रिकार्ड शाखा सभी मामलों की फाईले रखेगी तथा केन्द्रीय सूची प्रणाली के अनुसार रिपोर्ट का अनुवर्तन करेगी।
स्कीमों का सूत्रीकरण।	**586.** सरकार का उद्योग विभाग लघु उद्योग इकाईयों में रिहा बन्दियों के रोजगार के लिए स्कीमें सूत्रबद्ध करेगा।
औद्योगिक इकाईयों को आगे बढ़ाना।	**587.** उद्योगों को रिहा बन्दियों के पुनर्वास तथा सामाजिक समायोजन के हित में उनको नौकरी में अधिमान देने के लिए कारागार मुख्यालय के स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।

सेवा शर्तें।	**अध्याय 33** **कारागार अधिकारी** **588.** (1) मानव संसाधन की गुणवत्ता कारागार प्रशासन की कारगर प्रणाली में परम महत्व की है। कारागार विभाग में सेवा की शर्तें ऐसी होगी कि वे बेहतर अनुकूल कार्मिक को आकर्षित करें तथा रखे। सुधारात्मक संस्थाओं की कारगरता तथा उपयोगिता सन्तुष्टि के स्तर पर विशाल रूप से निर्भर होगी जो सेवा में अभिभावी हो। बेहतर सेवा शर्तें बेहतर कार्मिक प्रस्तुत करेंगी, जिसके फलस्वरूप बेहतर संस्थाएं विकसित होगी। (2) राज्य की सभी कारागारों में, कार्मिक कारागार के आकार, कारागार क्षमता, सुरक्षा की अपेक्षा, अनुशासन, कार्य भार तथा कार्यों के वितरण के अनुसार लगाए जाएंगे। सैद्धान्तिक रूप में, प्रत्येक छह बन्दियों के लिए कम–से–कम एक रक्षा कार्मिक होगा। (3) प्रत्येक कारागार में ऐसी स्टाफ संख्या होगी जो समय–समय पर सरकार द्वारा विनिश्चित की जाए।
मुफ्त सरकारी आवास तथा आवास किराया भत्ता।	**589.** (1) अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी, उप–अधीक्षक, नर्सिंग स्टाफ, भेषजी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, मुख्य वार्डर तथा वार्डर, जिन्हें कारागार में सरकारी आवास मुहैया कराए गए है, को किराए का भुगतान करने के दायित्व से छूट दी जाएगी। ऐसे मामलों में, जहां सरकारी आवास मुहैया नहीं कराए जा सकते, मकान किराया भत्ता दिया जाना कारागार से उचित दूरी के भीतर (अधीक्षक द्वारा अनुमोदित किया जाना है) उसकी डयूटी के प्रयोजन के लिए सुविधाजनक तथा आकस्मिक संकट में बुलाने पर डयूटी के लिए स्वयं को उपलब्ध कराने के लिए स्वयं के निवास हेतु व्यवस्था करने वाले कर्मचारी पर निर्भर होगा। (2) कारागार का प्रत्येक अधीनस्थ अधिकारी, जिसके लिए आवासीय क्वार्टर मुहैया कराए गए हैं, उसमें रहेंगे। जब मुफ्त क्वार्टर मुहैया नहीं कराए गए हों, तो अधीनस्थ ऐसे अड़ोस–पड़ोस में कारागार के यथा सम्भव निकटतम रूप से रहेगा। मकान किराया भत्ता उस स्टाफ को मुहैया कराया जाएगा, जिन्हें सरकार द्वारा नियत दरों पर आवासीय क्वार्टर मुहैया नहीं कराए गए हैं।
अधीक्षक के कार्यालय में नियुक्तियों का राजपत्रित होना।	**590.** अस्थाई अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप उत्पन्न स्थिति से अन्यथा अधीक्षक के पद पर सभी नियुक्तियों तथा में परिवर्तन राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे। अधीक्षक का पद राजपत्रित वर्ग–1 होगा। अधीक्षक के पद पर सभी पदोन्नतियां उप अधीक्षक के पद पर सेवारत उप अधीक्षकों में से पदोन्नति द्वारा की जाएंगी।
अस्थाई रिक्तियां।	**591.** किसी कारागार के अधीक्षक के कार्यालय में या अधीक्षक किसी कारण से अपने पद के कर्त्तव्य का निर्वहन करने में असमर्थ होने या निर्वहन करने से रोकने के कारण होने वाली किसी अस्थाई रिक्ति के मामले में,यह तथ्य ऐसे अधीक्षक या उसके अभाव में उप–अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा महानिदेशक के ध्यान में तुरन्त लाया जाएगा।
अधीक्षक की शक्तियों का प्रयोग।	**592.** अधीक्षक को इन नियमों द्वारा प्रदत्त सभी या किन्हीं शक्तियों तथा द्वारा अधिरोपित डयूटी का, उसकी अनुपस्थिति में, ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा प्रयोग तथा पालन किया जा सकता है, जिसे महानिदेशक इस निमित्त या तो नाम से या कार्यालय पदनाम से सौंपे।
अधीक्षक की साधारण ड्युटियाँ।	**593.** (1) महानिदेशक के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण तथा नियन्त्रण के अध्यधीन, अधीक्षक अनुशासन, प्रशासन, श्रम, खर्च, सुधारक तथा कल्याण कार्यक्रम, दण्ड तथा नियन्त्रण सहित सभी मामलों में कारागार का प्रबन्ध कार्यकारी होगा। (2) अधीक्षक कारागार तथा उसमें परिरूद्ध बन्दियों की सुव्यवस्था, अनुशासन, प्रबन्धन तथा सुरक्षा के पूर्वोक्त वर्णित मामलों में अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में लागू विधियों तथा नियमों तथा सरकार के निर्देशों द्वारा बाध्य होगा। (3) अधीक्षक सुनिश्चित करेगा कि सभी लागू नियम उचित रूप से, निष्पक्ष रूप से तथा भेदभाव के बिना लागू हैं तथा कि सभी व्यक्ति जिनको नियम लागू हैं, को नियमों तथा नियमों के अधीन अनुशासन के किसी भंग के परिणामों के बारे में पहले ही अवगत कराया गया है। (4) अधीक्षक स्वयं को अधिनियम तथा सभी अन्य वैधानिक अधिनियमितियों के उपबन्धों से जो कारागार प्रबन्धन को शासित करती हैं तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों से भी सम्पूर्ण रूप से अभिज्ञ करेगा। वह सभी वैधानिक उपबन्धों तथा नियमों तथा उसके प्रभार में सुपुर्द किए गए बन्दियों के सभी दण्डादेशों के वैध निष्पादन को प्रभावी करने के लिए जिम्मेवार होगा।

	(5) अधीक्षक कागज पर या डिजीटल रूप से या दोनों के ऐसे रिकार्ड बनाए रखेगा या रखवाएगा, जो विनिर्दिष्ट किया जाए। (6) अधीक्षक कारागार में किसी समय पर परिरूद्ध सभी बन्दियों को सहायता, देखभाल, की अभिरक्षा उपलब्ध करेगा तथा पर नियन्त्रण रखेगा। (7) अधीक्षक कारागार की सुरक्षा, कल्याण तथा साधारण प्रशासन के मामलों में आधुनिक तकनीक तथा उपायों को अपनाएगा। (8) अधीक्षक कारागार से सम्बन्धित सभी खर्च का नियन्त्रण करेगा तथा रिकार्ड बनाए रखेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि ऐसे खर्च वित्तीय नियमों के अनुरूप तथा कोडल औपचारिकताओं तथा वित्तीय अनुशासन का पालन करने के बाद उपगत किए गए हैं। (9) अधीक्षक कारागार अपराध करने तथा अनुशासन का भंग करने वाले सभी मामलों में जांच करेगा तथा निर्णय देगा तथा उन सभी को उसके लिए किए गए उपबन्धों के अनुसार दण्डित करेगा जो उसके दोषी पाए गए हैं। (10) अधीक्षक बन्दियों तथा स्टाफ सदस्यों के मनोरंजन के लिए उचित सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कदम उठाएगा। (11) अधीक्षक उस द्वारा संचालित कारागार में बन्दियों के वर्गीकरण, उनके प्रशिक्षण, उपचार कार्यक्रम तथा सुधारात्मक कार्यकलापों तथा सुधारात्मक प्रशासन से सम्बन्धित राज्य पॉलिसी के लागूकरण के लिए योजना तैयार करेगा।
महानिदेशक का नियन्त्रण।	**594.** अधीक्षक, महानिदेशक के नियन्त्रण के अधीन अपने डयूटी का निर्वहन करेगा तथा उस द्वारा पारित सभी आदेश महानिदेशक के पुनरीक्षण के अध्यधीन होंगे।
अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन कारागार का निरीक्षण करना।	**595.** (1) अधीक्षक प्रत्येक कार्य–दिवस को दोपहर पूर्व कम से कम एक बार तथा दोपहर बाद एक बार तथा इसी प्रकार शनिवार, रविवार तथा अवकाश में यदि विशेष परिस्थितियां उसे वांछित करें, निरीक्षण करेगा; यदि किसी कारण अधीक्षक को निरीक्षण करने से रोका गया है या किसी दिन कारागार का निरीक्षण करने में असमर्थ है जिसको उसे इस नियम द्वारा ऐसा करना अपेक्षित है, तो वह अपनी डायरी में अपनी अनुपस्थिति के तथ्य तथा कारण अभिलिखित करेगा। (2) अधीक्षक का प्रथम कर्तव्य कारागार में उसके दैनिक निरीक्षण के अवसर पर, विधि तथा उस निमित्त नियमों के उपबन्धों के अनुसार समय–समाप्त बन्दियो को रिहा करना होगा तथा विशेष रूप से उसके कर्तव्य के निर्वहन में उनकी नीजि सम्पति को वापस करने से सम्बन्धित नियमों का पालन करना होगा।
अधीक्षक द्वारा रात को निरीक्षण करना।	**596.** अधीक्षक सप्ताह में कम–से–कम एक बार रात (सायं काल 10 बजे से प्रातःकाल 4 बजे के बीच) के दौरान कारागार रैंडमली निरीक्षण करेगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि कारागार उचित रूप से सुरक्षित तथा रक्षित है तथा कि बन्दियों, रक्षा कार्मिक तथा डयूटी अधिकारी तथा उनके कर्त्तव्यों का रात्रिकालीन व्यवस्था को शासित करने वाले सभी नियमों तथा आदेशों का विधिवत पालन किया जाता है। उसके रात के दौरे के दौरान अधीक्षक अपनी उपस्थिति में मुख्य द्वार पर आने तथा जाने वाले वार्डर गार्ड की प्रायः तलाशी लेगा तथा जांच करेगा। अधीक्षक किसी अप्रिय घटना के घटने पर तुरन्त रात में कारागार का निरीक्षण करेगा।
अधीक्षक का निवास स्थान।	**597.** अधीक्षक कारागार परिसरों में निवास करेगा जब तक महानिदेशक और कहीं रहने के लिए लिखित में उसे अनुमति न दे। अधीक्षक कोई अन्य अतिरिक्त नियोजन स्वीकार नहीं करेगा।
अधीक्षक का रात के दौरान हाजिर होना।	**598.** अधीक्षक महानिदेशक से अनुमति के बिना रात को भी कारागार परिसरों से अनुपस्थित नहीं रहेगा किन्तु यदि अनिवार्य आवश्यकता के कारण रात के लिए अवकाश के बिना अनुपस्थित रहना अनिवार्य है, तो वह तुरन्त महानिदेशक को तथ्य तथा उसके कारण की रिपोर्ट करेगा।
अधीक्षक द्वारा डयूटियों के प्रत्यायोजन का वर्जन।	**599.** यदि अधीक्षक को उस पर अधिरोपित किसी डयूटी को करने से अपरिहार्य कारण से किसी समय पर रोका गया है, तो वह महानिदेशक की पूर्व अनुमति के बिना किसी अन्य अधिकारी को किसी डयूटी का प्रत्यायोजन नहीं करेगा।
कारागार को निरक्षित करना तथा दक्ष स्थिति में अनुरक्षित करना।	**600.** (1) अधीक्षक कारागार की प्रत्येक बैरक, प्रागंण, सैल, कर्मशाला, शस्त्रागार, वार्डर लाईन तथा प्रत्येक अन्य भाग तथा इसके अहातों तथा उससे सम्बन्धित या संलग्न, या उससे संयोजित सभी परिसरों का प्रायः मुआयना तथा निरीक्षण करेगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि सभी भवन, संरचना, साथ

	लगती दीवारें आदि सुरक्षित हैं तथा बेहतर सम्भव मरम्मत स्थिति में अनुरक्षित हैं तथा कि कथित कारागार अहातों तथा परिसरों के प्रत्येक भाग को साफ तथा उचित सफाई स्थिति में रखा गया है। (2) अधीक्षक, दिन तथा रात के हर समय के दौरान कारागार परिसरों के प्रत्येक अनुभाग, ब्लाक, भवन, खुले क्षेत्र, मुख्य द्वार, कार्यालय, परिधीय दीवार, कोटमौका, अस्पताल तथा प्रत्येक अन्य स्थान को कारागार के दक्ष कार्य करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों की ऐसी संख्या, जो वह आवश्यक समझे, के स्पष्ट प्रभार के अधीन रखवाएगा।
अधीक्षक द्वारा अस्पताल का मुआयना।	**601.** अधीक्षक प्रायः कारागार अस्पताल का निरीक्षण करेगा तथा किसी संक्रामक बीमारी से पीड़ित या पीड़ित होने वाले संदिग्ध के उचित पृथक्करण के सम्बन्ध में चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गए सभी लिखित निर्देशों को कार्यान्वित करेगा या कार्यान्वित करवाएगा।
अधीक्षक द्वारा सप्ताह में कम–से–कम एक बार कारागार बगीचे का मुआयना करना।	**602.** (1) अधीक्षक सप्ताह में कम–से–कम एक बार कारागार बगीचे का मुआयना करेगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि,– (क) बन्दियों के उपभोग के लिए सब्जियों, मसालों तथा अन्य फसलों की खेती करने तथा पर्याप्त उत्पादन तथा सत्त आपूर्ति के प्रयोजन के लिए सभी आवश्यक उपाय उसमें किए जा रहे हैं; (ख) बगीचे में शामिल भूमि उचित अनुक्रम में रखी गई है तथा अपतृण से मुक्त है; (ग) कारागार से गन्दगी तथा कूड़ा–करकट का निपटान कारगर रूप से तथा पूर्ण रूप से किया जाता है; (घ) अस्तबल लैटर तथा अन्य खाद का उपयुक्त रूप से निपटान किया जाता है तथा कि साधारणतः परिसरों को अच्छी सफाई स्थिति में अनुरक्षित किया गया है; तथा (ङ) कारागार बगीचे वैज्ञानिक तथा उत्पादन–उन्मुख आधार पर चलाया जा रहा है। (2) अधीक्षक व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करेगा कि कारागार बगीचे के लिए विहित लक्ष्य पूरे किए गए हैं तथा आधुनिक तथा वैज्ञानिक पद्धतियों पर कृषि प्रशिक्षण सहवासियों को दिया जाता है।
अधीक्षक द्वारा स्टाक, मशीनरी तथा औजारों की जांच करना।	**603.** अधीक्षक व्यक्तिगत रूप से छह मास में कम से कम एक बार भण्डार की प्रत्येक वस्तु की जांच करेगा तथा भण्डार रजिस्टर के टिप्पणी खाने में अभिलिखित करेगा कि क्या कतिपय तिथि को जांचा गया बकाया सही या गलत था तथा भिन्नताएं, यदि कोई हो, नोट की गई थी। इस जांच का एक नोट उसकी डायरी में भी किया जाएगा तथा भिन्नताएं, यदि कोई हो, तुरन्त महानिदेशक को सूचित की जाएंगी। **टिप्पण1:–** वस्तुओं की जांच इस प्रकार व्यवस्थित की जाएगी कि कारागार का अधीक्षक एक तिमाही में आधी जांच जिसे उप अधीक्षक (प्रशासन) दूसरी तिमाही में तथा विलोमतः जांच करेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक वस्तु तीन मास में या तो अधीक्षक या उप–अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा एक बार जांची गई है। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा की गई जांच का प्रमाण–पत्र प्रत्येक वर्ष प्रथम जनवरी तथा प्रथम जुलाई तक महानिदेशक को प्रस्तुत किया जाएगा। अधीक्षक कार्यभार ग्रहण करने पर पुस्तकों को यह देखने के लिए जांच करेगा कि उसके पूर्वाधिकारी द्वारा आधे वर्ष में कौन सी वस्तुएं नहीं जांची गई हैं तथा आधे–वर्ष की शेष अवधि के दौरान इनकी जांच करेगा। **टिप्पण2:–** यदि किसी भण्डार में की गई जांच के परिणामस्वरूप या महालेखाकार, हरियाणा द्वारा आडिट रिपोर्ट के परिणामस्वरूप कमियां पाई गई हैं, तो अधीक्षक कमी के लिए जिम्मेवारी नियत करने हेतु तुरन्त कार्रवाई करेगा तथा आदेशों के लिए महानिदेशक को सिफारिश सहित अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।
बन्दियों की साप्ताहिक निरीक्षण परेड।	**604.** (1) अधीक्षक हाजिरी लेने तथा निरीक्षण करने के प्रयोजनों के लिए कारागार में तत्समय परिरूद्ध सभी बन्दियों की साप्ताहिक परेड का आयोजन करेगा। (2) उपनियम (1) के अधीन की गई प्रत्येक परेड में अधीक्षक स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि,– (क) प्रत्येक बन्दी को नियमों में उपबन्धित अनुसार उचित रूप से वर्गीकृत किया गया है; (ख) प्रत्येक बन्दी को नियमों में उपबन्धित अनुसार उचित वस्त्र तथा बिस्तर मुहैया कराए गए हैं;

	(ग) प्रत्येक बन्दी व्यक्तिगत रूप में तथा वस्त्र दोनों से साफ है; (घ) बन्दियों द्वारा माफी तथा पैरोल नियमों के उपबन्धों को समझा गया है; (ङ) बन्दियों पर लागू नियमों तथा आदेशों का विधिवत् पालन किया जा रहा है; (च) सभी चिरकालिक रूप से या गम्भीर रूप से बीमार बन्दी उचित उपचार प्राप्त कर रहे हैं। (3) अधीक्षक प्रत्येक ऐसी परेड में प्रत्येक अनुरोध या शिकायत (यदि कोई हो) सुनेगा जो कोई बन्दी करना चाहता है तथा सम्यक् अनुक्रम में जांच करेगा तथा उस पर आदेश पारित करेगा। **टिप्पण1:–** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी / चिकित्सा अधिकारी, सभी उप अधीक्षक तथा सम्बन्धित अधीनस्थ स्टाफ अधीक्षक के साथ जाएगा। **टिप्पण2:–** ऐसी परेड में प्रत्येक बन्दी अपनी बैरक के प्रागंण में अपना बिस्तर, फालतू वस्त्र, कप तथा प्लेट स्वच्छ रूप से व्यवस्थित करेगा तथा लाईन में सावधानी से खड़ा होगा।
बन्दियों की प्रतिदिन दो बार जांच तथा गिनती करना।	**605.** अधीक्षक बन्दियों की प्रतिदिन कम–से–कम दो बार अर्थात् प्रातःकाल में वार्ड के खोलने तथा सांयकाल में बन्दियों को हवालात में करने के समय पर जांच तथा गिनती करवाएगा।
कारागार परिसरों में संव्यवहारित किए जाने वाला कारागार कारबार।	**606.** अधीक्षक साधारणतः कारागार से संबंधित सभी कारबार उसके परिसर में संव्यवाहित करेगा, तथा आवश्यकता या आपात के मामलों से अन्यथा, ऐसे परिसरों से बाहर किसी स्थान पर किसी स्टाफ सदस्य की हाजिरी की अपेक्षा नहीं करेगा।
अधीनस्थ अधिकारियों के बीच डयूटियों का वितरण।	**607.** (1) अधीक्षक अधीनस्थ अधिकारियों में डयूटियों के वितरण तथा प्रत्येक ऐसे अधिकारी को आबंटित डयूटी का स्वरूप तथा सीमा उसमें अधिकथित करते हुए लिखित आदेश पारित करेगा : परन्तु इस नियम के अधीन पारित किसी आदेश में दी गई कोई भी बात कारागार के प्रबन्धन के सम्बन्ध में अधीक्षक के अधीन उप अधीक्षक को अपनी साधारण जिम्मेवारी से या तत्समय लागू किसी विधि या नियमों द्वारा उस पर अधिरोपित किसी डयूटी के उप अधीक्षक या किसी अन्य अधीनस्थ अधिकारी को किसी भी प्रकार से मुक्त नहीं करेगी। (2) अधीक्षक कारागार में नियोजित अधीनस्थ अधिकारियों में डयूटियों के वितरण के मामले में समय–समय पर चक्रानुक्रम का सिद्धान्त लागू करेगा। (3) कारागार में नियोजित अधीनस्थ अधिकारियों में डयूटियों का वितरण इस प्रकार आबंटित किया जाएगा कि जो यर्थाथता सहित तथा अनिश्चितता की किसी सम्भावना को छोड़े बिना कारागार, रिकार्ड में किसी गलती के लिए जिम्मेवारी नियत करने में अधीक्षक को समर्थ बना सकें, इसलिए, कार्यकारी तथा लिपिक वर्गीय कार्य के वितरण की प्रति प्रस्तुत की जाएगी तथा कारागार कार्यालय में किसी सहजदृश्य स्थान में अनुरक्षित की जाएगी।
अधीक्षक द्वारा उप अधीक्षक की ड्यूटियां लिया जाना।	**608.** (1) अधीक्षक किसी उप अधीक्षक की ऐसी डयूटियों को लिखित आदेश द्वारा स्वयं ले सकता है, जो वह कारागार को दक्ष रूप से चलाने के लिए आवश्यक समझे। (2) उप–नियम (1) के अधीन की गई प्रत्येक कार्रवाई उसके लिए कारण देते हुए अधीक्षक द्वारा महानिदेशक को तुरन्त सूचित की जाएंगी तथा महानिदेशक ऐसे आदेश को पुष्ट, रूपान्तरित तथा रद्‌द कर सकता है।
अधीक्षक द्वारा सभी कारागार अपराधों में जांच करना तथा दण्ड अभिलिखित करना।	**609.** अधीक्षक अपराधी के बचाव के लिए अपराधी को पूरा अवसर देने के लिए उसी समय सम्बन्धित सभी गवाहों के कथन अभिलिखित करके न्यायिक–कल्प रीति में कारागार में किसी बन्दी द्वारा किए गए प्रत्येक अपराध या तथा कथित किए गए अपराध के रूप में जांच करेगा। अपराधी के संस्वीकृति कथन भी दो गवाहों की उपस्थिति में अभिलिखित किए जांएगे। न्यायसम्मत चित्त का उपयोग करने के बाद विधि द्वारा उपबन्धित रीति में उसके निष्कर्ष तथा प्रस्तावित दण्ड बन्दी की इतिवृत्त–टिकट में अधीक्षक द्वारा उसके अपने हाथ से अभिलिखित करना चाहिए। निष्कर्ष तथा प्रस्तावित दण्ड वाली सम्पूर्ण जांच फाईल उसी दिन न्यायिक अंकन प्राप्त करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भेजी जाएगी। जहां आकस्मिक संकट के कारण ऐसी सूचना कठिन है, तो उसे कार्रवाई के दो दिन के भीतर दिया जाएगा। अधीक्षक स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि इस प्रकार प्रस्तावित प्रत्येक दण्ड विधि के अनुसार विधिवत् कार्यान्वित किया गया है :

	परन्तु किसी भी समय अधीक्षक को किसी कारण से ऐसे अभिलेख बनाने से शारीरिक रूप से रोका गया है, तो वह उसे अपनी उपस्थिति में तथा अपने निदेश के अधीन बनवाएगा। **टिप्पणः–** दण्ड का आदेश अधीनस्थ अधिकारी द्वारा दण्ड के विहित रजिस्टर (रजिस्टर संख्या 5) में प्रतिकृत/प्रविष्ट किया जाएगा।
स्टाफ सदस्यों की नियुक्ति तथा दण्ड।	**610.** (1) अधीक्षक स्टाफ सदस्यों की नियुक्ति तथा दण्ड के बारे में ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा, जो ऐसे अधिकारियों की सेवा शर्तों से सम्बन्धित नियमों में विनिर्दिष्ट हैं। (2) अधीक्षक किसी भी समय किसी स्टाफ सदस्य के आचरण की जांच कर सकता है तथा अपनी राय अभिलिखित कर सकता है। ऐसी सभी जांच करने में वह सुसंगत दण्ड तथा अपील नियमों द्वारा मार्गदर्शित होगा।
अधीक्षक द्वारा सभी महत्वपूर्ण घटनाओं की रिपोर्ट करना।	**611.** अधीक्षक तुरन्त दूरभाष तथा अन्य साधनों द्वारा निम्नलिखित घटनाओं को रिर्पोट करेगा जिसमें महानिदेशक को संचार के अनुमोदित साधनों के माध्यम से विस्तृत रिपोर्ट का हमेशा पालन किया जाएगा, अर्थात्:– (क) कारागार अनुशासन तथा कारगार सुरक्षा के सभी गम्भीर उल्लंघनों; (ख) प्रत्येक मामला जिसमें कोई बन्दी भाग जाता है या भागने का प्रयास करता है या पुनः पकड़ा जाता है या आत्महत्या करता है या गम्भीर क्षति से मर जाता है या प्राप्त करता है; (ग) महामारी रोग या रोग के सभी प्रकोप,जिनसे बन्दियों या स्टाफ सदस्यों में महामारी का रूप धारण करने की सम्भावना है, फैलने से रोकने के लिए किए गए उपाय; (घ) भीडभाड़ के सभी गम्भीर मामले तथा ऐसे सभी मामले जो समय–समय पर महानिदेशक अपने विवेक से उस निमित्त साधारण या विशेष आदेश से अधीक्षक द्वारा उसको ऐसी रिपोर्ट करने की अपेक्षा करे। (ङ) तात्कालिक कारणों सहित बन्दियों की मृत्यु के सभी मामले।
अधीक्षक द्वारा महानिदेशक तथा कार्यालय मुलाकातियों के साथ चलना।	**612.** (1) महानिदेशक, अपर महानिदेशक, महानिरीक्षक, अपर महानिरीक्षक या उप महानिरीक्षक जब कभी वह अधिकारी उसके या उसके किसी भाग के निरीक्षण के प्रयोजन के लिए कारागार का भ्रमण करता है, के साथ चलने की अधीक्षक की डयूटी होगी तथा निरीक्षण को सूकर बनाने तथा निरीक्षण करने वाले अधिकारी की सुरक्षा सुरक्षित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा। (2) अधीक्षक, यदि ऐसा वांछित हो, कारागार में उसके भ्रमण के दौरान किसी कार्यालय मुलाकाती के साथ उसी प्रकार चलेगा।
अधीक्षक द्वारा प्राप्तियों तथा खर्च पर सतर्क नियन्त्रण का प्रयोग करना।	**613.** (1) अधीक्षक कारागार में किसी समय परिरूद्ध बन्दी या किसी बन्दी,सरकार के लिए या के मद्दे उस द्वारा या किसी अधीनस्थ अधिकारी द्वारा या जो किसी समय उसके प्रभार में या किसी अधीनस्थ अधिकारी के प्रभार में है, द्वारा प्राप्त किसी भी प्रकार की सभी धन–राशियों, मदों तथा सम्पत्ति पर सतर्क पर्यवेक्षण तथा नियन्त्रण का सभी समय प्रयोग करेगा; कारागार के अनुरक्षण तथा प्रबन्धन, उसमें तत्समय परिरूद्ध बन्दियों या किसी रूप में उसके सम्बन्ध में या उससे सम्बन्धित को भी तत्समय लागू उस निमित्त किसी नियम के प्राधिकार से उस द्वारा या उसके प्राधिकार या आदेश के अधीन उपगत किसी प्रकार के सम्पूर्ण खर्च पर भी समरूप पर्यवेक्षण रखेगा तथा इन नियमों तथा उस निमित्त तत्समय लागू लोक लेखों के प्रबन्धन को विनियमित करने वाले नियमों तथा आदेशों के उपबंधों के अनुसार सभी ऐसी प्राप्तियां तथा खर्च तथा सम्पति के उचित लेखे तथा वाउचर तत्परतापूर्वक रखेगा तथा लेखापरीक्षित करवाएगा। (2) अधीक्षक उसके भाग पर किसी लापरवाही, अवज्ञा या कदाचार के कारण या के फलस्वरूप किसी प्रकार के सभी गबन, हानि या क्षति के लिए व्यक्तिगत रूप से दायी होगा। अधीक्षक से प्रत्येक विभाग में हर सम्भव किफायत को बढ़ावा देने तथा उनसे स्वीकृति लेने या स्वीकृति के लिए उन्हें प्रस्तुत करने से पूर्व सभी मांगों तथा मांगपत्रों की सावधानीपूर्वक जांच करने के लिए कारागार प्राप्तियों तथा खर्च पर निरन्तर निगरानी रखना अपेक्षित है। वह व्यक्तिगत निरीक्षण से स्वयं को सन्तुष्ट करेगा कि,– (क) रजिस्टर तथा लेखाबही नियमित रूप से तथा सम्यक् रूप से लिखी जाती हैं तथा दैनिक प्रविष्टियां दिन की पुस्तकों में की जाती हैं; (ख) नकद बकाया पुस्तकों में दर्ज बकायों के अनुरूप है तथा कि बाद का बकाया सही है;

	(ग) बकाया को आवश्यकता से अधिक समय तक अकार्यान्वित रखना अनुज्ञात नहीं हैं। (3) अधीक्षक कारागार स्थापना के किसी सदस्य के भाग पर गबन के लिए दायी है जो कारगर पर्यवेक्षण का प्रयोग करने हेतु उसके भाग पर डयूटी या चूक की किसी लापरवाही से किसी रूप में सूकर तथा सम्भव हुआ है।
आपूर्तियों का तत्परता से भुगतान किया जाना।	**614.** अधीक्षक स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि आपूर्तियों का उनके खरीदने के समय पर या उसके बाद यथा शीघ्र यथा भुगतान कर दिया गया है।
अधीक्षक द्वारा चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की मांग को कार्यान्वित करना।	**615.** (1) अधीक्षक उचित विचारण तथा अपनी सन्तुष्टि के बाद, किसी बन्दी के मामले में जिसका चित्त या शरीर चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की राय में यह अपेक्षित हो, अतिरिक्त बिस्तर या वस्त्र या किसी बन्दी के आहार के परिवर्तन या अनुशासन या उपचार के किसी परिवर्तन संबंधी प्रावधान के सम्बन्ध में चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की सभी लिखित मांगों को कार्यान्वित करवाएगा। (2) चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की डायरी प्रतिदिन अधीक्षक के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी।
अधीक्षक की डायरी।	**616.** (1) अधीक्षक एक डायरी रखेगा जिसमें वह कारागार के प्रबन्धन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण प्रत्येक घटना अभिलिखित करेगा। (2) अधीक्षक कारागार के प्रबन्धन, अनुशासन, प्रशासन या अन्य सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में उस द्वारा पारित सभी आदेशों का परिबद्ध संकलन अनुरक्षित करवाएगा। वह स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि प्रत्येक ऐसे आदेश को विधिवत् कार्यान्वित किया जाता है। सभी आदेशों से गठित परिबद्ध संकलन किसी ऐसे आदेश के निष्पादन की किसी रीति में सौंपे गए अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा आदेश को देखने तथा प्राप्त करने की प्राप्ति सूचना से युक्त होगा।
अधीक्षक के रूप में नियुक्त अधिकारियों के परिवर्तन पर प्रक्रिया।	**617.** किसी कारागार के अधीक्षक के रूप में प्रभार लेने के समय पर प्रत्येक अधिकारी, कार्यालय में प्रवेश करने से पूर्व स्वयं को सन्तुष्ट करेगा कि सभी रिकार्ड तथा रजिस्टर अद्यतन है तथा अच्छी स्थिति में है तथा कि नकद बकाया, स्थाई अग्रिम तथा लेखे सम्पूर्ण है तथा विधिवत् रखे गए है। वह या तो प्रभार लेने के समय पर या उसके बाद एक मास के भीतर पता लगी त्रुटियों, कमियों या अनियमितताओं, यदि कोई हों, का लिखित में एक नोट देगा तथा उसकी महानिदेशक को सूचना देगा।
अधीक्षक द्वारा विवरणी प्रस्तुत करना।	**618.** (1) अधीक्षक, महानिदेशक को निम्नलिखित विवरणी नियमित रूप से प्रस्तुत करेगा, अर्थात्:– (क) सांख्यिकीय सूचना की विवरणी; (ख) प्राप्ति, खर्च तथा सम्पति के सम्बन्ध में लेखों का विवरण; (ग) बिल, बीजक तथा अन्य मूल दस्तावेज; (घ) नियतकालिक रिपोर्ट तथा अन्य सूचना। (2) अधीक्षक कारागार के कार्य के अपने सम्पूर्ण निर्धारण देते हुए महानिदेशक को साप्ताहिक तथा मासिक बैठकों पर आधारित मासिक रिपोर्ट भेजेगा। (3) अधीक्षक स्टाफ सदस्यों के साथ पारस्परिक विचार–विमर्श के लिए प्रतिदिन समय निश्चित करेगा। इस समय के दौरान, स्टाफ सदस्य उससे मिल सकते हैं तथा कारागार के कृत्यों या व्यक्तिगत शिकायतों के निवारण से सम्बन्धित अपने सुझाव दे सकते हैं। चिकित्सा अधिकारियों तथा राजपत्रित अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक आयोजित की जाएगी तथा कारागार के प्रशासन के बारे में सुझावों पर विचार–विमर्श किया जाएगा तथा कारागार कार्यों के दक्ष संचालन के लिए पॉलिसी सूत्रबद्ध की जाएगी।
उप अधीक्षक।	**619.** उप–अधीक्षक की नियुक्ति तथा सेवा शर्तें लागू सेवा नियमों के अनुसार होंगी।
अधिकारियों का 'उप–अधीक्षक' के रूप में समझे जाना।	**620.** डयूटी के प्रयोजन के लिए, 'उप–अधीक्षक' अभिव्यक्ति में उप अधीक्षक (प्रशासन), उप–अधीक्षक (सुरक्षा), उप–अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) तथा इस प्रकार किए गए कार्यों या डयूटियों के सम्बन्ध में उप–अधीक्षक के सभी या किन्हीं कृत्यों या ड्यूटियों को करने के लिए तत्समय प्रत्येक व्यक्ति शामिल किया गया समझा जाएगा।
उप अधीक्षक का निवास।	**621.** उप–अधीक्षक कारागार परिसरों में निवास रखेगा यदि अधीक्षक कहीं ओर रहने के लिए लिखित में अनुमत नहीं करे।

उप अधीक्षक द्वारा रात को उपस्थित रहना।	**622.** उप अधीक्षक (उप अधीक्षकों), अधीक्षक से लिखित में अनुमति के बिना रात के लिए कारागार परिसरों से अनुपस्थित नहीं रहेगा, तथापि, यदि उप अधीक्षक अनिवार्य कारण के कारण किसी रात के लिए अवकाश के बिना अनुपस्थित रहता है, तो वह तुरन्त अधीक्षक को तथ्य तथा उसके कारण सूचित करेगा।
उप अधीक्षक की साधारण ड्यूटियाँ।	**623.** (1) उप अधीक्षक, अधीक्षक के सीधे निर्देश तथा आदेशों तथा नियंत्रण के अधीन ड्यूटियों का निर्वहन करेगा। (2) कारागार के प्रबंधन तथा उसमें परिरूद्ध बन्दियों से सम्बन्धित तत्समय लागू सभी विधियों, नियमों, विनियमों, निर्देशों तथा आदेशों को सही रूप से लागू करने या इस प्रकार लागू करवाना उप अधीक्षक की डयूटी होगी। (3) उप अधीक्षक अन्य उप अधीक्षकों की डयूटी का निर्वहन करने में उनकी हर सम्भव सहायता तथा सहयोग देने के लिए दायी होगा। (4) उप अधीक्षक अधिनियम, नियमों या महानिदेशक/अधीक्षक की हिदायतों/निर्देशों द्वारा यथा अपेक्षित उसके प्रभार में सभी रिकार्ड तथा अन्य वस्तुओं की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए जिम्मेवार होगा। (5) उप अधीक्षक सप्ताह में कम-से-कम एक बार रात (सांय काल 10 बजे से प्रातःकाल 4 बजे के बीच) के दौरान कारागार का निरीक्षण करेगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि कारागार उचित रूप से सुरक्षित तथा रक्षित है तथा कि बन्दियों, रक्षा कार्मिक तथा डयूटी अधिकारी तथा उनकी डयूटियों की रात्रि कालीन व्यवस्था को शासित करने वाले सभी नियमों तथा आदेशों का विधिवत् पालन किया जाता है। उसके रात के चक्कर के दौरान उप अधीक्षक अपनी उप स्थिति में मुख्य द्वार पर आने तथा जाने वाले वार्डर गार्ड की प्रायः तलाशी लेगा तथा जांच करेगा। उप अधीक्षक किसी अप्रिय घटना के घटने पर तुरन्त रात में कारागार का निरीक्षण करेगा। वह रात्रि रिपोर्ट पुस्तक में रात्रि निरीक्षण की रिपोर्ट करेगा। (6) उप अधीक्षक, जब कभी ऐसा करना अपेक्षित हो, से अधीक्षक तथा प्रत्येक निरीक्षण अधिकारी तथा कारागार में उनके निरीक्षण पर कार्यालय मुलाकातियों के साथ चलेगा।
उप अधीक्षक द्वारा कारागार छोड़ने पर प्रभार देना।	**624.** उप अधीक्षक किसी प्रकार के किसी प्रयोजन के लिए कारागार छोड़ने से पूर्व तथा प्रत्येक अवसर पर जिस पर कारागार छोड़ने का प्रस्ताव करता है, अधीक्षक द्वारा यथा निर्देशित ऐसे अधिकारी को अपना प्रभार देगा तथा तथ्य अभिलिखित करेगा कि उसने अपनी डायरी में ऐसा कर लिया है। उसके बाद प्रभार प्राप्त करने वाला अधिकारी ऐसा करने की अभिस्वीकृति में की गई प्रविष्टि प्रतिहस्ताक्षर करेगा।
अनुमति के बिना उप अधीक्षक द्वारा अपनी डयूटी का प्रत्यायोजन नहीं करना।	**625.** यदि उप अधीक्षक को उस पर अधिरोपित किसी डयूटी को करने से अपरिहार्य कारण से किसी समय पर रोका गया है, तो वह अधीक्षक की पूर्व अनुमति के बिना किसी अन्य अधिकारी को कोई डयूटी प्रत्यायुक्त नहीं करेगा।
उप अधीक्षक की डायरी।	**626.** (1) प्रत्येक उप अधीक्षक नियमित रूप से एक डायरी रखेगा जिसमें वह अपने कार्यों से सम्बन्धित सभी महत्व की घटनाएं ज्यों ही वे होती है समय-समय पर अभिलिखित करेगा तथा कारागार की साधारण स्थिति का दैनिक रिकार्ड बनाएगा। वह सभी रिपोर्ट तथा प्रतिवेदन जिसे अधीक्षक को करने की उसकी डयूटीहै, अपनी डायरी में दर्ज करेगा तथा सभी अन्य मामले जो तत्समय लागू नियमों, विनियमों, निर्देशों तथा आदेशों के किन्हीं उपबन्धों द्वारा उसमें दर्ज करने उसके लिए अपेक्षित हों। (2) उप अधीक्षक की डायरी अधीक्षक के सम्मुख साप्ताहिक रूप से (या बाद में यदि आवश्यक हो) रखी जाएंगी, जो प्रत्येक प्रविष्टि के विरूद्ध अपने आदेश पृष्ठांकन करेगा या यदि कोई आदेश या टिप्पणी आवश्यक नहीं है, अपने आद्यक्षर संलग्न करेगा।
उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा अपनी डायरी में प्रतिदिन प्रविष्टि करना।	**627.** उप अधीक्षक (प्रशासन) अपनी डायरी में प्रतिदिन निम्नलिखित दर्ज करेगा, अर्थात् :- (क) तालाबन्दी समय; (ख) दिन के दौरान भरती बन्दियों की संख्या; (ग) उपचार के लिए बाहरी अस्पतालों/संस्थानों में भेजे गए बन्दियों की संख्या;

	(घ) दिन के दौरान रिहा या अन्तरित किए गए बन्दियों की संख्या; (ङ) कारागार की जाली तथा तालों की जांच के परिणाम; (च) किसी विशेष रीति में बन्दियों के रोजगार के लिए स्वीकृति; (छ) हवालात समय; (ज) दिन की कोई अन्य महत्वपूर्ण घटना; (झ) कारागार प्रशासन के बारे में सुझाव, यदि कोई हों।
उप अधीक्षक (सुरक्षा) द्वारा अपनी डायरी में प्रतिदिन प्रविष्टि करना।	**628.** उप अधीक्षक (सुरक्षा) अपनी डायरी में प्रतिदिन निम्नलिखित दर्ज करेगा, अर्थात् :– (क) तालाबन्दी समय तथा उसमें परिरूद्ध बन्दियों की संख्या; (ख) स्टाफ सदस्यों की संख्या जो अनुपस्थित हैं; (ग) स्टाफ सदस्यों की संख्या जो अवकाश पर हैं; (घ) स्टाफ सदस्यों की संख्या जो अवकाश से वापस आए हैं; (ङ) कारागार की जाली तथा तालों की जांच के परिणाम; (च) सभी दृष्टान्त जिसमें उसने किसी बन्दी पर प्रतिबन्ध का प्रयोग करना आवश्यक पाया हो; (छ) हवालात समापन समय तथा उसमें परिरूद्ध बन्दियों की गिनती; (ज) दिन की कोई अन्य महत्वपूर्ण घटना; (झ) कारागार प्रशासन के बारे में सुझाव, यदि कोई हों।
उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) द्वारा अपनी डायरी में प्रतिदिन प्रविष्टि करना।	**629.** उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) अपनी डायरी में प्रतिदिन निम्नलिखित दर्ज करेगा, अर्थात् :– (क) कार्य पर तथा अनुपस्थित बन्दियों की संख्या; (ख) समय जिस पर बन्दी कार्य, प्रशिक्षण, विद्या शुरू करता है; (ग) समय जिस पर कार्य, प्रशिक्षण, विद्या दोपहर पूर्व में रोकी गई थी तथा दोपहर बाद में उसे पुनः शुरू किया गया था; (घ) समय जिस पर कार्य दिन के लिए रोका गया था; (ङ) उन बन्दियों की संख्या जिन्होंने व्यावसायिक तथा शैक्षिक प्रशिक्षण में भाग लिया है; (च) कारागार बन्दी कालिंग सुविधा (पी.आई.सी.एस.) के माध्यम से की गई कॉलों की संख्या; (छ) दिन का कोई अन्य विशेष सांस्कृतिक, आध्यात्मिक या सामाजिक कार्यक्रम या अन्य महत्वपूर्ण घटना; (ज) कारागार प्रशासन के बारे में सुझाव, यदि कोई हों।
उप अधीक्षक का उसको सौंपी गई सम्पत्ति तथा धनराशि के लिए जिम्मेवार होना।	**630.** उप अधीक्षक उसकी देखभाल के अधीन सौंपी गई सभी सरकारी तथा अन्य सम्पति तथा धनराशि के स्थानान्तरण या अन्तरण के लेखे देगा।
बन्दियों की सुरक्षा, अनुशासन, निरीक्षण तथा हाजरी के सम्बन्ध में उप अधीक्षक की डयूटी।	**631.** (1) उप अधीक्षक सभी कार्य तथा बातें करेगा या करवाएगा जो कारागार में प्राप्ति या परिरूद्ध करने के समय पर सभी बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा तथा ऐसे बन्दियों तथा किसी समय उसके आदेशों या नियन्त्रण के अधीन कार्यरत कारागार के सभी अधीनस्थ अधिकारियों में अनुशासन लागू करने तथा बनाए रखना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तथा समीचीन हो तथा सुधारात्मक/शैक्षिक कार्यक्रमों का अधीक्षण भी करेगा। (2) उप अधीक्षक अस्पताल सहित कारागार की प्रत्येक बैरक, वार्ड, सैल, कक्ष तथा प्रत्येक अन्य भाग तथा उसके परिसरों का कम–से–कम प्रत्येक चौबीस घण्टे में एक बार निरीक्षण करेगा तथा उस निमित्त तत्समय लागू नियमों, विनियमों, निर्देशों तथा आदेशों में यथा उपबन्धित के सिवाए कारागार या उसके परिसरों के भीतर हमेशा उपस्थित रहेगा।

हवालात, तालाबन्दी, श्रम, भोजन तथा असाधारण घटनाओं की रिपोर्ट के लिए उप अधीक्षक (प्रशासन) की ड्यूटियां।	**632.** उप अधीक्षक (प्रशासन) की निम्नलिखित डयूटी होगी,– (क) प्रत्येक सांयकाल जब बन्दियों को रात्रि के लिए बन्द किया जाता है तथा प्रत्येक प्रातःकाल जब बन्दियों को शयन वार्ड, सैल या अन्य कक्षों से बाहर निकाला जाता है, हाजिर रहना; (ख) रात्रि तथा प्रातःकाल दोनों तक स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि सभी बन्दी हाजिर तथा सुरक्षित अभिरक्षा में है; (ग) कठोर कारावास भुगतने के लिए दण्डादिष्ट प्रत्येक बन्दी को उचित कार्य आबंटित करना तथा स्वयं की सन्तुष्टि करना कि प्रत्येक ऐसा बन्दी जो श्रम करने के लिए योग्य है प्रतिदिन उचित श्रम पर रखा जाता है तथा उसको आबंटित कार्य करता है; (घ) प्रतिदिन राशन तुलवाने तथा परोसने तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि खाद्य–पदार्थ उचित रूप से साफ तथा पके हुए हैं; (ङ) भोजन के वितरण का पर्यवेक्षण करने तथा स्वयं की सन्तुष्टि करना कि प्रत्येक बन्दी उचित समय पर अपनी उचित मात्रा प्राप्त करता है; (च) अधीक्षक को गम्भीर स्वरूप की प्रत्येक असाधारण घटना की तुरन्त रिपोर्ट करेगा।
दण्डों के निष्पादन के रूप में उप अधीक्षक (प्रशासन) की डयूटी।	**633.** उप अधीक्षक (प्रशासन) की निम्न अनुसार डयूटी होगी,– (क) सुपुर्दगी के सभी विधिपूर्ण वारंट तथा आदेशों की विधिवत् पालना तथा को कार्यान्वित करना; (ख) विधिपूर्ण अर्जित या प्रदान किए गए दण्डों की सभी माफी को कार्यान्वित करना तथा समय–समय पर रिहाई के रजिस्टर में रिहाई की सही तिथि का पुनरीक्षण करना तथा दर्ज करना; (ग) आवश्यक या समीचीन सभी उपाय करना कि कोई भी बन्दी उसकी विधिपूर्ण रिहाई के लिए हकदार होने से पूर्व रिहा नहीं किया गया है।
बन्दी के प्रवेश पर उप अधीक्षक (प्रशासन) की डयूटी।	**634.** प्रत्येक बन्दी के प्रवेश पर उप अधीक्षक (प्रशासन)– (क) वारंट या आदेश जिसके अधीन ऐसे बन्दी को कारागार के सुपुर्द किया है, की जांच करेगा या जांच करवाएगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि वह सभी प्रकार से सम्पूर्ण, उचित तथा वैध हैं; (ख) स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि बन्दियों के प्रवेश के सम्बन्ध में अधिनियम तथा इन नियमों के उपबन्धों का विधिवत् पालन किया गया है।
सरकारी सम्पत्ति की अभिरक्षा।	**635.** (1) उप अधीक्षक (प्रशासन) सभी भण्डार, मशीनरी, औजार, संयन्त्र, कच्ची सामग्री, विनिर्मित माल तथा किसी भी प्रकार की सभी अन्य वस्तुओं की प्राप्ति, जारी करने, सुरक्षित अभिरक्षा तथा उपयोग या निपटान के लिए जिम्मेवार होगा जो तत्समय कारागार में तथा सरकार की सम्पत्ति है तथा वह उसके उचित लेखे तथा रजिस्टर अनुरक्षित करेगा या अनुरक्षित करवाएगा। वह प्रायः स्टाक चैकिंग तथा समय–समय पर अनुरक्षित लेखों तथा रजिस्टरों की जांच तथा सत्यापन करेगा। (2) उप अधीक्षक (प्रशासन) छह मास में कम से कम एक बार स्टोर की सभी वस्तुओं की जांच करेगा तथा स्टोर रजिस्टर के टिप्पणी खाने में अभिलिखित करेगा कि कतिपय तिथि को जांचा गया बकाया सही या गलत था तथा भिन्नता, यदि कोई हो, नोट की गई थी। इस जांच का एक नोट अपनी डायरी में भी करेगा तथा भिन्नता, यदि कोई हो, अधीक्षक को सूचित की जाएगी; यदि यहां पदग्राही में कोई परिवर्तन है, तो वह प्रभार ग्रहण करने पर सभी वस्तुओं की जांच करेगा तथा इसे छमाही जांच के रूप में किया जा सकता है।
चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों का रिकार्ड।	**636.** ऐसे मामलों के सम्बन्ध में दवाईयों की आपूर्ति या निर्देशों के लिए आदेशों के अपवाद सहित, किसी बन्दी के सम्बन्ध में चिकित्सा अधिकारों द्वारा सभी सिफारिश जो स्वयं चिकित्सा अधिकारी या उसके अधीक्षक के अधीन कार्यान्वित की गई है, बन्दी की इतिवृत्त टिकट या यथा विनिर्दिष्ट ऐसे अन्य रिकार्ड में दिन प्रति दिन दर्ज की जाएगी। उप अधीक्षक (प्रशासन) ऐसे संलग्न आक्षेप, यदि कोई हो, की पालना की गई है अथवा नहीं की गई है प्रत्येक निर्देश के तथ्य के सम्बन्ध में बताए गए उसके उचित स्थान पर प्रविष्टि करेगा जैसा उप अधीक्षक (प्रशासन) प्रविष्टि करना तथा तिथि डालना उचित समझे।

उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा स्टाफ सदस्यों की समय पर हाजिरी सुनिश्चित करना।	**637.** उप अधीक्षक (प्रशासन) सुनिश्चित करेगा कि सभी स्टाफ सदस्य समय पर डयूटी पर हाजिर हैं तथा अधीक्षक को दैनिक हाजरी की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। दैनिक हाजरी जहां तक साध्य हो, डिजीटल रूप से भी अभिलिखित की जाएगी।
उप अधीक्षक (प्रशासन) की तराजू, तोल, भण्डार तथा गोदाम की स्थिति के लिए जिम्मेवारी।	**638.** उप अधीक्षक (प्रशासन) निम्नलिखित के लिए जिम्मेवार होगा, अर्थात् :— (क) यह सुनिश्चित करना कि भण्डार तथा कच्ची सामग्री को जारी करने तथा वितरण करने लिए कारागार में प्रयुक्त तराजू, भार तथा माप सही तथा सुव्यवस्थित है तथा वितरण करने से पूर्व कारागार को दी जाने वाली सामग्री का तोल, माप या गिनती करेगा या अपने पर्यवेक्षण के अधीन उसे करवाएगा; तथा (ख) कारागार भण्डार कक्षों की स्थिति तथा बन्दियों तथा को उनकी अप्राप्यता तथा अन्य को उनमें प्रवेश के लिए प्राधिकृत नहीं करना।
उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा कार्यालय का पर्यवेक्षण करना तथा कतिपय रजिस्टर रखना।	**639.** उप अधीक्षक (प्रशासन) कार्यालय के कार्य पर साधारण पर्यवेक्षण का प्रयोग करेगा। विवरणियों की तैयारी, रजिस्टरों में प्रविष्टियों या उप अधीक्षक (प्रशासन) की किन्हीं डयूटियों को किसी प्राधिकृत अधीनस्थ को प्रत्यायोजन किसी भी रूप में यह सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी से उप अधीक्षक (प्रशासन) को मुक्त नहीं करेगा कि ये सही रूप से तथा ठीक समय पर की गई हैं, तथापि, उसकी प्राथमिक डयूटी बन्दियों के सीधे नियन्त्रण तथा कारागार के प्रबन्धन से सम्बन्धित होगी। वह अधीक्षक के निर्देशों के अनुसार रोकड़ बही, रिहाई डायरी तथा ऐसे अन्य रजिस्टर रखेगा या रखवाएगा। वह रोकड़ बही में दर्शाए गए बकायों से हाथ नकदी के बकायों से प्रतिदिन मिलान करेगा, बाद में आद्यक्षर करेगा यदि सही है तथा जांच के लिए प्रतिदिन अधीक्षक को उसे प्रस्तुत करेगा। **टिप्पणः—** साधारणतः नकद तथा रोकड़ बही का कामकाज अनुरक्षण अनुभाग के लिए अधीक्षक (कार्यालय) या उप अधीक्षक (कार्यालय) द्वारा तथा उद्योग अनुभाग के लिए लेखा/लिपिक द्वारा किया जाएगा।
उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा दक्ष स्थिति में कारागार बगीचे का अनुरक्षण करना।	**640.** उप अधीक्षक (प्रशासन) कारागार खेती जैसे फसलों तथा मौसमी सब्जियों आदि की उचित तथा समय पर बुआई से सम्बन्धित सभी मामलों के लिए जिम्मेवार होगा। वह सहवासी, जिन्हें उसके लिए विधिवत् अनुमत किया गया है, कारागार खेती में कार्य करने के लिए समय पर संचलन सुनिश्चित करेगा। वह सप्ताह में कम—से—कम दो बार कारागार बगीचे का निरीक्षण करेगा।
प्रत्येक विभाग में किफायत के लिए जिम्मेवारी।	**641.** उप अधीक्षक (प्रशासन) ऐसी किफायत को बढ़ावा देगा जो अन्य बातों के साथ, कारागार के प्रत्येक विभाग में दक्षता के अनुकूल हो, तथा,— (क) अपेक्षित प्रत्येक किस्म के भोजन, वस्त्र तथा वस्तुओं के लिए सभी मांगपत्र तैयार करेगा या तैयार करवाएगा तथा अधीक्षक को प्रस्तुत करेगा; (ख) सरकारी सम्पति के किसी अनावश्यक विनाश को रोकना, कारागार की तथा अन्य विभाग अपेक्षाओं की आपूर्ति करने में सम्पूर्ण सीमा तक बन्दी श्रम का उपयोग करना तथा किसी अनुचित अपव्यय या फिजूल खर्चो को अधीक्षक के ध्यान में लाना।
प्रभार सौंपने के समय पर सम्पत्ति—सूची।	**642.** जब कोई उप अधीक्षक,विमुक्त या निलम्बित, स्थानान्तरित होता है या त्यागपत्र देता है, अवकाश लेता है (आकस्मिक अवकाश से अन्यथा), तो वह अपने उत्तराधिकारी को प्रभार देने में, सभी क्रेडिट विक्रय के वाऊचरों सहित उसके हाथ में सभी सम्पत्ति, स्टोर आदि की सम्पति—सूची देने की डयूटी से बाध्य होगा। यह सूची कारागार रिकार्ड में रखी जाएगी जबकि एक प्रति उसके उत्तराधिकारी को दी जाएगी तथा दूसरी प्रति महानिदेशक को भेजी जाएगी। अधीक्षक कारागार छोड़ कर जाने वाले उप अधीक्षक की जाने की तिथि से दो मास के भीतर सूची के सहीपन के सम्बन्ध में स्वयं की सन्तुष्टि करेगा तथा यदि परिस्थितियां उसके ऐसा करने को समर्थित करें विदा होने वाले उप अधीक्षक को एक प्रमाणपत्र देगा कि कोई भी मांग या दायित्व उस कारागार में उसके विरूद्ध लम्बित नहीं है। **टिप्पण—1:—** किसी उप अधीक्षक के मामले में, जो छह सप्ताह से अनधिक का अवकाश लेता है, आदेश निलम्बित किया जा सकता है, किन्तु उस मामले में, उप अधीक्षक जो अवकाश लेता है, उसकी अनुपस्थिति के दौरान स्टोर आदि के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेवार होगा तथा किसी हानि के लिए उसके स्थानापन्न की जिम्मेवारी साबित करने का भार उस पर होगा।

	टिप्पण–2:– सभी अधीनस्थ अधिकारी जिनकी अभिरक्षा में सम्पत्ति सूची की वस्तुएं रखी हैं अपने स्टोर तथा वार्डों में सम्बन्धित वस्तुओं की उन द्वारा प्रभार देने हेतु जिम्मेवार होंगे। वे उनके प्रभार के अधीन सभी सम्पत्ति–सूची की वस्तुओं तथा अन्य स्टोर के सम्पूर्ण लेखे देंगे तथा उनकी लापरवाही के कारण किसी हानि या क्षति के लिए जिम्मेवार होगा।
अधीक्षक के बदलने पर उप अधीक्षक (प्रशासन) की डयूटी।	**643.** यदि कोई नया अधीक्षक कारागार का प्रभार ग्रहण करता है, तो उस कारागार से सम्बन्धित विशेष रूप से सभी आदेश लिखित में उसके ध्यान में लाने की उप अधीक्षक (प्रशासन) की डयूटी होगी। किसी ऐसे आदेश की अधीक्षक के भाग पर अपालन के परिणाम–स्वरूप हुई किसी गंभीर अनियमितता की घटना में उप अधीक्षक (प्रशासन) को जिम्मेवार ठहराया जाएगा जब तक वह यह दिखा नहीं देता कि वह अधीक्षक के ध्यान में प्रश्नगत आदेश लाया था। जिम्मेवारी नियत करने की आवश्यकता के हित में उप अधीक्षक द्वारा उपरोक्त अनुसार इस प्रकार संक्षिप्त किए जाने पर अधीक्षक द्वारा आदेश (आदेशों) पर अपने हस्ताक्षर करने अपेक्षित होंगे जो उसके ध्यान में लाए गए हैं।
प्रशासन के निर्बाध कार्य करने के बारे में उप अधीक्षक (प्रशासन) की डयूटी।	**644.** (1) उप अधीक्षक (प्रशासन) अधीक्षक के तत्काल पर्यवेक्षण में कारागार प्रशासन के प्रत्येक अन्य भाग का सम्पूर्ण प्रभारी होगा जो कि केवल उप अधीक्षक (सुरक्षा) तथा उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) से सम्बन्धित नहीं है। (2) उप अधीक्षक (प्रशासन) उसके प्रभार के अधीन सभी शाखाओं विशेष रूप से विचाराधीन अनुभाग, बन्दी अनुभाग, अस्पताल प्रबन्धन तथा स्थापना अनुभाग के निर्बाध कार्य के लिए जिम्मेवार होगा। वह सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारियों सहित इन अनुभागों से सम्बन्धित सभी पत्राचारों के लिए जिम्मेवार होगा। (3) उप अधीक्षक (प्रशासन) अधीक्षक के तत्काल पर्यवेक्षण में कम्प्यूटरीकरण, सुरक्षा उपकरण तथा अन्य उपकरण, स्वच्छता, जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, भोजन, सफाई तथा कारागार परिसरों के सौन्दर्यकरण इत्यादि के सम्बन्ध में दक्ष स्थिति में कारागार को बनाए रखेगा। (4) उप अधीक्षक (प्रशासन) अस्पताल वार्ड का सम्पूर्ण प्रभारी होगा।
उप अधीक्षक (सुरक्षा) का गार्ड की पर्याप्तता के लिए जिम्मेवार होना।	**645.** उप अधीक्षक (सुरक्षा) स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि हर आकस्मिक संकट का मुकाबला करने के लिए रक्षा स्टाफ की पर्याप्त संख्या कारागार में सभी समयों पर उपस्थित तथा सशस्त्र के रूप में तैयार है तथा कि रक्षा स्टाफ उनको आबंटित क्वार्टरों में शयन करता है तथा अनुमति के बिना कारागार परिसरों को नहीं छोड़ता। सूर्यास्त से एक घण्टा पूर्व प्रतिदिन या बाद में, यदि आवश्यक हो, हाजिरी ली जा सकती है।
उप अधीक्षक (सुरक्षा) की डयूटी।	**646.** उप अधीक्षक (सुरक्षा) अधीनस्थ अधिकारियों में हर समय कड़ा अनुशासन बनाए रखेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि,– (क) ऐसे अधीनस्थ अधिकारी जो सेवा अनुशासन के सदृश प्रशिक्षित है ड्रिल (कवायद) तथा अपने शस्त्र के प्रयोग से परिचित हों; (ख) सभी स्टाफ सदस्य जिसके सम्बन्ध में वर्दी विहित की गई है, हर समय विहित रीति में ऐसी वर्दी पहनते हैं जब ऐसी वर्दी पहनी जानी अपेक्षित हो; (ग) हाजिरी तथा डयूटी का विनिर्दिष्ट रोस्टर कार्यान्वित किया जाता है; (घ) जब डयूटी पर हो, सभी अधिकारी देखने में साफ–सुथरे तथा स्वच्छ, उचित रूप से वर्दी में तथा सज्जित हो; तथा (ङ) प्रत्येक दृष्टांत जिसमें कोई अधीनस्थ अधिकारी डयूटी की किसी लापरवाही, अनुशासन के भंग या अन्य कदाचार, जो उसकी जानकारी में आता है, का दोषी है,उसकी डायरी में दर्ज है तथा अधीक्षक के ध्यान में लाया गया है।
उप अधीक्षक (सुरक्षा) की अड़तालिस घण्टे का अवकाश देने की शक्ति।	**647.** अवकाश प्रदान करने तथा उसके लिए अनुरक्षित किए जाने वाले रिकार्ड को शासित करने वाले नियमों के अध्यधीन, उप अधीक्षक (सुरक्षा) किसी रक्षा कार्मिक को एक समय पर अड़तालिस घण्टे/दो दिन से अनधिक अवधि की अनुपस्थित का अवकाश प्रदान कर सकता है : परन्तु प्रत्येक मामले में जहां कोई ऐसा अवकाश दिया गया है, उप अधीक्षक (सुरक्षा) रक्षा कार्मिक जिसे ऐसा अवकाश उसकी अनुपस्थिति के दौरान किया गया है कि डयूटी के उचित निष्पादन के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध करेगा।

उप अधीक्षक (सुरक्षा) द्वारा प्रतिषिद्ध वस्तुओं की प्रतिदिन छानबीन करना।	**648.** उप अधीक्षक (सुरक्षा), अनिश्चित समयों पर ऐसी रीति में प्रतिषिद्ध वस्तुओं के लिए प्रत्येक बन्दी, सभी वस्त्र तथा बिस्तर, सभी वार्डों, सैलों तथा अन्य कक्षों, कर्मशालाओं, शौचघरों तथा बन्दी (बन्दियों) द्वारा बार बार जाने वाले अन्य स्थानों की सम्पूर्ण रूप से छानबीन करवाएगा ताकि सम्पूर्ण कारागार को एक पखवाड़े में कवर किया जा सके।
उप अधीक्षक (सुरक्षा) द्वारा मुलाकात तथा संचार को विनियमित करना।	**649.** (1) बन्दियों तथा व्यक्तियों जो बन्दी नहीं है, के बीच सभी मुलाकात तथा संचार को विनियमित करने तथा सभी व्यक्ति जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा उस निमित्त विधिवत् प्राधिकृत नहीं है, को कारागार परिसरों में प्रवेश करने तथा किसी बन्दी से किसी प्रकार की पहुंच रखने या से संचार करने को रोकने तथा व्यवस्था करने कि कारागार के उचित अधिकारी, की जाने वाले सभी मुलाकातों के दौरान हाजिर है, के लिए उप अधीक्षक (सुरक्षा) की डयूटी होगी। (2) वह मुलाकातियों के साथ बन्दियों की मुलाकात के दौरान कड़ी निगरानी तथा सघन सतर्कता भी सुनिश्चित करेगा। बन्दियों द्वारा अपने रिश्तेदारों से प्राप्त प्राधिकृत वस्तुएं केवल सम्पूर्ण जाँच के बाद ही उन्हें सौंपी जाएंगी। वह आगे सुनिश्चित करेगा ऐसी वस्तुओं का किसी भी व्यक्ति द्वारा गबन नहीं किया जाता है। (3) वह सभी मुलाकातों का (हस्तरूप से या डिजीटल रूप से) रिकार्ड रखेगा। वह उसके सम्बन्ध में साफ्टवेयर या अन्यथा में उचित प्रविष्टि के बिना कोई भी मुलाकात नहीं करवाना सुनिश्चित करेगा।
उप अधीक्षक (सुरक्षा) की अन्य ड्यूटियाँ तथा जिम्मेवारियाँ।	**650.** (1) उप अधीक्षक (सुरक्षा) स्टाफ सदस्यों के आचरण पर विशेषतः भ्रष्ट आचरण के विरूद्ध जांच के रूप में आन्तरिक सतर्कता बनाए रखने की डयूटी से बाध्य होगा। वह दिन के समय के दौरान तालाबन्दी से हवालात तक बन्दियों के कार्यकलापों पर नजर रखेगा। बन्दियों को अनावश्यक रूप से आना–जाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। (2) अधीक्षक के पर्यवेक्षण के अधीन उप अधीक्षक (प्रशासन), उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) के परामर्श से लाईन अधिकारी के माध्यम से रक्षा कार्मिक का अभिनियोजन सुनिश्चित करने के लिए उप अधीक्षक (सुरक्षा) की भी डयूटी होगी। (3) वह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी प्रतिषिद्ध वस्तु कारागार के भीतर ग्रहण नहीं की जाती है तथा कोई भी ऐसी वस्तु या कार्यकलाप जो कारागार की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है, कारागार के भीतर अनुज्ञात नहीं की जाएंगी। इस प्रयोजन के लिए वह निम्नलिखित सुनिश्चित करेगा, अर्थात् :– (क) उनकी प्रविष्टि तथा निकास के समय पर मुख्य द्वार (डयोडी) पर बन्दियों की तलाशी लेना; (ख) उनकी प्रविष्टि तथा निकास के समय पर मुख्य द्वार (डयोडी) पर स्टाफ सदस्यों की तलाशी लेना; (ग) कारागार में आने वाली तथा बाहर जाने वाली वस्तुओं की छानबीन करना। (4) वह सुनिश्चित करेगा कि कारागार में लाई जाने वाली या बाहर ले जाने वाली प्रत्येक वस्तु गेट पास के साथ रखी जाती है तथा ऐसी वस्तुओं के ब्योरे सम्बन्धित रजिस्टर में दर्ज किए जाते हैं। (5) वह सुनिश्चित करेगा कि किसी कारागार अपराध को करने पर विधिक् कार्रवाई शुरू करने के लिए सभी कदम उठाए जाते हैं। (6) उप अधीक्षक (सुरक्षा) की डयूटी के अन्य शीर्षों में निम्नलिखित शामिल होंगे, अर्थात्:– (क) "अलार्म परेड" आयोजित करना; (ख) कारागार में दंगे तथा लोक व्यवस्था में विघ्न को सम्भालना; (ग) उप अधीक्षक (प्रशासन) के सम्पर्क से प्राथमिकता पर चिकित्सा आपात का उत्तर देना; (घ) कारागार की सुरक्षा से सम्बन्धित सभी मामलों के लिए सम्पर्क अधिकारी (सम्पर्क सूत्र); (ङ) रक्षा स्टाफ के अवकाश का विनियमन; (च) नियन्त्रण कक्ष के कार्य की दक्षता;

	(छ) बन्दियों की ऑडियो/विडियो कॉलिंग प्रणाली के प्रयोग की मानीटरिंग; (ज) कारागार के भीतर अपराधों के लिए पंजीकृत मामलों के अन्वेषण का पालन करने के लिए स्थानीय पुलिस थाने तथा पुलिस प्राधिकारियों से सम्पर्क।
उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) की डयूटी।	**651.** (1) अधीक्षक के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) बन्दियों के सुधारात्मक प्रशासन, सुधार, तथा कल्याण से सम्बन्धित राज्य पॉलिसी को लागू करने के लिए जिम्मेवार होगा। वह बन्दियों के लिए शैक्षिक, सांस्कृतिक, मनोरंजनात्मक तथा अन्य कल्याण कार्यकलाप आयोजित करने के लिए जिम्मेवार होगा। (2) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) कारागार में सुधारात्मक स्टाफ के कार्य का पर्यवेक्षण करेगा। (3) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) किसी कारागार में कृषि से अन्यथा किए जा रहे निर्माण इकाई तथा अन्य उत्पादक उद्यमों का पर्यवेक्षण करेगा तथा कारखाना इकाई के दक्ष प्रबन्धन के लिए जिम्मेवार होगा तथा सरकार के अधिकतम सम्भव लाभ के लिए कारागार में वस्तुओं के निर्माण से सम्बन्धित सभी कार्यवाही करेगा। (4) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) सुनिश्चित करेगा कि कारागार की कारखाना इकाई में अनुरक्षित सभी भण्डार चाहे कच्ची सामग्री, निर्माण की प्रक्रिया में सामग्री या निर्मित माल, मशीनरी, संयन्त्र, औजार या अन्य वस्तुएं शामिल हैं; जो उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) की देखरेख या पर्यवेक्षण के अधीन हैं, की देखरेख करने की जिम्मेवारी है तथा वह हर समय अधीक्षक को उसके विधिवत् लेखे देने के लिए दायी होगा। (5) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) उस द्वारा या उसके प्राधिकार या आदेश के अधीन क्रमशः स्टाक में खरीदे गए, प्राप्त तथा विस्तारित किए गए सभी भण्डार तथा प्राप्त या विस्तारित किसी समय पर किसी प्रकार की धनराशि के भी उचित लेखे रखवाएगा। वह जिम्मेवार होगा कि कारखाना विभाग से सम्बन्धित विहिति सभी रजिस्टर तथा लेखे सभी समय पर सही रूप से तैयार करवाएगा तथा अद्यतन रखेगा कि स्टोर के सभी मामलों के लिए उचित वाऊचर तथा भुगतान प्राप्त किए गए हैं तथा सुरक्षित अभिरक्षा में रखे गए हैं तथा अधीक्षक द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत किए गए हैं तथा कि उसके लेखे उचित प्राधिकरण के अधीन विधिवत् लेखापरीक्षित करवाए गए हैं। (6) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) स्वयं की सन्तुष्टि करने के उद्देश्य से समय–समय पर सभी नकद, भण्डार, मशीनरी, संयन्त्र, औजार, कच्ची सामग्री, निर्माण की प्रक्रिया में सामग्री तथा निर्मित वस्तुओं की जांच करेगा कि नकद, स्टाक, सामग्री, निर्मित वस्तुएं, मशीनरी, संयन्त्र तथा औजार लेखों में दर्शाए गए बकाया के अनुसार हैं। (7) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) उसके भाग पर किसी लापरवाही, अवज्ञा या कदाचार के कारण या आरोप्य के कारण किसी रूप में किसी गबन, हानि या क्षति के लिए व्यक्तिगत रूप से दायी होगा। (8) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) बन्दियों के श्रम को सरकार के लिए लाभकारी बनाने हेतु अपनी शक्ति के सभी साधनों का प्रयोग करेगा। वह कारखाने में मितव्यय तथा गबन को रोकेगा तथा सुनिश्चित करेगा,– (क) कच्ची सामग्री के उपभोग की जांच करना तथा देखना कि उसके लिए प्रभारित सामग्री की मात्रा प्राप्त की गई है; (ख) कि सभी आपूर्तियों के लिए भुगतान की गई दरें उचित हैं; तथा (ग) कि मूल्य जिस पर निर्मित माल बेचा गया है उचित रूप से लाभकारी तथा तत्परता से संदत्त किए गए हैं। (9) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) प्रशिक्षण/उत्पादन कर्मशालाओं में हाजिर होने वाले बन्दियों की डयूटी/हाजरी रोस्टर रखने तथा ऐसे प्रत्येक बन्दी को भुगतान योग्य या दिए गए पुरस्कार पारिश्रमिक की संगणना के लिए जिम्मेवार होगा। (10) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक बन्दी को देय पुरस्कार या पारिश्रमिक अंकित करने के लिए प्रशिक्षण, उत्पादन केन्द्र कार्यक्रमों में उसकी हाजिरी अभिलिखित करने के लिए हाजिरी शीट जारी की गई है। वह ऐसे पारिश्रमिक हेतु बिल प्रस्तुत करने तथा उसके समय पर वितरण के लिए जिम्मेवार भी होगा। (11) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक बन्दी, जो पारिश्रमिक के लिए हकदार है के नाम से बैंक खाता खोला गया है तथा कि उसकी कमाई बैंक खाते में जमा

	कराई जाती है। बन्दी बैंक खाता खोलने के लिए आवश्यक दस्तावेज देगा। बन्दी को कारागार कैन्टीन या अन्य खर्च में प्रयोग किए जाने के लिए बैंक से इस राशि के भाग को प्राप्त करने के लिए अधीक्षक द्वारा अनुज्ञात किया जा सकता है। (12) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) उसके प्रभार के अधीन कार्यरत बन्दी का पारिश्रमिक खाता रखने के लिए रोकड़ बही तथा व्यक्तिगत क्रेडिट रजिस्टर रखेगा। **टिप्पणः—** उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) प्रशिक्षण तथा कारखाना विभाग की प्राप्तियों तथा खर्च तथा उससे सम्बन्धित किसी किस्म की सभी सम्पत्ति पर निरन्तर निगरानी रखने की डयूटी से बाध्य होगा। वह उसके आदेशों के अधीन सेवारत प्रत्येक अधिकारी के भाग पर गबन के लिए दायी होगा जो कारगर पर्यवेक्षण का प्रयोग करने में उसकी मांग पर डयूटी की लापरवाही या चूक द्वारा किसी प्रकार से सूकर बना है या सम्भव हुआ है। (13) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) अधीक्षक के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन कारागार प्रबन्धन साफ्टवेयर, कारागार सहवासी कॉलिंग प्रणाली (पी.आई.सी.एस.) तथा सूचना प्रौद्योगिकी के सभी अन्य मामलों का सम्पूर्ण प्रभारी होगा। (14) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) सभी सांस्कृतिक, खेल, योग इत्यादि का सम्पूर्ण प्रभारी होगा। (15) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) लोक—निजी भागीदारी (पी.पी.पी.) रूपात्मकता का सम्पूर्ण प्रभारी होगा तथा कारागार में स्कीम को लागू करने के लिए हर सम्भव उपाय करेगा। (16) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) कल्याण स्कीमो से सम्बन्धित सभी मामलों में स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय करेगा। (17) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) सर्व शिक्षा अभियान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय मुक्त विद्याालय शिक्षा संस्थान के माध्यम से बन्दियों के शिक्षा, स्तर में वृद्धि करवाएगा। (18) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) विभिन्न क्षेत्र, जहां तक उपलब्ध अवसंरचना की सीमा के भीतर अनुज्ञेय हैं, में बन्दियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए जिम्मेवार होगा।
उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) द्वारा रिपोर्ट पुस्तक का अनुरक्षण।	**652.** उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) एक रिपोर्ट पुस्तक का अनुरक्षण करेगा जिसमें अधीक्षक के आदेशों के लिए अपेक्षित सभी मामलों जैसे बन्दियों, सामग्री, मशीनरी, औजार, संयन्त्र तथा इसी प्रकार की मांग, कारखाना विभाग से सम्बन्धित प्रत्येक किस्म के माल के निर्माण, विक्रय, या प्रेषण तथा सिफारिश की प्रविष्टियां की जाएंगी। अधीक्षक द्वारा पारित कारखाने तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम से सम्बन्धित आदेश रिपोर्ट पुस्तक में दर्ज किए जाएंगे।
कच्ची सामग्री, औजार तथा उपकरणों की समेकित मांग।	**653.** (1) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) अधीक्षक को कच्ची सामग्री, मशीनरी, औजार तथा उपकरण की समेकित मांग उसकी खरीद की व्यवस्था करने हेतु सक्षम प्राधिकारी को समर्थ बनाने के लिए सही समय पर सूचित करेगा। (2) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) कार्यशालाओं से बाहर किए गए प्रशिक्षण तथा विनिर्माण की गुणवत्ता में सुधार करने की डयूटी से बाध्य होगा तथा वह जिम्मेवार होगा कि वस्तुएं, जो विशिष्टयों के अनुसार नहीं है, विशेष रूप से अधीक्षक के ध्यान में लाई जाएंगी। वह समय—समय पर, स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि उद्योग की प्रत्येक शाखा में प्राप्त कार्य अभिनियोजित श्रम तथा उपयुक्त कच्ची सामग्री के अनुरूप है। (3) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) उसके अधीन कार्यरत प्रत्येक बन्दी के चरित्र, कौशल, व्यक्तिगत रूचि तथा इतिवृत्त से यथा सम्भव स्वयं को परिचित करेगा ताकि न्यूनतम खर्च तथा समय पर बेहतर सम्भव परिणाम प्राप्त किए जा सकें। वह अच्छे कार्य के लिए माफी देने में तथा पुरस्कार प्रदान करने में अधीक्षक की सहायता करेगा। वह अधीक्षक को उनको आबंटित कार्य को पूरा करने में असफल सभी बन्दियों या जो सीखने या प्रशिक्षण लेने में रूचि नहीं लेते हैं या जानबूझकर खराब कार्य करते हैं तथा वे सभी जो कारागार अनुशासन के उल्लंघन के दोषी हैं जो उसके संज्ञान में आए है, को दण्ड देने के लिए रिपोर्ट करेगा। (4) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) कार्य शीट की जांच करने तथा प्रत्येक कर्मकार द्वारा किए गए कार्य का सत्यापन करने के लिए समूहों को श्रम वितरण का निरीक्षण करने के लिए प्रत्येक प्रातःकाल पर्याप्त मात्रा में कारागार कारखाने में पहुंचेगा तथा साधारणतः सम्पूर्ण दिन कारागार के भीतर रहेगा।

	(5) उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) विभिन्न सरकारी तथा गैर–सरकारी संस्थाओं में व्यक्तिगत रूप में मुलाकात करेगा तथा कारागार में प्रशिक्षण तथा उत्पादन की गतिविधियों से उनसे जानकारी प्राप्त करेगा ताकि कारागार कारखाने में विभिन्न वस्तुओं के लिए निर्माण आदेश प्राप्त किए जा सकें।
सहायक अधीक्षक तथा उप सहायक अधीक्षक।	**654.** (1) विभाग में सहायक अधीक्षक तथा उप सहायक अधीक्षक की सेवा अधीनस्थ सेवा है, तथा इन नियुक्तियों को धारण करने वाले अधिकारी अराजपत्रित अधिकारी होंगे। (2) सहायक अधीक्षक तथा उप सहायक अधीक्षक की भर्ती तथा सेवा शर्तें सरकार द्वारा इस निमित्त बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगी। (3) सहायक अधीक्षक तथा उप सहायक अधीक्षक, उप अधीक्षक के अधीनस्थ होंगे तथा उसके आदेशों की पालना करेंगे। सहायक अधीक्षक तथा उप सहायक अधीक्षक सप्ताह में कम–से–कम एक बार मुख्य द्वार के बीच भारमुक्त तथा भारमुक्त होने वाले गार्ड की तलाशी लेगा।
सहायक अधीक्षक तथा उप–सहायक अधीक्षक की साधारण डयूटियाँ।	**655.** (1) वह सुनिश्चित करेगा कि रक्षा कार्मिक अपनी सम्बन्धित डियूटियों पर सतर्क हैं। (2) वह उसके प्रभार के अधीन वार्डों, सैलों, बैरकों की तालाबन्दी तथा हवालात के समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेगा तथा हवालात के समय पर तथा अनिश्चित समयों पर भी उनमें परिरूद्ध बन्दियों की तलाशी लेगा। वह सप्ताह में कम–से–कम एक बार अपने प्रभार के अधीन वार्डों/सैलों/बैरकों की सम्पूर्ण तलाशी करेगा। (3) वह वार्डों तथा बन्दियों की प्रत्येक ऐसी तलाशी के परिणाम तलाशी पुस्तक में उसके अपने हाथ से अभिलिखित करेगा। (4) वह लिखने के लिए किसी बन्दी को कोई रजिस्टर/विवरणी/दस्तावेज नहीं सौंपेगा। (5) वह बन्दियों के साथ व्यवहार–कौशल, मानवतावादी, दयालुता तथा स्थिरता से व्यवहार करेगा। (6) वह अपने प्रभार के अधीन वार्डों, सैलों, बैरकों तथा बन्दियों की स्वच्छता तथा रख–रखाव का अनुरक्षण सुनिश्चित करेगा। वह यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी बन्दी नियमित स्नान करते हैं, बाल छोटे तथा दाढ़ी रखेंगे (या दाढ़ी बनाकर रखेंगे), साफ वस्त्र/कारागार वर्दी पहनेंगे तथा कम्बल तथा बैडशीट (चद्दर) नियमित रूप से साफ करते हैं तथा साफ रखते हैं। (7) वह सुनिश्चित करेगा कि उसके कार्यकारी प्रभार के अधीन वार्डों के बीमार सहवासियों को चिकित्सा उपचार यथा समय मुहैया करवाया जा रहा है। (8) वह उसके प्रभार के अधीन बन्दियों के लिए खेल, क्रीड़ा, योग, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा अन्य सुधारात्मक/सांस्कृतिक कार्यकलाप आदि का पर्यवेक्षण करेगा। (9) वह उप अधीक्षक के नियन्त्रण के अधीन बन्दियों से सम्बन्धित अन्य डयूटियां करेगा जिसमें बन्दियों में अनुशासन तथा आदेश का अनुरक्षण (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष के प्रभारी के रूप में डयूटी), रक्षा कार्मिक का प्रबन्धन (लाईन अधिकारी के रूप में डयूटी), कारागार बगीचे तथा डेयरी का अनुरक्षण, बन्दियों के वारंटों का अनुरक्षण, सम्बन्धित रजिस्टरों का अनुरक्षण, बन्दियों का प्रवेश तथा रिहाई, विचारण न्यायालयों के सम्मुख बन्दियों को पेश करना तथा उनके पारगमन, बन्दियों के अन्तरण के दौरान सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करना, बन्दियों के पैरोल/फरलो मामले तैयार करना, रिट याचिकाओं के उत्तर समय पर प्रस्तुत करना, बन्दियों इत्यादि को दिए गए दण्डों का न्यायिक अंकन करना शामिल होगा। **टिप्पणः–** सहायक अधीक्षक या उप सहायक अधीक्षक की डयूटियों के निष्पादन के दौरान उन द्वारा की गई प्रत्येक रिपोर्ट उप अधीक्षक के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी जो अधीक्षक के अन्तिम आदेशों के लिए अपनी टिप्पणी सहित अधीक्षक के सम्मुख रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।
लाईन अधिकारी के रूप में सहायक अधीक्षक या उप सहायक अधीक्षक की डयूटियाँ।	**656.** (1) वह बल के अनुशासन तथा प्रशिक्षण और लाईन के प्रबन्ध से सम्बन्धित सभी ब्योरों से पूर्णरूप से परिचित होगा। (2) वह कारागार परिसर में गार्ड, कक्ष, वार्डर होस्टल, कोटमौका, कारागार बगीचे तथा अन्य भवनों पर अपनी निरन्तर चौकसी (विजिल) रखेगा तथा यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेवार होगा कि वे स्वच्छ, साफ–सुथरे तथा उचित रूप से रखे गए हैं। (3) वह उप अधीक्षक (सुरक्षा) के आदेशों के अधीन रक्षा कार्मिक को पद की डयूटियों तथा जिम्मेवारियों को उनमें प्रत्येक को स्पष्ट करते हुए तैनात करेगा।

	(4) वह उचित स्वीकृति के बिना कारागार परिसर के बाहर किसी रक्षा कार्मिक का चुपचाप चला न जाना सुनिश्चित करेगा तथा कि अप्राधिकृत व्यक्तियों को कारागार सीमाओं से अलग कर दिया गया है। (5) वह कारागार परिसर में होने वाली सभी औपचारिक परेड़ों में हाजिर होगा तथा जिम्मेवार होगा कि सभी हाजरी उचित रूप से ली गई है। (6) वह कारागार के भीतर डयूटी पर जाने तथा बन्द करने पर रक्षक का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करेगा तथा किसी पाली (शिफ्ट) का निरीक्षण करने में असमर्थता के मामले में, वह ऐसी व्यवस्था करेगा कि ऐसा निरीक्षण किसी जिम्मेवार अधिकारी द्वारा किया गया है। निरीक्षण करने वाले अधिकारी के नाम सहित ऐसे निरीक्षण की प्रविष्टियां दैनिक डायरी में निरन्तर की जाएंगी। (7) वह अधीक्षक द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ऐसे अन्तरालों पर कारागार परिसर में सभी गार्डों का निरीक्षण करेगा। (8) शस्त्रागार की चाबियों का सेट हमेशा लाईन अधिकारी की व्यक्तिगत अभिरक्षा में होगा। (9) वह वार्डर के मेस का पर्यवेक्षण करेगा तथा उसको आपूर्ति से अद्यतन बनाए रखेगा। (10) वह गार्ड में व्यवस्था बनाए रखेगा तथा अधीक्षक के साथ स्टाफ सदस्यों की मासिक कल्याण बैठकों का आयोजन करेगा। (11) वह अधीक्षक तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) को रक्षा कार्मिक के मामलों, उनके अनुशासन, डयूटी तथा उपकरण के बारे में सूचित रखने के लिए जिम्मेवार होगा। (12) वह कारागार की रक्षा करने के लिए अन्य बलों, यदि कोई हों, के दक्ष कार्य करने तथा उचित अभिनियोजन के लिए जिम्मेवार होगा। (13) वह सुनिश्चित करेगा कि समारोह गार्ड अद्यतन हैं तथा अभिवादन तथा अन्य डयूटियों के लिए तैयार है। (14) वह कारागार के बाहर अस्पतालों में बीमार बन्दियों के लिए गार्ड अभिनियोजन के लिए जिला पुलिस के आरक्षित निरीक्षक तथा लाईन अधिकारी से सम्पर्क बनाए रखेगा।
केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष के प्रभारी के रूप में सहायक अधीक्षक तथा उप सहायक अधीक्षक की डयूटियॉं।	**657.** (1) वह ताला खोलने पर वार्ड, बैरक तथा सैल प्रभारी, दोपहर की गिनती, हवालात, तथा प्रातःकाल तथा सांयकाल में श्रम के लिए वितरण का पर्यवेक्षण करेगा। (2) वह दोपहर पूर्व एक बार तथा दोपहर बाद एक बार महिला वार्डर से पता लगाएगा कि गिनती सही है तथा सब कुछ ठीक है। (3) वह अपनी डयूटी समय के दौरान सभी वार्डों/बैरकों/सैलों का निरीक्षण करेगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि रक्षा कार्मिक तथा बन्दी पहरेदार अपनी चौकियों पर हाजिर हैं तथा सतर्क हैं। (4) वह भोजन के वितरण तथा संरक्षण व्यवस्था का पर्यवेक्षण करेगा। (5) वह सभी ग्रिलों, जालियों, दरवाजों, तालों या अहातों तथा बैरकों के अन्य खुले स्थानों जिनमें बन्दी परिरूद्ध है सुरक्षित करवाएगा तथा व्यक्तिक निरीक्षण से स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि वे सुरक्षित हैं तथा यदि वहां कोई भिन्नताएं है, तो उनकी रिपोर्ट करेगा। (6) वह कारागार के भीतर कार्यरत सभी गिरोह (कार्य पर अभिनियोजित बन्दियों के समूह) का आकस्मिक निरीक्षण करेगा तथा गिरोह पुस्तक से प्रत्येक गिरोह में बन्दियों की संख्या की गिनती तथा जांच करेगा। वह दौरे के दौरान स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि रक्षा कार्मिक सभी बन्दियों पर नजर रखते है तथा उनको आबंटित श्रम के अनुसार उनका अभिनियोजन किया जाता है तथा नियमों तथा विनियमों की किसी अवज्ञा की उप अधीक्षक (सुरक्षा) को रिपोर्ट करेगा। (7) वह न्यायालय पेशी, मुलाकात, कैन्टीन तथा अस्पताल आदि में जाने वाले बन्दियों का संचलन अनुशासित रीति में विनियमित करेगा। (8) वह उप अधीक्षक (सुरक्षा) की कड़ी निगरानी पर्यवेक्षण के अधीन उपरोक्त वर्णित डयूटियॉं करेगा।
डयूटी अधिकारी।	**658.** (1) अधीक्षक के साधारण या विशेष आदेशों द्वारा यथा विनिर्दिष्ट अधिकारी, जो मुख्य वार्डर की पदवी से नीचे का न हो डयूटी अधिकारी के रूप में डयूटी करेगा। (2) डयूटी अधिकारी तीन पालियों (शिफ्टों) अर्थात्, प्रातःकाल 06:00 बजे से सांय 02:00 बजे तक, सांय 02:00 बजे से 10:00 बजे तक तथा सांय 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक, में कार्य करेगा।

	(3) डयूटी अधिकारी मुख्य द्वार का प्रभारी होगा। वह अपनी डयूटी के समय के दौरान रक्षा कार्मिक की पाली के परिवर्तन का पर्यवेक्षण करेगा। (4) डयूटी अधिकारी प्रायः प्रशासकीय ब्लॉक में सी सी टी वी नियन्त्रण कक्ष का निरीक्षण करेगा तथा अपनी डयूटी समय के दौरान कारागार के कम–से–कम दो दौरे करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि डयूटी पर रक्षा कार्मिक चौकस हैं; रात्रि के दौरान पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था उपलब्ध है तथा बन्दी सुरक्षित हैं तथा सुरक्षित अभिरक्षा के अधीन है। वह इसमें इसके पूर्व विहित दौरों के प्रारम्भ तथा समापन का वास्तविक समय बताते हुए डयूटी अधिकारी की रिपोर्ट पुस्तक में विस्तृत रिपोर्ट अभिलिखित करेगा, उसमें कथित करेगा कि उसने ये डयूटियॉं की है तथा अनुचित घटना या अनियमितता जो उसके ध्यान में आई है, को नोट किया है। **टिप्पणः–** रिपोर्ट पुस्तक लाईन अधिकारी द्वारा प्रतिदिन उप अधीक्षक (प्रशासन) तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी। (5) डयूटी अधिकारी अपनी डयूटी समय के दौरान प्रत्येक रिपोर्ट पर ध्यान देगा तथा यथा आवश्यक प्रत्येक ऐसा उपाय करेगा तथा किसी की आपातिक मामलों में उप अधीक्षक (प्रशासन) तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) को सूचित करेगा।
दवाईयों, मैडिकल स्टोर तथा मांग पत्रों के सम्बन्ध में चिकित्सा अधिकारी की डयूटी।	**चिकित्सा अधिकारी** **659.** चिकित्सा अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए दायी होगा कि बेहतर गुणवत्ता की सामान्य दवाईयां खरीदी जाती हैं तथा कि मरीज बेहतर देखभाल तथा न्यूनतम तथा उचित कीमत पर बेहतर उपचार प्राप्त करते हैं।
डेयरी फार्म वाली कारागारों के लिए डयूटियां।	**660.** चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन गौशालाओं, डेयरी तथा दुग्ध बरतनों की स्वच्छता की जांच करेगा।
चिकित्सा अधीनस्थ स्टाफ द्वारा प्रत्येक चिकित्सा आपात की सूचना चिकित्सा अधिकारी को सूचित करना।	**661.** चिकित्सा अधीनस्थ स्टाफ, बिना विलम्ब के, कारागार अस्पताल में या कारागार में किसी वार्ड में प्रत्येक चिकित्सा आपात की सूचना चिकित्सा अधिकारी को देगा।
कारागार की सेवा में केवल चिकित्सा अधीनस्थों को शासित करने के लिए उपबन्ध।	**662.** प्रत्येक चिकित्सा अधीनस्थ स्टाफ जिसकी डयूटी केवल कारागार के सम्बन्ध में है,– (क) अपने ग्रेड का साधारण वेतन तथा ऐसा विशेष भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा, जो राज्य सरकार विशेष कारागार जिससे वह डयूटी के सन्तोषजनक निष्पादन की शर्त आसक्त है, के लिए स्वीकृत करती है; (ख) मुफ्त सरकारी आवास के लिए हकदार होगा; यदि ऐसा आवास उपलब्ध नहीं है, तो वह अधीक्षक के अनुमोदन पर कारागार के निकट रहेगा तथा उसके बदले में मकान किराए का हकदार होगा; तथा (ग) प्राईवेट व्यवसाय में लगने के लिए दायी नहीं होगा और न ही अधीक्षक या चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की उचित अनुमति के बिना कारागार परिसरों से स्वयं को अनुपस्थित करेगा।
प्रक्रिया जब चिकित्सा अधीनस्थ स्टाफ कोई अपराध करता है।	**663.** यदि चिकित्सा अधीनस्थ स्टाफ विधि द्वारा दण्डनीय किसी अपराध से अन्यथा कोई अपराध करता है, तो रिपोर्ट महानिदेशक को की जाएगी तथा अधीनस्थ को, यदि आवश्यक हो, आदेश प्राप्त होने तक निलम्बनाधीन रखा जाएगा।
चिकित्सा अधीनस्थ स्टाफ की साधारण डयूटियां।	**664.** चिकित्सा अधीनस्थ स्टाफ की निम्नलिखित साधारण डयूटियां होंगी, अर्थात् :– (क) प्रयोगशाला नमूनों का संग्रहण तथा जांच तथा ऐसे नमूनों को सिविल अस्पताल की प्रयोगशाला में भेजना यदि कारागार अस्पताल में कोई प्रयोगशाला विद्यमान नहीं है; (ख) प्रयोगशाला नमूनों की रिपोर्टों का संग्रहण तथा उनको चिकित्सा अधिकारी को प्रस्तुत करना;

	(ग) एक्स–रे मशीनों, अल्ट्रासाऊण्ड स्कैनिंग उपकरण, ई.सी.जी. मशीनों आदि का संचालन करना; (घ) चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति में भेषजी अधिकारी द्वारा दवाई मुहैया करवाना।
शव–परीक्षा में सहायता तथा निर्दिष्ट बन्दियों के साथ जाना।	**665.** चिकित्सा अधीनस्थ स्टाफ मृतक बन्दियों की शव–परीक्षा के समय पर आवश्यक सहायता देगा तथा प्रत्येक बन्दी के साथ जाएगा जिसे आकस्मिक संकट के मामले में बाहरी अस्पताल में निर्दिष्ट किया जाता है।
रक्षा कार्मिक।	**रक्षा कार्मिक** **666.** रक्षा कार्मिक में मुख्य वार्डर तथा वार्डर शामिल होंगे। विभिन्न डयूटी चौकियों पर रक्षा स्टाफ के प्रत्येक सदस्य की विशेष डयूटी ऐसी होगी जो अधीक्षक के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन निम्नलिखित क्षेत्रों में उप अधीक्षक (सुरक्षा) द्वारा सौंपी गई है,– (क) सुरक्षा, अभिरक्षा तथा दिनचर्या; (ख) बन्दियों की तलाशी तथा गिनती; (ग) कारागार खोलना तथा बन्द करना; (घ) कारागार भवनों, दीवारों, तालों, रोशनी व्यवस्था, सलाखों में त्रुटियों तथा कमियों की रिपोर्ट करना जिसमें तुरन्त परिशोचन कार्रवाई करना तथा तालों तथा चाबियों, हथकड़ियों तथा अन्य सुरक्षा उपकरण की अभिरक्षा का ध्याना रखना शामिल है; (ङ) बन्दियों की देखभाल तथा कल्याण; (च) कारागार परिसरों, द्वारों, संगरोध अहातों, बैरकों, शयनशालाओं, सैलों, उच्च सुरक्षा अहातों, कार्यशैडों, पृथक्करण प्रागंण, अस्पताल, रसोई, कारागार बगीचे तथा कारागार के प्रत्येक अन्य अनुभाग में अनुशासन का अनुरक्षण; (छ) उसके प्रभार के अधीन क्षेत्रों में स्वच्छता तथा स्वास्थ्य–विज्ञान; (ज) कार्य के लिए बन्दियों की एस्कोर्टिंग, उनके कार्य का पर्यवेक्षण, औजारों, सम्पत्ति, उपकरण, बेकार माल तथा पशु धन की देखरेख तथा अभिरक्षा; (झ) खाद्‌य, कैन्टीन वस्तुओं तथा अन्य उपकरणों का वितरण करना; (ञ) कार्यशैडों में तकनीकी कार्मिक की सहायता करना; (ट) नियमों के अनुसार तुरन्त कार्रवाई करने के लिए समुचित अधिकारियों को अनुशासन के उल्लंघनों की रिपोर्ट करना; (ठ) बन्दियों की आदतों तथा व्यवहार का अवलोकन करना तथा सम्बन्धित अधिकारी (अधिकारियों) को उसकी रिपोर्ट करना, उनकी आदतों तथा व्यवहार में सुधार करने के लिए बन्दियों की सहायता करना; (ड) सभी आकस्मिक संकटों के लिए निवारक तथा नियन्त्रण उपाय करना; (ढ) स्टाफ क्वार्टरों में अनुशासन; (ण) पी.टी. ड्रिल परेड तथा दिखावटी (मॉक) ड्रिल इत्यादि।
डयूटी, तैनाती इत्यादि का विनियमन।	**667.** निगरानी की साधारण डयूटी, रक्षक तथा सन्तरी की तैनाती तथा डयूटी, रक्षकों तथा सन्तरियों के लिए डयूटी की अवधि तथा ऐसे रक्षकों की संख्या का नियतन कारागार तथा बन्दियों की सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य मामले रक्षा कार्मिक की डयूटी तथा उसी प्रकार की डयूटी समय–समय पर महानिदेशक द्वारा इस निमित्त जारी साधारण या विशेष आदेशों के अनुसार विनियमित की जाएगी तथा आपातिक मामलों में या ऐसे मामलों में जिसके लिए कोई भी प्रावधान किसी ऐसे आदेश में नहीं किया गया है, अधीक्षक के आदेशों से उसे विनियमित किया जाएगा।
जब रक्षा कार्मिक अवकाश पर जाते हैं या निलम्बनाधीन हैं।	**668.** यदि रक्षा कार्मिक को अवकाश दिया जाता है या निलम्बनाधीन है, तो अधीक्षक जिससे रक्षा, कार्मिक उस समय आसक्त है, अनुपस्थिति के कार्य को करने के लिए उसकी अपनी व्यवस्था करेगा।
रक्षा कार्मिक के लिए आवास।	**669.** सभी मुख्य वार्डरों तथा वार्डरों को उनके स्वयं तथा उनके परिवारों के लिए पृथक क्वार्टर मुहैया करावाए जाएंगे तथा वार्डर कारागार परिसरों में शयन तथा भोजन बनाने तथा उनके परिवारों के लिए भी क्वार्टरों की उपलब्धता के अध्यधीन आवास के हकदार होंगे। **टिप्पणः–** वार्डर होस्टल में सरकार के खर्च पर विद्युत प्रकाश, पंखे तथा जल कूलर मुहैया करावाए जाएंगे।

कतिपय व्यक्तियों को ग्रहण नही करना।	**670.** किसी भी रक्षा कार्मिक जिसने कारागार सेवा छोड़ दी है, को महानिदेशक की स्वीकृति के बिना पुनः ग्रहण नहीं किया जाएगा।
रक्षा कार्मिक का सैन्य अनुशासन।	**671.** रक्षा कार्मिक सैन्य अनुशासन के स्वरूप में ऐसे अनुशासन के अध्यधीन होगा जो महानिदेशक की राय में कारागार के संरक्षण तथा प्रबन्धन के सम्बन्ध में सभी डयूटियों तथा कार्यों के दक्ष निर्वहन के लिए आवश्यक समझे।
सरकारी सम्पति के सम्बन्ध में रक्षा कार्मिक की जिम्मेवारी।	**672.** रक्षा कार्मिक अपने प्रभार के अधीन सरकारी सम्पत्ति तथा बन्दियों के सभी बिस्तर, वस्त्र, बर्तन इत्यादि की रक्षित अभिरक्षा के लिए जिम्मेवार होगा।
आकस्मिक संकटों में अस्थाई रक्षा कार्मिक।	**673.** जब, किसी पर्याप्त कारण से, अधीक्षक की राय में तत्समय नियत मापक्रम की अधिकता में रक्षा कार्मिक की कोई संख्या ग्रहण करनी आवश्यक है, तो अधीक्षक महानिदेशक को तुरन्त मांग भेजेगा जो सरकार के परामर्श से अपेक्षित अतिरिक्त रक्षा कार्मिक के अभिनियोजन के लिए आगे कार्यवाही करेगा।
रक्षा कार्मिक द्वारा अपना स्थान नही छोड़ना।	**674.** (1) कोई भी रक्षा कार्मिक किसी भी समय डयूटी पर किन्हीं भी परिस्थितियों में, किसी भी बहाने पर, अपनी चौंकी नहीं छोड़ेगा या स्वयं डयूटी से तब तक अनुपस्थित नहीं होगा जब तक उसे डयूटी से यथा समय कार्यमुक्त नहीं कर दिया जाता : परन्तु वह भागने से रोकने या उसकी नजरों में होने वाले उपद्रव को शान्त करने में सहायता, जब वह मुख्य दीवार गश्त लगाने की डयूटी पर है, या जब वह बन्दियों का प्रभारी है यदि वह उन बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा के गम्भीर जोखिम के बिना ऐसा नहीं कर सकता, के लिए अपना हल्का (बीट) छोड़ सकता है। यह दर्शाना कि परिस्थितियां ऐसी अपवादिक थी कि उसका ऐसा करना न्यायसंगत था, सम्बन्धित वार्डर पर छोड़ा जाएगा। (2) दिन या रात में कोई भी कार्यमुक्ति कार्यमुक्त होने वाले तथा कार्यमुक्त दोनों कार्मिक तथा तीसरे कार्मिक की भी उपस्थिति से अन्यथा से प्रभावित होगी जो साधारणतः मुख्य वार्डर होगा जिसकी डयूटी ऐसी कार्यमुक्ति की जानी है।
कार्यमुक्ति होने पर रक्षा कार्मिक की डयूटी।	**675.** कार्य मुक्त होने पर रक्षा कार्मिक कार्यभार की डयूटी अपने उत्तराधिकारी को स्पष्ट करेगा तथा किसी दीर्घकालिक या खतरनाक बन्दियों को उसके ध्यान में लाएगा। कार्यमुक्त करने वाला कार्मिक कार्यभार लेने से पूर्व स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि उसको दी गई सम्पति तथा बन्दियों की संख्या सही है।
डयूटियों का वितरण।	**676.** प्रत्येक कारागार में अधिक महत्वपूर्ण डयूटियां, वरिष्ठ अनुभवी तथा दक्ष रक्षा कार्मिक को सोंपी जाएगी जबकि प्रशिक्षु तथा अन्य को कम जिम्मेवारी के कार्यभार में रखा जा सकता है।
रक्षा कार्मिक के शस्त्र।	**677.** (1) प्रत्येक रक्षा कार्मिक को आधुनिक शस्त्र तथा गोलाबारूद को सम्भालने तथा प्रयोग करने में प्रशिक्षण मुहैया करवाया जाएगा। (2) सभी शस्त्र तथा गोलाबारूद, जब वे वास्तविक उपयोग में न हो, शस्त्रागार में सुरक्षित रूप से रखे जाएंगे।
डयूटी की अवधियॉ।	**678.** (1) साधारणतः प्रत्येक रक्षा कार्मिक प्रतिदिन आठ घण्टे के लिए डयूटी पर रहेगा। (2) प्रत्येक रक्षा कार्मिक शस्त्रों के प्रयोग तथा अन्य मामलों में ड्रिलिंग, कौशल, अभ्यास में शिक्षण के लिए ऐसी ड्रिल तथा परेड़ों में उपस्थित होगा जो अधीक्षक समय–समय पर उस निमित्त विहित करे। (3) डयूटी की अवधि इस प्रकार व्यवस्थित की जाएगी कि मुख्य वार्डर सम्पूर्ण दिन तथा रात की किसी प्रकार की डयूटी से रक्षा कार्मिक के प्रत्येक कार्यमुक्ति पर हाजिर रहेगा।
महिला बन्दियों पर रक्षक की कार्यमुक्ति में प्रक्रिया।	**679.** महिला बन्दियों के लिए अलग रखी गई कारागारों, वार्डों तथा अन्य कक्षों के मामले में रक्षा कार्मिक के प्रत्येक परिवर्तन कार्य पर मुक्त तथा कार्यमुक्त करने वाला मुख्य वार्डर महिला बन्दियों द्वारा अधिभोग किए गए वार्डो, सैलों, कक्षों या अहातों में प्रवेश किए बिना महिला रक्षा कार्मिक से पता लगाएगा कि उसमें परिरूद्ध सभी महिला कार्मिक उपस्थित हैं।
चाबियों की देखभाल तथा प्रबन्धन।	**680.** (1) कोई भी रक्षा कार्मिक जिसे किसी समय कोई चाबी सौंपी गई है, किन्हीं भी परिस्थितियों में या किसी प्रकार के बहाने से,–

	(क) कारागार के बाहर किसी बन्दी की अभिरक्षा सुरक्षित करने के लिए प्रयोग में किसी ताले से सम्बन्धित कोई चाबी नहीं लेगा; (ख) इधर–उधर पड़ी ऐसी किसी चाबी को नहीं छोड़ेगा; (ग) ऐसी चाबी को प्राप्त करने या उसकी देखभाल करने या अभिरक्षा में रखने के लिए विधिवत् प्राधिकृत कारागार के किसी अधिकारी से अन्यथा किसी व्यक्ति को कोई ऐसी चाबी नहीं देगा; (घ) उस से उसे प्राप्त करने के लिए विधिवत् प्राधिकृत अधिकारी को ऐसी चाबी दिए बिना अपनी चौकी या डयूटी या कारागार नहीं छोड़ेगा। (2) किसी वार्ड, सैल, कक्ष, गोदाम, मुख्य द्वार या मुख्य द्वार खिड़की की चाबी, किन्हीं भी परिस्थितियों में या किसी बहाने पर किसी भी समय किसी बन्दी को नहीं दी जाएगी। **टिप्पणः–** यदि कोई चाबी गुम या गलत जगह पर रखी गई है, तो ताला या ताले जिससे वे सम्बन्धित हैं तुरन्त प्रयोग से बाहर रख दिए जाएंगे तथा पूर्वोक्त तालों के स्थान पर नए ताले लगाए जाएंगे तथा उपरोक्त के कारणों का पता लगाने के सम्बन्ध में कारागार के प्रभारी अधिकारी के आदेशों पर जांच की जाएगी।
मुख्य वार्डर (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष)।	**681.** प्रत्येक कारागार में एक मुख्य वार्डर (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) तैनात किया जाएगा जो अधीक्षक द्वारा यथा विनिश्चत किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए मुख्य वार्डरों में से चयनित किया जाएगा।
मुख्य वार्डर (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) की साधारण डयूटी।	**682.** सहायक अधीक्षक (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) के सीधे प्रभार में मुख्य वार्डर (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष),– (क) हवालात को खोलने के समय पर उसके प्रभार में सभी बैरक, बन्दियों की दोपहर की गिनती तथा बन्दियों को बंद करने प्रातःकाल तथा दोपहर में श्रम के वितरण में पर्यवेक्षण करेगा तथा बैरक के कार्यकारी प्रभारी तथा सहायक अधीक्षक (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) को रिपोर्ट करेगा; (ख) अनुशासित रीति में न्यायालय पेशी, मुलाकात, कैन्टीन, अस्पताल मुलाकात, व्यावसायिक प्रशिक्षण, शैक्षिक कक्षाओं आदि के लिए जाने वाले बन्दियों का संचलन विनियमित करेगा; (ग) अपनी डयूटी समय के दौरान सभी वार्डों/बैरकों/सैलों तथा अन्य भवनों का निरीक्षण करेगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करना कि रक्षा कार्मिक तथा बन्दी पहरेदार अपने चौकी पर हाजिर तथा सतर्क हैं; (घ) भोजन वितरण तथा संरक्षण व्यवस्था का पर्यवेक्षण करेगा; (ङ) सभी ग्रिलों, जालियों, दरवाजों, तालों या अहातों तथा बैरकों के अन्य खुले स्थानों जिसमें बन्दी परिरूद्ध है, सुरक्षित करवाएगा तथा व्यक्तिक निरीक्षण से स्वयं को सन्तुष्ट करेगा कि वे सुरक्षित हैं तथा भिन्नताएं यदि कोई हों, तो उसकी रिपोर्ट करेगा। (च) कारागार के भीतर कार्यरत सभी गिरोह (कार्य पर अभिनियोजित बन्दियों के समूह) का आकस्मिक निरीक्षण करेगा तथा गिरोह पुस्तक से प्रत्येक गिरोह में बन्दियों की संख्या की गिनती तथा जांच करेगा। वह दौरों के दौरान स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि रक्षा कार्मिक सभी बन्दियों पर नजर रखते हैं तथा उनको आबंटित श्रम के अनुसार उनका अभिनियोजन किया जाता है तथा नियमों तथा विनियमों की किसी अवज्ञा की सहायक अधीक्षक (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) तथा सम्बन्धित उप अधीक्षक को रिपोर्ट करेगा। (छ) प्रातःकाल में एक बार तथा दोपहर बाद में एक बार महिला वार्डर से पता लगाएगा कि गिनती सही है तथा सब ठीक है; (ज) दिन के कार्य के लिए अपेक्षित सभी आवश्यक औजार, उपकरण, कच्ची सामग्री तथा अन्य वस्तुएं जारी करेगा तथा इस प्रकार जारी सभी वस्तुओं को अभिलिखित करेगा; (झ) प्रत्येक सांयकाल कार्य के लिए विहित अवधि के बाद बन्दी के श्रम को उत्पाद, यदि कोई हो, सहित सभी ऐसी वस्तुएं एकत्र करेगा; (ञ) स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि जारी की गई सभी वस्तुएं उसको बकायदा वापस कर दी गई हैं तथा लेखा दे दिया है; (ट) प्रत्येक बन्दी द्वारा किए गए कार्य, यदि कोई हो, का माप तथा जांच तथा श्रम रजिस्टर में उसको नोट करेगा।

मुख्य वार्डर, बैरक प्रभारी की डयूटियों का सारांश।	**683.** प्रत्येक मुख्य वार्डर, बैरक प्रभारी की निम्नलिखित डयूटी होंगी,– (क) उसके प्रभार के अधीन सभी बन्दियों की सुरक्षा तथा सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि कोई भी बन्दी अनुमति के बिना अपनी शायिका/बैरक नहीं छोड़ता है तथा कोई भी बन्दी उसके प्रभार के अधीन बैरक से अन्य बैरक में प्रवेश नहीं करता; (ख) अपने प्रभार में सभी बन्दियों से भली भान्ति परिचित होगा, जिसमें उसका नाम, रूप–रंग, बनावट तथा मामले के ब्योरे शामिल है; (ग) उसके अधीनस्थ वार्डरों का उनकी डयूटियों के निर्वहन में अधीक्षण करना; (घ) कारागार के प्रबन्धन में प्रत्येक सम्भव तरीके से सहायता करना; (ङ) भागने से रोकने के लिए हर सम्भव उपाय करना; (च) उसके प्रभार के अधीन बन्दियों में अनुशासन बनाए रखना; (छ) डयूटी जो उसे करनी हैं तथा रीति जिसमें उसे उन्हें पूरी करना है, के सम्बन्ध में लागू सभी विधियों, नियमों, विनियमों, निर्देशों तथा आदेशों की अपेक्षाओं का पालन करना; (ज) पदवी में उससे वरिष्ठ सभी अधिकारियों के वैध आदेशों का पालन करना; (झ) प्रत्येक प्रातःकाल शयन वार्डों, सैलों तथा अन्य कक्षों को उप–अधीक्षक (सुरक्षा), सहायक अधीक्षक (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष), मुख्य वार्डर (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) की उपस्थिति में खोलना तथा बन्दियों की गिनती करना तथा उनकी हाजिरी अभिलिखित करना; (ञ) बन्दी जो प्रत्येक प्रातःकाल उनके सम्बन्धित कार्य–गिरोह में श्रम के लिए दायी है, का वितरण करना; (ट) किसी वार्डर के प्रभार में रखे गए प्रत्येक बन्दी का नाम तथा कारागार संख्या उचित गिरोह पुस्तक में दर्ज करवाएगा; (ठ) स्नान, शौचघर के प्रयोग का अधीक्षण करना; (ड) रक्षक के प्रत्येक परिवर्तन पर बन्दियों की जांच करना तथा प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट पुस्तक/रजिस्टर में तथ्य अभिलिखित करना; (ढ) सभी द्वारों, दरवाजों तथा के समरूप को इस प्रकार बन्द करवाना तथा ताले लगवाना तथा समय–समय पर स्वयं की सन्तुष्टि करना कि वे सुरक्षित हैं; (ण) किसी बन्दी के भागने में प्रयुक्त किए जाने तथा को सुकर बनाने के लिए सम्भाव्य सभी बांस, बल्ले, सीढी, रस्सी तथा अन्य वस्तुओं को दूर करवाएगा तथा उसे सुरक्षित रखने के लिए विहित स्थानों में बन्दियों की पहुंच से परे रखवाएगा; (त) डयूटी के समय बन्दियों में इधर–उधर निरन्तर आना–जाना रखना तथा कारागार के कार्य तथा अनुशासन का पर्यवेक्षण करना तथा रक्षा कार्मिक तथा बन्दी पहरेदार को चौकस रखना; (थ) उप अधीक्षक (सुरक्षा), सहायक अधीक्षक (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष), मुख्य वार्डर (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) की उपस्थिति में बन्दियों के सम्बन्धित वार्डों, सैलों तथा अन्य कक्षों में विहित समय पर उनकी गिनती करना, तलाशी लेना तथा बन्द करना; (द) यदि कोई बन्दी गुम है, या यदि कि उपद्रव होता है या सन्निकट के रूप में प्रतीत होता है, तो अपनी सीटी बजाकर तुरन्त चेतावनी देना; (ध) भागने या कोई आक्रमण करने या कोई विद्रोह करने या आत्महत्या करने का प्रयास करने या प्रतिषिद्व वस्तुओं को प्राप्त करने के लिए बन्दियों द्वारा किए गए किसी षडयन्त्र की सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारी को सूचना देना; (न) कारागार भवन, पंखे, लैम्प, वासबेसिन, शौचघर दीवार, शलाका, ताले तथा चाबी, हथकड़ी, अन्य सुरक्षा उपकरण आदि में त्रुटियों तथा कमियों की रिपोर्ट करना तथा तुरन्त सुधार करने की कार्रवाई करना; (प) बन्दियों की आदतों तथा व्यवहार का अवलोकन करना तथा सम्बन्धित प्राधिकारी (प्राधिकारियों) को उसकी रिपोर्ट करना, उनकी आदतों तथा व्यवहार में सुधार करने के लिए बन्दियों की सहायता करना;

	(फ) बन्दियों की देखभाल तथा कल्याण में सहायता करना; (ब) सुनिश्चित करना कि उसके प्रभार के अधीन बन्दी न्यायालय पेशी तथा अस्पताल रक्षा, मुलाकात आदि के लिए विनिर्दिष्ट समय के भीतर केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष में रिपोर्ट करते है; (भ) उसके प्रभार के अधीन बन्दियों में भोजन का निर्बाध वितरण सुनिश्चित करना; (म) भारमुक्त किए बिना अपना चोकी नहीं छोड़ना; (य) अपने प्रभार के अधीन क्षेत्र में तथा बन्दियों में स्वास्थ्य विज्ञान तथा सफाई सुनिश्चित करना।
द्वारपाल की डयूटियॉ।	**684.** (1) रक्षा कार्मिक सभी समय पर प्रत्येक कारागार के मुख्य द्वार पर द्वारपाल के रूप में निरन्तर डयूटी पर रहेगा। (2) द्वारपाल की प्रत्येक मुक्ति पर ऐसी भार मुक्ति के समय का एक नोट अभिलिखित किया जाएगा तथा भार मुक्त होने वाले तथा भार मुक्ति करने वाले रक्षा कार्मिक दोनों द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा। (3) वह डयूटी अधिकारी, उप अधीक्षक (सुरक्षा) तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) की कडी निगरानी के अधीन अपनी सभी डयूटियां करेगा।
तलाशी के सम्बन्ध में द्वार पाल की डियूटीयां।	**685.** इस सम्बन्ध में अधीक्षक द्वारा प्राधिकृत कारागार का द्वारपाल या कोई अन्य अधिकारी, कारागार में लाने या बाहर ले जाने वाली किसी वस्तु की जांच कर सकता है तथा कारागार में या के बाहर किसी प्रतिषिद्ध वस्तु को लाने या कारागार से सम्बन्धित किसी वस्तु को ले जाने के लिए संदिग्ध किसी व्यक्ति को रोक सकता है तथा तलाशी ले सकता है या छानबीन करवा सकता है तथा यदि कोई ऐसी वस्तु या सम्पति पाई जाए, तो वह उसकी तुरन्त सूचना उप–अधीक्षक (सुरक्षा) तथा उप–अधीक्षक (प्रशासन) को देने के लिए दायी होगा।
द्वारपालों के रजिस्टर।	**686.** (1) अधिनियम के सुसंगत उपबन्धों में द्वारपालों के लिए विहित डयूटियों के अतिरिक्त, द्वारपाल ऐसे रजिस्टर अनुरक्षित करेंगे या अनुरक्षित करवाएंगे, तथा उनमें ऐसे ब्योरे दर्ज करेंगे या करवाएंगे जो महानिदेशक समय–समय पर, इस निमित्त विहित करे। (2) द्वारपाल व्यक्तियों को विनियमित करने के समय तत्समय लागू सभी नियमों, विनियमों, निर्देशों तथा आदेशों की पालना करेंगे, जिन्हें कारागार में प्रवेश या से निकास तथा वस्तुएं जो कारागार में लाई जाएं तथा से ले जाई जाएं तथा साधारणतः डयूटी जो उसे सौंपी गई है करना तथा रीति जिसमें उसे उन्हें करना है।
कारागार में से गुजरने वाले या बाहर जाने वाले व्यक्तियों तथा वस्तुओं का रिकार्ड।	**687.** द्वारपाल सभी व्यक्तियों चाहे जो भी हो, जो किसी समय पर कारागार में प्रत्येक ऐसे व्यक्ति के ऐसे प्रवेश तथा निकास के घण्टे तथा मिनट सहित कारागार में आने या बाहर जाने के नाम तथा जहां तक सम्भव हो कारागार में से गुजरने या बाहर जाने वाली किसी भी प्रकार की प्रत्येक वस्तु का नाम तथा पर्याप्त विवरण का विहित रजिस्टर में रिकार्ड रखेगा। **टिप्पणः–** अधिकारी का नाम जिसके प्रभार में प्राधिकृत वस्तुएं, उनके पारगमन के घण्टे तथा मिनट सहित, आती हैं या बाहर जाती है, अभिलिखित की जाएंगी। व्यक्तियों या वस्तुओं की सभी प्रविष्टियां उनके पारगमन के समय पर तथा क्रमिक क्रम में की जाएंगी।
द्वारपाल द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों को पहचानना तथा कारागार के बाहर जाने वाले बन्दियों का अवलोकन करना।	**688.** (1) द्वारपाल सभी कारागार अधिकारियों के चेहरों से सम्पूर्ण रूप से स्वयं को परिचित करेगा तथा छल–कपट में भागने के किसी प्रयास को रोकने के उद्देश्य से कारागार छोड़ने वाले सभी बन्दियों के चेहरों तथा रूप–रंग का सावधानीपूर्वक अवलोकन करेगा। (2) प्रत्येक कारागार में द्वारपालों के पर्यवेक्षण के अधीन सभी सम्बन्धित रजिस्टर बनाए रखने के लिए द्वारपाल की सहायता हेतु ऐसे बहुत से वार्डर प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। वह आगे सुनिश्चित करेगा कि पुलिस एस्कोर्ट के प्रभारी को सौंपे जा रहे सभी वारंट/चिकित्सा रिकार्ड उचित क्रम में है। वह सुनिश्चित करेगा कि बाहर जाने वाले प्रत्येक बन्दी को बायोमीट्रिक प्रणाली या अन्यथा के द्वारा, यदि बायोमीट्रिक प्रणाली प्रचालन में नहीं है, उप अधीक्षक (प्रशासन) तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) की सूचना के अधीन सत्यापित किया जाता है।

दोहरी द्वार प्रणाली का संचालन।	**689.** दोहरे द्वार तथा खिड़की के प्रावधान वाली कारागारों में द्वारपाल एक समय में केवल एक द्वार या खिड़की खोलेगा तथा ऐसा करने से पूर्व, स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि प्रवेश तथा निकास के अन्य साधनों को सुरक्षित रूप से चटखनी लगी हुई है तथा ताला लगाया गया है। साधारण प्रयोजनों के लिए प्रवेश तथा निकास खिड़की दरवाजे के रास्ते में किया जाएगा। दोनों द्वारों पर या तो भीतरी द्वार या खिड़की को खोलने की आवश्यकता के बिना कारागार में देखने के लिए द्वारपाल को समर्थ बनाने हेतु एक झरोखा रखा जाएगा।
तीसरा द्वार प्रणाली का संचालन।	**690.** एक तीसरा द्वार कारागार से बाहर जाने या आने वाले व्यक्तियों तथा सामग्री की उचित जांच करने तथा सम्पूर्ण छानबीन करने के लिए भीतरी द्वार के पीछे दूसरी उच्च सुरक्षा दीवार सहित लाईन में प्रत्येक कारागार में स्थापित किया जाएगा।
प्रक्रिया जब कारागार के अन्दर या बाहर गुजरना हो।	**691.** जब बन्दी दोहरे द्वारों से कारागार के अन्दर या बाहर गुजरते हैं, तो निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा,– (क) बन्दियों के बाहर जाने पर द्वारपाल पहले उन्हें भीतरी खिड़की के माध्यम से ले जाएगा तथा उसे बन्द करेगा, प्रयोजन के लिए मुहैया रजिस्टर में पूर्ण रूप से सभी बन्दियों, प्रभारी तथा उनकी सहायता करने वाले रक्षा कार्मिकों के नाम लिखेगा। फिर वह बाहरी द्वार में खिड़की को खोलेगा तथा बन्दियों की कुल संख्या के सत्यापन के लिए उनके प्रवेश पत्र के अनुसार उनकी गिनती करेगा। (ख) गिरोह की सूची की द्वार रजिस्टर में एक बार प्रविष्टि करने के बाद मुख्य द्वार के माध्यम से उसके पारगमन के प्रत्येक अवसर पर लिखे जाने की आवश्यकता नहीं है, किन्तु गिरोह में प्रत्येक परिवर्तन को नोट करना चाहिए तथा प्रभारी तथा द्वारपाल के हस्ताक्षर से साक्ष्यांकित किया जाना चाहिए जो तुरन्त परिस्थितियों की रिपोर्ट उप अधीक्षक को करेगा। (ग) बाहर से प्रवेश करने के लिए गिरोह के लौटने पर, द्वारपाल बाहरी खिड़की खोलेगा (भीतरी द्वार को पहले ताला लगाएगा) तथा द्वारों के बीच के रास्ते से गिरोह को प्रवेश करने देगा। फिर वह बाहरी खिड़की को ताला लगाएगा तथा प्रत्येक बन्दी तथा वार्डर को रजिस्टर में अभिलिखित अनुसार नाम से बुलाएगा। गिरोह के सही पाए जाने पर, वह भीतरी खिड़की खोलेगा तथा कुल संख्या के सत्यापन के लिए कारागार में उनके गुरजने के अनुसार बन्दियों की गिनती करेगा। (घ) द्वारपाल किसी बन्दी को कारागार से बाहर ले जाना अनुज्ञात नहीं करेगा जो उसे बाहर ले जाने के लिए विधिवत प्राधिकृत उचित संख्या की गार्ड का प्रभारी नहीं है।
मुख्य द्वार आदि की सफाई के लिए जिम्मेवार द्वारपाल।	**692.** द्वारपाल कारागार के अग्र भाग, मुख्य द्वार तथा उसके बीच पारगमन तथा उसके प्रभार के अधीन रखी गई सभी वस्तुओं की सफाई के लिए जिम्मेवार होगा। वह जिम्मेवार भी होगा कि टार्च, डोर फ्रेम मैटल डिटेक्टर (डी.एफ.एम.डी.), हैण्ड होल्ड मैटल डिटेक्टर (एच.एच.एम.जी.) आदि तथा रात्रि चेतावनी के मामले में अपेक्षित ऐसी अन्य वस्तुएं विद्यमान हैं तथा उपयोगी स्थिति में है।
कारागार में प्रवेश करने के लिए व्यक्तियों को अनुज्ञात करना।	**693.** (1) द्वारपाल को सभी सरकारी तथा गैर–सरकारी मुलाकातियों की सूची दी जाएगी जो कारागार में प्रवेश के लिए हकदार है तथा ऐसे व्यक्ति (व्यक्तियों) को प्रवेश के लिए अपने आपको उनके पेश करने पर प्रवेश करने देगा। वह स्टाफ सदस्य जो प्रवेश करने के लिए प्राधिकृत है के सिवाए, किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने देगा यदि अधीक्षक या महानिदेशक द्वारा जारी लिखित आदेश नहीं है या मुलाकाती उनके साथ नहीं है। (2) किन्हीं भी परिस्थितियों में द्वारपाल, निम्नलिखित के सिवाए, हवालात के बाद कारागार में प्रवेश करने के लिए किसी व्यक्ति को अनुज्ञात नहीं करेगा,– (क) स्टाफ सदस्य जो इन समयों के दौरान वैध डयूटी पर हाजिर होते हैं; (ख) कारागार के अधिकारियों द्वारा आकस्मिक रात्रि दौरों के लिए; (3) बन्दी जो न्यायालय पेशी से वापस आते हैं, को डयूटी अधिकारी द्वारा उचित सत्यापन के बाद रात्रि हवालात समय के दौरान कारागार में प्रवेश करना अनुज्ञात किया जाएगा।
साधारणतः अधिकारी का छानबीन करने से छूट प्राप्त होना।	**694.** (1) द्वारपाल निम्नलिखित के सिवाए, कारागार में प्रवेश करने या बाहर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अनिवार्य रूप से तलाशी लेगा,– (क) माननीय उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश;

	(ख) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सदस्य तथा माननीय न्यायालय या सरकार द्वारा नियुक्त किसी आयोग के सदस्य या राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य; (ग) केन्द्रीय तथा राज्य सरकार की मन्त्री परिषद् के सदस्य; (घ) संसद सदस्य तथा विधान सभा सदस्य; (ङ) सरकारी निरीक्षण पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सभी अधीनस्थ न्यायिक अधिकारी; (च) मण्डल आयुक्त तथा जिला मजिस्ट्रेट; (छ) पुलिस अधीक्षक; (ज) विभाग के चिकित्सा अधिकारी, उप अधीक्षक तथा ऊपर की पदवी के अधिकारी; (2) अधीक्षक विशेष मामलों में या विशेष अवसर पर आदेश द्वारा किसी व्यक्ति, (व्यक्तियों) को अनिवार्य तलाशी से छूट दे सकता है। (3) यदि द्वारपाल के पास सन्देह के कारण हैं कि साधारणतः तलाशी से छूट प्राप्त कोई अधिकारी प्रतिषिद्ध वस्तु अन्दर ले जाता है या बाहर ले जाता है, तो वह द्वारों के बीच व्यक्ति को रोक सकता है तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) को नोटिस भेज सकता है जो स्वयं व्यक्ति की तलाशी लेगा। इस आदेश की एक प्रति साधारण जानकारी के लिए मुख्य द्वारों के बीच पारगमन में लटकाई जाएगीः परन्तु अधीक्षक सूचना या संदेह पर साधारणतया विशेष आदेश द्वारा साधारणतय तलाशी से छूट प्राप्त किसी अधिकारी/व्यक्ति की अनिवार्य तलाशी ले सकता है। कथित तलाशी गुप्त रूप से ली जाएगी।
व्यक्तियों को रोकने की द्वारपाल की शक्ति।	**695.** उप अधीक्षक (प्रशासन) तथा अधीक्षक को रिपोर्ट करने के लम्बित रहने के दौरान द्वारपाल किसी व्यक्ति को अभिरक्षा में रोक सकता है या रूकवा सकता है जो अपनी उपस्थिति में कारागार द्वार पर या के आस–पास दाण्डिक किसी अपराध या कारागार अपराध करना देखता है या सुनता है।
चाबियों के सम्बन्ध में द्वारपाल की डयूटी।	**696.** प्रत्येक कारागार का द्वार या खिड़की, जब कारागार के भीतर या बाहर किसी व्यक्ति या वस्तु को वैध, रूप से गुजारने के प्रयोजन के लिए उसे खोलना आवश्यक हो के सिवाए, बन्द तथा ताला लगाकर रखा जाएगा तथा तत्समय डयूटी पर द्वारपाल बन्दियों को रात्रि के लिए हवालात में बन्द करने तक अपने व्यक्तिगत कब्जे में ऐसे द्वार तथा खिड़की के तालों की चाबियां रखेगा।
हवालात पर द्वार की चाबियां हस्तान्तरित करना।	**697.** जब बन्दियों को रात्रि के लिए हवालात में बन्द किया जाता है, तो द्वारपाल भीतरी तथा बाहरी द्वारों की चाबियां डयूटी अधिकारी को देगा जो रात्रि के दौरान अपने व्यक्तिगत कब्जे में चाबियां रखेगा तथा प्रातःकाल में द्वारपाल को हस्तान्तरित करेगा।
द्वारपाल की चाबियों को अन्यों के साथ गुच्छे में रखना।	**698.** द्वारपाल मुख्य द्वारों तथा खिड़कियों की चाबियां जंजीर से अपनी कमरबन्द से आसक्त तथा कुछ अन्यों के साथ गुच्छे में रखेगा ताकि गुच्छें का कब्जा प्राप्त करने वाले किसी बन्दी के लिए यह पता लगाना कठिन हो कि कौन सी चाबी किस विशेष ताले से सम्बन्धित है।
रात्रि में चमकीली रोशनी।	**699.** रात्रि में द्वारों के बीच में निरन्तर रूप से चमकीली रोशनी, जलाकर रखी जाएंगी।
वस्तुओं का द्वारों के बीच में रखा जाना।	**700.** साधारणतः निम्नलिखित वस्तुएं मुख्य द्वार के बीच पारगमन में रखी जाएंगी, अर्थात् :– (क) घड़ी; (ख) ताले तथा चाबी सहित शलाका पर बन्धी हुई फालतू हथकड़ी; (ग) द्वारपाल की पुस्तकों तथा लिखने की सामग्री के लिए ताले तथा चाबी सहित स्थायी मेज (डैस्क); (घ) चाबियों के लिए दीवार–अलमारी या बॉक्स; (ङ) टार्च के लिए बॉक्स; (च) अग्नि शमन के लिए यन्त्र; (छ) सूचना पट्ट;

	(ज) चेतावनी डोंग या घंटी मुख्य स्वीच; (झ) डोर फ्रेम मैटल डिक्टेटर, हाथ में रखा जाने वाला मैटल डिक्टेटर आदि।
वार्डरों द्वारा उनको सौंपे गए विशेष प्रभार रखना ।	**701.** प्रत्येक वार्डर के पास अधीक्षक या उप अधीक्षक द्वारा उसको सौंपी गई विशेष तथा भिन्न डयूटी होगी जैसे या तो कारागार के भीतर या बाहर बन्दियों की बैरक (बैरकों)/वार्ड (वार्डों), सुरक्षा चौकियों, गश्त इलाका, द्वार डयूटी, कर्मशाला (कर्मशालाओं) या गिरोह का प्रभार। वार्डर सभी सुरक्षा डयूटी जैसे गश्त, निगरानी टावर/द्वार सन्तरी आदि तथा सुधारात्मक तथा कल्याण डयूटियों के लिए भी जिम्मेवार होंगे। वार्डरों की तैनाती तथा डयूटी बार–बार परिवर्तित की जाएंगी ताकि किसी बन्दी के साथ किसी सम्बन्ध की स्थापना को रोका जा सके।
वार्डरों की साधारण ड्यूटियां।	**702.** प्रत्येक वार्डर हर समय निम्नलिखित के लिए दायी होगा,– (क) कारागार के प्रबन्धन में, कारागार के अधिकारियों तथा बन्दियों दोनों में व्यवस्था तथा अनुशासन तथा रक्षा तथा बचाव करने का अनुरक्षण तथा किसी व्यक्ति द्वारा आपराधिक बल के प्रयोग के विरूद्व उसमें या उससे सम्बन्धित सभी व्यक्तियों तथा सम्पति में अपनी शक्ति में सभी सहायता देना; (ख) पदवी में उससे वरिष्ठ सभी अधिकारियों के आदेशों का पालन करना; (ग) तत्समय लागू सभी विधियों, नियमों, विनियमों, निर्देशों तथा आदेशों, जो डयूटियों को शासित करते हैं, जो उसे करनी हैं, तथा रीति जिसमें उसे उनको पूरा करना है, का पालन करना; (घ) उसको किसी समय पर सौंपी गई किसी भी प्रकार की सभी सम्पत्ति की उचित देखरेख करने तथा उसके विधिवत् लेखे देने, जब कभी ऐसा करने के लिए कहा जाए; (ङ) तुरन्त पूर्ण रूप से सज्जित तथा सशस्त्र आने के लिए मुस्तैदी की स्थिति में होना जब कभी ऐसा करने के लिए कहा जाए या चेतावनी दी जाती है तथा व्यवस्था बनाए रखने, किसी उपद्रव को दबाने, कारागार से भागने के किसी संयुक्त प्रयास या भाग निकलने को रोकने, कारागार के भीतर या बाहर के आक्रमण से कारागार तथा उसमें या उसकी सभी सम्पत्ति को बचाने के प्रयोजन के लिए आवश्यक या समीचीन सभी वैध कार्य तथा बाते करने; (च) जब डयूटी पर हों अपनी वर्दी का कोई भाग नहीं उतारना या नहीं लेटना या नहीं बैठना; (छ) डयूटी की अपनी बारी के दौरान बार–बार उनकी गिनती करने के लिए उसके प्रभार में बन्दियों की संख्या से परिचित होने तथा स्वयं की सन्तुष्टि के लिए कि वे उसकी अभिरक्षा में है, न केवल सही संख्या बल्कि विशेष बन्दी भी जो उसके प्रभार में है; (ज) सभी बन्दियों जिन्हें वह अपने प्रभार में प्राप्त करता है या क्रमशः प्रभार प्राप्त करने तथा हस्तान्तरित करने के समय पर किसी अन्य अधिकारी को प्रभार हस्तान्तरित करता है, की तलाशी लेने; (झ) उसके प्रभार में प्रत्येक बन्दी, जो सुस्त है या जिसने आंबटित कार्य पूरा नहीं किया है या जिसने कोई अन्य कारागार अपराध किया है, की रिपोर्ट करना; (ञ) देखना कि कोई बन्दी जो अप्राधिकृत समयों पर शौचघर में जाता है, को जब गिरोह से दूर किसी जिम्मेवार अधिकारी के प्रभार में हस्तान्तरित किया गया है; (ट) बीमार के रूप में दिखाई देने वाले या बीमारी की शिकायत करने वाले किसी बन्दी को उप अधीक्षक (प्रशासन) के ध्यान में लाने; (ठ) भागने या आक्रमण करने के या विद्रोह करने के या छिपाई गई वस्तुओं को प्राप्त करने के उद्देश्य के किसी षड़यन्त्र की रिपोर्ट करने; (ड) हाजिरी तथा परेड के लिए बन्दियों को तैयार करने तथा यह देखने के लिए कि प्रत्येक बन्दी उचित व्यवस्था तथा सही व्यवहार में अपने उचित स्थान पर आता है; (ढ) यदि कोई बन्दी गुम है, तो उसके मार्गदर्शन के लिए अधिकथित प्रक्रिया का पालन करने; तथा (ण) अपने शस्त्रों तथा साज–सामान को साफ, सुव्यवस्था में तथा तुरन्त प्रयोग के लिए योग्य रखेगा।

सन्तरी की स्थिति तथा सशस्त्रीकरण।	**703.** (1) एक सालस् सहित एक सन्तरी दिन के समय के दौरान कारागार के मुख्य द्वार के बाहर तैनात किया जाएगा। (2) मुख्य द्वार पर दिन का सन्तरी बाहरी द्वार पर ठीक बाहर की तरफ तैनात किया जाएगा तथा नियत बेनट तथा गोलाबारूद सहित अपनी राइफल पास रखेगा। राइफल चैम्बर में बिना राउन्ड के भरी जाएगी, किन्तु 12 राउन्ड (10 कारतूस का एक पैकेट तथा 2 खुले कारतूस) की राइफल (हथियार) पाऊच में रखेगा जिसे बेल्ट के अग्र भाग के आस–पास बांधा जाएगा, फ्लैप को खुला छोड़ा जाएगा। सालस् बेटन सहित सशस्त्र हो सकता है। (3) मुख्य द्वार पर रात्रि सन्तरी द्वारों के बीच में तैनात किया जाएगा तथा 12 राउन्ड का गोला बारूद भी रखेगा। (4) सशस्त्र सन्तरी गोला बारूद के 10 राउन्ड सहित भरी हुई राइफल के साथ रात–दिन प्रशासकीय ब्लॉक की छत पर भी नियुक्त किया जाएगा तथा 10 राउंड पाऊच में रखेगा जिसे बेल्ट के अग्रभाग पर आसपास बांधा जाएगा, फ्लैप को खुला छोड़ा जाएगा। (5) एक सन्तरी उपयुक्त निगरानी उपकरण राहित रात–दिन केन्द्रीय नियन्त्रण टावर या अन्य कमान्डिंग स्थिति में भी तैनात किया जाएगा। (6) सशस्त्र सन्तरी गोला बारूद के 10 राउन्ड सहित भरी हुई राइफल के साथ रात–दिन प्रत्येक निगरानी टावर पर भी तैनात किया जाएगा तथा अतिरिक्त 10 राउन्ड पाऊच में रखेगा, जिसे बेल्ट के अग्रभाग पर आसपास बांधा जाएगा, फ्लैप को खुला छोड़ा जाएगा।
सन्तरी की डयूटियां।	**704.** सन्तरी की निम्नलिखित डयूटी होगी,– (क) अपनी डयूटी के दौरान हर समय सतर्क रहना; (ख) वरिष्ठ अधिकारी द्वारा प्रश्नगत होने के सिवाए किसी व्यक्ति से बातचीत नहीं करना; (ग) किसी बन्दी या कारागार अधिकारी के साथ अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं करना; (घ) किसी प्रकार के किसी बहाने पर नियमित राहत के बिना अपना चौकी नहीं छोड़ना; (ङ) चुनौती के बिना अन्धेरे के बाद अपनी चौकी के निकट पहुंचने के लिए किसी व्यक्ति को अनुज्ञात नहीं करना; (च) अन्धेरे के बाद चुनौती देने के लिए, चुनौती देने वाले व्यक्ति को चेतावनी देना तथा उत्तर असन्तोषजनक हो, तो डयूटी अधिकारी के पहुंचने तक खड़ा रहना, उसी समय पर अपनी राइफल ''भरकर'' लाना; (छ) आवाज सुनाई देने पर या पगध्वनि पर अंधेरी रात में चुनौती देना, यदि वह कोई उत्तर प्राप्त नहीं करता है, या उत्तर असन्तोषजनक हो, तो डयूटी अधिकारी को बुलाना या यदि आवश्यक हो, तो संकट सूचना देना; (ज) स्वयं की सन्तुष्टि करना कि मुख्य द्वार तथा खिड़की सुरक्षित रूप से तालाबन्द हैं; (झ) उसके इधर–उधर भीड़–भाड़ करने के लिए व्यक्तियों को अनुज्ञात नहीं करना; (ञ) यदि वह भागने का प्रयास करने के लिए किसी बन्दी को देखता है, तो उसको खड़ा रहने के लिए कहेगा तथा यदि वह ऐसा करने से इनकार करता है तथा वहॉ कोई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद नहीं है, तो बन्दी पर फायर करना बशर्ते कि वह भागने को अन्यथा रोक नहीं सकता; (ट) यदि वह पुकार से परे है तथा रक्षक को संकट सूचना देता है, संकट–सूचना के संकेत के रूप में हवाई फायर करने की कोशिश करना; (ठ) यदि वह कारागार में या के निकट कोई वस्तु देखता है जो भागने को सुकर बनाने के लिए सम्भाव्य है या यदि उसके अवलोकन में कोई असाधारण घटना आती है, तो तुरन्त डयूटी अधिकारी को मामले की रिपोर्ट करना; (ड) जब रात में मुख्य द्वार पर डयूटी पर हो, तो किसी व्यक्ति को प्रवेश करना या कारागार छोड़ना अनुज्ञात नहीं करना जो सरकारी डयूटी पर नहीं है या प्रवेश करने या छोड़ने के लिए प्राधिकृत नहीं है; (ढ) व्यक्तियों पर अपने आदेश मजबूती से तथा भेदभाव के बिना लागू करना।

निगरानी टावर सन्तरी की डयूटी।	**705.** निगरानी टावर सन्तरी की डयूटी निम्नानुसार होंगी,– (क) अपनी डयूटी के दौरान हर समय सतर्क रहना; (ख) अपनी चौकी/डयूटी पर ऐसे तरीके से हाजिर रहना कि वह हर समय कारागार अधिकारियों को दृष्टिगोचर हो; (ग) किसी भी प्रकार के बहाने पर नियमित राहत के बिना अपनी चौकी नहीं छोड़ना; (घ) कारागार परिसरो की बाहरी चाहरदीवार के निकट पहुंचने के लिए किसी व्यक्ति को अनुज्ञात नहीं करना; (ङ) सुनिश्चित करना कि कोई भी वस्तु कारागार परिसरो के भीतर या बाहर नहीं फेंकी जाती हो; (च) किसी अप्राधिकृत व्यक्ति को चुनौती देने; चुनौती देने वाले व्यक्ति को चेतावनी देना तथा यदि उत्तर असन्तोषजनक हो, तो अन्य रक्षा कार्मिक को चौकस करना तथा डयूटी अधिकारी के पहुंचने तक खड़ा रहना, उसी समय पर अपनी राइफल ''भरी स्थिति'' में लाना; (छ) यदि वह भागने का प्रयास करने के लिए किसी बन्दी को देखता है, तो उसको खड़ा रहने के लिए कहेगा तथा यदि वह ऐसा करने से इनकार करता है तथा वहॉ कोई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद नहीं है, तो बन्दी पर फायर करना बशर्ते कि वह भागने को अन्यथा रोक नहीं सकता; (ज) यदि वह पुकार से परे है तथा रक्षक को संकट सूचना देता है, संकट–सूचना के संकेत के रूप में हवाई फायर करने की कोशिश करना; (झ) यदि वह कारागार में या के निकट कोई वस्तु देखता है जो भागने को सुकर बनाने के लिए सम्भाव्य है या यदि उसके अवलोकन में कोई असाधारण घटना आती है, तो तुरन्त डयूटी अधिकारी को मामले की रिपोर्ट करना; (ञ) व्यक्तियों पर अपने आदेश मजबूती से तथा भेदभाव के बिना लागू करना।
महिला स्टाफ की डयूटियां।	**706.** (1) प्रत्येक कारागार में, जिसमें महिला बन्दियों के लिए आवास मुहैया कराए गए हैं, या जिसमें ऐसे बन्दी साधारणतः निरूद्ध किए गए हैं या निरूद्ध किए जाने के लिए दायी है, तो वहां महिला सहायक अधीक्षक या उप सहायक अधीक्षक या मुख्य महिला वार्डर होगी जिसके पास, अधीक्षक के नियन्त्रण के अध्यधीन, कारागार को किसी समय पर सुपुर्द या में निरूद्ध सभी महिला बन्दियों का सम्पूर्ण प्रभार होगा। (2) महिला बन्दियों के सम्बन्ध में, महिला रक्षा कार्मिक की डयूटी प्ररुष बन्दियों के सम्बन्ध में, प्ररुष रक्षा कार्मिक द्वारा किए गए कार्य के समरूप होगी तथा पुरुष रक्षा कार्मिक को तत्समय लागू सभी नियम, विनियम, आदेश तथा निर्देश महिला रक्षा कार्मिक को भी लागू होंगे।
साधारणतः अधिकारियों को लागू नियम आदि।	**707.** (1) कारागार विभाग की स्थापना में अन्य विभागों से लिए गए व्यक्तियों के अलावा कार्यकारी, सुधारात्मक तथा लिपिक–वर्गीय सेवा शामिल हैं। इन सेवाओं से सम्बन्धित नियम राजपत्रित सेवा के लिए कारागार सेवा नियम, अराजपत्रित सेवा के लिए कारागार अधीनस्थ सेवा नियम तथा लिपिक वर्गीय स्टाफ के लिए लिपिक–वर्गीय सेवा नियमों में दिए गए हैं। (2) प्रत्येक कारागार कार्मिक अपने पद से सम्बन्धित नियमों तथा विनियमों से पूर्णरूप से स्वयं को परिचित करेंगे तथा अनभिज्ञता का कोई भी बहाना लापरवाही के लिए माफी के रूप में स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
कारागार के अधिकारियों का नियन्त्रण तथा डयूटियां।	**708.** (1) कारागार के सभी अधिकारी अधीक्षक के निर्देशों का पालन करेंगे; उप–अधीक्षक के अधीनस्थ सभी अधिकारी ऐसी डयूटी करेंगे, जो अधीक्षक की स्वीकृति से उप–अधीक्षक द्वारा उन पर अधिरोपित की जाएं। (2) प्रत्येक अधीनस्थ, वरिष्ठ अधिकारियों के सभी कानूनी आदेशों को शीघ्र लागू करेगा तथा सख्ती से पालन करेगा तथा हर समय सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्मान का व्यवहार करेगा। (3) किसी विशेष पद जैसे चालक, नलसाजी, इलैक्ट्रीकल, कम्प्यूटर संचालन इत्यादि में स्टाफ की कमी के मामले में, अर्हक वार्डरों या अन्य स्टाफ की सेवाओं का उपयोग किया जा सकता है।
स्टाफ सदस्यों द्वारा कारागार संविदाओं में हितबद्ध नही होना।	**709.** कोई भी स्टाफ न तो सदस्य उसके लिए विश्वास में या द्वारा नियोजित कोई व्यक्ति, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, कारागार की आपूर्ति के लिए किसी संविदा में कोई हित नहीं रखेगा; और न ही कारागार की ओर से या बन्दी से सम्बन्धित किसी वस्तु के विक्रय या क्रय से प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से कोई लाभ प्राप्त करेगा।

केवल अधीक्षक द्वारा बन्दियों को दण्ड देना; अनुचित भाषा से बचना।	**710.** (1) अधीक्षक से अन्यथा किसी कारागार का कोई अधिकारी किसी समय किसी बन्दी को कोई दण्ड नहीं देगा; (2) कोई भी स्टाफ सदस्य किसी बन्दी के लिए हिंसात्मक, निंदापूर्ण, या अपमान करने वाली भाषा का प्रयोग नहीं करेगा।
बन्दियों से व्यवहार–कौशल, मानवता तथा कड़ी निष्पक्षता से बरताव करना।	**711.** प्रत्येक स्टाफ सदस्य हर समय किसी बन्दी को अनुचित रूप से चिढाने या खिजाने के लिए परिकलित सभी आचरण से दूर रहेगा तथा प्रत्येक बन्दी के साथ व्यवहार–कौशल, अच्छे मिजाज, मानवता तथा सम्पूर्ण निष्पक्षता से बरताव करेगा तथा प्रत्येक शिकायत या रिपोर्ट, जो कोई बन्दी किसी समय पर उसको करे, को सुनेगा तथा प्रत्येक बन्दी के लिए सभी ऐसी दयालुता तथा सम्मान दर्शाएगा जो उसकी डयूटी में स्थिर तथा कारगार निर्वहन के अनुकूल हो। इस नियम के पूर्ववर्ती उपबन्धों के अध्यधीन, प्रत्येक ऐसा अधिकारी स्थित रूप से तथा पूर्ण रूप से कड़ा अनुशासन बनाए रखेगा तथा उसके पद से सम्बन्धित सभी या किन्हीं डयूटियों के निर्वहन के लिए तत्समय लागू सभी विधियों, नियमों, विनियमों, निदेशो तथा आदेशों को लागू करेगा। **टिप्पणः–** यह महत्वपूर्ण है कि किसी बन्दी द्वारा की गई प्रत्येक शिकायत ध्यान से सुनी जाएगी ताकि यदि उचित पाई गई है , तो की गई शिकायत का निवारण या प्रतिकारित की जा सकती है तथा कि किसी भी मामले में, असन्तोष के लिए कोई उचित कारण बाकी रहना अनुज्ञात नहीं करना चाहिए।
बन्दी को बल से आतंकित नहीं करना।	**712.** (1) कोई भी स्टाफ सदस्य, किसी भी समय किन्हीं भी परिस्थितियों में या किसी बहाने से विधिपूर्ण दिए गए दण्ड को कार्याविन्त करने में उसकी डयूटी के अनुसरण में या विधि या उसके अधीन बनाए गए किन्हीं नियमों के किसी अन्य उपबन्ध से अन्यथा किसी बन्दी पर प्रहार नहीं करेगा। (2) किसी कारागार का कोई भी अधिकारी, अपनी डयूटी के निर्वहन में, किसी भी समय किसी घटना या आक्रमणशील बन्दी को वश में रखने के प्रयोजन के लिए या विधि या उसके अधीन बनाए गए किन्हीं नियमों को लागू करने या उसकी डयूटियों को कार्यान्वित करने के लिए पूर्णतया आवश्यक हो, अधिक बल का प्रयोग नहीं करेगा। **टिप्पणः–** गिरफ्तार करने के लिए (दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 45 सभी आवश्यक साधनों का प्रयोग करना विधिपूर्ण होगा तथा बन्दी के पास, अपनी डयूटी के निर्वहन में भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम 45) की धारा 98 कार्य करने वाले कारागार अधिकारियों के विरूद्ध निजी रक्षा का कोई अधिकार नहीं है तथा प्रत्येक अधिकारी विधिपूर्ण प्राधिकार के विरूद्ध बन्दियों द्वारा प्रयुक्त किसी बल को रोकने के लिए, बशर्ते परिस्थितियॉ इस प्रकार अपेक्षित, सभी आवश्यक बल का प्रयोग कर सकता है।
बन्दियों को निजी कार्य पर नियोजित नही करना।	**713.** कोई भी स्टाफ सदस्य, उस निमित्त इसमें दिए गए किसी नियम के किसी उपबन्ध द्वारा यथा प्राधिकृत के सिवाए, किसी भी समय उसके अपने स्वयं के निजी कार्य के लिए या उसके अपने मनाफे या लाभ के लिए किसी बन्दी को नियोजित नहीं करेगा; न ही कोई ऐसा अधिकारी सरकार के लाभ तथा फायदे से अन्यथा किसी बन्दी को तथा अधिनियम तथा बन्दियों के नियोजन से सम्बन्धित उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अनुसार कड़ाई से नियोजित करेगा।
कदाचार की तुरन्त रिपोर्ट।	**714.** अधीक्षक के अधीनस्थ या के आदेशों के अधीन प्रत्येक स्टाफ सदस्य किसी अन्य स्टाफ सदस्य, या किसी बन्दी द्वारा किए गए किसी कदाचार की या जानबूझकर आज्ञाभंग की या तत्समय लागू किसी विधि, नियमों या विनियमों के भंग की, जो उसकी जानकारी में किसी समय आता है या उसकी उपस्थिति, नजर या सुनवाई में किया गया है, की उस अधिकारी को तुरन्त रिपोर्ट करने की डयूटी होगी।
बन्द करने से सूर्योदय तक किसी अधिकारी द्वारा अकेले किसी वार्ड या सैल में प्रवेश नहीं करना।	**715.** कोई भी स्टाफ सदस्य किसी बन्दी द्वारा अधिभोग किए गए किसी वार्ड, सैल या अन्य कक्ष में, किसी भी समय, ऐसे वार्ड, सैल या कक्ष को रात्रि के लिए बन्द किया गया है, से आगामी प्रातःकाल सूर्योदय तक प्रवेश नहीं करेगा जब तक उसके साथ कम से कम एक अन्य स्टाफ सदस्य नहीं है बशर्ते कि ऐसी प्रवेश आपातिक किसी मामले या अन्य विशेष परिस्थिति द्वारा बाध्य किया गया हो।

सभी स्टाफ सदस्यों की भागने से रोकने तथा अनुशासन के भंग की रिपोर्ट करने की डयूटी।	**716.** (1) हर समय सभी विधिपूर्ण कार्य, जो आवश्यक हों तथा कारागार को तोड़ने या भागने से या कारागार को तोड़ने या भागने का प्रयास करने या कोई उपद्रव या दंगा सृजित करने या सृजित करने का प्रयास करने या कोई अन्य हिंसक तथा उपद्रवी कार्य करने का प्रयास करने से किसी बन्दी को रोकने की प्रत्येक स्टाफ सदस्य की डयूटी होगी। (2) प्रत्येक स्टाफ सदस्य निम्नलिखित डयूटी से बाध्य होगा,– (क) कोई कारागार अपराध करने से रोकने के लिए सभी सम्भव वैध उपाय करना; (ख) अधिनियम तथा सभी नियमों, विनियमों, निर्देशों तथा आदेशों के उपबन्धों को लागू करना, जो तत्समय लागू हैं या किसी रूप में बन्दियों के आचरण तथा अनुशासन तथा कारागार के प्रशासन के सम्बन्ध में लागू हैं; तथा (ग) तत्समय लागू या किसी रूप में कारागार या उसमें परिरूद्ध किसी बन्दी को लागू किसी विधि, नियमों, विनियमों, निर्देशों तथा आदेशों के किसी उपबन्ध के प्रत्येक भंग या भंग के प्रयास या भंग करने की योजना बनाने की वरिष्ठ प्राधिकारी को रिपोर्ट करना।
वर्दी पहनने तथा सफाई से सम्बन्धित मामले।	**717.** (1) प्रत्येक स्टाफ सदस्य, उस द्वारा धारण किए गए पद के सम्बन्ध में, तथा जिसके लिए कोई वर्दी किसी समय पर विहित की गई है, सभी समयों पर विहित पद्धति के अनुसार ऐसी वर्दी पहनेगा, जब डयूटी पर हो, तथा, जब डयूटी बन्द करे, तो कारागार परिसरों के भीतर या किसी सार्वजनिक स्थान में या तो वर्दी या निजी वस्त्र पहन सकता है : परन्तु किसी अधिकारी द्वारा वर्दी तथा निजी वस्त्र का कोई संयोजन किसी समय पर नहीं पहना जाएगा। (2) प्रत्येक अधिकारी सभी समयों पर तथा सभी अवसरों पर अपनी ड्रैस के सम्बन्ध में साफ तथा स्वच्छ तथा अपने व्यक्तिगत के सम्बन्ध में साफ होगा।
नियोजन के लिए उपयुक्तता का प्रमाणपत्र।	**718.** विभाग में नियोजन के लिए किसी भी उम्मीदवार को तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक सिविल सर्जन प्रमाणित नहीं करता कि उसके पास आवश्यक चिकित्सा उपयुक्तता है।
बरखास्त तथा अपराधी रूप से दण्डित व्यक्ति को प्राधिकार के बिना नियोजित नहीं करना।	**719.** (1) कोई व्यक्ति जो किसी समय पर सरकारी सेवा में किसी पद से बरखास्त किया गया है, ऐसी बरखास्तगी से सम्बन्धित तथ्यों के पूर्ण विवरण देते हुए राज्य सरकार की विशेष स्वीकृति के बिना स्टाफ सदस्य के रूप में किसी समय पर नियुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हक के रूप में नहीं समझा जाएगा। (2) कोई व्यक्ति, जो किसी समय पर दाण्डिक विधि के विरूद्व किसी अपराध का सिद्धदोष तथा कारावास से दण्डित किया गया है, राज्य सरकार की स्वीकृति के बिना स्टाफ सदस्य के रूप में किसी समय पर नियुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हक नहीं समझा जाएगा। **टिप्पणः–** केवल सदाचार तथा अच्छे चरित्र के व्यक्ति को स्टाफ सदस्य के रूप में नियोजित किया जाएगा।
पूर्व दण्ड को प्रकट करने के लिए उम्मीदवारों की डयूटी।	**720.** किसी व्यक्ति, चाहे अस्थाई रूप से या स्थाई रूप से, को स्टाफ सदस्य के रूप में नियुक्त करने से पूर्व उसे एक घोषणा करनी अपेक्षित होगी कि उसे सरकारी सेवा से किसी समय पर बरखास्त या किसी अपराध का सिद्धदोष तथा कारावास से दण्डित नहीं किया गया है : परन्तु यदि किसी ऐसे व्यक्ति को बरखास्त या सिद्धदोष तथा दण्डित किया गया है, तो वह पूर्वोक्त अनुसार घोषणा करने की बजाए सूचना तथा उचित प्राधिकारी के आदेशों के लिए ऐसी बरखास्तगी या दोष सिद्धि तथा दण्ड में विद्यमान परिस्थितियों का सम्पूर्ण प्रकटीकरण कर सकता है।
कारबार तथा वित्तीय संव्यवहार के विरूद्ध प्रतिषेध।	**721.** कोई भी स्टाफ सदस्य, चाहे प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से,– (क) किसी व्यापार कारबार या ऐसे स्टाफ सदस्य के रूप में उसकी डयूटियों से भिन्न किसी रोजगार में नियोजित नहीं होगाय या (ख) किसी बन्दी को धनराशि नहीं देगा या से धनराशि नहीं लेगा या के साथ कोई वित्तीय संव्यवहार नहीं करेगा या के पक्ष में कोई दायित्व नहीं लेगा।
स्टाफ सदस्यों द्वारा अपनी डयूटियां दक्ष रूप से करना।	**722.** अपने पद की डयूटी तथा उससे सम्बन्धित तत्समय लागू विधि, नियम तथा विनियमों तथा उत्साह, ईमानदारी, तत्परता, नियमितता, निष्कपटता, विनियमितता तथा समयनिष्ठा से अपनी डयूटियों के निर्वहन के लिए सम्पूर्ण रूप से स्वयं को परिचित करने की प्रत्येक स्टाफ सदस्य की डयूटी होगी।

कतिपय अधिकारियों द्वारा अनुरक्षित की जाने वाली नोट–बुक।	**723.** प्रत्येक उप अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, उप सहायक अधीक्षक तथा मुख्य वार्डर (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) हर समय अपने पास एक नोट–बुक रखेगा जिसमें वह ऐसे समय जब ऐसा आदेश इस प्रकार दिया गया है, किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उसको दिए गए प्रत्येक मौखिक आदेश दर्ज करेगा।
अधीनस्थ अधिकारी द्वारा तत्काल अनुसरण प्रस्तुत करना।	**724.** प्रत्येक अधीनस्थ अधिकारी की किसी अधिकारी द्वारा उसको दिए गए प्रत्येक वैध आदेश की हर समय शीघ्रता तथा निर्विवाद आज्ञापालन करने की डयूटी होगी, जिससे वह किसी रूप में अधीनस्थ है या जिसके अधीन वह तत्समय नियोजित है तथा प्रत्येक वरिष्ठ अधिकारी के साथ शिष्टाचार तथा सम्मान के साथ व्यवहार करेगा।
बन्दियों, बन्दियों के रिश्तेदारों तथा दोस्तों के साथ सम्पर्क रखने के विरूद्व प्रतिषेध।	**725.** (1) कोई भी अधीनस्थ अधिकारी, अधीक्षक की विशेष अनुमति के सिवाए, किसी भी समय,– (क) किसी बन्दी के किसी रिश्तेदार या मित्र के साथ किसी भी किसी प्रकार का कोई सम्पर्क नहीं रखेगा या संचार नहीं करेगा; (ख) किसी मुक्त बन्दी से किसी प्रकार का कोई सम्पर्क नहीं रखेगा या पत्राचार नहीं करेगा; या (ग) किसी मुक्त बन्दी या ऐसे बन्दी के किसी रिश्तेदार या दोस्त से मुलाकात करने या अपने क्वार्टर पर रखने की अनुमति नहीं देगा। (2) कोई भी अधीनस्थ अधिकारी किसी भी समय पर,– (क) किसी भी बन्दी से कोई अनावश्यक वार्तालाप नहीं करेगा; (ख) किसी भी बन्दी से अनावश्यक मेलजोल का व्यवहार नहीं करेगा; (ग) किसी बन्दी के साथ या उसकी पेशी के दौरान कारागार के अनुशासन या विनियमों से सम्बन्धित किसी मामले पर चर्चा नहीं करेगा।
अधिकारी का अपनी बीट में रहना।	**726.** (1) प्रत्येक अधीनस्थ अधिकारी, जब वह डयूडी पर हो, जब किसी वरिष्ठतम अधिकारी द्वारा किसी अन्य स्थान पर जाने के लिए आदेशित हो या जब डयूटी पर जा रहा हो या डयूटी से वापिस आ रहा हो, के सिवाए अपने हलके (गश्त) या डयूटी के स्थान की सीमाओं के भीतर स्वयं को परिसीमित रखेगा तथा वहां पर रहेगा; कारागार परिसरों के भीतर सभी समयों पर आलस्य या मटरगश्ती प्रतिषिद्ध होगी। (2) कोई भी स्टाफ का सदस्य, डयूटी के दौरान किसी भी समय धुम्रपान नहीं करेगा या मद्यपान नहीं करेगा या गाना नहीं गाएगा, जोर से बात नहीं करेगा या अपना भोजन नहीं पकाएगा या नहीं खाएगा या स्वयं किसी भी प्रकार से किसी भी अनुचित या उपद्रवी रीति में व्यवहार नहीं करेगा। **टिप्पण–** अधीनस्थ अधिकारियों के मध्य अपनी डयूटी से सम्बन्धित किसी भी मामले में सभी झगडों, या मतभेदों या असहमतियों को तुरन्त उप अधीक्षक (प्रशासन) को निर्दिष्ट किया जाएगा। उप अधीक्षकों या उप–अधीक्षकों या चिकित्सा अधिकारी के मध्य झगड़े या मतभेदों की दशा में मामला अधीक्षक को निर्दिष्ट करना चाहिए।
अधीनस्थ अधिकारियों के मुलाकाती।	**727.** किसी भी अधीनस्थ अधिकारी को किसी भी समय पर कारागार की दीवारों के भीतर या कारागार के बाहर डयूटी के दौरान किसी मुलाकाती से मुलाकात करने के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा।
शिकायतें करने की प्रक्रिया।	**728.** (1) किसी प्रकार की कोई शिकायत करने का ईच्छुक कोई भी अधीनस्थ अधिकारी, शिकायत करने के कारण के घटित होने के अड़तालीस घण्टों के भीतर, अधीक्षक को, लिखित में, शिकायत करेगा। (2) तुच्छ, तंग करने वाली या मिथ्या शिकायतें करना प्रतिषिद्ध होगा।
अधिकारियों का मिलकर संयुक्त कार्रवाई करना प्रतिषिद्ध होना।	**729.** किसी भी शिकायत या कथित शिकायत के निवारण के लिए या किसी भी प्रकार के किसी अन्य प्रयोजन के लिए आन्दोलन करने की दृष्टि से स्टाफ के सदस्यों का किसी संयुक्त या सम्मिलित कार्रवाई में भाग लेना प्रतिषिद्ध है।
डयूटी पर सोने तथा अन्य अनियमितताओं का प्रतिषेध।	**730.** कोई भी स्टाफ का सदस्य किसी भी समय पर,– (क) स्वापक तथा मनःप्रभावी पदार्थ (पदार्थों) के सेवन का आदी या के प्रभाव के अधीन नहीं होगा;

	(ख) अन्य स्टाफ के सदस्यों या बन्दियों के साथ मिलकर किसी भ्रष्ट आचरण में स्वयं को शामिल नहीं करेगा; (ग) कारागार के परिसरों के भीतर किसी भी वर्जित सामग्री की घुसपैठ में गुप्त रूप से सहयोग नहीं देगा; (घ) जब अपने पद की किसी डयूटी का निर्वहन कर रहा हो, तो कायरता नही दिखाएगा। (ङ) उन्माद की अवस्थिति में नहीं रहेगा; (च) डयूटी के दौरान सोएगा नहीं; (छ) समुचित प्राधिकारी द्वारा उस निमित्त या इन नियमों के अधीन विहित समयावधि तथा रीति से अन्यथा किसी महिला के लिए आरक्षित या के प्रयोग या अधिभोग के लिए आबंटित कारागार के किसी अहाते, प्रागँण, वार्ड, सैल कक्ष या अन्य भाग में प्रवेश नहीं करेगा या किसी व्यक्ति को प्रवेश करने की अनुमति नहीं देगा; (ज) किन्हीं बन्दियों को या के मध्य भोजन, वस्त्र या अन्य वस्तुओं की आपूर्ति या वितरण में कोई अनियमितता नहीं करेगा या करने की अनुमति नहीं देगा या करने के लिए अवप्रेरित नहीं करेगा; (झ) किसी यूनियन या किसी सोसाइटी, संस्था या संघ का सदस्य नहीं बनेगा या उससे सहबद्ध नहीं रहेगा या अन्य अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मिलकर कोई यूनियन नहीं बनाएगा; (ञ) अनधीनता, अवज्ञा या कर्तव्य के भंग के किसी कार्य का दोषी नहीं होगा; (ट) अपने कर्तव्यों या उनमें से किसी के निर्वहन में बीमारी का बहाना नहीं बनाएगा या स्वयं को असमर्थ या अयोग्य नहीं बनाएगा। **टिप्पण–1:–** (ख), (ग) तथा (घ) पर सूचीबद्ध अनियमितताओं के मामले में, साधारणतः एक बार सिद्ध होने के बाद बरखास्तगी की जाएगी। **टिप्पण–2:–** स्टाफ के सदस्यों का मद्यसार स्तर रिकार्ड के लिए प्रत्येक कारागार में प्रिन्टर सहित एल्कोमीटर उपलब्ध करवाया जाएगा।
स्टाफ के सदस्यों द्वारा अपराध।	**731** (1) स्टाफ का प्रत्येक सदस्य, सजा जो कर्तव्य के किसी उल्लंघन या सक्षम प्राधिकारी द्वारा बनाए गए किसी नियम या विनियम या विधि सम्मत आदेश को जानबूझकर भंग करने या उपेक्षा करने के दोषी के रूप में पाया जाता है, या जो अपने पद के कर्तव्यों से अनुमति के बिना या ऐसा करने के अपने आशय का लिखित में दो मास का अग्रिम नोटिस दिए बिना पीछे हटता है, या जो उसको दिए गए किसी अवकाश से अधिक अवधि के लिए जानबूझकर गैर हाजिर रहता है, या जो अपनी कारागार की डयूटी से अन्यथा किसी रोजगार में प्राधिकार के बिना लगता है, या जो कायरता का दोषी है, यदि अधीक्षक उस पर अभियोजित करने का निर्णय लेता है, तो न्यायिक मजिस्ट्रेट के सम्मुख दोष सिद्धि पर जुर्माना जो तीन हजार रूपए से अधिक न हो, या कारावास की ऐसी अवधि, जो तीन मास से अधिक न हो, से या दोनों से दण्डनीय होगा। (2) किसी भी कार्मिक को एक अपराध के लिए दोबारा दण्डित नहीं किया जाएगा।
अपराधिक मामले का प्रभाव।	**732.** (1) यदि किसी स्टाफ के सदस्य पर दण्ड न्यायालय में अभियोजित किया गया है तथा विचारण के बाद उसके विरूद्ध लगाए गए आरोप से बेगुनाह घोषित कर दिया जाता है, तो निर्णय को अन्तिम निर्णय के रूप में स्वीकार किया जाएगा तथा स्टाफ के ऐसे सदस्य को विभागीय रूप से दण्डित नहीं किया जाएगा, यदि अपराध, जिसके लिए उसे विचारा गया था, दण्ड के लिए एकमात्र आधार गठित करता है। (2) कतिपय मामलों में विभागीय संज्ञानः– तथापि, यदि ऐसे अधिकारी को तकनीकी आधारों पर विमुक्त किया जाता है या यदि मामले के अन्वेषण द्वारा प्रमाणित तथ्यों से दोषी ठहराया जाता है कि उसका आचरण तथा चरित्र ऐसा नहीं है, जो जेल अधिकारी के लिए उचित हो, तो महानिदेशक अपराध या ऐसे आचरण या चरित्र के सम्बध में विभागीय संज्ञान ले सकता है।
पुरस्कार।	**733.** (1) किसी एक अवसर पर निम्नलिखित पुरस्कार सभी और दो में, जो तीन से अधिक न हो, अच्छा सदाचार फीतियां किसी वार्डर को उसकी डयूटी की अवधि के भीतर अच्छी सेवा के लिए महानिदेशक द्वारा, दी जा सकती है, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे;

	(क) ड्रिल में विशेष श्रेष्ठता; (ख) कारागार कृषि, उद्योग या अन्यत्र में अच्छा कार्य; (ग) दुर्घटना की स्थिति में मामले में शीघ्र प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना; (घ) लम्बी अवधि में अनुकरणीय सेवा; अथवा (ङ) बहुमूल्य सूचना प्रस्तुत करना। (2) सदाचार फीती पुरस्कार, प्रापक की सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाएगा। (3) अधीक्षक, महानिदेशक की पुष्टि के अध्यधीन, कदाचार के किसी कार्य के लिए रक्षा कार्मिक को एक या अधिक सदाचार फीतियों से वंचित कर सकता है। (4) सदाचार फीती की ऐसी जब्ती, सम्बन्धित अधिकारी की सेवा पुस्तिका में दर्ज की जाएगी। (5) सदाचार फीती, बांई बाजू की बांह पर कोहनी तथा कंधे के बीच बीच में पहनी जाएगी। (6) जेलर से मुख्य वार्डर के पद पर पदोन्नत वार्डर सभी सदाचार फीतियों को पहनना जारी रख सकता है, जो उसे किसी भी समय प्रदान की गई हों। (7) अधीक्षक, सदाचार फीती देने का प्रत्येक मामला महानिदेशक को निर्दिष्ट करेगा, जो ऐसा अधिनिर्णय करेगा, जो वह उपयुक्त समझे तथा वह नकद पुरस्कार जो, दो हजार रूपए से अधिक न हो, भी दे सकता है। (8) वार्डर अपनी वर्दी पर अपने आप आठ वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर एक फीती, सोलह वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर दो फीती तथा चौबीस वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर तीन फीती लगाएगा। (9) अधीक्षक, वार्डर या मुख्य वार्डर, जो बहुमूल्य सूचना प्रदान करता है, को किसी अन्य पुरस्कार, जिसके लिए वह पात्र हो सकता है, के अतिरिक्त प्रशस्ति प्रमाणपत्र प्रदान कर सकता है। (10) महानिदेशक, उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट किसी प्रकार की विशेष सेवा के लिए तथा निम्नलिखित सेवाओं के लिए भी वार्डर अथवा मुख्य वार्डर अथवा सन्तरी को सदाचार फीती तथा उचित नकद पुरस्कार दे सकता है, अर्थात्:— (क) भगदड या उपद्रव इत्यादि रोकने में वीरता; (ख) भगोडे को दोबारा पकड़ने में विशेष निपुणता या ऊर्जा का खर्च, जहां भगोड़ा उस वार्डर या मुख्य वार्डर की लापरवाही के कारण नहीं भागा था, जिसको यह दिया जाना प्रस्तावित है; (ग) वार्षिक गोलाबारी प्रतियोगिता में उच्चतम अंक संख्या प्राप्त करना; (घ) कारागार के अधिकारियों को उसके प्रबन्धन में बहुमूल्य सहायता देना; (ङ) सुराग देना, जो चुराई गई सरकारी सम्पत्ति की खोज की ओर ले जाती हो या भागने या बगावत इत्यादि के षड्यन्त्र के बारे में सूचना देता है; (च) सेवा या साहस के लिए अपवादिक निष्ठा; (छ) वर्दी, सशस्त्र तथा उपकरण की विशेष देखभाल करना; (ज) बागवानी करना; या (झ) कोई अन्य विविध सेवा। (11) महानिदेशक, कारागार विभाग के किसी अधिकारी से भिन्न किसी व्यक्ति को उचित नकद पुरस्कार दे सकता है, जो मूल्यवान सूचना देता है अर्थात् स्टाफ सदस्यों का कदाचार, कारागार आदि में वर्जित वस्तुओं का पता लगाने में सहायता करता है।

परिदर्शक बोर्ड।	**अध्याय 34** **परिदर्शक** **734.** (1) सरकार, अधिसूचना द्वारा, सरकारी सदस्यों तथा दो गैर–सरकारी सदस्यों (एक पुरूष तथा एक महिला) से मिलकर बनने वाले जिला स्तरीय परिदर्शक बोर्ड का गठन करेगी। राज्य सरकार गैर–सरकारी सदस्यों की नियुक्तियाँ राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बोर्ड की जिम्मेवारियों में निम्नलिखित शामिल होगा,– (क) कारागार में अवसंरचना तथा सुविधाओं की प्रभावशीलता के लिए विशेष ध्यान सहित सुधारात्मक कार्य की निगरानी करना; (ख) सुधारात्मक कार्य में सुधार लाने के उद्देश्य से सुधारात्मक कार्य के लिए नए दृष्टिकोणों का सुझाव देना; तथा (ग) बन्दियों की व्यक्तिगत तथा सामूहिक शिकायतों पर विचार करना तथा कारागार प्राधिकारियों के परामर्श से निवारण उपलब्ध करवाना। (2) परिदर्शक बोर्ड का गठन उन जिलों में किया जाएगा, जहां कारागार स्थित है।
सरकारी सदस्य।	**735.** परिदर्शक बोर्ड में निम्नलिखित सरकारी सदस्य शमिल होंगे, अर्थात्:– (क) जिला मजिस्ट्रेट; (अध्यक्ष); (ख) पुलिस अधीक्षक; (ग) अधीक्षक (सदस्य सचिव); (घ) जिला रोजगार अधिकारी; (ङ) जिला समाज कल्याण अधिकारी; (च) निदेशक उद्योग; (छ) कार्यकारी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य विभाग; (ज) कार्यकारी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़के); (झ) जिला शिक्षा अधिकारी।
परिदर्शकों की डयूटी।	**736.** प्रत्येक परिदर्शन पर सभी परिदर्शक,– (क) बने हुए भोजन की जांच करेगा; (ख) साधारणतः कारागार की बैरकों, वार्डो, कार्य शैड़ो तथा अन्य भवनों का निरीक्षण करेगा; (ग) सुनिश्चित करेगा कि स्वास्थ्य, सफाई और सुरक्षा से सम्बन्धित सभी आवश्यक उपाय विधिवत रूप से किये जाते है या नहीं; (घ) सुनिश्चित करेगा कि उचित प्रबन्धन तथा अनुशासन, हर सम्बन्ध में अनुरक्षित है तथा क्या किसी बन्दी को अवैध रूप से निरूद्ध किया गया है या विचारण की प्रतीक्षा के समय अनुचित अवधि के लिए निरूद्ध किया गया है; (ङ) गोपनीय रिकार्ड तथा लेखों से सम्बन्धित रिकार्ड के सिवाए, कारागार रजिस्टर तथा रिकार्ड की जांच करेगा; (च) बन्दियों द्वारा या की ओर से किए गए सभी प्रतिवेदन तथा याचिकाओं को सुनेगा तथा ध्यान देगा; (छ) निर्देश देगा, यदि उचित समझता है कि किसी ऐसे प्रतिवेदन या याचिका को महानिदेशक को भेजा जाए; तथा (ज) सुधारात्मक कार्य में सुधार लाने के उद्देश्य से सुधारात्मक कार्य के लिए नए दृष्टिकोणों का सुझाव देगा।
परिदर्शक बोर्ड के कर्त्तव्य तथा डयूटियां।	**737.** (1) जिला मजिस्ट्रेट, बोर्ड का अध्यक्ष होगा। (2) बोर्ड प्रति तिमाही में कम से कम एक मुलाकात करेगा तथा इस प्रयोजन के लिए, गणपूर्ति तीन सदस्यों तथा अध्यक्ष से मिलकर होगी। (3) बोर्ड की प्रत्येक बैठक के कार्यवृत्त, मुलाकात कार्यवृत्त पुस्तक में अभिलिखित किए जाएंगे और उन्हें अधीक्षक की टिप्पणी सहित महानिदेशक को भेजा जाएगा। कार्यवृत्तों की एक प्रति बोर्ड के प्रत्येक सदस्य को भी प्रेषित की जाएगी। महानिदेशक ऐसे कार्यवृत बैठक की एक प्रति उन मामलों में सरकार को भेजेगा जहां सरकार के स्तर पर कार्रवाई की जानी अपेक्षित है। (4) यदि बोर्ड का कोई गैर–सरकारी सदस्य, कारागार का परिदर्शन करता है, तों उसके साथ कम से कम एक सरकारी सदस्य होगा। अधीक्षक के परामर्श से, बोर्ड का अध्यक्ष, कारागार में बोर्ड के सदस्यों द्वारा किए जाने वाले निरीक्षणों का मासिक रोस्टर (तालिका) बनाएगा।

	(5) रोस्टर, ऐसी रीति में इस बात को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा कि प्रति–मास किसी सदस्य द्वारा कम से कम एक परिदर्शन किया जाए। (6) प्रत्येक गैर–सरकारी निरीक्षणकर्ता से बन्दियों की देखभाल में स्वयं रूचि लेना अपेक्षित है तथा उस कारागार का निरीक्षण करेगा, जिसका वह रोस्टर के अनुसार या बाद में अधीक्षक के परामर्श से एक मुलाकाती है। (7) परिदर्शन के दौरान, बोर्ड का सदस्य, किसी बन्दी, जो परिदर्शक से बात करने का ईच्छुक है, से गोपनीय रूप से तथा अलग रूप से बातचीत करने के अधिकार का उपभोग करेगा। तथापि, परिदर्शक तथा बन्दी के बीच ऐसा पृथक पारस्परिक विचार–विमर्श कारागार की दीवार के भीतर किसी स्थान पर किया जाएगा, जो कारागार अधिकारी की दृष्टि में भी होगा। बन्दी के साथ बातचीत के बाद, परिदर्शक बोर्ड के अध्यक्ष को बन्दी के साथ हुई बातचीत के बारे में लिखित में सूचित करेगा। अध्यक्ष, यदि वह आवश्यक समझता है, तो अधीक्षक के पास मामले को उठाएगा। (8) अधीक्षक सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड के सदस्यों के पास शिकायतें दायर कराने वाले बन्दी, अभियुक्त या स्टाफ सदस्य, जिनके विरूद्व शिकायत की गई है, बाद में प्रतिशोध के शिकार न हों।
परिदर्शक को सुविधा प्रदान करना।	**738.** (1) बोर्ड के सदस्यों को कारागार की स्थिति तथा उसके प्रबन्धन का अवलोकन करने के लिए प्रत्येक सुविधा प्रदान की जाएगी तथा कारागार के सभी हिस्सों तथा उसमें निरूद्ध प्रत्येक बन्दी के उचित विनियमन के अधीन पहुंच अनुज्ञात की जाएगी। साधारणतः, वे तब तक उच्च सुरक्षा क्षेत्रों का निरीक्षण नहीं करेंगे, जब तक महानिदेशक द्वारा इस निमित्त विधिवत निर्देशित नहीं किया जाए। (2) परिदर्शन,बन्दियों को रात के लिए बन्द करने के बाद या कारागार अवकाश के दिन, परिदर्शन नहीं किया जाएगा। (3) परिदर्शकों को उचित सम्मान दिया जाएगा। सूचना के लिए उनके अनुरोध के सम्बध में इन नियमों के अनुसार पालना की जाएगी। (4) किसी भी परिदर्शक को सुरक्षा कार्मिक की एस्कोर्ट के बिना कारागार का चक्कर लगाने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जो उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक है। किसी भी मुलाकाती को कारागार का निरीक्षण करते समय अपने साथ कोई हथियार या अपना सशस्त्र व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी ले जाने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। (5) बोर्ड के दौरे के अवसर के सिवाए, कोई भी परिदर्शक, अधीक्षक या उप अधीक्षक द्वारा उसके परिदर्शन के दौरान साथ ले जाने की मांग नहीं करेगा। (6) अधीक्षक की स्पष्ट सहमति के अभाव में, मुलाकाती को एक ही समय एक से अधिक बन्दियों से मुलाकात करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। किसी बैठक या सम्मेलन के स्वरूप में कोई भी बात, चाहे राजनैतिक विषय या कारागार शिकायतों पर विचार–विमर्श हो, पूर्ण रूप से वर्जित होगी। (7) बन्दियों के साथ सभी निजी मुलाकात साधारणतः दस मिनट की समय सीमा के अध्यधीन किया जाएगा।
परिदर्शन की तिथि लिपिबद्ध करना।	**739.** (1) प्रत्येक परिदर्शक, कारागार में उसका निरीक्षण पूरा होने के बाद, अपने परिदर्शन की तिथि तथा समय को परिदर्शक पुस्तक में दर्ज करेगा तथा उसमें कोई टिप्पणी या सुझाव जो वह देना चाहे उसमें दर्ज कर सकता है। (2) प्रत्येक परिदर्शक द्वारा की गई टिप्पणी की एक प्रति उस पर अधीक्षक की टिप्पणी, या उस पर अधीक्षक द्वारा की गई कार्रवाई सहित महानिदेशक को भेजी जाएगी। यदि किसी विचाराधीन बन्दी के दीर्घ समय तक निरोध से सम्बन्धित टिप्पणी है, तो ऐसी टिप्पणी की एक प्रति, जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भी भेजी जाएगी।
परिदर्शक द्वारा की गई टिप्पणी का निपटान करना।	**740.** (1) पूर्ववर्ती नियमों के अधीन किसी परिदर्शक द्वारा की गई टिप्पणी, कथन तथा तथ्यों की स्पष्ट समालोचना तक सीमित होनी चाहिए, जो उसकी जानकारी में आए हों तथा ऐसे सुझाव, जो वह चाहता हो कि अधीक्षक या महानिदेशक विचार करे। समालोचना, कारागार के सामान्य प्रशासन तथा प्रबन्धन के ऐसे पहलुओं तक सीमित रखी जाएगी, जो परिदर्शक की राय में, सुधारी जानी हो। किसी कारण के बिना परिदर्शक, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः किसी स्टाफ के सदस्यों के चरित्र या आचरण पर अनुकूल अथवा प्रतिकूल रूप से प्रभाव डालती हो।

	(2) महानिदेशक, किसी परिदर्शक द्वारा की गई किसी टिप्पणी पर आदेश पारित कर सकता है, तथा यदि किसी महत्व के मामले में सरकार के आदेश अपेक्षित हों, तो उसे सरकार को भेजेगा। (3) किसी परिदर्शक द्वारा की गई किसी टिप्पणी पर महानिदेशक या राज्य सरकार द्वारा पारित आदेश की एक प्रति अधीक्षक के माध्यम से सम्बन्धित परिदर्शक को भेजी जाएगी।
जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कारागारों का परिदर्शन तथा मुआयना करना।	**741.** (1) जिला मजिस्ट्रेट की अपनी क्षेत्रीय अधिकारिता के अधीन कारागारों का वर्ष में एक बार परिदर्शन करने की डयूटी होगी और ऐसे कारागारों को लागू अधिनियम, तथा उसके अधीन बनाए गए सभी नियमों, विनियमों, जारी किए गए निर्देशों तथा आदेशों के उपबन्धों को सम्यक रूप से अवलोकित तथा लागू किया गया है। (2) जिला मजिस्ट्रेट, कारागार के किसी भी हिस्से का परिदर्शन कर सकता है और निरीक्षण के दौरान कोई रिकार्ड मांग सकता है।
निरीक्षण का रिकार्ड।	**742.** किए गए प्रत्येक परिदर्शन तथा निरीक्षण के परिणाम का रिकार्ड, इस प्रयोजन के लिए अधीक्षक द्वारा अनुरक्षित किए गए रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।
जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधीक्षक से पत्राचार करना।	**743.** (1) जिला मजिस्ट्रेट साधारणतः किसी कारागार के अधीक्षक से नीचे की पदवी वाले किसी अधिकारी से कोई पत्राचार नहीं करेगा या आदेश नहीं लिख भेजेगा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी सभी आदेश लिखित में होंगे। (2). जिला मजिस्ट्रेट के आदेश साधारणतः परिदर्शक पुस्तक में प्रविष्टि के रूप में जारी किये जाएंगे। जिला मैजिस्ट्रेट से कारागार के प्रबन्धन को प्रभावित करने वाले ब्यौरों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने की उम्मीद की जाती है। वह कोई ऐसी कार्रवाई नहीं करेगा, जो अधीक्षक के प्राधिकार को क्षीण करने वाली हो। (3). यदि जिला मजिस्ट्रेट ऐसा आदेश देता है जिससे अधीक्षक या उसका वरिष्ठ आपत्ति करता है, तो सम्बन्धित अधिकारी सरकार को महानिदेशक के माध्यम से मामला प्रस्तुत कर सकता है, किन्तु वह तुरन्त किसी आदेश का पालन करेगा जो अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम से असंगत न हो तथा जिसमें कोई सीधा जोखिम या खतरा शामिल न हो।
पुलिस अधिकारियों का प्रवेश।	**744.** (1) पुलिस अधीक्षक, पुलिस अपर अधीक्षक या किसी सहायक पुलिस अधीक्षक को ऐसे पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी डयूटी का निर्वहन करने के लिए कारागार को बन्द करने से पूर्व केवल कार्य समय के दौरान कारागार में प्रवेश करने लिए अनुमत किया जा सकता है। केवल अति विशेष तथा आपातिक परिस्थितियों में, उन्हें महानिदेशक द्वारा कार्य समय के बाद कारागार में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है। (2) उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट पुलिस अधिकारियों से अधीनस्थ पदवी के पुलिस अधिकारियों को निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए कार्य समय के दौरान कारागार में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है, अर्थात्:– (क) पुराने अपराधियों की पहचान करने हेतु; (ख) बन्दियों की शिनाख्त करने हेतु। (3) दाण्डिक अपराध का अन्वेषण करने के लिए पुलिस अधिकारी को कार्य समय के दौरान अधीक्षक द्वारा नामित कारागार अधिकारी की उपस्थिति में बन्दी का कथन अभिलिखित करने के लिए अनुमत किया जा सकता है। (4) किसी भी पुलिस अधिकारी को किसी समय पर, किसी भी बहाने से, जो भी हो, किसी महिला वार्ड या किसी सैल या कक्ष, जिसमें किसी महिला को तत्समय परिरूद्ध किया गया है या अधीक्षक को लिखित में अनुमति प्रस्तुत किए बिना प्रवेश करने लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।
पुलिस अधिकारी का वर्दी में होना।	**745.** किसी भी अधीनस्थ पुलिस अधिकारी को तब तक कारागार में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा जब तक वह उचित वर्दी में न हो है।
अधिकारियों को कार्य समय के दौरान कारागार में प्रवेश करने के लिए अनुज्ञात करना।	**746.** (1) लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा पुलिस आवास निगम तथा उनके कर्मचारियों या विक्रेता या विक्रेता स्टाफ, विभाग का विक्रेता या विक्रेता स्टाफ कार्य समय के दौरान ऐसी सीमा तक कारागार में प्रवेश कर सकता है, जो उनके प्राधिकृत कार्य से सम्बन्धित प्रयोजनों के लिए आवश्यक हो। ऐसी मुलाकातों की अग्रिम सूचना अधीक्षक को दी जाएगी।

	(2) सिविल सर्जन/मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी तथा बन्दियों की स्वास्थ्य देखभाल के सम्बन्ध में उसके द्वारा प्रतिनियुक्त पैरामैडिकल स्टाफ भी कारागार अस्पताल तथा कारागार परिसरों में आवश्यकता अनुसार प्रवेश कर सकता है।
अन्य व्यक्तियों को विशेष अनुमति प्रदान करना।	**747.** इन नियमों में यथा उपबन्धित के सिवाए, किसी भी परिदर्शक को तब तक किसी कारागार में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा जब तक उसके पास महानिदेशक या अधीक्षक की लिखित अनुमति नहीं है या प्राप्त नहीं की है।

अधीक्षक की शक्तियों का प्रयोग करना।	**अध्याय 35** **कारागारों का सामान्य पर्यवेक्षण तथा निरीक्षण** **748.** (1) महानिदेशक, कारागारों के प्रशासन के सम्बन्ध में अधीक्षक की सभी या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग कर सकता है। (2) महानिदेशक, मामले से मामले के आधार पर, अधीक्षक से ऊपर की पदवी के किसी अधिकारी को कारागारों के प्रशासन के सम्बन्ध में अधीक्षक की सभी या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत कर सकता है।
कारागारों में वस्तुओं की आपूर्ति तथा निर्मित वस्तुओं का विक्रय करना।	**749.** सरकार के सामान्य नियन्त्रण तथा इन नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन, महानिदेशक ऐसी सभी व्यवस्थाएं कर सकता है, जो कारागारों से सम्बन्धित सभी कार्यों के निर्माण, तथा में प्रयोग के लिए सभी वस्तुओं की आपूर्ति या किसी प्रकार से उससे सम्बन्धित या आनुषंगिक या संयोजित तथा कारागारों में निर्मित सभी वस्तुओं के विक्रय के लिए आवश्यक हो।
निधियों, व्यय तथा लेखों के उपबन्ध।	**750.** सरकार उस निमित्त किए गए आदेशों के अधीन कारागार विभाग के खर्च को पूरा करने के लिए बजट प्रावधान तथा निधियों के आबंटन को सुरक्षित करने के लिए व्यवस्था के अध्यधीन, कारागारों के अनुरक्षण पर तथा कारागारों के प्रशासन से किसी भी प्रकार से सम्बधित या से आनुषगिंक या सयोजित सभी मामलों पर सभी खर्चों पर सम्पूर्ण नियन्त्रण महानिदेशक में निहित होगा।
महानिदेशक तथा नियुक्ति अधिकारियों द्वारा कारागारों का निरीक्षण।	**751.** (1) जहां तक हो सके, महानिदेशक की कम से कम दो वर्ष में एक बार प्रत्येक कारागार का दौरा तथा निरीक्षण करने तथा स्वयं की सन्तुष्टि करने की डयूटी होगी कि ऐसे कारागारो को लागू अधिनियम तथा इसके अधीन बनाए गए सभी नियमों, विनियमों, तथा जारी किए गए निर्देशों तथा आदेशों के उपबन्धों को सम्यक रूप से प्रभावी तथा लागू किया गया है और कि प्रत्येक कारागार का प्रबंधन सभी प्रकार से दक्ष तथा सन्तोषजनक है। प्रत्येक परिदर्शन तथा निरीक्षण के परिणाम का एक नोट, उस प्रयोजन के लिए अधीक्षक द्वारा अनुरक्षित की जाने वाली मुलाकाती पुस्तक में अभिलिखित किया जाएगा या नोट के रूप में अन्यथा से सूचित किया जाएगा। (2) (क) महानिदेशक, राज्य में कारागारों के निरीक्षण के लिए अधीक्षक की पदवी से ऊपर के किसी अधिकारी को नियुक्त कर सकता है। कारागारों का इस नियतन तथा आबंटन प्रति वर्ष की 15 जनवरी तक अग्रिम में महानिदेशक द्वारा किया जाएगा; (ख) नियुक्ति ऐसी रीति में की जाएगी कि प्रत्येक ऐसा निरीक्षण अधिकारी, औपचारिक निरीक्षण के लिए कम से कम दो कारागारों का प्रतिवर्ष निरीक्षण करेगा; (ग) निरीक्षण अधिकारी, महानिदेशक को निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा; (घ) निरीक्षण नोट पर जारी निर्देशों की पालना रिपोर्ट, ऐसे निरीक्षण के तीन मास के भीतर सम्बन्धित अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। (3) महानिदेशक, राज्य में किसी कारागार का निरीक्षण करने के लिए किसी अधीक्षक को भी नियुक्त कर सकता है। (4) अपर महानिरीक्षक या से ऊपर की पदवी के अधिकारी, महानिदेशक के आदेशों से किसी कारागार का अनौपचारिक निरीक्षण कर सकते हैं। (5) महानिदेशक, नियत कालिक रीति में सम्पूर्ण राज्य के जिला परिवीक्षा अधिकारी (अधिकारियों) के कार्यालयों का निरीक्षण करने के लिए अधीक्षक या उससे ऊपर की पदवी के अधिकारियों को भी नियुक्त कर सकता है। निरीक्षण अधिकारी, महानिदेशक को ऐसी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।
महानिदेशक तथा निरीक्षण पर नियुक्त अधिकारी के कर्तव्य।	**752.** (1) पूर्ववर्ती नियम के उपबन्धों के अनुसार, महानिदेशक या नियुक्त कोई अन्य अधिकारी, साधारणतः ऐसा निरीक्षण करने हेतु प्रत्येक कारागार के निरीक्षण में निम्नलिखित को शामिल करते हुए विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करेगा, अर्थात्:– (क) पूर्व निरीक्षण नोट पर जारी किए गए कथनों/निर्देशों की पालना पर टिप्पणी; (ख) अवसंरचना के रूप में,– (i) सभी कारगार भवन तथा साधारण सफाई; (ii) जल तथा मलजल सुविधाओं सहित कारागार में स्वास्थ्य कर स्थिति; (iii) रसोई तथा भोजन की गुणवत्ता; (iv) भण्डारण; (v) कारागार बगीचा; (vi) कारागार उद्योग; तथा

	(vii) कारागार अस्पताल, चिकित्सा सुविधाएं, चिकित्सा स्टाफ आदि; (ग) कारागार प्रबन्धन के रूप में,– (i) प्राधिकृत कारागार जनसंख्या तथा वास्तविक कारागार जनसंख्या; (ii) संचार सुविधाओं सहित बन्दियों के लिए मुलाकात सुविधाएं; (iii) महिला बन्दी तथा शिशु; (iv) डिजीटल रिकार्ड सहित बन्दियों का रिकार्ड; (v) पैरोल, फरलो, माफी तथा समय पूर्व रिहाई इत्यादि से सम्बधित रिकार्ड; (vi) बन्दी प्रबन्धन साफ्टवेयर; (vii) विडियो सम्मेलन सुविधा; (viii) कारागार में कार्य अवसर; तथा (ix) बन्दियों को मजदूरी; (घ) बन्दी कल्याण के रूप में, – (i) कैन्टीन सुविधाए; (ii) पुस्ताकालय; (iii) मनोरंजन सुविधाएं, खेल, आध्यात्मिक कार्यकलाप; तथा (iv) बन्दी पंचायत; (ङ) कारागार सुरक्षा के रूप में,– (i) सुरक्षा तथा प्रकाश व्यवस्था; (ii) जरनेटर सेट; (iii) अलार्म प्रणाली; (iv) उच्च सुरक्षा अहाते; (v) उच्च जोखिम बन्दी; (vi) सशस्त्र एवं गोलाबारूद (vii) दिन–रात दोनों के लिए रक्षा की व्यवस्था; (viii) सुरक्षा उपकरण; (ix) गार्ड ड्रिल करने हेतु उच्च अधीनस्थों की योग्यता; तथा (x) सी सी टी वी नियन्त्रण कक्ष की कार्य पद्धति; (च) स्टाफ प्रबन्धक के रूप में,– (i) स्टाफ की रिक्ति की स्थिति; (ii) अधीनस्थ स्टाफ में डयूटी का आबंटन; (iii) कारागार स्टाफ की शिकायतें, शिकयत निवारण बैठक; (iv) आवासीय क्वार्टर, वार्डर होस्टल आदि; (v) कारागार स्टाफ से भेंटवार्ता; (छ) स्थापना के रूप में,– (i) स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि क्रय के सभी मामलों में अनावश्यक खर्च नही किया गया है; (ii) लेखे तथा रजिस्टर, नियमों के अनुसार अनुरक्षित किए जाते हैं; (iii) सभी रिकार्डो की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उचित प्रबन्ध किए जाते हैं; (iv) कारागार, बन्दियों तथा स्टाफ से सम्बन्धित अन्य प्रशासकीय मामले।
निरीक्षण रिपोर्ट या उसके भाग को सरकार को प्रस्तुत करना।	**753.** पूर्ववर्ती पैराग्राफ द्वारा अपेक्षित निरीक्षण रिपोर्ट या उसके किसी भाग की प्रति, जो मामले से सम्बन्धित है, जिसे महानिदेशक की राय में सरकार के ध्यान में लाया जाएगा, सरकार को महानिदेशक द्वारा भेजी जाएगी।
वार्षिक रिपोर्ट तथा विवरणी।	**754.** महानिदेशक, यथा सम्भव प्रत्येक कलैण्डर वर्ष के समापन के बाद यथा शीघ्र तथा प्रत्येक वर्ष में जून के प्रथम सप्ताह के अपश्चात, सरकार को ऐसी सांख्यिकीय तथा अन्य विवरण, विवरणियों तथा सूचना सहित राज्य में कारागारों के प्रशासन पर रिपोर्ट ऐसे रूप में प्रस्तुत की जाएगी, जो सरकार, समय–समय पर, अपेक्षा या विनिर्दिष्ट करे।
संचार के माध्यम (चैनल)।	**755.** किसी प्रतिकूल निर्देश के अभाव में महानिदेशक, राज्य सरकार तथा कारागार विभाग के सभी अन्य अधिकारियों के बीच संचार का माध्यम (चैनल) होगा।

	अध्याय 36 **बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा तथा बन्दियों की रक्षा**
परिचय।	**756.** कारागार के भीतर बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा, कारागार विभाग की प्राथमिक जिम्मेवारी है। सुधार तथा पुनर्वास का समस्त उद्देश्य, अभिरक्षा के ढांचे में सुधार करना है। इसके अतिरिक्त, कारागार अभिरक्षा में बन्दी प्रक्रिया के तहत मानव के रूप में बन्दियों के मूल अधिकारों पर कतिपय निर्बन्धन शामिल हैं, जिनसे बन्दियों को गुजरना पडता है।
कारागार के बाहर बन्दी की अभिरक्षा तथा नियन्त्रण।	**757.** कोई बन्दी, जब किसी कारागार, जिसमें उसे विधिपूर्वक परिरूद्ध किया जा सकता है, में लाया जा रहा है या से ले जाया जा रहा है, या जब कभी वह ऐसी कारागार से सम्बन्धित किसी ऐसे कारागार अधिकारी की सीमाओं से बाहर या अन्यथा से कार्य कर रहा है, तो कारागार में समझा जाएगा तथा सभी ऐसे नियमों के अध्यधीन होगा, मानो वह वास्तव में कारागार में था।
सुरक्षा तथा रक्षा अपेक्षाएं।	**758.** (1) कारागार के भीतर सुरक्षा तथा किसी प्रकार की वर्जित वस्तुओं को फेंकने पर रोक सुनिश्चित करना, इसके परिसर बन्द क्षेत्र होंगे। कारागार परिसरों में सन्तरी चौकी तथा उचित रूकावट के साथ एकल प्रवेश द्वार होगा। कारागार के भीतर तथा चारों ओर अच्छी रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। (2) प्रत्येक कारागार में रक्षा कार्मिकों की पर्याप्त संख्या होगी। प्रत्येक कारागार में रक्षा कार्मिक की स्थायी संख्या प्रत्येक कारागार की आवश्यकता के अनुसार सरकार द्वारा, समय–समय पर, निर्धारित की जाएगी। टावर या कारागार के बाहर किसी अन्य स्थान की निगरानी हेतु, बाहरी परिधि पर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सी.ए.पी.एफ.) महानिदेशक की सिफारिश पर सरकार द्वारा कारागार में नियोजित किया जा सकता है। (3) साधारणतः नीचे वर्णित अनुसार पर्याप्त उपकरण, कारागार परिसरों की सुरक्षा तथा बचाव के लिए प्रत्येक कारागार में स्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:– (क) महिला बन्दियों के स्नान घरों/शौचालयों तथा निवास क्षेत्र के सिवाए, कारागारों के निवास क्षेत्रों सहित सभी अतिसंवेदनशील तथा असुरक्षित स्थानों पर प्रत्येक कारागार में निगरानी उपकरण स्थापित किए जाएंगे; (ख) कारागार परिसरों में सभी स्थलों पर बेहतर संचार के लिए कारगर वायरलैस संचार प्रणाली तथा इन्टरकोम/आई. पी. आधारित फोन स्थापित किए जाएंगे; (ग) किसी अनुचित घटना के बारे में स्टाफ सदस्यों, जनसाधारण तथा निकटवर्ती पुलिस थानों को सतर्क करने के लिए उच्च स्वरमान साइरेन उपयुक्त स्थान पर लगाए जाएंगे; (घ) प्रत्येक कारागार में उचित स्कैनिंग, पता लगाने तथा भेदक उपकरण लगाए जाएंगे। (4) उप अधीक्षक (सुरक्षा) नियमित रूप से कारागार की मुख्य दीवार तथा सभी अन्य भवनों की जांच करेगा। यदि कोई मरम्मत अपेक्षित हो, तो अधीक्षक को तुरन्त सूचित करेगा तथा अपेक्षित मरम्मत बिना विलम्ब की जाएगी।
कारागार शस्त्रागार।	**759.** (1) मुख्यद्वार के निकट एक विशेष कक्ष, शस्त्र तथा गोलाबारूद का भण्डारण करने के लिए अलग रखा जाएगा। राईफल रखने के लिए इसे उपयुक्त स्टील/लकड़ी के रैक तथा उस पर साज–सामान लटकाने के लिए खूंटी से सुसज्जित किया जाएगा। कक्ष के दरवाजे दोहरे प्रबलित स्टील से बने होंगे, जिनमें से एक प्रशासकीय ब्लॉक के भीतर तथा दूसरा स्टील दरवाजा सुरक्षा बीट के निकट कारागार के बाहर खुलेगा। (2) उपयुक्त गोलाबारूद, अंगरक्षक कवच, हेलमेट (शिरस्त्राण), डण्डा (बेटन), गैस मास्क, दस्ताने, पैर कवच, अग्निशमक, मिर्च स्प्रे तथा समय–समय पर उपलब्ध अन्य शरीर रक्षक उपकरण सहित आधुनिक प्राणघातक तथा अप्राणघातक हथियारों की पर्याप्त संख्या, आपातिक स्थिति में प्रयोग करने हेतु प्रत्येक कारागार में उपलब्ध कराई जाएगी। (3) सशस्त्रागार प्रभारी,– (क) प्रतिदिन सभी शस्त्रों तथा गोलाबारूद का निरीक्षण करेगा तथा देखेगा कि उन्हें तुरन्त प्रयोग करने हेतु स्वच्छ और दुरूस्त रखा गया है;

	(ख) शस्त्रागार, गोलाबारूद तथा फालतू गोलाबारूद का प्रभार लेगा और शस्त्रागार की चाबी अपने कब्जे में रखेगा, देखेगा कि गोला बारूद शुष्क तथा सुव्यवस्थित रखा गया है। प्रत्येक राइफल के लिए राइफल (हथियार) गोलाबारूद के दस राउंड प्रयोग के लिए हमेशा तैयार रखे गए हैं; (ग) स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि प्रत्येक सन्तरी अपने पद के लिए आदेशों को जानता है तथा समझता है; तथा (घ) प्राप्त तथा खर्च किए गए स्टॉक में गोलाबारूद का लेखा रखना। (4) गोलाबारूद बक्सों में सुरक्षित रूप से तालाबन्द किया जाएगा तथा कारागार शस्त्रागार के बाहरी द्वार की चाबियों का एक सेट लाइन अधिकारी द्वारा रखा जाएगा तथा दूसरा सेट शस्त्रागार के प्रभारी द्वारा रखा जाएगा। कारागार शस्त्रागार के भीतरी द्वार की चाबियों का एक सेट उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा रखा जाएगा तथा दूसरा सेट उप–अधीक्षक (सुरक्षा) द्वारा रखा जाएगा। (5) नियमित प्रयोग के लिए ले जाए गए सभी शस्त्र गोलाबारूद तथा ऐसे गोलाबारूदों का प्रत्येक निरीक्षण परेड में अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। (6) प्रत्येक वर्ष की प्रथम जनवरी को स्टाक में शस्त्र गोलाबारूद तथा गोलाबारूद की स्थिति के सम्बन्ध में टिप्पणी सहित उसकी एक सूची महानिदेशक की सूचना के लिए प्रस्तुत की जाएगी।
गोलाबारूद की आपूर्ति, शस्त्रों की मरम्मत।	**760.** महानिदेशक, सरकार के परामर्श से, कारागार की सुरक्षा अपेक्षित पुलिस विभाग या सशस्त्र बलों से शस्त्रों तथा गोलाबारूद की प्राप्ति के लिए उसके अनुरक्षण तथा मरम्मत के लिए उचित व्यवस्था करेगा। निराकृत तथा बेकार शस्त्र तथा प्रयुक्त किए गए, गुम गोलाबारूदों का सुसंगत नियमों के अनुसार निपटान किया जाएगा।
अग्निशस्त्र कारागार में न लाना।	**761.** अग्नि शस्त्र निम्नलिखित परिस्थितियों, जो कोई भी हो, को छोडकर किसी भी परिस्थिति में कारागार के भीतर नहीं लाए जाएंगे, अर्थात्:– (क) किसी विशेष कारागार या कारागारों की श्रेणी के केन्द्रीय नियन्त्रण टावर पर डयूटी पर सन्तरी के लिए महानिदेशक द्वारा विशिष्ट आदेश के माध्यम से किसी भी अवसर पर किसी समय किसी स्थान पर केन्द्रीय नियन्त्रण टावर पर कम से कम दो सशस्त्र कार्मिक अभिनियोजित किए जाएंगे; (ख) आकस्मिक–संकट अवसर पर अधीक्षक या उप अधीक्षक (प्रशासन) संकट–सूचना (अलार्म) परेड के दौरान या के स्पष्ट आदेश के अधीन। **टिप्पण:–** लाठी या बेंत डण्डा, डयूटी पर रक्षा कार्मिक को जारी किया जा सकता है, यदि सुरक्षा स्थिति उसकी मांग करें।
नियन्त्रण कक्ष की स्थापना।	**762.** (1) प्रत्येक कारागार में एक नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा, जहां से सभी सी.सी.टी.वी., वायरलैस सेट तथा इन्टर कोम की निगरानी तथा नियन्त्रिण किया जा सके। (2) नियन्त्रण कक्ष उप–अधीक्षक (सुरक्षा) तथा सहायक अधीक्षक की सहायता से अधीक्षक के पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करेगा। डयूटी अधिकारी इसके कारगर कार्य के लिए जिम्मेवार होगा। (3) स्टाफ सदस्य को नियन्त्रण कक्ष में नित्य नियोजित किया जाएगा, जो नियन्त्रण कक्ष में स्थापित सभी उपकरणों की देखभाल, अनुरक्षण तथा उचित कार्य करने के लिए जिम्मेवार होगा। यदि कोई उपकरण कार्य नही करने की स्थिति में पाया जाता है, तो डयूटी अधिकारी को तुरन्त सूचित किया जाएगा जो यथा साध्य शीघ्रता से त्रुटि को ठीक करने के लिए सभी प्रयास करेगा। (4) एक लैंडलाइन फोन नियन्त्रण कक्ष में स्थापित किया जाएगा तथा डयूटी पर उपस्थित स्टाफ सदस्य सभी आने वाली कालों को प्राप्त करेगा तथा ई–मेल तथा अन्य इलैक्ट्रॉनिक पद्धति के माध्यम से सन्देश प्राप्त करने तथा भेजने के लिए भी जिम्मेवार होगा। (5) डयूटी पर उपस्थित सभी अधिकारी तथा अन्य स्टाफ सदस्य वायरलैस सेट, इन्टरकाम या उपलब्ध संचार के किसी अन्य स्रोत के माध्यम से किसी विलम्ब के बिना किसी महत्वपूर्ण घटना के बारे में नियन्त्रण कक्ष को सूचित करेगा।

	(6) घटनाओं की डायरी के रूप में रजिस्टर नियन्त्रण कक्ष में एक रजिस्टर को नियन्त्रण कक्ष में अनुरक्षित किया जाएगा, जिसमें सभी महत्वपूर्ण सूचना/रिपोर्ट प्राप्त करने की तिथि तथा समय को इस प्रयोजन के लिए पदनामित डयूटी पर स्टाफ सदस्य द्वारा दर्ज किया जाएगा। डयूटी अधिकारी, सम्बद्ध उप अधीक्षक तथा अधीक्षक को मामला पहुँचाएगा। (7) स्टाफ सदस्य को कारागार परिसरो के भीतर प्रत्येक कार्यकलाप पर निगरानी रखने के लिए केवल लाइव फुटेज (फुटमान) की निगरानी करने के लिए नियोजित किया जाएगा तथा किसी संदिग्ध गति–विधि या गैरकानूनी गतिविधि या उसके ध्यान में आई कोई अन्य घटना/हित सम्बन्धी मामलों के बारे में उप अधीक्षक (सुरक्षा) तथा अधीक्षक को सूचित करेगा।
गुप्तचर नैटवर्क तथा उसके फण्ड।	**763.** (1) कारागार प्रशासन बन्दियों के साथ परस्पर विश्वास बनाए रखने के लिए प्रयास करेगा ताकि बन्दियों में रचनात्मक सम्बन्ध रखे जा सके। सदाचारी बन्दियों को ऐसी रीति में शामिल किया जाएगा कि वे पहले से संवेदी सूचना के बहाव के लिए अग्रसर प्रशासन के प्रति सम्बन्ध रखने की भावना विकसित कर सके। (2) किसी अवैध या गैर कानूनी गतिविधि के बारे में सूचना एकत्र करने के लिए गुप्तचर नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। पर्याप्त वार्षिक निधियां, कारागार के भीतर अवैध सैल फोन रखने/संचालन करने, स्वापक का प्रयोग करने, गैंगवार, कारागार तोड़ने, अन्य बन्दियों से खसोट, कारागार स्टाफ अदि पर आक्रमण करने के बारे में व्यवहार्य गुप्त सूचना का पता लगाने तथा एकत्रित करने के लिए प्रत्येक अधीक्षक तथा महानिदेशक के निपटान पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधीक्षक इस प्रयोजन के लिए पुलिस विभाग के गुप्तचर विंग की सहायता भी ले सकता है।
रक्षा करने में पालन किये जाने वाले सिद्धान्त।	**764.** किसी कारागार में प्रत्येक बन्दी दिन–रात हर समय ऐसी रीति में कुछ रक्षाकार्मिकों की देख–रेख में रहेंगे ताकि लापरवाही के परिणामस्वरूप भागने के लिए जिम्मेवारी निश्चित रूप से नियत की जा सके। दिन के दौरान प्रत्येक रक्षा कार्मिक को स्थानान्तरित किए गए बन्दियों के नामों का रिकार्ड, गिरोह–पुस्तक में दर्ज किया जाएगा तथा एक गिरोह से दूसरे गिरोह में बन्दी के प्रत्येक पश्चात्‌वर्ती परिवर्तन को ऐसे अधिकारी, जो मुख्य वार्डर की पदवी से नीचे का न हो, के प्राधिकार तथा हस्ताक्षर के अधीन उसमे दर्ज किया जाएगा, जो इसी प्रकार रक्षक के प्रत्येक परिवर्तन पर, कार्यभार से मुक्त करते समय रक्षा कार्मिक को स्थानान्तरित बन्दियों की प्रत्यक्ष तथा संख्या का सत्यापन करने के लिए उपस्थित रहेगा।
रक्षा करने में पालन की जाने वाली प्रक्रिया के ब्यौरे।	**765.** (1) रक्षा कार्मिक को तीन प्रवर्गों में विभक्त किया जाएगा, अर्थात्:– प्रवर्ग–क, प्रवर्ग–ख तथा प्रवर्ग–ग। कारागार की विशेष छानबीन के समय पर तीनों प्रवर्गों के सभी कार्मिक हाजिर रहेंगे। (2) प्रवर्ग क में ऐसे कार्मिक शामिल होंगे, जो सुरक्षा, सन्तरी (स्थैतिक तथा गतिमान), गश्त (हथियार सहित या के बिना) तथा तलाशी डयूटी करेंगे। **टिप्पण–1:–** उन्हें तीन समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक समूह प्रतिदिन चार घण्टे की दो पालियों में (दिन तथा रात) या आठ घण्टे की एक पाली में अपनी डयूटियां करेंगे। **टिप्पण–2:–** पाली (शिफ्ट) छह घण्टे के बाद बदली जाएगी। (3) प्रवर्ग ख में ऐसे कार्मिक शामिल होंगे, जो बैरक प्रभारी, द्वारपाल तथा अपने सहायक स्टाफ, कारखाना सुरक्षा प्रभारी, मुलाकात प्रभारी आदि की डयूटी करेंगे। **टिप्पण–1:–** उन कार्मिक, जिन्हें बैरक प्रभारी के रूप में डयूटियों के लिए नियोजित किया गया है, के सिवाए सभी अन्य कार्मिक आठ घण्टे की एकल पाली में अपनी डयूटी करेंगे। **टिप्पण–2:–** कार्मिक, जिन्हें बैरक प्रभारी के रूप में डयूटी के लिए नियोजित किया गया है, को दो समूहों में बांटा जाएगा, एक समूह तालाबन्दी से सांयकाल 2:00 बजे तक, प्रथम पाली में डयूटी करेगा तथा दूसरा समूह सांयकाल 2:00 बजे से तालाबन्दी तक, दूसरी पाली में डयूटी करेगा। दूसरी पाली में कार्यरत कार्मिक रोस्टर के अनुसार रात्रि में दो घण्टे की गश्त डयूटी भी करेगा। पाली छह दिन के बाद बदली जाएगी। (4) प्रवर्ग ग में, ऐसे कार्मिक शामिल होंगे, जो कारागार बगीचा के प्रभारी तथा हेल्पर, बाहरी गिरोह प्रभारी, चालक, निजी सुरक्षा अधिकारी (पी.एस.ओ.), मेस प्रभारी, डयूटी रोस्टर प्रभारी तथा हेल्पर, न्यायालय डयूटी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय डयूटी, कल्याण डयूटी तथा अन्य विविध डयूटियां करेंगे।

टिप्पण–1:– वे दोपहर के भोजनावकाश में एकल पाली में कार्य करेंगे।

टिप्पण–2:– वे प्रत्येक सप्ताह एक रात गश्त डयूटी करेंगे।

(5) रक्षा कार्मिक सहित सम्बधित उप अधीक्षक (सुरक्षा) तथा सहायक अधीक्षक (अहातों का कार्यकारी प्रभारी) जो प्रातःकाल में डयूटी पर जाते है, कारागार में, एक साथ प्रवेश करेंगे।

(6) सहायक अधीक्षक (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) के प्रभार के अधीन बैरक खोलने से पूर्व रक्षा कार्मिक सहित वह बैरकों की लोहे की शलाकों तथा दीवारों का निरीक्षण करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि पूर्व रात्रि के दौरान किसी प्रकार की कोई उल्लंघना तो नहीं हुई है।

(7) वार्डो को खोला जाएगा तथा बन्दियों की बैरक से बाहर गिनती की जाएगी। सहायक अधीक्षक (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) या मुख्य वार्डर (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) हवालात रजिस्टर में, प्रविष्टि से मिलान करते हुए प्रत्येक वार्ड के बाहर की गई गिनती की संख्या का सत्यापन करेंगे।

(8) प्रातःकालीन परेड के समापन पर बन्दियों को उनकी सम्बन्धित टोली में विभाजित किया जाएगा और जिम्मेवार रक्षा कार्मिक को प्रत्येक गिरोह का प्रभारी बनाया जाएगा। किसी गिरोह के प्रभारी की जिम्मेवारी दो या दो से अधिक रक्षा कार्मिकों के बीच कभी भी विभक्त नहीं की जाएगी। कारागार दीवारों से बाहर कार्य करने वाली टोली की संख्या, किन्तु कारागार अहातों के भीतर, महानिदेशक की स्वीकृति के बिना, बारह बन्दियों से अधिक नहीं होगी, प्रत्येक ऐसी टोली के लिए दूसरे वार्डर की सहायता से कम से कम एक मुख्य वार्डर प्रभारी होगा। कारागार दीवारों के भीतर कार्य करने वाले बन्दियों के मामले मे, प्रत्येक टोली में इतने बन्दियों को शामिल किया जा सकता है, जिनका सुविधाजनक तथा कारगर रूप से पर्यवेक्षण किया जा सके। महानिदेशक की लिखित में विशेष स्वीकृति के बिना बन्दियों को कारागार अहातों के बाहर नियोजित नहीं किया जाएगा।

(9) प्रातःकाल में वार्डो के खुलने पर डयूटी पर आने वाले बैरक प्रभारी, उसके भार मुक्त करने वाले द्वारा सांयकाल 2:00 बजे भार मुक्त किया जाएगा जो बन्दियों को बन्द करने तथा रात्रि रक्षक की तैनाती तक प्रभारी रहेगा।

(10) यदि रक्षा कार्मिक प्रातःकाल में विभिन्न गिरोह में तैनात हैं, प्रत्येक गिरोह शामिल करते हुए, बन्दियों के नाम, प्रभार लेने वाले रक्षा कार्मिक की उपस्थिति में गिरोह पुस्तक से पुकारे जाएंगे, जो उनकी कुल गिनती से सत्यापित करेगा। रक्षा कार्मिक के नाम फिर गिरोह पुस्तक में अभिलिखित किए जाएंगे तथा उसकी पावती ली जाएगी। प्रत्येक दीर्घ अवधि तथा खतरनाक बन्दी उसका प्रभार लेने वाले वार्डर को विशेष रूप से बताएगा, ताकि उन पर विशेष निगरानी रखी जा सके। रक्षक की प्रत्येक तबदीली पर प्रत्येक टोली में बन्दियों की संख्या गिनी जाएगी तथा कारागार से बाहर टोली के मामले में, प्रत्येक टोली को शामिल करते हुए बन्दियों की हाजिरी ली जाएगी। बड़ी कारागारों में, जहां कई गिरोह पुस्तकें होंगी, ताकि समय बचाने के लिए रजिस्टर सूचियों की एक साथ मांगी जा सके।

(11) बाहरी गिरोह में कार्यरत सभी बन्दी, साधारणतः दोपहर बाद हवालात में बन्द करने के लिए अपने सम्बन्धित वार्डो में आगे भेजे जाने के लिए मुख्य द्वार पर लौटेंगे। उन्हें दोपहर बाद हवालात से बाहर शेष कार्य दिवस के लिए पुनः ले जाया जाएगा और बाहरी टोली (ओ.एस.जी.) प्रभारी को विधिवत रूप से सौंपा जाएगा। सांयकाल में कार्य के समापन पर समूहों को एकत्रित किया जाएगा तथा बाहरी टोली प्रभारी द्वारा प्रत्येक टोली के बन्दियों की गणना की जाएगी तथा सत्यापित किया जाएगा।

(12) सांयकाल में कार्य के समापन पर गिरोहों को एकत्रित किया जाएगा तथा प्रत्येक गिरोह के बन्दियों की गणना की जाएगी तथा सत्यापित किया जाएगा।

(13) बाहरी गिरोह प्रभारी अपने गिरोह के बन्दियों पर सतर्क नजर रखेगा तथा किसी भी प्रकार के किसी भी बहाने से, मटरगश्ती करने या नजरों से दूर जाने के लिए उन्हें अनुज्ञात नहीं करेगा। वह अपनी डयूटी की सम्पूर्ण अवधि में अपनी स्वयं की अभिरक्षा के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होगा। मुख्य वार्डर, बाहरी गिरोह प्रभारी की सहायता करने वाले रक्षा कार्मिक, इसी प्रकार गिरोह की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए जिम्मेवार होंगे, किन्तु उनकी जिम्मेवारी, किसी प्रकार से बाहरी गिरोह प्रभारी की जिम्मेवारी से कम नहीं होगी और कम नहीं की जाएगी। कारागार से दूरी पर पूरे दिन कार्य करने वाले बन्दियों को कार्य स्थल के समीप तथा रक्षा कार्मिक की दृष्टि के अधीन अस्थाई शौचघट मुहैया कराया जाएगा।

सांयकाल हवालात गिनती, चाबियों का निपटान, रात्रि गश्त अधिकारी।	**766.** (1) सांयकाल परेड के समापन के बाद रात्रि रक्षक को डयूटी अधिकारी द्वारा कारागार के भीतर लगाया जाएगा। बैरक प्रभारी तब बन्दियों की उनके वार्डों, सैलों या अन्य कक्षों में गिनती करेगा तथा रात्रि के लिए उन्हें बन्द करेगा। सहायक अधीक्षक (केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष) बैरकों का कार्यकारी प्रभारी तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) हवालात के समय पर कारागार के भीतर उपस्थित रहेगा। जब सभी बन्दियों को बन्द करने पर, बन्दियों की कुल संख्या सत्यापित की जाएगी। यदि सही पाए जाते हैं, तो रात्रि रक्षक को कारागार के भीतर उनके सम्बन्धित बीट स्थानों पर तैनात किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड या अन्य भवन में बन्द बन्दियों की संख्या तथा कारागार में बन्दियों की कुल संख्या हवालात रजिस्टर में दर्शाई जाएगी, जिस पर अधीक्षक (सुरक्षा) उसके सहीपन के प्रमाणस्वरूप अपने हस्ताक्षर करेगा। (2) हवालात के समापन पर, वार्डों, सैलों तथा अन्य कक्षों की चाबियां, जहां बन्दी परिरूद्ध हैं, उप अधीक्षक (प्रशासन) की उपस्थिति में एकत्रित की जांएगी तथा गिनी जांएगी, जो हवालात रजिस्टर में संख्या दर्ज करेगा। तब वह मुख्य द्वार पर प्रयोजन के लिए उपलब्ध चाबी बक्से में चाबियों को तालाबन्द करवाएगा तथा डयूटी अधिकारी को ऐसे चाबी बक्से की चाबी स्थानान्तरित करेगा जो क्रमशः अपने उत्तराधिकारी को चाबी स्थानान्तरित करेगा, जो आगे प्रातःकाल में कारागार में उप–अधीक्षक के प्रवेश करने पर उसे देगा। रसोई–घर तथा वार्डो की चाबियां, जिसमें रसोइये परिरूद्ध हैं, भी डयूटी अधिकारी के प्रभार में रखी जाएंगी। (3) रात्रि गश्त अधिकारी (प्रवर्ग ख या प्रवर्ग ग में से दो घण्टे की पाली के लिए नियोजित करना) कारागार के प्रत्येक वार्ड, बैरक, सैल, अस्पताल तथा प्रत्येक अन्य भाग का निरीक्षण करेगा तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि सब कुछ उचित (सब अच्छा) है। वह रात्रि रिपोर्ट पुस्तक में कारागार की सामान्य स्थिति तथा उसको भारमुक्त करने वाले के साथ–साथ डयूटि अधिकारी को रिपोर्ट करेगा।
रात्रि निगरानी की डयूटी।	**767.** (1) रात्रि के दौरान कारागार की मुख्य दीवार के साथ गश्त डयूटी पर रक्षा कार्मिक या बन्दी अधिकारी अपना बीट नहीं छोड़ेगा या लेटेगा नहीं। वह डण्डे, बैटरी या अन्य ऐसे उपकरण से सशस्त्र होगा। भीतरी मुख्य दीवार 'कोट मौका' बीट गश्त, डिस्क (पत्र) प्रणाली से सयोजित की जाएगी, जहां प्रत्येक बीट को एक बीट से दूसरी बीट तक डिस्क लोलक(पेन्डूलूम) को आगे बढ़ाते हुए गतिमान रखी जाएगी। कोट मौका प्रभारी प्रायः कोट मौका के सभी बीटों का निरीक्षण करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि डयूटी पर सभी रक्षा कार्मिक सतर्क हैं तथा डिस्क परिचालन नियमनुसार है। (2) बैरकों का डयूटी पर तैनात रक्षा कार्मिक द्वारा सम्पूर्ण रात्रि में प्रत्येक आधे घण्टे में एक बार निरीक्षण किया जाएगा, जिसे तालों, जालियों तथा दरवाजों की जांच करनी चाहिए तथा स्वयं की सन्तुष्टि करनी चाहिए कि वे सुरक्षित हैं तथा भीतर डयूटी पर तैनात बन्दी अधिकारी सतर्क है। उसे अपने आपको इस उद्देश्य से प्रायः चुनौती देनी चाहिए तथा बन्दियों की संख्या की जांच करनी चाहिए तथा स्वंय की संतुष्टि करनी चाहिए कि सभी बन्दी उपस्थित हैं। (3) रक्षक कार्मिक तथा बन्दी अधिकारी सुनिश्चित करेगा कि सभी बन्दी सांयकाल 10:00 बजे के बाद शांत हैं और अपनी–अपनी बर्थ में है और कोई भी गाना, अध्ययन, खेल खेलना, टेलीविजन देखना या किसी प्रकार के मनोरंजनात्मक कार्यकलाप नहीं कर रहे हैं।
अधिकारियों का रात्रि में बीट डयूटी से रोस्टर बदलना तथा रिकार्ड रखना।	**768.** (1) प्रत्येक कारागार में एक डयूटी रोस्टर अनुरक्षित किया जाएगा। 'लाइन अधिकारी' का प्रभार धारण करने वाला सहायक अधीक्षक इस रजिस्टर के उचित अनुरक्षण के लिए जिम्मेवार होगा। रजिस्टर में डयूटी पर तैनात रक्षा कार्मिक के नाम, डयूटी के घन्टे तथा डयूटी समय को समझाने के लिए उनके हस्ताक्षर दर्ज होंगे। रजिस्टर उप अधीक्षक (सुरक्षा) को जांच तथा सत्यापन करने तथा उसके हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन भेजा जाएगा। रजिस्टर प्रत्येक सप्ताह में कम से कम एक बार अधीक्षक के सम्मुख भी प्रस्तुत किया जाएगा। (2) लाइन अधिकारी तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) की यह सुनिश्चित करने की डयूटी होगी कि डयूटी रोस्टर के लिए उनके पदो के अनुसार वार्डर फीते लगाए हैं तथा इस बारे में किसी उल्लंघन को अधीक्षक के ध्यान में तुरन्त लाएगा। अधीक्षक दिन–रात के दौरान कारागारों के विभिन्न भागों के अपने औचक निरीक्षण के दौरान उसे सत्यापित भी करेगा। ध्यान रखा जाएगा कि रात्रि डयूटी चक्रानुक्रम में लगाई जाती है।

	(3) किसी भी रक्षा कार्मिक को एक ही बीट पर लगातार दो रातों के लिए तैनात नही किया जाएगा, न ही उसे तैनात किए जाने तक उसको बीट के बारे में सूचित किया जाना चाहिए।
रात्रि में वार्डो के भीतर निगरानी की प्रणाली।	**769.** (1) बन्दी अधिकारी द्वारा बैरकों के भीतर से रक्षा की जाएगी तथा वे शयन बैरकों से किसी के भागने, ऐसी बैरकों में आत्महत्या होने, समूहिक लड़ाई या झगड़े होने के लिए भी जिम्मेवार होंगे। डयूटी के घण्टों सहित प्रत्येक वार्ड में गश्त के लिए नियोजित बन्दी अधिकारियों के नाम दर्शाने वाला एक रोस्टर रखा जाएगा। प्रत्येक वार्ड में तीन बन्दी अधिकारी प्रत्येक आठ घण्टे की तीन पालियों में नियोजित किए जाएंगे। डयूटी के दौरान बन्दी अधिकारी अपने वार्डो में गश्त करेगें, जहां तक उनके अधिकार में निहित हो, कारागार अनुशासन के किसी भंग को रोके, बार–बार गिनती करते हुए अपने आप को सन्तुष्ट करेगा कि सभी बन्दी हाजिर हैं तथा प्रत्येक आधे घण्टे की डयूटी पर रक्षा कार्मिक को तथ्यों के बारे में सूचित करेंगें। निगरानी के प्रत्येक परिवर्तन पर, बन्दी अधिकारी हाजिर बन्दियों की संख्या के बारे में सम्बन्धित रक्षा कार्मिक को रिपोर्ट करेगा। किसी असाधारण घटना के मामले में, वह कोई कार्रवाई जो आवश्यक हो, करने के लिए डयूटी पर तैनात रक्षा कार्मिक को तुरन्त सूचना देगा। (2) बन्दी अधिकारी को रात्रि तक मुख्य दीवार की रक्षा करने में नियोजित किया जा सकता है, यदि रक्षा कार्मिकों की संख्या अपर्याप्त है। किसी समय डयूटी पर प्रत्येक बन्दी अधिकारी के लिए कम से कम दो रक्षा कार्मिक होंगे। उनकी पाली का समय रक्षा कार्मिक के समरूप होगाः परन्तु किसी भी बन्दी अधिकारी को किसी बीट गश्त के लिए तैनात नही किया जाएगा, जहां वह रक्षा कार्मिक की निगरानी में नहीं हो सकता हो। (3) अल्पतम असमाप्त दण्ड सहित बन्दी अधिकारी साधारणतः रात्रि में बैरक के बाहर डयूटी के लिए चयनित किया जाएगा। (4) बन्दी अधिकारी को रक्षा कार्मिक के पर्यवेक्षण के अध्यधीन दिन या रात के घण्टों के दौरान बैरकों की रक्षा के लिए नियोजित किया जा सकता है।
डयूटि के लिए विस्तृत बन्दी अधिकारियों को अलग रखा जाना।	**770.** रात्रि के दौरान बाहर रक्षा के लिए बन्दी अधिकारी, यदि डयूटी पर नहीं है तथा जब कभी सम्भव हो, के ब्यौरे एक अलग वार्ड में बन्द किए जाएं। उन्हें, भारमुक्त होने वाले तथा भारमुक्त करने वाले रक्षा कार्मिक, दोनों द्वारा क्रमशः डयूटी की उनकी बारी से पूर्व तथा बाद में निकाला जाएगा तथा बन्द किया जाएगा।
रात्रि में शौचघरों का प्रयोग तथा बीमार बन्दियों के उपचार हेतु प्रबन्ध।	**771.** (1) कोई भी बन्दी, सांयकाल 10:30 बजे से प्रातःकाल 04:30 बजे के बीच डयूटी पर बन्दी अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बिना शौचघर का प्रयोग नहीं करेगा। यदि शौचघर/संडास बन्द करने के साधन से सज्जित किया गया है, तो उसे इस अवधि के दौरान बन्द रखा जाएगा तथा चाबी डयूटी पर तैनात बन्दी अधिकारी के कब्जे में रहेगी। इस अवधि के दौरान शौचघर संडास का प्रयोग करने वाले बन्दी की निगरानी, डयूटी पर तैनात बन्दी अधिकारी द्वारा ध्यानपूर्वक की जाएगी ताकि आत्महत्या या यौन हमले या बचकर भागने या स्वापक आदि के प्रयोग को रोका जा सके। (2) यदि बन्दी अधिकारी को यह प्रतीत होता है कि बन्दी बीमार है, तो वह डयूटी पर तैनात स्टाफ सदस्य के ध्यान में तथ्य को तुरन्त लाएगा, जो डयूटी अधिकारी को सूचित करेगा तथा उसके उपचार की आवश्यक व्यवस्था करेगा।
रात्रि में गश्त डयूटी पर गश्त अधिकारी की डयूटी।	**772.** (1) रात्रि में गश्त पर तैनात रक्षा कार्मिक गतिमान रहेगा, डयूटी पर तैनात वार्डर तथा बन्दी अधिकारियों का निरीक्षण करेगा। वह प्रभार लेने के बाद अपने आप की सन्तुष्टि करेगा कि अभिरक्षा में रखे गए बन्दियों की संख्या की सही रिपोर्ट की गई है तथा सब कुछ सुरक्षित है। (2) गम्भीर बीमारी के मामले में, गश्त अधिकारी या रक्षा कार्मिक, तुरन्त डयूटी अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) को सूचना भेजेगा, जो, यदि आवश्यक हो, बीमार बन्दी को अस्पताल में स्थानान्तरित करने के लिए कदम उठाएगा। यदि, रक्षा कार्मिक या बन्दी अधिकारी या बन्दियों की ओर से कोई अनियमितता उसके ध्यान में आती है, तो वह अगली सुबह उप अधीक्षक (प्रशासन) को मामले की रिपोर्ट करेगा तथा उसे रात्रि रिपोर्ट पुस्तक में भी दर्ज करेगा। (3) डयूटी अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) को किसी घटना में अपेक्षित शीघ्र कार्रवाई जैसे कि भागने, भागने का प्रयास करने, दंगा, अग्नि या गम्भीर बीमारी की गश्त अधिकारी द्वारा तुरन्त सूचना दी जाएगी। प्रत्येक गश्त अधिकारी उस समय को रिकार्ड करने

	के लिए नियन्त्रण घडी रखेगा, जिस पर वह कारागार के प्रत्येक भाग का दौरा करता है तथा रात्रि रिपोर्ट पुस्तक में भी दर्ज करेगा। (4) रक्षक को राहत देने के समय पर मुख्य वार्डर या वरिष्ठ वार्डर, अगले रक्षा कार्मिक के बारे में भारमुक्त होने वाले रक्षक को सूचित करेगा, जिसे आगामी निगरानी करनी है। वह मुख्य द्वार में फ्रिस्किंग के लिए नियोजित अधिकारियों द्वारा उनकी छानबीन की जाएगी। डयूटी अधिकारी की उपस्थिति में, कारागार में प्रवेश करने तथा छोड़ने पर भी उनकी छानबीन की जाएगी।
बर्थों को संख्यांकित करना।	**773.** (1) प्रत्येक बैरक में बर्थों को ऐसी रीति में संख्यांकित किया जएगा कि एक तरफ पर सम संख्याएं तथा दूसरी तरफ विषम संख्याएं हों। प्रत्येक बन्दी को बर्थ आबंटित की जाएगी तथा बर्थ संख्या, बैरक सूची तथा बन्दी की इतिवृत–टिकट में दर्ज की जाएगी। नियम 45 में यथा विहित बन्दियों के प्रवर्गीकरण के अध्यधीन, बन्दियों को धर्म, वंश, जाति तथा निवास स्थान पर विचार के बिना बैरकों में एक साथ बिना भेदभावपूर्ण ढंग से मिश्रित किए जाएंगे। बन्दियों को अधीक्षक के परामर्श से उप अधीक्षक (सुरक्षा) के आदेशों के बिना एक बैरक से दूसरी बैरक में अन्तरित नहीं किया जाएगा। (2) प्रत्येक बैरक में बर्थ की उचित संख्या, ऐसे बन्दी के लिए ईयरमार्क की जाएगी, जिस पर कारागार की सुरक्षा तथा रक्षा के हित में विशेष निगरानी करना आवश्यक है। बन्दी अधिकारी, रक्षा कार्मिक तथा गश्त अधिकारी इन बन्दियों पर विशेष निगरानी बनाए रखेगें।
ताला तथा चाबियों के बारे सावधानी।	**774.** (1) सभी शयन बैरकों तथा सैलों के दरवाजों के ताले, इस प्रकार व्यवस्थित किए जाएंगे कि बन्दी अन्दर से उनके पास पहुंच न सकें। (2) सभी चाबियां, जो डयूटी के समय कोई अधिकारी अपने पास रख सकता है, मजबूत चैन से उस व्यक्ति के साथ नत्थी रहेगी। (3) कारागार की चाबी, यदि प्रयोग में नहीं है या कारागार के किसी अधिकारी की व्यक्तिगत अभिरक्षा में है, तो मुख्य द्वार पर इस प्रयोजन के लिए रखे गए तालाबन्द पात्र में रखी जाएगी तथा ऐसे पात्र की चाबी डयूटी अधिकारी द्वारा रखी जाएगी। (4) बैरक/सैल की चाबी हर समय हवालात घण्टों के दौरान प्रयोग की जाती है, तो प्रत्येक ऐसी घटना का रिकार्ड, द्वारपाल द्वारा प्राप्त करने तथा जमा करवाने के समय सहित सम्बन्धित स्टाफ सदस्य का नाम तथा हस्ताक्षर सहित अभिलिखित किया जाएगा। स्टाफ सदस्य, जो चाबी की अभिरक्षा लेता है, रात्रि रिपोर्ट पुस्तक में इस प्रयोजन की संक्षिप्त रिर्पोट करेगा। (5) बैरकों के ताले तथा सैलों के ताले क्रमशः पाक्षिक एक बार तथा दो बार बदले जाएंगे। (6) कोई ताला, जिसकी चाबी गुम या गलत जगह पर रखी गई है, अधीक्षक की उपस्थिति में नष्ट कर दिया जाएगा तथा ताला तथा चाबी रजिस्टर से बट्टे खाते में डाल दी जाएगी। (7) चाबियों के प्रत्येक गुच्छे पर, गुच्छे की संख्या तथा उस गुच्छे की चाबियों की संख्या दर्शाने वाली एक पीतल की कुडंल होगी तथा चाबी पेटी, चाबियों के गुच्छों पर संख्या के अनुरूप क्रमानुसार संख्यांकित हुक(खूंटी) सहित मुहैया कराई जाएगी। (8) चाबियां एक छल्ले में रखी जाएंगी, जिसके सिरे या तो टांका लगे हुए या खिट लगे हुए होंगे ताकि कोई भी चाबी उससे अलग न की जा सके। (9) ताले तथा चाबियों के रजिस्टर में गुच्छों के साथ सभी तालों तथा चाबियों और बैरकों, सैलों या स्टोर कक्ष, जहां वे प्रयोग में है, के वर्णन तथा संख्या दर्ज की जाएगी।
रात्रि में रोशनी जलाए रखना।	**775.** यह सुनिश्चित करने के लिए कि बन्दी हर समय निगरानी में रह सकें सूर्यास्त से सूर्योदय तक पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। आपातिक विद्युत की विफलता के मामले में, उपयोग के लिए अपातकालीन रोशनी के रूप में, व्यवस्था की जाएगी।
प्रातःकालीन का भोजन तैयार करने के लिए रसोईयों को बाहर जाने देना।	**776.** जब प्रातःकालीन का भोजन तैयार करने के लिए सूर्योदय से रसोईयों को डे–ब्रेक से पूर्व बाहर छोड़ना आवश्यक है, तो रक्षा कार्मिक तथा गश्त अधिकारी, नियत समय पर, आवश्यक संख्या में रसोईयों को बाहर जाने देंगे और उन्हें एक रक्षा कार्मिक के चार्ज में रखेंगे।

रात्रि में अधिकारियों द्वारा विजिट करना तथा असाधारण घटना की रिपोर्ट करना।	**777.** रात्रि में परिदर्शन करने वाले कार्यकारी अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि डयूटी पर रक्षा कार्मिक सतर्क हैं, अपनी बीट में गतिशील हैं, और यह कि बत्ती दीप्त रूप से जलाकर रखी जाती है। परिदर्शन का समय को पहले से सूचित नहीं किया जाएगा। कारागार के परिदर्शन की तिथि, प्रवेश करने तथा छोड़ने का समय तथा किसी असाधारण घटना, जो ध्यान में आती है, की रिपोर्ट पुस्तक में अभिलिखित की जाएगी, जो कि मुख्य द्वार पर इस प्रयोजन के लिए मुहैया कराई जाएगी। द्वारपाल द्वारा प्रातःकाल में कारागार में अधीक्षक के पहुंचने पर उसके सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी।
रात्रि में वार्डों को खोलना तथा सावधानी बरतना।	**778.** सभी शयन वार्डों की चौखट की बाजू पर मुक्त सिरे पर हुक से जंजीर (चैन) लगाई जाएगी, जो दरवाजे की दीवार से अटैच की जाएगी, ताकि एक समय में एक व्यक्ति के प्रवेश या निकास को अनुज्ञात कर सके तथा उससे अधिक नहीं। यदि अग्नि के आकस्मिक–संकट से अन्यथा प्रयोजनों के लिए रात्रि में शयन वार्ड को खोलना आवश्यक हो, तो दरवाजे का ताला खोलने से पूर्व जंजीर हुकनुमा की जाएगी। अग्नि के मामले के सिवाए, किसी भी वार्ड को रात्रि में नहीं खोला जाएगा, यदि डयूटी अधिकारी या सहायक अधीक्षक या उप अधीक्षक तथा कोई अन्य अधिकारी उपस्थित न हों।
कतिपय स्थितियों में पुलिस रक्षक मुहैया करना।	**779.** जब कभी भी बिना दीवारों की कारागार के किसी स्थान में परिरूध बन्दियों को रखना आवश्यक है, तो अधीक्षक ऐसे पुलिस रक्षकों के लिए पुलिस अधीक्षक से अनुरोध करेगा, जो उत्तरवर्ती अधिकारी की राय में, आवश्यक हों तथा पुलिस अधीक्षक, तदानुसार ऐसे रक्षकों की आपूर्ति करेगा।
बन्दियों की रखवाली करते समय पुलिस रक्षकों की जिम्मेवारी।	**780.** प्रत्येक मामले में, जिसमें बन्दियों की रखवाली पूर्ववर्ती नियम के उपबन्धों के अधीन, पुलिस द्वारा की जाती है, तो बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए जिम्मेवारी पुलिस रक्षक/रक्षकों की होगी।
कार्रवाई यदि कोई बन्दी अस्थाई रूप से असुरक्षित हो जाता है।	**781.** यदि, किसी भी कारण से किसी भी समय पर कोई व्यक्ति अस्थाई रूप से असुरक्षित हो जाता है, तो अधीक्षक, तथ्य को जिला पुलिस अधीक्षक को सूचित करेगा तथा यह उस अधिकारी की कारागार को सुरक्षित करने लिए बन्दियों की सुरक्षा के लिए ऐसी पुलिस गार्ड, जो वह मुहैया करानी आवश्यक समझे, की आपूर्ति करने की डयूटी होगी।
त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यू आर टी)।	**782.** सभी केन्द्रीय तथा जिला कारागारों में उपयुक्त रक्षा कार्मिकों की पर्याप्त संख्या को मिलाकर एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यू आर टी) होगी। त्वरित प्रतिक्रिया टीम, उप अधीक्षक (सुरक्षा) के ठीक पर्यवेक्षण के अधीन सहायक अधीक्षक के प्रभार के अधीन होगी और किसी अपात स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहेगी। टीम के पास संयोजकता के लिए वायरलैस सेट तथा अपेक्षित आधुनिक प्राणघातक तथा अप्राणघातक हथियार होंगे, जो आपात स्थिति में प्रयुक्त किए जा सकते हैं। त्वरित प्रतिक्रिया टीम का केवल उसके लिए विनिर्दिष्ट डयूटियों के लिए प्रयोग किया जाएगा। जहां तक साध्य हो, इसमें युवा, ईमानदार, आज्ञाकारी तथा विश्वसनीय कर्मचारियों का ही चयन किया जाना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया टीम को कारागार की मुख्य दीवार के साथ–साथ गश्त करने के लिए उचित वाहन भी मुहैया कराया जाएगा। अधीक्षक व्यक्तिगत रूप से स्वयं को सन्तुष्ट करेगा कि त्वरित प्रतिक्रिया टीम उचित रूप से प्रशिक्षित, सुसज्जित तथा सभी समय पर सतर्क रहेगी। त्वरित प्रतिकिया टीम की मानक संचालन प्रक्रिया (एस ओ पी) महानिदेशक द्वारा प्रत्येक कारागार में परिचालित की जाएगी। रक्षा कार्मिक की कमी के मामले में, जिला पुलिस अधिकारी, त्वरित प्रतिक्रिया टीम मुहैया कराने के लिए अधीक्षक से अनुरोध कर सकता है।
भागने को सुकर बनाने वाली वस्तुओं की अभिरक्षा।	**783.** सभी स्टाफ सदस्य, विशेषकर सम्बधित उप अधीक्षक (सुरक्षा, सम्बन्धित सहायक अधीक्षक तथा रक्षा कार्मिक), हर समय यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेवार होंगे कि कोई भी सीढ़ी, तख्ता, बांस तथा रस्सियां, जो भागने को सरल बनाने के लिए सम्भाव्य हैं, कारागार में पड़ी न छोड़ी गई हों। यदि ऐसी सामग्री प्रयोग के लिए भीतर ले जाई जानी हैं, तो इन्हें उचित रूप से अनुरक्षित रखी जांएगी तथा उनके प्रयोग के बाद कारागार के बाहर भेजी जाएंगी। कर्मशाला का प्रत्येक प्रभारी वार्डर यह देखने के लिए जिम्मेवार होगा कि ऐसी सभी सामग्रियां उचित रूप से सुरक्षित हैं तथा कार्य समाप्त होने पर दूर रखी जाती हैं तथा उस आशय का एक प्रमाणपत्र हवालात रजिस्टर में दिया जाएगा।

किसी आपातिक आधार पर स्थिति सम्भालना।	**784.** निम्नलिखित परिस्थितियों को आपातिक के रूप में सम्भाला जाएगा, अर्थात् :– (क) कारागार से भागने; (ख) विद्रोह; (ग) दंगा; (घ) हड़ताल; (ङ) भूख–हड़ताल (व्यक्तिगत या सामूहिक); (च) आक्रमण; (छ) आत्महत्या; (ज) दुर्घटना; (झ) अग्नि; (ञ) महामारी; (ट) भोजन विषाक्तीकरण; (ठ) भीड़ भाड़; (ड) जल आपूर्ति, विद्युत प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य अनिवार्य कारागार सेवाएं ठप्प होना जैसे कि सफाई–व्यवस्था तथा नलसाजी; (ढ) कारागार दिनचर्या में हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप भोजन या कच्ची सामग्री की अनापूर्ति; (ण) बाढ़; (त) भूकम्प; (थ) आतंकवादी हमला; (द) बम विस्फोटन; (ध) युद्ध / बमबारी; (न) नाभिक, जैविक तथा रासायनिक आपदा; (प) कोई अन्य मानव निर्मित / प्राकृतिक आपदा।
आपातिक स्थिति को रोकने तथा नियन्त्रित करने के उपाय।	**785.** अधीक्षक, आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 (2005 का केन्द्रीय अधिनियम 53) तथा किसी अन्य अधिनियम, जो सुसंगत हों तथा सक्षम प्राधिकारी, द्वारा समय–समय पर, जारी सभी अन्य हिदायतों या आदेशों के अनुरूप आपातिक स्थितियों के निवारण तथा नियन्त्रण करने के लिए जिम्मेवार होगा। वह सभी उपलब्ध उपायों तथा स्थिति का निपटान करने के लिए अपेक्षित बल का प्रयोग करेगा।
आपात स्थिति के लिए उपकरण।	**786.** (1) प्रत्येक कारागार विभिन्न किस्म के आकस्मिक संकटों का निपटान करने के लिए निम्नलिखित उपकरणों से उचित रूप से सज्जित होगा, अर्थात्:– (क) उपयुक्त अग्नि शमन उपकरण; (ख) आपातिक प्रकाश व्यवस्था जैसे कि विद्युत बैटरी, प्रतीपक (इन्वर्टर) बैक अप तथा जनरेटर; (ग) सर्चलाइट (खोजबत्ती); (घ) स्टील हेलमैट (शिरस्त्राण); (ङ) बेंत; (च) अश्रु गैस उपकरण; (छ) जल होज;

	(ज) टैलीफोन, आन्तरिक संचार प्रणाली तथा वायरलैस सेट; (झ) शस्त्र तथा गोलाबारूद; (ञ) सीढ़ी, कुल्हाड़ी, चाकू, रस्सी, जंजीर, हथकड़ी, अलार्म तथा भोंपू (सायरन); (ट) प्राथमिक उपचार किट; तथा (ठ) स्ट्रेचर (2) राज्य सरकार, समय–समय पर, ऐसे उपकरणों की सूची के पुनरीक्षण के लिए गृह मामले मन्त्रालय/राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल/राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल से परामर्श कर सकती है। अधीक्षक, उपरोक्त वर्णित वस्तुओं के क्रय के लिए महानिदेशक से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करेगा। अधीक्षक की यह सुनिश्चित करने की डयूटी होगी कि, आपात स्थिति में प्रयोग करने के लिए ये सभी उपकरण हमेशा सही स्थिति में रखे गए हैं।
आपात स्थिति के लिए तैयारी।	**787.** आपात स्थिति को सम्भालने के लिए ड्रिल (कवायद) नियमित नियत अन्तरालों पर की जाएगी तथा इस सम्बध में रिपोर्ट महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी।
भागना तथा उपद्रव।	**788.** कारागारों से भागने तथा उपद्रव के मामलों में बचाव करने तथा निपटने के लिए निम्न अनुसार पूर्व सावधानी बरती जानी है तथा प्रक्रिया अपनाई जानी हैं, अर्थात्:– (क) प्रत्येक कारागार के पास ''अलार्म'' के रूप में ज्ञात पूर्व व्यवस्थित संकेत होगा, जिसके माध्यम से सूचना विद्रोह, भागने या अन्य अनुचित घटनाए घटित होने की सूचना सभी स्टाफ सदस्यों तथा निकटवर्ती पुलिस थाने को दी जा सके; (ख) अलार्म की ध्वनि सामान्य परेडों में प्रयोग की जाने वाली उस ध्वनि से भिन्न आवाज में होनी चाहिए; (ग) अलार्म बजाने में तत्परता बहुत जरूरी है तथा यह महत्वपूर्ण डयूटी है। यदि किसी गायब बन्दी को खोजा जाता है या उपद्रव शुरू हो गया है या शुरू होने वाला है, तो जांच या दमन, जैसी भी स्थिति हो, का कोई भी प्रयास तब तक नहीं किया जाएगा जब तक अलार्म बजाने के लिए पहले उपाय नहीं किए जाते हैं; तथ्य यह है कि लापता व्यक्ति को ढूंढ लिया गया था या ऐसा करने की आवश्यकता के बिना उपद्रव दबा दिया गया था, इस आदेश की लापरवाही को किसी भी रूप में कम करने के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा; (घ) रक्षा कार्मिक, जिसके ध्यान में घटना पहले आती है, लगातार अपनी सीटी बजाना जारी रखेगा तथा सीटी सुनने वाले सभी सुरक्षाकर्मी सीटी को तब तक बजाते रहेंगे जब तक कि कारागार द्वार पर उच्च स्वर सायरन के लगातार बजने से पता चलता है कि सूचना वहां पहुँच गई है। कारागार के किसी भाग में या इसके अड़ोस–पड़ोस में सीटी या अलार्म बजने की घंटी या ध्वनि सुनने पर सन्तरी, सम्पूर्ण प्रतिष्ठान को सचेत करने तक अलार्म बार–बार बजाएगा; (ङ) घटना, जो घट गई है या घटने वाली है, के स्वरूप के बारे में सूचना की जानकारी होने पर नियन्त्रण कक्ष को तुरन्त सूचित किया जाएगा ताकि वरिष्ठ अधिकारी तदानुसार प्रत्यक्ष कार्यवाही करने की स्थिति में हो सके; (च) यदि कोई बन्दी लापता या कारागार तोड़ने का कोई प्रयास करता हुआ या कोई अन्य उपद्रव करता हुआ पाया जाता है या सन्निकटता प्रतीत होती है, तो अलार्म परेड (कवायद) बुलाई जाएगी तथा उप अधीक्षक (प्रशासन), अधीक्षक को घटित घटने के बारे तुरन्त संक्षिप्त सूचना देगा; (छ) अलार्म बजने की आवाज सुनने पर, कारागार के बाहर गिरोह के प्रभारी वार्डर, अपने बन्दियों को एकत्रित करेंगे और पूर्व–व्यवस्थित स्थान के लिए कूच करेंगे; **टिप्पणः–** जैसा कि अलार्म परेड (कवायद) के लिए किसी समय आदेश दिया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण है कि बन्दियों को ज्ञात नहीं होना चाहिए कि करवाई गई कोई परेड केवल अभ्यास के लिए है या नहीं, सभी अवसरों पर समरूप ध्यान दिया जाएगा। बन्दियों के किसी समूह द्वारा मुख्य द्वार के किसी हिस्से को तोड़ने के प्रयास के मामले में, कारागार

में बाहरी गिरोह को लौटाने के लिए द्वारों या खिड़कियों को खोलना अनुचित होगा जब तक कि भीतरी द्वार के आस–पास के घेरे को पहले बन्दियों से मुक्त नहीं किया जाता है, इस कारण से बाहर कार्यरत गिरोह को अलार्म की घटना पर जंजीर से बांध दिया जाएगा, जहां कार्य प्रगति पर है;

(ज) अलार्म के बजने पर, कारागार के भीतर सभी बन्दियों को निकटतम या अधिक सुविधाजनक वार्ड, वर्कशाप या अन्य भवन में बन्द किया जाएगा तथा डयूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी, बन्दियों के परिरूध के स्थानों पर निगरानी रखेंगे;

(झ) अलार्म बजने पर, प्रत्येक रक्षा कार्मिक (गिरोह के प्रभारी वार्डरों के सिवाए) तुरन्त, कोई फर्क नहीं पडता कि कहाँ या कैसे लगे हुए हैं, या उचित वर्दी में हैं या नहीं, कारागार शस्त्रागार की तरफ बढ़ेंगे तथा पर्याप्त गोलाबारूद के साथ स्वयं को प्राणघातक तथा अप्राणघातक हथियारों से सज्जित करेंगे। तब वे लाइन में खडे होंगे और अधीक्षक या अन्य उपस्थित वरिष्ठ अधिकारी के आदेशों के अधीन स्वयं को रखेंगे;

(ञ) अधीक्षक द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, घटना के स्वरूप पर अनिवार्य रूप से निर्भर होनी चाहिए, जिससे उसने निपटना है। तथापि, सभी मामलों में, सन्तरी को मुख्यद्वार की छत पर या अन्य स्थान पर, जहां से वह कारागार के भीतरी दृश्य को नियन्त्रण में कर सके, तैनात किया जाएगा तथा दो छोटी टुकडियां मुख्य वार्डर या वरिष्ठ वार्डर प्रत्येक के प्रभार में कारागार के पिछले भाग के कोण के निकट पोजिशन लेने के लिए भेजी जाएंगी तथा उस दिशा में बन्दियों को दीवारों से उतरने के उनके किसी प्रयास को रोकने के लिए निर्देशित किया जाएगा;

(ट) कुछ रक्षा कार्मिक को किसी स्थान, जहां उनकी सेवाएं विशेष रूप से आवश्यक हो, पर सहायता करने के लिए रिजर्व के रूप में अलग से रखा जाएगा और निर्देशों के साथ उस स्थान की तरफ भेजा जाएगा, जहाँ से राइफल चलने की आवाज आती है (सहायता की आवश्यकता में रक्षा कार्मिक तथ्य सूचित करने के लिए हवा में गोली चलाएगा);

(ठ) यदि कारागार के बाहर भागने या उपद्रव का कोई मामला हो, तो अधीक्षक का यह कर्तव्य होगा कि वह अपने विवेक से अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए कम से कम बल के प्रदर्शन जो परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक हो, से लापता बन्दी को तलाश करने में या उपद्रव को दमन करने के उपाय करने के लिए, जैसी भी स्थिति हो, अपने अतिरिक्त व्यक्तियों को भेजेगा;

(ड) यदि, कारागार के भीतर उपद्रव या दंगे का कोई मामला हो, तो अधीक्षक उसे दबाने के लिए अपने व्यक्तियों का नेतृत्व करेगा। तथापि, ऐसी कार्यवाही करने से पूर्व, वह प्रथमतः मुख्य द्वार की छत पर सन्तरी से पूछताछ के माध्यम से अपनी सन्तुष्टि करेगा कि वहां द्वार के आस–पास अहाते में कोई बन्दी तो नहीं है। द्वार को भीड़ को तितर–बितर करने तक खोला नहीं जाएगा, तथा मुख्य द्वार की छत से प्रभावी रूप से किया जाएगा। फिर वह अपने व्यक्तियों को द्वारों के बीच में दोहरी पंक्ति में या ''तिहरी'' पंक्ति में ले जाएगा। यदि बाहरी द्वार को ताला लगाया गया है, तो भीतरी द्वार खोला जा सकता है तथा व्यक्ति कार्य करने के लिए, जो नियन्त्रण अधिकारी आदेश करे, उपद्रव के घटना स्थल पर दोहरी लाईन में कूच करेंगे;

(ढ) यदि कोई अलार्म वास्तविक है या मिथ्या है, तो रक्षा कार्मिक की प्राथमिक सीटी से लापता बन्दी की तलाशी या उपद्रव के दमन, जैसी भी स्थिति हो, की समाप्ति तक सभी ब्यौरों को पूरा किया जाएगा। वार्डरो को अभ्यस्थ बनाने के लिए विभिन्न परिस्थितियाँ, जिससे उन्हें निपटने के लिए तथा लघु नोटिस पर उनकी तैयारी की जांच के लिए उन्हे बुलाया जा सकता है, के लिए अलार्म परेड (कवायद), पूर्ण चेतावनी के बिना यदा–कदा दिन या रात के किसी भी समय आयोजित की जाएगी और किसी ऐसे स्थान, जहां साधारणतः बन्दी एकत्र होते है, से शुरू की जाएगी;

(ण) रात्रि में या सभी गिरोहों के कारागार के भीतर करने के बाद, भागने या उपद्रव के मामले में, अलार्म शुरू करने की एक ही विधि का पालन किया जाएगा अर्थात् सीटी बजाना तथा तालाबन्दी के बाद गशत अधिकारी द्वारा या उस समय से पूर्व किसी कनिष्ठ कर्मचारी द्वारा, नियन्त्रण कक्ष को आवश्यक सूचना का सन्देश देना। भागने के

	किसी प्रयास को विफल करने के लिए मुख्य द्वार पर एक सन्तरी और कारागार की पिछवाड़े में आवश्यक टुकड़ी तैनात की जाएगी, जैसा कि दिन में अलार्म परेड मे किया जाता है। यदि यह रिपोर्ट की गई है कि कोई बन्दी भाग गया है तथा यह सम्भाव्य प्रतीत होता है कि वह कारागार के भीतर अभी तक छिपा हुआ है, तो प्रदीप्त बैटरी सहित वार्डरो को अहाते की दीवारों के भीतर अन्तरालों पर तैनात किया जाएगा तथा शेष वार्डरो को दो पक्षो में विभाजित किया जाएगा और प्रदीप्त बैटरी सहित एक पक्ष को कारागार के भीतर तथा दूसरे पक्ष को कारागार के बाहर जांच करने के लिए तैनात किया जाएगा; **टिप्पणः—** बैटरियों की पर्याप्त संख्या हमेशा मुख्य द्वार पर बक्शे में तथा केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष में प्रयोग के लिए तैयार रखी जाएंगी; (त) अलार्म के समय पर द्वार सन्तरी के द्वार के प्रति रक्षा करने तथा कारागार के किसी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, जिस पर कोई बन्दी वास्तव में हिंसा का प्रयोग कर सकता है, का संरक्षण करने की डयूटी होगी; (थ) अलार्म परेड में सम्पूर्ण शांति बनाए रखी जाएगी तथा सभी ब्योरे शान्तिपूर्वक तथा क्रमबद्ध रीति में कार्यन्वित किए जाएंगे। सहायक अधीक्षक, उप सहायक अधीक्षक, सुरक्षा कर्मी, जिन्हें व्यक्तियों की अलग पक्षों का प्रभार लेना है, को उन्हें अपेक्षित पक्की डयूटी देने से पूर्व सूचित किया जाएगा ताकि वे सही रूप से जान सके कि उन्हें प्रभावी अधिकारी के निर्देशों के लिए प्रतीक्षा किए बिना, क्या करना है और कहा जाना है, जब अलार्म बजता है; (द) उपद्रव के मामले में, अधीक्षक अपने व्यक्तियों को एक साथ पंक्ति में रखेगा तथा तीस गज के निकटतम बन्दियों के समूह के पास जाने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जिस दूरी से वे दंगाईयों से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में हो। सभी मामलों में, कुछ वार्डर डण्डों से सज्जित होंगे तथा गिरफ्तार करने के लिए हथकड़ी दी जाएगी तथा किसी रिंग लिडर्स या भागने वाले बन्दियों से सुरक्षित किए जाएंगे; **टिप्पणः—** आपातिक मामले में, जब कभी आवश्यक समझा जाए, पुलिस अश्रू गैस टुकड़ी मांगी जा सकती है; (ध) सभी अधिकारी, जो कारागार द्वार पर सम्पूर्ण लाइन में लौटने के लिए परेड में भाग लेते है, के लिए संकेत के रूप में बिगुल पर ''वापसी का संकेत'' बजाकर या अलार्म घड़ियाल की ध्वनि करके अलार्म का निष्कर्ष निकाला जाएगा तथा अधीक्षक या उप अधीक्षक द्वारा खारिज किया जाएगा; (न) उप अधीक्षक (प्रशासन) तथा उप अधीक्षक (सुरक्षा) अपनी डायरी में तिथि तथा समय, जिस पर परेड की गई थी, वार्डरो द्वारा आने में तथा सज्जित होने में लिया गया समय, किन्ही अधीनस्थों के नाम, जो देरी से आए थे या अनुपस्थित थे और अन्य त्रुटियां, जो ध्यान में आई थी, नोट करेगा। **टिप्पणः—** ऐसी रिपोर्ट की एक प्रति, अधीक्षक द्वारा अलार्म परेड करने के शीघ्र बाद चूककर्ता, यदि कोई हो, के विरूद्ध की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के ब्योरे देते हुए महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी।
उप अधीक्षक के कर्त्तव्य।	**789.** जैसे ही किसी के भागने की रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो डयूटी पर उपस्थित उप अधीक्षक या डयूटी पर उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उस स्थान, जहां पर भागने की घटना घटित हुई है, की छानबीन करने के लिए पर्याप्त संख्या बलवाली पार्टी भेजेगा, तथा अधीक्षक को भागने वाले की सूचना दी जाएगी, जो भगोड़े बन्दियों को पकडकर वापिस लाने के लिए उचित कार्रवाई करेगा।
उपद्रव को गंभीर दंगे में बदलने की संभावना के मामले में की जाने वाली कार्रवाई।	**790.** कारागार में घटित उपद्रव की घटना की स्थिति में, जिससे गम्भीर दंगा भडकने की संभावना है, अधीक्षक जिला पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट या उनकी अनुपस्थिति में, स्टेशन पर उपस्थित अगले वरिष्ठ अधिकारी को, स्थिति के बारे में उसे टेलीफोन पर सूचित करेगा या ई–मेल द्वारा सन्देश भेजेगा और यदि अधीक्षक समझता है कि जिला पुलिस अधीक्षक या जिला मजिस्ट्रेट या उनकी अनुपस्थिति में अगले वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक है, तो वह उसी समय कारागार में आने के लिए उससे अनुरोध करेगा। ऐसे सन्देश की प्राप्ति पर, उपरोक्त वर्णित अधिकारी

	तुरन्त कारागार के लिए प्रास्थान करेंगे और वे व्यवस्था को पुनः स्थापित करने के लिए ऐसे सभी उपाय, जो मामले की विशेष परिस्थितियों में आवश्यक हो, के लिए स्वतंत्र होंगे। उस द्वारा की गई सभी कार्यवाहियों की सूचना तत्काल उच्च प्राधिकारियों को दी जाएगी।
पुलिस से सहायता।	**791.** (1) अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक के परामर्श से, विद्रोह या भागने के मामले में, कार्रवाई की संगठित योजना के लिए ऐसी व्यवस्था करेगा, जो उचित लगती हो। (2) उप अधीक्षक (सुरक्षा) भागने या विद्रोह की घटना पर निकटतम पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को संदेश भेजेगा।
कतिपय अधिकारी को बच निकल कर भागने की सूचना भेजना।	**792.** (1) यदि कोई बचकर भागने की घटना घटित होती है तथा पुनः पकड़ने का प्रयास निष्फल हो गया है, तो पुलिस अधीक्षक को तथा जिला मजिस्ट्रेट को बन्दी की पहचान के प्रयोजनों के लिए उसके सामान्य निवास स्थान सहित उपलब्ध सभी सूचनाओं के साथ बन्दी की तुरन्त सूचना विवरणात्मक पंजी प्रत्येक मामले के साथ भेजी जाएगी। यदि बन्दी जिला, जिसमें वह परिरूद्ध था, से भिन्न जिले से सम्बन्धित है, तो रिपोर्ट तथा विवरणात्मक पंजी उस जिले के पुलिस अधीक्षक तथा मजिस्ट्रेट तथा सभी जिले, जिससे उसके अपने घर के लिए उसके रास्ते में आने वाले जिलों से आर–पार जाना सम्भाव्य है, भेजी जाएगी। रिपोर्ट तथा विवरणात्मक पंजी रेलवे पुलिस महानिदेशक को भी भेजी जाएगी। यदि बन्दी का रेलवे में स्वयं उपलब्ध होना सम्भाव्य है तथा यदि यह समीचीन प्रतीत होता है, तो सूचना अन्य जिलों की पुलिस को भी भेजी जाएगी। (2) अधीक्षक, किसी बचकर भागने की घटना या कोई अन्य गम्भीर असाधारण घटना घटित होने पर, तुरन्त महानिदेशक, पुलिस आयुक्त या पुलिस अधीक्षक, जिला मजिस्ट्रेट और जिला एवं सत्र न्यायाधीश को रिपोर्ट करेगा।
भागने तथा पुनः पकड़ने की महानिदेशक को रिपोर्ट करना।	**793.** (1) प्रत्येक भागने पर, जो घटित होते है, की संक्षिप्त रिपोर्ट जांच, जो अधीक्षक यथा सम्भव घटना के बाद यथा शीघ्र करेगा के परिणामों के विवरण की सम्पूर्ण रिपोर्ट का पालन करके तुरन्त महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी। भागने के लिए कोशिश करने वाले बन्दी के मामले में, निर्णय की एक प्रति भी महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी। बचकर भागने के मामलो में, जो न केवल लापरवाही के कारण घटित हुए हैं, बल्कि भवन में किसी त्रुटि के कारण या सुरक्षा के ढंग में किसी त्रुटि के कारण हुए हैं, तो ऐसी त्रुटि को स्पष्ट रूप से बताया जाएगा। (2) बन्दी को पुनः पकड़ने की रिपोर्ट, पुनः पकड़ने की तिथि तथा परिस्थितियों के ब्यौरे तथा भागने के ऐसे अतिरिक्त ब्यौरे, जो बन्दी से प्राप्त किए जाएं, की जाएगी। **टिप्पणः–** विस्तृत रिपोर्ट की एक प्रति सरकार को भेजने के लिए दोहरी प्रति में भेजी जाएगी।
भागने के प्रयास की रिपोर्ट करना।	**794.** (1) प्रत्येक मामले में ब्योरों सहित भागने के प्रत्येक प्रयास की बन्दी की विवरणात्मक पंजी साथ लगाकर महानिदेशक को रिपोर्ट की जाएगी। (2) भागने के प्रत्येक प्रयास की एक संक्षिप्त रिपोर्ट, जिला मजिस्ट्रेट तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भी की जाएगी।
पुनः पकड़ने के लिए पुरस्कार।	**795.** (1) अधीक्षक सभी परिस्थितियों पर विचार करते हुए नियत पुरस्कार दे सकता है किन्तु वह किसी भी मामले में बन्दी के दण्डादेश को ध्यान में रखे बिना किसी भगोड़े बन्दी को पुनः पकड़ने के लिए 10,000/– रूपए से अधिक नहीं दिया जा सकता। (2) यदि कभी असाधारण परिस्थितियों में बृहत पुरस्कार देना अधिकारी को समीचीन करता है, तो विशेष आवेदन महानिदेशक को किया जाएगा, जो किसी बन्दी को पुनः पकड़ने के लिए एक लाख रूपए तक स्वीकृत करने के लिए सशक्त है। यदि महानिदेशक को लगता है कि और उच्चतर पुरस्कार आवश्यक है, तो वह राज्य सरकार के आदेशों के लिए मामला भेजेगा। (3) किसी बन्दी को पुनः पकड़ने, जो पुलिस की अभिरक्षा से भागा है, के लिए कोई भी पुरस्कार, विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जाएगा। **टिप्पण–1:–** कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी अपराधी आदि को गिरफ्तार करने के लिए प्रदान किए जाने वाले किसी पुरस्कार को विशेष अनुमति के बिना प्राप्त कर सकता है। **टिप्पण–2:–** यदि दो या दो से अधिक व्यक्ति, किसी बन्दी, जो कारागार से भागा है, को पुनः पकड़ने में सहायक है, तो पुरस्कार को उनके मध्य ऐसी रीति में विभाजित किया जाएगा, जैसा महानिदेशक निर्देश करें।

भागने से रोकने के लिए बन्दियों हेतु पुरस्कार।	**796.** प्रत्येक बन्दी, जो किसी भी प्रकार से किसी रूप में भागने से रोकने में सहायता करता है, यदि उसे माफी नियमों के अधीन अधीक्षक द्वारा पर्याप्त रूप से पुरस्कृत नहीं किया जा सकता है तो मामले पर विचार करने तथा पर्याप्त पुरस्कार देने के लिए, महानिदेशक के ध्यान में लाया जाएगा।
बन्दी के पुनः पकड़ने पर प्रक्रिया।	**797.** (1) किसी बन्दी को पुनः पकड़ने पर तथ्य महानिदेशक, जिला मजिस्ट्रेट, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा पुलिस अधीक्षक को तुरन्त सूचित किए जाएंगे। (2) पुनः पकड़े गए बन्दी को उसके मूल वारंट के प्राधिकार के कारागार में भरती तथा निरूद्ध किया जा सकता है तथा समय, जब वह स्वच्छंद था, को भुगते गए दण्डादेश के रूप में नहीं गिना जाता। (3) प्रत्येक बन्दी, जो किसी समय किसी अभिरक्षा से भागता है या भागने का प्रयास करता है, जिसमें उसे कारागार में प्रवेश के बाद विधिवतः निरूद्ध किया गया है, यदि वह सामयिक श्रेणी का है, तो तुरन्त उस श्रेणी से हटा दिया जाएगा तथा अभ्यस्त श्रेणी में रखा जाएगा।
भागने को सुकर बनाने के लिए दण्ड।	**798.** प्रत्येक स्टाफ सदस्य, जिसकी सहायता, मौन सहमति या लापरवाही के कारण भागने की घटना घटित हुई है, को विधि के सम्बन्धित उपबन्धों के अधीन अभियोजित किया जाएगा, जब तक बहुत विकट परिस्थितियाँ विद्यमान न हो या अधीक्षक दोषसिद्धि के लिए साक्ष्य को अपर्याप्त नहीं समझता है।
पुनः नहीं पकड़े गए बन्दी को भगोड़ा रजिस्टर तथा इतिवृत टिकट में दर्ज करना।	**799.** प्रत्येक बन्दी का नाम, रजिस्टर संख्या तथा भागने की तिथि, जो भाग गया है तथा पुनः नहीं पकड़ा गया है, रिहाई रजिस्टर के खाली पृष्ठ में दर्ज की जाएगी तथा दस वर्ष के लिए प्रयोग में लाए गए प्रत्येक पश्चात्वर्ती रजिस्टर में नकल लगाई जाएगी जब तक इसी बीच उसे पुनः नहीं पकड़ा जाता है, तब उसका नाम चिन्हित किया जाएगा तथा पुनः पकड़ने की तिथि नोट कर ली जाएगी।
प्रक्रिया, जब भगोड़े के सम्बन्ध में दण्डादेश अपर्याप्त है।	**800.** जब किसी बन्दी को भागने या भागने के प्रयास करने के लिए किसी बन्दी या लापरवाही से पीड़ित होने या उसकी मौन सहमति के लिए कारागार अधिकारी के सम्बध में पारित दण्डादेश अधीक्षक की राय में अपर्याप्त है, तो वह दण्ड में वृद्धि के दृष्टिगत सक्षम पुनरीक्षण न्यायालय के सम्मुख अपील दायर करेगा।
आक्रमण या उपद्रव की रिपोर्ट।	**801.** (1) कारागार के किसी अधिकारी पर किसी बन्दी द्वारा किए गए प्रत्येक आक्रमण तथा बन्दियों में संयुक्त विद्रोह के प्रत्येक गम्भीर उपद्रव की सम्पूर्ण रिपोर्ट महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी। (2) जहां कहीं कोई संज्ञेय अपराध, जो पुलिस और अदालत की जांच का विषय है और बाद में अपराधिक विचारण में समाप्त होता है, तो अधीक्षक को तुरन्त जांच करनी चाहिए तथा मामले में शामिल कारागार अनुशासन तथा नियमों के पालन के पहलुओं पर महानिदेशक को परिणाम प्रस्तुत करना चाहिए तथा यदि वह समझता है कि कोई कर्मचारी दोषी है,तो बताएगा कि उसके सम्बध में वह कैसे कार्यवाही करना प्रस्तावित करेगा।
शस्त्रों का प्रयोग जब अनुमत हो।	**802.** कोई भी स्टाफ सदस्य किसी बन्दी के विरूद्व संगीन (बेनट) या किसी अन्य हथियार का प्रयोग कर सकता है, यदि वह निम्नलिखित के रूप में पाया जाता है,– (क) भागने या भागने का प्रयास करने, यदि स्टाफ सदस्य के पास विश्वास करने का युक्तियुक्त आधार है कि उसे भागने से अन्यथा रोका नहीं जा सकता; (ख) व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से विद्रोह करने या बल के प्रयोग कारागार के बाहरी द्वार या अहाते की दीवार को तोडकर खोलने के प्रयास में लगा है कि बशर्ते वह केवल तभी हथियार का प्रयोग कर सकता है यदि ऐसा विद्रोह या प्रयास जारी रहता है; (ग) स्टाफ सदस्यों या अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध हिंसा का प्रयोग करता है, बशर्ते कि वहां विश्वास करने के युक्तियुक्त आधार हो कि स्टाफ सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति के जीवन या अंग को क्षति पहुँचने का खतरा है या कि गम्भीर क्षति ऐसे स्टाफ सदस्य/व्यक्ति को की जानी सम्भाव्य है।

चेतावनी।	**803.** नियम 802 में सूचित प्राधिकार के अधीन किसी बन्दी के विरूद्ध अग्निशस्त्र का प्रयोग करने से पूर्व, कारागार का अधिकारी बन्दी को चेतावनी देगा कि वह उस पर गोली चलाने वाला है।
वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश।	**804.** कोई भी स्टाफ सदस्य, ऐसे वरिष्ठ अधिकारी के आदेशों के सिवाए, किसी विद्रोह या भागने के प्रयास के मामले में किसी बन्दी के विरूद्ध किसी प्रकार के शस्त्र का प्रयोग अपने वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में नहीं करेगा।
खतरनाक कार्य में सिद्धदोष अपराधियों का नियोजन।	**805.** जब बन्दियों को खतरनाक स्वरूप के कार्य में नियोजित किया गया है, तो स्टाफ सदस्य की हादसो से बचाव करने की सुरक्षा की प्रत्येक युक्तियुक्त सावधानी बरत कर कार्य कराने की डयूटी होगी।
विषाक्त स्वापक की अभिरक्षा।	**806.** विषाक्त स्वापक तथा तन्द्रा को दूर करने वाला स्वापक, शल्य उपकरण तथा अन्य समरूप वस्तुएं बन्दियों की पहुंच के भीतर नहीं छोडी जाएंगी। किसी विषाक्त स्वापक से युक्त प्रत्येक पात्र पर मुद्रित बड़े अक्षरों में ''विष'' लेबल लगाया जाएगा इन सभी को ताले तथा चाबी में रखा जाएगा तथा चाबी स्वापक भण्डार के प्रभारी के पास रखी जाएगी। किन्हीं भी परिस्थितियों में चाबी बन्दी को नहीं सौंपी जाएगी।
अग्नि से बचाव।	**807.** (1) सभी विद्युत अग्नि लाइनें तथा उपकरण, नियमित रूप से जांचे जाएंगे तथा उसमें किसी त्रुटि को बिना किसी विलम्ब के ठीक किया जाएगा। (2) कार्यालयों तथा भण्डारों के सभी स्टाफ प्रभारी, कार्यालयों तथा भण्डार कक्षों का रात्रि के लिए उन्हें बन्द करने से पूर्व चक्र लगाएंगे तथा स्वयं की सन्तुष्टि करेंगे कि सब कुछ सुरक्षित है। (3) अग्नि उचित रूप से निर्मित अग्नि स्थानों में कर्मशालाओं में प्रयोग की जाएगी तथा वरिष्ठ अधिकारी, जो कारागार को बन्द करता है, उसे छोड़ने से पहले स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि अग्नि को उचित रूप से बुझा दिया गया है। अनुभाग का सम्बन्धित वरिष्ठ तकनीकी स्टाफ भी इस सम्बन्ध में जिम्मेवार होगा। (4) साधारणतः कारागार में पाईप से एल.पी.जी. प्रयुक्त की जाएगी, यदि पाईप से एल.पी. जी. आपूर्ति उपलब्ध नहीं है, तो वह सुनिश्चित किया जाएगा कि गैस सिलैण्डर, एल.पी.जी. सिलैण्डरों के भण्डार के लिए सुरक्षा नियमों के अनुसार किसी सुरक्षित कक्ष में भण्डार किए जाते हैं तथा किसी भी बन्दी की ऐसे स्थान पर पहुंच नहीं है। यदि कोई अग्नि होती है, तो किसी भी व्यक्ति को अग्नि के पूर्ण रूप से शमन करने तक गैस कक्ष के निकट जाने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। (5) कारागार के सभी हिस्सों में तथा जिला अग्नि अधिकारी के परामर्श से निश्चित विशेष रूप से सभी असुरक्षित स्थानों पर अग्नि हाईड्रेंट तथा अग्निशमन उपकरण (रेत तथा जल बालटी) होंगी। (6) कारागार में विद्युत स्थापनाओं की नियमित अन्तरालों पर जांच की जाएगी। कोई भी ढीले तार तथा खुले जंक्शन या जोडों की अनुमति नही दी जाएगी। (7) प्रत्येक अधीक्षक, अग्नि अलार्म बजने पर कारागार स्थापना के सभी सदस्यों की सम्बन्धित डयूटियां दर्शाने के लिए, अपनी कारागार में अपनाई जाने वाली अग्नि सुरक्षा तथा ड्रिल (कवायद) पर हिदायतें तैयार करेगा। वह छह मास में कम से कम एक बार अग्नि ड्रिल (कवायद) स्टाफ रिहर्सल करेगा। इसमें अग्निशमन सुरक्षा उपाय तथा शून्यीकरण तकनीक शामिल होगी। (8) किसी अग्नि की घटना में अग्नि शमन केन्द्र को भी तुरन्त सूचना भेजी जाएगी। फायर ब्रिगेड से सहायता प्राप्त होने तक अग्नि को बुझाने के लिए प्रत्येक प्रयास किए जाएंगे। दिन या रात तक कारागार में अग्नि की घटना घटित होने पर अलार्म बजाया जाएगा। किसी वार्ड में अग्नि की घटना घटित होने पर प्रथम प्राथमिकता वार्ड तथा निकटतम भवनों से बन्दियों को हटा दिया जाएगा तथा अग्नि बुझाई जाएगी। (9) अधीक्षक यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा कि अग्नि कारागार के अन्य हिस्सों में न फैले और बन्दियों तथा स्टाफ के सदस्यों के जीवन संकटापन्न न हो। (10) भोजन बनाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा भोजन गर्म करने के लिए मुहैया कोयला अंगीठी शयन वार्ड के बाहर रखी जाएंगी। कोई जलाने की लकड़ी या सुखी घास या अन्य ज्वलनशील सामग्री बन्दियों के अहाते में कहीं भी भण्डार नहीं की जाएगी।

पृथक्करण भवन में स्थानान्तरण।	**महामारी** **808.** (1) किसी संक्रामक बीमारी के मामले या संदिग्ध मामलों की घटना घटित होने पर, अधीक्षक, आवश्यक व्यवस्था करने के लिए सिविल सर्जन से सम्पर्क करेगा तथा बन्दियों को कारागार से बाहर किसी संक्रामक रोग अस्पताल में ले जाया जाएगा। अधीक्षक के अनुरोध पर जिला पुलिस अधीक्षक बन्दियों की रक्षा तथा सुरक्षा के लिए आवश्यक पुलिस रक्षक नियोजित करेगा। (2) यदि संक्रामक बीमारी के संदिग्ध मामले बहुत संख्या में होने की आंशका है, तो अधीक्षक कारागार दीवारों के बाहर बन्दियों के पृथक्करण के लिए पृथक भवन की पहचान करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट को लिखित अनुरोध भेजेगा। (3) जब कभी भवन की पहचान के बारे में रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट से प्राप्त होती है, अधीक्षक कथित पहचान करेगा। भवन का निरीक्षण करेगा और स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि भवन किसी बन्दी को भागने से रोकने के लिए सही सलामत तथा सुरक्षित है। अधीक्षक, सरकार से ''पृथक्करण तथा अलगाव सुविधा'' के रूप में घोषित भवन को प्राप्त करने के लिए महानिदेशक को अपनी सिफारिश सहित अपना लिखित अनुरोध भेजेगा। (4) जब एक बार ''पृथक्करण तथा अलगाव सुविधा'' सरकार द्वारा अधिसूचित कर दी जाती है, तो कारागार में किसी संक्रामक बीमारी के संदिग्ध मामलो को अस्पताल में नही ले जाया जाएगा किन्तु इन अधिसूचित ''पृथक्करण तथा अलगाव सुविधा'' में तुरन्त ले जाए जाएंगे। अधीक्षक के अनुरोध पर जिला पुलिस अधीक्षक ऐसे ''पृथक्करण तथा अलगाव सुविधा'' के चारो–ओर बन्दियों की रक्षा तथा सुरक्षा के लिए आवश्यक पुलिस रक्षक अभिनियोजित करेगा। (5) महानिदेशक बन्दियों में संक्रमित या बीमारी के संदिग्ध मामलों को अलग करने के लिए ''पृथक्करण तथा अलगाव सुविधा'' के रूप में एक या एक से अधिक कारागारों को अधिसूचित कर सकता है। ऐसे मामलें में, महानिदेशक अधिसूचित कारागार में पहले ही परिरूद्ध सभी बन्दियों को अन्य कारागारों में अन्तरित कर सकता है तथा बीमारी के संक्रमित मामलों को ऐसे ''पृथक्करण तथा अलगाव सुविधा'' में स्थानान्तरित कर सकता है। (6) अधीक्षक के अनुरोध पर जिले का जिला पुलिस अधीक्षक, जहां से संक्रमित बन्दी स्थानान्तरित किए जाने हैं, अधिसूचित कारागारों में बन्दियों के स्थानातरण के लिए आवश्यक वाहन तथा पुलिस रक्षक मुहैया करेगा। (7) स्वास्थ्य विभाग सुनिश्चित करेगा कि चिकित्सा स्टाफ, पैरामैडिकल स्टाफ, अपेक्षित उपकरण, दवाईयां तथा सभी अन्य आवश्यक व्यवस्था अधिसूचित कारागार तथा ''पृथक्करण तथा अलगाव सुविधा'' में समय पर उपलब्ध कराई गई हैं।
टीकाकरण या टीका।	**809.** जब कभी कोई महामारी का मामला आता है, तो चिकित्सा अधिकारी, सभी बन्दियों, कारागार कार्मिक/स्टाफ तथा उनके परिवार के सदस्यों के टीकाकरण या टीकों, जैसी भी स्थिति हो, के लिए तुरन्त व्यवस्था करेगा।
मरीज का आवास।	**810.** अस्पताल तथा प्रत्येक सैल तथा वार्ड दोनों में भीड–भाड़ सख्ती से बचा जाएगा। यदि महामारी गंभीर है, तो महामारी के मामलों के उपचार के लिए सम्पूर्ण अस्पताल का प्रयोग करना वांछनीय है, तो सभी अन्य मामलों को अस्थाई अस्पताल में स्थानान्तरित किया जा सकता है, जो किसी वार्ड, बैरक या कार्य शैड (यदि कोई बेहतर स्थान उपलब्ध नहीं है) में स्थापित किया जा सकता है।
बन्दियों की स्वच्छता।	**पेय जल का विसंक्रमण** **811.** बन्दियों तथा उनके वस्त्रों की स्वच्छता के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। धुलाई के लिए प्रयुक्त जल को कारागार की दीवारों के भीतर रहने देना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।
संक्रमित शव का निपटान।	**812.** कोई व्यक्ति, जिसकी संक्रामक बीमारी से मृत्यु हो गई है, के शव को 2 प्रतिशत कार्बोलिक या सरीसोल लोशन सहित शराबोर शीट में पूर्णरूप से लपेटा जाएगा और सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विलम्ब किए बिना कम से कम समयावधि के भीतर दफनाया/जलाया जाएगा।

	भूख हड़ताल
भूख हड़ताल को समाप्त करने की अधीक्षक की शक्ति।	**813.** (1) अधीक्षक, विशेषाधिकारों को रोकने, एक बैरक से दूसरी बैरक आदि में स्थानान्तरण करने सहित सभी उपाय/कदम उठाएगा।यह सुनिश्चत करने के सभी साधनों के माध्यम से सभी उपाए किए जाएंगे कि भूख हड़ताल शान्तिपूर्वक रूप से समाप्त हो गई है। (2) बन्दियों, जो भूख हड़ताल पर गए हैं, को सचेत किया जाएगा कि किसी भी कथित शिकायतों का निवारण नही किया जाएगा जब तक हड़ताल जारी रहती है तथा कि वे विधि के विभिन्न उपबन्धों के अनुसार किसी कारागार दण्ड या अभियोजन के लिए दायी होंगे। (3) बन्दी, जो भूख हड़ताल में भाग लेने के लिए अन्य बन्दियों को प्रेरित करते हुए पाए जाते हैं, उन्हें साधारणतः महानिदेशक के अनुमोदन से राज्य के भीतर अन्य कारागार के उच्च सुरक्षा वार्ड में तुरन्त अन्तरित किया जाएगा। (4) अधीक्षक किसी प्रकार की सम्भाव्य घटना से निपटने के लिए ''आरक्षित गार्ड'' के रूप में पर्याप्त गार्ड की संख्या रखेगा। (5) भोजन उनके सम्मुख नियमित रूप से रखा जाएगा तथा यदि वे खाने से इनकार करते हैं, तो उसका निपटान कर दिया जाएगा।
भूख हड़ताल पर बैठे बन्दियों को जबरदस्ती खाना खिलाना।	**814.** कारागार प्राधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे उनके प्रभार के अधीन बन्दियों को स्वस्थ रखने तथा मृत्यु से उन्हें बचाने के लिए, जो भी उचित रूप से कर सकते हों, करें। इस प्रकार, यदि कोई बन्दी भोजन लेने से निरन्तर रूप से इनकार करता है और उसकी मृत्यु होना सम्भाव्य है, तो चिकित्सा अधिकारी निर्देश दे सकता है कि बन्दी को जीवित रखने के लिए उसे जबरदस्ती भोजन खिलाया जाए। जबरदस्ती भोजन खिलाने के लिए अनावश्यक जबरदस्ती का प्रयास नहीं किया जाएगा।
महानिदेशक को प्रतिदिन रिपोर्ट करना।	**815.** चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षक को प्रतिदिन बन्दियों, जो भूख हड़ताल पर हैं, के स्वास्थ्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। वह उसे महानिदेशक को भी भेजेगा। अधीक्षक जिला मजिस्ट्रेट को भी रिपोर्ट भेजेगा।
भीड़भाड़ की रिपोर्ट करना और भीड़भाड़ को कम करने के उपाय करना।	**भीड़भाड** **816.** ज्योंही किसी कारागार या अस्पताल में उपलब्ध आवास से अधिक बन्दी होते हैं, तो अधीक्षक उपायों के विवरण सहित महानिदेशक को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, जो वह भीड़भाड़ को कम करने के लिए अपनाने का प्रस्ताव करता है तथा इस प्रयोजन के लिए ऐसी अस्थाई व्यवस्था, जो वह बेहतर समझे, तुरन्त अपनाई जाएगी।
बन्दियों को शैडों या तम्बुओं में रखना।	**817.** यथा अस्थाई उपायों के सिवाए, उपलब्ध आवास से अधिक बन्दियों को कार्य शैडों या बरामदों में नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें कारागार के भीतर शैडों या तम्बुओं में रखा जाएगा। अधीक्षक इस सम्बन्ध में उपगत होने वाले खर्च, जब कभी आवश्यक हो, हमेशा पूर्व स्वीकृति प्राप्त करेगा तथा प्रत्येक पहलू में किफायत सुनिश्चित करेगा। वह भागने वाले बन्दी के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करेगा।
भूकम्प।	**818.** किसी भूकम्प की घटना घटित होने पर, निम्नलिखित कार्रवाई की जाएगी, अर्थात् :– (क) बन्दियों को किसी खुले स्थान की ओर शान्ति पूर्वक तथा शान्त रीति में जाने के लिए कहा जाएगा; (ख) बन्दियों को आवरण लेने (घुटनों के बल बैठने तथा बाजूओं सहित सिर ढकना) के लिए कहा जाएगा; (ग) बन्दियों को झटकों के बाद कुछ मिनट के लिए उसी स्थिति में रहने के लिए कहा जाएगा; (घ) बन्दियों को खिड़की, दर्पण, चिमनी, बडी पुस्तक पेटियों, फर्नीचर, पुराने तथा ऊंचे भवनों, खम्बों, वृक्षों तथा विद्युत तारों से कम से कम चौदह फूट दूर रखा जाएगा; और (ङ) निकासी तथा बचाव उपाय, किसी निकासी दल से प्राप्त हिदायतों के अनुसार किए जाएंगे तथा प्रभावित क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ से बचा जाएगा।

अन्य आकस्मिक संकट।	**819.** अधीक्षक के लिए जहां की शहर में कानून तथा व्यवस्था की समस्या है, सतर्क रहने की अपेक्षा की जाएगी तथा उग्र चरम जलवायु परिस्थितियों, विशेष रूप से गर्मी तथा वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ के दौरान सतर्क भी रहेगा। इसके अतिरिक्त अन्य आकस्मिक संकटों के मामलों में अपेक्षाओं के अनुसार उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। अधीक्षक, महानिदेशक को परिस्थितियों के बारे में सूचित करेगा। अधीक्षक, उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए सभी विशेष तथा आलोचनात्मक परिस्थितियों में जिला मजिस्ट्रेट/जिला पुलिस अधीक्षक को सिफारिश करेगा। किसी आपातिक परिस्थिति जैसे कि बाहर से आक्रमण होना तथा समरूप घटनाओं से निपटने के लिए प्रत्येक कारागार में एक आकस्मिक योजना बनाई जाएगी। वरिष्ठ अधिकारी अपनी मुलाकात/निरीक्षण के दौरान ऐसी आकस्मिक योजना का पुनरीक्षण करेगा।

समिति द्वारा नई कारागारों के लिए स्थल की सिफारिश करना।	**अध्याय 37** **संस्थागत ढांचा तथा लोक संकर्म** **820.** (1) महानिदेशक नई कारागार के लिए स्थलों की सिफारिश करने के लिए एक समिति का गठन करेगा। समिति द्वारा अनुशंसित स्थल, महानिदेशक के अनुमोदन के अध्यधीन होगा। यदि महानिदेशक, समिति की सिफारिश स्वीकार करते हैं, तो मामला सरकार की स्वीकृति के लिए निर्दिष्ट किया जाएगा। (2) नई कारागारों के लिए स्थल का चयन करते समय कारक जैसे कि परिवहन सुविधाएं, जल आपूर्ति, विद्युत प्रकाश, उच्च शक्ति विद्युत प्रसारण लाईन से संयोजन, जल निकास तथा मल निकास, संचार सुविधाओं के अनुमोदित साधन (जैसे कि डाक, टैलीफोन तथा ईन्टरनेट), जलवायु परिस्थितियों, संस्थागत आपूर्ति की खरीद के लिए सुविधाएं, संस्था की निकटता जैसे कि न्यायालय, सिविल अस्पताल, मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र, विशेषतः स्टाफ सदस्यों के बालकों के लिए विद्यालय को विचार में लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नई कारागारों के लिए स्थल, आसानी से बाढ़ तथा जलमग्न क्षेत्रों, सीमान्त तथा अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं, वायुपतन तथा भीड़भाड वाले शहरी स्थानों के निकट नहीं होगा।
नई कारागार भवन के निर्माण करने के लिए कारागार वास्तुकला मानक।	**821.** साधारणतः सभी नए कारागार भवनों का निर्माण निम्नलिखित मानकों पर आधारित होगा, अर्थात्:— (क) कारागार से भिन्न कोई भी भवन, केन्द्रीय कारागार की दीवार के सौ मीटर के भीतर तथा जिला तथा उप—कारागार की दीवार के पचहत्तर मीटर के भीतर निर्मित नहीं किया जाएगा। कारागार परिसरों को बंजर जोन के रूप में ''आबद्ध क्षेत्र के बाहर'' के रूप में सीमांकित किया जाएगा तथा कारागार परिसरों में प्रवेश का अधिकार अधीक्षक के पास आरक्षित होगा; (ख) कारागार की चार दीवारी के भीतर परिबद्ध क्षेत्र कुल क्षमता के पचासी वर्गमीटर प्रति व्यक्ति से कम नहीं होगा। जहां भूमि अपर्याप्त है जैसे कि बड़े शहरों में न्यूनतम क्षेत्र साठ वर्गमीटर प्रति बन्दी होगा; (ग) कारागार में परिधि दीवारें होंगी। परिधि दीवार की ऊंचाई इक्कीस फुट होगी। कारागार के भीतर महिला अनुभाग की दीवार की ऊंचाई अठारह फुट होगी। अन्य भीतरी दीवारें ऊंचाई में कम से कम दस फुट होगी; (घ) किसी कारागार के भीतर कोई भी भवन बाहरी परिधि दीवार से सौ फुट से निकटतम नहीं होगा; (ङ) बैरक, किसी प्रतिकूल स्थिति के मामले में कार्मिक को संरक्षण के योग्य स्थाई ढांचे की होंगी। कारागार के भीतर स्थाई जनरेटर/ईन्वरटर से विद्युत सुविधा सहित आवश्यक प्रकाश तथा पंखों की व्यवस्था का प्रावधान होगा। बैरकों के भीतर फलशिंग व्यवस्था तथा कोठरी किस्म के स्नानघर सहित स्वास्थ्यकर किस्म के शौचघर का भी प्रावधान होगा; (च) ऊर्जा दक्ष प्रकाश स्रोत का कारागार भवन के भीतर प्रयोग किया जाएगा। अक्षय उर्जा पर निर्भर प्रकाश को गली प्रकाश के प्रयोजन के लिए विचार में लिया जा सकता है; (छ) निर्माण के अभिकल्प चरण के स्वत्व से ''ग्रीन बिल्डिंग'' (हरितभवन) संकल्पना से कारागार परिसरों को पर्यावरणीय रूप से विश्वसनीय तथा संसाधन—दक्ष सुनिश्चित करने पर विचार किया जाएगा; (ज) सभी कारागार भवनों में वर्षा जल एकत्रीकरण प्रणाली तथा मलजल उपचार संयन्त्र होगा; (झ) सभी निर्माणों में बी.आई.एस. मानकों का पालन किया जाएगा; (ञ) यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भवन के अहाता दीवार जाली या किसी अन्य भाग में कोई भी संचनात्मक कमी नहीं हो, जो किसी बन्दी, जो भागने का इरादा करता है, की सहायता का स्रोत बन सके।

टिप्पण :– सी.सी.टी.वी. कैमरे स्नानघरों/शौचालयों तथा महिला अहातों में निवास क्षेत्रों के सिवाए, बन्दियों के निवास क्षेत्रों सहित सभी अति संवेदनशील तथा मर्मस्थानों पर प्रत्येक कारागार में स्थापित किए जाएंगे।

बाहरी परिधि दीवार।

822. (1) कारागार परिसर एक बन्द क्षेत्र होगा। बाहरी दीवार कम–से–कम छह फुट ऊंची होगी तथा इसके अतिरिक्त इसके ऊपरी सिरे पर अढाई फुट कन्सरटीना तारें लगाकार कारागार परिसरों को चारों ओर से निर्मित किया जाएगा। चारों कोनों पर निगरानी टावर भी सुरक्षा तथा निगरानी प्रयोजनों के लिए निर्मित किए जाएंगे। सन्तरी पोस्ट तथा उचित रूकावट सहित कारागारों परिसरों में एकल प्रवेश द्वार होगा।

(2) जहां तक साध्य हो, स्टाफ सदस्यों के आवासीय काम्पलैक्स के चारों ओर कम से कम आठ फुट ऊंची बाहरी दीवार निर्मित की जाएगी। मुख्य द्वार सहित आवासीय काम्पलैक्स में एकल प्रवेश द्वारा होगा।

कारागारों की दीवारें।

823. (1) प्रत्येक कारागार की बाहरी दीवारों का शिखर गोलाकार होगा और दीवार के शिखर के बर्हिगत हिस्से पर काँच के टूकडे लगाए जाएंगे, जो कम्बल या कपड़े का भार भी वहन करने में असमर्थ हों। बाहरी दीवार के साथ विभाजन दीवार के प्रत्येक जंकशन पर तथा बाहरी दीवार के प्रत्येक कोण पर ऊँचाई के लिए पर्याप्त परिवर्धन किया जाएगा ताकि इन स्थानों पर दीवार पर किसी बन्दी के चढ़ने की सम्भावना को रोका जा सके। कारागार की मुख्य अहाता दीवार साधारणतः बीस फुट से कम ऊँची नहीं होगी तथा सौ फुट का स्पष्ट अन्तराल इसके और इसके अन्य तरफ बने किसी भवन के बीच छोड़ा जाएगा।

(2) समरूप वास्तुकला तथा कम से कम अठारह फुट की ऊंची एक दूसरी दीवार, प्रत्येक कारागार में निर्मित की जाएगी। इन दीवारों के बीच दूरी तीस फुट से कम नहीं होगी।

(3) प्रत्येक गश्त को समर्थ बनाने के लिए दोनों तरफ इन दीवारों के साथ एक उचित सड़क निर्मित की जाएगी।

स्टाफ सदस्यों के लिए आवासीय काम्पलैक्स का निर्माण करना।

824. प्रत्येक कारागार में स्टाफ सदस्यों के लिए एक आवासी काम्पलैक्स निर्मित किया जाएगा। गृह/होस्टल का निर्माण राज्य सरकार/विभाग की पालिसी के अनुसार किया जाएगा। प्रत्येक कारागार में सामुदायिक केन्द्र–एवं–राजपत्रित अधिकारी मेस वार्डर हॉस्टल–एवं–अराजपत्रित अधिकारी मेस तथा स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों का निर्माण किया जाएगा।

निगरानी टावर।

825. (1) प्रत्येक केन्द्रीय तथा जिला कारगार में कम से कम छह निगरानी टावर निर्मित किए जाएंगेः

परन्तु दो निगरानी टावरों के बीच की दूरी सौ मीटर से अधिक नहीं होगी;

(2) निगरानी टावर न्यूनतम आठ फुट के वृत्ताकार घेरे में होगा;

(3) जहां तक साध्य हो, निगरानी टावर की सीमेंट की सीढियां वृत्ताकार होगी;

(4) जहां तक साध्य हो, बाहरी दीवार तथा निगरानी टावर के केन्द्र के बीच दूरी तेरह फुट होगी;

(5) प्रत्येक निगरानी टावर में शौचघर तथा वास वेसिन मुहैया कराया जाएगा;

(6) प्रत्येक निगरानी टावर में जाली की ग्रिल लगाई जाएगी।

वार्डों तथा सैलों की क्षमता।

826. (1) साधारणतः बन्दियों के अधिभाग के लिए आशयित वार्डों, सैलों तथा अन्य शयन कक्षों की आवास क्षमता प्रत्येक बन्दी के सम्बन्ध में सतही तथा घनीय स्पैश के मापक्रम तथा पार्श्व वायु–संचार द्वारा निम्नलिखित तालिका में दर्शाए गए अनुसार विनियमित की जाएगीः–

शयन बैरकें			सैल			अस्पताल	
भू–क्षेत्र का वर्ग मीटर	वायु स्थल का घन मीटर	पार्श्व संवातन का वर्ग मीटर	भू–क्षेत्र का वर्ग मीटर	वायु स्थल का घन मीटर	पार्श्व संवातन का वर्ग मीटर	भू–क्षेत्र का वर्ग मीटर	वायु स्थल का घन मीटर
3.71	15.83	1.12	8.92	13.98	2.23	5.58	23.75

	(2) दरवाजे तथा खिड़कियां, बन्दियों को वर्षा तथा सर्दी से बचाने के लिए कारागारों में बैरक, सैले तथा अस्पताल मुहैया कराई जांएगी। शटर, बाहर से लोहे की जाली से तैयार किए जाएंगे। (3) सुरक्षा सैलों के लिए दोहरे तालों की व्यवस्था अपेक्षित है, किन्तु एकल ताला अन्य सभी सैलों के लिए अपेक्षित है। सैलों के लिए संयुक्त ताला लगाने की व्यवस्था करना अनावश्यक है। (4) प्रत्येक कारागार में, संस्था की कुल क्षमता तथा बन्दियों के साथ मुलाकात के लिए प्रतिदिन आने वाले मुलाकातियों की औसत संख्या के अनुसार उपयुक्त आकार के उचित मुलाकात कक्ष होंगे। मुलाकातियों, जो बन्दियों के साथ मुलाकात करते हैं, के लिए इन्टरकोम सहित पारदर्शी मजबूत शीशे को प्राथमिकता दी जाएगी। (5) प्रत्येक कारागार में सुविधा जैसे कि शौचघर, पेयजल आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था आदि सहित मुख्य द्वार के बाहर एक पूछताछ कार्यालय के साथ–साथ एक प्रतिक्षा कक्ष का निर्माण किया जाएगा। (6) अधीक्षक के पर्यवेक्षण के अधीन एक नियन्त्रण कक्ष, प्रत्येक कारागार के मुख्य द्वार पर या के निकट स्थापित किया जाएगा। यह सम्पूर्ण कारागार के लिए तंत्रिका के रूप में कार्य करेगा। (7) प्रत्येक कारागार में बन्दियों के विचारण के लिए पर्याप्त अवसंरचना तथा संयोजकता सहित विडियों सम्मेलन कक्ष होगा।
बरामदे।	**827.** सभी बैरकों तथा सैलों में, यदि सम्भव हो, कम से कम दो मीटर चौड़ा बरामदा मुहैया कराया जाएगा।
वार्डों तथा सैलों में वेंटिलेशन ।	**828.** एक सीलिंग वेंटिलेशन होगा जो दिवार और छत के जंकशन के नजदीक खुला रहेगा। छतों तथा सीलिंग की न्यूनतम ऊँचाई, फर्श से ग्यारह फीट से कम नही होगी
अधिभोग के लिए उपयुकतता प्रमाण–पत्र।	**829.** किसी भी नए निर्मित वार्ड, सैल या अन्य कक्ष का किसी बन्दी द्वारा तब तक अधिभोग नहीं किया जाएगा जब तक चिकित्सा अधिकारी तथा अधीक्षक सत्यापित नहीं करता कि ऐसा वार्ड, सैल या अन्य कक्ष सभी प्रकार से अधिभोग के लिए योग्य है।
वार्डों की क्षमता दरवाजे पर अंकित करना।	**830.** साधारणतः बन्दियों के लिए शयन आवास के रूप में प्रयुक्त प्रत्येक वार्ड तथा अन्य कक्ष के दरवाजे पर निम्नलिखित अंकित किया जाएगा, अर्थात्:– (क) साधारण फर्श–क्षेत्र वर्ग फुट में बताया जाएगा; (ख) इसमें दिए गए वायु–स्थल की मात्रा घन फुट में बताई जाए; तथा (ग) सतही क्षेत्र या घन स्थान, जो भी कम हो, पर संगणित बन्दियों की संख्या जो प्राधिकृत आवास के योग्य है। **टिप्पणः–** साधारणतः आवास इकाई में परिरूद्ध बन्दियों की संख्या, इसके प्राधिकृत आवास से अधिक नहीं होगी किन्तु किसी भी मामले में प्राधिकृत आवास के डेढ सौ प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
वार्डों में शयन बर्थ।	**831.** रात्रि में बन्दी के आवास के लिए आशयित प्रत्येक वार्ड या अन्य कक्ष, विहित पैमाना के अनुसार वार्ड क्षमता की संख्या के समकक्ष ईट या पत्थर से बनाए गए शयन बर्थ मुहैया करवाया जाएगा। प्रत्येक बर्थ साढे छह फुट लम्बा, अढाई फुट चौडा तथा अठारह ईंच की ऊँचाई का होगा और सिरहाने से नीचे की तरफ थोडी सी ढलान में निर्मित किया जाएगा। प्रत्येक बर्थ का सिरहाना, उसके दूसरी तरफ वाले बर्थों,यदि कोई हो, के सिरहाने की विपरीत दशा में होगा। प्रत्येक दो बर्थों के बीच दूरी साधारण रूप से दो फुट से कम नहीं होगी। यदि बैरकों में प्लिंथ का निर्माण किया जाता है, तो विहित पैमाना के अनुसार स्पेश की गणना की जाएगी। सभी शायिकाएं संख्याकित की जाएंगी।
व्यक्तिगत सामान के लिए स्थान।	**832.** बन्दियों के व्यक्तिगत सामान के लिए स्थान प्रत्येक बन्दी को मुहैया करवाया जाएगा।
मुख्य प्रवेश द्वारा तथा मुख्य द्वार के निकट ब्लाकों के निर्माण के लिए मानक।	**833.** मुख्य प्रवेश द्वार तथा मुख्य द्वार के निकट ब्लाकों का नया निर्माण साधारणतः निम्नलिखित मानकों पर आधारित होगा, अर्थात्:– (क) मुख्य द्वार का परिमाप, चौड़ाई में कम से कम चौदह फुट तथा ऊंचाई में सौलह फुट होगा ताकि अग्नि टैन्डर, कंक्रीट मिक्सचर ट्रक वाहन या बोरवेल रिग इसमें से पार जा सके। मुख्य द्वारा, पच्चीस मिली मीटर व्यास या मोटाई के ऊर्ध्वाधर गोल या

	चौकोर स्टील छड़ वाले एक मजबूत स्टील फ्रेम के बने हुए दोहरे द्वार की व्यवस्था होगी। दोनों द्वारों के बीच स्पेश, द्वार के संचालन को सुकर बनाने के लिए लम्बाई में साठ फुट तथा चौड़ाई में पचास फुट तथा ऊंचाई में अठारह फुट से कम नहीं होगा। प्रत्येक द्वार में कम से कम तीन फुट चौड़ा तथा सात फुट ऊंचा छोटा दरवाजा होगा। मुख्य द्वार तथा छोटे दरवाजों को भीतर की तरफ से मजबूत ताला लगाने की व्यवस्था होगी। दोनों द्वारों में शटरों को आसानी से खोलने तथा बन्द करने की व्यवस्था होगी। द्वारों को बाहर से दस फुट की ऊंचाई तक लोहे की सीट से ढका जाएगा। छोटे दरवाजों में आंख स्तर तक शीशे से ढका हुआ झरोखा होगा; (ख) मुख्य द्वार के सन्निकट कारागार की प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रशासन के दक्ष कार्य करने के लिए कार्यालय कक्ष, रिकार्ड कक्ष, भण्डार कक्ष, सम्मेलन हाल, सामूहिक कक्ष तथा नियन्त्रण कक्ष होगा। प्रशासकीय ब्लाक के सन्निकट मुलाकात कक्ष तथा बाहर से हाल में अलग प्रवेश सहित अमानती सामान, घर तथा शौचघर सहित मुलाकाती हाल होगा; (ग) मुख्य द्वार के निकट स्वागत वार्ड होगा, जिसमें प्रवेश–संगरोध–अवस्थिति–वर्गीकरण प्रोग्राम के उचित कार्यान्वयन के लिए आवश्यक सुविधाएं होंगी। इसमें विचाराधीन बन्दियों तथा सिद्धदोषियों के लिए अलग बैरक, कुछ व्यक्तिगत सैल, खुले कार्य शैड तथा कार्यालय होंगे। (घ) मुख्य द्वार रंगों से उचित रूप से रंगा हुआ होगा।
केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष।	**834.** प्रत्येक कारागार में प्रतिदिन कारागार दिनचर्या करने तथा उचित एवं अनुशासित रीति में बन्दियों के संचालन को नियन्त्रित करने के लिए पर्याप्त अवसंरचना सहित एक केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष का निर्माण किया जाएगा। सभी कारागार परिसरों की निगरानी करने के लिए प्रत्येक कारागार में केन्द्रीय निगरानी टावर का निर्माण किया जाएगा।
नए वार्ड तथा सैलों के निर्माण के लिए मानक।	**835.** नए वार्ड तथा सैल के निर्माण के लिए निम्नलिखित मानकों का पालन किया जाएगा, अर्थात्:– (क) यहां रहने के लिए दो किस्म के आवास अर्थात् वार्ड तथा सैल होंगे; (ख) वार्डों तथा सैलों की न्यूनतम आवास क्षमता तथा विशिष्टियां, महानिदेशक द्वारा विनिश्चित की जाएंगी; (ग) वार्डों तथा सैलों के फर्श, अपारगम्य सामग्री जैसे कि सीमेंट तथा कंक्रीट, से बनाए जाएंगे; (घ) प्रत्येक सैल में इसके साथ लगता एक प्रांगण होगा, जहां बन्दी को पर्याप्त वायु तथा प्रकाश का लाभ होगा; (ङ) बैरकों की फिटिंग तथा फिक्सचर तथा ताला लगाने के यन्त्र की संरचनात्मक व्यवस्था किसी को भागने से रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षित की जाएगी। दरवाजों, खिड़कियों तथा वायु–संचारो के फ्रेम लोहे/स्टील के होंगे। दरवाजों, खिड़कियों तथा वायु–संचारों में प्रयुक्त लोहे की छड़े पच्चीस मिली मीटर चोकोर क्रास प्रशाखा के व्यास की होंगी तथा दो छड़ों के बीच स्पष्ट दूरी 7.5 मिली मीटर होगी; (च) प्रत्येक वार्ड की अहाता दीवार कम से कम दस फुट ऊंची होगी। बैरक में चौड़ाई में चार फुट तथा ऊंचाई में सात फुट का केवल एक मुख्य दरवाजा होगा। बैरक के दरवाजे के लिए खुलने की स्पष्ट तीन फुट जगह होगी। बैरक के भीतर सभी अन्य द्वार, जंजीर प्रणाली सहित लोहे की जाली की सहायता से बनाए जाएंगे। खिड़की तथा दरवाजों के फ्रेम लोहे के होंगे तथा कम से कम दस मिली मीटर मोटाई वाले लोहे के एंगल के बनाए जाएंगे; (छ) प्रत्येक वार्ड में लाईटें, पंखे तथा एग्ज्हडैस्ट पंखे पर्याप्त संख्या में लगाए जाएंगे। वार्डों में दो प्रकाश सर्किट एक सामान्य प्रकाश तथा अन्य शयन समय के दौरान मन्द सुरक्षा प्रकाश के लिए मुहैया कराए जाएंगे। बैरकों के सभी शौचघर, बरामदे, प्रांगण तथा बाहरी क्षेत्र सम्पूर्ण रात्रि में पर्याप्त रोशनी से प्रदीप्त किए जाएंगे। उर्जा बचत उपकरणों, जहां कहीं सम्भव हो का प्रयोग किया जाएगा; (ज) बन्दियों के प्रयोग के लिए प्रत्येक वार्ड के प्रांगण में एक दर्पण (विशेष रूप से मजबूत) लगाया जाएगा।

वार्डों का आवास दर्शाना।	**836.** प्रत्येक वार्ड में उपलब्ध आवास, अधीक्षक को यह देखने के लिए समर्थ बनाने हेतु कि किसी विशेष वार्ड में भीड़–भाड़ है या नहीं हवालात रजिस्टर में दर्शाया जाएगा।
शौचघरों तथा स्नानघर सुविधाओं के नव निर्माण के लिए मानक।	**837.** (1) फलशिंग व्यवस्था के साथ दिन तथा रात दोनों के लिए शौचघर स्वच्छ किस्म के होंगे। शौचालय इस प्रकार से डिजाइन किए जाएंगे कि सभी मलमूत्र तथा धुलाई सामग्री, स्थलों को गन्दा किए बिना आधानों में बह जाए। (2) प्रत्येक दस बन्दियों के लिए दिन के समय में एक शौचालय तथा शयन वार्डों में रात्रि के समय में दो शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। वे अपारगम्य होगे, जो आस–पास के भूतल से ऊंचे होंगे तथा इस प्रकार से निर्मित किए जाएंगे कि सूर्य की किरणें आसानी से शौचालयों में प्रवेश कर सकें तथा वर्षा जल इनके अन्दर प्रवेश न कर सके। (3) प्रत्येक बैरक में कम से कम एक शौचालय पाश्चात्य किस्म का होगा। कारागार परिसरों के भीतर उपयुक्त स्थानों पर स्टाफ सदस्यों के लिए शौचालयों की पर्याप्त संख्या मुहैया कराई जाएगी। (4) प्रत्येक शीट स्टेनलैस स्टील की होगी तथा अपारगम्य सतह सहित पायदान मुहैया कराए जाएंगे जो सही स्थिति में होंगे और बहुत दूर नहीं होंगे। (5) शौचालयों को अलग करने के लिए पृथक्करण, निजता की उचित सीमा मुहैया कराने के लिए काफी ऊंचे होंगे। (6) शौचालयों की भीतरी दीवारों, जहां तक सम्भव हो, फर्श स्तर से सात फुट ऊंचाई तक चिकनी चीनी मिट्टी टाईलें लगाई जाएंगी।
कारागार भूमि के जल, निकास तथा सफाई की कमियों की रिपोर्ट करना।	**838.** (1) कारागार के चारों ओर भूमि से वर्षा जल की निकासी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा सभी नीचे क्षेत्रों को साफ मिट्टी से भरा जाएगा। कारागार दिवारों के पचास मीटर के भीतर कोई ऊंची फसल नहीं उगाई जाएगी। जो किसी बन्दी के भागने के लिए या भागने का प्रयास करने के लिए सुविधाजनक आड़ प्रदान करती हो। (2) कारागार क्षेत्र के भीतर या इसके आस–पास स्वास्थ्य तथा स्वच्छता में किसी कमी को ध्यान में लाने की डयूटी चिकित्सा अधिकारी की होगी। कारागार के अड़ोस–पड़ोस में सार्वजनिक शौचालय, सीवर या जल निकासी (ड्रेन) का निर्माण या किसी अन्य अस्वास्थ्यकर स्थिति की विधमानता, जिससे बन्दियों का स्वास्थ्य प्रभावित होने की सम्भावना हो, वर्जित होगी। कारागार शौचालयों से मलजल तथा रसोईयों के जल को वायुजीवी मलजल उपचार संयन्त्रो का निर्माण करके उपचारित किया जाएगा तथा रिसाईकल्ड जल तथा मलजल कम्पोस्ट को खेती करने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। (3) जल/मलजल की निकासी के लिए कारागार दीवारों में निकासी बिन्दुओं को विशेष रूप से सुरक्षित किया जाएगा।
रसोई के नए निर्माण के लिए मानक।	**839.** साधारणतः रसोईयों का निर्माण निम्नलिखित मानकों पर आधारित होगा, अर्थात्:– (क) साधारणतः सामान्य रसोई कारागार के भीतर केन्द्रीय स्थान पर स्थित की जाएगी ताकि बन्दियों के मध्य भोजन का वितरण शीघ्रता से पूरा किया जा सके। रसोई का निर्माण वार्डों के निकट नहीं किया जाएगा; (ख) रसोई में न्यूनतम आवश्यक स्थल, जहां तक सम्भव हो, प्रति सौ बन्दियों के लिए सौ वर्गमीटर होगा। वस्तुओं के भण्डारण की व्यवस्था, सब्जियों को साफ करने तथा काटने, भोजन पात्रों तथा भोजन बनाने के बरतनों आदि के लिए पर्याप्त स्थान की सुविधा होगी; (ग) रसोई भली–भान्ति वायु–संचारित तथा प्रकाशित होगी; (घ) रसोई में तन्दूर होगा, जो ऐसी किस्म का होगा, जिसमें गर्मी बाहर न निकले तथा प्रयुक्त ईंधन की किस्म का अनपेक्ष धुआं उचित चिमनी से निकालता हो; (ङ) रसोई सभी चारों ओर से मक्खी रोधी तार जाली से सुरक्षित की जाएगी। पर्याप्त संख्या में निकास पंखे लगाए जाएंगे तथा कृत्रिम वायु–संचार उपलब्ध किया जा सकता है, यदि आवश्यक हो। रसोई में मक्खी रोधी स्वतः बन्द होने वाले दरवाजे मुहैया कराए जाएंगे;

	(च) प्रत्येक रसोई में शुद्ध पानी की पर्याप्त आपूर्ति मुहैया कराई जाएगी, जिसे भोजन बनाने तथा बर्तन धोने दोनों के लिए प्रयोग किया जाएगा। जल, रसोई के भीतर टोंटियां लगाकर एकत्रित किया जाएगा। (छ) भोजन बनाने तथा परोसने वाले बर्तन स्टेनलैस (जंगरोधी) स्टील के बने होंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि स्वचालित मशीन, पाईप एल.पी. गैस, भोजन बनाने के लिए उचित बर्तन, क्रोकरी, सेवा पतीले, सब्जी काटने वाले छुरे, मशाला ग्राईन्डर, होट–केस आवश्यकता अनुसार रसोई में मुहैया कराए गए हैं। वायु शीतलन प्रणाली सहित चिमनियां आवश्यकता के अनुसार रसोई में लगाई जाएंगी। (ज) कारागारों में ढके हुए भोजन करने के स्थान का प्रावधान, ताकि बन्दी छत के नीचे तथा प्लेटफार्म पर अपना भोजन कर सकें; (झ) रसोई की दीवारों को आसानी से साफ करने के लिए सात फुट की ऊंचाई तक टाईले लगाई जाएंगी। इसके फर्श अपारगम्य सामग्री के बनाए जाएंगे; (ञ) रसोई काम्पलैक्स साधारणतः उसमें नियोजित बन्दियों के आवास की बैरक में होगा।
अस्पतालों के निर्माण के लिए मानक।	**840.** साधारणतः अस्पतालों का निर्माण निम्नलिखित मानकों पर आधारित होगा, अर्थात्:– (क) प्रत्येक कारागार में, कारागार के मुख्य द्वार के निकट भवन को पुरूष वार्ड, महिला वार्ड, संक्रामक तथा छूत की बीमारी वाले मरीजों तथा मानसिक रूप से बीमार मरीजों के आवास के लिए एकाकीपन कक्ष, लघु सर्जरी, फार्मेसी, प्रयोगशाला के लिए कक्ष तथा अस्पताल फर्नीचर/उपकरणों के लिए भण्डारकक्ष तथा चिकित्सा अधिकारियों के लिए कक्षों की पर्याप्त संख्या कारागार अस्पताल में ईयरमार्क की जाएगी। अस्पतालों में पोलीथीन शीट, मक्खी रोधी तार जाली तथा मक्खी रोधी स्वचालित/बन्द होने वाले दरवाजे मुहैया कराए जाएंगे। जहां ऐसे भवन में दो या तीन कक्ष या वार्ड उपलब्ध नहीं है, वहां बीमार बन्दियों की चिकित्सा जांच तथा उपचार मुहैया कराया जाएगा। (ख) अस्पताल के फर्श तथा दीवारें अपारगम्य सामग्री की बनाई जाएंगी। प्रत्येक पांच मरीजों के लिए एक की दर से शौचालय तथा स्नानघर, अस्पताल वार्ड के निकट मुहैया कराए जाएंगे, ताकि बीमार बन्दियों को उनके प्रयोग के लिए दूर न जाना पड़े। अस्पतालों में पेय जल की लगातार आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी।
मनोरंजनात्मक सुविधओं का निर्माण।	**841.** मनोरंजनात्मक सुविधाएं जैसे कि बाहरी खेलों के लिए मैदान, सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए सभा भवन, भीतरी खेल, योगा आदि के लिए उचित व्यवस्था (कारागार की सुरक्षा तथा अनुशासन के अध्यधीन) निर्मित की जाएंगी।
औद्योगिक इकाई के नए निर्माण के लिए मानक।	**842.** प्रत्येक कारागार में एक औद्योगिक इकाई होगी। सभी निर्माण इकाईयों में विद्यमान स्थानों का उद्योग में सम्पूर्ण उर्जा आवश्यकताओं को कम करने के दृष्टिगत पुनरूद्वार किया जाएगा। औद्योगिक इकाई के भीतर संरचना, भार, नमी, रसायन या अग्नि लगने की उम्मीद की जा सकती है, इसलिए प्राथमिक उपचार किट, पुराने उपकरण के भौतिक नवीनीकरण तथा पर्याप्त अग्नि सुरक्षा प्रणाली के प्रावधान सहित ऐसे स्वास्थ्य तथा सुरक्षा खतरों के लिए प्रर्याप्त एहीतयाती उपाए किए जाएंगे।
बन्दियों के लिए अस्थाई आवास।	**अस्थाई आवास** **843.** जब कभी महानिदेशक को यह प्रतीत होता है कि किसी कारागार में बन्दियों की संख्या, उनमें सुविधाजनक या सुरक्षित रूप से रखने से अधिक है, तथा कुछ अन्य कारागारों में अतिरिक्त संख्या को अन्तरण करना सुविधाजनक नहीं है या जब कभी किसी कारागार के भीतर महामारी के प्रकोप से या किसी अन्य कारण से किसी बन्दी को अस्थाई आश्रय तथा सुरक्षित अभिरक्षा मुहैया कराना वांछित है, तो ऐसे अधिकारी द्वारा ऐसी रीति में, जो राज्य सरकार निर्देश करे, इतने अधिक बन्दियों, जो कारागार में सुविधाजनक या सुरक्षित रूप से नहीं रखे जा सकते हैं, को अस्थाई कारागारों में आश्रय तथा सुरक्षित अभिरक्षा के लिए व्यवस्था की जाएगी।
प्रक्रिया यदि कारागार के बाहर आश्रय मुहैया करना आवश्यक हो।	**844.** जब कभी भी किसी कारागार की दीवारों के बिना किन्हीं भी बन्दियों के अस्थाई आश्रय तथा सुरक्षित अभिरक्षा के लिए व्यवस्था करना आवश्यक हो जाता है, तो अधीक्षक, महानिदेशक को परिस्थितियों के संबंध में रिपोर्ट करेगा, जो, यदि आवश्यक हो, राज्य सरकार से विशेष निर्देश प्राप्त करेगा।

सामान्य निर्देशों का पालन करना।	**845.** किन्हीं विशेष निर्देश के अध्यधीन, जो पूर्ववर्ती नियम के उपबन्धों के अधीन किसी विशेष मामले में दिए जाएं, सामान्य निर्देशों, जिनका इसमें, इसके बाद पालन किया गया है, की पालना की जाएगी, जब कभी किसी कारागार की दीवारों के बिना किसी बन्दी के अस्थाई आश्रय तथा सुरक्षित अभिरक्षा के लिए मुहैया कराई जानी आवश्यक हो जाती है।
अनुरक्षित की जाने वाली तुम्बूओं की व्यवस्था।	**846.** महानिदेशक, अस्थाई भीड़–भाड़ या किसी अन्य आपात स्थिति से राहत देने के लिए प्रत्येक कारागार में रिजर्व के रूप में तम्बुओं की अल्प संख्या बनाए रखेगा।
तम्बुओं को उपयोगी रखा जाना।	**847.** तम्बुओं को उपयोगी स्थिति में रखा जाएगा तथा केवल कारागार प्रयोजनों के लिए प्रयोग में लाए जाएंगे। उन्हें प्रायः खड़ा तथा सुखाया जाएगा। प्रत्येक तम्बू को सम्बन्धित कारागार द्वारा (क) निर्माण की तिथि तथा (ख) प्राप्ति की तिथि से चिहिन्त किया जाएगा।
भीड़भाड़ के विरूद्व सावधानी	**848.** जब बन्दियों की जनसंख्या, अधिकतम संख्या तक पहुंच जाती है, जिनके लिए वहां आवास हैं, तो महानिदेशक तथा पुलिस अधीक्षक को कुछ बन्दियों को अन्तरित करने या उनके लिए बाहर अस्थाई आश्रय की व्यवस्था करने, जैसी भी स्थिति हो, की दृष्टि से सूचित किया जाएगा।
आवासों से अधिक बन्दियों की अभिरक्षा के लिए व्यवस्था।	**849.** (1) किसी कारागार में आवासों से अधिक सभी बन्दियों को मुख्य अहता दीवारों के बाहर या भीतर बनाई झोंपड़ी या गाड़े गए तम्बुओं में अस्थाई आश्रय मुहैया कराया जाएगा। (2) कारागार के बाहर आवास करने वाले बन्दियों की सुरक्षित अभिरक्षा पुलिस को सौंपी जाएगी।
लोक कार्य।	**850.** सरकार, कारागारों के नए निर्माण, मरम्मत तथा नवीकरण सहित लोक कार्यों को किसी एजेंसी को सौंप सकती है।
बन्दी श्रमिक का उपयोग।	**851.** प्रत्येक कारगार कार्य के निष्पादन में बन्दी श्रमिकों का पूर्ण रूप से प्रयोग किया जाएगा।
वार्षिक मरम्मत तथा रख–रखाव के लिए अनुदान।	**852.** सरकार, कारागारों की वार्षिक मरम्मत तथा अनुरक्षण के लिए नियमित अनुदान जारी करेगी।
प्रत्येक कारागार के लिए कब्रिस्तान।	**853.** प्रत्येक कारागार में किसी उचित स्थान पर तथा स्पष्ट रूप से चिहिन्त एक कब्रिस्तान होगा। इसे ऐसे बन्दियों के शवों के निपटान के लिए प्रयुक्त किया जाएगा, जिनके शव सुरक्षा कारणों से रिश्तेदारों या दोस्तों को नहीं सौंपे जा सकते। कब्रिस्तान का एक भाग हिन्दुओं के शवों के दाहसंस्कार तथा दूसरा भाग मुसलमानों/ईसाईओं को दफनाने के लिए अलग रखा जाएगा।

कारागारों में नियोजन योग्य ट्रेडों तथा व्यवसाय में व्यावसायिक प्रशिक्षण।	**अध्याय 38** **श्रम तथा कारागार उद्योग** **854.** बन्दियों के बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ताकि उनके दिमाग में अनुशासय के महत्व को प्रभावित किया जा सके और बेहतर व्यवहारिक मनोवृत्ति विकसित की जा सके, कारागार प्रशासन, महानिदेशक के अनुमोदन से कारागारों में व्यावसायिक तथा चयन ट्रेडों में नौकरी प्रशिक्षण तथा व्यवसाय उपलब्ध करवाने के लिए जिम्मेवार होगा। कारगार में व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा कार्यक्रमों के लिए ट्रेड का चयन, रिहाई के बाद समाज में समायोजन और अपनी आजीविका अर्जित करने के लिए बन्दियों की योग्यता में वृद्धि करने के लिए उस प्रशिक्षण की ट्रेड की नियोजन योग्यता, विपणन और उत्पाद की, सम्भाव्यता के अनुसार किया जाएगा। प्रत्येक कारागार में चयनित ट्रेडों में आधुनिक विद्युत चालित मशीनरी का उपयोग करते हुए पढ़ाया जाएगा। प्रत्येक ट्रेड में उसके उत्पाद केन्द्र भी होंगे ताकि बन्दियों को नौकरी प्रशिक्षण तथा कार्य अनुभव दिया जा सके।
विचाराधीन बन्दियों को कार्य में लगाना।	**855.** सिद्धदोषी के अलावा, विचाराधीन बन्दियों, यदि इसके लिए उपयुक्त पाए जाते हैं और जो स्वेच्छापूर्व कार्य के लिए तैयार हैं, को कौशल विकास कार्यक्रमों में भी नियोजित किया जा सकता है तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है, और सिद्धदोषियों के लिए यथा विनिर्दिष्ट समरूप पैमाने पर पारिश्रमिक दिया जाएगा।
कारागार कार्य।	**856.** अधीक्षक निम्नलिखित कार्यो को ध्यान में रखते हुए सिद्धदोषी तथा कठोर कारावास से दण्डादिष्ट सभी बन्दियों को कार्य मुहैया कराएगा, अर्थात्:– (क) किसी विशेष कार्य के लिए सिद्धदोषी की शारीरिक तथा मानसिक उपयुक्तता; (ख) सिद्धदोषी को किसी उद्योग ट्रेड या पारिवारिक व्यवसाय में पूर्व अनुभव तथा प्रशिक्षण; (ग) किसी विशेष कार्य तथा दण्डादिष्ट समयवधि के लिए सिद्धदोषी की उपयुक्तता या अभिरूचि; (घ) कारागार से उसकी रिहाई पर पुनर्वास परिदृश्य।
कारागार में कौशल विकास कार्यक्रम तथा बन्दियों को रोजगार।	**857.** (1) कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करते समय निम्नलिखित कारकों को ध्यान में रखा जाएगा, अर्थात्:– (क) मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य; (ख) सुरक्षा, अभिरक्षा तथा अनुशासन की अपेक्षा; (ग) आयु; (घ) दण्ड की अवधि; (ङ) बन्दी का कौशल तथा योग्यता तथा कौशल अर्जित करने के लिए सम्भावता। (2) मध्यम तथा लम्बी अवधि कारावास से दण्डादिष्ट बन्दियों को बहुविध कौशल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। (3) जहां तक सम्भव हो, बड़े उद्योगों को, केन्द्रीय कारागारों तथा बड़े जिला कारागारों में संकेन्द्रित किया जाएगा।
कारागार उद्योगों में कारागार श्रमिकों का नियोजन।	**858.** साधारणतः कारागार श्रमिकों को निम्नलिखित की आपूर्ति करने के लिए नियोजित किया जाएगा,– (क) कारागारों तथा विभाग की अपेक्षाओं; (ख) किसी अन्य मामले में सरकार की अपेक्षाओं; तथा (ग) अन्य मांग, जो महानिदेशक, समय–समय पर, अनुमोदन करे।
बन्दियों को आबंटित दैनिक कार्य की निगरानी करना।	**859.** (1) बन्दियों द्वारा दोपहर बाद कार्य बन्द करने पर अपने कार्य शैडो या कार्य स्थलों को छोड़ने से पूर्व, उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) तथा सम्बन्धित स्टाफ सदस्य या कार्य लेने वाले, यदि कोई हों, सम्बन्धित बन्दियों के किए गए कार्य का मूल्यांकन करेगा, उसी समय पर कार्य रजिस्टर में उसे सावधानी पूर्वक नोट करेगा। रजिस्टर कम्प्यूटरीकृत रीति में भी रखा जाएगा। (2) महिला बन्दी, महिला अहाते से बाहर कार्य नहीं करेगी।
कारागारों के लिए आवश्यक कौशल की श्रेणी।	**860.** (1) कौशल विकास कार्यक्रमों में अनिवार्य संस्थागत अनुरक्षण सेवाएं जैसे कि पाक्य, सफाई तथा स्वास्थ्य सेवाएं, कारागार अस्पताल, अन्य कारागार सेवाएं, मरम्मत तथा अनुरक्षण सेवाएं भी शामिल हैं। (2) बन्दियों को कारागार भवनों के रख रखाव तथा निर्माण सेवाओं में भी नियोजित किया जा सकता है, जिसके लिए वे लोक निर्माण विभाग के नियमों के अनुसार उचित पारिश्रमिक या मजदूरी

	प्राप्त करेंगे। ऐसे बन्दियों को कुशल श्रेणी की मजदूरी का भुगतान किया जाएगा तथा शेष पारिश्रमिक बन्दी कल्याण निधि में भुगतान किया जाएगा। (3) कारागार कौशल विकास कार्यक्रमों में ऐसी सेवाएं जैसे कि निर्माण कार्य, चिनाई, बढ़ईगिरी, नलसाजी, विद्युत फिटिंग, सिलाई, तैयार वस्त्रों की गढ़ाई, चमड़ा कार्य, चालक, कारागार सेवा, कृषि, बागवानी, डेयरी, कुक्कुट, पुष्पोत्पादन, डीजल इंजनों का अनुरक्षण, विद्युत पम्पों का अनुरक्षण, ट्रैक्टर मरम्मत, आटो मोबाइल सर्विस तथा मरम्मत, केन कार्य, टोकरी बनाने, कुम्हारी, पुस्तक जिल्द चढ़ाना, टाईप करने, कम्प्यूटर संचालन, हस्तकौशल, आशुलिपि, कपड़ा मुद्रण, कढाई, होजरी, बेकरी, नमकीन बनाना, कागज बनाना, मुद्रण, सिलाई, बुनाई, साबुन बनाना, मोमबत्ती बनाना, खिलौने बनाना, सिलाई मशीन मरम्मत, खाद्य प्रसंस्करण इत्यादि शामिल होंगे।
कार्य घण्टों की अवधि।	**861.** (1) किसी भी बन्दी को उसकी अपनी इच्छा पर श्रम या श्रम पर नियोजन के लिए दण्डादिष्ट, आपात स्थिति के सिवाए, अधीक्षक की लिखित में स्वीकृति से प्रतिदिन आठ घण्टे से अधिक के लिए श्रम पर नहीं रखा जाएगा। (2) चिकित्सा अधिकारी, समय–समय पर, श्रम करने वाले बन्दियों की जांच करेगा। (3) यदि चिकित्सा अधिकारी की राय है कि किसी बन्दी का स्वास्थ्य किसी प्रकार के श्रम पर नियोजन से पीड़ित है, तो ऐसे बन्दी को उस श्रम पर नियोजित नहीं किया जाएगा, किन्तु ऐसे किसी अन्य किस्म के श्रम पर रखा जाएगा, जो चिकित्सा अधिकारी उसके लिए उचित समझे।
कौशल अर्जित करने के लिए दिया जाने वाला समय।	**862.** प्रत्येक बन्दी, किसी प्रकार का कार्य करने के लिए पहली बार लगाए जाने पर जिससे वह परिचित नहीं है, को कार्य करने में योग्य बनाने हेतु आवश्यक कौशल अर्जित करने के लिए उचित समय अनुज्ञात किया जाएगा। समय तीन से चार मास तक कुछ दिनों के लिए घटाया बढ़ाया जाएगा। प्रत्येक मामले में, यदि नया कार्य आबंटित किया गया है, तो अधीक्षक या उसके नियन्त्रण के अध्यधीन, उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) बन्दी का कार्य शुरू करने तथा बाद में प्रगति को उसकी इतिवृत टिकट पर नोट करेगा।
दिवस, जिस पर बन्दियों को श्रम करने से छूट दी जाती है।	**863.** (1) किसी भी बन्दी के लिए ऐसे श्रम से भिन्न, जो कारागार के आन्तरिक प्रबन्धन तथा घरेलू किफायत को करने या किसी कारागार अवकाश तथा रविवार को आकस्मिक–संकट के किसी रोल को पूरा करने के लिए आवश्यक हो, कोई श्रम करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी। (2) महानिदेशक उस निमित्त सामान्य या विशेष आदेश द्वारा साधारणतः पूर्ववर्ती खण्ड में विनिर्दिष्ट किसी विशेष दिन या दिनों भिन्न दिन के लिए श्रम करने से किसी बन्दी या सभी बन्दियों को छूट दे सकता है।
वृत्तांत–टिकट में श्रम के सम्बन्ध में प्रविष्टि।	**864.** कठोर कारावास से दण्डादिष्ट प्रत्येक बन्दी के प्रवेश पर, चिकित्सा अधिकारी, श्रम, जिसके लिए ऐसा बन्दी सम्बन्धित रजिस्टर में फिट है, की किस्म दर्ज करके कारागार अधिनियम, 1894 (1894 का केन्द्रीय अधिनियम 9) के उपबन्धों की पालना करते समय बन्दी की वृत्तांत–टिकट में की जाने वाली समरूप प्रविष्टि करवाएगा।
कार्य शुरू करने तथा बन्द करने के लिए नियत समय।	**865.** कारागार उद्योग में कार्यरत बन्दियों के मामले के सिवाए, बन्दी प्रातःकालीन परेड तथा गिरोह में वितरण पूरा होने के यथा शीघ्र अर्थात् साधारणतः वार्ड के खुलने के लगभग एक घण्टे के बाद कार्य शुरू करेंगे; तथा दोपहर बाद मौसम के अनुसार सूर्यास्त से पूर्व लगभग एक घण्टा पहले कार्य करना बन्द करेंगे।
विश्राम अवधि के दौरान बन्दियों को बन्द करना।	**866.** विश्राम अवधि के दौरान बन्दियों को उनके शयन वार्ड में या उनके कार्य शैडों में बन्द किया जाएगा यदि बाद वाले उचित तथा सुरक्षित हैं।
बन्दियों को कारागार उद्योगों / कर्मशालाओं में नियोजित। करना।	**867.** सभी हृष्ट–पुष्ट बन्दियों जो कारागार सेवा में अन्यथा से नहीं लगे है, को कर्मशालाओं तथा प्रशिक्षण–एवं–उत्पादन केन्द्रों में कार्य आबंटित किया जाएगा। बन्दियों को प्रत्येक कर्मशाला में भर्ती तथा मांग पर निर्भर रहते हुए सभी कर्मशालाओं में आबंटित किया जाएगा।
बन्दियों को वर्गीकृत करने के लिए समिति।	**868.** (1) विभिन्न उद्योगों तथा ट्रेडों में नियोजन के लिए पात्र प्रत्येक बन्दी का वर्गीकरण ''वर्गीकरण तथा सुरक्षा निगरानी समिति'' द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा। (2) मजदूरी / प्रोत्साहन के भुगतान के प्रयोजन के लिए, बन्दियों को निम्नलिखित श्रेणीयों में वर्गीकृत किया जाएगा, अर्थात्:–

	(क) **व्यावसायिकः–** बन्दियों, जो किसी विशेष ट्रेड में अत्यधिक योग्य और व्यावसायिक रूप से सक्षम हैं, को मार्गदर्शन, डिजाईन तथा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रवृन्त किया जाएगा; (ख) **कुशलः–**दिए गए कार्य को समय पर दक्ष रूप से पूरा करने तथा सम्पूर्ण करने में मानसिक और शारीरिक कौशल वाले कार्य पर बन्दियों को लगाया जाएगा; (ग) **अर्ध–कुशलः–**कार्य पर लगाए गए बन्दी, जो अप्रशिक्षित मजदूर पूरा नहीं कर सकते, किन्तु जिसे कुछ प्रशिक्षण तथा अभ्यास से पूरा कर सकते है किन्तु सूक्ष्मता का कोई सही मानक अपेक्षित न हो; (घ) **अकुशलः–**ऐसे कार्य पर लगे बन्दी, जिसमें किसी विशेष प्रशिक्षण या कौशल अपेक्षित नहीं है; (ङ) **प्रशिक्षणार्थीः–**तीन मास की न्यूनतम अवधि के लिए, या उन द्वारा कौशल अर्जित करने तक, प्रशिक्षण में लगे बन्दी, उस अवधि के लिए प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं करेंगे।
मजदूरी।	**869.** (1) पेशेवरों, कुशल, अर्ध–कुशल तथा अकुशलों की मजदूरी, समय–समय पर, राज्य सरकार द्वारा नियत की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक तीन वर्ष में मजदूरी पुनरीक्षित की जाएगी तथा जब कभी आवश्यक हो पुनरीक्षित की जाएगी। (2) एक दैनिक कार्य शीट प्रत्येक बन्दी के ब्योरे नोट करने के लिए रखी जाएगी जैसे कि कार्य का स्वरूप, जिस पर नियोजित है, दिए गए कार्य का मानक तथा इसी प्रकार इसे अनुदेशक द्वारा प्रतिदिन अनुरक्षित रखा जाएगा तथा उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) द्वारा विधिवत साक्ष्यांकित किया जाएगा। (3) यदि कोई बन्दी, दिए गए कार्य से अधिक मानक गुणवत्ता का कार्य करता है, तो वह, उस द्वारा किए गए अतिरिक्त कार्य के अनुपात में अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए हकदार होगा। (4) तैयार उत्पाद को भण्डार में भेजने से पूर्व उसकी गुणवत्ता का निरीक्षण करने की डयूटी अधीक्षक की होगी। (5) मजदूरी को बन्दी के बचत बैंक खाता (तिमाही) में जमा करवाया जाएगा तथा पास बुक सम्बन्धित बन्दी के पास रखी जाएगी।
बन्दी, जो कारागार कार्य करने के लिए पात्र नहीं।	**870.** बन्दियों की निम्नलिखित श्रेणीयाँ, कारागार कार्य करने के लिए पात्र नहीं होगी, अर्थात्:– (क) सत्तर वर्ष की आयु से अधिक के बन्दी, यदि चिकित्सा अधिकारी द्वारा कार्य करने के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाते हैं; (ख) चिकित्सा अधिकारी द्वारा या 'वर्गीकरण तथा सुरक्षा निगरानी' समिति द्वारा अनुपयुक्त पाए जाते हैं; (ग) आतंकवादी, उग्रवादी, रूढ़िवादी, हठधर्मी, जिनका अन्य बन्दियों पर बुरा प्रभाव पडेगा; (घ) बीमार तथा अशक्त बन्दी तथा अन्य बन्दी, जो कारागार दण्ड भुगत रहे हैं।
कार्य में लगे बन्दियों के लिए रक्षोपाय।	**871.** (1) कार्य शैडों तथा अन्य स्थानों, जहां बन्दी कार्य करते हैं पर निम्नलिखित सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, अर्थात्:– (क) गर्मी, सर्दी, वर्षा, धूल, धुआं, भभक, गैस तथा रसायन से संरक्षण; (ख) निष्पन्द तथा आर्द्रता से संरक्षण; (ग) सुरक्षित पेय जल तथा पेशाबघर सुविधाएं; (घ) प्राथमिक–उपचार सुविधाएं; (ङ) अग्नि शामक या अन्य उपयुक्त अग्निशमन उपकरण; (च) पर्याप्त वायु–संचार तथा प्रकाश; (छ) सुरक्षा उपकरण तथा दुर्घटना निवारण उपाय। (2) व्यावसायिक बीमारियों के खतरे वाली उत्पादन इकाईयों में कार्यरत बन्दियों की मासिक चिकित्सा जांच की जाएगी।

	(3) बदियों को मुआवजे का भुगतान, जो चिकित्सा अधिकारी द्वारा यथा प्रमाणित व्यावसायिक बीमारियों के कारण शारीरिक या मानसिक अयोग्यता, गम्भीर क्षति, मृत्यु या स्वास्थ्य की हानि के परिणामस्वरूप दुर्घटना से मिली है। (4) प्रत्येक इकाई के लिए दैनिक समय सारिणी तैयार की जाएगी।
खेती तथा कृषि में बन्दियों को प्रशिक्षित करना।	**872.** (1) भूमि का पर्याप्त क्षेत्र, खेती तथा कृषि में बन्दियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रत्येक नई कारागार के साथ लगता होगा। ऐसी कारागारों में, जहां कहीं खेती करने के लिए पर्याप्त भूमि है, तो अधीक्षक तथा उप–अधीक्षक (प्रशासन) रबी तथा खरीफ खेती करने के लिए दिनचर्या तैयार करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि कृषि उत्पादन उस क्षेत्र के किसानों के बराबर है। (2) प्रत्येक कारागार में बागबानी बगीचा तैयार करने के लिए केन्द्रीय प्रागंण में पर्याप्त क्षेत्र होगा।
कार्य में निरन्तर परिवर्तन से बचना।	**873.** चिकित्सा आधारों के सिवाए, कार्य में निरन्तर परिवर्तन करने से बचना चाहिए।
श्रम के लिए साधन तथा उपकरण मुहैया करना।	**874.** (1) उत्पादन इकाई में अपेक्षित, उपकरणों, औजारों, सहायक सामग्री तथा अतिरिक्त पुरजों की मानक सूची तैयार की जाएगी तथा अनुरक्षित की जाएगी। (2) जहां तक व्यवहार्य हो, प्रत्येक सहवासी की विभिन्न सेवाओं, नौकरी तथा उत्पादन इकाईयों में हस्त औजारों के प्रयोग में प्रशिक्षण तथा कार्य अनुभव दिया जाएगा। (3) प्रत्येक कारागार, में समय पर मशीनरी तथा उपकरणों की मरम्मत तथा खराब होने से रोकने के लिए पृथक तथा उचित रूप से अनुरक्षण कर्मशाला आयोजित की जाएगी।
कारागार उद्योगों के लिए उत्पादन के लक्ष्य।	**875.** (1) आगामी वर्ष के लिए प्रत्येक इकाई हेतु उत्पादन के लक्ष्य, इकाई के नियोजन योग्य सहवासी जनसंख्या तथा उत्पादन की सम्भावना के अनुसार अधीक्षक द्वारा नियत किया जाएगा। ये लक्ष्य कारागार मुख्यालय तथा इकाई के उत्पादन को सूचित किए जाएंगे और कारागार मुख्यालय द्वारा तिमाही आधार पर पुनरीक्षित किये जाएंगे। (2) उपरोक्त बताए गए अनुसार उत्पादन के लक्ष्यों को पूरा करवाने की अधीक्षक की जिम्मेवारी होगी।
श्रम की उपयुक्त शैली।	**876.** (1) कठोर कारावास भुगतने या साधारण कारावास भुगतने के लिए दण्डादिष्ट प्रत्येक बन्दी, जो स्वैच्छिक रूप से श्रम करना चुनता है, साधारणतः ऐसी किस्म के श्रम पर नियोजित किया जाएगा, जो संस्था और कारागार के लिए अधिक उपयुक्त है और जिसके लिए वह तत्समय उपयुक्त है। (2) लाभ या सुविधा के किसी भी प्रतिफल को उस श्रम की श्रेणी या रूप, जो कठोर कारावास भुगतने के लिए दण्डादिष्ट किसी बन्दी से किसी समय पर करना अपेक्षित है, को प्रभावित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसे मात्र सिद्वद्वोषी के स्वास्थ्य तथा बन्दियों के नियोजन के सम्बन्ध में कारागार के विनियमों के संदर्भ में नियत किया जाएगा।
उत्पादों को परिवर्तित तथा मानकीकृत करना।	**877.** (1) कारागार उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार के प्रचलन तथा मांग के आधार पर परिवर्तित/तबदील किए जाएंगे। (2) कारागार उद्योगों के विभिन्न उत्पादों को मानकीकृत किया जाएगा। कार्मिकों के मार्गदर्शन के लिए मानकीकरण तथा विभिन्न उत्पादन इकाईयों की निर्माण प्रक्रिया के ब्यौरों से युक्त एक पुस्तिका तैयार की जाएगी। (3) विभिन्न उत्पादन इकाईयों के लिए बाजार से मॉग सुनिश्चित करने के लिए कारागार उद्योगों के मानकीकृत उत्पादों की सूची तैयार की जाएगी। (4) तकनीकी पर्यवेक्षण को सुधारा जाएगा तथा उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर गुणवत्ता नियन्त्रण प्रणाली प्रारम्भ की जाएगी, ताकि बाजर में प्रतिस्पर्धा बनी रहे। कारागार उद्योगों द्वारा किए गए उत्पादन का प्रयोजन लाभ का प्रतिशत नहीं होगा। (5) कारागार उद्योगों के उत्पादों की ब्रिक्री को बढ़ावा देने के लिए कारागार के प्रवेश द्वार के बाहर तथा अन्य स्थानों पर, विक्रय केन्द्र स्थापित किए जा सकते हैं। एक विवरणिका भी रखी जाएगी जिसमें, बेचे जाने वाले उत्पादों के बारे में जनता को उनके मूल्यों सहित सूचना मुहैया करवाई जाएंगी। (6) बन्दी, जो दण्डादेश की समाप्ति के बाद रिहा किए गए हैं तथा उपयुक्त पाए जाते हैं, को जहां तक सम्भव हो, शोरूमों में या कारागार उत्पादनों के ब्रिक्री केन्द्रों में, नियोजित किया जा सकता है।

कारागार के रखरखाव के लिए बन्दियों का नियोजन।	**878.** कारागार रखरखाव की सेवा, जैसे कि निगरान, प्रशासकीय सहायक, नाई, जल–वाहक, स्वीपर तथा इसी प्रकार की समान सेवा में नियोजित बन्दियों की संख्या महानिदेशक की विशेष स्वीकृति के बिना,– (क) केन्द्रीय कारागार में या जिला कारागार में, कैद किए गए कैदियों का बीस प्रतिशत; तथा (ख) किसी अन्य कारागार के मामले में, प्राधिकृत क्षमता के पहन्द्र प्रतिशत या ऐसे कारागार में परिरोध समय के लिए बन्दियों की कुल संख्या, जो भी, अधिक हो, से अधिक नही होगी।
बन्दियों का कतिपय कार्यों पर नियोजित न किया जाना।	**879.** किसी भी बन्दी को, जब तक की वह कार्य करने का इच्छुक न हो, खतरे से जुड़े किसी भी प्रकार के श्रम पर नियोजित नहीं किया जाएगा।
किसी भी बन्दी को निजी कार्य हेतु नियोजित न करना।	**880.** किसी भी बन्दी को, किसी भी समय पर, किसी भी स्टाफ के सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी निजी कार्य या किसी भी प्रकार की सेवा जो भी हो, पर नियोजित नहीं किया जाएगा।
बन्दियों के छोटे समूहों में नियोजन का प्रतिषेध।	**881.** कारागार की दीवारों के बाहर स्थित छोटे–मोटे कार्यों पर छोटे समूहों या टोलियों में बन्दियों का नियोजन प्रतिषिद्व हैः परन्तु यह प्रतिषेध ऐसे निर्देशों के अध्यधीन, जो महानिदेशक, उस निमित्त समय–समय पर दे, कारागार के फार्म में कारागार के कार्यों पर या कारागार के अधिकारियों द्वारा अधिभोग किए गए परिसरों के प्रबन्धन से सम्बन्धित डयूटियों पर नियोजित बन्दियों को लागू नहीं समझा जाएगा।
बहिर्वर्ती नियोजन हेतु अधीक्षक की स्वीकृति।	**882.** किसी भी बन्दी को, किसी समय पर, कारागार की दीवारों के बाहर नियोजित नहीं किया जाएगा तथा श्रम पर नहीं लगाया जाएगा अथवा इस प्रकार नियोजित किए जाने के प्रयोजन के लिए कारागार से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक की अधीक्षक,– (क) उसे इस प्रकार नियोजन के लिए स्वीकृति नहीं देता; (ख) बन्दी के इतिवृत्त–टिकट पर तथ्य कि ऐसी स्वीकृति दे दी गई है, अभिलिखित नहीं करता है या करवाता है।
कारागार की दीवारों के बाहर बन्दियों के नियोजन पर प्रतिबन्ध।	**883.** किसी भी बन्दी को, किसी भी समय पर, कारागार की दीवारों के बिना किसी श्रम पर नियोजित नहीं किया जाएगा,– (क) यदि कारावास से दण्डादिष्ट है, तो वास्तविक दण्डादेश का कम से कम एक–चौथाई तथा आजीवन कारावास से दण्डादिष्ट की दशा में, पांच वर्ष, न भुगत लें; (ख) यदि जुर्माने के बदले कारावास (यदि कोई हो) सहित वास्तविक कारावास की असमाप्त अवधि, जिसके लिए उसे दण्डादिष्ट किया गया है, दो वर्ष से अधिक है,तो महानिदेशक की स्वीकृति के बिना; (ग) यदि उसके विरूद्व कोई अन्य आरोप लम्बित है या हैं; (घ) यदि उसने किसी पैरोल/फरलो का लाभ नहीं उठाया है; (ङ) यदि पिछले दो वर्षों में उसे कोई बड़ा दण्ड दिया गया था। **टिप्पण1ः–** खण्ड (क), (ख) तथा (घ) किसी कारागार को लागू हुए नहीं समझे जाएंगे, जहां कारागार की औद्योगिक इकाई, कारागार की दीवारों के बाहर स्थित है। **टिप्पण 2ः–** केवल ऐसे बन्दी, जो अच्छे चरित्र के हैं तथा जो विदेशी राज्य क्षेत्र के निवासी नहीं है, को कारागार से बाहर नियोजित किया जाएगा। यदि, जितने बन्दियों की वास्तविक रूप से आवश्यकता है, से अधिक पात्र बन्दी हैं, तो साधारणतः वे, जिनका असमाप्त दण्डादेश सबसे कम हो, को चुनना चाहिए। **टिप्पण 3ः–** नियम 881 तथा 882 में स्वीकृति, एक समय में अधिकतम छह मास की अवधि के लिए होगी।
रिहायाशी आवास के लिए झाड़ू कश टोली।	**884.** झाड़ू कश टोली की लघु टुकड़ियां प्रतिदिन कारागार परिसरों के रिहायाशी आवास को साफ करेंगी।

लिपिकों के रूप में बन्दियों का नियोजन।	**885.** कारागारो के कार्यालयों में बन्दियों का लिपिकों के रूप में नियोजन वर्जित है। किन्तु, अधीक्षक, जब वहां इसके लिए विशेष आवश्यकता हो, तो लिपिकीय कार्य में किसी शिक्षित बन्दी के नियोजन की स्वीकृति दे सकता है, जिसका वारंट, माफी या धन संव्यवहारो से कोई सम्बन्ध न हो।
बन्दियों का बन्दी अधिकारी के रूप में नियोजन।	**886.** (1) बन्दी, जिसे बन्दी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम 45) के अर्थ के भीतर लोक सेवक के रूप में समझा जाएगा। (2) बन्दी अधिकारियों के पद पर सभी नियुक्तियां अधीक्षक द्वारा की जाएंगी : परन्तु कोई भी बन्दी, जिसके पास आवश्यक योग्यताएं न हों, को किसी भी समय पर महानिदेशक की पूर्व स्वीकृति के बिना इस प्रकार नियुक्त नहीं किया जाएगा। (3) कोई बन्दी, जो शारीरिक रूप से तथा मानसिक रूप से बन्दी अधिकारी की डयूटियां करने के लिए तन्दुरूस्त है, बन्दी अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए पात्र होगा, बशर्ते कि वह उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित योग्यताएं रखता हो, अर्थात्:— (क) वह अभ्याशित बन्दी नहीं है; (ख) उसका कारावास का वास्तविक दण्डादेश बारह मास से कम नहीं है; (ग) यदि आवधिक कारावास का दण्डादेश है, तो अपने वास्तविक दण्डादेश का एक—चौथाई तथा यदि आजीवन कारावास से दण्डादिष्ट है तो, पांच वर्ष, उसने पूरा कर लिया है; (घ) वह सभ्य तथा मेहनती बन्दी है; तथा (ङ) उसे पिछले दो वर्षों में, किसी बड़े दण्ड के लिए दण्डित नहीं किया गया है।
बन्दी अधिकारियों के सामान्य कर्त्तव्य ।	**887.** बन्दी अधिकारी के सामान्य कर्त्तव्य निम्नलिखित होंगे;— (क) रात्रि में, वार्डो के भीतर गश्त करना तथा अनुशासन तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहायता करना; (ख) आवश्यक प्रयोजन के लिए, अनुमति के सिवाए, अपनी शायिकाओं को छोड़ने से बन्दियों को रोकना; (ग) बारंबार अपने प्रभार में बन्दियों को गिनना, स्वयं की सन्तुष्टि करना कि सभी उपस्थित हैं, तथा जब भी बाहरी गश्त द्वारा चुनौती दी जाए, उत्तर देना; (घ) जहां तक उसकी शक्ति में निहित है, उसके प्रभार में किसी भी बन्दी द्वारा कारागार नियमों के किसी भी उल्लंघन को रोकना और उसकी रिपोर्ट करना; (ङ) बीमारी के मामलों तथा उस निमित्त विनिर्दिष्ट समय से अन्यथा शौचालय के उपयोग की रिपोर्ट करना; (च) किसी उपद्रव को शान्त करने में सहायता करना तथा आवश्यकता के मामले में, किसी भी स्टाफ के सदस्य की रक्षा करना; (छ) ऐसे कार्य करना, जो दिन के दौरान उसको आबंटित किए जाएं तथा उसकी टोली के प्रभारी रक्षा कार्मिक को सभी प्रकार की उचित सहायता देना; (ज) जब भी आवश्यकता हो, कारागार की दीवारो के भीतर सन्देशवाहक के रूप में कार्य करना तथा कारागार के एक भाग से दूसरे भाग तक बन्दियों के पहरेदार के रूप में कार्य करना; (झ) कारागार की दीवारों की निगरानी करना तथा बन्दियों को उनके निकट छिपने से रोकना; (ञ) जब भी आवश्यकता हो, वार्डरों के लिए विहित रीति में, पूरी रात वार्डो के बाहर गश्त करना; (ट) यह देखना कि बन्दी अपने आप को साफ—सुथरा रखते है, स्नान करते है तथा अपने वस्त्रों की उचित रूप से तह लगाते है तथा अपने खाने के बरतनो को साफ रखते है।
बाहरी अभिकरणों के लिए कार्य का निष्पादन (लोक—प्राईवेट भागीदारी)।	**888.** प्राईवेट पार्टी/औद्योगिक इकाईयों को कारागारों के भीतर उनके निर्माण कार्य को कारागार से श्रमिकों द्वारा कारखाने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, ऐसे निर्माण के लिए मशीनरी, सामग्री तथा तकनीकी जानकारी सम्बन्धित पार्टी द्वारा मुहैया कराई जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी प्राईवेट पार्टियों तथा औद्योगिक इकाईयों द्वारा उचित मजदूरी तथा अन्य खर्चों का भुगतान किया गया है।

सामग्री की कीमत।	**889.** कारागार उद्योगों में प्रयुक्त किया जाने वाला कच्चा माल जिम्मेवार अधिकारी के प्रभार के अधीन होगा, जो प्रत्येक सुबह जारी करेगा कि दिन के कार्य के लिए किस चीज की आवश्यकता है तथा सांयकाल में, स्टोर में सामग्री जिसका उपयोग नहीं किया गया है, को प्राप्त करेगा। वह, जहां तक सम्भव हो स्वयं की सन्तुष्टि करेगा कि सामग्री की कोई बर्बादी नहीं की गई है, किन्तु यह, उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) या उप अधीक्षक (प्रशासन), जैसी भी स्थिति हो, को उत्पादन भण्डारों की सुरक्षित अभिरक्षा तथा उचित निपटान करने की जिम्मेवारी से भारमुक्त नहीं करेगा।
नए उद्योगों का चयन तथा शुरू करना।	**890.** नया उद्योग, जब कभी भी आवश्यक हो, किसी भी कारागार में महानिदेशक की पूर्व स्वीकृति से, शुरू किया जाएगा।
राज्य के उद्योग विभाग द्वारा तकनीकी सलाह।	**891.** उद्योगों को उचित तर्ज पर चलाने के लिए आवश्यक विशेषज्ञ सलाह उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदान की जाएगी। वे उद्योगों के विविधीकरण का भी सुझाव देंगे तथा कारागार के सामान के विपणन में भी सहायता करेंगे। वे समय–समय पर सम्बन्धित अधीक्षक के साथ उद्योगों के कामकाज की समीक्षा करेंगे तथा संशोधनों का सुझाव देंगे।
सरकारी विभागों तथा अन्य अभिकरणों द्वारा कारागार के उत्पादों को वरीयता देना।	**892.** सभी सरकारी विभाग, अर्ध–सरकारी विभाग, सहकारी तथा निजी क्षेत्र के उपक्रम, अपने कार्यालयों में उपयोग के लिए कारागार द्वारा बनाई गई वस्तुओं की आपूर्ति के लिए अग्रिम में जहां कहीं सम्भव हो, मांगपत्र भेज सकते हैं। कारागार विभाग, मांग करने पर और कीमत का भुगतान करने पर, माल की आपूर्ति करेगा। सरकारी विभाग, स्वयं के लिए निर्मित माल की खरीद करते समय कारागारों में निर्मित उत्पादों को प्रथम अधिमान देंगे।
कारागार उत्पाद के निपटान के लिए संविदा।	**893.** महानिदेशक के अनुमोदन से, कारागार उत्पाद या निर्माण का निपटान करने के लिए व्यापारिक फर्में या वैयक्तिकों के साथ संविदाएं की जा सकती हैं।
बन्दियों के नियोजन की आय का निपटान।	**894.** स्टाफ का कोई भी सदस्य किसी भी समय, अपने कब्जे में निम्नलिखित नहीं रखेगा या उचित प्राधिकार से अन्यथा,– (क) किसी कारागार में कार्यान्वित किसी उद्योग में उपयोग के लिए आपूर्ति की गई या किसी बन्दी द्वारा निर्मित किसी वस्तु का निपटान नहीं करेगा; (ख) किसी ऐसी वस्तु के विक्रय के कारण से वसूल या प्राप्त या किसी बन्दी की कमाई की कोई धनराशि। वस्तुओं के विक्रय से वसूल या बन्दियों की कमाई के कारण से प्राप्त किसी धन राशि में से कोई भी खर्च पूरा नहीं किया जाएगा या उसमें से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। इस प्रकार वसूल या प्राप्त की गई सभी धन राशियां यथाशीध्र सरकारी खजाने में, जमा की जानी हैं, चुंकि, प्रयोजन के लिए सरकारी खजाने द्वारा उचित प्राधिकार के अधीन दी गई राशि से खर्च पूरा किया जा रहा है। इन नियमों में यथा उपबन्धित के सिवाए कारागार की सभी कमाईयो को पूर्ण रूप से, सरकारी खजाने तथा लेखों में रखा जाना है, ताकि प्राप्ति तथा संवितरण की प्रत्येक मद उन लेखों में दिखाई दे और उचित संवीक्षा तथा नियन्त्रण के अध्यधीन हो। बन्दियों द्वारा किए गए कार्य के लिए पारिश्रमिक या प्रोत्साहन, तिमाही रूप से निकाले जाएगे तथा उनके बचत बैंक खाते में जमा किया जाएगे।
कारखाना फैक्ट्री के लेखें को रखना।	**895.** कारागार निर्माण से सम्बन्धित सभी लेखे, उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) के पर्यवेक्षण के अधीन, किसी जिम्मेवार कर्मचारी द्वारा रखे जाएगे।
अन्य विभागों के साथ लेखों का समायोजन।	**896.** लेखों को ध्यान में रखे बिना, किसी सरकारी विभाग से प्राप्त आपूर्ति की दी गई सभी वस्तुओं के लिए भुगतान बुक–अन्तरण द्वारा समायोजित किए जाएंगे।
धनराशि का खजाने में भुगतान किया जाना।	**897.** सभी धनराशियों का भुगतान उचित शीर्ष के अधीन खजाने में किया जाना चाहिए।
कारखाना लेखों की वार्षिक लेखा परीक्षा।	**898.** सभी जिला तथा केन्द्रीय कारागारों के कारखाना लेखों की लेखा परीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए सरकारी लेखा परीक्षकों द्वारा नियमानुसार की जाएगी।

कारागार बगीचे हेतु परिसर।	**अध्याय 39** **कारागार बगीचा** **899.** कारागार बगीचे में कारागार की परिधि सुरक्षा दीवारों के भीतर कृषि भूमि के साथ–साथ सुरक्षा दीवारों के बाहर कारागार भूमि शामिल होगी किन्तु कारागार परिसरों के भीतर, उपयोग के लिए उपलब्ध होगी।
बाह्म श्रम की विशिष्टयां।	**900.** बाह्म श्रम पर बन्दी केवल कार्यालय प्रयोजन के लिए तथा निम्नलिखित प्रकार के श्रम पर नियोजित किए जाएगे, अर्थात्:– (क) कारागार के बगीचे में कार्य; (ख) कारागार की दीवारों के बाहर, कारागार परिसरों की लघु मरम्मत; (ग) रिहायशी काम्पलैक्स सहित कारागार परिसरों का सौन्दर्यीकरण; (घ) अधीक्षक द्वारा यथा विहित अन्य विविध कार्य।
बगीचे की खेती।	**901.** (1) उप अधीक्षक (प्रशासन) सुनिश्चित करेगा कि कारागार बगीचे में, सभी मौसम में, कारागार के उपयोग के लिए अच्छे स्वास्थ्यकर फूल, सब्जियाँ, मसाले तथा रक्तशोधक (जहां तक उन्हें उगाना सम्भव हो) की पर्याप्त मात्रा हो और यह कि खेती के लिए उपलब्ध कारागार की दीवारों से बाहर सम्पूर्ण कारागार भूमि की सर्वोतम लाभ के लिए खेती की जाती है। अपेक्षित सभी सब्जियों तथा मसालों की आपूर्ति के लिए पर्याप्त आकार का एक बगीचा बनाया जाएगा तथा बन्दियों के भोजन तथा कारागार के पशुओं के चारे हेतु उपयुक्त फसलें उगाने के लिए प्रयुक्त किया जाएगा। (2) जहाँ कहीं भी सम्भव हो, मुर्गीपालन, सुअर पालन तथा मछली पालन के बगीचे स्थापित किए जाएंगे। (3) किसी भी अधीनस्थ स्टाफ को बगीचे में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक की उसे वहां डयूटी न करनी हो। (4) कारागारों की हरियाली तथा बागवानी गतिविधियों, जैसे कि कारागार में सुधार/पुनर्वास के मूलभूत लक्ष्य से कारागार के लिए उत्पादन के प्रयोजन के अतिरिक्त नौकरी प्रशिक्षण के तौर पर बगीचे की पैदावार या अनुरक्षण को बढावा दिया जाएगा। प्रकृति के साथ पारस्परिक क्रिया के लिए अवसर कि हरित पुनर्वास कार्यक्रम प्रस्ताव तनाव को कम करके, बन्दियों के स्वास्थ्य तथा तंदुरूस्ती को सुधारेगा।
वृक्षारोपण तथा लकड़ी का निपटान।	**902.** (1) लाभदायक वृक्ष सड़कों के किनारे, कारागार भूमि की सीमाओं तथा अन्य उपलब्ध स्थानों के साथ–साथ, जहां फसलों तथा कारागार की सुरक्षा में कम से कम हस्तक्षेप की सम्भावना हो, व्यापक रूप से लगाए जाएंगे। ये वृक्ष छाया देंगे यदि कारागार के अहाते के भीतर लगाए जाते हैं किन्तु उन्हें अहाते की दीवारों के निकट इतनी सघनता से लगाने या भवनों के इतने निकट लगाने की अनुमति नहीं देना चाहिए ताकि वे मुक्त वायु संचार में हस्तक्षेप न करें। (2) कारागार की भूमि पर कोई भी वृक्ष महानिदेशक की स्वीकृति के बिना काटा नहीं जाएगा या अन्यथा हटाया नहीं जाएगा। प्राप्त लकड़ी, यदि वृक्ष,– (क) कारागार के बगीचे में उगाया गया था, कारागार के प्रयोजनों के लिए प्रयोग की जाएगी या बेची जाएगी तथा आमदनी कारागार में जमा की जाएगी; या (ख) कारागार की भूमि के किसी अन्य भाग में उगाया गया था, बेची जाएगी विक्रय आमदनी सरकार के खाते में जमा की जाएगी। (3) अधीक्षक वृक्षों का एक रजिस्टर बनाएगा जिसमें, कारागार भूमि पर उगे हुए एक मीटर के घेरे तथा 165 सेंटीमीटर की ऊंचाई तक मापे गए सभी वृक्षों को, उनके सटीक स्थान तथा क्रम संख्या, किस्म, आयु इत्यादि सहित दर्ज किया जाएगा। क्रम संख्या वृक्षों की छाल पर चित्रित की जाएगी। फलो के वृक्ष जैसे कि नींबू, पपीता इत्यादि को सख्यांकित नहीं किया जाएगा, किन्तु प्रत्येक किस्म के पौधों की कुल संख्या रजिस्टर में नोट की जाएगी।

	(4) अधीक्षक, प्रत्येक वर्ष सितम्बर के महीने में रजिस्टर को सत्यापित करेगा। वह वर्ष के दौरान काटे गए वृक्षों तथा नए लगाए गए वृक्षों की संख्या के सम्पूर्ण ब्योरों सहित ऐसे सत्यापन के परिणाम की रिपोर्ट महानिदेशक को करेगा। (5) राज्य, टपका सिंचाई, ट्रैक्टरों, बगीचों के उपकरणों, विद्युत मोटरों तथा पम्प, नई फसलों तथा बीज उत्पादन, नई सिंचाई पद्धतियों तथा जैविक–खेती में भी जैसे कि कृमि–खाद तथा बायोगैस प्लांट, में निवेश करेगा। उत्पादन बढ़ाने के लिए मृदा विश्लेषण भी किया जाएगा। (6) राज्य, बागवानी, सामाजिक वनखण्ड, नर्सरी तथा हैंगिंग फार्म को प्रोत्साहित करेगा। फलों के बाग जैसे कि आम, खटट् फलों को उगाने के लिए योजना तैयार की जाएगी। औषधीय पौधे, नीम के वृक्ष इत्यादि भी उगाए जा सकते हैं। (7) घास उगाई जाएगी तथा लगाए गए पौधों की सुव्यवस्थित ढंग से छंटाई की जाएगी। (8) कारागार के बगीचे में उत्पादित फूल, कारागार के सौन्दर्यीकरण तथा उसे सजाने के लिए प्रयोग किए जाएंगे।
कारागार के बगीचे को साफ–सुथरा तथा सुव्यवस्थित रखना।	**903.** कारागार के बगीचे को साफ–सुथरा, सुव्यवस्थित तथा खरपतवार तथा झाड़–झंखाड़ से मुक्त रखा जाएगा। बंजर भूमि को हरित खण्ड में बदलने का प्रयास किया जाएगा।
बगीचे की फसल की कटाई तथा संग्रहण और उपयोग।	**904.** (1) अधीक्षक तथा उप अधीक्षक (प्रशासन) जिम्मेवार है कि कारागार की भूमि पर उगाई गई फसलों की उचित समय पर कटाई की जाती है और कटाई तथा संग्रहण के बीच कोई अनावश्यक विलम्ब न हो। कीड़े–मकौड़ों से परिस्रवण या हानि के विरूद्ध उचित सावधानी बरती गई है, कि सह–उत्पादों का केवल सरकारी प्रयोजनों के लिए उचित रूप से निपटान किया गया है तथा कि सभी ऐसी वस्तुओं का कारागार लेखों में विधिवत हिसाब रखा गया है। कारागार भूमि की उपज को, जहां तक सम्भव हो, या तो बन्दियों के भोजन के रूप में या कारागार पशुओं के चारे हेतु प्रयुक्त की जाए। कारागार के अनुरक्षण विभाग के लिए क्रय अनुपूरक आपूर्ति के लिए प्रयुक्त कारागार भूमि की सब्जियों तथा अन्य उत्पादों का मूल्य दर्शाने वाली एक वार्षिक विवरणी महानिदेशक को प्रस्तुत की जाएगी। (2) कारागार के बगीचे से प्रतिदिन एकत्रित सब्जियों को तोला जाएगा तथा वजन को सम्बन्धित रजिस्टर में भी अभिलिखित किया जाएगा। बन्दियों को तथा स्टाफ के सदस्यों को जारी की गई मात्रा, यदि कोई हो, को भी उप अधीक्षक (प्रशासन) द्वारा अनुरक्षित किए गए रजिस्टर में दर्ज किया जाएगाः परन्तु कोई भी सब्जी, स्टाफ के सदस्यों को तब तक नहीं दी जाएगी जब तक की बन्दियों की आवश्यकताओं की पूर्ण रूप से सन्तुष्टि करने के बाद अधिशेष उपलब्ध नहीं है। स्टाफ के सदस्य ऐसी मात्रा में जो अधीक्षक द्वारा नियत की जाए, कारागार के बगीचे से सब्जियां प्राप्त करने के लिए अनुमत है। (3) कारागार की आवश्यकताओं से अधिक, किसी भी बगीचो के उत्पाद, फल तथा घास इत्यादि को महानिदेशक की स्वीकृति से, जनता को बेची जा सकती है। इस प्रकार वसूल की गई धन राशि उचित शीर्ष के अधीन जमा की जाएगी।
बगीचे में नियोजित किए जाने वाले बन्दियों की संख्या।	**905.** अनाज, सब्जियाँ, फूल, मसाले तथा रक्तशोधक इत्यादि के उत्पादन के लिए बगीचे में नियोजित बन्दियों की संख्या, कारागार बगीचे की आवश्यकता के अनुसार या महानिदेशक द्वारा यथा विनिर्दिष्ट के अनुसार होगी।
बन्दियों के कौशल को सुधारने के लिए प्रशिक्षण।	**906.** (1) कारागार के भीतर पर्यवेक्षकों के अलावा, कृषि तथा कृषि आधारित उद्योगों की आधुनिक पद्धति में, बन्दियों के कौशल को सुधारने के लिए, कृषि विश्वविघालयों, निकटतम संस्थानों तथा स्थानीय किसानों से भी सहायता तथा प्रशिक्षण माँगा जाएगा। (2) किसी संस्था के पास उपलब्ध भूमि, मृदा विश्लेषण, उपलब्धता, उपजाऊपन, लवणता तथा जलनिकास की अपेक्षा के अनुसार विस्तृत रुप से सर्वेक्षण किया जाएगा, ताकि इसका अधिक से अधिक उपयोग किया जा सके। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारियों, राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों तथा अन्य सम्बद्ध एजेंसियों की सहायता ली जाएगी।

पशु रजिस्टर।	**907.** उप अधीक्षक (प्रशासन), आयु, पशु संख्या, नस्ल पहचान का चिह्न मुख्यतः रंग, सींगों का आकार इत्यादि वाला एक रजिस्टर बनाएगा। पशु, पशु संख्या तथा जेल के नाम वाली एक लटकन पहनेगा।
पशु के लिए राशन / चारा।	**908.** पशु के लिए राशन / चारा, समय–समय पर महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार होगा। **टिप्पण 1.–** अनाज, भूसी, खली, चारे इत्यादि की प्राप्तियों तथा खपत के प्रतिदिन के लेखे, चाहे जेल में उत्पादित किए गए हों या बाहर से खरीदे गए हों, सम्बन्धित रजिस्टर में रखे जाएंगे। **टिप्पण 2.–** कारागार में पशुओं के लिए अपेक्षित सारा चारा उगाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। साधारणतः भूसा, महानिदेशक की स्वीकृति के बिना, बाहर से नहीं खरीदा जाएगा। ऐसी खरीद अधिमानतः फसल की कटाई के दौरान की जाएगी।
दूध।	**909.** उप अधीक्षक (प्रशासन) दुधारू पशु से उत्पादित दूध की मात्रा, उसे उत्पादित करने वाले पशुओं की संख्या के सामने प्रतिदिन रजिस्टर में दर्ज करेगा।
अनुत्पादक पशुओं का निपटान।	**910.** अधीक्षक, एक वर्ष में एक बार अनुत्पादक पशुओं की संवीक्षा करेगा। अनुत्पादक पशुओं का निपटान, समय–समय पर, सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार किया जाएगा।

अध्याय 40

कारागार रजिस्टर, कार्यालय प्रक्रिया तथा प्रबन्धन

अधीक्षक द्वारा रिकार्ड रखना।

911. अधीक्षक, निम्नलिखित रिकार्ड रखेगा या रखवाएगा, अर्थात्:–

(क) भर्ती किए गए बन्दियों का रजिस्टर;

(ख) प्रत्येक बन्दी को कब रिहा किया जाना है, दर्शाने वाली पुस्तक;

(ग) कारागार अपराधों के लिए बन्दियों को दिए गए दण्डों की प्रविष्टि के लिए दण्ड पुस्तक;

(घ) कारागार के प्रशासन से सम्बन्धित किसी मामले में, मुलाकातियों द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए मुलाकाती पुस्तक;

(ङ) बन्दियों से ली गई धनराशि तथा अन्य वस्तुओं का रिकार्ड; तथा

(च) ऐसे अन्य सभी रिकार्ड, जो समय–समय पर, सरकार या महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं।

बनाए जाने वाले रजिस्टरों की सूची।

912. कोई भी रजिस्टर जिसे, महानिदेशक, किसी भी समय कार्यकारी आदेश द्वारा, किसी भी कारागार में अनुरक्षित किए जाने के लिए अपेक्षित करे, के अतिरिक्त सभी कारागारों में निम्नलिखित रजिस्टर तथा पुस्तकें (इलैक्ट्रोनिक तथा डिजीटल रूप में) अनुरक्षित की जाएंगी, अर्थात्:–

रजिस्टर संख्या	रजिस्टर का वर्णन
1.	विचाराधीन बन्दियों का रजिस्टर;
2.	सिद्धदोष बन्दियों का रजिस्टर;
3.	सिविल बन्दियों का रजिस्टर;
4.	बन्दियों का रिहाई रजिस्टर/रिहाई डायरी;
5.	कारागार अपराधों के लिए बन्दियों को दिए गए दण्ड का रजिस्टर;
6.	मुलाकाती पुस्तक;
7.	मुलाकाती की प्रविष्टि का रजिस्टर;
8.	अधीक्षक की डायरी;
9.	उप अधीक्षक (प्रशासन) की डायरी;
10.	उप अधीक्षक (सुरक्षा) की डायरी;
11.	उप अधीक्षक (उद्योग तथा कल्याण) की डायरी;
12.	चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की डायरी;
13.	अस्पताल रजिस्टर;
14.	सभी बन्दियों का हवालात रजिस्टर;
15.	वार्ड/बैरक/सैल लॉकअप रजिस्टर;
16.	कारागार में आने वाले तथा बाहर जाने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर;
17.	अन्दर तथा बाहर आने–जाने वाले बन्दियो का रजिस्टर (न्यायालय में पेश होने, अस्पतालों के बाहर, बाहरी टोलियो इत्यादि);
18.	अन्दर तथा बाहर आने–जाने वाले बन्दियों का रजिस्टर (नए प्रवेश, पैरोल/फरलों/अन्तरिम जमानत, से वापसी, अन्य कारागारों से अन्तरण इत्यादि किसी भी प्रकार की रिहाई);

		19.	कारागार गेट से अन्दर या बाहर भेजी गई वस्तुओं का रजिस्टर;
		20.	सामान्य रोकड़ बही;
		21.	नकदी बही–खाता;
		22.	अधिकारियों का सेवा रजिस्टर;
		23.	कारागार दण्ड के समापन की डायरी;
		24.	बन्दियों का वर्णानुक्रमिक रजिस्टर;
		25.	बन्दियों की मूल्यवान सम्पतियों का रजिस्टर;
		26.	नियन्त्रण कक्ष रजिस्टर;
		27.	कारागार में बन्दियों का सामान्य सारांश;
		28.	श्रम वितरण रजिस्टर;
		29.	प्राप्त पत्रों/ई–मेल आदि का रजिस्टर;
		30.	प्रेषित पत्रों/ई–मेल आदि का रजिस्टर;
		31.	रक्षा कार्मिक सेवा रजिस्टर;
		32.	बन्दियों का शिकायत रजिस्टर;
		33.	लक्ष्य अभ्यास का रजिस्टर;
		34.	दवाई स्टॉक रजिस्टर;
		35.	अस्पताल में रोगियों का दैनिक आहार का रजिस्टर;
		36.	स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने वाले रोगियों के दैनिक आहार का रजिस्टर;
		37.	सेवा तथा आपूर्ति के प्रभारों का रजिस्टर;
		38.	अनाज तथा ईंधन की खरीद का दैनिक रजिस्टर;
		39.	गोदाम तथा मिल दैनिक लेखा रजिस्टर;
		40.	बहिरंग रोगी रजिस्टर;
		41.	वस्त्र गोदाम स्टॉक रजिस्टर;
		42.	विविध सम्पति की सूची;
		43.	विधिक सहायता रजिस्टर;
		44.	हिरासत में मौत/बलात्कार के मामलों का रजिस्टर;
		45.	शस्त्र तथा गोलाबारूद रजिस्टर;
		46.	राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग/राज्य मानव अधिकार आयोग/ मुख्यमन्त्री विंडो/ लोकायुक्त मामले रजिस्टर;
		47.	कारखाना रोकड़ बही;
		48.	कारखाना फुटकर खर्च का रजिस्टर;
		49.	कच्ची सामग्री की प्राप्ति तथा जारी करने का रजिस्टर;
		50.	कच्ची सामग्री का स्टाक रजिस्टर;
		51.	निर्मित वस्तुओं का स्टाक रजिस्टर;
		52.	कारखाना खाता–बही;

		53.	विक्रय दैनिक बही;
		54.	खरीद दैनिक बही;
		55.	कारखाना आदेश पुस्तक;
		56.	दैनिक प्राप्तियों का रजिस्टर;
		57.	दैनिक मामलों का रजिस्टर;
		58.	स्टोर खाता–बही;
		59.	अधिकारियों की रिपोर्ट पुस्तक (दिन तथा रात);
		60.	रक्षा कार्मिक डयूटी रजिस्टर (दिन तथा रात);
		61.	वार्ड / अहाता तलाशी रजिस्टर;
		62.	मुख्य द्वार तलाशी रजिस्टर;
		63.	उच्च सुरक्षा अहाता तलाशी रजिस्टर;
		64.	कारागार बगीचा रजिस्टर;
		65.	डेयरी तथा पशु रजिस्टर;

रजिस्टरों के फार्म।	**913.** पूर्ववर्ती नियम में विनिर्दिष्ट, सभी रजिस्टरों के स्वरूप तथा रजिस्टरों में अभिलिखित किए जाने वाले ब्योरे, समय–समय पर, महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएंगे। विनिर्दिष्ट तथा प्रयोग में लाए जा रहे प्रत्येक रजिस्टर को उसके वर्तमान स्वरूप में निरन्तर अनुरक्षित रखा जाएगा, जब तक कि महानिदेशक, इस नियम के अधीन दिए गए निर्देशों द्वारा उसे अधिक्रमित नही करतें।
विवरणियां	**914.** अधीक्षक द्वारा, समय–समय पर प्रस्तुत किए जाने वाले बिल, विवरणियाँ, रिपोर्टें आदि, महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।
कम्प्यूट्रीकृत लेखा प्रणाली।	**915.** प्रत्येक कारागार में, लेखे, कम्प्यूट्रीकृत लेखा प्रणाली में किए जाएंगे। प्रत्येक डिवीजन में, लेखों की प्रणाली, समय–समय पर, वित्त विभाग, हरियाणा तथा महानिदेशक, कारागार द्वारा जारी हरियाणा वित्तीय नियमों तथा आदेशो / अधिसूचनाओं के अनुसार होगी।
पत्राचार का निपटान।	**916.** अधीक्षक, पत्रों तथा पत्राचार के वर्गीकरण के सम्बन्ध में अपने विवेक का निम्नलिखित के सिवाए परिरक्षण के लिए प्रयोग करेगा,– (क) स्थाई आदेशों से सम्बन्धित पत्र; (ख) महत्वपूर्ण लोक संकर्म तथा निर्माण; (ग) भूमि का अर्जन तथा किराए पर देने; (घ) पैंशनों तथा सरकार पर किन्हीं स्थाई प्रभारों; तथा (ङ) भागने यदि बन्दी पुनः नहीं पकड़ा गया है।
रिकार्ड का वर्गीकरण।	**917.** प्रत्येक विवरण के सभी कारागार रजिस्टर, विवरणियाँ, पत्र तथा अभिलेख को संरक्षण या विनाश के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित चार शीर्षों के अधीन वर्गीकृत किया जाएगा,– (क) स्थाई रूप से संरक्षित करना; (ख) बारह वर्ष के लिए रखना; (ग) पांच वर्ष के लिए रखना; (घ) दो वर्ष के लिए रखना;
रिकार्ड की व्यवस्था	**918.** रिकार्ड की हरेक चारों श्रेणीयों को, इस प्रकार से व्यवस्थित किया जाएगा कि उस रिकार्ड का चयन करना आसान हो, जिसे विहित अवधि की समाप्ति पर नष्ट किया जाना है तथा, यदि सम्भव हो, तो रिकार्ड की प्रत्येक श्रेणी को अन्य श्रेणी से अलग रखा जाएगा। महानिदेशक को ऐसे रिकार्ड को नष्ट करने की स्वीकृति देने का अधिकार है।

स्थाई रूप से संरक्षित किया जाने वाला रिकार्ड।	**919.** निम्नलिखित रिकार्ड को स्थाई रूप से संरक्षित किया जाएगा, अर्थात्:– (क) सामान्य रोकड़–बही; (ख) पेंशन मामले (सेवा पंजी तथा अवकाश लेखा सहित); (ग) रिहा किए गए बन्दियों तथा उनको भुगतान की गई राशि की डायरी; (घ) मुलाकाती पुस्तक; (ङ) विचाराधीन बन्दियों का रजिस्टर; (च) सिद्धदोष बन्दी रजिस्टर; (छ) सिविल बन्दी रजिस्टर; (ज) कारखाना रोकड़–बही; (झ) विभाग की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट; (ञ) सरकार/महानिदेशक के परिपत्र; (ट) राजपत्र; (ठ) अधीक्षक की आदेश पुस्तक; (ड) निर्गम रजिस्टर–सामान्य तथा कारखाना; (ढ) रिकार्ड कक्ष का फाईल रजिस्टर; (ण) बन्दियों के बचकर भाग निकलने का रजिस्टर; (त) अधिकारियों का सेवा रजिस्टर; (थ) वार्डरों का सेवा रजिस्टर।
बारह वर्ष तक के लिए रखा जाने वाला रिकार्ड।	**920.** निम्नलिखित रिकार्ड बारह वर्ष तक के लिए रखा जाएगा, अर्थात्:– (क) कारागार की प्रशासनिक रिपोर्ट तथा विवरणियां, चिकित्सा अधिकारियों की प्रशासनिक रिपोर्ट तथा विवरणी; (ख) अधीक्षक की डायरी; (ग) चिकित्सा अधिकारी की डायरी; (घ) अधिकारियों की रिपोर्ट पुस्तक; (ङ) रिहा किए जाने वाले बन्दियों का रजिस्टर; (च) फरलो रजिस्टर; (छ) विविध वस्तुओं का स्टाक रजिस्टर; (ज) दण्ड पंजी; (झ) परिवीक्षा तथा पुष्टि रजिस्टर (संवर्ग–वार); (ञ) स्टाफ को अग्रिम का रजिस्टर (अग्रिम–वार); (ट) बन्दियों की दण्ड पुस्तक; (ठ) व्यतिक्रमी पुस्तक; (ड) जुर्माना विवरण पुस्तक; (ढ) कारागार की सम्पत्ति का रजिस्टर; (ण) बन्दियों की मूल्यवान सम्पत्ति का रजिस्टर; (त) मुलाकात रजिस्टर; (थ) मौजूदा प्राप्त तथा निर्गम रजिस्टर; (द) प्रयोगशाला रजिस्टर; (ध) माफीशीट (बन्दियों जिनसे वो सम्बन्धित है, की बिना शर्त रिहाई, मृत्यु या अन्तरण के बाद एक वर्ष की अवधि के लिए कारागार में रखा जाना है); (न) राशन का स्टाक रजिस्टर; (प) आहार पंजी;

	(फ) प्राप्त की गई वस्तुओं की प्राप्ति पुस्तक; (ब) तौल रजिस्टर; (भ) सुपुर्दगी पुस्तक; (म) राशन की खरीद के लिए भुगतान की बिलबुक; (य) कच्ची सामग्री की स्टॉक बुक; (कक) निर्मित वस्तुओं की स्टाक बुक; (कख) क्रेडिट विक्रय का वैयक्तिक बही–खाता; (कग) अंतरंग रोगी का अस्पताल रजिस्टर; (कघ) बहिरंग रोगी का अस्पताल रजिस्टर; (कङ) अस्पताल पंजी; (कच) क्रेडिट विक्रय की दैनिक बही; (कछ) कारखाना की स्टॉक बुक।
पांच वर्ष तक के लिए रखा जाने वाला रिकार्ड।	**921.** निम्नलिखित रिकार्ड पांच वर्ष तक के लिए रखा जाएगा, अर्थात्:– (क) बन्दियों की सभी श्रेणियों का सामान्य सारांश; (ख) बन्दियों की सभी श्रेणियों का हवालात रजिस्टर; (ग) श्रम रजिस्टर; (घ) उन बन्दियों का रजिस्टर, जिन पर सुरक्षा हेतु बेड़िया लगाई गई थी; (ङ) वस्त्र तथा बिस्तर रजिस्टर; (च) लेखन सामग्री तथा प्ररूपों की स्टॉक बुक तथा बही–खाता; (छ) वार्डरों से प्राप्त तथा को जारी वर्दी की वस्तुओं का रजिस्टर; (ज) गोलाबारूद रजिस्टर; (झ) गोला बनाने का अभ्यास रजिस्टर; (ञ) मुख्य द्वार रजिस्टर; (ट) कारखाना विभाग में निष्पादन के लिए आदेशों का रजिस्टर; (ठ) असन्तुष्ट कारखाना मांग–पत्रों की सूची; (ड) सभी मासिक, त्रैमासिक, अर्ध–वार्षिक तथा वार्षिक विवरणियों तथा अभिव्यक्तियों की कार्यालय प्रतियां; (ढ) मांगपत्रों के प्रतिपर्ण; (ण) आकस्मिक खर्च का रजिस्टर; (त) विस्तृत बजट अनुमान; (थ) बन्दियों की मरणशीलता की विवरणी; (द) वार्डरो का डयूटी रोस्टर; (ध) हाजरी पंजी; (न) अन्तर तथा इन्ट्रा विभागीय आपूर्ति का रजिस्टर; (प) बेरक–वार बन्दियों का रजिस्टर; (फ) बजट आबंटन रजिस्टर; (ब) अवितरित वेतन रजिस्टर; (भ) नीलामी बुक; (म) खजाना बिल बुक; (य) खजाना सूचना बुक; (कक) बयाना राशि रजिस्टर; (कख) आपूर्ति की गई वस्तुओं का अग्रेषण मेमो बुक;

	(कग) चिरभोग बुक; (कघ) बैड हैड टिकट; (कङ) अस्पताल के वस्त्रों का रजिस्टर; (कच) औषधियों की खर्च बुक।
दो वर्ष तक के लिए रखा जाने वाला रिकार्ड।	**922.** निम्नलिखित रिकार्ड दो वर्ष तक के लिए रखा जाएगा, अर्थात्:– (क) कारागार में बन्दियों के प्रवेश का प्रमाण पत्र; (ख) स्टाफ का आकस्मिक अवकाश रजिस्टर; (ग) बन्दियों की नामिक पंजी; (घ) बिना शर्त के रिहा किए गए या मृत बन्दियों की इतिवृत–टिकट; (ङ) कारागार तथा अस्पताल के वस्त्रों के लिए मांगपत्र; (च) कालकोठरी की सजा भुगतने के लिए चिकित्सा अधिकारी का उपयुक्तता प्रमाणपत्र; (छ) अधीक्षक के कार्यालय के प्रभार की सुपुर्दगी की रिपोर्ट; (ज) आंकड़ों में फर्क से सम्बन्धित मासिक प्रगतिशील खर्च तथा पत्राचार की विवरणी; (झ) एक वर्ष के भीतर सेवानिवृत्ति होने वाले अधीनस्थों का रजिस्टर; (ञ) अन्य कागजात जो इन नियमों में उल्लिखित नहीं है;
रिकार्ड का निपटान/नष्ट करने के लिए विशेष नियम।	**923.** (1) इन नियमों के अधीन नष्ट किये जाने वाले रिकार्ड को कार्यालय अधीक्षक या इस प्रयोजन के लिए अधीक्षक द्वारा नामांकित किसी अधिकारी, के पर्यवेक्षण के अधीन रिकार्ड कीपर द्वारा नष्ट किया जाएगा। रिकार्ड कीपर तथा कार्यालय अधीक्षक, या नामांकित अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, नष्ट करने के कार्य में किसी गलती या विलम्ब के लिए जिम्मेवार ठहराए जाएंगे। (2) रिकार्ड के वास्तव में नष्ट होने से पूर्व,– (क) रिकार्ड को नष्ट करने के रजिस्टर में अधीक्षक के हस्ताक्षराधीन इसके नष्ट होने की इंगित करने का एक नोट दिया जाएगा; (ख) नष्ट करने की तिथि, सम्बन्धित रिकार्ड के रजिस्टर के टिप्पणी के खाने में दर्ज की जाएगी तथा क्रम संख्या लाल स्याही से गोल की जाएगी; (ग) यदि, कोई और रिकार्ड है, जिनका इन नियमों में उल्लेख नहीं है, ऐसे रिकार्ड एक पृथक रजिस्टर में दर्ज किए जाएंगे तथा तदनुसार उनके नष्ट होने को इंगित करने का एक नोट दिया जाएगा। (3) यदि, अधीक्षक की राय है, कि कोई रिकार्ड, जो इन नियमों के अधीन नष्ट किया जा सकता है, को स्थाई–रूप से या इन नियमों के अधीन उपबन्धित अवधि के लिए संरक्षित किया जाएगा, तो वह तदानुसार कार्य करेगा। (4) सभी कागजों को फाड़ कर रिकार्ड को नष्ट किया जाएगा, परन्तु स्टांपित कागजों, प्रयुक्त स्टांप, गोपनीय चिह्न वाले कागजों को उप अधीक्षक (प्रशासन) या अधीक्षक द्वारा इस प्रयोजन के लिए नामांकित किसी अन्य अधिकारी की उपस्थिति में, जलाया जाएगा। (5) फटे हुए रिकार्ड का निपटान, इस सम्बन्ध में, समय–समय पर जारी, सरकार या महानिदेशक के स्थाई आदेशों के अनुसार किया जाएगा।

कारागार प्रशासन का कम्प्यूटरीकरण।	**अध्याय 41** **कारागार का कम्प्यूटरीकरण** **924.** पूर्ण कारागार प्रशासन को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा ताकि मूल डाटा पर आसानी से पहुंचा जा सके तथा अधिक दक्षता से व्यस्थित किया जा सके। निम्नलिखित न्यूनतम उद्देश्य है, जिन्हें कारागारों के कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा,– (क) **बन्दी व्यवस्था प्रणाली** :–इसमें बन्दी डाटाबेस व्यवस्था के प्राधिकृत अन्तरा पृष्ठ का प्रयोग करना शामिल है, न केवल वास्तविक समय रिपोर्ट उपलब्ध कराना जैसे कि रिहाई की सम्भाव्य तिथि; कारागार अधिभोग, पैरोल/फरलो, जमानत, भागने, जुर्माना का भुगतान, घटना की सजा, बन्दी आवास, न्यायालय अपील, न्यायालय पेशी, माफी, रिमांड, मजदूरी, कार्य आबंटन, रिहाई, अन्तरण, मुख्य द्वार (डयोढी) से अन्दर–बाहर, चिकित्सा रिकार्ड, मुलाकात रिकार्ड, बन्दी संचार प्रणाली इत्यादि, बल्कि प्रायः अपेक्षित प्रक्रियाओं के प्रक्रिया स्वचालन के लिए जैसे कि न्यायालयों द्वारा अपेक्षित अभिरक्षा प्रमाणपत्र, कैशलैस कारागार कैन्टीन, डयूटी आबंटन तथा निगरानी, पुलिस एस्कॉर्ट मांग आदि भी। इसमें, निम्नलिखित मापदण्ड भी शामिल होंगे, अर्थात्:– (i) विचाराधीन बन्दी व्यवस्था मापदंड; (ii) सिद्धदोष व्यवस्था मापदंड; (iii) मुलाकाती व्यवस्था मापदंड; (iv) द्वार व्यवस्था मापदंड; (v) अस्पताल व्यवस्था मापदंड; (vi) केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष व्यवस्था मापदंड; (vii) ऑनलाईन कैन्टीन निधि जमा मापदण्ड; (viii) कैन्टीन व्यवस्था मापदण्ड; (ix) स्टोर व्यवस्था मापदण्ड; (x) ई–अभिरक्षा मापदण्ड; (xi) ई–पेशी (पेशी)/विचारण मापदण्ड; (xii) ई–पैरोल/फरलो मापदण्ड; (xiii) बन्दी सूचना कियोस्क; (xiv) आजीवन बन्दी की समय पूर्व रिहाई मापदण्ड; (xv) कोई अन्य मापदण्ड शामिल किया जाएगा, जो समय–समय पर सरकार या महानिदेशक द्वारा निर्णीत किया जाए। (ख) **कारागार प्रशासन** :– बन्दियों के साथ–साथ स्टाफ सदस्यों के सभी रजिस्टर, फार्म तथा रिकार्ड, जहां तक मुमकिन हो डिजीटल रूप में अनुरक्षित किए जाएंगे। कारागार के विभिन्न घटक अर्थात् नियन्त्रण कक्ष, केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष, कारागार कैन्टीन, वारंट कार्यालय, लिपिकीय स्टाफ इत्यादि को उपयुक्त प्राधिकृत अन्तरापृष्ठ के माध्यम से डाटा के नियमित अद्यतीकरण के लिए जोड़ा जाएगा। प्रायः अपेक्षित कार्यवाहियों के लिए प्रक्रिया स्वचलता समाधान का प्रयोग किया जाएगा। (ग) **आपराधिक न्याय प्रणाली तथा अन्य हितधारियों के विभिन्न कार्यक्षेत्रों के बीच समन्वय** :– अन्तः प्रचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आई.सी.जे.एस.) के माध्यम से त्रय के रूप में कारागारों, न्यायालयों तथा पुलिस थानों का सीवनहीन अंतःसबंधन होगा। यह पुलिस तथा न्यायालयों के साथ एकीकृत डाटा साझा करने में सक्ष्म बनाएगा जिससे अपराधियों की कुशल और व्यापक ट्रैकिंग और तेजी से विधि प्रवर्तन प्रतिक्रियाएं सक्ष्म होगी। अपराधियों तथा शीघ्रगामी विधि कारागारों की कार्यविधियों में, पुलिस, न्यायालय तथा बाहरी एजेंसियां जैसे कि अस्पताल, चिकित्सा प्राधिकरण, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो इत्यादि सहित विभिन्न हितधारक शामिल हैं और उपयुक्त अन्तरापृष्ठ विकसित किए जाने चाहिएं, जो विभिन्न एजेंसियों के बीच सूचना के सीवनहीन शेयरिंग में सहायता कर सकते है।

	(घ) **कारागार सुरक्षा** :– कारागार सुरक्षा, इन्टरनेट की वस्तुओं (आई.ओ.टी.) अर्थात् परस्पर संबंध सुरक्षा तथा निगरानी गैजेट टी–एच सी बी एस अर्थात् सामंजस्यपूर्ण कॉल ब्लॉकिंग प्रणाली, मोबाईल जैमर, इत्यादि (ए.आई. आधारित सी.सी.टी.वी., एक्स–रे–स्कैनर, गतिविधि ट्रैकर, गति सेंसर, अलार्म, माईक्रोफोन इत्यादि) का प्रयोग करके अधिक सुदृढ़ बनाई जाएगी। स्टाफ डयूटी आबंटन तथा निगरानी प्रणाली के लिए उपयुक्त बायोमीट्रिक आधारित मापदण्ड का प्रयोग किया जाएगा। (ङ) **नियन्त्रण कक्ष** :–ऐसे उपकरण तथा पर्याप्त, उपयुक्त रूप से योग्य स्टाफ के उपयोग तथा प्रबन्धन हेतु, प्रभावी या व्यवस्था प्रशासक/मैनेजर के अधीन, कार्यवाहियों के लिए, एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। (च) **कार्मिक प्रबन्धन**:– स्टाफ के कार्य निष्पादन को चरम सीमा तक बढ़ाने के लिए कार्मिक प्रबन्धन, जैसे कि स्टाफ की हाजरी, गार्ड अभिनियोजन, स्टाफ की शिकायतें इत्यादि के विभिन्न पहलुओं के प्रबन्धन के लिए एक उपयुक्त अन्तरापृष्ठ विकसित किया जाएगा।
अनिवार्य कार्यकलापों का संपादन।	**925.** कारागार प्रशासन द्वारा अनिवार्य कार्यकलापों को कारगर रूप से और कुशलता से करने के लिए निम्नलिखित हैं, अर्थात् :– (क) केन्द्रीय स्तर पर वास्तविक समय की जानकारी की उपलब्धता; (ख) बन्दियों का केन्द्रीयकृत सूचना संग्रह; (ग) बन्दी गतिविधियों की उचित ट्रैकिंग; (घ) विभिन्न हितधारी एजेंसियों के साथ पर्याप्त पारस्परिक अंतः क्रिया; (ङ) उचित डाटा विश्लेषण; (च) सभी कारागारों में उपलब्ध एकल समेकित आई.टी. प्रणाली; (छ) बाहर, पैरोल/फरलो पर बन्दी की पर्याप्त ट्रैकिंग; (ज) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम 2) की धारा 436–क के अधीन, समय पूर्व रिहाई या रिहा करने के विचारण के लिए दण्डादेश की रिहाई की समाप्ति या पात्रता की दशा में, विनिर्दिष्ट समय से पूर्व प्रभावशाली अलार्म प्रणाली;
कम्प्यूटरीकरण के कारण कारागारों को सुविधाएं।	**926.** कम्प्यूटरीकरण, कारागारो की निम्नलिखित मूल भूत सुविधाओं के लिए तथा एकीकृत डाटा शेयरिंग प्लेटफार्म के लिए समर्थ बनाएगा, अर्थात्:– (क) न्यायालयों तथा पुलिस थानों के साथ परस्पर संबंध सहित व्यापक सहजात विंडो ऐप्लीकेशन–आधारित कारागार साफ्टवेयर; (ख) अंतःप्रचालनीय अपराधिक न्याय प्रणाली मैटरिक्स के अनुसार न्यायालयों तथा पुलिस के साथ एकीकृत डाटा शेयर करना; (ग) व्यापक विडियो सम्मेलन सुविधाएं; (घ) बन्दियों के अन्दर तथा बाहर संचलन के लिए बायोमीट्रिक पहुंच; (ङ) प्रेरण तथा पुनश्चर्या प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण लैब; (च) बन्दियों को उनके मामलों तथा अन्य ब्यौरों की पहुंच के लिए टच स्क्रीन कियोस्क; (छ) न्यायालयों तथा सम्बन्धित अन्य प्राधिकरणों के साथ निरन्तर संचार के लिए पर्याप्त गति सहित इन्टरनैट सुविधा की उपलब्धता; (ज) एफ ए एस टी ई आर (इलैक्ट्रॉनिक रिकार्ड का तेज तथा सुरक्षित प्रसारण) प्रणाली का लागूकरण;
कम्प्यूटरीकरण के परिणाम।	**927.** कारागार कम्प्यूटरीकरण के सफलतापूर्वक लागूकरण के पश्चात निम्नलिखित परिणाम होंगे, अर्थात्:– (क) सभी कारागारों तथा पुलिस विभाग, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो तथा सम्बन्धित अन्य विभागों/प्राधिकरणों में सूचनाओं का निर्बाध तथा एकीकृत प्रवाह, जिससे सूचनाओं की वास्तविक समय पर उपलब्धता सम्भव हो सके अर्थात् बन्दियों के एक केन्द्रीयकृत डेटाबेस से बन्दी की जानकारी की त्वरित पुनः प्राप्ति आसान हो सके।

	(ख) समय–समय पर, महानिदेशक द्वारा यथा विहित या सरकार/एन.सी.आर.वी. द्वारा यथा अपेक्षित विभिन्न फारमैटों में डैशबोर्ड/सांख्यिकीय रिपोर्टों/एम.आई.एस. रिपोर्टों की उपलब्धता; (ग) अनुमोदन कार्यवाहियों जैसे कि पैरोल/फरलो तथा सिस्टम में उसके वास्तविक काल परावर्तन के लिए कार्य प्रगति आधारित समाधान; (घ) स्वचालित पी.डी.आर. (रिहाई की सम्भाव्य तिथि) संगणना, इस प्रकार सुनिश्चित करना कि नियमावली वैधीकरण की आवश्यकता के बिना बन्दियों की रिहाई में विलम्ब न हो; (ङ) बेहतर मुलाकाती प्रबन्धन प्रक्रिया इस प्रकार मुलाकातियों का प्रबन्धन सुनिश्चित करना, किसी विशेष बन्दी के लिए मुलाकातियों की संख्या, मुलाकात की आवृति इत्यादि पर नजर रखना; (च) केन्द्रीयकृत बन्दी रजिस्टर बनाना, जिस तक, रिकार्ड के डेटा डिजीटाईजेशन के माध्यम से वयैक्तिक के सत्यापन तथा वैधीकरण के लिए प्रयोजनों के लिए महानिदेशक या पुलिस विभाग द्वारा, तथा अन्य प्रमुख विधि प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा, अनुमोदन पर, पहुंचा जा सकता है; (छ) कारागार सुरक्षा तथा निगरानी प्रणाली को उन्नत करना; (ज) कारागार कार्मिकों के प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं के साथ–साथ कारागार के विभिन्न घटकों की सभी नियमित गतिविधियों का विनियमन।
अंत प्रचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली का कियान्वयन।	**928.** अंत प्रचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली का कियान्वयन एक प्रमुख घटक होगा, जिसे पुनर्निर्माण अपराध तथा आपराधिक टैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सी.सी.टी.एन.एस.) परियोजना में प्राप्त किया जाना है। इसमें निम्नलिखित घटक शामिल होंगे, अर्थात्:– (क) राज्यों/संघ क्षेत्रों में कारागार साफ्टवेयर को एक समान करना (रोल आऊट); (ख) कारागारों के लिए मूल्यांकन आधारित हार्डवेयर तथा नेटवर्क का प्रावधान; (ग) अभियोजन कार्यालयों तथा न्यायिक प्रयोगशालाओं के लिए हार्डवेयर का प्रावधान; (घ) न्यायिक प्रयोगशालाओं तथा अभियोजन कार्यालयों के लिए मापदंडों का विकास; तथा (ङ) इन सभी अनुप्रयोगों में अपराध तथा आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सी.सी.टी.एन.एस.) का एकीकरण।
हार्डवेयर तथा नैटवर्क की कनेक्टिविटी।	**929.** प्रत्येक कारागार में केन्द्रीयकृत कारागार प्रबन्धन प्रणाली के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त हार्डवेयर तथा पर्याप्त नेटवर्क कनैक्टिविटी साफ्टवेयर ऐप्लीकेशन को रोलआऊट के अनुसार, मुहैया कराई जाएगी तथा इसकी स्थिरता कारागार में अपेक्षित कार्यालय हार्डवेयर तथा नेटवर्क कनैक्टिविटी की उपलब्धता पर निर्भर है।

अध्याय 42

वर्दी, प्रशिक्षण, वर्दी तथा विकास

वर्दीधारी कारागार अधिकारियों की रैंक संरचना।

930. कारागार सेवा की निम्नलिखित रैंक संरचना आरोही क्रम में स्थापित की गई मानी जाएगी,–

वार्डर	रक्षा कार्मिक
मुख्य वार्डर	
उप सहायक अधीक्षक	अराजपत्रित अधिकारी
सहायक अधीक्षक	
उप अधीक्षक तथा उससे ऊपर	राजपत्रित अधिकारी

राजपत्रित अधिकारियों के रैंक तथा बैज।

931. रैंक के बैज, पुलिस पैटर्न पर, रजत धातु के होंगे। अधिकारी, अपने रैंक के बैज को कन्धे की फीती पर निम्न अनुसार पहनेंगे :–

रैंक	बैज
अधीक्षक, जेल	कन्धे की फीतियों पर पीतल के बड़े अक्षरो ''एच.जे.'' सहित राज्य चिह्न तथा एक स्टार।
उप–अधीक्षक, जेल	कन्धे की फीतियों पर पीतल के बड़े अक्षरों ''एच.जे.'' सहित राज्य चिह्न।

अराजपत्रित अधिकारियों के रैंक तथा बैज।

932. रैंक के बैज, पुलिस पैटर्न पर, रजत धातु के होंगे। अधिकारी, अपने रैंक के बैज को कन्धे की फीती पर निम्न अनुसार पहनेंगे :–

रैंक	बैज
सहायक अधीक्षक	कन्धे की फीतियों पर पीतल के बड़े अक्षरों ''एच.जे.'' सहित दो स्टार।
उप सहायक अधीक्षक	कन्धे की फीती पर पीतल के बड़े अक्षरों ''एच.जे.'' सहित एक स्टार।

रक्षा कार्मिकों के रैंक तथा बैज।

933. रैंक के बैज, पुलिस पैटर्न पर रजत धातु के होंगे। रक्षा कार्मिक, अपने रैंक के बैज को कन्धे की फीती पर निम्न अनुसार पहनेंगे :–

रैंक	बैज
मुख्य वार्डर	मुख्य वार्डर, कोहनी तथा कन्धे के बीच दोनों बाजुओं की आधी दूरी पर तीन शैवरन पहनेगा। शैवरन, लाल तल पर नेवी–ब्लू गोटे से मिलकर बनी होगी तथा कन्धे की फीती के तल पर पीतल के बड़े अक्षर ''एच.जे.''।
वार्डर	कन्धे की फीती के तल पर पीतल के बड़े अक्षर ''एच.जे.''।

उप–अधीक्षक जेल तथा अधीक्षक जेल के लिए वर्दी की वस्तुएं।

934. उप–अधीक्षक तथा अधीक्षक, जेल की वर्दी निम्न अनुसार होगी,–

वस्तु	पैटर्न/रंग
सर्दी	
पुलिस पैटर्न पर सिली हुई सर्ज खाकी पतलून तथा पूरी बाजू की अंगोला खाकी कमीज (जर्सी सहित या के बिना), अक्षर एच.जे. सहित भूरे चमडे की, पीतल के बक्कल्स की बैल्ट, खाकी ऊनी जुराब, भूरे डरबी बूट (टो–कैप सहित), पीतल की सीटी तथा मैडल रिबन सहित नीली डोरी, काली पृष्ठभूमि पर सफेद अक्षरों में प्लास्टिक की नाम पट्टी (द्विभाषी–हिन्दी तथा अंग्रेजी)	पुलिस पैटर्न/ खाकी
गर्मी	

	सर्दी के यथा अनुसार के सिवाए यह कि वे खाकी टेरीकाट या काटन पतलून तथा कमीज (गोल बाजू या आधी बाजू) तथा नाईलोन/काटन खाकी जुराबें पहनेंगे।	पुलिस पैटर्न/ खाकी
	सिर की ड्रैस तथा ग्रीवात्राण पैबन्द (कवलिका)	
	अधीक्षक और उप अधीक्षक जो राज्य चिह्न को स्टार सहित या के बिना पहनने के हकदार है, टोपी पर रजत धातु एच.जे. बैज सहित पुलिस विभाग के अपने प्रतिरूप के अनुसार पीक टोपी तथा ग्रीवात्राण पैबन्द पहनेगा। सिक्ख पुरूष अधिकारी पीक टोपी के स्थान पर खाकी पगड़ी पहनेगा। पीक टोपी के विकल्प के रूप में अधिकारी अपने रैंक के उचित बैज सहित नेवी ब्लू रंग की बैरट टोपी पहन सकते हैं।	
	टिप्पणः— महिला अधिकारी, वर्दी तथा इसकी वस्तुएं पुरूष अधिकारियों के लिए यथा विनिर्दिष्ट अनुसार ही पहनेंगी।	
अराजपत्रित अधिकारियों के लिए वर्दी की वस्तुएं।	**935.** अराजपत्रित अधिकारियों की वर्दी निम्न अनुसार होगी,—	
	सर्दी	
	पुलिस पैटर्न पर सिली हुई सर्ज खाकी पतलून तथा पूरी बाजू की अंगोला खाकी कमीज (जर्सी सहित या के बिना),एच.जे. अक्षर सहित भूरे चमडे की बक्कल वाली बैल्ट, खाकी ऊनी जुराब, भूरे डरबी बुट (टो कैप सहित), पीतल की सीटी तथा मैडल रिबन सहित खाकी डोरी, काली पृष्ठभूमि पर सफेद अक्षरों में प्लास्टिक की नाम पट्टी (द्विभाषी—हिन्दी तथा अंग्रेजी)	पुलिस पैटर्न/खाकी
	गर्मी	
	सर्दी के यथा अनुसार के सिवाए यह कि वे खाकी टेरीकाट या काटन पतलून तथा कमीज (गोल बाजू या आधी बाजू) तथा नाईलोन/काटन खाकी जुराब पहनेंगे। रजत धातु के एच.जे. बैज सहित भूरे चमड़े के फीते वाली पीक टोपी। पीक टोपी के विकल्प के रूप में, अधिकारी, रजत धातु के बैज सहित खाकी रंग की बैरट टोपी पहन सकते हैं।	पुलिस पैटर्न/ खाकी
	टिप्पणः— महिला अधिकारी, वर्दी तथा इसकी वस्तुएं पुरूष अधिकारियों के लिए यथा विनिर्दिष्ट अनुसार ही पहनेंगी।	
रक्षा कार्मिक (पुरुष) के लिए वर्दी की वस्तुएं।	**936.** वार्डर (पुरुष) की वर्दी निम्न अनुसार होगी;—	
	सर्दी	
	रजत धातु के टोपी बैज सहित खाकी बैरट टोपी (सिक्ख पुरुष अधिकारी खाकी पगड़ी पहनेंगे), पुलिस पद्धति पर सिली हुई सर्ज खाकी पतलून तथा पूरी बाजू की अंगोला खाकी कमीज (खाकी जर्सी सहित या के बिना) एच.जे. अक्षर सहित भूरे चमड़े की बक्कल वाली बैल्ट, खाकी ऊनी जुराब, भूरे डरबी बूट (टो कैप सहित), पीतल की सीटी तथा मैडल रिबन सहित खाकी डोरी, काली पृष्ठभूमि पर सफेद अक्षरों में प्लास्टिक की नाम पट्टी (द्विभाषी—हिन्दी तथा अंग्रेजी)लम्बा कोट पुलिस पद्धति के अनुसार होगा।	पुलिस पैटर्न /खाकी
	गर्मी की वर्दी	
	सर्दी के यथा अनुसार के सिवाए यह कि वे खाकी टेरीकाट या काटन पतलून तथा कमीज (गोल बाजू या आधी बाजू) तथा नाईलोन/काटन की खाकी जुराब पहनेंगे।	

टिप्पणः– मुख्य वार्डर की वर्दी, कोहनी के ऊपर दोनो बाजुओं पर ओर तीन शैवरन सहित, जेलर के लिए यथा विहित अनुसार होगी।

रक्षा कार्मिकों (महिला) के लिए वर्दी की वस्तुएं।

937. महिला वार्डर के लिए वर्दी निम्न अनुसार होगी,–

सर्दी	
विभागीय बैज सहित खाकी बेरिट टोपी, गर्मी में खाकी कुर्ता तथा सलवार तथा सर्दी में अंगोला खाकी तथा सलवार (या पुरुष वार्डर के अनुसार सर्ज खाकी पतलून तथा अंगोला खाकी कमीज) पूरी बाजू सहित अक्षर एच.जे. सहित भूरे चमड़े की पीतल की बक्कल बैल्ट, सर्दी में खाकी ऊनी जुराब तथा गर्मी में नाईलोन की जुराब, भूरे डरबी बूट (टो कैप सहित), पीतल की सीटी तथा मैडल रिबन सहित खाकी डोरी, काली पृष्ठभूमि पर सफेद अक्षरों में प्लास्टिक की नाम पट्टी (द्विभाषी–हिन्दी तथा अंग्रेजी) लम्बा कोट पुलिस पद्धति के अनुसार	पुलिस पैटर्न / खाकी
गर्मी	
सर्दी के अनुसार के सिवाए यह कि वे खाकी टेरीकाट या काटन पतलून तथा कमीज या कुर्ता तथा सलवार (गोल बाजू या आधी बाजू) तथा नाईलोन / काटन खाकी जुराब पहनेंगे।	पुलिस पैटर्न / खाकी

टिप्पणः– मुख्य महिला वार्डर की वर्दी, कोहनी के ऊपर दोनों बाजुओं पर तीन शैवरन सहित, वार्डर के लिए यथा विहित अनुसार होगी।

ड्रैस भत्ता।

938. (1) वर्दी भत्ता, धुलाई भत्ता, सिलाई भत्ता, बूट भत्ता, वर्दी की वस्तुओं का भत्ता, किट अनुरक्षण भत्ता इत्यादि 'ड्रैस भत्ते' में शामिल किए जाएंगे।

(2) ''ड्रैस भत्ता'' पदवी तथा उनकी वर्दी की आवश्यकतानुसार, सरकार द्वारा समय–समय पर नियत किया जाएगा।

(3) ''ड्रैस भत्ते'' की राशि वर्ष में एक बार सीधे ही कर्मचारी के वेतन में जमा की जाएगी।

प्रशिक्षण तथा विकास

प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना।

939. कारागार अधिकारियों के प्रशिक्षण तथा विकास के लिए, कारागार विभाग, सम्पूर्ण वर्ष ऐसे प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करेगा, जो कारागार कार्मिको के सभी प्रवर्गों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए अपेक्षित हों।

स्टाफ प्रशिक्षण।

940. (1) भर्ती पर, प्रत्यक्ष रूप से भर्ती सभी रक्षा कार्मिक या कार्यकारी अधिकारी, आरम्भिक मूल / प्रेरण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम करेंगे।

(2) नए रूप से भर्ती कोई भी रक्षा कार्मिक या कार्यकारी अधिकारी मूल प्रशिक्षण किए बिना कारागार में सक्रिय डयूटी पर प्रतिनियुक्त नहीं किया जाएगा।

(3) परिवीक्षा अवधी, रक्षा कार्मिक या कार्यकारी अधिकारी द्वारा मूल / प्रेरण प्रशिक्षण करने तथा सफलतापूर्वक पूरा करने के समय तक, सम्पूर्ण नहीं समझी जाएगी।

(4) प्रशिक्षण स्कूल का पाठ्यक्रम विभाग, अन्तरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय मानकों की परिचालन अपेक्षाओं तथा बन्दियों के बेहतर कार्य तथा सुधार तथा पुनर्वास के उद्देश्यों को पूरा करने के अनुरूप रखने के उद्देश्य से समय–समय पर पुनरीक्षित किया जाएगा।

स्टाफ विकास तथा पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण।

941. प्रशिक्षण एक सतत् प्रक्रिया है तथा यह सर्वोपरि है कि कारागार अधिकारी सुधारात्मक प्रशासन के क्षेत्र में वर्तमान विकास के निरन्तर सम्पर्क में है। इसे प्राप्त करने के उद्देश्य से कारागार अधिकारियों के विभिन्न रैंकों के लिए अनिवार्य पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वरिष्ठ अधिकारियों को सलामी के सम्बन्ध में हिदायतें।

942. वरिष्ठ अधिकारियों को सलामी देने के सम्बन्ध में निम्नलिखित हिदायतों का पालन किया जाएगा,–

(क) उप अधीक्षक तथा सहायक अधीक्षक के लिए,–

जिन अधिकारियो को सलामी देनी है	जब कमाण्ड के वार्ड पर तलवार सहित सशस्त्र परेड में हो	जब परेड में नहीं है	यदि रैंकों में वार्डरों सहित ड्रिलींग कर रहे हो।
कारागार विभाग के अधीक्षक, सरकारी तथा गैर–सरकारी परिदर्शक, वरिष्ठ अधिकारी तथा अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी	कमाण्ड में तलवार सहित सलामी देगा	सावधान खड़ा होगा तथा हाथ से सलामी देगा	कमाण्ड पर शस्त्र से सलामी देगा।

(ख) मुख्य वार्डर तथा वार्डरों के लिए,–

जिन अधिकारियो को सलामी देनी है	जब सशस्त्र परेड में हों	जब बन्दूक सहित सशस्त्र, पास करता है	जब निशस्त्र पास करता है
अधीक्षक, सरकारी तथा गैर– सरकारी परिदर्शक तथा सरकार के उच्च सरकारी अधिकारी	रूक जाएगा तथा कमाण्ड पर शस्त्र से सलामी देगा	शस्त्र को तिरछा करेगा। यदि टुकड़ी में मार्च कर रहा है, तो कमाण्ड पर ऐसा करेगा	सेना की रीति में हाथ से सलामी देगा।
उप अधीक्षक	कमाण्ड पर शस्त्र को तिरछा करेगा	शस्त्र को तिरछा करेगा। यदि टुकड़ी में मार्च कर रहा है, तो कमाण्ड पर ऐसा करेगा	सेना की रीति में हाथ से सलामी देगा।
सहायक अधीक्षक	कमाण्ड पर शस्त्र को तिरछा करेगा	शस्त्र को तिरछा करेगा। यदि टुकड़ी में मार्च कर रहा है, तो कमाण्ड पर ऐसा करेगा	सेना की रीति में हाथ से सलामी देगा।
उप सहायक अधीक्षक	कमाण्ड पर शस्त्र को तिरछा करेगा	शस्त्र को तिरछा करेगा। यदि टुकड़ी में मार्च कर रहा है, तो कमाण्ड पर ऐसा करेगा	सेना की रीति में हाथ से सलामी देगा।

(ग) द्वार सन्तरी, उप–अधीक्षक को उसके आने पर, सावधान होकर सेल्यूट करेगा तथा उप–अधीक्षक से वरिष्ट किसी भी अधिकारी, जिसमें प्रत्येक सरकारी तथा गैर सरकारी परिदर्शक शामिल हैं, को शस्त्र से सलामी देगा।

(घ) बैठा हुआ रक्षा कर्मिक, किसी भी अधिकारी के आने पर खड़ा होगा तथा सावधान खड़ा रहेगा। किसी अधिकारी के सम्बोधन से पूर्व वह उससे दो कदम दूर खड़ा होगा तथा दाएं हाथ से सलामी देगा, वह वापसी पर भी सलामी देगा।

परिभाषाएं।	**अध्याय 43** **बाहरी कारागार तथा अर्ध–बाहरी कारागार** **943.** इस अध्याय में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,– (क). ''प्रभारी अधिकारी'' से अभिप्राय है, अर्ध–बाहरी कारागार या बाहरी कारागार में रखे गए बन्दियों के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण, सुरक्षा तथा सुरक्षित अभिरक्षा के प्रयोजन के लिए महानिदेशक द्वारा मनोनीत कोई कारागार अधिकारी, जो उप सहायक अधीक्षक की पदवी से नीचे का न हो; (ख). ''नियमित कारागार'' से अभिप्राय है, बाहरी कारागार पर अधिकारिता रखने वाला कारागार तथा जहां बन्दी को बाहरी कारागार में स्थानान्तरित करने से पूर्व अन्तरित किया जाएगा।
बाहरी तथा अर्ध–बाहरी कारागारों की स्थापना।	**944.** महानिदेशक की सिफारिश पर, सरकार, सम्बन्धित अधीक्षकों के साधारण निर्देश तथा नियन्त्रण के अधीन नियमित कारागार के आस–पास यथा आवश्यक बाहरी कारागार स्थापित कर सकती है। कारागार के किसी वार्ड या प्रागंण को महानिदेशक द्वारा अर्ध–बाहरी कारागार के रूप में घोषित किया जा सकता है।
बाहरी कारागारों में आवास।	**945.** बन्दियों के आवास के लिए विद्युत, जल आपूर्ति तथा अन्य मूल–भूत सुविधाओं सहित, आवास उपलब्ध करवाए जाएंगे तथा बाहरी कारागारों में आवश्कतानुसार उचित संख्या में पारिवारिक आवास भी उपलब्ध करवाये जाएंगे।
बाहरी कारागार में बदले गए बन्दी का भोजन, वस्त्र तथा अन्य आवश्यकताएं।	**946.** (1) बाहरी शिविर में स्थानान्तरित बन्दी अपने तथा अपने परिवार के लिए अपनी कमाई में से भोजन, वस्त्र तथा दिनचर्या की अन्य आवश्यकताओं के लिए प्रबन्ध करेगा। (2) बाहरी कारागार के अनुरक्षण के लिए बन्दी महानिदेशक द्वारा नियत अनुसार प्रशासकीय प्रभारों का भुगतान अपनी कमाई में से करेगा। एक पृथक अनुरक्षण निधि सृजित की जाएगी तथा अधीक्षक के कड़े नियन्त्रण तथा पर्यवेक्षण के अधीन बाहरी कारागार के बन्दियों द्वारा अनुरक्षित की जाएगी।
